राजनीति विज्ञान मानक ग्रन्थ शृंखला—5

सपादन हरगोविन्द पत

अतर्राष्ट्रीय सबध अधुनातन परिवेश मे

लेखन
हरगोविन्द पत रमेश दाधीच
दामोदर शर्मा वी के अरोडा

राजनीति विज्ञान विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर-302004 (राजस्थान)

विषय क्रम

आमुख

राजस्थान विश्वविद्यालय का राजनीति विज्ञान विभाग हमारे देश के एक सैकडा से अधिक विश्वविद्यालयो के ऐस ही राजनीति विज्ञान विभागो मे एक विशिष्ट स्थान प्राप्त कर चुका है। यह उन गिने चुने विभागा म से एक है जिन्हे विश्व विद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालय नेतत्व कायक्रम (यू एल पी) चलाने की जिम्मेदारी सौंपी है। पिछले तीन वर्षों स यह कायक्रम विभाग म चल रहा है। इस सीढी पर चढकर हमारा विभाग आशान्वित है कि उसे शीघ्र ही मान्यता प्राप्त होगी, कि वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से 'विशिष्ट सहायता' प्राप्त करने के योग्य मान लिया गया है। इस मान्यता को प्राप्त कर वह राष्ट्रीय स्तर का राजनीति विज्ञान केन्द्र हो सकेगा।

तीन वष से चल रहे इस कायक्रम के अतगत विभाग ने अनेक शैक्षणिक एव शोधपूण कार्य सम्पन्न किये हैं और पिछले 6 महीने के अदर इस दिशा मे द्रुत गति से प्रगति हुई है। सेमिनार, वकशाप, विद्वतगणा के ज्ञानवधक भाषण, सुपाठ्य व सरल भाषा मे अधिकारी विद्वाना की कृतियो के अनुवाद इत्यादि सम्पन्न हुए हैं जिसने इस कार्यक्रम की छवि निखारने म बडा काम किया है। परतु इन सारे कायक्रमो मे अनेक ज्ञात व अज्ञात कारणो वश इस नेतत्व के अतगत दी गई दो 'पद' खाली रह गये। एक विजिटिंग' प्रोफेसर का जिस पर कुछ दिनो तो दो सज्जन आए और कुछ काम हुआ फिर यह पद रिक्त ही रह गया। रीडर का पद भरा ही नही जा सका। अत हमने यह निणय लिया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से निवेदन किया जाए कि इन पदो के लिए निर्धारित रकम हमे स्नातक स्तर के पाच विषयो की पाच अच्छी पाठय पुस्तकें लिखवाने और सम्बद्ध कालेजो मे उन्हे बटवाने की अनुमति मिले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से सहष हमारी प्राथना स्वीकार कर ली। वस्तुत यह हमारा सुखद अनुभव रहा है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालयीय विभागो की अकादमिक स्थिति सुधारने और उनकी अन्य विधि से सहायता कर पाने के लिए सदैव तत्पर और उत्सुक रहा है जो भी प्रगति के राह मे झगडे टटे उठते हैं, वि० वि० अनु-

दान आयोग की ओर से न होकर, अधिकांश विश्वविद्यालयों में खुद के झगड़े-टंटे होते हैं। इसमें भी हमें वर्तमान कुलपति और रजिस्ट्रार का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। जिसके लिए हम उनके आभारी हैं।

पर इतनी सारी कृपा और अनुकंपा निष्फल ही हो गई होती यदि मुझे विभाग में अपने सभी सहयोगियों से निर्बाध हार्दिक समर्थन और सहयोग न मिला होता। शुरू से आखिर तक आज के युग में जो देव दुर्लभ हो गया, ऐसा सहकर्मियों के पग पग पर समर्थन और सहयोग ने ही वास्तव में यह सारी सरचना सभव बनायी जिसके लिए मैं उनका सदैव ऋणी रहूंगा। यश और कीर्ति जो मिले, उसके वे ही अधिकारी हैं, त्रुटियां अवश्य मेरे जिम्मे की जानी चाहिए।

हमारे विभाग के सभी कर्मचारी यू एल पी कार्यक्रमों में उत्साह और लगन से भाग लेते रहे हैं। इनकी तकनीकी मदद ने हम लोगों के बौद्धिक श्रम को ग्रंथों के रूप में प्रकट होने में जो मदद की है, उनके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

इसके अलावा इस कार्यक्रम में हमारे भूतपूर्व छात्रों सर्वश्री नवलसिंह, सत्यदेव एवं महादेव का जो सहयोग मिला है उसके लिए भी हम उनके हृदय से आभारी हैं।

अंतत मैं अपनी ओर से और अपने विभाग की ओर से भारत प्रकाशन के श्री भारत भूषण जी की भूरि भूरि प्रशंसा करना और उनके प्रति हृदय से आभार प्रकट करना चाहूंगा जो हम लोगों के सहृदय, कर्मठ और निष्कपट मुद्रक के रूप में तो मिले ही, एक मित्र की तरह उन्होंने स्थल-स्थल पर हमें इस कार्यक्रम को सुरुचिपूर्ण ढंग से सफल करने में मूल्यवान सहयोग दिया।

30 जून, 1982 — हरगोविन्द पंत
जयपुर — निदेशक व अध्यक्ष

सम्पादकीय

राजस्थान विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के अतगत विश्व-विद्यालयी नेतत्व कायक्रम की पाठमाला का यह पाचवा पुष्प है जिसकी रचना मे प्रस्तुत पक्तियों के लेखक के अलावा, तीन अय प्रतिभावान और अनुभवी अध्यापको ने भाग लिया है। इस ग्रथ के प्रणयन मे हमे विश्वविद्यालय क सहयोगियो का सहयोग तो मिला ही, खुशी की एक बात यह भी रही कि डॉ० वी० के० अरोडा के रूप मे हम एक प्रतिभाशाली व अनुभवी कालेज अध्यापक का सहयोग भी प्राप्त कर सके हैं। डा० अरोडा एक अनुभवी व विद्वान अध्यापक तो है ही, वे एक लेखक के रूप मे भी शिक्षा जगत मे सुविख्यात रहे है। प्रस्तुत ग्रथ के आरम्भ के पाच अध्याय इन पक्तियो के लेखक ने, 5A, छठा और दसवा अध्याय श्री रमेश दाधीच ने, सातवा और आठवा डा० अरोडा ने तथा नौवा और ग्यारहवा अध्याय श्री दामोदर शर्मा ने लिखा है जो पिछले कुछ वर्षों से विभाग म एक अध्यवसायी और प्रतिभावान युवा अध्यापक के रूप मे जाने जाते थे और अब अध्यापन क्षेत्र को छोडकर प्रशासनिक सेवा मे एक सदस्य के रूप म नियुक्त हुए है।

हमारे विश्वविद्यालय के राजनीति विभाग न जिन कुछ बातो म पहल की है, उसमे एक बात यह शामिल है, कि 'अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध' क अध्ययन को सभी स्तरा पर यथोचित सम्मान दिया गया है। स्नातकोत्तर स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति विषयक 'पेपर' अनिवायत ता पढाया ही जाता है, स्नातक स्तर पर भी इसे अनिवाय पाचवे पपर के रूप मे मान्यता मिली है, जा अतिम वष मे विद्यार्थियो को लेना पडता है। यह पिछले दा दशकों से चल रहा है और इसी कारण 'अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध' का अध्ययन अध्यापन कुछ कुछ सुगठित हो हो गया है। प्रस्तुत कायक्रम, जिसके अतर्गत इस ग्रथमाला को आयोजित किया गया है, इस परपरागत अध्ययन को और पुष्ट और सम्पन्न करेगा, यह आशा करनी चाहिए।

यो भी 'अन्तर्राष्ट्रीय सबध' विषयक अध्ययन को अभी तक एक दो विश्व विद्यालयो को छोडकर (यथा जादवपुर व जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय)

अन्यत्र कहीं भी स्वतन्त्र विभाग के रूप में गठित नहीं किया जा सका है। एक स्वायत्त 'अनुशासन' के रूप में इसे मान्यता नहीं मिल पायी है जिसकी वजह से इस 'अनुशासन' का बहुआयामी विकास अवरुद्ध है। या तो यह राजनीति विभाग की एक जिम्मेदारी बना हुआ है जिसे जैसे कैसे निभाया जाता है। या फिर इतिहास विभाग में 'आधुनिक दुनिया' की जानकारी का एक पक्ष के तौर पर पढ़ा कर छुट्टी कर दी जाती है। अभी इसके उचित नामकरण की समस्या भी बनी हुई है। स्नातक स्तर पर हम इसे 'अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध' के नाम से जानते हैं पर स्नातकोत्तर कक्षाओं में एक उच्च वैचारिक धरातल पर इस अध्ययन को सगठित करके हम इसे 'अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति' के रूप में पढ़ाते है। 'जागतिक राजनीति' के रूप में इसको अध्ययन का विषय बना पाने में तो अभी सचमुच ही बहुत विलम्ब है।

वस्तुतः जब इस समस्या को हम वृहत्तर परिप्रेक्ष्य में रखकर देखते हैं, तो हम यह पाते हैं कि अन्यत्र भी, विदेशों में इस प्रकार के अध्ययन की शुरुआत अभी कुछ दशकों पूर्व ही हुई है। यों तो हम इस अध्ययन की जड़ें सुदूर अतीत में खोज सकते हैं, प्राचीन भारत में, यूनान में रोम में जब राज्यों के 'पारस्परिक' सबधों पर विचार किया गया था। सम्बन्धों के कुछ नियम-धर्म, कुछ मर्यादाओं को स्थापित करने का प्रयत्न हुआ था पर सुव्यवस्थित चिन्तन का अभाव तो था ही। वैसे एक तथ्य पर तब भी जोर दिया ही जाता था। वह यह कि 'राज्य' को एक सगठित 'बल' के रूप में, अपने पड़ोसी राज्यों से सबध बनाना चाहिए— विजिगीषु के रूप में स्थित 'राजमण्डल' सिद्धान्त के अनुसार राज्य सम्बन्ध बनाये। जो है उसे सगठित करना, और जो नहीं है उसे अपने अधिकार में लाना राजनीतिक कर्त्तव्य ठहराया गया। राज्यों के आपसी सम्बन्ध तय करते समय यह विचार लाना चाहिए कि पड़ोसी तो स्वभावतः 'शत्रु' है। इसी प्रकार उसका शत्रु अपना स्वभावतः मित्र है इत्यादि—इस आधार पर 'मडल' निर्मित होता है जिसके केन्द्र में ही विजिगीषु'—विजय की इच्छा रखने वाला राजा। युद्ध के सम्बन्ध में, दूतों के सम्बन्ध में उनका क्या गुण होना चाहिए, क्या मान मर्यादा रखनी चाहिए, इस पर खूब विचार हुआ है।

पर 'अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध' का आज का अध्ययन तात्विक रूप से भिन्न हो चला है। वह इतना 'सरल' और तरल नहीं रह गया है। यूरोप में भी पुराने 'यूनान' और 'रोम' के युग के 'अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध' वाले विचार भले ही पृष्ठभूमि की तरह काम दें, पर वे मूलतः आज की बातों से भिन्न हैं। उसका एक स्पष्ट कारण है कि आज के राज्य ही मूलतः उन राज्यों से भिन्न हैं, स्वरूप में, गठन में, अतमन में, जो प्राचीन राजनीति का आधार थे। यूरोप में सामन्तीय युग का अन्त होते होते 'राष्ट्रीय राज्यों' का गठन हुआ जिसने यूरोप को उस

"मध्यकालीन वातावरण" से बाहर निकाला जिसमे राजनीति चच की 'दासी' बनी हुई थी। मैक्यावलि, जा बोदाँ, हाब्स प्रभृति लेखक चितक इस 'दमघोटू' वातावरण से 'राजनीतिक अध्ययन' को उबारने वाले लेखक माने गए—एक स्वायत्त अनुशासन के रूप मे राजनीति के अध्ययन का सिलसिला शुरू हुआ जिसका केन्द्र थे 'राष्ट्रीय राज्य'। राष्ट्र के रूप म निश्चित सीमा के अन्दर, निश्चित 'प्रभु' के नतत्व म, प्रभुता सम्पन्न 'राज्यो' के निर्माण का यह सिलसिला प्रथम महायुद्ध तक यूरोप मे और उसके बाद स एशिया और अफ्रीका म चलता ही जा रहा है। 'राष्ट्रो के मध्य राजनीति' 'राष्ट्रा का सघ' और इन सबका मिलाजुला रूप 'अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति'। कहने का मतलब यह कि पूरे इस अध्ययन वृत्त का जा नाभि केन्द्र है, वह प्रभुता सम्पन्न 'राष्ट्र' का विचार है, जिसे आधुनिक राज्य कहते हैं। इसी से यह विचार पनपता है कि राजनीति और अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मूलत एक ही बात है—'शक्ति के लिए सघष'—जो पिण्ड म वही ब्रह्माण्ड म।

समाज के अन्तगत लोगा न 'राज्य' के रूप म सगठित बल' का निर्माण कर लिया और 'अराजक' स्थिति से—मात्स्य न्याय से मुक्ति पा ली पर राज्यो के ससार मे मात्स्य न्याय से छुट्टी नही वहा जैसा हाब्स ने चित्रित किया या पुराने भारतीय जैन, बौद्ध व वैदिक आख्याना मे आता है मात्स्य न्याय ही सवत्र विद्यमान है। 'अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति' का यह अजीब द्वन्द्व है कि जा राज्य' राज्यान्तगत व्यवस्था बनाये हुए हैं नीति धम क सस्थापक ह, व सीमा के बाहर खुद अराजक स्थिति म आचरण विचरण करते है और 'बलाबल' के आधार पर अपने पारस्परिक सबधा को निर्धारित करते है। इन सबधो का देखने परखने की सही दृष्टि क्या मानी जाए इसे लेखक अनेक सम्प्रदाय बन गये हैं।

यूरोप मे सबसे पुराना विचार यह रहा है कि राज्य एक जविक इकाई है जिसका मूल तत्व बल या शक्ति है। जविक जगत म अस्तित्व के लिए जैसा अहर्निश सघष चलता रहता है, अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र म भी वही हाल है। राज्य एक दूसरे के विरुद्ध जिस शक्ति सघष म लगे हुए है अतर्राष्ट्रीय सम्बन्धो का वही मम है। इस जैविक सम्प्रदाय की आधार शिला गम्प्लोविज ने रखी और इसका निखार—हाब्स और उनके परवर्तियो की रचनाओ मे हुआ। इसे आज के युग मे एक सम्प्रदाय के रूप मे सगठित करन का श्रेय मुख्यत मारगे थाऊ और उनके साथियो को दिया जाना चाहिए जो अपने आपको एक यथार्थवादी सम्प्रदाय कहत हैं। स्मरणीय यह है कि 'बल' पर आधारित इस सम्प्रदाय का विकास यूरोपीय एतिहासिक विकास के उस बिन्दु से होना शुरू हुआ, जहाँ से सामन्तीय आच्छादन को तोडती फोडती हुई एक ऐसी बुजुआ क्राति का सिल-

सिला भी चलता है जो बाद म औद्योगिक व्यापारिक क्रांति के सहारे, नए सपर्क सूत्रो को खोलती हुई आगे बढती चली जाती है। यूरोप के इस बुर्जुआ वर्ग ने, अपने घर म राज्य सत्ता पर अपना वचस्व स्थापित कर, जब यूरोप के बाहर एशिया अफ्रीका और पश्चिमी गोलार्द्ध मे अपना आधिपत्य जमाया तब इस रक्त रजित प्रक्रिया म पहली बार समूची दुनिया एक सूत्र म बधने लगी। एक दृष्टि स ऐतिहासिक विकास की इस प्रक्रिया म हम अन्तर्राष्ट्रीय सबधो की गहरी नीव पड़ते देखते है। जल और छल के सहारे पूरी दुनिया एक सूत्र म जोडी जा रही थी। बड बड साम्राज्यो का गठन हुआ एशिया, अफ्रीका व लातीन अमरीका क ढीले ढाले राज्यो और उनकी समूची सामाजिक सरचनाओ के उलट-पुलट का क्रम शुरू हुआ। साम्राज्यो क निर्माण क इस रक्तस्नात क्रम म यूरोपीय सत्ताओ न अन्तर्राष्ट्रीय नीति और व्यवहार के कानून और धम के ज्ञात अज्ञात सभी तरह की मर्यादाओ को एशिया अफ्रीका और अमरीका म रौंद कर रख दिया। बल ही एक सीमा निर्धारक तत्व रहा है परन्तु आपस म 'अतर्राष्ट्रीय सबध और कानून को एक सुनिश्चित धरातल पर रखने क प्रयत्न ढीले नही किए गए। एक प्रकार का अतर्राष्ट्रीय व्यवहार और कानून एशिया अफ्रीका क लोगो क लिए तय था दूसरा अपने लोगों के लिए। ऐसा ही जैसा यूनान मे स्वामियो के आपसी रिश्ते और स्वामी और दास क रिश्ते अलग अलग तय होते थे।

इस यथाथ म अन्तर्राष्ट्रीय सबध के अध्ययन म ऐसी ऐसी अनर्गल दृष्टियो का भी अन्वेषण किया जैसी गोरे लोगो का इतिहास द्वारा निर्णीत सभ्य बनाने का अभियान नस्लवाद पर आधारित सृजनशील और केवल बोझ ढोने वाली नस्लो का वर्गीकरण और गोरे या 'आर्य नस्ल' का नियति बद्ध आधिपत्य का अधिकार। इससे जर्मनी ब्रिटेन और अमरीका म 'भू राजनीति' की वह शाखा भी निकली जो 'भौगोलिक' आधार पर राजनीतिक वचस्व व पराधीनता की व्याख्या पर जोर देने लगी। राटजेल, मैकिंडर, हासपुर प्रभृति इस प्रकार की भोंडी 'भू राजनीति' को वैज्ञानिकता का आवरण पहनाने लगे। दूसरी ओर यूरोप के जाग्रत और सघर्षशील मजदूर वर्ग के सजग पक्षधरो ने साम्राज्यवाद के असली रूप को उसके भीषण शोषण की समूची प्रक्रिया को उघाडना शुरू किया और एक नई अन्तर्राष्ट्रीयता के निर्माण की माग उठाई और इसके लिए जाग्रत मजदूर वर्ग के नेतृत्व मे 'राज्य क्रांतियो' का आह्वान किया। मार्क्स लेनिन, हॉब्सन इस वैचारिक आदोलन के सूत्रधार बने। राज्य सत्ता का मर्म राज्यान्तर्गत उत्पादन के साधन और उत्पादन के सबधो के द्वद्वात्मक विकास मे छिपा था और पूजीवादी विकास की चरम परणति साम्राज्यवाद के रूप म हो रही थी और अन्तर्राष्ट्रीय सबधो का स्वरूप भी इसी साम्राज्यवादी विकास द्वारा

निर्धारित हो रहा था। इसके विनाश के बाद ही 'अन्तर्राष्ट्रीय सबध' की सही दिशा खुलने वाली थी।

ऐतिहासिक दृष्टि से देखा जाए तो स्पष्ट होता है कि प्रथम महायुद्ध के घटते घटते तीन तरह की ऐतिहासिक प्रक्रियाओ के त्वरित विकास ने जहा एक ओर पुरानी दुनिया को नष्ट करना शुरू किया, वही उनके घात प्रतिघात ने नई दुनिया की नीव रखनी भी शुरू की। ये तीन विकास प्रक्रियायें थी साम्राज्यो का आपसी अन्तद्वन्द्व जिसकी चरम परणति प्रथम महायुद्ध के विस्फोट में हुई, साम्राज्यो के अन्दर सामाजिक क्राति का विकास जिसकी चिगारी तो पूरे यूरोप मे फली, पर जिसे सफलता लेनिन के नेतत्व मे अक्टूबर क्राति मे मिली, तीसरी विकास प्रक्रिया का सबध साम्राज्यवादी ताक्तो के विरुद्ध पराधीन राष्ट्रो के मुक्ति आदोलन के विकास मे थी जिसकी परणति एक के बाद दूसरे साम्राज्या के विघटन के सिलसिले मे द्रुतगति से चलने लगी और द्वितीय महायुद्ध के बाद साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद के सम्पूण उन्मूलन के रूप मे उद्घाटित होती जा रही है। इस समग्र विकास क्रम ने पुरानी दुनिया ही उलट दी और अतर्राष्ट्रीय सबधो को नई आधार शिला ही नही दी बल्कि नई समझ का विकास किया। अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का अध्ययन एक नया महत्व पाने लगा।

'साम्राज्यवादी देशो मे' प्रथम महायुद्ध के बाद एक ओर अमरीकी नेतृत्व मे एक आदशवादी सम्प्रदाय खडा किया गया जो 'राष्ट्रो के आत्मनिणय के अधिकार', समता का अधिकार, और समता और बधुत्व के आधार पर अन्तर्राष्ट्रीय सगठन और कानून के निर्माण की बात करता था जिसने, युद्धो को खत्म करने के लिए, लोकतन्त्र के लिए 'युद्ध' लडने की बात की थी, पर यह सब बातें यूरोप और अमरीका के साम्राज्यी देशो तक ही सीमित थी—एशिया के राष्ट्रों की मुक्ति, उनके साथ समता का व्यवहार, उनके लिए अतराष्ट्रीय सगठन और कानून मे हिस्सेदारी इस दायरे के बाहर की बात थी। इतना ही नही 'अक्टूबर क्राति' और उसके पूव मैक्सिको' ये ही आदर्शवादी अमरीकी राष्ट्रपति विल्सन अपने सिद्धातो को बलाए ताक रख रहे थे। दूसरी ओर एक नई अन्तर्राष्ट्रीयता के पक्षधर बने अक्टूबर क्राति के पहरुये जो बाद मे स्टालिन के नेतृत्व म इस माक्सवादी कठमुल्लेपन पर उतर आये कि 'अन्तर्राष्ट्रीय सबधो को भी केवल उत्पादन के सम्बन्ध या आर्थिक सम्बन्ध ही निर्णीत करते है।

इसके अलावा जब पूजीवादी सकट के दौर मे इटली और जमनी म विशेषत हिटलर के आगमन पर युद्धोन्मुख राष्ट्रवाद लहरें लेने लगा तो 'युद्ध, हिंसा, विग्रह' को लेकर भीड और जातियों के मनोविज्ञान के रास्ते अतर्राष्ट्रीय सबधो की समझ प्राप्त करने के प्रयत्न हुए। जसे व्यक्ति के मनोवेगो का अध्य-

यन किया जाता है, उसके व्यक्तित्व का, उसक सवगों, भावनाओं और व्यक्तित्व के अनन पक्षो का, इसी तरह राष्ट्रो और नस्लो का भी अध्ययन हा सकता है। हिटलर के व्यक्तित्व के अध्ययन से, जर्मन जाति के गुण-दुगुर्णों के अध्ययन से हम जमन परराष्ट्र नीति को समझ पा सकते हैं, ऐसी दृष्टि विकसित की जाने लगी। *युद्ध और शांति के प्रश्नो को मानव व्यवहार के, समूहों के व्यवहार* स्वभाव के रास्ते समझने का प्रयास हुआ।

इस प्रकार व्यवहारवाद, मनोविज्ञान, अन्तर्राष्ट्रीय कानून और सगठन वाले पक्षा पर बल देने वाले सम्प्रदायों ने जोर पकडा। अन्तराष्ट्रीय सबधा' का समझने का एक सभ्यतापरक दृष्टिकोण भी विकसित हुआ—सभ्यतायें उदित होती हैं बढती हैं, उनका पतन होता है—पश्चिमी सभ्यता का यह पतन काल है स्पेगलर ने कहा। इस तरह की दृष्टि से भी अन्तर्राष्ट्रीय सघर्षो को देखा गया—अक्टूबर क्रांति और उसके परिणाम पर सभ्यतापरक इस दृष्टि से निष्कर्ष निकाले जाने लगे।

दूसरे महायुद्ध के बाद विकास की उक्त प्रक्रिया और भी त्वरित गति से आगे बढ़ने लगी। साम्राज्यों का समूल विघटन एक यथार्थवादी घटनाक्रम बन गया, समाजवादी राज्यो का एक समूह उठ खडा हुआ, सामाजिक क्रांति और साम्राज्य विरोधी क्रांति का सगम जगह-जगह बनने लगा। एक नई दुनिया तेजी से उभरन लगी जिस समझने के लिए जो दृष्टि चाहिए व पूवकालीन सम्प्रदाय नही दे पा रहे थे। उनके सहारे विकास को समझना मुश्किल बन गया था। न जबकि रूप मे 'राज्य के तथ्या को मानवर चलन से न मनोवज्ञानिक ढग स 'नस्लो और राष्ट्रो और उनके नेताआ के व्यक्तित्वो का विश्लेषण करके बात समझ आ रही थी और न इसे नस्ला और सभ्यताआ के 'आलोडन विलोडन उनके उत्थान पतन की कहानी के रूप मे बात समझाई जा सकती थी। स्वतन्त्र राष्ट्रो के इस विकासशील समुदाय म न्तर्राष्ट्रीय कानून और सगठन मे सब की हिस्सेदारी अब मागन की बात न होकर अधिकार की बात हो गई थी। शक्ति के लिए सघष का मैदान अब इस कदर खुला नही रह गया था कि 'उन्मत्त सबल राष्ट्र' जब चाहे जहा चाहे धमाचौकडी मचा सके। पुरानी दुनिया अभी भी नष्ट नही हुई है, पुराना साम्राज्यी मन' अभी भी पूरी तरह ध्वस्त नही हुआ है तभी वियतनाम मे चिली म, साल्वादोर म लेबनान म अमरीकी और इजरायली पागलपन मानवता को झेलना पडता है। पर हथियार और बल निर्णायक हात तो वियतनाम और फिलीस्तीनी जनता और नेतत्व मानवता की अस्मिता व स्वाधीनता की उद्दाम चेतना और उसकी अजेयता का गौरवपूण दष्टात नही बनत।

अन्तर्राष्ट्रीय सबधो की सही समझ दुर्भाग्यवश दूसरे शिविर म भी नही

विकसित हो पा रही है। मानव इतिहास के विकासक्रम म राष्ट्रो का निर्माण हुआ, देशो की रचना हुई, यह विकास की लम्बी प्रक्रिया के फलस्वरूप है। मार्क्सवादी समझ के अनुसार जैसे राज्यो के अन्तगत विकास क्रम को समझा जाता है उसका यत्रवत प्रयोग 'अतर्राष्ट्रीय सबधो' को समझने के लिए पर्याप्त नही होगा बल्कि समझ गलत हो जाएगी। उत्पादन के साधन और सबध, नीव और ऊपरी ढांचा और उनके आपसी द्वद्वात्मक सबध राज्य के स्वरूप को निर्णीत करते हैं, पर 'अतर्राष्ट्रीय क्षेत्र' मे न कोई एक नीव है, न उसका ऊपरी ढाचा जो एक इकाई के रूप म अपन अन्तद्वन्दो के सहारे विकसित हो रहा हो। यहा राज्य के माध्यम से ही 'अतर्राष्टीय सबध' विकसित होते रहते है। इसलिए सही मार्क्सवादी दृष्टि जहा एक ओर 'मनोवज्ञानिक' तौर तरीके, जविक दष्टि तकनीक, विचार या नैतिकता पर आधारित सिद्धातो को इस अथ म अस्वीकार करती है, कि ये निर्णायक हैं, वहा यत्रवत मार्क्सवाद की इस प्रस्थापना का भी त्यागना होगा कि राज्यो के आपसी सबधो को 'आर्थिक तत्व' के आधार पर ही दखा जाए।

मार्क्सवाद की सबसे बडी देन यह है कि वह हम गतिशील विकास को द्वद्वात्मक तरीके से उभरते हुए दखन की दृष्टि देता है जबकि अन्य सम्प्रदाय यह मानकर चलते हैं कि दुनिया ज्यो की त्यो स्थिर है और सघषरत वर्गो और राष्टो के हितो और स्वार्थो मे तालमेल बठाने के तरीका की खोज करनी चाहिए। मार्क्सवाद का मुख्य सदेश है कि जिस दुनिया मे हम रहते है वह सतु-लन, सामजस्य और स्थायित्व के गुणो वाली दुनिया नही है बल्कि सघष परि वतन क्राति की निरतरता के गुण वाली दुनिया है, पर अतर्राष्ट्रीय सबधो की इस सतत प्रवाहवान दुनिया के रहस्यो को समझाने के लिए हम उन माध्यमा पर भी दृष्टि रखनी होगी, जिनके सहारे यह विकास क्रम कभी धीमे धीमे, कभी छलाग मारता हुआ चलता है। वे माध्यम हैं, व तमाम सामाजिक सरचनाये जसे राष्ट्र वग, दल, नेतृत्व, व्यक्ति, उनके आपसी सबध और द्वद्वात्मक रिश्ते और इस तरह के राष्ट्रो का परिवार और उनके बीच द्वद्वात्मक सबधो का कभी न टूटने वाला विकास क्रम, एक दूसरे को प्रभावित करने का अतहीन सिलसिला। इसी समग्र दृष्टि के सहारे अतर्राष्ट्रीय सबधो का सही अध्ययन हो सकता है। तभी समझ म आता है कि अपने को समाजवादी मानत हुए भी सोवियत और जनवादी चीन के बीच क्या सघष है और उसकी क्या सीमा है, लोकत त्री अमरीका भारत के लोकत त्र के बजाय पाकिस्तानी सनिक तत्र को क्यो सहारा देता है, और अफगानिस्तान और कम्पूचिया के मामले मे भारत सोवियत और वियतनाम के साथ वसा व्यवहार नही करता जसा चीन करता है और इदिरा गाधी की सरकार भारत की सीमा के बाहर साम्यवादी सरकारा

को जैसा समर्थन और उनके प्रति दोस्ताने का रुख रखती है, वैसा भारत के अंदर चल रही कम्युनिस्ट सरकारों के लिए नहीं और जिस कांग्रेसी सरकार की पूंजीवादी-सामन्तवादी नीतियों की भारत के कम्युनिस्ट आये दिन भर्त्सना करते हैं, उस सरकार की परराष्ट्रनीति का वे खुद ही समर्थन करते हैं। तात्पर्य यह कि परराष्ट्र संबंध और घर के अन्दर के संबंध में घना संबंध है जरूर, व अन्योन्याश्रित भी है, पर इस ढंग से नहीं कि अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से पांच अरब रुपये लेते ही भारत की परराष्ट्रनीति और संबंध इन ऋणदाताओं के गिरफ्त में आ गये। इसके बाद भी इंदिरा गांधी ने अमरीका में ही और मारिशस में भी दियागो गार्सिया, पाकिस्तान को शस्त्र देने और लेबनान में इजरायली नरसंहार के लिए अमरीका की भर्त्सना करने में कोई कोताही नहीं की।

ससार व्यापी महासमर की पूर्व वेला मे

हम यह प्रारभ मे ही स्पष्ट करना चाहेगे कि इस अध्याय मे हमारा लक्ष्य द्वितीय महासमर के उपरान्त की दुनिया की विवेचना करना है, क्योंकि हम उस महासमर की पूव पीठिका की चर्चा अन्यत्र[1] भी कर चुके हैं जिसने सितम्बर1939 से यूरोप के शक्तिशाली देशो को अपनी लपेट मे लेकर अगले वर्षों के अदर समूचे यूरोप को अपनी विभीषिका का शिकार बना लिया। यह महासमर केवल यूरोपीय महाद्वीप तक फैली लडाई नही रह गई। एशिया और प्रशान्त महासागरीय क्षेत्र मे चीन और अन्य एशियाई प्रदशो को अपने-अपने क्षेत्र मे लेने की प्रतिस्पर्धा मे पर्ल-हावर की बमबारी के बाद अमेरिका और जापान के बीच जबदस्त भिडन्त हुई और युद्ध अब केवल चीन जापान के बीच चला आ रहा साम्राज्यवादी युद्ध मात्र ही नही रह गया। महासमर की विकराल लपेटो मे जब यूरोप और एशिया के विशाल जन समुदाय झुलसने और भुनने लगे, तब यह स्वाभाविक ही था कि दुनिया के अन्य खण्डो तक इनकी चिनगारिया फैलने लगें। इस प्रकार यह महा-समर सही मायने में एक ससार व्यापी महाभारत बन गया।

केवल युद्ध के फैलाव की वजह से ही नही, अन्य कारणो से भी यह महासमर पूववर्ती प्रथम महायुद्ध से भिन्न लगने लगा बल्कि, ऐसा कहा जाना चाहिये कि यही युद्ध वस्तुत पहला ससारव्यापी युद्ध था जो प्रारभ तो हुआ था एशियाई और यूरोपीय देशो मे आपसी गृह युद्ध के रूप मे पर तेजी से इसका फैलाव बढता गया। इस युद्ध की दो विशेषताए दृष्टव्य हैं। प्रथम यह कि यूरोप और एशिया मे टकरा रही विरोधी ताकतें आपस मे एक दूसरे से सहयोग कर अपनी लडाई के दायरे मे पूरी दुनिया को ला रही थी। ब्रिटेन व अमेरिका यूरोप मे जर्मनी और इटली से, इसी तरह एशिया मे जापान से भिड रहे थे, ऐसी कुछ स्थिति सोवियत सघ की भी थी। उसमे एक फर्क यह था कि जापान के साथ उसकी अनाक्रमण सधि महा-युद्ध के अन्तिम चरण तक बरकरार रही जिससे उसे यूरोपीय मोर्चे मे ही लडना पडा। दूसरी ओर जापान, जर्मनी तथा इटली ने यूरोप और एशिया-अफ्रीका मे ब्रिटेन, फ्रास तथा अमेरिका को चुनौती दी। इस दृष्टि से जापान को भी सोवियत

मोर्चे का सामना युद्ध के अन्तिम चरण मे कुछ पूव तक नही करना पडा। जमनी और इटली को भी भिन्न राष्ट्रीय शक्ति का सामना यूरोप व अफ्रीका के रणस्थल पर ही करना पडा। दूसरी बडी बात यह थी कि महायुद्ध म जूझ रही व महा शक्तिया अपनी अपनी लडाइया दुनिया के नक्शे को अपने सामने रखकर लड रही थी। अग्रेजो फ्रासिसियो और उनके मित्र अमेरिकियो को जबकि अपने अपने साम्राज्य और अधिकार क्षेत्रो को बचाने की फिक्र पड रही थी, तब लडाई मे जूझ रही इन ताकतो को, जो धुरी राष्ट्रो के नाम से एकजुट हो रही थी, दुनिया का साम्राज्यवादी नक्शा अपने पक्ष मे बदलने का दृढ संकल्प युद्धोन्मुख बनाए हुए था। इन धुरी राष्ट्रो मे कम से कम जमनी के नात्सी नेता तो अपने इस सकल्प को बारम्बार दुहरा रहे थे कि पूरी दुनिया को जीतना है और उस अपने अनुकूल बनाना है और इस प्रकार इतिहास में जो अब तक "असभव बना हुआ था, उसे सभव बनाने मे जमन नात्सी अपना पूरा दम खम लगा रह थे।" इस दृष्टि से भी, इरादे या मन्सूबे के हिसाब से भी, यह युद्ध एक विश्व युद्ध का रूप ले रहा था। *पहले महायुद्ध मे किसी शक्ति ने अपने सकल्पो की ऐसी घोषणा न की थी, न उनकी रणनीति का यह लक्ष्य था।*

युद्धरत शक्तिया के इरादे और मसूबो में इस प्रकार गुणात्मक परिवतन के होते हुए भी यह महायुद्ध गत महायुद्ध का क्रमिक विकास ही था। यह महायुद्ध अनिवायत और अभिन्न रूप से प्रथम महायुद्ध से जुडा हुआ था। बहुत सारी व्यवस्थाएँ, प्रबन्ध, निणय और सधिया जो बनी या बिगडी थी वे सब जैस जीवत होकर मचलती हुई पुन अपने अन्तिम समाधान के लिए रगमच पर आ गई थी इससे ऐसा लग रहा था कि जो गत हो चुका मान लिया गया था वह एसा हुआ नही जो अतीत बन गया था वही जैसे वतमान बनकर लगभग ज्यो का त्यो, दिखता हुआ, पुन इतिहास के मच पर आ गया हो।

तीन नई बातें, तीन नये विकास

पर प्रथम महायुद्ध के बाद जिस प्रकार दुनिया भर मे घटनाचक्र घूम रहा था उसको परखते हुए कहना ठीक न होगा कि इतिहास केवल अपने को दुहरा रहा था अर्थात जो कुछ हो रहा था, वह लगभग ऐसा ही था जैसा पहले हुआ था। वस्तुत नई ऐतिहासिक शक्तिया ने जन्म ले लिया था और नये विकास नई रुझान नई बातें तेजी स इतिहास के रगमच को घेर रही थी। ऐसी तीन नई बातें हमारा ध्यान खीचती हैं जो एक दूसरे स जुडी हुई हैं। उनमे पहली बात पुराने साम्राज्यो के बारे मे थी।

(1) साम्राज्यवाद के दुर्ग टूटने बिखरने लगे सक्रान्ति का भीषण दौर

प्रथम महायुद्ध मे जो शक्तिया आपस मे टकराई थी उनमे मित्र राष्ट्र के नाम से जाने वाले देश विजयी हुए, जमनी और उसके साथी आस्ट्रिया हगरी, तुर्की आदि पराजित हुए। रूस की जारशाही हारते हारते खुद मिट गई और एक नई व्यवस्था ने उसका स्थान ले लिया। पर महायुद्ध खतम होने के बाद विजयी और पराजित दोनो ही तरह की ताकतें फिर से अपनी घरेलू सामाजिक व आर्थिक व्यवस्था को पुरान ढर्रे पर न ला सकी। जिस पूजीवादी व्यवस्था के अ तगत ये दोनो तरह की शक्तिया युद्धपूव सज धज कर रणस्थल पर आई थी वह पूजीवादी व्यवस्था टूटने बिखरने लगी, जो हारे थे उनके लिए पुराने आधार पर सभालना तो मुश्किल बन ही रहा था, जो जीते थे अग्रेज फ्रासिसी आदि, वे भी पुरानी व्यवस्था पर पैबन्द लगाते लगाते हाफ रहे थे। महायुद्ध ने दुनिया भर मे फली पूजीवादी व्यवस्था के अगले विकास के लिए ऐस अतर्विरोध खडे कर दिय थे जिन्होने जो उसके विकास का माग अवरुद्ध कर रहे थे। एक तो पूरा का पूरा जारशाही वाला रूसी साम्राज्य इस व्यवस्था से बाहर निकल चुका था। दूसरा जमनी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था और उसकी नोच खसोट जारी थी। हम अन्यत्र* भी पाठकों का ध्यान इस तथ्य की ओर आकृष्ट कर चुके है कि दुनिया भर मे फली पूजीवादी व्यवस्था मे प्रथम महायुद्ध के पूव जमनी औद्योगिक उत्पादन मे किस प्रकार ब्रिटेन और फ्रास से बाजी मारकर अमेरिका के बाद दूसरा बडा उत्पादक देश बन चुका था। अपने लिए साम्राज्यी व्यवस्था कर पाने के अभियान मे महायुद्ध मे फसकर वह अपनी इस उपलब्धि को खो बैठा और टूटकर उत्पादन के निम्न धरातल पर जा गिरा। यही हालत जमनी के अन्य युद्धकालीन मित्रो की हुई। हारे हुए उभर ही नही पा रहे थे, पर जीते हुए भी अपना पुराना ढर्रा नही लौटा पा रहे थ। ब्रिटेन, फ्रास और इनके साथी देश पूजीवादी व्यवस्था को बचाये रखकर भी उसके अ तगत युद्धपूव के उत्पादन के कीर्तिमान को पुन अर्जित नही कर पा रहे थे और न सामाजिक तौर पर युद्धपूव की स्थिति लौटा पा रहे थे। जमनी से भारी क्षतिपूर्ति व अन्य नोच खसोट व लूट के बावजूद युद्ध की समाप्ति के बाद दस वष भी चैन से गुजारे नही जा सके थे कि सन 1929 की महामदी की लपेट म रहा सहा भी गवा बठे। प्रथम महायुद्ध और उसके बाद पैदा हुई असतुलन और अव्यवस्था ने महामदी के रूप मे पूजीवादी व्यवस्था के कमजोर हुए स्तभो को बुरी तरह झकझोर दिया और उसकी प्रगति तो रुक ही गई उल्टा उत्पादन का पुराना कीर्तिमान छू पाना ही उसके लिए दुष्कर काय हो गया। यूरोप तो युद्ध की चोट से टूटा हुआ था, पर अमेरिका युद्ध के अन्तिम चरण म शामिल होकर युद्ध स आहत नही हुआ था। पर यूरोप की टूट फूट के दौरान

पूजीवादी व्यवस्था के दायरे मे जब महामदी के रूप मे अमेरिका की उत्पादन व्यवस्था को चोट पहुची तब पूजीवाद के इस सुदढ विघ्नरहित दुग मे भी दरारें पडने लगी। अमेरिका के मदी ने उसकी उत्पादन व्यवस्था को नीचे खीचना शुरू कर दिया। एक के बाद दूसरे सकट मे ग्रस्त हो रही पूजीवादी व्यवस्था का हाल द्वितीय महायुद्ध के छिडने के पूव तक यह रहा कि प्रथम महायुद्ध और महामदी के सकट को दूर नहीं किया जा सकता। अगर हम सन 1929 को आधारवष मानकर सोवियत सघ को छोडकर अयत्र ससार व्यापी पूजीवादी औद्योगिक उत्पादन का स्वरूप देखें तो यह कुछ इस प्रकार बनता है।

खानें और उद्योगो मे
(1929-100)

वष	दुनिया का उत्पादन (सोवियत सघ को छोडकर)
1934	77 7
1935	86
1936	96 4
1937	10 37
1938	93

इससे स्पष्ट हो जाता है कि पूजीवादी दुनिया प्रथम महायुद्ध और महामदी की घातक चोटो से उभर नहीं पा रही थी। उसका उत्पादन थोडा बहुत ठीक हुआ तो वह भी सन् 1937 मे जब हिटलर ने सत्ता सभालते ही 'युद्धोन्मुखी अर्थ-व्यवस्था" की स्थापना कर सर्वाधिकारवादी राज्य सत्ता की स्थापना कर दी थी और उसकी चुनौतियो का सामना करने के लिए पश्चिम के साम्राज्यवादी नेतृत्व ने भी उत्पादन के सकट से उभरने की ठानी।

युद्ध के विजेता ब्रिटेन और फ्रांस इस गहराते हुए सकट का बोझ अपने उपनिवेशो पर थोपने लगे और सन् 1935 तक ब्रिटेन ने उत्पादन का सन् 1929 का स्तर प्राप्त कर लिया और आगे निकलने लगा यथा सन् 1937 मे 20 प्रतिशत और सन् 1938 मे 15 % अधिक उत्पादन का स्तर प्राप्त कर लिया पर फ्रांस को ऐसी सफलता नही मिली। सन् 1933 मे उसका उत्पादन स्तर सन् 1929 के मुकाबले गिरता रहा था। और सन् 1938 मे यह 23 9 प्रतिशत नीचे था। कहने का तात्पर्य यह है कि प्रथम महायुद्ध से पूर्व की आर्थिक और सामाजिक स्थिति की प्रखर पुनरावृत्ति फिर कभी लौटकर नही आई। प्रथम महायुद्ध और तदुपरान्त महामदी की मार ने ब्रिटेन फ्रांस और पश्चिम के अन्य देशो के सार्वजनिक

जीवन मे जो उथल पुथल मचा दी—बेरोजगारो की बढती कनार, मूल्य वद्धि, सामाजिक तनाव व असुन्तलन, और ऐसे ही अनेक अन्तर विरोधो की शृखला ने राजनीतिक व्यवस्था को जकड लिया। इसका अलग अलग देशा म अलग अलग प्रभाव पडा पर सभी जगह एक बात सामान्य तौर पर घटित हुई और वह यह थी कि राज्य सत्ता के द्वारा जन जीवन के सभी क्षेत्रो म प्रभावी हस्तक्षेप की प्रवत्ति मे अपूव बढाव। यह सभी जगह देखने को मिला, चाह ब्रिटेन हो, फ्रास हो या अमेरिका या जमनी व इटली।

इसका सवत्र एक सा प्रभाव यह हुआ कि उदारवादी नरमदली पूजीवादी रुझान का लोप हो गया, ब्रिटेन मे अनुदार दल पनपा यहा लेबर दल सगठित होता गया पर लिबरल दिवगत हो गए, फ्रास मे अनुदार व प्रतिक्रियावादी तत्वो की साख घटी और वामपथी लोकप्रिय होते गए यद्यपि वे समय का लाभ उठाकर एक-जुट नही हो सके और यही जमनी म भी हुआ जहा समाजवादी व साम्यवादी दलो की आपसी लडाई और फूट का हिटलर के नात्सी दस्तो ने लाभ उठाया और सर्वाधिकारवादी सत्ता जमन पर थाप दी जो इटली के फासिस्टो की तरह सवग्रासी सत्ता थी।

पूजीवादी व्यवस्था के अन्तगत ढूढे गए "जमन समाधान की अपनी विशेषताएँ दष्टव्य रही। पहले मजदूरो के सगठनो तथा राजनीतिक दला को नेस्तनाबूत किया गया, फिर उदार पूजीवादी दलाकी शामत आई और उन्ह भी मिटाया गया पर पूजीवाद को नही। पूजीवाद के विकास के चारा ओर नात्सी लक्ष्मण रेखा खीच दी गई और एक युद्धोन्मुखी अथव्यवस्था तथा आतकवादी और विस्तारवादी आक्रामक परराष्ट्र नीति से उसका गठबन्धन कर दिया गया। इस कायवाही ने तात्कालिक पूजीवादी व्यवस्था के बढते हुए सकट का—बढती बेरोजगारी और उभरती सामाजिक अराजकता को राज्य सत्ता की छत्रछाया म एक सगठित अराजकता के सहारे रोक दिया गया पर जिस नात्सी चीते पर जमन सत्ताधारी सवार हो गए थे और अपने साथ जमन पूजीपतिया को भी बैठा लिया था, उसके बाद उनके लिए लूटमार, आतक, युद्ध के अलावा दूसरा रास्ता और क्या अपनाया जाता। युद्धोन्मुखी अथव्यवस्था न सैनिक तानाशाही को हथियारो की कमी नही रहने दी, उधर नात्सी पागल नेता के विश्व विजय की सनक को चरिताथ करने के अभियान मे सैनिक तानाशाही ने अपनी ओर से कसर नही छोडी जिसका परिणाम हुआ एक और घनघोर महायुद्ध। पर युद्ध पूव इस युद्धोन्मुखी अथव्यवस्था ने पूजीवादी व्यवस्था के दायरे मे रहकर एक अभिनव प्रयोग तब किया जबकि नात्सी राज्य को सीधे-सीधे पूजीवादी व्यवस्था के दायरे म अन्दर रहकर पूरा का पूरा विदेशी व्यापार सीधे-सीधे सभाल लिया, उससे सबधित उद्योगो को नियत्रण में ले लिया और पूजी नियोजन की दिशा म होगी, इसका नियमन भी अपने हाथो ले

लिया।[3] इसे व्यवस्थित और प्रभावशाली ढग से चलाने के लिए राज्य ने मजदूरी और कीमतें दोनो पर अपनी जकड मजबूत की।[4]

यह इस अर्थ मे तो नई बात नही थी कि पहले कभी इस ढग का कुछ हुआ नही था। प्रथम महायुद्ध के दौरान पूजीवादी व्यवस्था ने एक बड़े पैमाने पर राज्य निर्देशित योजना और सयोजित अर्थव्यवस्था का जायजा लिया था पर नई बात इस बार यह थी कि सर्वाधिकारी राज्य की जकड शातिकाल मे ही शुरू हो गई थी और यह जकड उस ढग के राज्य के हाथो मे रही थी जिसने लोकतांत्रिक व्यवस्था का गला घोट डाला था। मजदूर सगठनो और उनके दलों को विनष्ट कर उन्होंने उनका वर्ग नेतृत्व तो खतम कर दिया पर युद्धोन्मुखी अर्थव्यवस्था के सहारे बेरोजगारी मेट कर उनके असतोष के ज्वालामुखी को ठडा कर दिया। पर यह तो हुआ कि सर्वाधिकारी और शीघ्र ही उत्पादन का स्तर 1929 से आगे निकल गया पर बहुत सा था। मजदूर कभी भी दिल से इसके साथ नही रहे जो इस बात से स्पष्ट था कि नाजी व्यवस्था के चरमराते ही वे फिर अपने पुराने झडो के नीचे दौडकर आने लगे।

युद्धोन्मुख अर्थव्यवस्था की प्रगति ज्यो ज्यो हुई, जर्मन सैनिक तानाशाही आतक और आक्रमण की नीति अपना कर हस्तक्षेप की कार्यवाही मे जुट गई। मित्र राष्ट्र चाहते तो शुरू शुरू मे नात्सी जर्मनी का बढना और जमना रोक सकते थे, पर वे हिटलर को फुसलाने व बहलाने की नीति अपनाने लग गए।

ताकि उसका सैनिक अभियान पूर्वाभिमुख अर्थात सोवियत सघ की ओर से हो जिस प्रकार साम्यवादी और समाजवादी दलो का उसने कठोर दमन किया था उसस उन्हे भरोसा जम रहा था कि हिटलरी शक्ति भस्मासुरी शक्ति नही बनेगी। यह साम्यवादी व समाजवादी विचार और व्यवहार को रोक रखने वाली कम से कम चीन की दीवार तो बनेगी ही।

पर नात्सी सफलता ने इर्द गिर्द लोकतत्र विरोधी और सर्वाधिकार वादी ताकतो को नात्सी झडे के नीचे एकजुट करना शुरू कर दिया। हिटलर ने पहले आस्ट्रिया फिर चकास्लोवाकिया और बाद मे पोलेण्ड को आत्मसात किया तब जाकर पश्चिमी राष्ट्रों की कुभकर्णी निद्रा टूटी।

जर्मनी के प्रति किए गए अपमानजनक व्यवहार का बदला लेने का ही सकल्प लेकर जारी हो, ऐसा नात्सी शक्ति का स्वभाव नही था। वह तो जर्मन शक्ति को, नात्सी शक्ति का एक विश्व साम्राज्य का केन्द्र बनाने के लिए उत्सुक हो रही थी। उसके सपने दुनिया को जीत लेने के थे और इसी दृष्टि से वह यूरोप मे इटली और पूर्व म जापान से हाथ मिलाकर एक विश्व-व्यापी अभियान चलाने की अभियोजना बना कर चल रही थी।

जापानी गठजोड

जापान की सैनिक तानाशाही ने तो नात्सी दल के सत्ता मे आने के बहुत पहले म ही साम्राज्यवादी विस्तार के लिए सैनिक कायवाही छेड रखी थी। जमनी मे तो पहले युद्धोमुखी अथव्यवस्था जमाई गई फिर लडाई छेडी गई पर जापान मे युद्धोमुखी अथव्यस्था के निर्माण और सैनिक अभियान के बीच का अ तराल बहुत छोटा था। सन् 1931 मे मचूरिया पर आक्रमण करके सैनिक अभियान को छेडा गया और महासमर के शुरू होने तक जापान इस प्रकार की आक्रामक कायवाहियो मे निर तर जुडा ही रहा। जापान ने मचूरिया पर कब्जा कर यहा उद्योग ध धे जमाकर, इसे अपने युद्धोमुखी अथव्यवस्था की कुडली मे फसा लिया जिसने सैनिक तानाशाही जापान की उत्पादन व्यवस्था की क्षमता को बढा दिया जो कुछ मायने मे नात्सी जमनी से भी आगे बढ गई। सन् 1929 के वष को आधार मानकर चलें तो जापान का औद्योगिक उत्पादन इस प्रकार बढता ही चला जा रहा था।

इस प्रकार युद्ध के समार व्यापी स्वरूप ग्रहण करने के पूव हम पाते हैं कि नात्सी जमनी फासी इटली, सैनिक तानाशाही जापान ये सभी धुरी शक्तिया अपने अधीन अथव्यवस्था को युद्धो मुखी बनाकर उत्पादन की शक्तियो को काफी आगे बढा ले आये थे। यद्यपि यह तथ्य भी स्मरणीय है कि युद्धोमुखी होने के नाते उत्पादन का वही क्षेत्र तेजी से और प्रभावशाली ढग से विकसित किया गया था, जिसकी युद्ध की आवश्यकताओ स घना और निकट का सम्ब ध था। इस प्रकार के विकास मे युद्ध के बीजो का तेजी से पनपना स्वाभाविक था। युद्धोमुखी अथव्यवस्था युद्ध ही छिडवा सकती थी और वही इन धुरी शक्तियो ने किया।

अमेरिकी अथव्यवस्था का सामर्थ्य

जहा यूरोप के मित्र राष्ट्र सन् 1929 कि महामदी की मार से घायल अथव्यवस्था को पुन ठीक से खडा करने म कठिनाई महसूस कर रहे थे वहा धीमे धीमे ही के अपने उपनिवेशो पर भारी बोझ फेंकते हुए पर खुद भी बेरोजगारी तनाव व उत्पादन की आशिक क्षमता का ही उपयोग कर, हाफते हाफते धीमे धीमे युद्धोमुखी नात्सी फासी व जापानी सैनिक तानाशाही की चुनौती का सामना करने के लिए आगे आए। पश्चिमी यूरोप के मित्र देश जब लडाई मे कूदे, तब उनकी उत्पादन क्षमता नात्सी व फासी शक्तियो की तुलना मे कम ही थी। वस्तुत जमन तेज आक्रमण का फ्रास थोडी देर भी सामना नहीं कर पाया उधर पूव मे पोलेण्ड तक का प्रदेश जमन बूटो के नीचे रौंद दिया गया। पश्चिमी म अकेले अग्रेज बचे और पूव में सोवियत सघ अन्यथा सारे पश्चिमी यूरोप मे नात्सी फासी

एठबधन के आगे घुटने टेक लिए। अग्रेज बहादुरी दिखा रहे थे पर अकेला चना क्या भाड तोडता। अगर एक ओर अमेरिका और दूसरी ओर सोवियत सघ लडाई मे न ले आए गए होते (जो मित्र राष्ट्रो की एकता और अपूव क्षमता और शौय के दृढ स्तम बनें) तो युद्ध का रग ही कुछ और होता।

अमेरिकी मित्रता वरदान बन गई

अमेरिका प्रथम महायुद्ध के अतिम चरण मे मित्र राष्ट्रो के पक्ष मे भाग लेकर महायुद्ध मे भाग्य का निपटारा भी मित्र राष्ट्रो के ही पक्ष मे कर दिया था पर युद्ध के बाद शान्ति सधियो सम्पन्न कराने के बाद और राष्ट्र सघ की स्थापना के बाद वे खुद उन प्रबधो से दूर हटकर अपनी खिचडी पकाने लगें। वह तब भी सम्पन्न एव क्षमतावान देश बन गया था। प्रथम महायुद्ध मे अमेरिका यूरोपीय देशो की तरह युद्ध का अखाडा नही बना था। उसकी उत्पादन व्यवस्था दिन दूनी बढती गई। हम इस ग्रथ के पहले खण्ड[5] मे बता चुके हैं कि किस प्रकार प्रथम महायुद्ध के पूव अमेरिका औद्योगिक उत्पादन मे विश्व का सबसे बडा देश बन गया जिसके बाद जर्मनी का ही नम्बर आता था पर जहा युद्ध ने जमनी की कमर तोड दी, अमेरिका आगे बढता ही गया और अगले दस वष मे अर्थात् महामदी के पूव उसका औद्योगिक उत्पादन सन् 1919 की तुलना मे दुगना हो गया। महामदी ने इस उत्पादन स्तर को एक दम आधा कर दिया। यह महामदी का सक्ट ऐसे देश में कहर ढा रहा था। जहा न तो पश्चिम मे यूरोप के देशो की तरह कोई जबर-दस्त समाजवादी या काय प्रभावशाली मजदूर आन्दोलन था और न राज्य की केन्द्रीय सत्ता यूरोप के समान विकसित थी। वस्तुत यूरोप म सभी देशो के पास अच्छी-खासी सेनायें थी, और अनिवाय सैन्य सेवा की परम्परा थी जो केन्द्रीय राज्य सत्ता की सुदृढता की अनिवाय शत थी। पर अमेरिका मे यूरोप की तुलना मे यह सब बहुत नगण्य था। इसलिए जबकि महामदी का सामना करने के लिए यूरोपीय देशो के पास सुदृढ केन्द्र वाली राज्य सत्ता थी, अमेरिका की राज्य सत्ता के पास इतने तीखे व तेज तरार दात नाखून भी न थे। अमेरिका म औद्योगिक क्षेत्र ही अपितु अविभाज्य अग बनकर था, जिसकी उत्पादन क्षमता इतनी विक-सित हो चुकी थी कि न केवल अपने लिए पर्याप्त मात्रा मे खाद्य वस्तुए पैदा की जाती थी बल्कि, अतिरिक्त उत्पादन होता था जिसका बाहर निर्यात होता था।

ऐसी सुदढ और अनोखी ढग की पूजीवादी व्यवस्था पर महामदी ने जो चोट की, वह महायुद्ध से अधिक घातक सिद्ध हुई। इसे सभालने मे अमेरिका को समय लगा। राज्य के नेतत्व मे 'नए प्रबध (न्यू डील) ने एक नए युग का ही शुभारभ किया जिसके अन्तगत पहली बार अमेरिका मे राज्य सत्ता के सुदृढ आधार तैयार किए गए और राज्य सत्ता के द्वारा आर्थिक एव सामाजिक जीवन

के नियमन के लिए राज्य के हस्तक्षेप का सिलसिला शुरू हुआ जिसने केन्द्रीय शासन की क्षमता को बढाने का नया दौर ही शुरू कर दिया। पर इस नये प्रबध के अतगत न तो नात्सी जमनी की तरह किसी सुनियोजित अथव्यवस्था को उभारने की चेष्टा हुई और न ही शान्तिकरण के लिए आवश्यक व उसके अनुरूप अर्थव्यवस्था ढालने का प्रयत्न हुआ। जब महामदी शुरू हुई तब तक अमेरिका मे सैनिक व्यय अमेरिका की समूची राष्ट्रीय आय का केवल एक प्रतिशत भाग मात्र था। इसके बाद भी इसमे कोई खास बढोत्तरी नही हुई—सन 1933-38 मे भी इस मद मे खच नगण्य ही रहा और न यहा जमनी की तरह विदेशी व्यापार के राजकीय नियत्रण मे लाने की कोशिश हुई।

अमेरिका से वस्तुओ का निर्यात तुलना-औद्योगिक उत्पादन

(1903-1925 औसत 100) सालाना औसत	कुल मात्रा	वष	जमनी 1929	अमेरिका 1935-1939 औसत 100
1926 30	122	1929	100	110
1931-35	76	1934	79 8	75
1936	82	1935	94	87
1937	105	1936	106 3	103
1938	103	1937	117 2	113
1939	110	1938	126 2	89

इस प्रकार देखे तो हम पाते हैं कि हिटलरी जमनी की तुलना म अमेरिका अपने सन 1929 के स्तर को प्राप्त करने और उससे आगे निकलने मे सफल नही हो रहा था।

औद्योगिक उत्पादन जो सन् 1928 के बाद आधा हो गया था वह केवल 1937 मे आगे बढा लेकिन 1938 मे फिर नीचे गिर गया। महामदी से उत्पन्न सकट का सामना करने के लिए घरेलू अथव्यवस्था मे जबरदस्त उलट फेर किए गए ताकि, अधिकाश कामगारो की क्रय शक्ति बढे, बेरोजगारी कम हो, कृषि क्षेत्र की कीमतें बनी रहे कृषि उत्पादन पर नियत्रण रहे और उन्हे मुआयजा मिलता रहे। सावजनिक ऋण मे वद्धि होने दी गई है। इसके साथ ही साथ जहा पर एक ओर राज्य की भूमिका मे और बढोत्तरी हुई, राष्ट्रपति रूजवेल्ट के प्रोत्साहन से ट्रेड यूनियनो की स्थिति व प्रभाव मे वद्धि हुई और पश्चिम यूरोप के पैमाने पर इसके प्रभाव का विस्तार होने लगा और दूसरी सामाजिक कल्याण की नीति का

अधिकाधिक क्रिया-वयन होने लगा। इतना होते हुए भी 1933-1938 के बीच बेरोजगारी कुल श्रम शक्ति का औसतन 19 प्रतिशत बनी रही।

पर इस सारे झझट ने बडे बडे उद्योगो के मालिको को नही हुआ वे महामदी के सकट का मजे मे झेल सकें—केवल उनके बीच के छूट मय्ये उड गये। जब युद्ध छिड गया, तब रूजवेल्ट को इन पर लगे (न्यास विरोधी अभिनियम) थोडे वहुत प्रतिबध भी हटाने पडे, तभी युद्ध सामग्री के उत्पादन मे पूरा सहयोग मिलना सभव हुआ।

कुल मिलाकर इन सारे प्रबधो के बावजूद अमेरिका की उत्पादन क्षमता का भरपूर उपयोग नही किया जा सका और बेरोजगारी 19 20 प्रतिशत बनी रही। फिर भी अमेरिका दुनिया का तब भी अन्यो से अधिक धनाढय देश था जिसका जीवन स्तर सबमे ऊचा था और जहा किसी समाजवादी ढग का एक विकसित आदोलन का अभाव ही रहा पर इसमे राज्य के द्वारा जन जीवन मे विशेषत आर्थिक क्षेत्र के नियमन के लिए रास्ता जरूर बना दिया जिसकी कोई परम्परा इसके पूर्व न थी।

पर जब एक बार यूराप म युद्ध छिड गया उसके बाद तेजी से अमरिका मे भी उत्पादन के स्तर म सुधार होता गया और शस्त्रास्त्रा के तथा युद्ध के लिए आवश्यक सामग्री के उत्पादन मे तेजी से वद्धि होने लगी और कुछ ही समय मे युद्ध सामग्री के उत्पादन वाला क्षत्र खूब फल फूल गया पर अन्य वस्तुओ के उत्पादन के क्षेत्र मे सामाना तर विकास बना ही रहा। पर्ल हाबर पर जापानी हमले के बाद तो अमेरिका का महा दुग मित्र राष्ट्रा के लिए न केवल 'शास्त्रागार बन गया बल्कि, प्राय हर प्रकार की आवश्यक वस्तुओ को प्राप्त करन का बडा उत्पादक क्षेत्र हो गया। अमरिका स मिलकर ब्रिटेन, व सोवियत सघ की सम्मिलित शक्ति और उत्पादन क्षमता धुरी राष्ट्रो की सम्मिलित सैनिक, औद्योगिक व तक्नीकी शक्ति से आगे निकल गई। पर मित्र राष्ट्रो की जीत तब तक सुनिश्चत नही हो पाई जब तक कि मित्र राष्ट्रो ने एकजुट होकर धुरी राष्ट्रो को सामना करने की नही ठान ली।

दूसरा नया विकास साम्राज्यवाद विरोधी शक्तियो का जबर्दस्त उभार

पहले महायुद्ध व दौरान साम्राज्यवादी सत्ताधारी सभी जगह अपने गुलामो को लेकर इतन चितित न थे कि उन्हें कोई बडी बगावत का डर सताये। छिटपुट विद्रोह की चिगारिया इधर उधर उड रही थी। पर जगल की आग भी बन सकती है एसा कोई डर नही था। गुलाम रगरूटो की मजे म भर्ती हो रही थी, साम्राज्यवादियो को डर था तो यह कि कहीं ये लोग हथियार चलाना सीखने के

बाद लौटकर गडबडी न करें। इसमे इन्हे नीचे ही नीचे ओहदा तक ही बढने दिया गया। न केवल साधारण रगरूट बल्कि जाने माने 'नेतागण' भी साम्राज्यवादी सत्ता से झगडने के मूड मे न थे। 'कैसरेहिन्द' तमगे के विजेता मोहनदास करमचन्द गाधी रगरूटो की भरती के विरोध न कर, मन्द ही कर रहे थे। गरमदली लोकमान्य तिलक तक कुछ शर्तो पर खुले आम अग्रेजो की मदद के लिए तैयार थे।[6] कहने का तात्पय यह था कि जैसे अग्रेजो को हिन्दुस्तान मे तथा साम्राज्य के अन्य भागा मे ऐसी कोई दिक्कत नही होती थी वैसे ही फ्रासिसी जमन, आदि को भी अपने अपने गुलामो की वफादारी का खूब भरोसा था।[7] उपनिवेशो के सुधारवादी और अधिकतर क्रान्तिकारी माने जाने वाले नेतागण भी साम्राजी प्रभुओ का साथ देकर, युद्ध के बाद कुछ सुधार के तौर पर कुछ पा जान की आशा रखते थे।

यह सब युद्ध के बाद एक भ्रम' मात्र सिद्ध हुआ। पहले महायुद्ध से दूसरे महायुद्ध के अतराल म साम्राज्यवाद विरोधी आदालना का ताता लग गया। चारो तरफ एक के बाद दूसरे पराधीन देशो मे विद्रोह की चिगारिया फल गईं और जन आक्रोश आग का गोला बनकर बरसने लगा। राष्ट्रीय मुक्ति आन्दोलन का दावा नल तेजी से एशिया व अफ्रीका के पराधीन देशो मे फैल गया जिसकी आच मे साम्राज्यवादी सत्ताधारी भुलसने लगे।

अमेरिकियो के व्यवहार से क्षुब्ध हाकर नेहरू ने अगस्त सन 1942 मे निम्नाकित उदगार व्यक्त किये—

'उन्हाने (अमेरिकिया) ने अच्छी मोटर कारें बनायी है और बना रहे हैं। अमेरिका ने चीन और भारत के भव्य उपलब्धियो को भुला दिया है ये चीन और भारत है जिन्होने युगा के अनुभव के आधार पर केवल मौलिक उपलब्धिया के आधार के बिना भी अच्छी तरह जीवन जीने की कला सीखी है।

'यदि मैं आदरपूवक अमेरिकिया के महान लोगो का सुझा सकू तो मै कहूगा कि वे भारत, चीन और पूरे एशिया के ही बारे मे गलत ढग स सोचत हैं। आप हिन्दुस्तान को ब्रिटेन के पिछलग्गू की तरह लेत हैं और एशिया को यूरोप व अमेरिका का आश्रित मान बठे हैं —जिसम जातीय वरिष्ठता का भाव रहता है। आप लोगा ने मशीनी युग के अविष्कारा की वजह स अपन आपको हमस अधिक अच्छी हालत म मान लिया है और हमे यह मानत हैं कि हम अधकार ग्रस्त पिछडे हुए लोग हैं लेकिन एशिया क लोग अब इस तरह के वर्ताव को स्वीकार करन नही जा रहे हैं।

(नेहरू न कहा) कि पश्चिम क नता युद्ध को एक बहुत ही सकुचित सैनिक दष्टि स देखत हैं और व यह समझ पान मे विफल रहे हैं कि युद्ध उस महान क्रान्ति का अग्रदूत सिद्ध होगा जा पूरी दुनिया पर छा जायेगी। उन्हाने मानवता के अत स्तल स नि सृत सहज भावा की प्रचड बाढ को अनदखा करना चाहा है।[8]

महान अक्टूबर क्रान्ति की प्रेरणा

प्रथम महायुद्ध अभी समाप्त नही हुआ था कि लेनिन के नेतत्व मे बोल्सेविक दल ने रूस की जारशाही को उखाड फेंका और दुनिया के इतिहास मे पहली समाजवादी व्यवस्था की स्थापना कर मजदूर और किसाना का अभूतपूव राज्य सत्ता स्थापित की। लेनिन और स्टालिन दोनो के हस्ताक्षर से युक्त रूस की जनता के अधिकारो की घोपणा ने रूसी लोगो की समानता और प्रभुसत्ता की घाषणा ने तथा राष्ट्रीय अल्पसख्यको के स्वतन्त्र विकास के अधिकार के उद्घाष ने पूरे पूरब मे, एशिया की सघषरत पराधीन देशो के जन समुदाया के उदास मन मे प्रकाश की एक जबदस्त बाढ सी ला दी। उनकी धमनिया मे बिजली की तेजी स रक्त का सचार हो चला। अगले दशको मे "राष्ट्रो से आत्म निणय के अधिकार' के गौरवशाली सोवियत सिद्धान्त और उतने ही बेदाग व्यवहार ने एशिया की जाग्रति मे महान योगदान किया। जन्मते ही सोवियत सत्ता महान लेनिन के नेतत्व मे भारत, चीन हिन्देशिया, हिन्द चीन की राष्ट्रीय मुक्ति के सघष की एक प्रबल हिमायती और सहारा बन गयी। यह कोई कोरी नारबाजी न थी क्योकि लेनिन की माक्सवादी व्यवस्था का निचोड इसमे था कि **साम्राज्यवाद पूजीवाद की अतिम अवस्था है** जिसमे इन पराधीन दशो के बुर्जुआ राष्ट्रीय आदोलन के विरोध को सगठित करने, उनके हाथो साम्राज्यवादियो को परास्त करने के अभियान म माक्सवादी क्रान्तिकारियो व उनके अग्रिम दस्ते बोल्सविको, को बेहिचक और जोरदार मदद करना उनका फज है। क्रान्तिकारी सोवियत सत्ता की उपस्थिति मात्र ही सभी एशियाई देशो मे राष्ट्रीय मुक्ति आदोलनो की प्रेरणा बनी।[9]

अक्टूबर क्रान्ति की अजस्र प्रेरणा से, एशिया मे जगह जगह साम्यवादी दल सगठित हुए यथा चीन मे भारत म, इन्डोनेशिया मे हिन्द चीन आदि म। जगह जगह राष्ट्रीय आदोलनो से क्रातिकारी सोवियत सत्ता और साम्यवादी अन्तरराष्ट्रीय सगठन से सम्पक सूत्र जुडे और उसने साम्राज्यवादिया की जान के लिए एक नई और बडी आफ्त पदा कर दी।[10] *अक्टूबर क्राति ने साम्राज्य विरोधी सघष को एक सवथा सही और नई दिशा देकर एक सवथा नये सुनहरे युग के बद कपाट खोल दिये। इसके बाद साम्राज्यवादी विरोधी आदोलनो का एक नया* और निसमथक दौर चल पडा।

इन प्रकार इन महायुद्धो के बीच के काल मे चीन मे, भारत म, दक्षिण पूव एशिया मे एशियाई जन समूह अपनी नियति को अपने हाथो मे लेने के लिए उठ खडे हुए। व अब अपने इतिहास के खुद रचयिता बनने का सकल्प धारण करने लगे। साम्राज्यवादी शक्तिया यथा भारत म ब्रिटेन, सुधारा के रास्ते इनकी उग्रता को ठण्डा करने की दुरभि-सधि रचकर, उनम फूट डलवाकर

अहिंसक आंदोलन को भी हिंसा पूर्वक कुचलकर, दिशाहीन बनाने की खूब चेष्टा करती रही। वैसे महामंदी का सकट शुरू हो रहा था पर भारत मंत्री लार्ड बरकेनहेड अपना यह ख्याल लार्ड सभा म प्रकट कर रहे थ।

"इस सभा म ऐसा कौन है जो यह कह सकता है कि वह एक पीढी मे, दो पीढियों मे, सौ वर्षों म भी एसी सम्भावना के बारे म सोच सकता है जब कि भारत के लोग सेना, नौसेना लोक सेवा, पर खुद नियत्रण कर सकेंगे, और एक ऐसा गवनर जनरल ला सकेंगे जो भारत सरकार के प्रति उत्तरदायी हो, न कि इस देश (ब्रिटेन) की किसी सत्ता के प्रति।[11]

साम्राज्यवादी तब भी ऐसा सोच रहे थे (जबकि आदोलन के बाद सन 1935 के सुधारो के अतगत सन् 1937 के प्रातीय चुनावो मे काग्रेस ने ग्यारह मे आठ प्रान्तो मे भारी बहुमत प्राप्त किया था) कि काग्रेस केवल एक 'अल्पमत" का ही प्रतिनिधित्व करती थी जब सन् 1939 मे भारत की ओर स ऐसा फैसला क्या और किस अधिकार से कर लिया और सतोषजनक जवाब के न आने पर तुरन्त काग्रेसी लोकप्रिय मंत्री मण्डलो ने इस्तीफा दे दिया और काग्रेस असहयोग के रास्ते पर चलने लगी वे तब भी ऐसा ही सोचते थे। काग्रेस न फासीवाद व नात्सीवादी सत्ताओ की भर्त्सना की, और नाजी आक्रमण का सामना करने मे ब्रिटेन का पक्ष लेने का भरोसा दिलाया बशर्ते कि भारत एक मित्र की तरह एक समान भागीदार की तरह आमन्त्रित हो, न कि एक उपनिवेश की तरह। सहयोग बराबर वालो के बीच आपसी सहमति स एक ऐसे आदश के लिए होता है जिसके प्रति दोनो ही समर्पण का भाव रखें। लेकिन, काग्रस ने अपनी घोषणा मे स्पष्ट किया कि यदि युद्ध साम्राज्य के विशेषाधिकारो की यथा स्थिति को बचाये रखन के लिए हैं तो भारत का उससे कुछ लेना देना नही। लकिन यदि प्रश्न लोकतत्र का है और एक ऐसी ससार व्यापी व्यवस्था का जो लोकतन्त्र पर आधारित हो, तो भारत की उसमे गहरी दिलचस्पी है।

आजादी का बिगुल बजने लगा। 'कैसरेहिन्द' तमगे वाला महात्मा गाधी अब अग्रेजो के लिए रगरूट भरती करने म मदद करने को तैयार न था। अब तो स्वतत्र भारत के लिए ही रगरूटो की भरती हो सकती थी। कसमकस बढती गई। अमेरिका के राष्ट्रपति ने भी ब्रिटेन पर जोर डाला कि—गुत्थी सुलझे—क्रिप्स साहब आए। बातें हुइ। पर लार्ड बरकेनहेड के सपनो का भारत गायब हो चुका था। काग्रेस ने खुली बगावत छेड दी "अग्रेजो भारत छोडो" आन्दोलन सारे देश मे फैल गया। अहिंसक स्थिति बनी रह गई। तोड फोड भी हुई पर काग्रेसी नेतृत्व ने "भारत छोडो' माग को सशस्त्र सघर्ष का सहारा न देकर जेल यात्रा को हज या बद्रीनाथ केदारनाथ आदि की सी तीर्थ यात्रा बनाकर भविष्य म आजादी 'पुण्य" लाभ करने की व्यवस्था कर ली। पर सभी ऐसे पुण्यलाभ के

को भी तैयार न थे काग्रेसी समाजवादी दल मे लोगो ने कुछ तोड फोड की काय वाही सगठित की। उससे अधिक—कारगार ढग से, और बहुत पहले से सुभाष बोस ने पहले गाधी की नीतियो और कायशैली से असहमत होकर फारवड ब्लॉक बनाकर सघष छेडा और फिर अग्रेजी निगरानी से बच निकल कर देश के बाहर सशस्त्र क्राति की लौ को एक बार पुन सुलगाया और स्वाधीन भारत के होने के पहले ही "भारतीय राष्ट्रीय सेना' गठित कर धुरी शक्तियो से मिल जुलकर, भारत को ब्रितानी साम्राज्य से मुक्त करने की एक असफल पर बडी रोमाचक और स्मरणीय चेष्टा की।

बाहर छिड रहे मित्र राष्ट्रो और धुरी राष्ट्रो के बीच घनघोर महासमर ने भारत के साम्यवादी दल को कुछ और ढग से प्रभावित किया। सोवियत सघ के इस महासमर मे शामिल होने के पूव तक तो सुभाष बोस के फारवड ब्लॉक व साम्यवादी दल, काग्रेसी अहिंसक 'व्यक्तिगत सत्याग्रह' को उभारने और गर्माने की कोशिश मे निरतर लगे रहे व इस सघष मे जेल जाने मे जुटे। पर सोवियत सघ पर नात्सी जमनी का हमला होते ही साम्यवादी दल अपनी रीति-नीति को लेनिनवादी ढग से व्यवस्थित नही कर पाया। सोवियत सघ के सकट मे भारत की जनता की ओर से यह भी क्या किसी मतलब का साथक योगदान रहा कि साम्राज्य विरोधी आदोलन को धीमा कर दिया जाए या लोक युद्ध' के नारे के नीचे दबा दिया जाये। भारतीय पूजीपतियो की रहनुमा पार्टी तो अपने वग के अनुसार ऐसा मायावी युद्ध लड रही थी कि नात्सी विरोधी अग्रेज के साथ भी थी और आजादी के नाम पर न होने का भी उपक्रम रचती रही थी। काग्रेसी साम्यवादियो से अधिक चालाक निकले। जनता की साम्राज्य विरोधी चेतना को उभारने मे तो आगे-आगे रहे पर जब जबरदस्त विस्फोट होने लगा तो कही भी सशस्त्र सघष को गठित नही किया। शालीनता से अग्रेजो की जेल भर दी और वहा जनता के सघर्षो से दूर होकर युद्ध का मुजरा लेने लगे और युद्ध के उतार चढाव पर अपनी व्यक्तिगत प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपने अपने जेल मे पाले गए शोक का जायका लेते रहे। जेल मे रहकर कोई उन पर यह इलजाम भला कसे लगा पाता कि वे अग्रेजो के साथ हैं यद्यपि वे युद्ध के कमर तोड बोझ मे दबती कुचलती शोषण के दमघोटू वातावरण मे जीवन मरण सघष मे जूझती, भारतीय जनता के कष्टो को जेल मे रहकर कुल मिलाकर वे मूक दशक मात्र ही साम्राज्य विरोधी प्रतिरोध सगठित करते। वे कान मे तेल डालकर मानो यो सो गये कि महायुद्ध जसे ही निपटेगा, तब आगे देख लेंगे।

इस ऐतिहासिक चातुय ने बाद मे मौका दिया कि जेल से निकलकर वे जेल की सजा भोगे स्वतत्रता के योद्धाओ के अनुरूप दूसरे जेल से बाहर "लोक युद्ध" के मच से *महायुद्ध के भागीदार बने कम्युनिस्टो के देश प्रेम व निष्ठा पर जमकर*

प्रहार करें। जिस एक अप्रतिहत साहस और विशुद्ध साम्राज्य विरोधी व देश भक्त नेतृत्व में हर सूरत मे देश को सशस्त्र क्रान्ति के द्वारा मुक्त करने का बीडा उठाया, उस सुझाव व उनके साथियो को इस बात के लिए बख्शा नही, कि वे महायुद्ध मे सही पक्ष को चुनने मे गलती कर गए। अग्रेजो के प्रति गहरी साम्राज्यविरोधी घृणा और प्रचण्ड सात्त्विक आक्रोश ने उन्हे कौटिल्य के इस साधारण सूत्र पर चलवा दिया कि शत्रु का शत्रु नैसर्गिक मित्र होता है। सुभाष बोस ने राजनीति विशारद माओ त्से तुग थे और न ही चिह मिह्न, इस कमी ने उनके अभियान को विफल तो कर दिया था किन्तु उन्होने भारत की कोटि कोटि जनता के मन मे अपनी ऐसी अमिट छाप छोडी जो और कोई न छोड पाया। पर इसस उनके नेतत्व मे चलाए गए देशभक्ति पूण सशस्त्र युद्ध का महत्त्व तो कम नही होता। वह भारतीय जनता की सघष गाथा का यह एक छोटा ही सही पर बडा ही प्रखर व शौय पूण जीवत प्रेरणादायी अध्याय था जिसकी गूज महायुद्ध समाप्त होने के वर्षों बाद तक गूजती रही और अनेक अनेक साधारण स्त्री पुरुष यह मानने से अब तक इन्कार करते हैं कि उनके राष्ट्रीय सघष का सवश्रेष्ठ योद्धा इस प्रकार काल-कलवित हो गया। अमर राष्ट्रीय चेतना व अजेय जन शक्ति के सबसे जीवन्त प्रतीक बन गए उसी तरह जैसे चीन के माओत्से तुग बने और हिन्द चीन म हो चिहमिह्न जिन्होने राष्ट्रीय मुक्ति के साम्राज्य विरोधी सघष को समाजवादी आदोलन से अटूट रिश्तो मे जोडकर सामाजिक, क्रान्ति की गहराई दे दी। वह भारतीय साम्यवादी नेतत्व की समझ बूझ के बलबूते की बात नही रही। सोवियत क्राति की रक्षा पक्ति इससे मजबूत न हुई वह हुई चीन व हिन्द चीन तथा ऐसी अन्य साम्यवादी दलो के आदोलन से जिन्होने राष्ट्रीय मुक्ति की धारा को जनवादी समाजवादी क्राति के धारा से पूरी तरह मिला जुला दिया।

सोवियत क्राति का अप्रतिम युग प्रवर्तक महासमर

तीसरी और बहुत मूल्यवान बात जो दो महायुद्धो के बीच का एक अत्यत महत्त्वपूण विकास माना जाना चाहिये वह था नात्सी फासी शक्तियो के विरुद्ध एक महान व अतुलनीय सघष की सोवियत गाथा। सोवियत सघ रूसी जारशाही का कोई नया सस्करण मात्र न था। एक महान युग प्रवतक क्राति का शुभारभ अग्रिम दस्ते की विजय यात्रा का श्रीगणेश था। वह रूसी साम्राज्य मे बसने वाली सघष-शील जनता का केवल ऊपरी कायाकपल ही न था बल्कि, जनजीवन मे एक आमूल चूल रूपान्तरण की अविरल प्रक्रिया का समारभ था। लेनिन व उनके उत्तराधिकारियो के नेतृत्व में यह सोवियत सत्ता तेजी से पहले तो समाजवादी राज्य की राजनीतिक नीव मजबूत करती गई। फिर औद्योगीकरण व आधुनिरीकरण की प्रक्रिया को समुचित सामाजिक क्राति के सदम में ठीक-ठाक स्थित कर नव निर्माण

का कार्य शुरू किया गया जिसके फलस्वरूप कुछ ही समय म उत्पादन का स्तर तेजी से बढने लगा जो निम्नाकित आकडा स पता चलेगा। शुरू स ही सोवियत शक्ति के सस्थापका का यह सकल्प रहा कि व सोवियत सघ को मिली औद्योगिक एव तकनीकी पिछडेपन की विरासत पर उत्पादन व्यवस्था की नीव डालेंगे जिस पर तेजी स एक समृद्धिशाली, एव महान् औद्योगिक राज्य की रचना हो सके और जो आधुनिकतम तकनीक एव विज्ञान की उपलब्धियो का अधिकारी बन सके। केवल उद्योग व तकनीक ही नही, सोवियत सत्ताधारी सोवियत कृषि का भी पूरी तरह पुनगठन करने पर जुट गए। उत्पादन के सभी साधनों को समूचे समाज की मिल्कियत बनाकर, उन्होने उत्पादन के सबधो को सवथा नये, एव क्रांतिकारी साचे म ढाल दिया और एक योजनाबद्ध विकास क पथ पर ला खडा किया जिसका फल एक दशक म ही देखन लायक हो गया।

उद्योगो के प्रमुख क्षेत्रो मे सोवियत उत्पादन

	1913	1929	1939
इस्पात (लाख टन मे)	42	49	69
रोल्ड इस्पात	35	39	51
कोयला	291	401	763
तेल	92	138	225
लोहा	12	80	144
रेल इजिन	418	602	941
सामान लादने के ट्रक	14 8	15 9	182
मोटर कार	—	1 4	49 7
बिजली	19	62	164
पिग लोह	42	40	71
ताबा	—	35 5	44 5
अल्मूनियम	—	—	7
सीमेण्ट	15	22	27
सूती वस्त्र (लाख मीटर)	22270	30680	24220
ऊनी वस्त्र	950	1006	861
जूते (लाख जोडी)	—	488	803
कच्ची शक्कर (हजार टन)	1290	1283	995
धातु और इजीनियरी उद्योग (रूबल के हिसाब)	1466	3054	10822

दष्टव्य है कि जिन दिनो महामदी की चपेट मे सारे पूजीवादी देशो मे उत्पादन तेजी स घटा, सोवियत सघ म उत्पादन घटा नही, बढता ही गया जिसमे पूजीवादी सरकार से अपनी अलग एक आकषक सत्ता की मजबूत नीव डाल पाने म सफलता की घोषणा अपने आप ही हो गई। सोवियत सघ एक ऐप। व वलिश्न न बन गया जहा पूजीवादी व्यवस्था के नियम कानून लागू नही होते थ। शातिकाल मे भारी उत्पादन करना, बेरोजगारी का नामोनिशान मिटा देना तथा इसके साथ साथ अनिवायत शातिपूण सह अस्तित्व की नीति का पालन करते हुए सम्पूण निशस्त्रीकरण की एव पडोसियो के साथ अच्छे पडोसियो के साथ अच्छे पडोसी के सबध बनाने वाली पर राष्ट्रनीति को अभिन्न रूप से जोड देना एक कमाल की बात थी जो सभी को अत्यत आश्चय मे डाल रही थी। कहा अमेरिका को मिलाकर सभी पश्चिमी पूजीवादी देशो का, गिरता उत्पादन व गहराता हुआ आर्थिक सामाजिक एव राजनीतिक सकट और कहा सावियत सघ मे उत्पादन की शक्तिया का निरतर एव तीव्र गति स हो रहा विकास—वह 'भी" अथव्यवस्था को युद्धो मुखी एव पराश्रित बनाये बगैर। इसका नतीजा सामने था कि क्राति के पूव का एक नगण्य औद्योगिक शक्ति के रूप म जाना पहिचाना जारशाही रूस का पूरी तरह कायाकल्प होकर सोवियत शक्ति के रूप म दुनिया का चौथा सबसे बडा उद्योग प्रधान देश बन जाना।

विश्व उत्पादन मे प्रमुख शक्तियो का योगदान

देश	1928
अमेरिका	44 8
जमनी	11 6
ब्रिटेन	9 3
सोवियत सघ	4 7

और महामदी की चोट लगते ही सन 1932 म इन औद्योगिक 'बडा की स्थिति मे निम्नाकित स्तर पर बदलाव आ गया।

देश	1932 के मध्य मे
अमेरिका	34 4
सोवियत सघ	15 1
ब्रिटेन	11 3
जमनी	8 3

इस प्रकार जबकि जारशाही के जमाने मे विश्व औद्योगिक उत्पादन मे रूसी साम्राज्य का योगदान केवल 4 प्रतिशत रहा, सोवियत व्यवस्था के अतगत वह

बढ़कर करीब 12 प्रतिशत हो गया और सबसे महत्त्वपूर्ण तथ्य यह रहा कि जहां पूंजीवादी व्यवस्था वाली दुनिया दूसरे महासमर के छिड़ने तक मुश्किल से सन 1929 के स्तर को छू पा रही थी, सोवियत अर्थव्यवस्था सन् 1919 के आधार वर्ष से कहीं आगे निकल गई थी।

स्टालिन के नेतृत्व में इस प्रकार सोवियत संघ में न केवल शांति की आर्थिक नींव गहरी की जा रही थी, बल्कि, परराष्ट्र नीति के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व साहस और दूरदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के लिए समुचित वातावरण निर्मित करने के लिए पहल कदमी की जा रही थी। सोवियत संघ की ओर से पूर्ण निःशस्त्रीकरण के प्रस्ताव रखे गये। पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण सहअस्तित्व, समानता और अहस्तक्षेप की नीति अपनाकर जारशाही साम्राज्यवादी नीति को पूर्णतः तिलांजलि दी गई, पर पश्चिम की साम्राज्यवादी ताकतों ने इस सोवियत संघ की कमजोर स्थिति का प्रमाण माना और पहले बहिष्कार और घेराव, फिर इसे ढीला कर असहयोग और उपेक्षा की नीति अपनाई। यूरोप में नात्सी ताकतों का खतरा बढ़ने पर फिर सोवियत संघ के साथ आंशिक सहयोग की नीति तो अपना ली, पर ब्रिटेन व फ्रांस दोनों में ही सत्ताधारी वर्ग ऐसा व्यवहार करने लगे जिससे नात्सी व फासी शक्तियों को बढ़ावा मिलने लगा और वर्साई की व्यवस्था खंड-खंड होती गई। सोवियत नेतृत्व ने अनेक बार समय रहते नात्सी फासी गठबंधन को निष्प्रभ और निस्तेज करने के लिए संयुक्त मोर्चा बनाने की पेशकश की पर कोई नतीजा नहीं निकला। म्यूनिख के पूर्व और उसके दौरान अपने पूर्व के मित्रों के रक्षार्थ फ्रांस को उचित कार्यवाही करने में पर्याप्त मदद देने का खुला निमंत्रण देने पर भी सोवियत संघ के नेतृत्व ने यह पाया कि ब्रिटेन और फ्रांस नात्सी फासी ताकतों को बांधने में दिलचस्पी लेने के बजाय उन्हें पूर्व की ओर बढ़ने को उकसाने में लगे हुए हैं। सोवियत को ऐसा ही अनुभव म्यूनिख समझौते के बाद हुआ जबकि ब्रितानी सरकार ने सोवियत संघ से बातचीत चलाई भी तो उसे ऊंचे व महत्वपूर्ण मोड़ों पर ले जाने में कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। इस बेरुखी ने सोवियत नेताओं को बाध्य सा कर दिया कि वे अपने स्वाभाविक शत्रु नात्सी जर्मनी से अवश्यंभावी दिखने वाली लड़ाई के लिए कमर कसने की कोशिश में जितना भी समय खरीद सकें, खरीद लें। सोवियत जर्मन अनाक्रमण संधि विवश होकर अपनी स्वाधीनता की रक्षा के लिए उठाया गया 'समय खरीदने वाला ऐसा ही एक कदम था।" इन अल्प वर्षों में भी सोवियत नेताओं ने अपनी रक्षा शक्ति को सुदृढ़ करने, अपने अर्थतंत्र को और पुष्ट करने तथा उसे एशियाई प्रदेशों में विकसित करने, तथा राजनीतिक व प्रशासनिक तंत्र को क्रांतिकारी रूप से सुसंस्कारित करने में खपा दिया ताकि, आसन्न संकट का अकेले ही डटकर मुकाबला किया जा सके। स्वाभाविक है कि अक्टूबर क्रांति के बाद अपने

अथतत्र को दिन दिन मजबूत करके, उसकी उत्पादन क्षमता को अभूतपूव ढग से उच्च स्तर पर ले जाने के बावजूद बाहर की आक्रामक परिस्थितियो ने सोवियत रचनाकारो को ऐसा मौका नही दिया कि व समाजवादी नीव पर खडी हो रही व्यवस्था के जरिए जनसाधारण के जीवन स्तर को उतनी ही तेजो स ऊचा उठाते चले जाए। सावियत उत्पादन व्यवस्था अधिकाश रक्षा की इस्पाती नीव के निर्माण मे खपने लगा। सोवियत जनता ने अपने पसीने और खून की एक एक बूद से जिस ढग से सोवित समाजवादी व्यवस्था की नीव डाली, तथा निर्माण किया और उसकी रक्षा मे महान उत्सग का ऐतिहासिक दष्टात रखा वह हमारी इस सदी मे "न भूतो, न भविष्यति।"

जब हिटलर ने अतत सोवियत सघ से लोहा लेने की ठानी और आक्रमण कर दिया, तब सोवियत सघ ने लडाई मे अपने आप को अकेला नही पाया। चर्चिल के ब्रिटेन ने बिना मागे और बिना शत सोवियत सघ के प्रति अपना खुला समथन व्यक्त किया। अलग थलग पडा, नात्सी आक्रमण को झेलते हुए ब्रिटेन का, सोवियत सघ को युद्ध मे अपना भागीदार पाकर उत्साह बढा। यह एक अच्छी शुरूआत थी क्योकि ब्रिटेन अमेरिका से कुछ सहायता और समर्थन पा रहा था। ज्यादा समय नही बीता था[1] कि पल हार्बर ने दिसम्बर 7, 1941 के जापानी हमले मे अमेरिका को भी युद्ध मे घसीट लिया और इस प्रकार "मित्र राष्ट्र" के बीच, समान शत्रुओ के विरुद्ध समानधर्मी गठबधन को जन्म मिला जो दूसरे महासागर की "धुरी शक्तिया' के गठबधन का उतना ही जोरदार जवाब बनकर उभरा। यो भी भौतिक धरातल पर मित्र राष्टो का गठबधन धुरी राष्टो की तुलना मे अधिक शक्तिशाली बन गया था क्योकि तीन बडो की युद्धोमुखी अथ व्यवस्था की उत्पादन क्षमता धुरी राष्ट्रो की सम्मिलित क्षमता से बढकर थी, उनके साधन स्रोत हथियारो का उत्पादन और वितरण, सैन्य शक्ति सभी प्रकार की, जल, थल नभ की धुरी राष्ट्रा की तुलना मे, मात्रा के हिसाब से अधिक थी। लडने वाले सैनिक और उनकी सहायता मे जुटे— औद्योगिक तकनीकी कौशल युक्त असैनिक कृषि और व्यापार मे लगे असैनिक अधिक थे। बस लडने का हौसला, मरने मारने के लिए उद्यत सनिक जोश खरोश, एक युद्धानुकूल हवा को भयकर तूफान मे परिणित होने की कसर थी जो धुरी शक्तियो से टकरा टकरा कर खौफनाक बनती गई।

आणविक युद्ध किस लिए लड रहे हैं

मित्र राष्ट्रो मे अग्रेज सवप्रथम, पर अमेरिकी सबसे बाद युद्ध मे शामिल हुए। इन दोनो काल बिन्दुओ के बीच सोवियत सघ को तब विवश होकर युद्ध करना पडा जब हिटलर ने जून 1941 मे उन पर अचानक आक्रमण कर लिया।

इस प्रकार अमेरिका को ब्रिटेन, फ्रास और सोवियत सघ, इन तीनो के मुकाबले अधिक समय और अवसर मिला कि वे युद्ध के लिए तैयार हो सकें। स्मरणीय यह भी है कि ब्रिटेन और फ्रास दोनो ही पोलेण्ड पर जमन हमले के तुरत बाद युद्ध म कूद पडे पर युद्ध के उद्देश्यो की घोषणा उस तरफ से भी थी। इसी को लक्ष्य कर गाधी जी के नेतृत्व मे काग्रेस ने जोरदार माग उठायी थी कि भारत का हार्दिक सहयोग चाहता है तो ब्रिटेन अपने युद्ध क लक्ष्यो को स्पष्टत घोषित करे। आखिर किस लिए लड रहे हैं।

तत्काल, न केवल साम्राज्यवादी ब्रिटेन व फ्रास, बल्कि अमेरिका मे भी युद्ध के लक्ष्यो के बार म कोई निश्चित घोषणा नही की। तब वे इसकी शायद जरूरत ही महसूस नही कर रहे थे। पर यूरोप मे युद्ध छिडने के बाद अमेरिका मे एतद विषयक राष्ट्रीय चर्चा छिटपुट ढग से छिड गई। बहस छिडने क बाद राष्ट्रपति रूजवल्ट ने जनवरी 6 1941 को घोषणा की कि अमरिका धुरी राष्ट्रो के विरोध मे लड रहे उन राष्ट्रो की सहायता दगा जिनका युद्ध लक्ष्य चार स्वतत्रताए स्थापित करना हो अर्थात, भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतत्रता, पूजा उपासना की स्वतत्रता, अभाव से मुक्ति अर्थात युद्ध के लक्ष्यो की घोषणा क नाम पर एक अमूर्त लक्ष्यों की ओर इगित करना मात्र था। पर यो सिलसिले के तौर पर शुरू तो हुआ।

सोवियत सघ की पहल

इस दिशा मे सोवियत सघ ने पहल की और स्पष्ट तौर पर युद्ध के लक्ष्यो की घोषणा की। आक्रमण होने के एक हफ्ते के बाद सोवियत सघ के कम्युनिस्ट दल की केन्द्रीय समिति ने लोगो को आह्वान किया कि वे तन मन धन से शत्रु को नष्ट करने मे जुट जायें।

केन्द्रीय समिति ने जमनो और उनके सहयोगियो के विरुद्ध की फासी विरोधी युद्ध की सज्ञा दी और इसे मुक्ति का समय कहा। इसने यह घोषणा की कि युद्ध सभी यूरोपीय राष्ट्रो के भाग्य का निपटारा करगा और सोवियत की जनता न केवल अपने देश की रक्षा के लिए आगे आये बल्कि, फासीवाद के जुएं स सभी पराधीन राष्ट्रो को मुक्ति दिलाए। केन्द्रीय समिति और सोवियत सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि यूरोप के मुक्त हुए लोगो को बिना किसी बाहरी दबाव के अपने-अपने देशो की सामाजिक एवम् राजनीतिक ढाचे क बार मे खुद निणय करने का अधिकार मिलगा। स्टालिन न इस कायक्रम की मुख्य बातो की घोषणा जुलाई 3, 1941 को अपने रेडियो प्रसारण म की।[13]

सोवियत सघ की इस ऐतिहासिक घोषणा का यूरोप व अमरिका मे जगह जगह स्वागत हुआ। एक आशा की किरण युद्ध के घटाटोप बादलो के बीच म निस

उठी। इस घोषणा का यह असर हुआ कि ब्रिटेन व अमेरिका ने भी अपनी अपनी ओर से युद्ध के लक्ष्यो की घोषणा करने मे तत्परता दिखाई। अगस्त 14 1941 को हस्ताक्षरित अतलातिक घोषणा पत्र इस ओर उठाया गया पहला कदम था।

सदर्भ

1 देखिये लेखक की कृति "अतर्राष्ट्रीय सबध", प्रथम खण्ड, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर 1980।
2 देखिये लेखक द्वारा रचित **अतर्राष्ट्रीय सबध**—1919 39 प्रथम खण्ड
3 वही
4 वही,
5 देखिये लेखक की कृति, 'अतर्राष्ट्रीय सबध' (प्रथम खण्ड)
6 भारत म ही गाधीजी और तिलक अपनी शर्तों पर रगरूटो को भरती कराने मे योग देने के लिए तैयार थे।
7 यही स्थिति अन्यत्र थी।
8 दि हिन्दू 9 अगस्त, 1942।
9 एशिया ऐण्ड वेस्टन डामिनेन्स के० एम० पण्णीकर प० 251।
10 सन् 1927 का ब्रसेल्स मे हुआ यह सम्मेलन ऐतिहासिक बन गया जहा साम्राज्यवाद विरोधी लीग के नेतत्व मे एशिया, अफ्रीका व यूरोप के करीब 175 लोग शामिल हुए जिसमे जवाहरलाल नेहरू, हो चिह मिन्ह, रोम्या रोला, अलबट आइन्स्टीन आदि प्रमुख थे।
11 देखिए लॉड सभा मे हुए बहसें।
12 सितम्बर 2, 1940, ब्रिटेन के साथ अमेरिका ने पहला युद्धकालीन समझौता 50 पुराने विध्वसक इस शत पर दिए कि ब्रिटेन न्यू फाउड लेण्ड और ब्रितानी गायना के बीच के आठ ब्रितानी अड्डे, 99 साल के पट्टे पर अमेरिका का दगा। अप्रल मे अमेरिकी फौजें ग्रीन लेण्ड मे भेजी गई और सोवियत सघ पर हमला हाने के बाद अमेरिका म आइसलेण्ड मे अपनी फौजें भेजी। धीरे धीरे अमेरिका ब्रिटेन व सोवियत के पक्ष की ओर मुड रहा था। आगे बढकर रूजवेल्ट की सरकार ने जून 24, 1941 को उधार पटटे की मदद सोवियत सघ को भी देने का वायदा किया और नवम्बर 7, 1941 को औपचारिक तौर पर ऐसी मदद की स्वीकृति दे दी जो वप की समाप्ति तक ५ लाख पैंतालीस डालर तक पहुच गई। इस प्रकार सितम्वर 1939

ोे सम्बर 1941 के बीच अमेरिका तटस्थता की नीति से आगे बढते बढते ब्रिटेन व सोवियत के साथ मत्री गठबन्धन म बधता चला गया यद्यपि हथियारो की मदद मिलनी अभी बाकी थी।

जून 1941 मे हिटलर न सोवियत पर आक्रमण किया था, कुछ समय के बाद दिसम्बर 7 को पल हाबर के हमले ने अमेरिका को युद्ध म घसीट लिया वह अब मित्र राष्ट्रो के गठबन्धन म अग्रणी पक्ति मे खडा था।

13 दखिए एन० सिवाचयोग व ई—याजकोब, कृत हिस्ट्री ऑव यू० एस० ए० सि स वल्ड वार फस्ट, प० 162।

अध्याय –2

युद्ध कालीन घोषणाए, वार्ताए एव सम्मेलन

हमने पिछले अध्याय म उम सदभ को स्पष्ट करन की चेष्टा की है जिसमे महासमर छिडा और मित्र राष्ट्रो के बीच सहयोग और साहचय के पुलो की स्थापना हुई। युद्ध छिड गया था पर ब्रिटेन और फ्रास की ओर युद्ध के उद्देश्यो की कोई प्रेरणाप्रद घोषणा न हुई थी। इस दष्टि से सोवियत नेताओ ने पहल की और एक बार सोवियत सघ की ओर से फासी विरोधी युद्ध का ऐलान इस घोषणा के साथ हुआ कि सोवियत सेनाओ का यह लक्ष्य होगा कि वह न केवल अपनी सीमाओ को आक्राताओ स खाली कराए और उनकी रक्षा करें बल्कि, आगे बढकर पराधीन देशो को नात्सी फासी शक्तियो के चगुल से मुक्त करायें और आत्म निर्णय के सिद्धात के अनुसार अपन भाग्य का खुद निपटारा कराने का अवसर प्राप्त करायें। जून सन 1941 मे इस एलान के बाद ही ब्रिटेन और अमेरिका के राष्ट्रीय नेताओ ने इस दिशा मे अगला कदम उठाया।

एटलाटिक घोषणा पत्र
(अगस्त 14, सन 1941)

अमेरिका अभी भी युद्ध मे नही कूदा था पर ब्रिटेन को जमनी स लडते हुए लगभग 2 वप बीत रह थे और सोवियत सघ युद्ध मे शामिल हो चुका था। अमेरिका मे अभी भी इस बात को लेकर युद्ध छिडा हुआ था कि अमेरिका तटस्थ रह या मित्रो की ओर से युद्ध मे फासी नात्सी सर्वाधिकार वादियो के विरुद्ध युद्ध मे कूद पडे। ऐसी स्थिति म अमेरिकी सरकार धीरे-धीरे मित्र राष्ट्रो के पक्ष मे खुलकर आती जा रही थी और जब अगस्त 14, 1941 का राष्ट्रपति रुजवेल्ट और ब्रिटेन के प्रधानमत्री चर्चिल न्यूफाउडलैण्ड के तट पर मिले तब उन्होने आपस मे बातचीत की और कुछ ऐस सिद्धान्तो की घोषणा की जिनके अनुसार अपनी-अपनी राष्ट्रीय नीतियो को कार्यान्वित करायेंगे। ये निम्नाकित सिद्धात घोषित किये गए।[1]

(1) य दोनो देश किसी प्रकार के प्रादेशिक या अन्य प्रकार के विस्तार के

आकांक्षी नही हैं।

(2) ये दोनो राष्ट्र किसी ऐसे प्रादेशिक बटवारे या काट छाट के आकांक्षी नही है जो उस प्रदेश की जनता की स्वतंत्र इच्छा के प्रतिकूल हो।

(3) ये सब लोगो के इस अधिकार का सम्मान करते हैं कि वे अपनी इच्छा के अनुकूल अपनी अनी शासन व्यवस्था चुनें, साथ ही अमेरिका व ब्रिटेन की इच्छा यह भी है कि जिन लोगो को इस अधिकार से वंचित किया गया है उन्हें यह अधिकार फिर से दिलवाया जाए।

(4) वे दोनो इस बात के लिए प्रयत्नशील होंगे कि चाहे विजेता हो या विजित सभी छोटे बड़े राष्ट्रो को अपनी आर्थिक समृद्धि के लिए आवश्यक व्यापार व कच्चे माल प्राप्त करने की सुविधाए समान रूप से प्राप्त हो।

(5) ये चाहते हैं कि आर्थिक क्षेत्र मे सभी देशो के बीच अधिकाधिक सहयोग बढे ताकि श्रमिको की दशा मे सुधार हो सके और आर्थिक प्रगति तथा सामाजिक सुरक्षा को संभव बनाया जा सके।

(6) ये आशा करते हैं कि नात्सी अत्याचारो का अन्त होते ही सारे देश अपनी अपनी राष्ट्रीय सीमाओ मे सुरक्षा पूर्वक रहते हुए भय और दरिद्रता से मुक्त होकर अपनी जीवन बिता सकेंगे।

(7) इन दोनो देशो का विश्वास है कि इस प्रकार की शान्ति की स्थापना के होते सभी लोगो को महासागरो एव सागरो पर निर्बाध आने जाने की स्वतंत्रता प्राप्त हो सकेगी।

(8) ये यह विश्वास करते हैं कि दुनिया के सभी देश, आध्यात्मिक एव भौतिक दोनो ही कारणो के वश होकर बल प्रयोग करना छोडेंगे। उनका यह भी विश्वास है कि निशस्त्रीकरण का होना अनिवार्य है। वे चाहेगे कि उन सभी सम्भव कार्यों को उनका सहारा मिलें और प्रेरणा मिलें जो शांति प्रिय लोगो को शस्त्रो के कमर तोड बोझ को हल्का करने की दिशा मे किए जाएँ।

उपर्युक्त आठ सिद्धातो से युक्त इस सम्मिलित रूप से की गई घोषणा मे इन दोनो साम्राज्यवादी मित्रो के बीच सम्बन्धो की कमजोरी और ताकत दोनो की झलक मिलती है। अमेरिकी साम्राज्यवाद उठान पर था जबकि ब्रिटेन का सकट ग्रस्त, एक का सकट दूसरे के लिए अवसर द्वार खोल रहा था। इसी दृष्टि से दृष्टव्य है चौथा और सातवा सिद्धात। अमेरिका अब किसी भी ऐसे क्षेत्र को जो ब्रिटेन के अधीन हो अपने लिए 'प्रतिबंधित" मानने को तैयार न था। निर्बाध आवागमन की सुविधा उसे चाहिए थी जिसे ब्रिटेन अब नही रोक पा रहा था, न अमेरिका अब नौ सेना के विस्तार मे किसी प्रकार की ब्रितानी रोकथाम या विकास की ब्रिटेन द्वारा खीची सीमा रोक मानने को तयार था— कुछ समय से सागरो पर वर्चस्व के लिए हो रही प्रतिस्पर्धा मे ब्रिटेन का पिछडना शुरू हो चला

था। सबसे स्मरणीय बात यह थी कि वे "स्वतत्रताए अपनी सरकार या शासन व्यवस्था खुद निश्चित करने का अधिकार आदि।' यह यूरोप के उन देशो के सन्दर्भ मे कहा जा रहा था जो नात्सी फासी ताक्तो द्वारा पद दलित हो चुके थे। इस स्वतत्रता को प्राप्त कर पाने के लिए एशिया व अफ्रीका के लोग अभी भी इनकी नजर मे योग्य न थे। जैसा सोवियत घोषणा यूरोप के सदम मे की गई थी, वही हाल इन साम्राज्यवादियो की घोषणा का भी था। पर चूकि सोवियत सत्ता के अधीन कोई उपनिवेश न थे इसलिए उनके द्वारा उपनिवेशो की आजादी की बात न उठाना कुछ समझ मे आ सकता है, या साम्राज्यवादियो से घर आगन म जिस पराधीन हुई जनता के लिए आठ आठ आसू बहाये जा रहे थे, वह एशिया व अफ्रीका की जनता न थी, वह यूरोप की जनता थी जिसकी मुसीबत ब्रिटेन व अमेरिका को दुख दे रही थी। अपन साम्राज्य के लोगो क लिए "एटलाटिक चाटर न था, जैसा भारत के सदम मे चर्चिल ने स्पष्ट भी किया था। बाद मे रूजवेल्ट के दबाव पर जब भारतीय राष्ट्रीय आदोलन के नेताओ मे वार्ता भी चलाई गई तो हार्दिक सहयोग को प्राप्त करने के प्रयत्न नही किए गए और जब वार्ता टूट गई तब स्पष्ट हुई रूजवेल्ट विल्सन क नए सस्करण के अलावा और कुछ न थे।[2] पर चर्चिल तो अपने गुरू लॉयड जाज से दो कदम और पीछे रहने वाले टोरी नेता सिद्ध हो रहे थे।

युद्ध के इन उद्देश्यो या सिद्धान्तो को उन परवर्ती घोषणाओ और वाताओ ने पुष्ट किया जो तीन बडो के बीच समय समय पर युद्धकाल मे होती रही। पर इसमे दो सिद्धात की स्थापना की गई जिस पर इन तीन बडो और इनके सहयोगियो मे पूण सहमति थी कि (1) उपलब्ध सारे साधनो के सहारे युद्ध लडा जाए और (2) यह कि पूर्ण विजय प्राप्त होने तक युद्ध लडा जाए और अलग मे कोई राष्ट्र धुरी शक्तितो से सधि नही करगा। इस सयुक्त राष्ट्रो की घोषणा पर 21 राष्ट्रो ने हस्ताक्षर किए जिनमे गुलाम भारत भी शामिल किया गया था।[3]

महासागर के पूरे काल मे मित्र राष्ट्रो के बीच समय समय पर वार्ता हुई तथा जो सम्मेलन हुए उन्हें चार भागो मे बाट सकते हैं। ये है (पहला) अमेरिका—सोवियत—ब्रिटेन के बीच त्रिपदीय सम्मेलन, दूसरी कोटि म, ब्रिटेन व अमेरिका के बीच हुई अनेक वाताए तीसरी कोटि म अमेरिका और सोवियत सघ के नेताओ के बीच हुई वार्ताए और अत मे एक बड मच मे युद्धकाल के सभी मित्र राष्ट्रो के बीच वहत वार्ता।

(1) तीन बडो के बीच मे

तीन बडो के बीच मे युद्धक लीन जो भी वार्ताए हुई वे उन्होने युद्ध मे अत्यत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई—इस कोटि मे आती हैं—(1) सितबर 1941म

मास्को सम्मेलन, अक्टूबर सन 1943 मे मास्को म ही पर राष्ट्र मत्रियो के बीच वार्ताए, नवम्बर व दिसम्बर सन 1943 की तेहरान वार्ता जिसम तीनों राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए फिर अक्टूबर व सितम्बर 1944 को डाबटन ओक्स मे हुआ सम्मेलन जहा सयुक्त राष्ट्र सघ स विधान मुद्दे तय हुए फरवरी सन 1945 याल्टा सम्मलन और अन्त मे जुलाई व अगस्त सन् 1945 का पोटसडम सम्मेलन।

(2) दो बड़े साम्राज्यवादियो के बीच

ये वार्ताए सन् 1939 1945 के बीच रूजवेल्ट और चर्चिल के मध्य समय-समय पर भी, यथा एटलाटिक चाट रकी घोषणा जिसकी हम चर्चा कर चुके हैं, इसी तरह कासाब्लाका मे, दो बार क्यूबेक, काहिरा मे तथा दोना देशा के पर राष्ट्र मत्रिया और सैनिक स्टाफ के बीच समय समय पर।

(3) सोवियत व अमेरिका के बीच

सोवियत व अमेरिकी अधिकारियो के मध्य वार्ताए तीसर ढग की थी जो महत्व के हिसाब से अव्वल दर्जे की मानी जाएगी। इस दष्टि से हेरी हापकि स का वार्ता क लिए दो बार मास्को आगमन (सन 1941 के ग्रीष्म मे तथा मई जून 1945 मे), सन 1942 11 जून को सोवियत अमेरिकी समझौता। इन सिद्धाता की स्थापना क लिए जिनके आधार पर आक्रमण के विरुद्ध युद्ध सचालित किया जायेगा। जून 12 सन 1942 म सोवियत वरिष्ठ नेता मोलोतोव की अमेरिकी यात्रा, दूसरे मोर्चे खोलने के सबध म।

(4) "युद्धोतर अतर्राष्ट्रीय सगठन के निर्माणाथ वृहतर मच पर

चौथे ढग की वार्ताओ का दायरा और भागीदार वृहतर आधार पर आयो जित की गई जिसका उद्देश्य था युद्धोत्तर दुनिया मे सुरक्षा व्यवस्था और प्रगति के लिए एक ऐसे अतर्राष्ट्रीय सगठन की आधार शिला का बना जिसका श्री गणेश 1 जनवरी सन 1942 के सयुक्त राष्ट्रो की घोषणा से शुरू होकर अप्रल जून सन 1945 मे सम्पन्न हुए सान फ्रासिसको सम्मेलन तक फला रहा।

(अ) तीन बडों के बीच कूटनीतिक वार्ताए (1) सितबर 1941 को मास्को वार्ता

अगस्त सन् 1941 मे ब्रिटेन के प्रधानमत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति ने आपस मे वार्ता करके "एटलाटिक घोषणा की थी जिसम उ हान युद्ध के लक्ष्या को स्पष्ट किया था और अपना मह दढ निश्चय व्यक्त किया था कि नात्सी अत्या चार का विनाश हो जाने के बाद एक ऐसी शान्ति की स्थापना का प्रयत्न होगा

जिसमे सभी राष्ट्र सुरक्षित अनुभव करते हुए भय और अभाव से मुक्त होकर जीवन का निर्वाह कर सकेंगे और यह कि वे सभी लोगो का अपन ढग की अपनी सरकार चुनने के अधिकार को मानते हैं, यद्यपि घोषणा के बाद चर्चिल ने बार-बार इस स्पष्ट किया कि ' अपने देश म अपना राज" स्थापित करन के अधिकार को वे एशिया व अफ्रीका के लोगा के लिए लागू करन का तयार न थे—यह सारी घोषणा के वायदे यूरोप के उन देशा के निमित्त थे जो नात्सी फासी आक्रमण के शिकार हुए थे।

जून । सोवियत सघ पर हिटलर का आक्रमण हो चुका था। हमला होत ही ब्रिटेन न तुरत सोवियत सघ के प्रति अपनी सहानुभूति और मित्रता का हाथ बढाया। अमरिका अभी भी युद्ध म शामिल न था पर उसकी पक्षधरता धीरे धीरे स्पष्ट होती जा रही थी, जैसा एटलाटिक घोषणा मे स्पष्ट था अमेरिका के हरी हापकि स सोवियत सघ जाकर अपनी आखा से रूसी मार्चे की हालत दखकर आए थे। उनकी स्टालिन से बातें भी हुइ।[4] हापकिस मास्को स आवश्यक सूचनाए तथा स्टालिन क प्रति एक सम्मान का भाव लेकर लौटे और सीधे यू फाउन्ड लड गए जहा चर्चिल और रूजवल्ट एटलाटिक घापणा पत्र तैयार कर रहे थे (9 अगस्त 1941) वहा ब्रितानी और अमेरिकी सैन्य अधिकारी इस बात पर विचार करते रहे कि स चीजा और हथियारो की खेप ब्रिटेन मे रखी जाए या सीधे रूसियो को दे दी जाए। अमेरिकी अधिकारी हथियारो को सीधे रूसियो के पास भेजना चाहते थे जबकि ब्रितानी अधिकारी अमेरिकी सप्लाई ब्रिटेन मे ही रखना बहतर मान रहे थे। तय हुआ कि रूस की मदद के सिलसिले मे एक मिलाजुला शिष्ट मण्डल मास्को भेजा जाए तदनुसार अमेरिका के एवरेल हैंरीमैंन तथा ब्रिटेम के लाड वेबर ब्रुक मास्को गए और वहा स्टालिन से उनकी तीन बैठकें हुई (28 सितबर से बैठक चली) जिसमे मूलत उन वस्तुओ और हथियारो की सूची बनाई गई जो सोवियत सघ को भेजा जाना तय हुआ तथा जिसके अनुसार अमरीका ने 1 अक्टूबर 1941 से जुलाई 1942 के बीच एक अरब डॉलर की वस्तुआ की सप्लाई दने का वायदा किया इस प्रकार सोवियत सघ और पश्चिम के बीच एक सैनिक भागीदारी शुरू हुई जो धुरी शक्तियो पर पूण विजय प्राप्त करने तक चलती रही।[5]

(2) मास्को मे ही परराष्ट्र मत्रियो का सम्मेलन
(अक्टूबर 1930 सन 1943)

यह सम्मेलन उस ऐतिहासिक मोड के बाद बुलाया गया जब सोवियत की बहादुर फौजो के अपूव शौय और बलिदान के बल पर हिटलर की आक्राता फौजा को न केवल स्टालिनग्राद के बाहर थाम लिया बल्कि, दुश्मना के नाको चने चबा दिए और युद्ध का पासा पलटने लगा। अगस्त म सोवियत समाचार पत्रो ने सुझाव

दिया कि चूंकि मित्र राष्ट्रो के राज्याध्यक्ष मिल नही पा रहे हैं तो उनके परराष्ट्र मित्रो की ही बैठक हो जाए। यह सुझाव माना गया और अक्टूबर 19 से 30 तक मास्को मे ब्रिटेन के परराष्ट्र मंत्री ए यानी ईडन, अमेरिका के कार्डल हल व मोलोतोव तथा स्टालिन के बीच बातचीत हुई जिसमे चीनी राजदूत 'फू पिंग शू' भी शामिल हुए और वार्ता का परिणाम निकला एक संयुक्त विज्ञप्ति के रूप म जो ब्रिटेन अमेरिका व सोवियत के बीच युद्ध सबंधी आपसी समझदारी की सर्वप्रथम अभिव्यक्ति थी। इसके पहले भी सहयोग और पारस्परिक वार्ताएं हुई थी, परराष्ट्र मंत्रियो के स्तर पर यह पहला महत्वपूर्ण विचार विमर्श था जिसम अनेक युद्ध सबंधी प्रश्नो पर विचारो का आदान प्रदान हुआ। इसम इन बातो पर सहमति हुई कि—(1) हर ऐसा प्रयत्न किए जाए ताकि युद्ध जल्दी स जल्दी समाप्त हो सके और इस दृष्टि स मित्र राष्ट्रो के बीच घना स घना सहयोग और साहचर्य हो। (2) युद्धकालीन सहयोग की भावना और व्यवहार को युद्ध के बाद भी बनाए रखने के उपाय किए जाए ताकि शांति की मजबूत स्थापना हो सके। और जन साधारण का राजनीतिक आर्थिक एव सामाजिक कल्याण सम्पादित हो सके। अतराष्ट्रीय सहयोग और सुरक्षा के लिए एक व्यापक व्यवस्था करन की आवश्यकता पर बल दिया गया जिसमे छोटे या बड सभी शांति प्रिय देशो को शामिल करने की बात तय हुई।[6]

इस सम्मेलन मे एक ऐसी सस्था के निर्माण की बात भी तय हुई जो युद्धकाल मे यूरोपीय देशो के प्रश्नो पर विचार विमर्श करते रहने के लिए तीनो देशो के बीच घने सहयोग की स्थापना करने का यत्न करें इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सम्मेलन ने लदन मे एक यूरोपीय परामर्शदात्री आयोग की स्थापना करने का निश्चय किया जो इन प्रश्नो पर विचार करे और अपनी संयुक्त सस्तुति तीनो सरकारो को दें।

इस सम्मेलन मे यह भी तय हुआ कि इटली सबंधी मामलो के लिए एक परामर्शदात्री समिति बनाई जाए। तीनो परराष्ट्र मंत्रियो ने एक घोषणा के द्वारा इटली मे लोकतत्र की पुन स्थापना के लिए मित्रराष्ट्रो के रुख को स्पष्ट करने का निश्चय किया। इस प्रकार तीनो परराष्ट्र मंत्रियो ने अपनी सरकारो की ओर स आस्ट्रिया की स्वाधीनता की पुन स्थापना का सकल्प दुहराया और इस चेतावनी को भी दुहराया कि पराजित जर्मनी को जब भी 'युद्धविराम' स्वीकृति दी जायगी, तब उन जर्मन सैनिक अधिकारियो और नात्सी अधिकारियो को उनके अत्याचारो के लिए उन उन देशो म दण्डित किए जाने के लिए ले जाया जायगा जहा उन्होने ये जुल्म ढाये हैं और उनके देशो के कानून के अनुसार दण्डित किया जायगा।

इस सम्मेलन मे चार बडे राष्ट्रो की ओर से एक सप्त सिद्धान्तीय घोषणा की गई जिसमे शांति और सुरक्षा की स्थापना के लिए युद्धकालीन सहयोग को शांति

काल मे भी बनाये रखने, शत्रु से आत्म समर्पण कराने और निशस्त्र करने के लिए एक जुट रहने शीघ्र ही एक ऐसे अंतर्राष्ट्रीय संगठन की स्थापना के लिए प्रयत्न करने जिसमे सभी शांतिप्रिय देशों की प्रभुसत्ता संबंधी समानताओं का आदर मिलेगा, तथा जिसके द्वार छोटे-बड़े सभी राज्यों के लिए खुले रहेंगे, तथा युद्धोपरांत कोई भी दूसरे राज्यों के प्रदेश के अन्तर्गत अपनी सेनाओं को सिवाय उस सूरत में जो इसमे दी गई है और जो परस्पर विचार विमर्श के बाद तय किया जाए, कभी तैनात नहीं करने तथा युद्धोत्तर काल में शस्त्रों के नियमन के लिए आपस मे विचार विमर्श करने और सहयोग करने का संकल्प लिया गया ताकि, एक सर्वमान्य समझौता हो सके।

इस प्रकार यह सम्मेलन युद्ध संचालन एवं युद्धोपरांत एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन और व्यवस्था बनाने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम रहा है, यद्यपि यह बात स्मरणीय है कि इस समय तक सोवियत संघ के बार बार आग्रह करने पर भी दूसरा मोर्चा न खोलने की वजह से मित्र राष्ट्रों के बीच कुछ मन मुटाव भी शुरू हो गया था। समूचे सन् 1942 के वर्ष मे हिटलरी राक्षसी सेना के 280 सेना के डिवीजनों का पूरा का पूरा दबाव अकेले ही सोवियत संघ को झेलना पड़ा जिसमे उसे अपनी बहादुर सेना, जन धन का भारी बलिदान करना पड़ा।

इस बीच अफ्रीका मे लड़ाई का मोर्चा खोलकर हिटलर को कुछ परेशानी पहुचायी गयी। पर जहां एक और इस बीच 'दूसरा मोर्चा' खोलने की ब्रिटेन और अमरिका कोई जल्दी न थी और वे दिक्कत होने की सूचना दे रहे थे, वहीं स्टालिन से यह अनुरोध करने से भी अमरीका नही चूक रहा था कि अकेले ही हिटलर के 280 डिवीजनों का सामना करते हुए भी, वे जापान के विरुद्ध दूसरा मोर्चा खोलने मे दिलचस्पी लें।[7]

सन् 1943 शुरू हो गया पर दूसरा मोर्चा खोलने का निश्चय अभी भी टाला ही जा रहा था। चर्चिल की अड़गेबाजी खतम ही नहीं हो पा रही थी जिसके आगे अमेरिका भी लाचार हो जाता। यहां तक कि चर्चिल के एक मित्र दक्षिण अफ्रीका के जेन स्मटस भी चर्चिल की टालमटूल नीति के औचित्य पर संदेह प्रकट करने लगे। एक पत्र मे उन्होंने युद्धकाल मे उस सदम की चर्चा की जिसके अन्तर्गत बाद मे मास्को मे यह सम्मेलन हुआ, जो द्रष्टव्य है। जेन स्मट्स ने लिखा था

"स्थल पर हमारी तुलनात्मक कार्यवाहियां महत्वहीन रही और उनकी गति बहुत असंतोषजनक।" साधारण लोगों को तो ऐसा लगेगा कि यह रूस है जो युद्ध जीत रहा है। यदि ऐसी ही छाप बनी रही तो रूस की तुलना मे युद्धोत्तर संसार मे हमारी क्या सूरत बनेगी। हमारी विश्वस्तरीय स्थिति मे भारी परिवर्तन हो जायगा और इससे रूस समूची दुनिया का राजनयिक स्वामी बनकर उभर चुकेगा। यह बात अवश्यभावी है और अवांछनीय भी पर जब तक हम युद्ध से बराबरी के

आधार पर न निकलें, हमारी स्थिति असुविधापूर्ण बन जायगी और खतरनाक भी।'

(3) तेहरान का सम्मेलन
(22-25 नवम्बर सन 1943)

यद्यपि 'दूसरा मोर्चा' अभी भी दूर था, पर तेहरान मे पहली बार एकत्र होकर तीन बडी शक्तिया के राष्ट्राध्यक्षा ने मित्र राष्ट्रीय एकता और सहयोग के भाव को पारस्परिक विश्वास और सौहाद्र के योग से परिपुष्ट करने मे सफलता पाई। तेहरान म पहली बार ये तीन बडे मिल रहे थे और वह भी उस तेहरान म जो उस राज्य की राजधानी थी जिसस होकर सोवियत सघ को सप्लाई' पहुचाई जा रही थी। वह युद्धकाल तक एक ओर ब्रिटेन तो दूसरी ओर सोवियत सघ के अधीन बना रहा। वहा के तत्कालीन शासक को हटाकर (जिसके बार मे यह शक था कि उसकी सहानुभूति जमनी के प्रति थी) उसके अल्पव्यस्क पुत्र को मोहम्मद रजाशाह पहलवी को गद्दी पर वैठाया गया था।

तीन वडो ने परस्पर विचारो का आदान प्रदान किया। कुछ महत्वपूण निणय किय गये युद्ध के बारे मे ईरान क बार म, युद्धोत्तर व्यवस्था की रूपरखा के सबध मे। इनमे से कुछ निणय प्रकट किए गए, कुछ गुप्त रखे गए जो बाद मे सन 1947 म ही प्रकट हुए। सबमे बडी उपलब्धि यह रही कि तीन बडा ने दिल खोलकर बातें की और एक दूसरे का सदभाव और विश्वास प्राप्त किया। सम्मेलन क बाद तीन शक्तिया की घोषणा ने अपनी विज्ञप्ति मे अत म कहा कि हम यहा आशावान और सकल्पवान होकर आए थे और अब भावना और उद्देश्य की दष्टि से हम वस्तुत मित्र बनकर लौट रहे है।

इस सम्मेलन म तीनो मित्र देशा के सेनाध्यक्षा की वे योजनाए प्रस्तुत की गई थीं। इस पर विचार हुआ और पूव, पश्चिम तथा दक्षिण स जमनी पर आक्रमण करने की योजना पर मतैक्य स्थापित किया गया। इस सम्मेलन म युद्धोत्तर शाति की स्थापना की समस्याओ पर भी ध्यान दिया गया।

ईरान के सबध मे

ईरान के बारे मे तेहरान सम्मेलन के द्वारा किए जा रहे महत्त्वपूण योगदान की प्रशसा की गई और जिस प्रकार की आर्थिक कठिनाइया ईरान को भोगनी पड रही हैं उनके प्रति कृतज्ञता और आभार प्रकट किया और वचन दिया कि युद्धोपरात ईरान की आर्थिक दिक्कता को दूर करने का प्रयत्न किया जाएगा। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया कि तीन बडे राष्ट्र ईरान की स्वाधीनता प्रभुसत्ता और प्रादेशिक अखण्डता को बनाए रखेंगे और वे यह भरोसा करते हैं कि ईरान

भी अ य शाति प्रिय राष्ट्रा की तरह युद्धोत्तर काल मे अतर्राष्ट्रीय शाति, सुरक्षा और सम्पन्नता की स्थापना के लिए एटलाटिक घोषणा के सिद्धातो के अनुरूप आचरण करेगा

गुप्त समझौता

तीन बडो न अपनी पहली बैठक म कुछ समझौत ऐसे भी कि जिसे उन्होने तत्काल गुप्त रखने का निश्चय किया गया वे निणय थे

(1) युगोस्लाविया के स्वाधीनता सैनिको की शस्त्रास्त्रा और साज सामान की सप्लाई भेजकर हर प्रकार की मदद दी जायेगी।

(2) यह तय हुआ कि सैनिक दष्टि से यह वाछनीय था कि तुर्की को मित्र राष्ट्रा के पक्ष मे युद्ध मे लाया जाए।

( ) स्टालिन के इस वक्तव्य को नोट किया गया कि यदि तुर्की युद्ध मे शामिल हो जाए और उसके फलस्वरूप बलगारिया तुर्की क विरुद्ध लडाई छेड द तो सोवियत सघ तुरत बलगारिया के विरुद्ध युद्ध छेड दगा। तुर्की का युद्ध मे आमत्रित करने के लिए इस महत्त्वपूण सूचना का उपयोग किया जाए।

(4) यह नोट किया गया कि जमनी के विरुद्ध दूसरा मोर्चा (ओवर लाड अभियान) मई सन 1944 के दौरान खोला जाएगा। सम्मेलन ने स्टालिन का यह आश्वासन भी नोट किया कि यदि ऐसा दूसरा मोर्चा खोला गया तो सोवियत सेनायें उस समय ऐसा जवदस्त सनिक अभियान छेडेगी जिसका लक्ष्य होगा कि जमनी अपनी फौजें पूव से पश्चिमी मोर्चे की ओर न लगा पायें

(5) यह तय हुआ कि तीनो शक्तिया के सैनिक अधिकारी परस्पर सपक बनाये रखेंगे और दुश्मन को धोखे म रखने और छकाने के लिए एक गुप्त योजना कार्यान्वित की जायेगी।

इस सम्मेलन मे तीन बडो के दिल आपस मे मिल गए, यह एक बडी बात थी जिसका श्रेय स्टालिन और रूजवेल्ट को जाता है। चर्चिल का दूसरा मोर्चा को टालने की दुर्नीति चलती रही और ऐसी कोशिशें भी की जिसमे लगे कि सोवियत सघ के विरुद्ध एक आग्ल अमेरिकी मोर्चा अन्दर ही अदर बना हुआ है पर रूजवेल्ट ने अपने निष्कपट और निष्पक्ष व्यावहार का भरोसा बधा कर इस प्रकार के दुष्प्रभाव को रोका।[9] स्टालिन का स्मरणीय नेतत्व इस सम्मेलन मे बेजोड रहा। उस समय अथात नवबर सन 1943 मे 320 जमन डिवीजनो मे से 206 डिवीजनो सन 1944 मे आखिर मे खुला तो स्टालिन मे सदा की भाति अपना वायदा सच कर दिखाया, उस समय भी हिटलर के 157 डिवीजन पूव मे लड रहे थे जबकि (जनवरी मे) ब्रिटेन क खिलाफ कुल 50 डिवीजन थे—अप्रैल 14 सन् 1944 मे अनुमान था कि 199 जमन डिवीजन पूर्वी मोर्चे मे तैनात थे और 137 अयत्र

जिसमे फास और निम्नस्थ प्रन्दा मे 51, I सितम्बर म भी जमन केवल 52 डिवीजन मेना को पश्चिमी मोर्चे म जुटाय हुए थे लविन इसमे स बहुत सी डिवी जनें नाम मात्र की थी। जनवरी सन 1945 म रूसी सेना I33 जमन डिवीजना से भिड रही थी जो समूची जमन थल सेना का आधार थी और अय भिन 100 डिवीजनो का सामना कर रहे थे जिनमे 76 पश्चिम में थी और 24 इटली म।[6]

य आकडे इस तथ्य का अच्छी तरह उजागर करत हैं कि यूरोप म युद्ध का महान केन्द्रीय सनिक तथ्य था लालसेना की शक्ति। दूसर महायुद्ध को लेकर जो अनेक मिथक बने चल आ रहे हैं वे इस नियमक विचार धारणा की उपेक्षा करके चलते है। इस गाढे समय म जबकि युगोस्लाविया के स्वाधीनता सनानी अपनी जान लेवा मुक्ति सघप म लगे थे, तब उनके लिए मित्र राष्ट्रो की ओर से सब प्रकार की सहायता का प्रबध भी जिन हाथो ने किया, वे स्टालिन के इस्पाती हाथ ही थे, जिनकी मुटठी मुटठी सहायता तब मुक्ति सघर्ष के लिए मिलजुल कर तय किया वल्कि, युद्धोत्तरकाल के लिए भी वदोवस्त करने का यत्न किया। मास्को के परराष्ट्र मैत्रियो के पहले सम्मेलन मे ही युद्धोत्तर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया था इसके बाद भी समय समय पर य प्रश्न उठाये गए पर जब सन 194?-43 के बाद मित्र राष्ट्रा की विजय के आसार प्रकट होने लगें तब इस पर और विचार विमश चला। डम्बटन ओवस सम्मेलन इस दिशा मे उठाया गया पहला पुख्ता कदम था जिसमे वार्ताओ का दौर दो चरणा म तय हुआ। पहले चरण मे तीन बडी शक्तिया क बीच वार्ताओ का दौर चला और दूसर चरण म चीन ने दो बडा— ब्रिटेन और अमेरिका के साथ बात चीत के और सोवियत सघ इससे अलग रहा। इन डाबटन ओवस की प्रथम चरण की वार्ता म तीन बडो के बीच सोवियत सघ अमेरिका और ब्रिटेन के मध्य बहुत सारी बातो मे मतक्य रहा। यथा ये सभी राष्ट्र नये अ तर्राष्ट्रीय सगठन सबधी चार आधारभूत तत्वो के बारे मे पूणत अहमत रहे। ये सहमत थे कि

(1) ऐसी एक सामान्य सभा हो जिसमे सभी राष्ट्रो को प्रतिनिधित्व मिले।

(2) ऐसी एक सुरक्षा परिषद हो जिसमे सभी बडी ताकतो को स्थायी तौर पर सदस्यता मिले और कुछ दूसरे प्रतिनिधि भी इसमे रह जो छोटे देशो का प्रतिनिधित्व करें और समय समय पर सामान्य सभा के द्वारा चुने जायें।

(3) एक सचिवालय हो।

(4) एक अतर्राष्ट्रीय न्यायालय हो।

यह भी तय हुआ कि इस नये अतर्राष्ट्रीय सगठन का नाम सयुक्त राष्ट्र सघ ही रखा जाए। यह भी इसके बीच तय हुआ कि न तो सुरक्षा परिषद मे और न सामान्य सभा म निर्विरोध निणय की विवशता रहे अर्थात् सार निणय निर्विरोध

ही हो। एक सामा य सहमति थी कि सुरक्षा की व्यवस्था करे और बडी शक्तियो को इसमे स्थायी तौर पर सदस्यता मिले।[11]

मतभेद कुछ अ य महत्वपूण मुद्दो पर उठे। पहला मतभेद तो सुरक्षा परिषद की इस अधिकार के बारे मे था कि वह किसी मामले को निपटाने की शर्तें थोप सकें। अमेरिका सुरक्षा परिषद को ऐसा अधिकार देना चाहता था[1] पर यह प्रस्ताव न तो ब्रिटेन को मा य था और न सोवियत सघ को ही।[13]

इसी प्रकार अमेरिका का प्रस्ताव था कि ब्राजील को स्थायी सदस्यता सुरक्षा परिषद मे मिले पर ब्रिटेन और सोवियत ने इसका विरोध किया, मतभेद इसको लेकर भी था कि सुरक्षा परिषद मे निणय लेते वक्त कैसी प्रक्रिया अपनायी जायेगी अर्थात किसी विवाद मे सबधित बडी शक्तिया भी मत दे सकेंगी या नही। अमेरिकी राष्ट्रपति का आग्रह था कि अमेरिकी सघ की तरह ही यदि बडी शक्ति किसी मामले मे फसी हो तो वह निणयकारी मतदान के वक्त तटस्थ रहे। लेकिन सोवियत सघ निर्विरोध निणय के तरीके छोडने को तैयार न थे अर्थात ऐस मामला मे बडी ताकतो के बीच पूण मतैक्य की नितात आवश्यकता पर बल दिया। वे खूब महसूस कर रहे थे कि पूजीवादी ससार के लिए ये कणधार अपने बहुमत के सहारे 'कहर' ढा देंगे इसलिए वे निर्विरोध निणय की बात को कतई छोडने को तैयार न थे। राष्ट्र सघ के अपने कटु अनुभव सोवियत नेताओ का भूले न थे और न वे उ ह 'भुलाने' के लिए तैयार थे। इस प्रकार यह बात तय नही हो पाई।

अमेरिकी आयोजक खुद तो अपने लिए तो जापानी अड्डे पर कब्जा करना चाहते थे पर सोवियत सघ की सुरक्षा की जरूरता पर सहानुभूति पूवक विचार करने को तैयार न थे। सोवियत सघ का प्रस्ताव था कि[14] एक ऐसा अतर्राष्ट्रीय सगठन बनाया जाए जो सुरक्षा परिषद के निर्देश पर मिनट भर मे कायवाही करने को तैयार हो जाए और[15] जो छोटे देश सुरक्षा परिषद को अपनी सै य शक्ति का सहारा न दे पाये, तो अपने प्रदेश परिषद के उपयोग के लिए भेंट करने का उद्यत रहे। अमेरिकी उसके लिए तैयार न थे। ब्रिटेन एक सै य स्टाफ बनाने के पक्ष मे था।[16] सोवियत सघ ने प्रस्ताव रखा था कि एक अतर्राष्ट्रीय वायुसेना खडी की जाए पर उ होने यह प्रस्ताव वापिस ले लिया।

इसी प्रकार सामा य सभा के अधिकारो के बारे मे भी पूर्ण सहमति न था। जबकि सोवियत चाहते थे कि शाति और सुरक्षा के मसले सामा य सभा तय करे पर सुरक्षा परिषद की अनुमति के बाद लेकिन अमेरिका व ब्रिटेन की राय थी कि स्वतत्र रूप से ही सामा य सभा को यह अधिकार मिले अर्थात चाहे उस मसले मे सुरक्षा परिषद की अनुमति हो या न हो। यह विचार कि सुरक्षा के प्रश्न प्रभावत सुरक्षा परिषद का उत्तरदायित्व होगे सभी को मा य था। ऐसा ही झगडा सदस्यता

के प्रश्न को लेकर चल पडा। अमेरिका चाहता था कि सयुक्त राष्ट्र के रूप में घोषणा करने वाले सभी सदस्य माने जायें। ब्रिटेन के साथ अमेरिका चाहता था कि 'सहयोगी राष्ट्र भी इस सगठन म शामिल करने के लिए आमत्रित किए जायें। जिन्होंने सयुक्त राष्ट्र के आधार सम्मेलन का नियत्रण स्वीकार किया था पर सयुक्त राष्ट्रों के साथ युद्ध की घोषणा नही की थी। आठ ऐसे देश थे जिनम 6 लातिनी अमेरिकी देश थे। सोवियत सघ नया सगठन इसलिए बनाने के पक्ष में था कि मुख्यत (यदि पूर्णत न भी हो तो) जमन और जापनी आक्रमण का पुन उभार न हो सके और इसी दृष्टि से वे सनिक मैत्री सगठन को आगे चलाते रहना चाहते थे जिसका अर्थ था उन देशो को बाहर ही रखना जिन्होंने धुरी राष्ट्रों के विरुद्ध युद्ध की घोषणा नही की थी। इसलिए उन्होंने इसका विरोध किया पर जब अमेरिका उन्हे शामिल किए जाने के लिए जोर देने लगा तो सोवियत सघ ने यह माग की कि उसके सोलह के सोलह गण राज्यो को अलग अलग से इसमें प्रतिनिधित्व मिले। इसने विवाद को विस्फोटक रूप देना शुरू कर दिया। बात फिलहाल टाल दी गई।

चीन के साथ ब्रिटेन व अमेरिका का विचार विमर्श

दूसरे चरण मे दो बडो ने—अमेरिका व ब्रिटेन—चीन के साथ मिलकर विचार विमर्श किया। पर चीन की ओर से कोई खास प्रस्ताव नही सुझाया गया और इसी से डम्बटन ओक्स प्रस्ताव म इस ओर से कुछ नया जोडा गया। चीनी प्रतिनिधि मण्डल के द्वारा पेश किए गये तीन सुझावो को ब्रिटेन व अमेरिका ने अपनी स्वीकृति दी और बाद मे सोवियत सघ ने भी अपनी सहमति प्रकट की कि उन सुझावों को सान फ्रासिसको सम्मेलन मे रखा जाए। वे तीन सुझाव थे। (1) सयुक्त राष्ट्र सघ के विधान म यह बन्दोबस्त हो कि अतर्राष्ट्रीय कानून के आधार पर हो (2) अतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धान्तो और नियमो के सशोधन और परिवधन के बारे मे विचार करने तथा सुझाव देने की पहल करने की जिम्मेदारी सामान्य सभा की हो तथा राष्ट्रों के बीच, (3) शैक्षणिक एव अन्य सास्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक और सामाजिक परिषद बदोबस्त करे।

याल्टा सम्मेलन के पूर्व दो बडो के बीच वार्ताए

बडी शक्तियो के बीच युद्धकाल म जितने भी सम्मेलन व आपसी वार्ताए हुई हैं उनमे सबसे महत्वपूर्ण सम्मेलन याल्टा मे हुआ जहा सन 1945 की फरवरी 4 से 11 तक तीन बडी शक्तिया के राष्ट्राध्यक्षो के बीच महत्वपूर्ण वार्ताए हुई और उसी कोटि के महत्वपूर्ण निर्णय हुए जिनम कुछ निर्णय तत्काल अन्यो से गुप्त रखे गए और जब उनका भेद खुला तब वे काफी विवादास्पद सिद्ध हुए। याल्टा

सम्मेलन पर विचार करने के पहले यह अच्छा होगा कि हम उस सदम मे स्पष्ट करें जिसम यह सम्मेलन सम्पादित हुआ था। तभी हम इसके निणयो का सही मूल्याकन कर सकेंगे।

हम याल्टा पूव के कतिपय महत्त्वपूण सम्मेलना का जिक्र कर चुके हैं। उन वार्ताओ का जिक्र अब तक नही हुआ है जो एटलाटिक चाटर की परम्परा को आगे बढाने वाल थे अर्थात द्विपक्षीय वार्ताए जिसमे तीन बडा की जगह दो बडा के बीच ही बातचीत हुई, तथा ब्रिटेन व अमेरिका के बीच, या ब्रिटेन व सोवियत सघ के बीच। इन द्विपक्षीय वाताओ का उल्लेख कर हम याल्टा के पूव की स्थिति को सही तरह स रख सकेंगे।

मोरक्को के कासाब्लाका मे सम्मेलन
(14 फरवरी से 24 फरवरी तक सन् 1847)

यह सम्मेलन अमेरिका व ब्रिटेन के बीच हुआ और इसमे ब्रिटेन मे 'शरण पाय" मुक्त फ्रास" के नेता दगाल को भी आमत्रित किया गया। इस सम्मेलन म दूसर मोर्चे को टालते हुए यह तय किया गया कि उतरी फ्रास पर आक्रमण करन के पूव इटली पर हमला कर धुरी शक्तियो को पछाडा जाय। चर्चिल अपना पक्ष रूजवल्ट के आग मजबूत करना चाहत थे और कि उनकी यह रणनीति मानी जाए। इसलिए इस रणनीति को पुष्ट करने के लिए वे अपने साथ दगाल को ले गए जिनके प्रति रूजवेल्ट का कुछ खास झुकाव न था।

काहिरा सम्मेलन
(22 नवम्बर 1943 से 25 नवम्बर तक)

इसी प्रकार ब्रिटेन व अमेरिका के मध्य काहिरा मे भी महत्त्वपूण वार्ता हुई जिसमे फ्रास की तरह इस बार चीन को शामिल किया गया चूकि जिन समस्याओ पर बातचीत हुई वे मुख्यत पूर्वी एशिया से सबधित थी। इसमे चीन को आश्वस्त करते हुए यह निणय लिया गया कि जापान ने प्रथम महायुद्ध के समय जो प्रदेश चीन से छीने थे, वे उसे वापस मिलेंगे। यहा रूजवेल्ट ने सोवियत सघ की ओर से "जल से निकासी" की सहूलियत की माग से च्याग को परिचित कराया था अर्थात पोट आथर और डेरियन के सबध मे मागी गई। सुविधाओ के बारे मे सूचना दी और आपस मे विचार किया।[18]

इस प्रकार चर्चिल धीरे धीरे फ्रास को लदन स्थित टूटे फूटे 'मुक्त फ्रासिसी" दल को आगे लाकर बडे राष्ट्रो की पक्ति मे बैठाने लग थे, और यही अमेरिका चीन के लिए कर रहा था। "तीन बडो" की पक्ति मे, कालातर मे ये "दो बडा" को भी शामिल किया जाना था।

क्यूबेक सम्मेलन
(11 सितम्बर से 15 तक, 1944)

कनाडा की राजधानी क्यूबेक मे अमेरिकी राष्ट्रपति ने ब्रिटेन व उसके राष्ट्र मण्डल के सदस्यो—कनाडा, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलण्ड से वार्ता की जिसम जमनी की जिस प्रकार उसकी पराजय के बाद अलग अलग "अधिकृत क्षेत्रों" के तौर पर बाटा जायेगा, उस पर विचार किया गया और आम सहमति प्राप्त की गई। यही अमेरिका और ब्रिटेन के नेताओ ने आपस मे तय किया कि 'मार्गेथाऊ योजना' के अनुसार जमनी का 'अनौघोगीकरण' किया जाय जो अमेरिकी परराष्ट मत्री हल को पसन्द न था।

जिसे बाद मे अमेरिकी केबिनेट ने सशोधित किया और रूजवेल्ट की मत्यु के बाद उसके उत्तराधिकारी ट्रेमन ने जिस योजना का परित्याग कर दिया।

ब्रिटेन वुड्स सम्मेलन
(जुलाई 21, 1944)

21 जुलाई सन 1944 को सयुक्त राष्ट्रो का सम्मेलन ब्रिटेन वुडस मे हुआ जिसमे 44 राज्यो के प्रतिनिधि सम्मलित हुए। इसमे युद्धोपरात ऐस अन्तर्राष्ट्रीय विकास के निमित्त पूजीवादी व्यवस्था के अनुकूल हो, एक पुनगठन एव विकास का अतर्राष्ट्रीय बक तथा अतराष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना करने का निश्चय किया गया। एटलाटिक चाटर का उद्देश्य आखिर इसी विकास क्रम की दिशा को अपने अनुकूल बनाना था।

अमेरिकी व सोवियत के बीच द्विपक्षीय वार्ताए
(हेरी हापकिन्स की मास्को यात्रा मई जून, 1941)

हम अयत्र इस यात्रा का जिक्र कर चुके हैं। हापकिन्स लदन स होते हुए मास्को गए थे जहा उन्होने स्टालिन से खुलकर बातें की और महत्त्वपूण सूचनाए प्राप्त की जिसके अनुसार सोवियत शक्ति जब लडाई के मदान मे उतरी तो उसके 24 हजार टैंक थे जिसमे 4 हजार बडे टैंक थे जबकि जमनी क पास तीस हजार थे। सोवियत सघ एक हजार टैंक प्रति माह निर्मित कर रहे थे और 1800 सौ हवाई जहाज। जल्दी ही उनकी तादाद बढकर 2500 हो जाने वाली थी। लडाई शुरु होते समय नात्सी जमनी और सोवियत सघ दोनो के 175 डिविजन सनाओ के सहारे लड रहे थे।[19]

हापकिन्स सोवियत सघ व उसके नेता स्टालिन के साहस, शौय और दढ सकल्प वाले व्यक्तित्व मे बहुत प्रभावित होकर लौटे। हापकिन्स की रपट ते रूज

वेल्ट को इस बात के लिए उत्साहित किया कि वे सोवियत सघ की मदद के लिए आगे आ गए। इसके बाद अमेरिका के एवरल हैरीमैन व ब्रिटेन के लार्ड बेवर ब्रुक उधार पटटे के अन्तगत सहायता देने का प्रस्ताव लेकर स्टालिन से मिलने गए और तब सहायता सामग्री की सूचि तय हुआ कि 1 अक्टूबर 1941 से 1 जुलाई सन 1942 तक एक अरब डालर राशि की सहायता सोवियत सघ को प्रदान की जायेगी। यही से सोवियत सघ की ओर पश्चिम के मित्र राष्ट्रो के मध्य सैनिक साझेदारी की शुरुआत होती है।

एन्थोनी ईडन की महत्त्वपूर्ण यात्रा
(मास्को बैठक)

रूसी सैनिक एक ऐतिहासिक 'महाभारत" लड रहे थे। लाखो सैनिको की लाम बन्दी हुआ जो शीघ्र ही एक करोड की सख्या तक पहुच गई। जर्मन नात्सी पूरी बबरता दिखा रह थे। हमलावर बढ़ते ही जा रहे थे और सोवियत सघ ने सन 1939 के बाद जो प्रदेश अपनी सुरक्षा की दृष्टि से अधिकार म ले लिये थे, उन पर जमन कब्जा हो गया। जगह जगह नात्सी जमना की तोड फोड की काय वाही व विनाश लीला चल रही थी और लेनिनग्राड और मास्को के निकट जमन बबर सना ने घेरा डाल दिया। एक एक इच जमीन पर सोवियत रण बाकुरे अपनी जान हथेली पर रखकर लड रहे थे और सोवियत के इन बहादुर योद्धाओ ने स्टालिन ग्राद पर हिटलर की फौजो को न केवल रोक दिया बल्कि उन पर भारी चोट पहुचाकर युद्ध का पासा ही पलट दिया।

इस गाढे समय मे भी सोवियत नेताओ ने चाहा कि ब्रिटेन से युद्धोत्तर प्रबध के बारे मे अभी समझौता हो जाए तो निश्चित होकर और जमकर साथ साथ युद्ध लडा जाए। ब्रिटेन के परराष्ट्र मत्री इसी माहौल मे दिसबर 7 को मास्को पधारे। पर दिसबर 5 को ब्रितानी सरकार को रूजवेल्ट का इस आशय का पत्र मिल चुका था कि अमेरिका की ओर से युद्धोत्तर प्रबध की दिशा एटलाटिक चाटर मे निर्दिष्ट है। यदि तीना सरकारो म स कोई भी सरकार इसके आगे जान का तय करेगी तो अमेरिका इसे दुर्भाग्य पूण बात मानेंगे। "सबसे मुख्य बात यह कि कोई गुप्त समझौता नही होना चाहिए और जिस सावैधानिक सीमा से अमेरिका की सरकार बधी हुई है उसे ध्यान म रखा ही जाना चाहिए।[20]

रूसी नेता उस समय ब्रिटेन से यह चाहते थे कि अपनी सन 1940 की सीमाओ को वह मान ले। पर ईडन इसके लिए तैयार न थे। स्टालिन ने यह प्रस्ताव रखा कि 22 जून सन 1941 की रूस की सीमा को नाप लिया जाए तथा स्लोवाकिया युगोस्लाविया, आस्ट्रेलिया एव अल्बानिया की पुन स्वतन्त्र राष्ट्र के रूप म प्रतिष्ठा, पूर्वी प्रशा पोलेण्ड को दे दिया जाय तथा पश्चिम मे जमनी से

राइनलैण्ड और सभव हो तो ववरिया अलग कराया जाए और स्वतत्र राष्ट्र म रूप मे इन्हे मा यता दे दी जाए स्टालिन इसके लिए तैयार थे कि बदले म व ब्रिटेन को फ्रास को मिलाकर समूचे पश्चिमी यूरोपीय देशा म, कही भी अड्डे दने के प्रस्ताव को समतन देंग।

इन प्रस्तावा को अमरिका ने नामजूर कर दिया। उनका ख्याल था कि बाल्टिक देशा का रूसी अधिग्रहण नही मजूर किया जा सकता है तथा पूर्वी पोलड रूस को नही दिया जा सकता क्योकि ये सारी मागें रूस अपनी उस कमजोर स्थिति को ध्यान म रखकर पेश कर रहा है जो युद्ध के बाद उसकी हो जाने का उमे भय है। इस प्रकार ब्रिटेन व अमेरिका ऐसे किसी समझौत के लिए तैयार न थे जो सोवियत सघ की युद्ध पूव की सीमाओ को मा यता प्रदान कर द। सोवियत सघ की पश्चिमी सीमाओ को मा यता प्रदान कर दे। सोवियत सघ की पश्चिमी सीमाओ का मामला एक खुला विषय बनी रही जो युद्ध के परिणाम पर निभर करा दी गई। पर स्टालिन ने ब्रिटेन के परराष्ट्र मत्री ईडन को तब भी स्पष्ट कर दिया था कि दिसम्बर सन 1941 मे चूकि अतीत म पिछले 35 वर्षों मे तीन बार रूस को पूर्वी यूरोप के आक्रमण कारियो का सामना करना पडा है और भारी बलिदान करना पडा है, इसलिए अब वे इस प्रदेश को विरोधियो के हाथो नही पडन देंग। यह लक्ष्य जैसाकि फ्लेमिंग ने उचित ही कहा है सोवियत नेताओ की ओर स युद्ध का प्रथम लक्ष्य, जिसने टलने का प्रश्न ही नही उठना था।

अप्रेल 1942 मे ब्रिटेन ने इस दिशा मे फिर से कुछ समझौना वार्ता चलानी चाही, पर अमेरिकी विरोध के आग ब्रिटेन की चली नही और मई 1942 मे जो समझौता सोवियत सघ से हुआ उसमे प्रादेशिक प्रब ध की चर्चा भी न थी जिसका अथ था कि कुख्यात म्यूनिख समझौता भी ज्यो का त्या बना रहा। वह कलक अगस्त सन 1942 म तभी मिट पाया जब चेकोस्लावाकिया के नेता ब ज का जोरदार दबाव ब्रिटेन पर पडा।

यूरोप की लडाई मुख्यत रूसी लाल सना के दम खम पर लडी जा रही थी पर मित्र राष्ट्रा की ओर मित्रता का कैसा ठिठुरा देने वाला प्रथम परिचय रूस को मिल रहा था उस समय जब कि वे जीवन मरण के अपने ऐतिहासिक सघष मे जूझ रहे थे।[23]

युद्धकाल मे ब्रिटेन और सोवियत सघ के बीच एक दूसरी महत्वपूण वार्ता 1944 की चर्चिल स्टालिन वार्ता

याल्टा सम्मेलन मे भाग लेने से पूव चर्चिल ने मास्को जाकर रूसी नेता स्टालिन से महत्त्वपूण विषय पर वार्ता की और गुपचुप समझौता भी कर लिया पर

तबयुद्ध का सदर्भ कुछ का कुछ बन चुका था। युद्ध के प्रारम्भ मे सोवियत सघ को उत्तरी सीमाओ के बारे म किसी प्रकार की मान्यता न देकर भी दूसरा मोर्चा खोलते-खोलत विलम्ब कर दने के बाद भी जब सोवियत की लाल सेनाओ ने अपना जौहर कर दिखाया और न केवल अपनी सीमाओ से बबर जमन आक्राताओ को खदड दिया बल्कि,उनका पीछा करते हुए पडौसी दशा स भी उनका सफाया करते हुए रूसी सेना अपनी अजेय वीरता का परिचय देती आगे बढने लगी और बुलगारिया, पर अधिकार कर यूनान और तुर्की की ओर बढ चली---अक्टूबर सन 1944 मे लाल सेना हगरी और युगोस्लाविया मे थी और तब ब्रितानी फौजें यूनान मे उतरी ही थी जहा साम्यवादी नेतत्त्व मे भारी सख्या मे मुक्ति युद्ध के योद्धा उनका स्वागत न कर, उनके विरोध पर आमादा थे उस समय ब्रितानी नेता चर्चिल ने मास्को जाकर ऐसा समझौता करना चाहा जो उन्ह यूनान म ' निर्वाध अधिकार" की छूट दे दे क्याकि यदि लाल सेना यूनान के साम्यवादी छापामारो को मदद देना तय कर लती, तो ब्रिटेन के लिए ये सभव न रहा जाता कि वे आसानी से यूनान म घुसपठ कर सके और अपने राजतत्रीय समथको को पुन गददी पर बिठा सकें।

ब्रिटेन ने अमेरिका को सूचना दी कि वह सोवियत सघ से एसा समझौता करने का इच्छुक है जो सावियत सघ को रुमानिया म प्रभाव क्षेत्र बनाने द ताकि बदले मे ब्रिटेन यूनान को अपना प्रभाव क्षेत्र बना ले। अमेरिका को बताया गया कि यह प्रभाव क्षेत्र की बात न थी बल्कि,यह कि रूसी रूमानिया का और ब्रिटेन यूनान व यूगोस्लाविया का मामला सभाले। अमेरिकी सरकार ने अपनी सहमति न दी और यह सुझाव रखा कि बाल्कान प्रदेशो के लिए एक परामशदात्री समिति बनाई जाए जिसके माध्यम स मामले तय हा। पर चर्चिल अपनी जिद पर अडे और अपने प्रस्ताव को एक ऐसे प्रयोग के रूप मे मनवाने का आग्रह करने लगे जिसे तीन महीन तो चलाया जाए।

सोवियत सघ ने भी अपनी ओर से चर्चिल के इस सलाह मसवरे की सूचना अमेरिका को दी ताकि मित्र राष्ट्रो की मित्रता म किसी तरह की खटाई न पडे। रूजवेल्ट की ओर से सूचना दी गई कि ब्रितानी प्रस्ताव को एक विशुद्धत अस्थायी प्रबध के रूप मे माना जा रहा है। पर भविष्य का प्रबध बाद मे ही होगा। ब्रिटेन के नेता अपने ढग से चलते रहे और अक्टूबर सन 1944 मे चर्चिल और ईडन ने मास्को जाकर न कवल अपने समझौते पर रूसी मुहर लगवा ली बल्कि, रूसी नेता स्टालिन के साथ इस बाल्कान प्रदेश के बारे मे अपने अपने प्रभाव की मात्रा प्रतिशत के रूप मे) भी तय करवा ली।

चर्चिल के ही शब्दो म यह समझौता इस तरह हुआ कि उसने रूस के लिए 90 प्रतिशत प्राधान्य रूमानिया ने माना और यही प्रतिशत ब्रिटेन का यूनान मे

रहा । यूगोस्लाविया मे दोनो का पचास पचास प्रतिशत तय माना गया । चर्चिल के अनुसार उ हाने एक कागज पर इन पाचो बाल्कान प्रदेशो म ब्रिटेन व सोवियत सघ क वचस्व का प्रतिशत लिख दिया, यथा, रूमानिया म सोवियत का 90 प्रतिशत वचस्व यूनान मे ब्रिटेन का 90 प्रतिशत वचस्व हगरी और युगोस्लाविया म पचास पचास प्रतिशत दोना का वचस्व बुल्गारिया म सोवियत का 75 प्रतिशत वचस्व तथा अ या का 25 प्रतिशत । स्टालिन ने इस कागज को देखा और उस पर एक बडा सा नीला सही का निशान बना दिया और कागज चर्चिल को ही लौटा दिया । सब कुछ झटपट ही तय हो गया था । वह समझौते वाला कागज टेबल पर पडा था । साम्राज्यवादी चर्चिल क मन का चोर जाग गया कि यदि लोग जानेंगे तो क्या कहेगे कि इतने बडे मामले जिनसे लाखो लोगो के भाग्य जुडे हैं इस चलताऊ ढग स तय हो गए । चर्चिल की राय थी इस कागज को जिसमे पाच बाल्कान राष्ट्रो की भाग्य रेखा निश्चित कर दी गयी थी जला दिया जाए । लेनिन के महान शिष्य' व साम्यवादी नेता स्टालिन ने जारशाही के लहजे मे फरमाया नही इसे आप ही रख लें । मसगजा दोप गुण भर्वा त' साम्राज्यवादिया की सगत कुछ रगत तो लाकर ही रहेगी ।

याल्टा सम्मेलन
(4 फरवरी सन 1945 से 11 फरवरी 1945 तक)

महासमर निर्णायक दौर मे पहुच चुका था । दूसरा मोर्चा पश्चिम म खुल चुका था जिसकी वजह से जमन नात्सी सै य शक्ति को तोडना और भी आसान होता जा रहा था । पर दूसरा मोर्चा खोलने म देर लगाकर पश्चिमी मित्र राष्ट्रो ने सोवियत की लाल सना के कधो पर ही सारा बोझ टिका दिया था । वे अपनी सीमाओ म जमन नात्सी स य शक्ति को खदेड कर पडोसी दशो को नात्सी आतक से मुक्त करने के लिए आगे बढते गये और तब चर्चिल और उनक मित्रो को भविष्य की एक नापसद तस्वीर उभरती दिखाई देने लगी । इस उभार को समय रहते जितना भी रोक सके उतना रोक लेने के लिए चर्चिल ने वह दौडधूप मास्को जाकर की जिसका हम जिक्र कर चुके हैं और घटनाचक्र को कुछ थोडा सा अपने अनुकूल मोड पाने म सफलता प्राप्त कर ली । फिनलण्ड पर आक्रमण करके अपनी रक्षा पक्ति दुरुस्त करने वाल सोवियत नेताओ न साम्राज्यवादियो का यह 'अर्जित फल' चख लिया और यूनान व यूगोस्लाविया के मुक्त सैनिको को उनके भाग्य पर छोड मजे स बदर बाट म शामिल हो गए । अभूतपूर्व बलिदान देकर लाल सना पडोस के उस समूचे प्रदश को नात्सी और उनके सहायक जहरीले तत्वो से मुक्त करान क अभियान म आगे बढती ही जा रही थी । उ होने चर्चिल स यह गठजोड न किया होता तो यूनान यूगोस्लाविया व भूमध्य सागर का भविष्य ही कुछ

और बनता, पर स्टालिनी नेतत्व ब्रितानी व अमेरिकी साम्राज्यवादियो मे मिल-जुलकर चलने की नीति अपना रहा था। यूरोप की लडाई का अन्त साफ नजर आ रहा था, पर इससे अमेरिका को पूरी तरह निश्चितता नही प्राप्त हो रही थी, अमेरिका की "बडी लडाई" तो अभी बाकी थी—वह लडाई जिसने वस्तुत अमेरिका को महासमर मे ला पटका था अर्थात अमेरिका का जापान के विरुद्ध महायुद्ध। इस युद्ध म अमेरिका को अब दूसरे मोर्चे की जरूरत थी और वह दूसरा मोर्चा केवल सोवियत की लाल सेना खोल सकती थी। स्मरणीय है कि सोवियत व जापान के बीच अनाक्रमण सधि का अब तक अच्छो तरह निर्वाह दोनो पक्षा की ओर मे हा रहा था। जापान के विरुद्ध जब तक सावियत लाल सेना न आए इस मोर्चे का बोझ अमेरिकी कधे पर ही था। इस मोर्चे के सैनिक कमाडर सोवियत लाल सेना की आर याचना भरी दृष्टि से देख रह थ।

अमरीका के एक तथाकथित महान सेना नायक ने जो बाद मे जापान पर सैनिक अधिकार कर, अमेरिकी सत्ता की ओर से जापान के कुछ समय के लिए सर्वेसर्वा बन गए थे, सोवियत सना के बारे मे निम्नाकित उद्गार फरवरी 23, 1942 को प्रकट किये थे।

"इस समय की दुनिया की स्थिति यह है कि साहसी रूसी सेनाआ के योग्य झडो पर सभ्यता की आशा टिकी हुई है। मैंने अपन जीवन मे अनक युद्धो म भाग लिया है और अनक का दशक रहा हू, तथा अतीत के महान सैनिक नताओ के अभियाना के ब्यौरा का अध्यता रहा हू मैंने इसमे से किसी लडाई म अब तक के अविजित शत्रु की भारी चोटो का प्रभावशाली ढग से प्रतिरोध करते हुए किसी अन्य को वैसा नही पाया, जैसा सोवियत सना ने किया है जि होने जवाबी हमले पर दुश्मनो को उनके घर लौटने के लिए खदेडना शुरू कर दिया है। जिसे पैमान पर और जिस शान से यह महान प्रयास सम्पादित किया जा रहा है, उसने इस समूचे इतिहास की सबसे महान सनिक उपलब्धि बना दी है।'

जर्मनी में सन 1938 तक वैज्ञानिक इस प्रयत्न में जुटे हुए थे कि वे परमाणु विखंडन का तरीका खोज निकालें पर वहां सफलता नहीं मिली। इसी दिशा में अमेरिकी जिन्हें नात्सी उत्पीड़न के कारण देश से भागे एस महान वैज्ञानिक जैसे आइन्स्टीन का सहयोग मिला, और इस दिशा में जोर शोरों से काम चलता रहा पर यूरोप में युद्ध खतम होने तक सफलता हाथ नहीं लगी। काम फिर भी जारी रहा। जब पोटसडम में ट्रूमैन विचार विमर्श में मशगूल थे, उस समय जुलाई16 को अमेरिकी वैज्ञानिकों ने अनंत परमाणु परीक्षण में सफलता प्राप्त कर ही ली और वह वैज्ञानिक उपलब्धि तुरंत ही एक भीषण संहारक अस्त्र की उत्पत्ति का कारण बनी। ट्रूमैन की खुशी का ठिकाना न रहा पर उन्होंने इस "गुप्त" उपलब्धि को जग जाहिर नहीं होने दिया। चर्चिल को तो सभी कुछ बताया गया पर 24 जुलाई को ट्रूमैन के द्वारा स्टालिन का केवल यह खबर दी गई कि एक "विकराल अस्त्र के निर्माण में अमेरिका को सफलता मिल गई है। स्टालिन ने आशा प्रकट की कि इसका उपयोग मित्र राष्ट्रों के दुश्मनों के खिलाफ होगा। इसके आगे रहस्य पर पर्दा पड़ा रहा।

पर्दा तब भी पड़ा रहा जब स्टालिन के बिना ही 26 जुलाई, 1945 को जापान को अंतिम चेतावनी दी गई अर्थात "पोट्सडम ' की घोषणा कर दी गई तीन बड़ों के नाम पर जिसमें सोवियत संघ की जगह "चीन" को शामिल किया गया चूंकि तीनों जापान के विरुद्ध घोषित युद्ध लड़ रहे थे, सोवियत संघ को औपचारिक तौर से अभी युद्ध की घोषणा करनी थी। सोवियत संघ को जापान के विरुद्ध लड़ाई से उत्पन्न होने वाली विजयश्री से बाहर रखने का क्रम शुरू हो गया था। मोलोतोव को पोट्सडम घोषणा की एक प्रति भिजवा दी गई। तब उन्होंने यह अनुरोध किया कि इसे दो तीन दिनों के लिए रोक लिया जाये पर अब अमेरिकी मित्रों को सोवियत के सैन्य 'योगदान" में दिलचस्पी नहीं रह गई थी। वे अपनी दूसरी ही उधेड़बुन में लगे हुए थे।[3]

जापान ने पाटसडम की चेतावनी ठुकरा दी। अमेरिकी नेता ट्रूमैन यही चाहते थे। उन्हें पहले यह भी सलाह दी गई थी कि बिना चेतावनी दिए

परमाणु बम की मार की जाय पर अधिकाश सलाहकारो का जिनमे कुछ नामी वैज्ञानिक भी थे, यह जोर था कि चेतावनी तो दी' ही जाये[4]। 28 जुलाई को जापानी प्रधानमत्री सुजुकी ने चेतावनी ठुकराई और 31 जुलाई को बम अग्निवर्षण के लिए तयार था। खराब मौसम ने पाच दिन और दिए। 5 अगस्त को पोटसडम से ट्रूमैन घर को रवाना हुए और 6 अगस्त को सुबह 8 45 मिनट पर हिरोशिमा नगर पर यह ब्रह्मास्त्र छोड दिया गया।

मिनटो मे 80 हजार आदमी कालक्वलित हो गये और इतने ही बुरी तरह से घायल। बम की आग ने 4 4 वगमील के घेरे को भस्मसात कर दिया जैसे आग का तूफान फट पडा हो। लगभग 60 62 हजार इमारते देखते-देखते धराशायी हो गई, वाकी टूट फूट गई। ऐसा विनाश पहले भी हो रहा था, पर ऐसे विनाश को लाने के लिए सैकडो क्या हजारो हवाई जहाजा और कुछ लाख टन बमो की जरूरत होती रही। एक बम ऐसी विनाश लीला उगलेगा, यह पहली बार देखने को मिला, जो मौत से बच गये, उनके रोगटे खडे हो गये। तीन दिन के बाद जापान के दूसरे घनी आवादी वाले नगर नागासाकी की शामत आई। परमाणु बम उस पर फेंका गया। इस अपूव विनाश लीला के वाद जापान ने घुटने टेक दिए। औपचारिक तौर पर आत्मसमपण के दस्तावेजा पर सितबर मे हस्ताक्षर हुए।

आखिर परमाणु बम ऐसे सहारक अस्त्र का प्रयोग इतने आनन फानन से अमेरिका ने क्या किया, विशेषत तब जबकि धुरी राष्ट्रो म तब अकेले जापान ही युद्ध क्षेत्र मे रह गया था और यूरोपीय मच के मित्रराष्ट्र छुटटी पा गये थे। इतने भारी जन जीवन की कीमत पर यह विजय अभियान क्या सगठित हुआ ?

इस सबध मे चार बातें या तक अमेरिकी नेताओ और लेखको के द्वारा दिए गए हैं(1)प्रथम यह कि अमेरिकी सनिको का जीवन बचाने के लिए, (2)दूसरा यह कि लडाई जल्द खतम हो जाये, लबी न खिचे (3) तीसरा यह कि यहा ढग से परमाणु युग के आगमन की घोषणा हो और (4) अतत कि पूर्वी एशिया में रूसी प्रभाव के विस्तार को न्यूनतम कर दिया या उसे सीमित कर दिया जाए।

राष्ट्रपति ट्रूमैन ने पहला व दूसरा तक सावजनिक रूप स इस्तेमाल मे लिया पर लोगो को यह बात इस कारण जँची नही कि जापान की हालत तब बहुत खस्ता हो चुकी थी। उनमे जवाबी हमला करने की क्षमता जा चुकी थी। अमेरिकी बम वषक महीनो स तबाही किये जा रहे थे और जवाब मे जापान कुछ नही कर पा रहा था।[5] जापान ने रूसी नेताओ से मध्यस्थता करने का प्रस्ताव भी रखा था जिसकी खबर स्टालिन ने ट्रूमैन को दे दी थी। लडाई बिना परमाणु बम के इस्तेमाल के भी वसे ही खतम होन जा रही थी क्योकि सोवियत सघ के जापान के विरुद्ध घोषणा के बाद जापान के लिए मुक्ति के सारे द्वार बद हो चुके थे। दो

बमो की लोमहषक सहार लीला के बावजूद जापानी सैनिक कमान ने घोषणा की थी कि हम इन बमो स कोई घबडाहट नही हुई है और हम बदले की कारवाई करने जा रहे है।[6] पर सोवियत सघ के युद्ध मे आते ही युद्ध का पासा पलट गया जसा अमेरिकी एडमिरल लीही और चर्चिल ने खुद स्वीकार किया है कि परमाणु बम की वजह स जापान न घुटने नही टेके।[7]

एक दष्टि स द्वितीय महायुद्ध के दौरान सबसे महत्वपूण विकास था अमेरिका का न केवल औद्योगिक दृष्टि स सवश्रेष्ठ राष्ट्र के रूप म उभरना बल्कि, एक सबस अधिक सम्पन्न व पुष्ट सैनिक शक्ति के रूप म ढलना। जहाँ तक औद्योगिक जगत म सवश्रेष्ठ स्थान ग्रहण करने की बात थी, जसा हम अपने प्रथम खण्ड म बता चुके हैं यह प्रक्रिया द्वितीय महायुद्ध के शुरू होने के पहले ही उस बिन्दु पर पहुच चुकी थी। अमेरिका ब्रिटेन को कब का पछाड चुका था। पर सैन्य शक्ति के रूप म प्रथम महायुद्ध के खतम हो जाने के बाद भी बहुत दिनो तक अमरिका की स्थिति प्रकटत इग्लैण्ड फास व जमनी के बाद ही मानी जाती थी। यो नौसेना की दष्टि स अलबत्ता अमेरिकी ब्रिटेन की होड म आगे बढता जा रहा था और द्वितीय महायुद्ध शुरू होने के पूव तक आगे निकल चुका था।

सवश्रेष्ठ औद्योगिक शक्ति का सैनिक दष्टि से एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप मे विकसित हो जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया थी। पर अगर महायुद्ध मे अमेरिका न घसीटा गया होता तो सम्भवत इस स्वाभाविक प्रक्रिया को प्रतिफलित होने म कुछ देर लगती। अमेरिका मजे से एक बेजोड औद्योगिक और व्यापारिक शक्ति के रूप मे ढल रहा था उसके पास सना का जवाब उसके अनुरूप न था। जहाजरानी और नाविक शक्ति के बारे मे अमेरिकी शासक वग सचेत थे और उसकी जरूरत न थी जसी पल हाबर के बाद तुरत ही महसूस होने लगी। शुरू शुरू मे उनकी नीति यूरोप के झझट म न पडने की थी। "नकदी दो और ले जाओ" की नीति चलाकर वे तटस्थ भी रहे। ब्रिटेन के साथ सहानुभूति रखते हुए अटलाटिक चाटर के बाद भी वे समुद्री "जलमार्गों के बेरोकटोक आवाजाही" की बातो मे अधिक दिलचस्पी लेते रहे। प्रथम महायुद्ध के दौरान भी अमरीका को युद्ध म लाने में विलसन को बडी मेहनत करनी पडी थी तब जाकर सन 1917 म अमेरिका यूरोप की झझट म शामिल हुआ था। अमेरिकी जनमत इस लडाई मे भी नही पडना चाहता था न यूरोप म और न पूव एशिया म। पर पल हाबर और जमनी की अपनी नाकेबन्दी की कायवाही ने अमरिका को युद्ध म लाकर ही माना और एक बार अमरिका सन् 1941 के वष के समाप्त होते होते युद्ध म घसीट लिया गया तब एक विशाल सनिक शक्ति के रूप म भी अमेरिका का ढल जाना द्रुतगति से होने वाली एक सहज प्रक्रिया के रूप म हुआ जिसका अमेरिकी जनजीवन और जागतिक राजनीति दोनों पर गभीर और बहुत टिकाऊ प्रभाव पडा और जिसका

विकृत रूप हमे युद्ध के अंतिम दिनों से ही देखने को मिलने लगा। परमाणु शक्ति का सफल परीक्षण और इस अपूर्व सहारक शस्त्र से एशिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र पर भीषण प्रहार, इस विकृत हो रही मन स्थिति का पहला विस्फोट था जो अनावश्यक होते हुए भी लाखो असैनिक नागरिको को बिना पूर्व सूचना के बात की बात मे परमाणु बम की "नारकीय भट्टी" मे झोकने के बाद सुख की नीद सोने का ढिंढोरा पीटता है।[8] अमेरिकी नौसेना के कमाडर पेरी ने अपनी तोपो से गोले दाग कर जापान से कुछ बदरगाह खुलवाने की जिद की थी। कमाडर प्रेसीडेंट ट्रूमैन ने भी एसी ही जिद हिरोशिमा और नागासाकी मे, बिना सूचना के, और अनावश्यक तौर पर परमाणु बम बरसा कर लाखो लाखो असैनिको को मिनटो मे हताहत कर पूरी की। परमाणु बम के द्वारा सहार करने के पूर्व ही जापानी सैन्य शक्ति त्राहिमाम करती शरणागत होने को व्यग्र थी पर 'पेरी मनोवत्ति" भला ऐसे कैसे मानती। हथियार हैं तो हथियार चलाये जायेगे वह भी एशियाई रणस्थल मे, भले ही वह परमाणु बम हो।

युद्धकाल मे सैन्य कार्यों के मद मे लगभग 315 अरब डॉलर व्यय किए गए और यदि हम युद्ध ऋण और अवकाश प्राप्त सैनिको के कल्याणाथ हुए खच को भी जोड लें तो यह खच लगभग 425 अरब डॉलर बैठेगी। इस भारी सैन्य व्यय भार ने औद्योगिक विकास को ऊचे सोपान पर ला खडा किया। दिन दूनी रात चौगुनी वद्धि औद्योगिक उत्पादन मे हुई। अगर हम 1947 49 के वष को आधार मान-कर चलें (100)तो उत्पादन जहा 1939 मे 57 तो वह 1941 मे 88 और 1943 मे 133 हो गया। इसी प्रकार जी० एन० पी० (कुल राष्ट्रीय उत्पादन) के आकडे बताते हैं कि—सन् 1929 मे जहा जी० एन० पी० 104 अरब डालर था।

1939 में लगभग	100 अरब से कम रहा
1940 मे लगभग	100 अरब
1941 मे लगभग	125 8 अरब
1942 मे लगभग	159 1 अरब (इस समय की कीमतो के आधार पर)
1943 मे लगभग	192 5 अरब
1944 मे लगभग	211 5 अरब
1945 मे लगभग	213 6 अरब

इसके साथ साथ सरकारी व्यय का औसत भी बढता गया। जहा 1932 मे 'कु रा उ" का 7 प्रतिशत रहा, वहा 1944 मे यह "कु रा उ" का 50 प्रतिशत हो गया। इस प्रकार हम यह पाते हैं कि युद्धकाल मे जहा एक ओर अमेरिका मे उत्पादन की शक्तियो का अभूतपूर्व विस्तार हुआ और उत्पादन की मात्रा मे

वद्धि हुई, वहा सरकारी नियत्रण और हस्तक्षेप तथा सरकार के द्वारा 'खरीद व्यय की मात्रा का अनुपात भी तेजी स बढता गया। विकास के इस स्वरूप ने सरकारी केन्द्रीकरण को तो प्रोत्साहित किया ही, अमेरीकी अथव्यवस्था म विशाल व्यापारिक औद्योगिक सस्थाओ की अथतत्र पर जकड को भी मजबूत कर दिया। धडाधड करोडो अरबो के ठेके उन्हे मिलने लगे जिसस व तो फलते फूलते गये पर छोटे छोटे व्यापारिक फम टूट फूट गये। सन 1940 के जून महीने से लकर सितबर 1964 तक करीब 175 अरब डॉलर क ठेके कोई 18 539 सस्थाना को दिए गए पर 67 प्रतिशत, य ठेके करीब 100 प्रतिष्ठानो क हाथो म आए और 117 अरब डालर का हिस्सा था। हुआ यह कि यह हिस्सा इन बडे सस्थानो का 67 स 75 प्रतिशत के बीच की बना रहा। युद्ध समाप्त होते ही इन विशाल अमेरिकी व्यापारिक औद्योगिक सस्थाओ की राक्षसी मुट्ठी म था अरिमेका का युद्ध काल मे तेजी से विकसित पल्लवित हुआ युद्धोन्मुख अथतत्र। युद्ध खतम होते ही विपरीत दिशा म जाने वाली शातिकालीन सभावनाओ का अन्त करने का सकल्प अब इन विशाल सस्थाओ के मालिको को बुरी तरह ग्रसने लगा और वे उसकी तैयारी मे लगे।

विकास पथ पर आरूढ अथतत्र के इस स्वरूप पर ध्यान रखें तो हम पाते हैं कि इन औद्योगिक व्यापारिक सस्थाओ तथा रईस किसानो के वग का शासन तत्र पर आधिपत्य युद्धकाल म काफी मजबूत हो गया था। अपने अतिम चुनाव के दिनो रुजवेल्ट ने शातिकाल म उठने वाली समस्याओ को ध्यान म रखकर इन मजबूत वर्गों के प्रतिनिधियो को पूरी तरह अपने पक्ष म रखने की नीति अपना ली थी जिसका परिणाम था कि उन्होने अपने विश्वासपात्र और जनसाधारण मे 'लोक प्रिय" हेनरी वेलस को उप राष्ट्रपति' का उम्मीदवार बनाने की जगह हेरी एस ट्रूमेन को यह उम्मीदवारी दे दी। इसी तरह उन्होने सिनेटर वेडनबग तथा जान फास्टर डलेस' ऐसे कुख्यात साम्राज्यवादी और रिपब्लिकनो को सान फ्रासिसको सम्मेलन म अमेरिकी प्रतिनिधि मडल का सदस्य बनाया ताकि वे वहा सयुक्त राष्ट्र सघ का सविधान तैयार करायें। इस तरह के लोग अमेरिकी राज्य नीति निर्माण के क्षेत्र म आगे बढाये जा रह थे जिनकी यह दृढ मान्यता थी कि अमेरिका अब इस नई उभरती युद्धोत्तर दुनियाँ के अनाथालय का एक मात्र 'ट्रस्टी' है या अमरिकी साप्ताहिक 'टाईम' के सपादक हेनरी लुई के शब्दो म अब मानव इतिहास की अमेरिकी शताब्दी प्रारभ हो गई है।

सारी दुनियाँ को अपने पग तले घसीट लाने की महत्वाकांक्षा इतिहास म अनेक सिरफिरे आक्राताओ के मन को डस चुकी थी। अभी अभी हिलटर, मुसोलिनी और जापानी सैन्यवादी इस जहर की मार से कुत्तो की मौत मर चुके थे, पर अब यह जहर यहाँ से हटकर अमेरिकी शासक वग के मन पर उतरने लगा

था और उतर रहा था परमाणु अस्त्र के सहारे धीरे-धीरे। वह एक चीज थी जो उनके पास है और अन्य के पास नही थी। उससे बचाव करने के लिए कवच भी नही है। ऐसी जहरबुझी भावना उनके साथियो के मन मे घर करने लगी।

युद्धकालीन मैत्री का अन्त

पिछले पष्ठो मे उस सम्मेलन की चर्चा की जा चुकी है जो महायुद्ध की समाप्ति के पूव आयोजित किया गया था और जिसमे सोवियत सघ के नेता स्तालिन तथा रूजवेल्ट के उतराधिकारी अमेरिका के नये राष्ट्रपति ट्रूमेन पहली बार एक दूसरे से मिले। पोट्सडम का यह सम्मलन महायुद्ध की समाप्ति के पूव का अतिम महत्वपूण बडो का सम्मेलन था। इस बातचीत के पूव ट्रूमेन ने अपने मत्रिमडल मे भारी रद दोबदल कर दिया था। रूजवेल्टकालीन दस मत्रियो मे से 6 हटाए गये थे। बाकी 4 मे 2 सन् 1945 के अन्त तक और शेष 2 सन 1946 के अन्त तक बिदा हो गए।[10] इन हटाए गए मत्रियो मे एक थे हेनरी मारगेन्थाऊ जूनियर, जो कोष विभाग के मत्री थे और जिन्होने जमनी के वि-औद्योगीकरण की वह योजना बनाई थी जिसे पिछले सितम्बर म चर्चिल और रूजवेल्ट का समथन मिला था। तब आग्ल-अमेरिकी योजना थी कि युद्ध के बाद जमनी का औद्योगिक ढाचा तोड मरोड दिया जाए और कडाई से उद्योग प्रधान जमनी की औद्योगिक रीढ तोड दी जाए। यह इस बात का सूचक था कि अमेरिका का रख सोवियत सघ के बारे मे बदल रहा था।[11] इन तमाम नियुक्तियो मे एक सर्वाधिक महत्व की नियुक्ति थी जेम्स एफ बाइरनीज की जो परराष्ट मत्री बनाये गए। ट्रूमेन तब उन्ह इस पद के लिए सबसे अधिक योग्य व्यक्ति मानते थे पर शीघ्र ही उनके विचार बदलने लगे।

जैसे ही पोटसडम सम्मेलन शुरू हुआ, राष्ट्रपति ट्रूमेन ने दो प्रस्ताव सम्मेलन के सम्मुख रखे। पहला था परराष्ट्र मत्रियो की परिषद की स्थापना के सबध मे और इसे तुरन्त स्वीकार कर लिया गया। दूसरा प्रस्ताव बाइरनीज के शब्दो म ही "हमारा मसविदा साफ कह रहा था कि याल्टा घोषणा के दायित्वो को ठीक तरह से निभाया नही जा रहा है।" और यह सुझाया गया कि, "बुल्गारिया और रूमानिया की सरकारो के पुनगठन के लिए मिलजुल कर कायवाही की जाय ताकि, सभी लोकतत्री गुट भागीदार बन सकें।" इस दूसरे प्रस्ताव का रूसियो ने तुरन्त ही यह आरोप लगाते हुए विरोध किया कि अग्रेजो ने यूनान म अवैध हस्तक्षेप किया है और मनमाने ढग स "चुनाव" सगठित किए हैं। मोलोतोव के शब्दो मे "यूनान मे जो अतिवादी कायवाहिया हुई हैं उनकी तुलना मे रूमानिया या बुलगारिया मे हुई कारवाइया नगण्य हैं।" इस प्रकार जैसा हम अन्यत्र भी बता चुके हैं, पोट्सडम सम्मेलन की शुरूआत से ही आरोप प्रत्यारोपा का सिलसिला दोनो

तरफ स इस ढग स चलना शुरू हुआ जो पुराने मत्री सबधो के खटाई में पडने की
सूचना द रहा था। रूजवल्ट काल की अमेरिकी परराष्ट्र का अन्त समीप आ
गया था। सुमनरवल्स न (जो रूजवल्ट क उप-परराष्ट्रमत्री थे) ठीक ही कहा
है अमरिकी नीति का दिशा निर्देश दूसर हाथो म चला गया। इसने अमरिकी
सोवियत सबधो म जो भारी परिवतन ला दिया यह पोटसडम सम्मेलन म उप
स्थित सभी निष्पक्ष पयवक्षको को स्पष्ट हो गया था।[12] पर इस सम्मेलन म
परराष्ट्र मत्रियो क परिषद की स्थापना हो गई थी जिनके जिम्मे यह महत्वपूर्ण
काम सौंपा गया कि व युद्धोत्तर सधियो और व्यवस्था के मसविदे तैयार करें।
इस परिषद की पहली बठक लन्दन म 11 सितम्बर को बुलाई गई पर इस की
उपयुक्त अनबन क अलावा कुछ और महत्वपूर्ण घटनाएं घट चुकी थी। पोटसडम
सम्मलन शुरू ही होने का था कि अमरिका म सबस घातक "परमाणु बम" का
सफल परीक्षण हो चुका था और अमरिकी शासको की नीयत सोवियत सघ को
दूर रखकर, समूच जापान पर कब्जा करने की बन चुकी थी ताकि, सोवियतो को
उसम हिस्सदारी न मिल सक और याल्टा समझौता का पालन करने की जरूरत
भी न पडे।[13] जब अमरिका ने महाअस्त्र को चलाने का निणय कर लिया था, उस
समय तक जापानी साम्राजियो का मनोबल बहुत नीचे गिर चुका था और सोवि
यत सघ क समक्ष तथा अमरिकियो के आग यह बात स्पष्ट हो चुकी थी कि जापान
आत्म समपण के लिए तयार है उस पर परमाणु बम की मार करने की कतई
जरूरत न थी।[14] पर अमरिकी शासको ने परमाणु बम चलाने का निश्चय किया
और दो ऐसे सहारक बम उनक दो जनसकुल नगरो हिरोशिमा और नागासाकी
म छोडे। इसने उस जापान को तुरन्त घुटने टेकने को मजबूर कर दिया, जो
इसके बिना भी पहल से आत्म समपण के लिए उचित सहारे की खोज कर रहा
था। अमरिकी शासको ने यह विध्वसक परमाणु बम के एक मात्र धारक होने की
सूचना दे दी और यह भी चेतावनी द दी कि अपने स्वार्थो की पूर्ति के लिए परमाणु
बमो की वर्षा करके मनुष्य मात्र क जीवन को अतिम सकट की दिशा मे ढकेल देने
का बेशर्म दुसाहस ट्रूमेन मे पाते हैं। मदोन्मत होकर चर्चिल ने कहा था
ऐसी शक्ति प्राप्त हुई जो अबाध है भविष्य के बारे मे हमारा रुख बिल्कुल बदल
मानवीय मामलो म एक नये सबल तत्व के सामने हम अपने को पाते हैं हमे
गया है।[15]

बदले हुए माहौल मे शाति वार्ता

इस बदले हुए माहौल म शाति वार्ता के प्रयास हुए और वे प्रयास बहुत कुछ
सफल रहे। जमनी के साथ 7 मई 1945 को और जापान के साथ 5 सितम्बर,
1945 को युद्धविराम की सधि हो जाने के बाद तो युद्ध समाप्त हो गया पर उसके

साथ युद्धकालीन मैत्रीपूर्ण वातावरण भी लगभग समाप्त सा हो गया था। रूज-वेल्ट की असमय में ही मृत्यु हो जाने से युद्धोत्तर वार्ताओं और समझौता पर बड़ा असर पड़ा। इंगलैण्ड में चुनाव हुए और चर्चिल का दल हार गया। लेबरदल के नेता के रूप में एटली और परराष्ट्रमंत्री वेविन ने युद्धोत्तर व्यवस्था के निर्माण में हिस्सा लिया। युद्धकाल के तीन बड़ो में अकेले स्टालिन ही सत्ता में थे। पुराना माहौल पुराने लोगों के साथ जाता रहा। इसने शांति स्थापना के काय को कठिन बना दिया था। भीषण क्षति से ग्रस्त पश्चिम यूरोप अपने पुनर्निमाण के लिए पूरी तरह आश्रित हो रहा था, उधर पूर्वी यूरोप के व देश जिन्हें सोवियत की लाल सेना ने फासियों और नात्सियों से मुक्त किया था, सोवियत सत्ता के वश-वर्ती बन चुके थे। ऐसा लग रहा था कि यूरोप दो भागों में बट चुका है और यह विभाजन रेखा सोवियत की लाल सेना और आंग्ल-अमेरिकी सेनाओं के द्वारा अधिकृत क्षेत्रों के विभाजन की रेखा के आधार पर अपने आप ही तीखी और गहरी होती चली जा रही है।

भूमिका बन चुकी थी पर काम कठिन हो गया प्रारंभिक कठिनाइयां

यों तो प्रथम महायुद्ध की तुलना में द्वितीय महायुद्ध के बाद शांति स्थापना का काय सरल हो जाना चाहिए था। मित्र राष्ट्र शुरू से ही भविष्य में युद्धोत्तर व्यवस्था के निर्माण के बारे में चिंतित रहे हैं और प्रयत्नशील रहे हैं कि कम से कम युद्धोत्तर पुनर्निमाण के बारे में अधिकाधिक सहमति से कुछ मूलभूत सिद्धांत तय कर लें ताकि युद्धोपरांत शांति स्थापना का कार्य सरल हो जाए। ऐसी दूर-दर्शिता युद्धकाल में उनकी मैत्री को प्रगाढ करने में भी सहायक रही है। इसी को ध्यान में रखकर सन् 1941 में चर्चिल और रूजवेल्ट ने अपने एटलांटिक घोषणा पत्र में युद्धोत्तर शांति व्यवस्था के बारे में कुछ सिद्धांतों की उद्घोषणा की थी। इसी प्रकार सन् 1943 के नवम्बर में काहिरा सम्मेलन में जापान के साथ संधि करने की शर्तों के बारे में विचार हुआ था। इसी वष पोलेण्ड की सीमा व ईरान की प्रादेशिक अखण्डता के बारे में भी कुछ निणय लिए गए थे। इस दिशा में, फरवरी सन् 1945 में याल्टा सम्मेलन में तय हुई बातें उल्लेखनीय रहीं जिनमें बहुत महत्वपूर्ण सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा पोलेण्ड की सीमाओं, जापान के अधिकार में, कुछ प्रदेशों को सोवियत संघ को दिए जाने का निश्चय तथा विजेताओं के बीच जर्मनी के अस्थायी विभाजन का भी निर्णय लिया गया। इसी समय चर्चिल और स्तालिन के बीच पूर्वी यूरोप के राज्यों को लेकर 'प्रभाव क्षेत्रों का बंटवारा भी हुआ।

सबसे महत्व की बात यह थी कि युद्ध समाप्त होने के पहले ही राष्ट्र संघ की राख पर नये जागतिक महत्व के संयुक्त राष्ट्र संघ की इमारत को खड़ा

दैत्य की तरह समुद्रपार करवटें बदल रहा था। लेकिन इस बिगडते हुए माहौल मे भी सोवियत सघ के साथ मिलकर अन्य मित्र राष्ट्रो ने सयुक्त राष्ट्र की स्थापना कर ली थी और उस जगत व्यापी सगठन ने अपना काम शुरू कर दिया था और अब लडते झगडते हुए भी मित्रराष्ट्र पराजित शत्रु देशो के साथ शाति सधिया करने की योजना बना रहे थे। इस बदले हुए वातावरण मे आग्ल अमेरिकी नेतत्व मे ऐसे प्रयत्न चल रहे थे कि जितना कुछ हो सके, याल्टा और पोटसडम के समझौतो से, विशेषत उन समझौतो स जिनमे सोवियत सत्ता को कुछ विशेष सुविधाए तथा अनुग्रह दिए गए थे, बच निकलें ताकि, सोवियत सना ने जिन प्रदेशो को अपने बाहुबल से "मुक्त" कराकर अपने अनुकूल राजनीतिक एव आर्थिक व्यवस्था की स्थापना का प्रयत्न शुरू कर दिया था, वहा सोवियत के प्रति मत्रीभाव रखने वाली सरकारें नही सगठित हो सकें। उन प्रदशा पर सोवियत की जकड ढीली की जा सके और यदि "खुले' चुनाव के जरिए सोवियत विरोधी व उनसे स्वतत्र पर पश्चिमोन्मुखी तत्वा, यथा पुराने उद्योगपतियो, जमीदारो, बकरो तथा अन्य युद्ध पूव के शासक वर्गो को सगठित किया जा सके, तो ऐसा किया जाए। इस तरह की कायवाहियो का नतीजा उल्टा ही हुआ। सोवियत शासको क मन मे पश्चिमी देशो के शासका के इन अमैत्रीपूण कृत्यो और वक्तव्यो ने कोई अच्छी छाप नही छोडी, पर ध्यान देने योग्य बात यह है कि सोवियत नेता, इस प्रकार के व्यवहार स क्षुब्ध जरूर हुए पर उन्होने बहुत दर तक 'सहयोग और सौहाद्र वाला अपना युद्धकालीन रुख त्यागा नही बल्कि, वे इस दुर्भाग्यपूण घटनाचक्र स सतप्त रहते हुए भी, (यथा 20 सितम्बर, 1945 म अपने एक सम्पादकीय मे सोवियत मुखपत्र इजवेस्तिया ने लिखा कि "पश्चिमी गुट पश्चिम मे रूसी विश्वास को समाप्त करने पर तुल हुए हैं।") उन्होने परराष्ट्र मत्रि परिषद की बैठको म यह चेष्टा जारी रखी कि पराजित शत्रु देशा से शाति सधि सम्पन्न हो जाए। इस पराक्रम म आशिक सफलता हा मिल पाई क्योकि युद्धकाल की सबसे बडी समस्याए—जमनी व जापान स शाति सधिया कर पाना--तत्काल सुलझ नही पाई। केवल उन्ही दशो स सधि सम्पन्न हो सकी जहा सावियत या आग्ल अमेरिकी सना का एकाधिकार बना हुआ था। ये देश थे इटली रूमानिया, बुलगारिया, हगरी और फिनलेण्ड। इनके बारे मे सधि के प्रारूप तय हो सके और उसम भी लगभग दो वप लग गए पर जमनी, आस्ट्रिया और जापान के साथ सधि सम्पन्न कर पाना तत्काल कठिन ही नही बन गया बल्कि तत्काल ऐसा लगने लगा कि यह काय असभव बन गया है। पर जिन देशो के साथ सन 1947 तक सधि की शर्तें तय हो गई, उनसे सबधित प्रश्ना पर परराष्ट्रमत्री परिषद की बैठका म काफी वाद विवाद छिडा, अनेक प्रश्नो पर मतभेद और असहमति के दौर चले और अततोगत्वा शाति सधि के प्रारूप तय हो पाये जिनम तत्कालीन "यथास्थिति' का

गया। सान फ्रासिसको सम्मेलन म सयुक्त राष्ट्र का 'चाटर' (अधिकार पत्र या सविधान) तैयार कर लिया गया जो मित्र राष्ट्रो के युद्धकालीन सहयोग, साहचय और सौहार्द का सर्वोत्तम फल था। इन सबके साथ साथ पोटसडम सम्मेलन म उस कार्यविधि क बारे म भी निणय लिया गया जिसके अतगत शाति रचना की जानी थी। इसके अनुसार यह तय हुआ कि प्रथम महायुद्ध के उपरात जसा शाति सम्मेलन बुलाया गया था, उस तरह का आयोजन न करके, पाच बडे राष्ट्रों-सयुक्त राज्य, सोवियत सघ ब्रिटेन, फ्रास व चीन के परराष्ट्र मत्रियो को यह जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे शत्रुराष्ट्रो के साथ सधि के मसविद तैयार कर।

इतनी ढेर सारी तयारियो के बावजूद यदि शाति स्थापना का काय अन्त तोगत्वा ठडा हो गया तो इसका मुख्य कारण था नये अमेरिकी शासकों का बदला हुआ रुख। ट्रूमेन शासन के तेवर और अदाज बदल चुके थ और अग्रेज छट भइया उनकी हा ही मे हा नही मिलाते जा रहे थे—बल्कि, उन्हें उकसाते चल रह थे ताकि सोवियत सघ क विरुद्ध एक सुदढ मोर्चा अमेरिका से बनवा कर अमरीकी परराष्ट्र नीति को यूरोप के घरेलू मामला म अच्छी तरह उलझा दें, इतना कि वे यूरोप की ध्वस्त पूजीवादी व्यवस्था के पुर्ननिमाण म पूरी दिलचस्पी से काम कर और अपनी परपरागत "तटस्थतावादी' नीति की ओर न लौट पडे जिसका खतरा युद्ध खतम होते ही उस जबदस्त अमेरिकी अभियान के चलते चलते बढ रहा था जिसके अतगत यह लोकप्रिय माग अमेरिका की बस्ती-बस्ती म उठ रही थी कि "हमारे बच्चो को घर वापस बुलाओ।' चर्चिल और उनके साथी लेबरदल के नेता तथा उनके यूरोपीय पिछलग्गू इस खतरे को भली भाति भाप रह थ और आसन्न विपदा को टालन के उपाय सोचने मे लग गए। शीत युद्ध का अस्त्र इसी 'शैतान के कारखाने" की उपज था। उस युद्ध की बिगुल बजे, इसके पहले यह माग पश्चिमी देशो के जिम्मेदार हलको मे उठायी जाने लगी कि सोवियत सघ से युद्ध का खतरा बढ रहा है और पश्चिम इस युद्ध क लिए तयार रह।[16] यह कहा जाने लगा कि सोवियत कब्जे के बाहर यूरोप का जो भाग बचा हुआ है उसे सगठित किया जाए एक सयुक्त राज्य या इकाई की तरह और मज बूत किया जाए। फ्रास, इटली व बेल्जियम तथा अन्यत्र भी साम्यवादी दल एक सशक्त दल की तरह उभरे थे और पूजीवादी व्यवस्था के पोषक तत्व नात्सी व फासिस्त ताकतो स साठ गाठ कर बहुत बदनाम हो चुके थे तथा जनसाधारण के मन म उनकी साख बहुत नीचे गिर चुकी थी। चच का हाल भी बहुत उजला बेदाग न था पर कुछ भी हो पश्चिम यूरोप को "सोवियत पजो म पडने देने से रोकना जरूरी था। यह ब्रिटेन के शासको की चिंता ही न थी बल्कि, यूरोप के समाजवादियो तथा चचवादियो का भी आदोलन बन गया।[17] जबदस्त आसरा था परमाणु आयुधधारी, डॉलर सम्पन्न अमेरिकी साम्राज्यवाद का जो अकेला महा

दृश्य की तरह समुद्रपार करवटें बदल रहा था। लेकिन इस बिगड़ते हुए माहौल मे भी सोवियत संघ के साथ मिलकर अन्य मित्र राष्ट्रों ने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना कर ली थी और उस जगत व्यापी संगठन ने अपना काम शुरू कर दिया था और अब लड़ते झगड़ते हुए भी मित्रराष्ट्र पराजित शत्रु देशो के साथ शांति संधियां करने की योजना बना रहे थे। इस बदले हुए वातावरण म आंग्ल अमेरिकी नेतृत्व म ऐसे प्रयत्न चल रहे थे कि जितना कुछ हो सके, याल्टा और पोटसडम के समझौतो से, विशेषत उन समझौतो से जिनमे सोवियत सत्ता को कुछ विशेष सुविधाएं तथा अनुग्रह दिए गए थे, बच निकलें ताकि, सोवियत सेना ने जिन प्रदेशो को अपने बाहुबल से "मुक्त" कराकर अपने अनुकूल राजनीतिक एव आर्थिक व्यवस्था की स्थापना का प्रयत्न शुरू कर दिया था, वहां सोवियत के प्रति मैत्रीभाव रखने वाली सरकारें नही संगठित हो सकें। उन प्रदेशों पर सोवियत की जकड़ ढीली की जा सके और यदि "खुले" चुनाव के जरिए सोवियत विरोधी व उनमे स्वतंत्र पर पश्चिमोन्मुखी तत्वो, यथा पुराने उद्योगपतियो, जमींदारो, बैंकरो तथा अन्य युद्ध पूर्व के शासक वर्गों को संगठित किया जा सके, तो ऐसा किया जाए। इस तरह की कार्यवाहियो का नतीजा उल्टा ही हुआ। सोवियत शासको के मन म पश्चिमी देशो के शासको के इन अमैत्रीपूर्ण कृत्यो और वक्तव्यो ने कोई अच्छी छाप नही छोडी, पर ध्यान देने योग्य बात यह है कि सोवियत नेता, इस प्रकार के व्यवहार से क्षुब्ध जरूर हुए पर उन्होने बहुत देर तक "सहयोग और सौहार्द्र वाला अपना युद्धकालीन रुख त्यागा नही बल्कि, वे इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना-चक्र से संतप्त रहते हुए भी, (यथा 20 सितम्बर, 1945 मे अपने एक सम्पादकीय म सोवियत मुखपत्र इजवस्तिया ने लिखा कि "पश्चिमी गुट पश्चिम मे रूसी विश्वास को समाप्त करने पर तुले हुए है।") उन्होने परराष्ट्र मंत्रि परिषद की बैठको म यह चेष्टा जारी रखी कि पराजित शत्रु देशो से शांति संधि सम्पन्न हो जाए। इस पराक्रम मे आंशिक सफलता ही मिल पाई क्योंकि युद्धकाल की सबसे बड़ी समस्याएं—जर्मनी व जापान से शांति संधियां कर पाना—तत्काल सुलझ नही पाई। केवल उन्ही देशो से संधि सम्पन्न हो सकी जहां सोवियत या आंग्ल-अमेरिकी सेना का एकाधिकार बना हुआ था। ये देश थे इटली, रूमानिया, बुलगारिया, हंगरी और फिनलेण्ड। इनके बारे म संधि के प्रारूप तय हो सके और उसम भी लगभग दो वर्ष लग गए पर जर्मनी, आस्ट्रिया और जापान के साथ संधि सम्पन्न कर पाना तत्काल कठिन ही नही बन गया बल्कि, तत्काल ऐसा लगने लगा कि यह कार्य असंभव बन गया है। पर जिन देशो के साथ सन् 1947 तक संधि की शर्तें तय हो गईं, उनसे संबंधित प्रश्नो पर परराष्ट्रमंत्री परिषद की बैठकों मे काफी वाद विवाद छिड़ा, अनेक प्रश्नो पर मतभेद और असहमति के दौर चले और अंततोगत्वा शांति संधि के प्रारूप तय हो पाये जिनमे तत्कालीन "यथास्थिति' को

स्वीकार करने के अलावा और कुछ चारा न था। यह सिलसिला निम्नांकित ढंग से चला।

लंदन में परराष्ट्रमंत्री परिषद की प्रथम बैठक (सितम्बर, 1945)

परराष्ट्रमंत्री इस व्यवस्था के अंतर्गत सबसे पहले लंदन में सितम्बर 11, 1945 को मिले। बैठक में "पांच बड़ों" के परराष्ट्र मंत्री शामिल हुए—अमेरिका, सोवियत संघ ब्रिटेन, फ्रांस और चीन। बैठक 11 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चली। शुरू से ही ब्रिटेन और अमेरिका तीन बड़ों के अलावा किसी चौथे को लाने में हिचक रहे थे। अमेरिका जिस "चौथी" ताकत को लाना चाहता था, वह चीन था पर ब्रिटेन उसे नहीं चाहता था। ब्रिटेन फ्रांस को चौथा सवार बना कर लाना चाहता था जिसे अमरीका और सोवियत दोनों ही नापसंद कर रहे थे क्योंकि "फ्रांस" के वास्तविक शासक मार्शल पेता तो हिटलर के सहयोगी बन बैठे थे। लंदन में बचे खुचे फ्रांसिसियों के नेता "द गाल" यों तो अपने को स्वतंत्र फ्रांसिसियों के नेता घोषित किए बैठे थे, पर थे पूर्णतः चर्चिल पर आश्रित। स्टालिन और रूजवेल्ट दोनों ही इस चौथे सवार के पक्ष में न थे। स्टालिन चौथे सवार के रूप में च्यांग काई शेक वाले चीन के पक्ष में भी नहीं थे। पर अंततः चर्चिल ने अपनी बात मनवा ली। इधर फ्रांस उधर चीन चौथे और पांचवें सवार बना दिए गए। यह युद्ध के अंतिम दिनों की बात थी जब संयुक्त राष्ट्र का ढांचा तैयार होने को था और युद्धोत्तर पुनर्निर्माण की नींव डाली जा रही थी। अब शांति संधियों की रचना की बात शुरू हुई तो यह तय हुआ कि शांति संधियों पर विचार तो पांचों परराष्ट्र मंत्री इस परिषद में बैठकर करेंगे पर संधि रचना के लिए केवल उन्हीं देशों के मंत्री उत्तरदायी होंगे जिन्होंने विराम संधि पर हस्ताक्षर किए हैं। इस प्रकार तीन बड़ों ने दो छुटभइयों को विचार विमर्श में तो शामिल कर लिया पर उन्हें संधियों के बारे में फैसला करने का अधिकार नहीं दिया गया। वे इसमें मतदान नहीं कर सकते थे। इस प्रकार यूरोपीय शांति संधियों से 'एशियाई' एकमात्र शक्ति जिसे पांच पंचों में एक माना गया था अलग कर दी गई। फ्रांस भी अलग हो गया, पर उसके हितों की देखभाल तो ब्रिटेन कर ही रहा था। सोवियत नेता इस संकुचित यूरोपवाद के खुद शिकार हो गए थे पर यह सिद्धांत कि जो विराम संधि में नहीं शामिल हैं, वे संधि निर्णय से भी बाहर रहेंगे, उनके विरुद्ध ही जाने वाला था, जब सुदूरपूर्व के बारे में फैसला करने की बात उठनी थी। स्मरणीय है कि इस सम्मेलन की शुरूआत होने के पहले फ्रांस में दगाल ने एक वक्तव्य में कहा कि पश्चिमी देशों का एक मजबूत गुट बनाया जाना चाहिये जिसका सोवियत संघ ने विरोध किया। इसके अलावा इस बैठक में इतालवी

शाति सधि पर चर्चा हुई पर सफलता नही मिली। मुख्य टकराव सोवियत और दो अन्य बडो,अमेरिका व ब्रिटेन के हिता के बीच हुआ। ब्रिटेन और अमेरिका सोवियत सघ को इटली के मामले मे कही भी कोई सहूलियत देने को तैयार न था। यह प्रदेश "पश्चिमी प्रभाव क्षेत्र" का एक प्रमुख भाग था। सोवियत सघ के नेताओ की माग थी कि—

(1) ट्रीस्ट और फयूम के बन्दरगाहो के साथ साथ जूलियन माच का इलाका यूगोस्लाविया को दे दिया जाए, चूकि उस पर यूगोस्लाविया का दावा तक सगत है।

पर इस मामले मे ब्रिटेन और अमेरिका का रुख कुछ दूसरे ढग का था। वे ट्रीस्ट के बदरगाह का अतर्राष्ट्रीयकरण करना चाहते थे और जूलियन माच को भाषा तथा सस्कृति के आधार पर यूगोस्लाविया और इटली के बीच बाट देना चाहते थे। इस प्रश्न पर असहमति हो जाने के कारण यह मामला उप पर राष्ट्र मत्रियो को सौंप दिया गया।

(2) ऐसी ही कठिनाई क्षतिपूर्ति के प्रश्न पर हुई। सोवियत सघ की माग थी कि इटली से 60 करोड डॉलर हर्जाने के तौर पर वसूल किए जाए और उसका अधिकाश सोवियत सघ को इसलिए दिया जाए चूकि, महायुद्ध मे सबसे अधिक क्षति सोवियत सघ की ही हुई है। ब्रिटेन और अमेरिका इस माग का समथन करने को तैयार न थे क्याकि, उनकी दृष्टि मे इटली इस क्षतिपूर्ति के बोझ को सभाल नही सकता है तथा इन्होने ही इटली को युद्ध पूव भारी मात्रा मे उधार की रकम दे रखी थी, जिसे वसूल कर पाना इन्ही के लिए कठिन था। फासी इटली इनका ही तो पाला पोसा "साड" था जो अक्टूबर शाति के माहौल मे हुडदग मचाने के लिए खूब खिला पिला कर मोटा किया गया था।

(3) सोवियत सघ के नेता साम्राज्यवादियो की पचायत मे बैठकर इस जघन्य अपराध के भी दोषी बन गए, जब उन्होने उपनिवेशो की "बदरबाट" मे शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। इतिहास का यह क्रूर व्यग्य देखिए कि लेनिन के उत्तराधिकारी उपनिवेशवाद को समूल नष्ट करने के बजाय साम्राज्यवादियो से इस 'बदरबाट" मे हिस्सा माग बैठे। उन्होने माग की कि ट्रिपो लिटानिया पर उन्हे न्यास स्थापित करने का अधिकार दिया जाए। पर मजे हुए अपराधकर्मियो के बीच उनकी दाल गलन वाली न थी। ब्रिटेन और अमेरिका इसके लिए तैयार नही हुए। वे सोवियत सघ को इस प्रदेश पर न्यास देकर भूमध्य सागर के रास्ते को अपने एकाधिकार से मुक्त नही करना चाहते थे और न इसके लिए तैयार हुए कि यहा सोवियत के पजे गडने दें ताकि उन अरब देशा पर जो पश्चिमी प्रभाव क्षेत्र म थे, सोवियतो की छाया न पडे।

(4) यही बात सोवियत सघ की उस माग पर हुई कि उसे इटली की नौ

गना जहाजो मे हिस्सा मिले। ब्रिटेन व अमेरिका इटली के मामले म सोवियत सघ को किसी प्रकार की हिस्सदारी देने को तैयार न थे। व इटली को दृढतापूर्वक अपने प्रभाव क्षेत्र का अग मानते थ। उनकी रुचि न तो "लेन देन' म थी और न व सोवियत सघ को अपन प्रभाव विस्तार के लिए कोई भी ऐसा मौका हाथ नहीं लगने देना चाहते थे जो बाद मे उनके लिए सिर दद बन। उनकी रुचि उन प्रदेशा म अपनी घुसपैठ करने की थी, जो तब सोवियत सना के बदा म आ चुके थे, वे प्रदश जो लाल सेना के कब्जे मे थे।

इन प्रश्ना पर यथा जब सावियत मत्री मोलोतोव ने बुलगारिया और रूमानिया की तत्काल सगठित की गई सरकारा को मान्यता देन का प्रश्न उठाया, ब्रिटेन व अमेरिका के प्रतिनिधिया ने अपना विरोध यह कहकर प्रकट किया कि य सरकारें सही माने म जनता का प्रतिनिधित्व करन वाली सरकारें नही हैं, अतएव इन्हें मान्यता दने का प्रश्न ही नही उठना। अमेरिका ने हगरी, बुलगारिया और रूमानिया के सबध म सधिया के प्रारूप प्रस्तुत किये।[18]

इस प्रकार सभी विचाराधीन महत्वपूण प्रश्नो पर उग्र मतभेद उभर आए और परिषद का यह पहला सम्मलन इस अथ मे तो विफल रहा कि बात सुलह की हो नही पायी पर इस अथ मे यह सफल भी रहा कि मित्र राष्ट्रो के नेताओ ने एक दूसरे के सामने बदरबाट" के अपने सौदो की शर्तें रख दी और एक दूसरे को जानकारी दे दी तथा यह सिलसिला शुरू कर दिया कि जो हमारे पास है उसमे तो दूसरो को कुछ देना नही लेकिन जो दूसरो के पास है उसमे से कुछ मिले तो ले लिया जाए। स्पष्ट था कि सनिको ने जो फैसला कर दिया था उसके आगे न सोवियत सघ और न पश्चिमी 'बडे' एक इच भी आगे बढने को तैयार थे। युद्धकाल का मैत्री सगठन ऐसा टूट रहा था कि अब फिर से जुडने की उम्मीद तिरोहित होती दिख रही थी। पर बातचीत का सिलसिला अभी टूटनेवाला न था।

तनाव बढता गया

इधर उधर केवल बाता का ही जमा खच नही हो रहा था। अमेरिका के नेतत्व मे पश्चिम की ताकतें सुदूरपूव मे अपने नव अजित प्रभाव क्षेत्र को मजबूत करन में जुटी रही। उनके इशारे पर दक्षिण कोरिया के प्रदश म सिघम री के नेतृत्व म एक अमेरिका परस्त तथा सोवियत विरोधी सरकार गठित हो गई जिसके फलस्वरूप उत्तरी कोरिया मे सोवियत प्रभाव को सुदढ करना सोवियत सघ के लिए आवश्यक बन गया। सोवियत सघ ने मचूरिया मे भी अपनी सनिक स्थिति सुदढ करनी शुरू कर दी जिसका अथ था चीनी और कोरियायी साम्यवादिया की स्थिति को पुष्ट करना। लदन सम्मेलन की विफलता न यूगोस्लाविया के नेताओ को नी

मामलो मे फिर से दिलचस्पी लेने के लिए प्रेरित किया जिसका फल यह हुआ कि यूनान में साम्यवादियो के प्रभाव मे कुछ उफान आने लगा। स्मरणीय है कि यूनान को "ब्रितानी प्रभाव क्षेत्र" मे स्टालिन ने मान लिया था और वे आगे बढकर यूनानी कम्यूनिस्टो को सहारा देने की नीति त्याग चुके थे। इटली के मामले मे समझौता हो जाता तो यूगोस्लाविया भी ढीला पड जाता। यूनान म स्थिति पूरी तरह ब्रिटेन के पक्ष मे आयी भी नही थी। सोवियत सघ और यूगोस्लाविया का सहारा मिलने पर बाजी अभी भी पलटी जा सकती थी। लदन सम्मेलन के बाद यूनान मे कम्यूनिस्टो के प्रभाव मे बढोत्तरी हुई और मित्र राष्ट्रो के बीच तनाव बढने लगा।

सर्वाधिक महत्व का प्रश्न परमाणु आयुध सबधी रहस्य का क्या हो

हर उदीयमान राष्ट्र के जीवन मे कभी कभी एकाध बार ऐस एतिहासिक अवसर आते हैं जब उसका वरण करने के लिए महानता स्वय दरवाजे पर दस्तक देती है। अमेरिका के जीवन म दूसरी बार ऐसा अवसर उपस्थित हो रहा था, जब एक महान अमेरिका की दृढ नीव डाली जा सकती थी।[19] यह अवसर माग कर रहा था कि अमेरिका अपनी भीषण विध्वश शक्ति "परमाणु आयुध" के रहस्यो की जानकारी अन्यो के लिए सुलभ कर, उस रहस्य पर से परदे उठाकर "परमाणु शक्ति" के दोहन को अतर्राष्ट्रीय नियत्रण मे दे दें ताकि, इस महती शक्ति का रचनात्मक उपयोग जनसाधरण के व्यापक हित मे किया जा सके और छोटे बडे सभी राष्ट्र इस क्षेत्र मे कमर तोड प्रतियोगिता के चक्कर मे पडने से बच जायें। इसका परिणाम यह भी होता कि सयुक्त राष्ट्र की जडें बहुत मजबूत हो जाती, नि शस्त्रीकरण के प्रस्ताव व योजनायें पाखड बनकर न रह जाती। आज जब हम पीछे मुडकर देखते हैं तो इस मुहूर्त के महत्व का ध्यान मे रखते ही एक अजीब पछतावा होता है। कितना विपुल धन, और कितनी अकूत मानवीय शक्ति का इस "परमाणु विध्वश" की साज सज्जा मे, बडे राष्ट्रो की आपसी होड मे तथा छोटे अधमरे देशो के "परमाणु शक्ति" बनकर एक झूठी महत्ता अर्जित करने की चाह मे नष्ट कर दिया गया है। अमेरिका के तत्कालीन मदान्ध शासको ने "परमाणु शक्ति" के रहस्य को अपने एकाधिकार मे रखने की दुरभि सधि रची यद्यपि उनके श्रेष्ठ वैज्ञानिक तथा ट्रूमेन के मत्रिमडल के बहुसख्यक सदस्यो ने तक इस 'परमाणु रहस्य" के क्षेत्र मे सोवियत सत्ता के साथ साझदारी करने का प्रस्ताव रखा था।[20] अमरीका दूसरी ओर मुड गया और उससे शासको ने यह कोशिश की कि 'परमाणु शक्ति के रहस्य अमेरिका की मुट्ठी मे ही बद रहे। अमेरिकी शासको म अपने आपको और अपनी अमेरिकी जनता को भुलावे मे रख पाने की ऐसी अदभुत क्षमता है, जैसी किसी अन्य शासक के पास नही है। पर ऐसे दूरदर्शी व

साहसी अमेरिकी भी थे जो प्रोफेसर हैरॉल्ड मेउरे की तरह एक बहुत बड़ पर माणु वैज्ञानिक जो यह चेतावनी देने से नही चूके कि "हम बम बना रहे हैं और उन्हें सजो रहे हैं और इस प्रकार दूसरे देशो के लिए खतरा बन गए हैं।शस्त्र और हथियारो की होड शुरू करने के अपराधी हैं।[21]

यो परमाणु बम का रहस्य गुप्त रख लिया गया और परमाणु बम चलाने की धमकी खुलकर दी जाने लगी। चर्चिल बर्ट्रेंड रसेल स लेकर सिनेटर जानसन तक सभी के लिए "परमाणु बम" के द्वारा अतिम फैसला करवा देने की धमकी देना आम बात हो गई। इस प्रकार शाति की सुव्यवस्था स्थापित करने के बजाय ट्रूमेन व उनके सहयोगी युद्ध का नगाडा बजाने लगे मानो सोवियत सघ उनका मित्र राष्ट्र न होकर हिटलरी जर्मनी और फासी इटली का समानापन्न शत्रु राष्ट्र हो जिससे धमकी के बल पर ही "सौदा" किया जा सकता हो।

परराष्ट्र मत्रियो का मास्को सम्मेलन
(दिसम्बर 1945)

युद्ध की समाप्ति का वर्ष समाप्त होने जा रहा था। शाति के कपोतो पर ऐसा पथराव अमेरिका ब्रिटेन की ओर से हो रहा था कि वे लहू लुहान हो रहे थे, पर युद्धोत्तर समझौतो की आशा अभी खतम नही हुई थी। यह तय हुआ था कि पर राष्ट्र मत्री हर तीसरे महीने मिला करेंगे। अमेरिकी परराष्ट्र मत्री ने मास्को से सम्पर्क किया और तुरत ही बैठक के लिए उन्हे आमत्रित किया गया। मास्को मे बायरनीज और स्तालिन के बीच तीन बैठकें हुई और बहुत सारे मसलो म सह मति हो गई। इस सम्मेलन मे फ्रास और चीन के परराष्ट्र मत्री नही बुलाये गये। बायरनीज की भी यही सलाह थी।

मुख्य मसला था पाच शत्रु राज्यो के साथ सधियो के प्रारूप पर विचार करना तथा रूमानिया और बुलगारिया की सरकारो को मान्यता देने के प्रश्न को तय करना। इसके साथ ही परमाणु शक्ति के नियत्रण की समस्या पर भी विचार करना तय हुआ था। सुदूरपूर्व अर्थात जापान एव कोरिया के प्रश्न तथा ईरान से मित्र राष्ट्रो की फौजो को हटाना और उसकी प्रभुसत्ता की पुन प्रतिष्ठा ऐसे प्रश्न थे जो मुह बाये खडे थे।

सम्मेलन की कार्यवाही ठीक से शुरू हो गई। पहली समस्या के बारे मे यह तय हो गया कि सधियो के प्रारूप उन राज्यो के द्वारा तैयार किए जायेंगे जिन्होंने विराम सधि पर हस्ताक्षर किए थे। केवल इटली वाले प्रारूप के सबध मे फ्रास को जोड दिया जायेगा। फिनलेण्ड के मसले म सोवियत सघ और ब्रिटेन हिस्सा लेंगे। बाल्कान राज्यो के बारे म "तीन बडे" सधि की रचना करेंगे। जब सारे प्रारूप तैयार हो जायेंगे, तब 21 राज्यो के एक सम्मेलन के सम्मुख उन्हें प्रस्तुत किया

बनेगा जिसमें वे सभी देश शामिल होंगे जिन्होंने यूरोप की भूमि से लड़ाई में सक्रिय रूप से भाग लिया है। यूरोपीय मित्रों और अमेरिका के अतिरिक्त भारत (पराधीन) आस्ट्रेलिया न्यूजीलैण्ड दक्षिणी अफ्रीका तथा ईथोपिया को भी शामिल किया गया। इस प्रकार के सम्मेलन के विचार-विमर्श होने के बाद संधियों के अन्तिम प्रारूप उन्हीं राष्ट्रों के द्वारा तय किए जायेंगे जिन्होंने मूल प्रारूप की रचना की थी। अन्तिम मामले में वे प्रारूप उन सभी राष्ट्रों के सम्मुख रखे जायेंगे जिन्होंने युद्ध की घोषणा की थी लेकिन वे तभी लागू माने जायेंगे जबकि इनकी संपुष्टि उन सभी राष्ट्रों के द्वारा हो जायेगी जिन्होंने विराम संधि पर हस्ताक्षर किये हैं अर्थात् तीन बड़े और पराजित शत्रु राष्ट्र। इस समझौते से सोवियत संघ का यह आग्रह मान लिया गया कि संधियों का मामला तीन बड़े ही तय करें भले ही उस पर राय छोटों की भी ले ली जाए जो पश्चिमी बड़ों का प्रयत्न रहा। वास्तव में बात यह थी कि सोवियत संघ संधियों को आम बहस का विषय नहीं बनाना चाहते थे। या तो वे गुपचुप तौर पर तय हो जायें या बड़ों की छोटी बैठक में। इस सम्मेलन में यह भी तय हुआ कि संधि होते ही मित्र राष्ट्र इन देशों से अपनी सेनायें हटा लेंगे। इसमें एक अपवाद मान लिया गया कि सोवियत संघ हंगरी और रूमानिया में तब तक अपनी सेनायें रख सकेगा, जब तक आस्ट्रिया के साथ संधि सम्पन्न न हो जाये।

इस सम्मेलन ने एक सुदूरपूर्व आयोग की भी स्थापना की जिसका मुख्यालय वाशिंगटन में रखा गया और जिसके जिम्मे यह काम सौंपा गया कि यह जापान के द्वारा संधि दायित्वों को पूरा करने के संबंध में नीतियाँ और स्तर तय करें और जो जनरल मेकार्थर, सर्वोच्च सेनापति के नीति निर्देशों की परिवीक्षा कर सकें। इसमें सोवियत संघ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, हालैण्ड, कनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलेण्ड, फिलीपीन्स तथा भारत (पराधीन) को स्थान दिया गया। इसके अलावा जापान के लिए मित्र राष्ट्रों की एक परिषद भी बनायी गयी जिसमें अमेरिका, सोवियत संघ, ब्रिटेन और चीन को ही सदस्यता दी गयी। इस परिषद की अध्यक्षता प्रशान्त महासागर में मित्र राष्ट्रों के सर्वोच्च सेनापति को सौंपी गयी और उसका प्रमुख केन्द्रालय टोकियो में स्थापित किया गया।

इसके अतिरिक्त (1) एक सोवियत अमेरिकी सम्मेलन जो कोरिया के प्रश्न पर विचार करें और एक ऐसा संयुक्त आयोग जो कोरिया में काम चलाऊ लोकतन्त्रीय सरकार की स्थापना की योजना बनाये, बनाये गये (2) यह भी तय हुआ कि चीन से सोवियत और अमेरिकी सेनाओं को तुरंत वापस बुला लिया जाए तथा (3) एक त्रिसदस्यीय आयोग रूमानिया के लिए बनाया जाय जो रूमानिया जाये और राजा माइकेल की इसमें मदद करें कि राष्ट्रीय किसान दल का एक सदस्य और एक सदस्य उदार दल का केबिनेट में शामिल किया जाय ताकि उन्मुक्त ऐसे वातावरण

में जिनमें ब्रिटेन, भारत और सोवियत संघ की रजामन्दी हो, युद्ध कराने जा सकें तथा (4) सोवियत संघ का यह जिम्मेदारी सौंपी गई कि वह सोवियत सेनाओं के दो प्रतिनिधियों को बुल्गारिया की सरकार में शामिल कराये। यह तय हुआ कि सारे कदम उठा दिए जाने के बाद ही रूमानिया और बुल्गारिया की सरकारों को पश्चिमी शक्तियां मान्यता देंगी।

अंतिम महत्व का मामला परमाणु आयोग की स्थापना के संबंध में थी। बायरनीज न तो चाहता था कि सम्मेलन में गंभीर चर्चा हो। इसके बाद में तय होकर मानो रोक दे इस विषय सूची में अंत में रख लिया। मोलोटोव ने अमेरिका के इस सुझाव का पहले तो विरोध किया जिसके अनुसार इस मत को सीढ़ी दर सीढ़ी तय करना था पर बाद में वे मान गए। 15 नवम्बर का वाशिंगटन परमाणु समझौता स्वीकार कर लिया गया जिसमें सुरक्षा परिषद के अधिकार सुरक्षित कर दिए गए। रूसियों ने परमाणु बम की चर्चा ही नहीं की। बैठक 16 दिसम्बर से चलकर 27 दिसम्बर को समाप्त हो गई।

मास्को सम्मेलन ने इस तथ्य को अच्छी तरह उद्घाटित कर दिया था कि सोवियत संघ युद्धकालीन मैत्री को तोड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं रखता वरन् वे समझौतावादी रुख बनाए हुए हैं और सभी मसलों पर मिल जुल कर चलने को तैयार हैं। लेकिन जब अमेरिकी परराष्ट्र मंत्री सम्मेलन समाप्त कर घर लौटे तो उन्हें भी यह देखकर खेदपूर्ण विस्मय हुआ कि अमरीकी 'प्रेस' का एक मुखर अंग मास्को समझौते को 'तुष्टीकरण' का कदम ठहरा रहा है। दुर्भाग्य इससे बड़ा यह था कि राष्ट्रपति ट्रूमेन आग बबूला हो रहे थे कि बायरनीज ने वार्ता के दौरान उनसे संपर्क नहीं रखा और जितनी सख्ती वे चाहते थे, उतनी सख्ती से साथ वे रूसियों से पेश नहीं आए। ईरान के मसले में रूसी कारवाइयों का उन्होंने विरोध नहीं किया। ट्रूमेन ने बायरनीज को जो पत्र भेजा उसमें उन्होंने लिखा

'मेरे मन में थोड़ा भी संदेह नहीं है कि रूस तुर्की पर हमला करना चाहता है और काले सागर में और भूमध्य सागर में उसके इलाकों को छीन लेना चाहता है। यदि रूस का सामना तनी भृकुटियों तथा कड़ी भाषा के साथ न किया गया तो दूसरी लड़ाई अन्दर ही अन्दर पकती रहेगी। वे केवल एक ही भाषा समझते हैं—तुम्हारे पास सेना की टुकड़ियां कितनी हैं ?

मैं नहीं सोचता कि अब आगे कोई समझौते की बात हो। जब तक वे हमारी बातें न मानें, हमें रूमानिया और बुलगारिया को मान्यता नहीं देनी चाहिए हम रूस से अपने जहाजों की वापसी पर जोर देना चाहिए और रूस को दिया गया उधार पटटे का हिसाब चुकता करने के लिए जोर देना चाहिए। मैं सोवियतों को पालने में झुलाते झुलाते थक गया हूं।'[23]

रूस से तुरन्त हिसाब नहीं हो सका पर बायरनीज का हिसाब तुरन्त चुकता

कर दिया गया। वे हटा दिए गए। ट्रूमेन के ये लिपिबद्ध उद्गार, जैसा उन्होंने अपने संस्मरण में खुद कहा है अमेरिकी परराष्ट्र नीति में एक नये मोड़ के सूचक हैं।[4] ट्रूमेन की उस मनःस्थिति के निर्माण की प्रक्रिया का यहा आभास मिल रहा था जो अपने पूरे विस्फोटक रूप में साल सवा साल के बाद 'ट्रूमेन सिद्धांत' की घोषणा के रूप में 'शीत युद्ध' की शंखध्वनि करने वाली थी। आम लोग समझ रहे थे कि मित्र राष्ट्र मिल जुल कर युद्धोत्तर मामले निबटा रहे हैं पर आंग्ल अमेरिकी शासक अपनी खिचडी अलग ही पका रहे थे जिस पर रखा ढकना थोड़ा सा हटते ही इतनी गरम भाप छोड गया था। बायरनीज ने कोई बड़ी बात न कर केवल इतना ही स्वीकारा था कि जो जहा अपनी सेना के साथ गया है, वहा की संधि का प्रारूप वह तय कर ले। उन्होंने रूसियो को धमकाने डराने की दुर्नीति का सहारा जरूर नही लिया।

पेरिस का उप परराष्ट्र मंत्री सम्मेलन

लंदन में परराष्ट्र मंत्रियो की परिषद ने जैसा तय किया था उसी के अनुसार जनवरी सन् 1946 मे उप-परराष्ट्र मंत्रियो का एक सम्मेलन हुआ जिसकी बैठकों में इन उप मंत्रियो ने संधियो के प्रारूप तैयार करने के प्रयास किये। ये बैठकें 12 जुलाई तक चलती रही, और इनमे पांच शांति संधियो के प्रारूप तयार किए गए।

इन बैठको में सबसे बडी अड़चन इटली और यूगोस्लाविया की सीमाओ को लेकर पैदा हो रही थी। प्रश्न 'ट्रीस्ट प्रदेश के बारे मे था कि यह युगोस्लाविया को मिले या इटली को या कोई अन्य व्यवस्था की जाय। इस प्रदेश मे मित्र राष्ट्रो की सेनाओ ने भी प्रवेश किया था और युगोस्लाव सैनिक भी थे। तब दोनो के बीच यह समझौता हुआ था कि ट्रीस्ट नगर को दो भागो मे बांट दिया जाय। पेरिस सम्मेलन मे सोवियत ने जूलियन मार्च के इलाके को भाषा और संस्कृति के आधार पर युगोस्लाविया को देने का अनुरोध किया। पर ब्रिटेन और अमेरिकी ने इस तर्क को नही माना। वे इन आधारो पर दोनो का दावा मान रहे थे। सोवियत संघ ट्रिपोलिटानिया पर अपना दावा छोड़ने को सहमत थे बशर्ते कि युगोस्लाविया को ट्रीस्ट दे दिया जाए पर दो बड़े राजी नही हुए। अंत मे फ्रांसिसी मंत्री बिदो के सुझाव पर इस नगर के अंतर्राष्ट्रीकरण के प्रस्ताव को मान लिया गया। 29 जून को बिदो ने एक सात सूत्री कार्यक्रम सुझाया जिसके अनुसार 10 वर्षों तक ट्रीस्ट को स्वतंत्र नगर बना कर रखा जाय और उसके प्रशासन मे सोवियत संघ अमेरिका ब्रिटेन, फ्रांस, इटली और युगोस्लाविया को शामिल किया जाय। इसमें सुरक्षा परिषद और इसके निवासियो को भी हिस्सेदारी मिले तथा प्रादेशिक अखण्डता बनाये रखने का भार सुरक्षा परिषद को सौंपा जाए। जूलियन मार्च के बारे में बाद को यह तय किया गया कि इसका अधिकांश युगोस्लाविया को दे दिया

जाए। स्वतत्र नगर के बारे म एव सविधान की रचना भी हुई जो इटली से की जान वाली सधि म जोड दिया गया।

इधर शीतयुद्ध की तैयारी, उधर सम्मेलन

शाति सधियो वाला मसला पेरिस के सम्मेलन मे अतत निबटे इसके पहले, शीतयुद्ध के गोले दागे जाने लगे। अमेरिकी शासको का मिजाज बिगड रहा था। वे अब सोवियतो के साथ हस बोल कर युद्धोत्तर पुनरचना में दिलचस्पी लेने को कतई तयार नही थे। जितना कुछ धौंस धमकी से छुडा सकें, उतना सोवियतो से छुडा लें पर जो बच रहा है, पूजीवादी दुनिया का जो भाग एशिया अफ्रीका म तब भी बरकरार था और बर्लिन के पार का पश्चिमी यूरोप उसे सगठित करें और सोवियतो को कमजोर बनाकर कालातर मे पूर्वी यूरोप को भी हथिया लें, ऐसी योजना उन पश्चिमी देशो के शासक वर्ग के मन को बेचैन करने लगी जिनकी कमान अमेरिकी राष्ट्रपति अपने हाथ मे लिए हुए थे। वे परमाणु बम धारी तो थे ही। इस ध्यान म रखकर उधार पटटे की बात खतम कर दी गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति के सभापतित्व मे फुल्टन म चर्चिल का वह दहलाने वाला भाषण दिया जा चुका था जिसम 'लोह आवरण' म पनपने वाली रूसी तानाशाही को ललकारा गया था। चुनौती रूसी शासको को सभी मोर्चे पर दी जा रही थी और सोवियत सघ का एक ऐसी दुर्दान्त शक्ति के रूप म पेश किया जा रहा था जो पश्चिमी सभ्यता के लिए एक ऐसा भारी खतरा हो जिससे भिडने के लिए ध्वस्त यूरोप फासी और नाजी शक्तियो को यथा पुर्तगाल और स्पेन को तथा पश्चिम म लुके छिपे नाजियो को गले लगाए बिना पश्चिम का काम नही चलने का हो। मुददे की बात यह थी अमेरिकी ब्रितानी साम्राज्यवाद का गठबधन अपनी टूटती फूटती दुनिया को और अधिक टूटने न देने के लिए कमर कस रहे थे। युद्धोन्माद फैलाने से बढकर और उपाय ही क्या था जब पूजीवाद की कलई पूरी तरह यूरोप म खुल चुकी थी, पहले हिटलर मुसोलिनी के हाथो और बाद म सोवियत शक्ति के सामने। एशिया और अफ्रीका के पददलित लोगो ने अपनी आखो के आगे 'अजेय यूरोपीय शक्ति को एशियायी 'जापानी' सैनिक शाहो के आगे घुटने टेकते देख लिया था और उनकी 'अजेयता' का बुलबुला देखते ही देखते फूट गया था। जगह जगह आवाज बुलद हो रही थी 'एशिया छोडो'! 'अफ्रीका छोडो'!'

उभरते हुए इस साम्राज्य विरोधी एशिया अफ्रीका व्यापी अभियान के दौरान आग्ल अमेरिकी गठबधन की मुख्य चिंता का विषय था कि किस प्रकार टूटती गिरती हुई साम्राज्यवादी पूजीवादी व्यवस्था को फिर से पायेदार बनाया जाय और सोवियत सघ और विशेषत उनके प्रभावक्षेत्र म आए इलाको को जमने न दिया जाय तथा पुनर्निर्माण के कार्यों मे शातिपूर्वक उन्हे जुटने का अवसर प्राप्त

न होने दिया जाय। पर इस तरह का माहौल बनाना आसान न था। कल ही तो सोवियत की लाल सेना के तारीफ के पुल बांधे जा रहे थे, उनकी मित्रता और सौहाद्र की चर्चा जोरों पर थी, उन पर भरोसा करने की बात जनसाधारण की जुबान पर ला दी गई दी थी। इतनी जल्दी सोवियतों के बारे में रुख कैसे पलटा जा सकता था। इसलिए सीढी दर सीढी बढा जा रहा था। सोवियत नेता भी तुर्की ब तुर्की इन चालों का जवाब दे रहे थे पर समझौतावादी रुख बनाये हुए थे, जैसा मास्को सम्मेलन ने दिखाया। वे अगले सम्मेलनों में यह धारणा पुष्ट करने चल रहे थे कि सोवियत व्यवस्था पूंजीवाद से लडना नहीं चाहती, उसके साथ मिलजुल कर चलना चाहती है। मिलजुल कर उसने संयुक्त राष्ट्र बनाया है, शांति संधियां रच रहे हैं और भी आगे बहुत सारी बातों में सहयोग हो सकता है। वे फुल्टन भाषण ऐसी बातों से भी इतने उत्तेजित नहीं हो रहे थे कि सहयोग और सौहाद्र के सारे पुल ही तोड दें। विरोध करते अडते, आपत्ति करते पर अंततः सुलह के लिए प्रस्तुत हो जाते। महायुद्ध में सबसे भारी बलि उनके ही जनधन की थी, इतनी कि जिसका आंकडों का अंदाज लगाना कठिन हो रहा था। इस स्थिति में शांति का कोई भी विकल्प सोवियत के मन में, किसी भी नागरिक में, शासक दल के सदस्य के मन में सहज रूप से आ ही कैसे सकता था। अमरीका और ब्रिटेन के सत्ताधारी इसे खूब जानते थे।

पेरिस के शांति सम्मेलन की पूर्व पीठिका

इस ऊभ चूभ वाले वातावरण में पेरिस में 25 अप्रल 1946 में परराष्ट्र मंत्रियों का फिर से सम्मेलन हुआ। इस बार मोलातोव इस बात के लिए राजी हो गए कि फ्रांसिसी प्रतिनिधि भी भाग लें। मोलातोव ने अमेरिका द्वारा प्रस्तुत जर्मनी से संबंधित संधि प्रारूप तो यह कह कर अस्वीकार कर दिया कि इससे काम नहीं चलेगा। आस्ट्रिया के बारे में बातें करने से इंकार कर दिया। इटली के उपनिवेशों का क्या हो, इस पर विवाद बना रहा—ऐसे ही विवादग्रस्त ट्रीस्ट और डोडेकेनीज के मामले बने रहे। यही हश्र उस प्रस्ताव का हुआ जिसे दिसंबर सन 1945 में बायरनीज ने स्टालिन के सामने रखा था कि जर्मनी को निःशस्त्र बनाये रखने की एक पचीसवर्षीय संधि की जाय जिसके अनुसार रूस की सुरक्षा का एक ओर प्रबंध हो दूसरी ओर रूस की लाल सेना जर्मनी से वापस चली जाय। पर फुल्टन भाषण के बाद दूसरा अवसर पश्चिम ने, खो दिया था। ट्रूमैन से डांट खाये हुए बायरनीज कलम फूंक फूंक कर रख रहे थे और राष्ट्रपति के लहजे में लाल-पीले होकर सोवियतों को धमकी दते जा रहे थे और सारा दोष सोवियत संघ पर मढ रहे थे। एक बात हो गई थी जिसे रूजवेल्ट ने हमेशा बचाने की कोशिश की थी—आंग्ल अमेरिकी गठबंधन की हर मामले में एक गुट बनाकर सोवियत के

विरुद्ध मोर्चाबंदी अब खुले रूप मे हो रही थी। इसने अमरिका के उन तत्त्वो को जरूर खुश कर दिया था जो ट्रूमेन के नेतृत्व मे रूस र कडाइ स पेश आने के हिमायती थे।

पश्चिमी गोलाद्ध की प्रयोगशाला

अमेरिकी शासक वग की अपनी भावी योजना की एक झलक पश्चिमी गोलाद्ध की प्रयोगशाला म देखने को मिल रही थी। पश्चिमी गोलाद्ध अमेरिका का अपना घर आगन था। सबसे पहल कदम वहा ही उठाना लाजिमी था। ट्रूमेन ने 7 मई सन् 1946 मे पश्चिमी गोलाद्ध के अपने किले को अस्त्र शस्त्रो म सुसज्जित करने का प्रस्ताव काग्रेस के सम्मुख रखा। डॉलर और हथियार इस गोलाद्ध के देशो म बरसने लगे और चार वर्षों के अन्दर ही लाखो डालर की कीमत वाले हथियार ही नहीं आये बल्कि, यहा क सैनिक तत्त्वो को इस हद तक पुष्ट किया जाने लगा कि एक के बाद दूसरी लोकतत्री सरकारे उखडती चली गई और सैनिक तानाशाहिया स्थापित होती चली गई। अमरीका की 'सौहार्द्रपूर्ण पडोस धम' ध्वजा जगह जगह फहराने लगी। यह अमरीकी जागतिक शक्ति की परराष्ट्र नीति का एक पूर्वाभ्यास सिद्ध हुआ जिसकी लपेट मे शीघ्र ही बाकी पूजीवादी दुनिया के क्षेत्र भी घसीटे गए। इसी तूफानी अभियान मे फासी स्पेन, पुर्तगाल व अर्जेंटाइना मित्र बना लिए गए।

पेरिस सम्मेलन का दूसरा दौर

पेरिस में पुन जून 1946 म पर राष्ट्र मत्रियो की बैठक हुई। मोलोतोव न गतिरोध दूर करत हुए यह मान लिया कि डोडेकेनीज द्वीप यूनान को दे दिए जाए। अमेरिका का यह प्रस्ताव भी उन्होने मान लिया कि साल भर क लिए इटली क उपनिवेशो के भविष्य की चर्चा टाल दी जाए। अगर आग्ल अमेरिकी गठबधन को यह डर था कि रूसी भूमध्य सागर मे घुसपैठ करना चाहते हैं तो रूसियो ने इस भय को निर्मूल बना दिया। मोलोतोव ने यह भी मान लिया कि शाति सम्मलन 29 जुलाई से बुलाया जाए। तब कही आग्ल अमेरिकी गुट्ट ने सोवियत की यह माग मानी कि उन्ह इटली स दस करोड डालर हर्जाने के दिलवाये जाए और यह इटली के अतिरिक्त औद्योगिक साज सामान म, तथा बाल्कान प्रदेशो म इटली की पूजी व सम्पत्ति म और बाकी इटली के उत्पादन से वसूला जाए जिसके लिए कच्चा माल रूसी देंगे।

ट्रीस्ट के बारे म फ्रासीसी प्रस्ताव द्वारा सुझायी गई वह विभाजन रेखा मान ली गई जो इटली और यूगोस्लाविया की सीमाओ को बाटेगी। ट्रीस्ट को एक स्वतत्र राज्य मान लिया गया, तफसील मे बाद वाद मे तय होनी थी।

एक और प्रश्न पर विवाद था। मोलोतोव रूस का निषेधाधिकार उस प्रक्रिया के सबध मे भी चाहते थे जिसके अनुसार शानि सम्मेलन चलाया जाना था। इस पर भी समझौता हो गया। इस प्रकार फ्रास क सहयोग और सोवियता के समझौता परस्त रुख ने शाति सम्मेलन की सभावना को सफलता के करीब ला दिया।

पेरिस का शाति सम्मेलन
(29 जुलाई सन् 1946 से अक्टूबर 15, 1946)

अतत वह घडी भी आई जब पेरिस मे शाति सम्मेलन जुलाइ 29, सन 1946 का शुरू हुआ। इस सम्मेलन म 29 राज्यो के प्रतिनिधि जुटे और उन्होने परराष्ट्र मत्रिया द्वारा तैयार किए गय सधिया के प्रारूप पर विचार किया आर अपनी अनुशसायें प्रस्तुत की। इसमे कुल 1385 प्रतिनिधि तथा लगभग दो हजार पत्रकारा न भाग लिया। चार बडा ने प्रस्ताव रखा कि मामले दो तिहाई बहुमत से तय किए। जाये छोटे देशा ने बहुमत स निणय करने का प्रस्ताव रखा। समझौता यह हुआ कि परराष्ट्रमत्रियो की परिषद को जा अनुशसाये भेजी जायें व दो तिहाई बहुमत स स्वीकृत होने के बाद भेजी जायें तेकिन साधारण बहुमत स पारित प्रस्ताव भी विचाराथ भेज दिए जायें। सम्मेलन ने अपना सारा काम पाच आयोग के माध्यम से तथा 4 समितिया के जरिये किया (सनिक, कानूनी तथा दो आर्थिक समितिया) शत्रु देशो के प्रतिनिधियो को अपनी बातें रखने का मौका दिया गया परन्तु मत देने का अधिकार न था।

नवबर 4 स दिसबर 12, सन् 1946 तक, फिर न्यूयाक मे परराष्ट्र मत्रिया की परिषद की बैठके हुई जिसमे पाचा सधिया का अतिम रूप दिया गया। इन सधियो पर पाचा शत्रु देशो के प्रतिनिधयो तथा युद्ध मे भागीदार सभी मित्र राष्ट्रो के हस्ताक्षर फरवरी 10, सन् 1947 को हो गये जिसने युद्धोत्तर व्यवस्था निर्माण के काय का एक महत्वपूण अध्याय पूरा कर दिया।

इटली के साथ सधि

इस सधि मे 10 धाराए तथा 17 अनुक्रमणिकायें थी इस सधि के अनुसार निम्नाकित क्षेत्रीय प्रबध किए गए

अध्यक्ष महासभा अनुच्छेद 21 मे दिये अधिकार के अ तगत अपनी कार्य प्रणाली व नियमावली का स्वय ही निर्धारण करती है। अधिवेशन का सबसे पहला काम अपने अध्यक्ष का चुनना होता है। यह एक परम्परा सी बन गई है कि अध्यक्ष बडी शक्तिया का निवासी नही होता है। इसका कार्यकाल एक वष का होता है। अध्यक्ष के पद को एक महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यद्यपि उसके पास कोई विशेष अधिकार नहीं है वह सभापति की तरह ही कार्य करता है परन्तु अधिवेशन का काम ठीक स चलाने के लिए और सयुक्त राष्ट्र सघ के हित को महासभा के अन्दर की गुटबंदियो व दुष्प्रभाव स मुक्त रखने मे वह बहुत कुछ योगदान कर कर सकता है। वह महासभा की बैठक को स्थगित करने या किसी विषय पर हो रहे

वाद विवाद को स्थगित करने या निलबित करने का सुझाव दे सकता है पर वह मतदान म भाग नही ले सकता है।

महासभा के नियमानुसार अध्यक्ष के अतिरिक्त 17 उपाध्यक्षो और समितियो के सभापतियो के चुनावो की भी व्यवस्था है। उपाध्यक्षो के चुनाव म इस बात का ध्यान रखा जाता है कि इन म जहा तक सम्भव हो 7 व्यक्ति एशियाई अफ्रीकी देशो म एक पूर्वी यूरोप से,दो पश्चिमी यूरोप से तीन लातिनी अमरिका से तथा शेष अन्य देशो से (कैनडा, आस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड) से लिए जाय। इसके अलावा सुरक्षा परिषद के पाच स्थायी सदस्य भी इसमे शामिल किए जाते हैं। इस प्रकार इसकी सदस्य सख्या 18 हो जाती है। परन्तु जिस क्षेत्र से अध्यक्ष चुना जाता है उसकी एक सख्या कम कर दी जाती है। यह भी व्यवस्था की गई है कि कम से कम एक उपाध्यक्ष पद एशिया अफ्रीका देशो म से या पश्चिमी यूराप तथा अन्य राज्यो म से या अध्यक्ष पद या सभापति पदो म से एक राष्ट्रमडलीय राष्ट्रो के सदस्यो को दिया जाय। स्पष्ट है कि महासभा ने प्रादेशिक तथा अन्य आधार पर स्थित महासभा के अन्दर की गुटबन्दियो को इस प्रकार मान्यता प्रदान की है।

मतदान जसा कहा जा चुका है महासभा म प्रत्येक सदस्य राष्ट्र का एक मत होता है। महत्त्वपूर्ण प्रश्नो पर महासभा अपने 2/3 बहुमत से निर्णय लेती है। इनम निम्नाकित प्रश्न शामिल किये गये हैं —

(1) अन्तर्राष्ट्रीय शाति एव सुरक्षा की स्थापना के लिए सस्तुतिया,
(2) सुरक्षा परिषद, आर्थिक एव सामाजिक परिषद तथा न्यास परिषद के सदस्यों का निर्वाचन,
(3) राज्यो का सघ म प्रवेश (सदस्य के रूप म) सदस्यो का सघ म निष्कासन तथा सदस्यता के अधिकारो एव विशेषाधिकारो का विलम्बन'
(4) न्यास परिषद के सचालन सम्बन्धी प्रश्न,
(5) आय-व्यय सम्बन्धी प्रश्न,
(6) तथा वे प्रश्न भी जिन्हें महासभा महत्त्वपूर्ण घोषित कर दे।

समितियां एव सहायक अग महासभा अपना काम समितियो के जरिए करती है। इस दृष्टि से अनुच्छेद 21 म इसे अधिकार प्रदान किये गये हैं। ऐसी समितियो के बिना महासभा के लिए अच्छी तरह विचार कर पाना सभव नही है। अत महासभा कार्य-सूची के प्रत्येक विषय को विचारार्थ तत सम्बन्धी समिति को सौंप देती है। और उनकी सस्तुति के अनुसार फिर निर्णय करती है। प्रमुख समितिया निम्नाकित हैं —

प्रथम समिति राजनीति एव सुरक्षा समिति कही जाती है जो इस सम्बन्ध के मामलो पर विचार करती है,

द्वितीय समिति—आर्थिक एव वित्तीय समिति है जो सघ के आर्थिक और वित्तीय सवाला पर विचार करती है,

ततीय समिति—सामाजिक मानवीय एव सास्कृतिक समिति है जो सघ के एतद विपय प्रश्ना पर विचार करती है,

चतुथ—न्यास समिति है जो महासभा को न्यास परिपद सम्बन्धी कामा मे मदद करती है।

पचम समितिप्र—शासनिक एव आय व्यय समिति है जो सघ के सचिवालय के शासनात्मक एव बजट सम्बन्धी मामलो पर विचार करती है।

षष्टम समिति विधि समिति है जो सघ के कानूनी मामला तथा अभिसमय आदि तैयार करने मे मदद करती है,

सप्तम समिति विशेष राजनीतिक समिति

ये समितिया अपने अध्यक्ष खुद चुनती है और इन्हे उप समितिया बनाने का भी अधिकार है। इसके अलावा दो प्रकार की और प्रक्रिया सम्बन्धी समितिया हैं

सामान्य समिति या साधारण समिति —इसमे महासभा के अध्यक्ष, 17 उपाध्यक्ष और मुख्य समितियो के सभापति होते हैं। यह समिति महासभा की काय सचालन समिति कही जा सकती है। इस समिति का काम काय-सूची निश्चत करना विचार विमश की प्राथमिकता तय करना तथा 7 स्थायी समितिया के कार्यों का समन्वय करना। समिति का काय परामश देना है।

परिचयपत्र समिति इसम 9 सदस्य होते हैं जो अधिवेशन मे चुने जाते हैं यह समिति सदस्यों क परिचय पत्रा की जाच करती है। इस समिति का काय भी परामशदायी है। इसके अतिरिक्त दो स्थायी समितिया भी हैं

प्रशासनिक एव आय व्यय परामश समिति इस मे महासभा द्वारा निर्वाचित 9 सदस्य होते है।

अशुदान समिति इसमे महासभा द्वारा निर्वाचित 10 सदस्य होते हैं यह समिति सदस्या सघ को दिया जाने वाला अशदान निर्धारित करने मे सलाह दती है। इन दोनो समितिया का कायकाल तीन वष का होता है।

इन उपयुक्त समितिया के अलावा महासभा मे अनक एतदथ समितिया की स्थाप, की है जिनम निम्नाकित मुख्य हैं —

(1) स्थायी प्रधान कार्यालय समिति (2) फिलस्तीन समझौता समिति, (3) अणुशक्ति क शाति कार्यों वाली समिति, (4) विशेष बालकान समिति, इत्यादि।

इन एतय समितिया के अलावा महासभा न समय-समय पर अन्य सहायक अगो की भी स्थापना की है यथा (1) अन्तर्राष्ट्रीय विधि आयोग (2) सयुक्त

राष्टीय प्रशासनात्मक आयोग, (3) शाति निरीक्षण समिति, (4) अतिरम समिति।

महासभा न सघ के प्रारम्भिक काल मे जब सोवियत और अमेरिका के बीच शीत युद्ध छिड गया जिसके फलस्वरूप सुरक्षा परिपद का ठीक से काम चलना मुश्किल हा गया, उस समय महासभा ने 13 नवम्बर 1947 के एक प्रस्ताव के अनुसार एक अतिरम समिति नामक सस्था गठित की। इमी समिति की छोटी 'असेम्बली' या छोटी सभा भी कहा जाता है। सवप्रथम यह एक वप के लिए गठित की गई थी। यह तय किया गया कि जब साधारण सभा का अधिवेशन नही हो रहा हो तब उपयुक्त सभा महासभा के रूप मे काय करती रहेगी। यह सुरक्षा परिषद के दायित्वो पर भी नजर रखती थी। इसमे महासभा के सदस्यो के एक एक प्रतिनिधि रहते थे। सन 1948 मे इसका कार्यकाल एक वप के लिए और बढा दिया गया। सन 1949 म इसकी अवधि अनिश्चित काल के लिए बढा दी गई। परन्तु सन् 1952 के वाद इसकी कोई बैठक नही हुई और इस प्रकार यह एक निष्क्रय परिपद हो गयी सन् 1947 मे कोरिया सम्बन्धी अस्थायी कोरिया आयोग तया बालकाल सम्बन्धी विशेष समिति के साथ परामर्श के लिए व जाच का काम इसे सौंपा गया था। सन् 1948 म इसे अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की परामश समिति मागने का अधिकार दिया गया। इसको न्यास सम्बन्धी अन्तर्राष्ट्रीय आयोग के प्रतिवेदन पर महासभा को रिपोट देने का भी काम सौंपा गया।

सन 1950 मे जब कोरिया म युद्ध शुरू होने के कारण सुरक्षा परिषद का काम चलने मे कठिनाई हो गई तब पश्चिमी राष्ट्रो की ओर से एक प्रस्ताव रखा गया कि ऐसी परिस्थिति म जबकि सुरक्षा परिषद शाति स्थापना सम्बन्धी निणय न ले सके तब महासभा को विचार करने और आवश्यक कायवाही करने का अधिकार दिया जाय। महासभा मे वीटो की कोई व्यवस्था नही है अत 2/3 बहुमत से कोई भी महत्त्वपूण निणय लिया जा सकता है। सघ मे यह आवश्यक है प्रस्ताव पारित हो गया जिसके अनुसार सुरक्षा परिषद के साधारण 7 मतो से अथवा महसभा के सदस्या के बहुमत से 24 घटे का 'नोटिस' देकर आवश्यक विशेष अधिवेशन बुलाया जा सकता है। यदि विशेपाधिकार के प्रयोग से सुरक्षा परिपद अपना काय न कर सके तो साधारण सभा इस पर तुरन्त विचार कर कर सकती है और अन्तर्राष्ट्रीय शाति व सुरक्षा के लिए कोई भी कायवाही कर सकती है।

महासभा का कार्यक्षेत्र महासभा को 'चाटर' ने एव सर्वाधिक शक्तिशाली अग के रूप म रखन की योजना नही की थी। महासभा मे सयुक्त राष्ट्र सघ का लोकतन्त्रात्मक और प्रतिनिधि मूलक स्वरूप सुरक्षित है पर कालान्तर म महासभा के काय और अधिकार क्षेत्र मे काफी परिवतन आ गया है। वैसे भी 'चाटर'

ने महासभा को एक विस्तत क्षेत्राधिकार किया था। महासभा को न केवल विचार विमश एव सस्तुतियात्मक काय ही नही सौंपे गये थे बल्कि, उसे पयवक्षण, वित्तीय नियत्रण एव अन्य अंगो के निर्माण काय भूमिका भी सौंपी गयी थी। महा सभा के कार्यों व अधिकारो के क्षेत्र को अध्ययन की सुविधा के लिए निम्नाकित शीषको के अ दर रखा जा सकता है —(1) विचार विमश एव सस्तुतियात्मक काय —महा सभा को यह अधिकार दिया गया है कि वह किसी भी मामले म जो 'चाटर' क अतगत या चाटर के आधनस्थ सयुक्त राष्ट्र सघ क किसी भी अग के अधिकार या काय से सम्बधित है विचार कर सकती है। इस प्रकार इस व्यवस्था के अन्तगत महा सभा का काय काम क्षेत्र इतना विस्तत हो जाता है कि सारे अन्तर्राष्ट्रीय सम्ब ध के मामले महासभा म पेश हो सकते हैं। महासभा सदस्यो का तथा सुरक्षा परिषद को अपनी सस्तुति प्रेषित कर सकती है। इसी विधान के अन्तगत ऐसे मामले अतीत मे उठाय गय जसे 2 अप्रैल, 1947 को ब्रिटेन के प्रति निधि न महासभा के विचाराथ फिलस्तीन का मामला रखा। इसी तरह 9 फरवरी, 1946 को महासभा न स्पन क मामले म यह प्रस्ताव पारित किया कि सदस्य सेन फ्रासिसको एव पोटसडम सम्मेलनो के प्रस्तावा क अनुसार काय करें। (जिस म सदस्यो स यह अनुरोध किया गया था कि वे स्पेन को सयुक्त राष्ट सघ की सदस्यता प्राप्त करन म मदद नही करें) ऐसी ही स्थिति मे यूनान के प्रश्न पर हुई जबकि सुरक्षा परिषद की असमथता के कारण यूनान के प्राथना अमेरिका प्रतिनिधि की सहायता से अक्टूबर 1947 म महासभा के सामने रखी गयी। अनुच्छेद 11 के अ तगत महासभा को अधिकार दिया गया है कि वह अत-राष्ट्रीय शाति एव सुरक्षा के लिए राजनीतिक सहयोग सम्बन्धी किसी प्रश्न पर विचार कर सदस्यो, सुरक्षा परिषद अथवा दोनो को सस्तुति कर सकती है। महा सभा को यह भी अधिकार मिला है कि वह सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए निशस्त्री करण की दिशा मे प्रयास कर सकती तथा वह राष्ट्रो के पारस्परिक सम्बन्धो पर प्रभाव डालने वाली किसी भी स्थिति को शातिपूण ढग से निपटाने के लिए सस्तुति कर सकती है।[16]

महासभा का निरीक्षणात्मक अधिकार अनुच्छेद 15 म महासभा को यह अधिकार दिया गया है कि वह सुरक्षा परिषद से वार्षिक एव विशेष प्रतिवेदन प्राप्त करे। इन प्रतिवेदनो मे सुरक्षा परिषद अपने उन निणयो तथा कायवाहियो का विवरण उपस्थिति करती है जिस अन्तर्राष्ट्रीय शाति व सुरक्षा के निमित्त उठाया गया है। इसी तरह वह सयुक्त राष्ट्र सघ के अन्य अगो से भी इस प्रकार के प्रतिवेदन प्राप्त कर सकती है। इस प्रकार महासभा को अन्य अगो के काय व्यापार पर विमश करने तथा अपनी राय देने का अधिकार देकर 'चाटर' ने महा सभा को एक महत्वपूर्ण निरिक्षक अग बना दिया है।

सुरक्षा परिषद अपने नियमित अधिवेशन के अ त मे महा सभा को वार्षिक प्रतिवेदन प्रेषित करती है। किंतु महा सभा ने कभी उस पर अपनी सहमति या असहमति प्रकट नही की। औपचारिक रूप से वह एक प्रस्ताव पास करती है कि "महा सभा ने सुरक्षा परिषद का प्रतिवेदन प्राप्त कर उस पर विचार विमश किया और काय अब काय सूची के अगले विषय पर विचार करने हेतु अग्रसर होती है।

अनुच्छेद 98 म महा सचिव की यह जिम्मेदारी मानी गयी है कि वह सघ के काय-कलापो के सम्ब ध मे महासभा को एक वार्षिक प्रतिवेदन करता रहेगा। आर्थिक एव सामाजिक तथा न्याय परिषदो के इस प्रकार के वार्षिक प्रतिवेन का या तो प्रावधान नही है लेकिन यह महा सभा के अधिकार क्षेत्र म है कि वह उन से प्रतिवेदन माग ले। व्यवहार मे ये परिषदें सदैव नियमित प्रतिवेदन महा सभा को भेजती रही हैं। महा सभा परिषदो के कार्यों की आलोचना कर सकती है। सुझाव दे सकती है और सुधार एव विस्तार के लिए निर्देश दे सकती है। यदि वह असतुष्ट है तो अपन असतोष को सस्तुति के रूप मे प्रकट कर सकती है।

वित्तीय काय महासभा इसके अ तगत सघ के बजट पर विचार करती है तथा उसे स्वीकार करती है तथा वह सदस्यो के अशदान को निर्धारित करती है। महा सभा को विशिष्ट अभिकरणो के आय व्यय सम्ब धी प्रब धो के अनुमोदन करने और प्रशासकीय आय व्यय का निरिक्षण करने तथा सस्तुति करने का अधिकार है।

निर्वाचन सम्ब धी काय यह महा सभा की एक महत्वपूण भूमिका है जो उसे सयुक्त राष्ट्र सघ का के द्र सा बना देती है क्योकि उसकी सहायता से ही दूसरे अग अपने सदस्यो का चुनाव करते हैं।

महा सभा सुरक्षा परिषद के अस्थायी असदस्यो, आर्थिक एव सामाजिक परिषद के सदस्यो तथा न्याय परिषद के कुछ सदस्यों का निर्वाचन करती है। महा सभा सुरक्षा परिषद के साथ मिल कर अ तर्राष्ट्रीय न्यायालय तथा न्याया-धीशा का निर्वाचन करती है तथा सुरक्षा परिषद की सस्तुति पर महा सचिव की नियुक्ति का भी उसे अधिकार है।

इन कार्यों के अतिरिक्त महा सभा किसी भी वैधानिक प्रश्न पर अन्तराष्ट्रीय न्यायालय की परामर्शीय सम्पत्ति प्राप्त कर सकती है। महासभा 'चाटर' के सशोधन को अपनी स्वीकृति देती है। इस प्रकार सयुक्त राष्ट्र सघ की महा सभा एक विस्तत अधिकार वाली परिषद मालूम पडती है। परन्तु यह ध्यान रखने लायक है कि इस के अधिकार असीमित नही। यह प्रभुत्ता सम्पन्न संस्था नहीं है। 'चाटर' ने इस अधिकारो को प्रतिबधित कर रखा है। इसमें [illegible] [illegible] मे विचार विमश कर सकते हैं समस्याओ का अध्ययन [illegible] है, [illegible] [illegible]

करते हैं और संस्तुतियां पेश कर सकते हैं। पर वे कोई ऐसा कानून बना सकते जिसे राज्यों को बाध्य होकर मानना पड़े। वे शांति और सुरक्षा परिषद के सामने पेश हो तब तक उस पर कोई विचार नहीं कर सकती जब तक स्वयं सुरक्षा परिषद उस के लिए प्रार्थना न करे।

शांति के लिए संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के कुछ समय पश्चात ही मित्र राष्ट्रों के बीच फूट पड गयी और सोवियत संघ एवं अमरिका गुट के बीच शीत युद्ध छिड गया जिस से सुरक्षा परिषद की कार्यवाही ठप्प पडने लगी। सन् 1946 में ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं के सीरिया और लेबनान के सम्बन्ध में तथा 1948 में बर्लिन की नाकेबंदी के समय सुरक्षा परिषद एक निष्क्रिय एवं निस्तेज परिषद बन कर रह गयी। इस से संयुक्त राष्ट्र संघ शांति और सुरक्षा के अपने उत्तरदायित्व को नहीं निभा सका। इस समस्या से निपटने के लिए 13 नवम्बर, 1947 को महा सभा ने एक अन्तरिम समिति गठित की जिस का वर्णन ऊपर कर चुके हैं। सन 1950 में जब कोरिया में युद्ध छिड गया तब सुरक्षा परिषद के लिए इस विषम परिस्थिति का सामना करना कठिन हो गया। सोवियत संघ लगातार अपना 'वीटो' इस्तेमाल करने लगे। ऐसी स्थिति में पश्चिमी राष्ट्रों की ओर से 3 नवम्बर, 1920 को शांति के लिए एकता प्रस्ताव महा सभा के समक्ष रखा गया जिसे उस ने पारित किया। इस प्रस्ताव के अन्तर्गत यह प्रबन्ध किया गया कि यदि किसी कारणवश शांति एवं सुरक्षा की कार्यवाही में सुरक्षा परिषद अपने को असमर्थ पाती है तब महासभा इस कर्तव्य को वहन कर सकती है। तथा आवश्यक कार्यवाही करने का उसे अधिकार है। इस प्रस्ताव की मुख्य बातें निम्नांकित हैं —

(1) सुरक्षा परिषद के शांति एवं सुरक्षा की कार्यवाही में असमर्थ रहने पर उसके 7 सदस्यों या महा सभा के बहुमत के अनुरोध पर महा सभा को विशेष आपातकालीन अधिवेशन 24 घण्टे के अन्दर बुलाया जा सकता है।

(2) 14 सदस्यों के एक शांति पर्यवेक्षक दल का निर्माण करना जिसमें सुरक्षा परिषद के पांचों स्थायी सदस्य भी रहेंगे तथा जिस का कार्य शांति भंग के खतरे वाले क्षेत्र में पर्यवेक्षकों को भेजना है ताकि, वे स्थिति को बिगडने से रोकें।

(3) अन्तर्राष्ट्रीय एवं सुरक्षा को सुदृढ बनाने के साधनों का अध्ययन करने के लिए एक 14 सदसीय सामूहिक सुरक्षा समिति का गठन करना,

(4) यह संस्तुति की गई कि सदस्य अपने साधनों का सर्वेक्षण करें कि वे शांति व सुरक्षा के लिए महासभा को कितनी सहायता दे सकते हैं। वे अपनी सैनिक टुकडियों को प्रशिक्षित करेंगे तथा शस्त्रास्त्रों से 'लैश' रखेंगे ताकि आवश्यकता पडने पर वे उपलब्ध हो सकें। महासचिव को सैनिक विशेषज्ञों की एक सूची तैयार

करने का अधिकार दिया गया जो राज्यो के अनुरोध पर उन्हें तकनीकी परामश देंगे।

सामूहिक सुरक्षा समिति ने 1951-52 और 1954 मे आर्थिक, राजनीतिक एव सनिक अनुसस्तियो सम्बन्धी कई प्रतिवेदन महासभा के सामने प्रस्तुत किये।

सामूहिक शाति रक्षा की कायवाही के अन्तगत महासभा ने 1956 मे पश्चिम एशिया म युद्ध विराम की रक्षा के लिए सेनाए भेजी। 1960 मे कागो तथा 1964 मे साइप्रस मे सेनाए एव 1963 म यमन म निरिक्षक दल भेजे। ऐसे ही अभी अभी पश्चिम एशिया म अरब इजरायली युद्ध विराम के रक्षा के लिए भेजा है। इस सम्बन्ध म यह स्मरणीय है कि सदस्य राष्ट्र शाति रक्षा की इस तरह की कायवाही म किय गये व्यय को सघ का व्यय नही मानते हैं। तथा उस देने को तैयार नही है। यमन और साइप्रस की कायवाहिया स्वैच्छिक अशदान द्वारा पूरी की जा रही हैं। कागो की कायवाही म किय गय व्यय की कोई जिम्मेदारी सोवियत सघ व उसके साथी उठाने के लिए तयार नही हैं। सोवियत सघ सदैव स ऐस प्रस्ताव का विरोधी रहा है और इस उसने असाविधानिक माना है।

अनुच्छेद 19 सयुक्त राष्ट्र सघ के ऐसे सदस्य को जिसने सघ को अपना आर्थिक अनुदान न दिया हो महासभा म मत देने का अधिकार नही होगा। यदि उसकी बकाया रकम पिछले दो वर्षों के अनुदान के बराबर अथवा अधिक होगी। महासभा ऐस सदस्य को मतदान की आज्ञा दे सकती है। यदि उस इस बात से सतोष हो जाय कि रकम न चुका सकने के ऐसे कारण थे जिन पर सदस्य का नियत्रण नही था। ऐस मताधिकार से वचित करने का ऐसा अधिकार सुरक्षा परिषद, आर्थिक एव सामाजिक परिषद तथा न्यास परिषद को प्राप्त नही है।

जब स्वेज और कागो मे सयुक्त राष्ट्र सघ की सेना के व्यय का भार वहन करने के लिए रूस और फ्रास तथा कुछ अन्य राष्ट्र तयार नही हुए और उनकी बकाया धनराशि दो वष के अनुदान स अधिक हो गयी तब 1964 मे अमेरिका ने इन राष्ट्रो के विरुद्ध ऐसा एक प्रस्ताव रखा। किन्तु बहुमत को अपने पक्ष म न पाकर अमेरिकी प्रतिनिधि ने उसे मतदान के लिए नही सौंपा। फलस्वरूप इस प्रस्ताव पर अमल नही हो सका।[17] इसके अलावा महासभा ने एक अन्य महत्व पूण काय भी किया है यथा महासभा ने फिलस्तीन के बटवारे की योजना बनाई थी और इजरायल के स्वतत्र राज्य का निर्माण किया। इसी प्रकार स्वतत्र कोरिया के निर्माण का प्रयास भी किया गया। यद्यपि वह दक्षिण कोरिया से आगे नही बढ सका। सन् 1967 मे दक्षिण अफ्रीका से दक्षिण पश्चिम अफ्रीका के सरक्षित प्रदेश की सत्ता के हस्तातरण क लिए एक 12 सदस्यो की समिति गठित की गयी। इसी प्रकार बागला देश की मान्यता का प्रश्न भी आजकल महासभा के सम्मुख है।

महासभा का बदलता हुआ स्वरूप संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्माताओं ने जिस रूप में महासभा की कल्पना की थी आज महासभा का स्वरूप और महत्व उससे काफी बदला हुआ है। 'चार्टर' के निर्माताओं ने महासभा को संयुक्त राष्ट्रसंघ का एक महत्वपूर्ण आधार स्तम्भ बनाया था पर शांति और सुरक्षा के सम्बन्ध में सुरक्षा परिषद को महासभा से अधिक शक्तिशाली और उत्तरदायी बनाया था। वस्तुत जिस प्रकार सुरक्षा परिषद् का संगठन किया गया था उसमें शांति और सुरक्षा के लिए पांच बड़े स्थायी सदस्यों को विशेषत विश्व शांति व सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व सौंपे गए थे पर शीत युद्ध की लपेट में आकर सुरक्षा परिषद पांच बड़ों की आपसी लड़ाई का शिकार हुआ और एक प्रभावशाली परिषद नहीं बन सकी। इस कमी को महासभा ने बहुत कुछ पूरा करने की चेष्टा की। शांति के लिए एकता के प्रस्ताव के बाद महासभा विचार विमर्श और वाद विवाद मात्र करने वाली परिषद ही नहीं रह गई बल्कि, शांति और सुरक्षा के मामले में सुरक्षा परिषद के समाधान न निकाल पाने पर एक महत्वपूर्ण कार्यकारी अंग भी बन गयी है। महासभा के महत्व और शक्ति में निरंतर वृद्धि हुई है। यह केवल इस एकता के प्रस्ताव के परिणाम स्वरूप ही नहीं बल्कि, अन्य कारणों से भी महासभा का स्वरूप कुछ का कुछ हो गया है। एक प्रमुख कारण यह है कि महासभा की सदस्यता के दायरे में आज लगभग पूरे संसार के स्वतंत्र राष्ट्र आ रहे हैं। प्रारम्भिक काल में जब केवल 51 संस्थापक राज्य इस के सदस्य थे तब महासभा 21 लातिनी अमेरिकी राज्यों के दबदबे में थी जिसका लाभ अमेरिकी नेतृत्व उठाता था। लातिनी अमेरिकी देश उनका नेता अमेरिका, कैनडा, पश्चिम यूरोप के पुराने साम्राज्यवादी देश इनको मिलाकर आंग्ल अमेरिकी गुट का वचस्व सहज की स्थापित हो जाता था पर जैसे-जैसे नये सदस्य राष्ट्रों का प्रवेश हुआ और सन 1955 के बाद विशेषत जब एशिया अफ्रिका के नवोदित स्वतंत्र राष्ट्र इसके सदस्य बनते गए तब महासभा के अन्दर का शक्ति संतुलन बिल्कुल ही बदल गया और यह संसार की वास्तविक प्रतिनिधि संस्था के रूप में ढलने लगी जिसमें बहुसंख्यक सदस्य विश्व जनमत का प्रतिनिधित्व करने का दावा ठोस आधार पर कर सकते हैं। इसी के फलस्वरूप आज बड़े राष्ट्रों की दादागिरी महासभा में नहीं दिखाई पड़ती जब कि सुरक्षा परिषद ही ऐसी परिषद रह गई है जिसमें वे अपनी दादागिरी आजमा सकते हैं। आज इस के सदस्यों की संख्या 155 तक पहुंच गयी है और अब संसार के लगभग आधा दजन देश ही इसकी सदस्यता से वंचित रह गए हैं। इस अर्थ में महासभा का स्वरूप अब मानव समाज के संसद की तरह बन गया है आज यदि शांति और सुरक्षा के प्रश्नों का समाधान विश्व जनमत के सहारे शांतिपूर्ण ढंग से आपसी विचार विमर्श के बाद निकालना सम्भव हो सका है तो उस में महासभा के इस बदलते रूप में एक अच्छा खासा योगदान

किया है। महासभा के इस प्रतिनिधि मूलक स्वरूप के कारण आज छोटे मोटे राष्ट्रो की भी हिम्मत और आत्म विश्वास बढ गया है और वे बडे राष्ट्रो का वचस्व और दबदबे को महासभा की ढाल बनाकर बहुत कुछ रोक पाने मे समथ हो रहे हैं। इस महासभा म ससार की सभी समस्याओ पर विचार होते रहते हैं और यह उल्लेखनीय है कि महासभा ने शाति और सुरक्षा के अनेक मसलो को सुलझाने मे श्लाघनीय प्रयत्न किया है।

सुरक्षा परिषद सयुक्त राष्ट्र सघ के 'चाटर' के निर्माताओ ने महासभा को एक विचार विमश करने वाली परिषद के रूप मे बनाया था और सयुक्त राष्ट्र सघ की कायकारिणी की तरह तीन अ य अगा का निर्मित किया था। व तीन अग हैं न्यास या सरक्षण परिषद, आर्थिक एव सामाजिक परिषद, तथा सुरक्षा परिषद। इनमे सुरक्षा परिषद को शाति और सुरक्षा के मामलो के लिए जिम्मेदार एक प्रभावशाली कायकारी अग के रूप मे ढाला गया था। इस के सदस्या की सख्या को भी 'चाटर' के द्वारा निर्धारित किया गया था जबकि पुराने राष्ट्रसघ की 'काउसिल' की कोई निश्चित सदस्यता नही थी। 'चाटर' न इसे अनुच्छेद 23 (1) के अनुसार एक ग्यारह सदस्या वाली परिषद के रूप मे बनाया था जिनमे पाच बडे राष्ट्रो को स्थायी रूप स सदस्यता सौंपी गयी थी। वे पाच थे सोवियत सघ, सयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और फ्रास। बाकी छ सदस्य अस्थायी रूप से दो वष के लिए महासभा के 2/3 मतो से निर्वाचित होते थे। जब सयुक्त *राष्ट्र सघ की सदस्य सख्या निरतर बढती गई और एशिया अफ्रिका के अनेक* नवोदित राष्ट्र इसके सदस्य बनते गए तब सुरक्षा परिषद की सदस्य सख्या बढाने की भी माग उठी। इसके फलस्वरूप अगस्त 1965 मे 'चाटर के इस भाग का सशोधन किया गया जिसके अनुसार अस्थायी सदस्यो की सख्या छ की जगह 10 कर दी गई। महासभा ने यह निणय किया कि 10 अस्थायी सदस्या मे से पाच एशियाई अफ्रिकी राज्या मे से लिए जाय, एक पूर्वी यूरोप मे से, दो लातिनी अमेरिकी राज्यो मे से व शेष दो पश्चिमी यूरोप व अ य राज्यो से लिए जाए। 'चाटर' मे यह कहा गया कि दो वष के कायकाल के समाप्त होने पर किसी सदस्य राष्ट्र को तुर त ही दुबारा निर्वाचन के लिए खडे होने का अधिकार नही होगा। इस प्रकार सन 1965 क सशोधन से अस्थायी सदस्यो की सख्या मे वृद्धि हो गई है *जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा परिषद मे भी एफो एशियाई तथा लातिनी* अमेरिकी देशो का प्रभाव बढा है तथापि यह उल्लेखनीय है कि स्थायी सदस्या की सख्या ज्यो की त्या ही बनी रह गई है। यद्यपि ससार के अ य देशा मे इन 5 बडे राष्ट्रो की तुलना म जापान, जमनी, भारतवष ऐसे राष्ट्रो का महत्व इन 5 बडे राष्ट्रो से विशेषत फ्रास, ब्रिटेन और चीन से कुछ कम नही है तथापि, ये अस्थायी सदस्यता ही प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार चाटर के इस सशोधन ने सदस्यता

ने इस पहलू को भी उदघाटित कर दिया है।

सुरक्षा परिषद के प्रत्यक सदस्य को या तो मवल एक मत दन का अधिकार है। परिषद म प्रक्रिया सम्बन्धी विषयो पर 9 मत स निणय लिया जाना है लकिन प्रक्रिया के अलावा अन्य विषयो पर इन 9 मतो म 5 स्थायी सदस्यो के मतो का होना भी आवश्यक है। यदि इन पाचो म स एक भी बडे राष्ट्र का मत विपक्ष म या विरोध मे हो तो वह प्रस्ताव किसी भी प्रकार के बहुमत क बावजूद अस्वीकत हो जाएगा। पाच बडे राष्ट्रो म प्रत्येक क मत को मिल हुए इस वचस्व को ही निषेध का अधिकार कहत हैं। इस प्रकार सुरक्षा परिषद म प्रस्तावो क पास होन व उन के अमल मे लाये जाने के लिए यह नितात जरूरी है कि न कवल 9 मत उसके पक्ष म गिर बल्कि, एक एक पाच बडे राष्ट्र उस प्रस्ताव स अपनी सहमति प्रकट करें जिस का अथ यह होता है कि यदि एक भी बडा राष्ट्र सुरक्षा परिषद की कायवाही का विरोधी हो तो वह उस सारी कायवाही को ही खत्म कर सकता है। अरनाल्ड फास्टर न ठीक ही लिखा है 'निषेधाधिकार का भय सम्पूण व्यवस्था पर छाया हुआ है। ऐसी व्यवस्था के शरीर मे ही पक्षाघात है। यह उस 'कार' के समान है जिसका 'स्टाटर' किसी भी समय उस की यन्त्र व्यवस्था म गडबड करके उसके इजिन को रोक सकता है।"

सुरक्षा परिषद की काय प्रणाली व अधिकार क्षेत्र

सुरक्षा परिषद का इस तरह गठन किया गया है कि यह सदैव कायरत रहने वाली परिषद बन गयी है। इस क प्रत्येक सदस्य का प्रतिनिधि मुख्यालय म रहता है। इस कारण सुरक्षा परिषद के बैठकें आवश्यकतानुसार तुरन्त ही बुलायी जा सकती है और सुरक्षा परिषद उन के माध्यम से तुरन्त कायवाही कर सकता है। वैस सामान्यत सुरक्षा परिषद की बैठक प्रत्येक पखवाडे म होती है अर्थात दो बैठको के बीच 14 दिन से अधिक का अन्तर नही होना चाहिए। इस परिषद की बैठकें अध्यक्ष आमन्त्रित करता है अध्यक्ष निम्नाकित परिस्थितियो मे परिषद की बैठक आमन्त्रित करता है।

1 सुरक्षा परिषद के किसी भी सदस्य राष्ट्र की प्राथना पर,
2 सुरक्षा परिषद का ध्यान किसी अन्तर्राष्ट्रीय तनाव की स्थिति की ओर 'चाटर के अनुच्छेद 11 (3) अथवा अनुच्छद 35 के अन्तगत ध्यान आकर्षित किए जाने पर,
3 यदि महासभा अनुच्छेद 11 (2) के अन्तगत परिषद का ध्यान किसी प्रश्न या विवाद की ओर आकर्षित करती है अथवा इस अनुच्छेद के अन्तगत परिषद की बैठक की सिफारिश करती है,
4 यदि सघ का महा सचिव अनुच्छेद 99 के अन्तगत परिषद के अध्यक्ष को

सूचना देता है कि किसी कारण अन्तर्राष्ट्रीय तनाव की स्थिति पैदा हो गयी है,

इसके अलावा अनुच्छेद 28 (2) के अन्तगत सुरक्षा परिपद की सामूहिक बैठकों के बुलाये जाने का भी प्रबन्ध किया गया है जिसमे साधारण प्रतिनिधि के स्थान पर विशेष मनोनीत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। सुरक्षा परिपद की प्रक्रिया नियमावली मे इस तरह की बैठकें साल मे दो बार की जा सकती हैं। इस प्रबन्ध को कार्यान्वित करने के लिए 1950 व 1955 म महासचिव ने सुझाव दिय थे। सन 1966 67 के वार्षिक प्रतिवेदन मे महासचिव यू थाट ने भी इस के उपयोग का सुझाव दिया था ताकि इस प्रकार की बैठकों म परिपद के सदस्यो को उच्च स्तरीय वार्ता का अवसर मिल जाता है। महासभा और सुरक्षा परिषद ने भी समय समय पर एसा सुझाव दिया।

सुरक्षा परिषद अपने अध्यक्ष का स्वय चुनाव करती है। परिपद का अध्यक्ष प्रति मास राष्ट्रो के अग्रेजी वणमाला के अक्षरा के क्रम स चुना जाता है। अध्यक्ष का काय परिपद की बैठका को नियमानुसार बुलाता व उस का सचालन करता है। अध्यक्ष को ध्यानाकषण का निणय करने तथा अन्य निर्देश देने का अधिकार है। लेकिन परिपद अध्यक्ष के निर्देश के विरुद्ध भी निणय कर सकता है। अध्यक्ष महासचिव द्वारा निर्धारित प्रारम्भिक काय सूची को तैयार करता है। उन विवादा मे जो ऐम राज्य स सम्बन्धित हो जहा का अध्यक्ष नागरिक है, उस स्थिति म वह अध्यक्षता नही करता। इसके अलावा अध्यक्ष अपन व्यक्तिगत प्रभाव का उपयोग कर कभी कभी निपेधाधिकार का प्रयोग रोकने के लिए आपसी विचार-विमश द्वारा सदस्या का अभिमत जानन का प्रयत्न करता है जसा काश्मीर और वियत-नाम के मामले म किया गया।

यह ध्यान देन योग्य है कि परिपद को यह भी अधिकार है कि जब वह किसी एस मामल पर विचार कर रही है जिस से सम्बन्धित पक्ष परिपद मे उपस्थित न हो तब भल ही वह राष्ट्र समुक्त राष्ट्र सघ का सदस्य हो या न हो उस बैठक म भाग लने के लिए आमन्त्रित कर सकती है पर उन सदस्य को मतदान का अधिकार नही होगा। यथा 1962 क्यूबा सकट की घटा म क्यूबा को आमन्त्रित किया गया था तथा 1964 मे टाकिन खाडी की घटना क सबध मे उत्तरी वियतनाम को आमन्त्रित किया गया।

सुरक्षा परिषद को अपनी प्रक्रिया नियमावली बनान का अधिकार है।

समितियां व आयोग

सुरक्षा परिपद न अपन काम को सुचारू रूप स चलान क लिए अनक समितियों व आयोगो का गठन किया है।

(1) सैनिक मग समिति यह समिति अनुच्छेद 47 के अधीन स्थापित की गयी है। यह समिति सुरक्षा परिषद को सशस्त्र सनिक कायवाही, सशस्त्र सनाओ के सचालन, सना सम्बन्धी आवश्यकताओ, शस्त्रा की व्यवस्था एव निशस्त्रीकरण आदि के विषयो मे सहायता और सलाह देती है। इस समिति मे सदस्य परिषद क स्थायी सदस्या क सनापति अथवा उनके द्वारा मनोनीत व्यक्ति होते हैं। यह समिति रूस तथा अन्य स्थायी सदस्या के बीच गहरे मतभेद के कारण कायशील नही हो सकती।

(2) अणु शक्ति आयोग अनुच्छेद 29 के अतगत महासभा के 24 जनवरी, 1946 क प्रस्ताव क आधार पर अणु शक्ति आयोग की स्थापना की गई। इसका काय परमाणु शक्ति के अन्तर्राष्ट्रीय नियत्रण के सम्बन्ध म परिषद को परामश दना तथा परमाणु शक्ति का शाति क कार्यों के लिए प्रयोग करन म मदद देना है। इसम सुरक्षा परिषद के सभी सदस्या के अलावा कैनडा है।

(3) विध्वसक शस्त्रायोग इस आयोग की स्थापना 13 फरवरी, 1947 मे हुई इसका काम महा सभा के 14 दिसम्बर, 1946 के प्रस्ताव को कार्यान्वित करने का है जिसक अन्तगत शस्त्रो के नियमन और उनमे कटौती करने क बारे म परिषद का राय देना है। सुरक्षा परिषद के सभी सदस्य इसक सदस्य हैं। इसके अलावा परिषद की दो स्थायी समितिया भी जिनमे परिषद के सभी सदस्य रहते हैं (1) नए सदस्यों के प्रवेश की समिति यह समिति उन प्रार्थना पत्रो पर विचार करती है और अपनी सस्तुति देती है जो नए सदस्य सयुक्त राष्ट्र सघ मे प्रवेश पाने के लिए प्रस्तुत करत हैं (2) विशेषज्ञों की समिति यह परिषद की काय प्रणाली के सम्बन्ध मे नियमा एव प्राविधिक मामलो मे परिषद को अपनी सलाह दती है।

इसके अलावा परिषद समय समय पर आयोगो एव एतदथ समितियो का निर्माण करती रहती है यथा इन्डोनेशिया के सम्बन्ध मे राष्ट्र सघ आयोग (25 अगस्त, 1947) भारत के लिए राष्ट्र सघ आयोग (20 जनवरी 1948) यूनान क मामले म आयोग तथा फिलस्तीन के मामले मे राष्ट्र सघ आयोग।

अन्तर्राष्ट्रीय शाति एव सुरक्षा

सुरक्षा परिषद का काय क्षेत्र 'चार्टर' के अनुसार सुरक्षा परिषद सयुक्त राष्ट्र सघ का वह कायकारी अग है जिसके जिम्मे विश्व म शाति एव सुरक्षा की व्यवस्था करना है। 'चार्टर' के अनुच्छेद 29 के अनुसार सुरक्षा परिषद के अधिकारा व कार्यों का निर्धारण किया गया है। चार्टर के अनुसार सुरक्षा परिषद के प्राथमिक दायित्व के रूप म अन्तर्राष्ट्रीय शाति एव सुरक्षा का भार उस पर सौंपा गया है। यह उल्लेखनीय है कि चार्टर सुरक्षा परिषद को प्राथमिकता प्रदान करता है न कि

सम्पूण उत्तरदायित्व जो केवल सघ मे निहित है 'चाटर' की 33-38 अनुच्छेद तक अन्तर्राष्ट्रीय झगडो के शातिपूण निपटारे के सम्ब ध मे तथा 39 स 51 अनुच्छेद तक अन्तर्राष्ट्रीय शाति को खतरे मे डालने से इसे भग करने या आक्रमण को रोकने की कायवाही के सम्बन्ध मे वणन किया गया है। सुरक्षा परिषद को अपने शाति और सुरक्षा की स्थापना के उत्तरदायित्व के निर्वाह के लिए अध्याय 6 7, 8, और 12 के अन्तगत कायवाही करने का अधिकार है। अनुच्छेद 24 के द्वारा राष्ट्र सघ के सदस्या का कत्तव्य निश्चित किया गया है कि वे परिषद के निणया को स्वीकार करेंगे और उन्ह कार्यान्वित करेंगे। जब कभी अन्तर्राष्ट्रीय शाति के भग होने का खतरा हो या ऐसी तनावपूण स्थिति पैदा हो जाय तब (1) महासभा के द्वारा (2) अथवा महा सचिव के द्वारा या (3) परिषद का कोई भी सदस्य ऐसी विस्फोटक स्थिति की ओर परिषद का ध्यान आकर्षित कर सकते हैं परन्तु सुरक्षा परिषद स्वय यह निश्चय करती है कि अमुक परिस्थिति मे तथाकथित आक्रामक कायवाही या धमकी किस हद तक नीति भग करन वाली मानी जाय। क्योकि अन्तत अन्तर्राष्टीय शाति व सुरक्षा की पुन स्थापना के लिए कायवाही करने का उसे अधिकार है। ऐसा करने के पूर्व परिषद उक्त विवाद से सम्बन्धित राज्यो को निर्देश दे सकनी है कि वे तनाव को दूर करने के लिए अतिम हल तय होने से पूव कुछ अस्थायी व्यवस्था स्थापित कर लें।

यदि स्थिति नही सभलती तो परिषद अपने निणयो को लागू करने के लिए तथा शाति स्थापना के लिए दो तरह की कायवाही कर सकती है। (1) ऐसी कायवाही जिसमे शक्ति का प्रयोग न हो यथा परिषद सदस्यो को आदेश द सकती है कि सदस्यगण आक्रामक के साथ अपना आर्थिक सम्बन्ध पूणत या अशत विच्छेद कर दें। या ऐसे आक्रामक को यातायात, डाक व तार व व्यापार की अन्य सुविधाओ से वचित कर दें एव उसकी कूटनीतिक मान्यता रद्द कर दें।

(2) जल, थल एव वायु सेना के द्वारा सशस्त्र कायवाही हालात बिगडने पर परिषद नाकेबन्दी वायु थल एव नौसेना के द्वारा सैनिक कायवाही भी कर सकती है। 'चाटर' के अतगत सयुक्त राष्ट्र सघ के सभी सदस्यो ने परिषद की ऐसी सुरक्षात्मक कायवाही के लिए सैनिक सहायता देने का वचन दिया है इसी प्रकार उन्ह सयुक्त राष्ट्र सघ की सेना को आवागमन की सुविधा दनी होगी यह परिषद तय करेगी कि इस तरह की सैनिक कार्यवाही मे सभी सदस्य राज्यो का भाग लेना अनिवाय है या नही। यदि कोई राज्य आक्रमण की स्थिति म अपनी सुरक्षात्मक कदम उठाता है तब इसकी सूचना तुरन्त ही सुरक्षा परिषद को देनी होगी।

(2) विवादों का निपटारा चाटर के अध्याय 6 मे सुरक्षा परिषद को यह भी जिम्मेदारी सौपी गयी है कि वह विवादो का शातिपूण हल निकाले। ु
33 मे यह दिया है कि यदि दो पक्षो के बीच कोई ऐसा विवाद उठ ाह

जिससे अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति एव सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो जाने की आशका है तो उस विवाद को वार्ता, जाच मध्यस्थता, सराधन(कन्सीलियशन) विवाचन (आरबिट्रेशन) न्यायिक निणय क्षेत्रीय प्रबन्ध इत्यादि अन्य शातिपूण तरीको से हल निकाले। अनुच्छेद 37 मे यह कहा गया है कि यदि पक्ष अपने विवाद को इस तरह सुलझाने मे सफल नही होते तो उन्ह इसे सुरक्षा परिषद को सौप देना चाहिए। बर्लिन की नाकेबन्दी का सवाल अमरिका, ब्रिटेन और फ्रास मे सुरक्षा परिषद के सामने यह कह कर ही रखा दिया था कि शान्तिपूण तरीको से इसका हल सम्भव नही है। अत यह शाति और सुरक्षा के लिए खतरा हो गया है। इस पर रूसी विरोध के बावजूद इस सवाल ने सुरक्षा परिषद की कार्य सूची म स्थान पा लिया था। इस सम्बन्ध मे यह ध्यान देने योग्य है कि अनुच्छेद 34 के अन्तगत यदि सुरक्षा परिषद किसी विवाद को अन्तर्राष्ट्रीय शाति के लिए खतरा पैदा करने वाला माने तो वह विवाद या स्थिति की जाच करवा सकते हैं। यूनान और भारत पाकिस्तान विवादो मे अनुच्छेद 34 क अन्तर्गत जाच आयोग की स्थापना की गयी है। इस बारे मे मतभेद है कि यह जाच की कायवाही प्रक्रिया सम्बन्धी प्रश्न है या महत्वपूण प्रश्न माना है और चेकोस्लोवाकिया क प्रश्न पर निषेधाधिकार का प्रयोग किया।

(3) अन्य काम सदस्यता सम्बन्धी नये सदस्यो का प्रवेश, उनका निलम्बन तथा निलम्बन की समाप्ति और उनका निष्कासन सुरक्षा परिषद के सहमति के बिना सम्भव नहीं।

न्यास प्रशासन कुछ न्यास प्रशासन मे कुछ क्षेत्र सामरिक महत्व के निर्धारित किये गये हैं। ये क्षेत्र प्रशात महासागरीय द्वीप समूह हैं (माशल आइलैंड) इनके प्रशासन का उत्तरदायित्व सुरक्षा परिषद पर डाला गया है। जो न्यास समझौता को स्वीकार करती है और अपने निरीक्षणात्मक अधिकार के अन्तगत सालाना रिपोर्ट प्राप्त करती है।

नियुक्ति सम्बन्धी अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालयो के न्यायाधीशो की नियुक्ति सुरक्षा परिषद की सम्तुति पर महासभा के द्वारा की जाती है। इसी प्रकार सुरक्षा परिषद की सस्तुति पर सयुक्त राष्ट्रसघ के महासचिव की नियुक्ति महासभा के द्वारा की जाती है।

सुरक्षा परिषद महत्वपूण मामलो म अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय से परामर्श मूलक सम्मति ले सकती है और यदि कोई पक्ष न्यायालय के निणय स जन्मे दायित्वो का पालन नहीं करता तो परिषद उस मनवाने के लिए उचित कायवाही कर सकती है।

सुरक्षा परिषद विवादो के शातिपूण हल तथा प्रवतनात्मक कायवाही के लिए क्षेत्रीय प्रबन्ध के अन्तगत सयोजित सगठनो का उपयोग कर सकती है इस सम्बन्ध

मे यह माना गया है कि ऐसे सगठन शाति और सुरक्षा के निहित जो भी कायवाही करेंगे उसकी सूचना सुरक्षा परिषद को देना आवश्यक है।

अन्त मे, सुरक्षा परिषद पर यह तय करने की जिम्मेदारी छोडी गयी है कि यदि कोई राज्य जिसने अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के सविधान पर अपनी सहमति नही है वह यहा मुकदमा लाना चाहे ता किन परिस्थितियो मे ला सकता है।

सुरक्षा परिषद के निणय और निषेधाधिकार का प्रश्न

सयुक्त राष्ट्रसघ के निर्माताओ ने सुरक्षा परिषद को एक अत्यन्त महत्वपूण और सबसे अधिक शक्तिशाली अग के रूप मे निर्मित किया था। दूसरे विश्व युद्ध की विभीषिका के बीच सयुक्त राष्टसघ के ये निर्माता एक ऐसी युद्धोत्तर व्यवस्था बनाने के लिए कृत सकल्प थे जो विश्व शाति और सुरक्षा को सुदढ आधारो पर टिका दे और युद्ध की सम्भावनाओ को समाप्त प्राय कर दे। वे सभी दिलोजान से ऐसी योजना बनाने मे जुटे और उसका ही प्रतिफल सुरक्षा परिषद का सगठन था। जिस मूलभूत विचार पर सुरक्षा परिषद का निर्माण हुआ वह यह था कि दुनिया की वास्तविक बडी शक्तियो के पारस्परिक सहयोग के आधार पर ही ससार की शाति और सुरक्षा की व्यवस्था निर्मित की जा सकती है। युद्ध की सम्भावना उस स्थिति मे पैदा हो जाती है और बढ जाती है जबकि कुछ बडी ताकतें अन्य बडी ताकत के विरुद्ध ऐसे अन्तर्राष्ट्रीय सगठना को प्रयोग मे लाती हैं। जिन सगठना के जिम्मे शाति और व्यवस्था सौंपी गयी है राष्ट्रसघ का कटु अनुभव यही शिक्षा द रहा था कि जब ब्रिटेन और फ्रास ने राष्ट्रसघ को अन्य शक्तियो के विरुद्ध हथियार बनाना शुरू किया और दूसरी ताकता ने राष्ट्रसघ स बाहर निकल कर या उससे निष्कासित होकर उसके प्रति वैमनस्यता और उदासीनता तो राष्ट्रसघ का भी ढेर हो गया और युद्ध जनक स्थितिया बढती चली गयी। इसलिए इस बार युद्धोत्तर व्यवस्था मे शाति और सुरक्षा की मूलभूत जिम्मेदारी पाच बडी शक्तियो की पचायत पर छोड दी गयी थी और यह प्रबन्ध किया गया कि इन पाचो बडी शक्तियो का न केवल सुरक्षा परिषद म स्थायी उपस्थिति रहेगी बल्कि इनमे एक एक भी अगर सुरक्षा परिषद द्वारा सुझायी गयी कायवाही का विरोध करे तो वह कायवाही नही की जा सकेगी। अथात सयुक्त राष्ट्रसघ रूपी अस्त्र का प्रयोग इन पाच पचो के सहयोग स तो किया जा सकता है। इनमे से एक की भी असहयोग करने पर यह अस्त्र बेकार हो जायेगा। इस प्रकार सयुक्त राष्ट्रसघ के निर्माताओ का यह विचार था कि ससार की शाति और व्यवस्था सामर्थ्यवान और शक्तिवान राष्ट्रो के भरोसे ही सफल हा सकती है अन्यथा नही। जिस समय राष्ट्रसघ का निर्माण हो रहा था उस समय तीन बडा का, अमेरिका, सोवियत सघ और ब्रिटेन का वचस्व सभी को मान्य था। अमेरिका

के राष्ट्रपति रूजवेल्ट के ओर दबाव पर चीन को इन बडो मे शामिल किया गया तो ब्रिटेन के ऐसे ही दबाव पर फ्रास को भी इस शिविर मे ले लिया गया और इस प्रकार ये पाच बडी "ताकतें" सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्य बना दी गयी और उन्हें वह अधिकार दे दिया गया जिसे निषेधाधिकार कहा जाने लगा। साराश यह कि सुरक्षा परिषद वाली सम्पूर्ण व्यवस्था इस विचार पर आधारित की गयी कि सयुक्त राष्ट्रसघ के माध्यम से शाति और सुरक्षा के नाम पर जो भी कार्यवाही हो वह केवल इसलिए न हो कि सदस्य राष्ट्रो के बहुमत मे वैसी इच्छा प्रकट की है बल्कि, वह, तभी हो जब महा शक्तियों का पूर्ण समर्थन और सहयोग उसे प्राप्त हो क्योंकि वास्तव मे तभी वह स्थायी ढग की व्यवस्था हो सकती है। रूजवेल्ट, स्टालिन व चर्चिल तीनो इसी मत के थे और इसी मत को सयुक्त राष्ट्रसघ मे मान्यता मिल गयी।

युद्धोत्तर परिस्थितियो मे तत्काल यह विचार बडा आकर्षक लगा। इस भारी टूटफूट के बाद वास्तव मे दो ही शक्तिया समर्थ शक्तियो के रूप मे दिख रही थी। उनके नेताओ के हृदय सौहार्द्र और मित्रता के भावो से भरे हुए थे। युद्ध काल मे ये नेतागण एक दूसरे के काफी निकट आ चुके थे और सम्बन्धो मे पुराना अनजानापन बहुत कुछ खत्म हो चुका था। अनेक युद्धकालीन निर्णय तथा युद्धोत्तर योजनाओ के निर्माण मे विचार विमर्श के दौरान एक दूसरे के पक्ष को समझने और अपने आग्रहो पर बल न देकर दूसरे पक्ष से समझौता करने के अनेक प्रमाण मिल चुके थे। वस्तुत सुरक्षा परिषद की कल्पना मे तीन राष्ट्रो के नेताओ की सहमति इसका एक ज्वलत प्रमाण थी। यह विचार वैसे भी व्यावहारिक दृष्टि से उचित मालूम पडता था कि सुरक्षा व्यवस्था मे उसकी भूमिका मुख्य और निर्णायक होनी चाहिए जिसके पास सुरक्षा और शाति स्थापित करने की शक्ति यदि छोटे राष्ट्र किसी ऐसी कार्यवाही करने का निर्णय ले लें जो बडे राष्ट्रो को पसद नही या किसी एक बडे राष्ट्र को पसद नही तो बिना इन बडे राष्ट्रो के सहयोग से कार्यवाही कैसे हो सकती है। चूकि सुरक्षा परिषद के पास न कोई अपनी सेना है और न शस्त्रास्त्र। किसी भी निर्णय को अमल मे लाने के लिए जिस शस्त्र बल की आवश्यकता होगी वह बडे राष्ट्रो से ही प्राप्त हो सकता था बडे राष्ट्रो के विरुद्ध नही। इसी तरह यदि बडे राष्ट्र आपस मे लडने को उद्यत हो ही जाए तो बहुसख्यक होकर भी छोटे राष्ट्र अपने सारे सकल्पो के बावजूद इस लडाई को रोक कैसे सकते थे। इस प्रकार किसी भी व्यावहारिक दृष्टि से सुरक्षा और शाति की व्यवस्था पर विचार करने पर यही उचित मालूम पडता था कि शाति और सुरक्षा की जिम्मेदारी महा शक्तियो की पूर्ण सहमति और सहयोग पर आश्रित की जाय। इसी विचार ने सुरक्षा परिषद के सगठन के रूप मे जन्म लिया।

पर युद्ध समाप्त होने और सयुक्त राष्ट्र सघ के निर्माण के कुछ ही समय बाद

महा शक्तिया, विशेषत सोवियत सघ और अमेरिका के बीच युद्धकालीन सोहाद्र और सहयोग की भावना तेजी से तिरोहित होने लगी और उनके बीच अपने प्रभाव क्षेत्रो को सगठित करने और बढाने के लिए प्रतिस्पर्द्धा बढने लगी। ब्रिटेन के कूट-नीतियो से प्रेरित ट्रूमेन का अमेरिकी प्रशासन, सोवियत सघ और उसके द्वारा मुक्त किय गये पूर्वी यूरोप के क्षेत्रो के विरुद्ध लगातार सैनिक और आर्थिक दबाव बनाने की नीति अपनायी गयी और आग्ल-अमेरिकी गुट के पक्ष मे विश्व का शक्ति सतुलन स्थापित करने का अभियान अमेरिकी नेतत्व मे चलाया गया। इसे ही बाद मे शीत युद्ध की सज्ञा दी गयी जिसके अन्तगत अमेरिकी नेतत्व मे सैनिक और आर्थिक सगठनो का निमाण पश्चिम यूरोप मे तेजी से किया जाने लगा। और अयत्र भी इस शीत युद्ध ने ससार को दो गुटो मे बाटने की प्रक्रिया शुरू कर दी। ऐसी विषम स्थिति मे सुरक्षा परिषद एक विफल परिषद के रूप मे प्रकट होने लगी। सुरक्षा परिषद न जब जब सोवियत सघ या उनके मित्र राष्ट्रो के विरुद्ध कायवाही का प्रस्ताव आता तब तब सोवियत सघ अपने निषेधाधिकार का प्रयोग का प्रयोग कर उस निष्फल कर देता। सयुक्त राष्ट्र सघ म चूकि आग्ल-अमेरिकी गुट के सदस्या का बहुमत था इसलिए सोवियत सघ को अनेक बार इसे निषेधा-धिकार का प्रयोग करना पडा। सोवियत विरोधी वातावरण मे सुरक्षा परिषद केवल एक बहस करने वाली पर बेकार परिषद सिद्ध होने लगी और इससे यह विवाद उठने लगा कि निषेधाधिकार की वजह से सारे सयुक्त राष्ट्र सघ की व्यवस्था ही ठप्प पड गयी पर बात वास्तव मे ऐसी थी नही। जैसा हम ऊपर बता चुके हैं सुरक्षा परिषद के मूल म जो विचार था वह यह नही था कि सुरक्षा परिषद का अस्त्र कभी भी किसी बडी ताकत के विरुद्ध इस्तेमाल हो, बल्कि, सुरक्षा परिषद की सारी बुनावट की ही ऐसी गयी थी कि वह महा शक्तियो की मदद से न कि उनके विरोध मे इस्तेमाल की जाय। वह ऐसे तत्वो से बनी ही नही थी और न इस इरादे से बनाई गयी थी कि कभी उसका इस्तेमाल किसी भी एक बडी ताकत के खिलाफ हो सके। इसलिए सोवियत सघ के द्वारा बार-बार निषेधाधिकार के इस्तेमाल के खिलाफ जो हो हल्ला मचाया गया वह सयुक्त राष्ट्र के निर्माण मे लगी हुई पूरी समझ की जमा पूजी के बाहर की बात थी। वस्तुत जसा ए० ई० इस्टोवेस ने लिखा था 'निषेधाधिकार हमारी कठिनाइयो का आधार भूत का कारण नही है। यह रूस के लोगा के साथ हमारे दुभाग्यपूर्ण मतभेदा का प्रतिबिंब मात्र ही हैं।' यदि हम सकट से बचना चाहते हैं तो हमे उन मतभेदो को तय करना चाहिए। केवल मतदान की विधि को बदलना यथेष्ट न होगा। मतैक्य के नियम का जम अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक जीवन की वास्तविकताओ से हुआ है। यदि पाच महान राज्य किसी मामले पर राजी नही होते तो उनमे से किसी के विरुद्ध शक्ति का प्रयोग एक बडे युद्ध को जम देगा। सयुक्त राष्ट्र सघ की स्थापना

इसी सम्भावना से बचने के लिए हुई थी।"[18]

आर्थिक और सामाजिक परिषद

प्रथम महायुद्ध के बाद जिम अन्तर्राष्ट्रीय कहे जाने वाले राष्ट्र सघ की स्थापना की गयी थी उसके सविदा म ऐम किसी अग की स्थापना नही की गयी थी जो आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र मे मदद करे। केवल व्यापार मे उचित तरीके अपनाय जाए उसका ही जिक्र था पर धीरे धीरे राष्ट्र सघ से सम्बन्ध रखने वाले करीबन सात आठ सौ शासकीय व अशासकीय सस्थायें अस्तित्व म आ गई थी। वैसे राष्ट्र सघ के जीवन के प्रारम्भिक काल मे तीन तकनीकी सगठनो का गठन किया गया था – स्वास्थ्य सगठन। वित्तीय तथा आर्थिक सगठन तथा सचार और यतायात सगठन। स्मरणीय है कि मई 1923 तक स्थायी स्वास्थ्य की योजना ही नही बनायी जा सकी। उस वष सितम्बर मे राष्ट्र सघ की महासभा ने उसका अनु मोदन किया। इसी प्रकार आर्थिक सगठना का हाल रहा।[19] सचार व यतायात के बारे मे भी पहला सम्मेलन माच 1921 म हुआ और उसके प्रति चार वष बाद उसकी सभायें होती रही। इसी प्रकार राष्ट्र सघ ने श्रमिको की समस्याओ के सबध मे *अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सघ का गठन किया, अन्य ऐसे ही सगठन समय समय* पर बने यथा विस्थापियो से सबधित (1921) या 1926 म स्थापित एक बुद्धि जीवी सहयोग सस्थान।

सयुक्त राष्ट्र के अन्तगत आर्थिक एव सामाजिक काय

इस उपयुक्त पष्ठभूमि मे द्वितीय महायुद्ध के बाद सयुक्त राष्ट्र सघ के तत्वा धान मे ही राज्यो के आपसी आर्थिक व सामाजिक प्रगति को व्यवस्थित करने के लिए एक महत्त्वपूण अग के रूप मे चाटर की 61वी स 72वी धाराओ म आर्थिक तथा सामाजिक परिषद की व्यवस्था की गयी है। सयुक्त राष्ट्र सघ के चाटर का निमाण करने वाले सान फ्रासिसको के सम्मेलन के गठन के समय तक कुछ विशेष सस्थायें बन चुकी थी और कुछ प्रस्फुटित हो रही थी। अत चाटर मे इस तथ्य का मान्यता दी कि आर्थिक, सामाजिक व सास्कृतिक क्षेत्र मे अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की सुविधा देने तथा तत्सबधी कार्यों को सपादित करने के लिए जो विशिष्ट सस्थायें पल्लवित व अकुरित होगी वे अपने कायकलापो के लिए बहुत हद तक स्वतत्र होगी। 'चाटर' ने इन विशिष्ट सगठनों व उनकी कायवाहियो के समन्वय के लिए सघ के प्राधिकारों की विशेष रूप मे व्याख्या की गई और यह भी प्रावधान किया गया है कि उपरोक्त लक्ष्यो की पूर्ति के लिए जहा उपयुक्त एव आवश्यक होगा सघ नई विशिष्ट सस्थाओ की स्थापना के लिए राष्ट्रो से वार्ता करेगा। यह भी 'चाटर' मे स्पष्ट किया गया कि अन्तर्राष्ट्रीय सहमति स स्थापित इन विशेषज्ञ

सस्थाओ (विशिष्ट अधिकरणो) के अन्तर्राष्ट्रीय उत्तरदायित्वो की व्याख्या उनके अपने सविदा पत्रो म होगी और वे सघ से सबधित होगी। सघ उनकी नीतियो व कायवाहियो को समन्वय के करने के लिए सस्तुति करेगा। और इन उत्तरदायित्वो को निभान का का काम महासभा को सौंपा गया और उसकी निगरानी के अतगत *आर्थिक एव सामाजिक परिषद मे निहित किया गया है।*

आर्थिक तथा सामाजिक परिषद

सगठन आर्थिक एव सामाजिक परिषद का सगठन उन 18 सदस्यो से होता था जो महासभा के द्वारा 2/3 बहुमत से चुने जाते थे इसमे प्रत्येक सदस्य तीन वष के लिए चुना जाता है और उसके पुर्ननिर्वाचन म कोई बाधा नही है। ध्यान देने योग्य है कि पाच बडे राष्ट्रो को न तो इसमे कोई विशेष स्थान है या अधिकार प्राप्त हैं न ही उनको स्थायी सदस्यता या निषेदाधिकार प्राप्त है। वैसे सदस्यो की योग्यता आदि के बार मे कोई निर्देश नही है तथा महासभा भौगोलिक आधार पर समान वितरण का ध्यान रखती है। 1965 म 'चाटर' मे जो सशोधन हुआ उसके अनुसार *आर्थिक तथा सामाजिक परिषद के सदस्यो की सख्या 18 से बढाकर 27* कर दी गयी और इस प्रकार वढे हुए नौ स्थानो का बटवारा भौगोलिक आधार पर या कर किया गया —7 सीटें एशिया आफ्रिकी देशो के लिए एक लातिनी अमेरिकी देशो को और एक पश्चिम यूरोपीय देशो को दी गयी।

काय और अधिकार आर्थिक और सामाजिक परिषद को सयुक्त राष्ट सघ के तत्वावधान में आर्थिक, सामाजिक। सास्कृतिक, शैक्षिणक। स्वास्थ्य सबधी तथा विविध अन्य कार्यों को सम्पादित करने की जिम्मेदारी सोंपी गयी है। (1) यह परिषद इससे सबधित विषयो का अध्ययन करती है और अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है। तथा इन विषयो के सबध मे अपनी सस्तुति महासभा को या सघ के सदस्यो या विशिष्ट अधिकरणो को देती है। (2) महासभा के अधिकार क्षेत्र मे आने वाले विषयो के सबध मे मसासभा के सामने प्रस्तुत किये जाने वाले सविदा या समझौतो के प्रारूपो एव आलेखो को तैयार करती है। (3) महासभा को सस्तुतियो को कार्यान्वित करने के लिए उचित कायवाही करती है (4) महासभा के अनुमोदन पर सघ के सदस्यो तथा विशिष्ट अधिकरणा की प्राथना पर सेवाओ का सम्पादन करती है। (5) सुरक्षा परिद को उम उसकी प्राथना पर सहायता प्रदान करती है एव वाछित सूचनाए देती हैं। (6) वह मानव अधिकारो तथा मूल स्वतन्त्रताओं के पालनाथ एव उसके प्रति सम्मान बढाने के लिए सस्तुतिया करती है। ( )वह अपने अधिकार क्षेत्र मे आने वाले विषयो पर सघ द्वारा नियमित नियमो के अनुसार अन्तराष्टीय सम्मेलना का आमन्त्रित करतो है। (8) वह विशिष्ट अधिकरणा की कायवाही म परामश देकर या उन्ह महासभा और सघ के

सदस्यो को अपनी सस्तुति देकर समन्वय करती है (9) अनुच्छेद 57 के अन्तगत वह किसी भी अधिकरण के साथ समझौता कर सकती है तथा उन शर्तों को निर्धारित करती है जिसके अन्तर्गत वे अधिकरण सयुक्त राष्ट्र सघ स सबधित होग। पर इन समझौता का महासभा की स्वीकृति पाना आवश्यक है। (10) विशिष्ट अधिकरणो म प्रतिवदन प्राप्त करने के लिए आवश्यक कायवाही करती है तथा महासभा और अपनी सस्तुतियो को कार्यान्वित करने के लिए उठाय गये नयेकदमो के सबध मे उनसे प्रतिवेदन प्राप्त करती है और उस प्रतिवेदन पर अपनी टिप्पणी के साथ महासभा को भेज सकती है (11) अन्त मे, वह ऐसे भी काय सम्पादित करती है जो 'चाटर' के अन्तगत महासभा उस सौप देती है या 'चाटर' मे कहीं अन्यत्र दिये गये हो।

परिषद की कायवाही परिषद का प्रथम अधिवेशन लदन मे 23 जनवरी से 26 फरवरी 1946 तक हुआ था।

परिषद की प्रक्रिया नियमावली म यह व्यवस्था की कि वष मे कम से कम तीन अधिवेशन किये जायेंगे पर बाद मे इनकी सख्या घटा कर दो कर दी गयी। परिषद के बहुसख्यक सदस्य महासभा एव सुरक्षा परिषद की माग पर कभी भी विशेष अधिवेशन 30 दिन के नोटिस पर आमन्त्रित कर सकते हैं। सामान्य अधिवेशन महासभा के वार्षिक अधिवेशन से पूव तथा शरद ऋतु मे होता है। अधिवेशन 4 से 6 हफ्ते तक चलते हैं और इनकी बैठकें आम होती हैं अर्थात् जन-साधारण के लिए खुली होती हैं। लेकिन जब भी परिषद चाहे ये बैठकें गुप्त हो सकती हैं।

अधिवेशन के प्रारम्भ म परिषद अपने अध्यक्ष तथा पहले और दूसरे उपाध्यक्ष को चुनती है। आम तौर से अध्यक्ष के पद के लिए छोटे राष्ट्रो स प्रतिनिधि चुने जाते हैं और उनके पुन निर्वाचित होने का भी अधिकार है। परिषद अपने नियमो की खुद निर्मात्री है और अध्यक्ष परिषद के नियमो का पालन कराता है। परिषद 'एजेन्डे' या काय सूची के लिए सयुक्त राष्ट्र सघ के सदस्य, अन्य अग महासचिव या विशिष्ट अधिकरण या अन्य सगठन विषय प्रस्तुत करते हैं। परिषद अनेक स्रोतो से प्राप्त प्रतिवेदन पर विचार करने के लिए और सस्तुति करने के लिए सदस्यो की समितिया गठित करती है। अधिवेशना का अधिक समय इस विभिन्न अधिकरणो और सहयोगी निकायो के प्रतिवेदन सुनने मे लग जाता है।

सहायक अग 'चाटर' ने आर्थिक तथा सामाजिक परिषद को आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रो मे समुचित रूप से काय सचालन के लिए आयोग तथा मानव-अधिकार आयोग की स्थापना का अधिकार दिया तदनुसार, परिषद ने निम्नाकित आयोगो की स्थापना की जिनमे कुछ क्षेत्रीय आयोग हैं। पाच विशेष निकायो तथा समय समय पर एतदथ समितियो का निर्माण भी किया गया।

आयोग आर्थिक एव सवा योजना, (2) यातायात तथा सचार आयोग,

(15 सदस्य) (3) साख्यिकीय आयोग (15 सदस्य) महिलाओ के अधिकार सबधी आयोग (18 सदस्य) ' मानव अधिकार आयोग (18 सदस्य), मादक द्रव्य सबधी आयोग (18 सदस्य), अन्तर्राष्ट्रीय वस्तु व्यापार आयोग (18 सदस्य) जनसख्या आयोग (15 सदस्य) सामाजिक आयोग (18 सदस्य)। जो प्रादेशिक या क्षेत्रीय आयोग हैं, वे इस प्रकार हैं – (1) यूरोपीय आर्थिक आयोग, (2) एशिया तथा सुदूरपूर्व आर्थिक आयोग, (3) लातिनी अमेरिकी आर्थिक आयोग, (4) मध्य-पूर्व के लिए आयोग, (5) अफ्रिका सबधी आयोग।

इन आयोगो की सदस्यता 18 से 21 तक होती है और इनका कायकाल 2 स 4 वप तक का होता है। 1946 मे परिषद ने यह निणय लिया था कि इसके सदस्य विशेषज्ञ न होकर राज्यो के प्रतिनिधि होगे। इनका चुनाव परिषद करती है—केवल मादक पदार्थ सबधित आयोग के प्रतिनिधियो को, जो उ ही राष्ट्रो से आते हैं जो या तो उत्पादक हैं या निर्माता या जहा इन वस्तुओ का अवैध व्यापार होता है, सीधे सरकारा द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।

इस परिषद के द्वारा एक उप आयोग भी गठित किया गया है जिसका काम है भेदभाव की रोकथाम करना। इसका नाम ही भेदभाव की रोकथाम एव अल्प सख्यक सुरक्षा सबधी आयोग है।

इन आयोगा पर एक दृष्टि डालने से यह पता चलता है कि ये आयोग तीन प्रकार के हैं (1) कुछ ऐसे है जिनका मुख्य काय समस्याओ का अध्ययन करना और परिषद के लिए प्राविधिक सूचनाए एकत्रित करना है यथा साख्यिकीय, जन-सख्या, तथा अन्तराष्ट्रीय वस्तु व्यापार आयोग, (2) कुछ ऐसे आयोग हैं जो सामाजिक समस्याओ के बार मे परामर्श देते हैं और सस्तुतिया उपस्थित करते हैं यथा मानव अधिकार और महिलाओ के स्तर सम्बधी आयोग,

(3) ऐसे आयोग हैं जिनका काम न केवल परामश देना है बल्कि, निरिक्षण करना भी है यथा मादक द्रव्य आयोग।

इन आयोगा म परिषद की तरह ही काय होता है अर्थात प्रतिवष अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चयन होता है और निर्णय साधारण बहुमत से लिए जाते हैं। कुछ आयोगो की बैठकें दो वप मे एक बार होती हैं यथा मानव अधिकार सहयोग, मादक आयोग इत्यादि।

जहा तक क्षेत्रीय आर्थिक आयोगो का सम्बन्ध है, यह ज्ञातव्य है कि यूरोपीय आर्थिक आयोग तथा एशिया और सुदूर पूव आयोग का निर्माण सन 1947 म हुआ था। लातिनी अमेरिकी आयोग सन् 1948 मे गठित किया गया था और अफ्रिका आयोग की स्थापना सन 1958 मे की गई थी। इन विभिन्न आर्थिक आयोगो की सदस्यता पर भी एक दृष्टि डालने पर कुछ मनोरजक तथ्य उभरते हैं यथा सदस्यता इस प्रकार है—

(1) यूरोपीय आर्थिक आयोग—यूरोप के राष्ट्रो के अलावा अमेरिका भी इसका सदस्य है,

(2) एशिया और सुदूर पूव मे यहा के सदस्यो के अलावा (अब चीन भी भी शामिल हो गया है) आस्ट्रेलिया, न्यूजीलेंड, फ्रास, नीदरलेंड, सोवियत सघ, ब्रिटेन और अमेरिका भी सदस्य है।

(3) लातिनी अमेरिकी आयोग म अमेरिकी गोलार्द्ध के सदस्य राष्ट्रो के अलावा फास, ब्रिटेन और नीदरलेंड भी सदस्य हैं।

(4) इसी प्रकार अफ्रिकी आयोग मे अफ्रिकी सदस्यो के अलावा स्पेन, फ्रास व ब्रिटेन है। पुर्तगाल को 1963 मे परिषद द्वारा सदस्यता के अलग कर दिया था और इसी प्रकार जाति भेद की कुत्सित नीति क कारण दक्षिण अफ्रिका को भी जो इसवा सदस्य था निलबित कर दिया।

य आयोग भी अपने सहयोगी अगो, समितियों और सम्मेलनो के माध्यम से काम करते हैं।

परिषद ने इसके अलावा पाच स्थायी समितियों की स्थापना की है। ये इस प्रकार हैं—

(1) अराजकीय सगठन समिति यह समिति अराजकीय सगठनो क बारे मे सचिवालय द्वारा प्रस्तुत सूचनाओ पर विचार कर परिषद को अपनी सिफारिशें देती हैं। इसमे 7 सदस्य होते हैं।

(2) उद्योग विकास समिति इसम परिषद के सभी सदस्यो के अतिरिक्त 12 और सदस्य होते हैं। यह समिति अविकसित क्षेत्रो के औद्योगिक विकास का बढावा देने के बारे मे सलाह देती है। यह औद्योगिकरण की नई विधिया नये बाजार और वित्तीय वितरण क बारे मे गोष्ठिया सगठित करती हैं और सूचनाए एकत्रित करती हैं,

(3) गृह और आयोजन समिति—यह गृह निर्माण योजना तथा ऐसी अन्य सुविधाओ के विषय म अपना प्रतिवेदन सामाजिक आयोग के माध्यम स देती रहती हैं। इसकी स्थापना सन 1962 मे हुई थी और इसके 18 सदस्य हैं।

(4) वैज्ञानिक एव प्राविधिक परामर्श सम्बन्धी समिति इसका काम भी विकास के वैज्ञानिक एव प्राविधिक सूचनाओ को एकत्रित एव वितरित करना है। यह वैज्ञानिक एव प्राविधिक सस्थाओ के प्रयत्नो को बढावा देती है और उनके कार्यों को समर्थन करती है। अविकसित क्षेत्रो के विकास के लिए भी सहयोग प्रदान करने मे यह प्राथमिकता का ध्यान रखती है।

इस का गठन सन 1963 में किया गया था। इसम 18 सदस्य होते हैं जिन्हें महासचिव न केवल उनकी व्यक्तिगत योग्यताओ क आधार पर चयन करता है बल्कि, भौगोलिक वितरण की समानता का भी ध्यान रखता है,

(5) सम्मेलन के कायक्रम सम्बन्धी अतरिम समिति इसमे चार सदस्य होते हैं जिनकी नियुक्ति परिषद का अध्यक्ष करता है। यह सम्मेलन के कार्यक्रम को निर्धारित करने के लिए महासचिव स सलाह मशविरा करती रहती है।

इन स्थायी समितिया क अलावा परिषद न अपने काम को ठीक स चलाने के लिए कुछ निकायो की भी स्थापना की है यथा अन्तर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य निकाय जो 1965 म स्थापित हुआ। इसम 10 सदस्य होत हैं जिनम 3 अन्तर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य सगठन क द्वारा नामाकित व्यक्तिया म से चुने जाते हैं और 8 सयुक्त राष्ट्र सघ के सदस्या व अन्य अभिकरणा के द्वारा। मादक द्रव्य औषधि आयोग इसका नीति निर्धारक अग है।

सयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल कल्याण निधि इसकी स्थापना दिसम्बर 1946 को हुई। इसका उद्देश्य शिशु कल्याण के विविध कार्यों तथा बच्चो के स्वास्थ्य और शोषण के कायक्रमो को चलाना है। सन 1964 65 मे प्राविधिक माग निर्देशन कायक्रम के अन्तगत इसने स्कूलों को सहायता तथा औद्योगिक प्रशिक्षण का कायक्रम भी चलाया था।

सामान्य रूप स निधि के द्वारा साजोसामान और अन्य वस्तुआ के रूप मे सहायता दी जाती है। यह निधि अपने आर्थिक काप के अशदान तथा व्यक्तियो के व्यक्तिगत दान पर निभर करती है।

इस निधि का एक कायकारी निदेशक होता है। यह कायकारी निर्देशक एक 30 ससदीय कायकारी निकाय की सहायता से निधि का प्रशासन करता है। परिषद इस कायकारी निकाय के सदस्यो का चुनाव 3 वष के लिए करती है जिस मे वह अशदान दने वाल व्यक्तिया तथा सदस्य राष्ट्रा और उनका भौगोलिक प्रति निधित्व का ध्यान रखती है।

विस्थापित उच्चायुक्त कार्यालय — द्वितीय महायुद्ध के दौरान और उसके बाद जो अनेक स्थानों म विस्थापिता के रूप मे मानव समुद य प्रकट हुए उनकी खोज और पुनर्वास के लिए एक सयुक्त राष्ट्रीय विस्थापित उच्चायुक्त कार्यालय की स्थापना सन 1950 म की गई। इस कार्यालय के जिम्मे यह काम सौपा गया कि यह विस्थापितो की समस्या का कोई स्थायी हाल निकाले। एक 25 सदस्यीय कार्यकारी समिति के अधीन यह कार्यालय काम करता है जो जिनेवा स्थित उच्चायुक्त को उसके काय मे सहायता देती है। सन 1946 मे महासभा ने उच्चायुक्त का कायकाल 5 वष के लिए कर दिया है। इसका प्रशासकीय खर्चा तो सयुक्त राष्ट्र चलाता है पर अन्य कार्यों के लिए निजी ऐच्छिक दानो के सहारे काम चलाया जाता है। बागला देश के सिलसिले मे उच्चायुक्त प्रिस सदरुद्दीन भारत और बागला देश गय थे बाकी कोई खास सहायता विस्थापितो को नही मिली।

सयुक्त राष्ट्र सघ विकास कायक्रम 1965 मे परिषद ने महासभा की सस्तुति पर एक सयुक्त राष्ट्र सघीय विकास कायत्रम की भी स्थापना की थी। इस कार्यक्रम के अतगत प्राविधिक सहायता तथा 1958 मे सस्थापित विशेष निधि के कार्यक्रमा को एक म मिला दिया गया था। इसका एक अपना परामश दात्री निकाय है और एक 36 सदस्यो की शासकीय परिषद जिसमे 19 विकसित देशो के और 17 विकासशील देशो के प्रतिनिधि हैं। इस निकाय मे उन विशिष्ट अभिकरणो के प्रधान भी होते हैं जिनका इस कायक्रम म सम्बध है। सदस्य दो वष क लिए चुने जाते हैं और उसका नीति निर्देशन करते हैं और उनके लिए धन जुटाते हैं।

विशिष्ट अभिकरण आर्थिक एव सामाजिक परिषद का बहुत सारा महत्त्वपूण काय उसके द्वारा स्थापित विशिष्ट अभिकरणा के जरिए होता है। निम्नाकित विशिष्ट एजेंसियो का सयुक्त राष्ट्रसघ से समझौता हुआ है। ये अभिकरण उस प्रकार के सगठन हैं जिनकी स्थापना अत शासकीय अनुबधो के द्वारा हुई है। ये अनुबध महासभा आर्थिक एव सामाजिक परिषद एव सम्बध सस्थाओ के द्वारा अलग अलग स्वीकार किए जाते हैं। तथा आर्थिक एव सामाजिक परिषद इन कायकलापो और नीतियो का समन्वय करती रहती है। जैसा ऊपर बता चुके हैं ये अभिकरण सयुक्त राष्ट्रसघ की विस्तृत प्राविधिक सहायता योजना मे भाग लते हैं और परिषद की प्राविधिक सहायता परिषद मे इनको प्रतिनिधित्व मिला है। इन की सख्या 12 है

(1) अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सगठन,
(2) अन्तर्राष्ट्रीय अणु शक्ति अभिकरण,
(3) विश्व डाक सघ,
(4) विश्व स्वास्थ्य सगठन,
(5) खाद्य एव कृषि सगठन,
(6) सयुक्त राष्ट्र शिक्षा, विज्ञान एव सास्कृतिक सगठन,
(7) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष,
(8) अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम
(9) अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एव विकास बैंक,
(10) विश्व ऋतु विज्ञान सगठन
(11) अन्तर्राष्ट्रीय दूर सचार सघ,
(12) अन्तर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन सगठन।

इसके अलावा एक अत शासकीय सामुद्रिक परामशदाता सगठन की स्थापना भी की गई है और जैसा बताया जा चुका है —एक मानव अधिकार सहयोग गृह से ही काम कर रही है।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सगठन सयुक्त राष्ट्र सघ से सम्बन्धित यह अभिकरण वस्तुत सयुक्त राष्ट्र सघ से कहीं अधिक पुराना सगठन है। इसकी स्थापना प्रथम विश्व युद्ध के बाद की गयी थी और इसे तब राष्ट्र सघ अर्थात 'लीग' ऑव् नेशन्स से जोड दिया गया। इस अन्तर्राष्ट्रीय सगठन के सबध मे यह ज्ञातव्य है कि यह सगठन प्रथम महायुद्ध के पूव यूरोप के पूजीवादी देशो की सत्ताधारियो के द्वारा व समाजवादी एव श्रमिक आदोलना के बीच हुए निरन्तर भीषण अन्तद्वन्द्व को रोकने के लिए किये गये पूजीवादियो एव सशोधनवादियो के युद्ध पूव के प्रयासो की परिणिति इस रूप मे हुई। श्रमिको के निमम शोषण पर सुधारवाद का लेबिल चिपकाने के प्रयत्न श्रमिका की समस्याओ से सम्बन्धित सम्मेलना के रूप मे हुए यथा 1890 मे बर्लिन मे फिर 1906 मे बन मे सम्मेलन हुए। इसी प्रकार 1905 और 1913 मे प्राविधिक सम्मेलन ने भी कुछ समझौतो के प्रारूप तैयार किये। 1916 म लस्डस के श्रमिक सघो के प्रतिनिधियो का सम्मेलन हुआ। व 1917 मे एक अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सघ काग्रेस बन म बुलाई गई और। 1918 के एक अत मित्र राष्ट्रीय श्रम तथा समाजवादी सम्मेलन बुलाया गया जिसके ओर स सरकारो को अपील भेजी गई कि वे शाति सधियो मे एसी व्यवस्था करें जिससे श्रमिक वग को भी अपने सगठन बनाने तथा लोक कल्याण के काय जसे सामाजिक बीमा, उचित काम के घटे स्वास्थय रक्षा व अन्य ऐसे ही मजदूरो की दशा सुधारने वाले प्रयास किये जा सके। रूस मे हुई अपूर्व सोवियत क्राति ने जिसकी चिनगारियो यूरोप भर म फैल गई थी, इन श्रमिक सुधारको को ऐसे अन्तर्राष्ट्रीय सगठन को जल्दी स जल्दी स्थापित करने के लिए बाध्य किया ताकि, इस सुधारवादी मुखौटे को ओढकर वे सोवियत क्राति चिनगारियो से पूजीवाद के लडखडाते सगठन को नष्ट होने से रोक सकें तदनुसार पेरिस के शाति सम्मेलन म अन्तर्राष्ट्रीय श्रम विधान पर एक आयोग बनाया जिसने दो माह के अन्दर इस श्रमिक सघ के सविधान को बना दिया जो वर्साय सधि के 13वें भाग के रूप मे सम्मिलत हो गया। फलस्वरूप मध की धारा 392 म यह प्रबध किया गया कि एक अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक कार्यालय राष्ट्र सघ के मुख्यालय पर राष्ट्र सघ के एक अग के रूप मे स्थापित किया जाय। इस प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सघ से सम्बन्धित पर एक स्वायत्तता पूण अग के रूप मे स्थापित किया गया।

यह श्रम सघ 1921 से 1939 तक जेनेवा मे काय करता रहा। फिर यूरोप मे युद्ध की आशका के निरतर बढने पर सन 1940 मे इसका कार्यालय केनडा के मानट्रियल शहर मे भेज दिया गया। द्वितीय महायुद्ध के बाद सन 1944 मे फिलाल्डेफिया मे इसका एक सामान्य सम्मेलन बुलाया गया जिसमे इसके उद्देश्यो और सिद्धान्तो की घोषणा की गई जिसे फिलाल्डेफिया 'चाटर' भी कहते हैं।

सयुक्त राष्ट्र सम्मेलन म यह प्रस्ताव किया गया था कि 'चाटर'

श्रम सगठन को ऐसे अभिकरण के रूप म जगह दी जाय जो श्रमिको की आर्थिक और सामाजिक स्थिति का मुख्यत सुधारने क लिए उत्तरदायी सस्था है। सम्मेलन म इसके स्वायत्त रूप को बनाये रखने की सिफारिश की गई। परिवर्तित सविधान मे सगठन को सयुक्त राष्ट्र सघ से सबधित किया गया और इसके सम्बध म राज्यो के दायित्वो का विस्तार किया गया। इस प्रकार सिद्धान्त रूप मे यह अभिकरण प्राय उसी रूप म है जिस रूप मे वह 1919 मे स्थापित किया गया था। पर यह ज्ञातव्य है कि यह सयुक्त राष्ट्र सघ स जोडा जाने वाला पहला अभिकरण है। (14 दिसम्बर 1946) पहले की अपेक्षा व्यवहार म इसके कामधाम काफी बदल और बढ गये हैं।

इस अभिकरण के निम्नांकित सिद्धान्त बताये जाते हैं

1 श्रम कोई क्रय विक्रय की वस्तु नही है अर्थात यह सिद्धा त माना गया कि वस्तुओ का उत्पादन एक सामाजिक कृतित्व है,
2 अभाव और दरिद्रता सभी देशो की समृद्धि के लिए घातक है,
3 अत अभाव और दरिद्रता को सवत्र दूर करने के लिए सभी को कटिबद्ध होना चाहिए,
4 पर अतर्राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगपतियों, श्रमिको व सरकारी प्रतिनिधियो के पारस्परिक सहयोग के आधार पर इसे लोकतान्त्रिक ढग स खुले विचार विनिमय के आधार पर तय करना चाहिए।

उद्देश्य इस संस्था के प्रमुख उद्देश्य निम्नांकित हैं

1 श्रमिको के लिए पूर्ण रोजगार की व्यवस्था और उनके जीवन-यापन के स्तर को ऊचा किया जाय,
2 श्रमिको को स्वेच्छापूवक एसे कामो मे लगाना जहा उनके श्रम का उचित उपयोग हो,
3 श्रमिको के प्रशिक्षण, स्थानान्तरण और सस्थापन की पूरी गारटी दिलवाना,
4 काम के घटे, मजदूरी और काम के सम्बध मे दूसरी शर्तों की समुचित व्यवस्था करना ताकि, उन्हें अपना उचित योगदान का अश प्राप्त हो सके। और न्यूनतम जीवनोपयोगी वतन मिल सके,
5 सामूहिक सौदबाजी के अधिकार को मान्यता मिल और उत्पादन की क्षमता को बढाने तथा सामाजिक और आर्थिक नीतियो में मालिको और मजदूरो का पारस्परिक सहयोग मिल सके,
6 प्रत्येक श्रमिक को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना तथा रोगी और घायल श्रमिको की चिकित्सा की व्यवस्था करना,
7 बाल विकास तथा शिशु और माता की सुरक्षा की व्यवस्था करना,
8 श्रमिको को पोषणदायी भोजन आवास, सास्कृतिक एव मनोरजन के साधनो

को उपलब्ध कराना,

9 सघ इन उद्देश्यो की पूर्ति के लिए सरकार को तकनीकी सहायता देता है तथा श्रमिक समस्याओ के बारे मे पत्रिकाए निकाले, औद्योगिक एव मजदूरो की समस्याओ का अध्ययन कर और प्रतिवेदन प्रस्तुत करे।

सगठन अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक सघ के तीन प्रमुख अग हैं

(1) अतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन,

(2) शासन निकाय तथा

(3) श्रम कायालय।

(1) **अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन** यह सघ का सबसे शक्तिशाली अग है। इसका सगठन अपने ढग से होना है। इसम प्रत्येक सदस्य राष्ट्र 4 प्रतिनिधि भेजते हैं जिसम सरकारी की आर से दो प्रतिनिधि होते है राज्य के उद्योगपतियो और मालिको की ओर से एक प्रतिनिधि होता है और श्रमिक सगठनो की ओर से एक प्रतिनिधि। हमार दश के मजदूर प्रतिनिधियो मे राष्ट्रीय काग्रेस से सबधित सत्ताधारी दल की राष्ट्रीय मजदूर काग्रेस का एक प्रतिनिधि भेजा जाता है। प्रत्यक सदस्य के साथ दो परामशदाता भी भेजे जाते है। इस सम्मेलन का मुख्य काय ससमयो की स्थापना करना है (कनवनशन्स) और सस्तुतिया भेजना हैं।

(2) **शासन निकाय** यह एक कायकारी परिषद है जिसमे 48 सदस्य होते हैं। जिनम 24 राज्यो के प्रतिनिधि होते है, 12 उद्योगपतिया और मिल मालिको के तथा 12 श्रमिक सघा के प्रतिनिधि होते हैं। 24 सरकारी प्रतिनिधियो मे 12 ऐसे राज्यो के प्रतिनिधि स्थायी सदस्या के रूप मे होते हैं जो औद्योगिक महत्व के माने गये है। ये राज्य हैं अमेरिका, सोवियत सघ, ब्रिटेन, फ्रास, जमनी, जापान इटली, चीन और भारत। ये तीन वष क लिए चुने जाते हैं। (अस्थायी सदस्य)।

यह निकाय महानिदेशक की नियुक्ति करती है तथा अनेक समितिया व आयोगो तथा श्रम कार्यालय के कामा की देखभाल करती है तथा श्रम सम्मेलन के लिए काय सूची बनाती है तथा उसकी बैठकें बुलाती है। आय व्यय का ब्यौरा तैयार करती है तथा सदस्या का अशदान निधारित करती है, व समस्याओ के अध्ययनाथ समितिया इत्यादि गठित करती है।

(3) **श्रम कार्यालय** पहले का ही तरह श्रम सगठन का मुख्य कार्यालय जिनेवा मे है। इसकी शाखाए यूयाक, बेंगलूर, मध्य पूव स्ताम्बूल मैक्सिको, लीमा (पेरू) तथा यूरोप और एशिया के अन्य देशा के स्थित हैं। जैसा बता चुके हैं इसका प्रधान प्रशासक महानिदेशक होता है। वही इसके काय व्यापार के लिए जिम्मेदार होता है। वह काय सूची के विषयो से सम्बन्धित प्रतिवेदनो को सदस्यो को भेजता है। वह सस्तुतियो और ससमयो मे अध्यक्ष के साथ-साथ हस्ताक्षर करता है। वह शासन निकाय द्वारा नियुक्त समितियों एव आयोगो के प्रतिवेदनो

को शासन निकाय को भेजता रहता है। इस कार्यालय का काम श्रम सम्बन्धी समस्याओ के लिए सूचनाए इकट्ठा करना उन्हें वितरित करना और उन पर विचार करवा कर उन्हें समय निर्माण मे मदद करना है।

सदस्यता व कुछ महत्वपूर्ण समय कोई भी राज्य इस सघ का सदस्य हो सकता है। वे सारे राज्य जो एक नवम्बर 1945 को इसके सदस्य थे इसमें शामिल कर लिए गये। इसके अलावा 2/3 बहुमत से तथा 2/3 सरकारी के प्रतिनिधियो के बहुमता से कोई भी राज्य इसका सदस्य स्वीकार किया जा सकता है। इसमें यह जरूरी नही कि सयुक्त राष्ट्र सघ का सदस्य ही इसका सदस्य बन सके यथा सयुक्त राष्ट्र सघ की सदस्यता पाने के पहले ही पश्चिम जमनी को इसकी स्थायी सदस्यता प्राप्त थी। इसी प्रकार कोई भी सदस्य दो वष की नोटिस देकर इससे अलग हो सकता है। 1964 मे सम्मेलन ने यह सशोधन स्वीकार किया कि कोई भी ऐसा सदस्य राष्ट्र जो जाति भेद की नीति अपनाये, इसकी सदस्यता से निलबित या निष्कासित किया जा सकता है। इस पर दक्षिण अफ्रीका ने सदस्यता छोडनी चाही परन्तु महानिदेशक ने इस दो वर्ष वाली शत के आधार पर उसे अलग नही किया। सन् 1961 मे श्रमिको की समस्याओ का अध्ययन करने के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय सस्थान की स्थापना की गई है तथा माच 1963 में श्रमिको को विशेष प्राविधिक और औद्योगिक प्रशिक्षण देने के लिए एक केंद्र की स्थापना की गयी। बहुत से ऐस क्षेत्रीय परामशदात्री 'मिशन' स्थापित किये गये है।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सहिता सम्बन्धी लगभग 150 समयो अर्थात कनवन शनस अपनाये जा चुके हैं। और लगभग इतनी ही सस्तुतिया (रिकमेन्डेशनस) श्रम सम्मेलनों ने भेज रखी हैं। इन सभी को लगभग 1500 सतुष्टिया प्राप्त हो चुकी हैं। अब तक अपनाये गये कुछ महत्वपूर्ण 'कनवेन्शन्स' इस प्रकार रहे हैं

(1) 1919 उद्योगो के कार्यो के घटे सम्बन्धी रात्रि मे महिलाओ से काम न लेने के बारे मे तथा युवको से भी ऐसा काय न लेने के बारे मे,

(2) 1921 सामूहिक व्यापार मे लगे युवको की डॉक्टरी जाच के बारे मे,

(3) 1927 बेगार सम्बन्धी, 1917 उद्योगो में बीमारी बीमा नियोजन

(4) 1933 वृद्धावस्था पेन्शन,

(5) 1934 बेरोजगारी सम्बन्धी,

(6) 1946 समुद्री व्यापार मे लगे श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा योजना,

(7) 1949 श्रम निरिक्षण योजना सेवा सविदा समिति,

(8) 1948 सगठन निर्माण की स्वतन्त्रता और सगठन आयोजित करने सुरक्षा,

(9) 1949 सावजनिक सविदा मे श्रम सम्बन्धी प्रावधानो को स्थान देना,

(10) 1952 बेगार सम्बन्धी 'कनवेन्शन'।

इसी प्रकार सम्मेलन ने सौ से भी अधिक संस्तुतियां स्वीकार की हैं जो सेवा दुर्घटना, मालिकों द्वारा सेवाओं से हटाये जाने का प्रावधान, औद्योगिक दुर्घटनाओं को रोकना एवं श्रम निरीक्षण आदि प्रावधान सम्बन्धी हैं।

ये संस्तुतियां 2/3 बहुमत से स्वीकृत होती हैं। इसके बाद सम्मेलन के अध्यक्ष तथा महानिदेशक उस पर हस्ताक्षर करते हैं फिर ये सदस्य राष्ट्रों को उनकी संवैधानिक प्रक्रिया द्वारा संतुष्ट होने के लिए भेज दिये जाते हैं। संपुष्ट हो जाने पर राज्यों का यह कर्त्तव्य हो जाता है कि वे उनको कार्यान्वित करें। धारा 26 के अन्तर्गत किसी समसमय को संपुष्ट करने वाला राष्ट्र यदि उसका पालन संतोषजनक रूप से नहीं करता है तो इस संगठन के किसी भी सदस्य को यह अधिकार है कि वह इसकी शिकायत श्रम कार्यालय को भेजे जहां शासन निकाय कार्यवाही करता है और आवश्यकता पड़ती है तो जांच के लिए आयोग को भेज सकता है। यथा सन 1962 में घाना ने पुर्तगाल के विरुद्ध शिकायत की थी कि वह बेगार को समाप्त करने वाले सनसमय का पालन नहीं कर रहा था। दूसरे में पुर्तगाल ने ऐसी ही शिकायत लीबिया के बारे में धारा 24 के अन्तर्गत उद्योगपति या श्रमिक के संगठन शासन निकाय को सरकार के विरुद्ध शिकायत के रूप में भेज सकते हैं कि वे संपुष्ट किये जाने के बाद भी समसमयों का पालन नहीं कर रहे हैं।

इस प्रावधान का भी सात बार उपयोग किया गया है। श्रम संगठन की एक समिति है जो प्रतिवेदनों पर विचार करती है और अपना मत साधारण सम्मेलन को भेजती है और जो सदस्य राष्ट्रों से संस्तुतियां व समसमयों पर कार्यवाही न करने के लिए स्पष्टीकरण मांग सकती है। सन 1964 में समिति ने 63 राज्यों से इस प्रकार का स्पष्टीकरण मांगा था जबकि एक वर्ष पूर्व ऐसे 73 मामले उनके सामने आए। अब तक लगभग 300 शिकायतें सुनी जा चुकी हैं। इस प्रकार श्रम संगठन भरसक संघ के सदस्यों की दिशा में की जा रही उपेक्षा, गैरजिम्मेदारी व दुर्व्यवहार को रोकने या कम करने के प्रयत्न में लगा ही रहता है।

सारांश यह है कि पूंजीवादी दायरे के अन्दर प्रारम्भिक वर्षों में पुराने साम्राज्यवादियों व तथाकथित लोकतन्त्रवादियों के नेतृत्व में यह संस्था श्रमिकों की दशा सुधारने में यत्किंचित योगदान करती रही। जब से एशिया अफ्रिका के नवोदित राष्ट्र इस के सदस्य बने हैं तब से इसकी गति में कुछ तेजी आ गई और आजकल की परिस्थियों में सोवियत संघ तथा उस के समर्थक राष्ट्रों की ओर से होने वाला विरोध और उपेक्षा बहुत कुछ कम हो गई है। जैसे राष्ट्रीय सीमा के अन्दर वैसे ही इस अखाड़े में भी पूंजीपति वर्ग व संशोधनवादी मजदूर नेतृत्व एक समझौतावादी नीति अपना कर इसका महत्व बढ़ाते रहे हैं।

इस सस्था का मुख्य उद्देश्य अणु शक्ति के शाति पूर्ण कार्यों के लिए उपयोग को बढावा देना है, उस की खोज करना है तथा इसका समस्त ससार की शाति, स्वास्थ्य एव समृद्धि के लिए विस्तृत प्रयोग करना है। इस सस्था के दो अग हैं ?

(1) साधारण सभा,

(2) इसका अधिशासी निकाय।

सगठन इसके तीन प्रमुख अग हैं—

(1) विश्व डाक परिषद या सघ,

(2) कायकारिणी या सम्पर्क समिति,

(3) अन्तर्राष्ट्रीय ब्यूरो।

कायकारिणी एव सम्मक समिति म 20 सदस्य होते हैं जो विश्व डाक परिषद द्वारा निर्वाचित किये जाते थे। फरवरी 1964 को इस की सदस्य सख्या 27 कर दी गई।

अन्तर्राष्ट्रीय ब्यूरो इस प्रकार प्रधान महानिदेशिक होता है तथा वह स्वय सरकार की दखरेख मे काम करता है। व डाक सनसमयो के अन्तगत विवादा के सुलझाने मे मध्यस्थता करता है। 1964 मे इस सघ की सदस्य सख्या 126 थी।

विश्व स्वास्थ्य सगठन राष्ट्रसघ के कायकाल मे रोगा विशेष कर महामारियो व छुआछूत के रोगो की रोकथाम के नियन्त्रण के लिए एक राष्ट्रीसघीय स्वास्थ्य सस्थान की स्थापना हुई थी। इसी क्रम को द्वितीय महायुद्ध के बाद सान फ्रांसिसको सम्मेलन म सुविस्तृत और सुसगठित करने का विचार किया गया और फलस्वरूप एक विश्व स्वास्थ्य सगठन की स्थापना की गई। सामाजिक और आर्थिक परिषद ने एक अन्तर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन बुलाकर (जिस मे 61 सदस्यो ने भाग लिया) इस सगठन के सविधान इसकी स्थापना कर दी गयी और 10 जुलाई, 1948 का निर्माण किया और 7 अप्रैल, 1948 को इस सयुक्त राष्ट्रसघ से जोड दिया गया।

सगठन इस सस्था का काय तीन अगो की सहायता स चलाया जाता है—

1 विश्व स्वास्थ्य सम्मेलन,

2 सम्मेलन द्वारा चुने गये 18 व्यक्तियो का एक कायकारी निकाय, तथा

3 सचिवालय।

इस सगठन के अन्तगत अमेरिका, अफ्रीका, दक्षिण पूर्वी एशिया, पूर्वी भूमध्य सागर एव पश्चिमी प्रशात महासागर के क्षेत्रो के लिए अलग अलग प्रादेशिक सगठन भी बनाय गये हैं। इसका मुख्य कार्यालय जिनेवा मे है जिसका प्रमुख महानिर्देशक होता है।

विश्व स्वास्थ्य सगठन का उद्देश्य दुनिया को और मानव मात्र का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दृष्टि से स्वास्थ्य उपलब्ध करना है और व्याधियो से

मुक्त रखना है। इस उद्देश्य से, सस्था निम्नाकित काय करती है—

(1) स्वास्थ्य के क्षेत्र मे अ य सगठनो राज्यो के स्वास्थ्य सगठनो तथा चिकित्सक सघो से सहयोग प्राप्त करना।

(2) महामारियो व बीमारियो के उन्मूलन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास को सगठित करना

(3) स्थानीय वातावरण के अनुकुल स्वास्थ्य, भोजन, आवास एव स्वच्छता की दशाओ को बढावा देना,

(4) शिशुओ एव माताओ के स्वास्थ्य तथा कल्याण कार्यो को प्रोत्साहित करना,

(५) इस सस्था स्वास्थ्य सम्बन्धी अनुस धान को दुनिया के अनेक भागो मे अनुसधान शालाओ को स्थापित कर बढायी है और इस म कसर और हृदय रोग पर विशेष बल दिया जा रहा है,

(6) खाद्य पदार्थो तथा औषधिया के सम्ब ध मे एक अन्तराष्ट्रीय मानक निर्धारित करने मे प्रयत्नशील है।

(7) इसी प्रकार चिकित्सा सम्ब धी मानदण्ड स्थापित करने मे प्रयत्नशील है,

(8) मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र मे भी योगदान कर रही है,

(9) सदस्यो के अनुरोध पर उन्हें स्वाथ्य सम्बन्धी प्राविधिक सहायता एव परामश उपलब्ध कराने का प्रयत्न करती है।

प्रतिवप इसका एक बार नियमित अधिवेशन होता है। 6 क्षेत्रीय कार्यालयो म एक नई दिल्ली मे स्थिति है। (दक्षिण पूव एशिया का)।

विश्व स्वास्थ सगठन को यद्यपि बडे और समथ देशा का हार्दिक सहयोग नही मिला है तथापि इसने विकासशील देशो के हित मे कुछ उल्लेखनीय काय किये हैं यथा छुआछूत स फैलने वाली बीमारिया और महामारियो की रोकथाम मे इसका योगदान महत्वपूण रहा है यथा मलेरिया उन्मूलन के अन्तगत इसने भारत, श्रीलका, इजरायल, जाडन, लेबनान, सीरिया 'यूनान इत्यादि 40 देशो मे काय किया है और अनेक जगहा मे इस उल्लेखनीय सफलता मिली है। इसी प्रकार इन्फुलजा के लिए लदन, एटलाटा, जार्जिया मे इस सगठन क द्वारा केन्द्र अच्छा काम कर रहे हैं। क्षय या टी बी रोग के निवारण के लिए इस सगठन ने अनक देशो की बडी सहायता की है। अकेले भारत म ही 55 क्षय निरोधक दलो को प्रशिक्षण देकर तथा इसकी सहायता से भारत के राष्ट्रीय क्षय सस्थान से लगभग 600 डाक्टर प्रशिक्षण पा चुके हैं। 'ट्रकोमा' के लिए टीके के अनुसधान तथा अन्य औषधियो के अनुसधान मे यह सगठन पर्याप्त रुचि लेता है और काय करता है। सन 1964 मे इसक 118 सदस्य थे (सोवियत सघ, बुलगारिया, रूमानिया और हगरी इसके

सहायक सदस्य के रूप मे ही बने रहे)।

खाद्य और कृषि सगठन

'एटलाटिक' घोषणा पत्र म प्रकट होता है। वस्तुत खाद्य और कृषि सगठन की स्थापना का बीजाकु प्रक्रिया वहा स शुरू होती है। जब आस्ट्रेलिया के प्रतिनिधि ने इस तरह क एक खाद्य और कृषि क्षेत्र म प्राविधिक आयोग की स्थापना का सुझाव अक्तूबर 1942 मे ब्रिटेन, अमेरिका व केनडा को दिया। रूजवेल्ट क द्वारा इस सुझाव म काफी रुचि ली गई। और स्वय ने एक दीघकालीन योजना प्रस्तुत की। तन्नुसार मई 1943 म खाद्य और कृषि पर एक सम्मलन अमेरिका म हुआ और इस सम्मेलन ने ऐसे एक सगठन के विधान के निर्माण के लिए एक आयोग की स्थापना की सिफारिश की जो जुलाई मे बना। उसके आधार पर इस सगठन का निर्माण 16 अक्तूबर, 1945 को हुआ। यह सस्थान राष्ट्रसघ क एक विशिष्ट अभिकरण के रूप मे 14 दिसम्बर, 1943 को जोड दिया गया।

सगठन खाद्य और कृषि सगठन क तीन प्रमुख अग हैं—

(1) सभा अथवा सम्मेलन

(2) परिषद

(3) सचिवालय।

उद्देश्य इस सगठन के निम्नाकित उद्देश्य बताये गये हैं

(1) खाद्यान्नो वनस्पति वन सम्पत्ति तथा मछलियो के उत्पादन म अभिवद्धि करना और इनके क्रय विक्रय का प्रबन्ध करना।

(2) जीवन यापन एव आहार के स्तर को बढाने तथा उसके सम्बन्ध मे वैज्ञानिक प्राविधिक सामाजिक एव आर्थिक पहलुओ पर शोध करना।

(3) अपने कायक्षेत्र मे प्रशिक्षण देना।

(4) प्राकृतिक साधनो का सरक्षण करना।

(5) भूमि धारण व्यवस्था की विभिन्न पद्धतियो का सुधार करना एव कृषि के लिए साख की व्यवस्था करना।

(6) वितरण की उचित व्यवस्था म सहायता करना।

कार्य

इस सगठन के निम्न काय हैं

(1) भूमि तथा जल के स्रोतो के विकास मे सहायता प्रदान करना।

(2) उत्पादक वस्तुओ के लिए सुदृढ अन्तर्राष्ट्रीय बाजार बनाने के लिए प्रोत्साहित करना।

(3) खाद्य एव कृषि सम्बन्धी आवश्यक सूचनायें एकत्रित करना एव उन्हे प्रकाशित करना।

(4) प्रतिवष विश्व खाद्यान्नो का सर्वेक्षण करना।

(5) कृषि सम्बन्धी समस्याओ पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलना को आयोजित करना।

(6) खाद्य एव कृषि की प्रत्येक समस्या पर देशा को प्राविधिक सहायता एव परामश देना।

(7) अल्पविकसित दशा की राष्ट्रीय विकास योजनाओ मे सहायता देने के लिए विशेषज्ञ भेजना।

(8) भूमि रक्षा, पशुओ की बीमारी पर नियत्रण एव मछली पालन आदि समस्याओ का विशेष अध्ययन करना।

(9) सदस्य राष्ट्रो या अन्य राष्ट्रो के अनुरोध पर प्राविधिक सहायता प्रदान करना।

(10) नये ढग के पौधो को एक देश स दूसरे देश मे भेजने को प्रोत्साहित करना।

(11) उपयुक्त पद्धतिया का समस्त ससार मे प्रचार करना।

सयुक्त राष्ट्रीय शैक्षणिक, वैज्ञानिक एव सास्कृतिक सगठन (यूनेस्को)

यह सगठन सयुक्त राष्ट्र का सर्वाधिक उपयोगी और लोकप्रिय सगठन बन गया है। इस सगठन के क्रिया कलाप दुनिया के प्राय सभी देशो के सास्कृतिक, वज्ञानिक, एव शिक्षा सम्बन्धी काय क्रमो मे योगदान दते आ रह हैं। इस सगठन की स्थापना 4 नवम्बर 1946 को लदन मे हुए नवम्बर 1945 के सम्मेलन द्वारा प्रस्तुत किये विधान के अनुसार की गई और इसे 14 दिसम्बर 1946 को सयुक्त राष्ट्रसघ के साथ जोड दिया गया। शुरू शुरू मे इसके लगभग 20 सदस्य थे लेकिन आज यह सर्वाधिक लोकप्रिय सस्था सिद्ध हुई है और इसकी सदस्य सख्या 130 से भी अधिक पहुच गयी है।

उद्देश्य सयुक्त राष्ट्रसघ के 'चाटर' मे इस बात का उल्लेख किया गया है कि जाति, लिंग, भाषा या धम के भेदभाव के बिना दुनिया के सभी लोगो को मानव अधिकार एव मौलिक स्वतन्त्रता प्राप्त होनी चाहिये। इसके सविधान मे तदनुसार इस सस्था का उद्देश्य शिक्षा, विज्ञान, एव सस्कृति के माध्यम से न्याय, कानून के शासन, मौलिक अधिकार एक स्वतन्त्रताओ के प्रति सभी लागो मे जाति, धम और लिंग के भेद भाव के बिना आदर की भावना उपजाना है। इसके सविधान की प्रस्तावना मे कहा गया है कि 'युद्ध मनुष्य के मस्तिष्क मे जनम लेता है। इसलिए शाति को सुरक्षित रखने की आधार शिलाए भी मनुष्य के मस्तिष्क मे बनाई जानी चाहिए।" अत यह सस्था इसी उद्देश्य को लेकर अपने अस्तित्व को न्याय-सगत ठहराती है। यह सस्था शिक्षा, विज्ञान, सस्कृति के क्षेत्र म राष्ट्रो के

बीच मेल जोल बढाने इस प्रकार शांति और सुरक्षा की स्थायी नीव डालने का प्रयत्न करती है।

सगठन यह तीन अगो वाली सस्था है जो क्रमश

(1) साधारण सभा या सामान्य सम्मेलन,

(2) प्रशासन निकाय या कार्यकारणी तथा

(3) सचिवालय।

सामान्य सभा या सम्मेलन म प्रत्येक राष्ट्र का एक प्रतिनिधि रहता है। इसकी बैठक साल म एक बार होती है। यह सघ की नीति निश्चित करती है, उसका बजट स्वीकार करती है तथा प्रशासन निकाय का निर्वाचन करती है। प्रशासन निकाय म सम्मेलन के द्वारा चुने गये 24 सदस्य होते हैं और इस चुनाव मे इस बात का ध्यान रखा जाता है कि ऐसे ही व्यक्ति चुने जाए जो शिक्षा, समाज सना विज्ञान एव कला मे निपुण हो और उन्हे इस क्षेत्र मे सवाओ का अनुभव हो और दक्षता प्राप्त हो ताकि वे यूनेस्को' के कामो का ठीक से कर सके इसके साथ ही विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रो और सास्कृतिक क्षेत्रो का प्रतिनिधित्व भी हो। प्रधान को छोडकर किसी राष्ट्र के दो सदस्य निकाय मे नही रखे जा सकते। निकाय यूनस्को के कायक्रम को लागू करती है और वर्ष म इसकी दो बार बैठकें होती है। इसका एक सचिवालय है जो पेरिस म स्थित है और जिसकी अध्यक्षता एक महासचिव करता है।

कायक्रम यह सस्था अपने समूचे काय क्रम को छ भागो म बाट कर चलाती है। वे छै प्रकार के काय इस प्रकार हैं

(1) शिक्षा (2) प्राकृतिक विज्ञान (3) सामाजिक विज्ञान (4) सास्कृतिक काय (5) सामूहिक शिक्षा एव प्रचार के साधन (6) प्राविधिक सहायता।

शिक्षा शिक्षा के क्षेत्र मे 'यू०एन०ओ० ने अपना उद्देश्य शिक्षा का प्रसार उसका उन्नयन और विश्व समाज के निर्माण व विश्व नागरिकता को बढाने वाली शिक्षा। इसम यूनेस्को' ने साक्षरता और प्रौढ शिक्षा पर बल दिया है। अनक कार्यक्रम अपनाये गये हैं यथा 1964 म 8 चुने हुए दशो म शिक्षा-प्रचार के लिए 'पाइलट प्रॉजिक्ट' तैयार किये गये तथा दो क्षेत्रीय सम्मेलन किये गय(एक आबिद जन, दूसरा काहिरा मे) प्रौढ शिक्षा के क्षेत्र मे सेनेगल म ऐसा ही पाइलट प्रोजेक्ट चलाया गया। अफ्रिका मे माध्यमिक शिक्षको के प्रशिक्षण के लिए एक सस्था स्थापित की गई तथा एक शोध केन्द्र अकारा मे खोला गया। पाठय पुस्तको के बारे म केमरून म एक केन्द्र स्थापित किया गया तथा सूडान म विद्यालय भवन का निर्माण केन्द्र खोला गया। इसी प्रकार 66 विशेषज्ञो का एक दल कागो भेजा गया। शिक्षा सम्बन्धी क्षेत्रीय कार्यालयो की स्थापना बैंकाक तथा फिलीपाइस मे खोला गया जिसका प्रधान कार्यालय दिल्ली मे है। यह स्मरणीय है कि सामू

हिक शिक्षा तथा अनिवाय नि शुल्क शिक्षा की व्यवस्था पर 'यूनेस्को' ने वडा बल दिया और अपना मुग्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र म उन सारी प्रवत्तियो से लडना और उन्हें दूर करना निश्चित किया है जो युद्धो को भडकाती हैं या पनपाती हैं यथा जातीय द्वेष और साम्प्रदायिक विष वमन। लेकिन यह ज्ञातव्य है कि युद्धो का मूल कारण साम्राज्यवाद और पूजीवाद का शोषण इसके सौम्य जकड से बाहर की बात है।

प्राकृतिक एव सामाजिक विज्ञान इस क्षेत्र मे भी 'यूनेस्को' ने उल्लेखनीय काय किया और मुख्यत अपना ध्यान विकासशील देशा की समस्याओ पर लगाया है यथा सन 1963 मे विकासशील दशो के विज्ञान और प्राविधिक ज्ञान के उपयोग के लिए जिनेवा म एक सम्मेलन सगठित किया गया और दो विभागो की स्थापना की गई। इसी प्रकार लागोस मे एक बैठक म यह योजना बनाई गई कि 15 वर्षों मे वैज्ञानिको की सख्या अफ्रिका मे 15 गुनी की जाय। इसी प्रकार पेरिस की एक बैठक म ज्वाला मुखी एव भूकम्प आभयत्रण सम्बन्धी योजना बनाई तथा विश्व के ज्वालामुखी क्षेत्रा का नक्शा बनाने प्रतिस्थापित शोधशालाओ को और सबल बनाने एव भूकम्पीय क्षेत्र मे ऐसे भवन-निर्माण करने जिन पर उनका असर न हो। इस सम्बन्ध के शोध की योजना स्वीकार की।

सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र म 18 राष्ट्रा क विशेषज्ञो का एक सम्मेलन मास्को म जातिवाद के प्रकार तथा जाति भेदा पर शरीर विज्ञान की दृष्टि से अध्ययन करने क लिए सगठित किया गया (सन् 1964 म) इसी प्रकार यह सस्था विचार गोष्ठिया को आयाजित करती है और साहित्य प्रकाशित करती है। और एक अन्तर्राष्ट्रीय स्मारक परिषद का सन 1964 मे गठन किया जिसका उद्देश्य सास्कृतिक सम्पत्ति की रक्षा करना है यह सस्था एक अन्तर्राष्ट्रीय समाज, विज्ञान बुलेटिन निकालती है।

सास्कृतिक एव सामूहिक शिक्षा व प्राविधिक सहायता के क्षेत्र मे ही इसने सराहनीय काय किया है। सामान्य सचार के साधनो क विकास और इनकी स्थापना के लिए प्रशिक्षण फेलोशिप तथा क्षेत्रीय गोष्ठिया आयोजित कर सहायता देकर अनक देशो मे रेडियो, टेलिविजन, प्रेस सर्विस, समाचार-पत्र सवा तथा सूचना सवाआ आदि की स्थापना मे यह सहायता देती रहती है और इस सम्बन्ध की गोष्ठिया आयोजित करती रहती हैं यथा रेडियो पत्रिकारिता की गोष्ठी सन 1964 म फ्रास मे की गई तथा 10 सप्ताह का प्रशिक्षण केन्द्र खोला गया जिसमे 12 देशो के 84 विद्यार्थियो ने भाग लिया।

इस प्रकार यह सगठन शिक्षा विज्ञान व सास्कृतिक क्षेत्रा म अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग व सहायता के काय क्रमा को कार्यान्वित कर महत्वपूर्ण योगदान करता है। लेकिन यह ज्ञातव्य है कि 'यूनस्को की गतिविधिया विकासशील देशो को भी

प्रभावित करने वाली गतिविधियां हैं और चाहे वह तकनीकी सहायता हो व अन्य सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम सर्वत्र ही विकसित और विकासशील देशों के बीच दाता और मंगता का सम्बन्ध है।

आर्थिक क्षेत्र के अन्तर्राष्ट्रीय संगठन द्वितीय महायुद्ध के दौरान पूंजीवाद व साम्राज्यवाद के सगठक नेता अमेरिका ब्रिटेन को राजनीतिक नेतृत्व अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था व सम्बन्धों को अपने अनुकूल बनाये रखने के लिए सर्वाधिक रूप से चिंतित था। उन्हें अपनी दृष्टि से सुरक्षा और शांति की समस्या का सबसे महत्वपूर्ण रूप दुनिया की पूंजीवादी व्यवस्था और उपनिवेशवादी व्यवस्था को अपने अधीन रखना ही था क्योंकि वे सोवियत संघ के साथ युद्ध में सहयोग कर रहे थे इसलिए वे युद्धोत्तर अन्तर्राष्ट्रीय गठन में सोवियत संघ के सहयोग की अपेक्षा रखते थे। फलस्वरूप वे ऐसे आर्थिक ढांचे बनाने के लिए प्रयत्नशील रहे जो यथार्थ में उनकी पूंजीवादी व साम्राज्यवादी व्यवस्था को यथावत बनाये रख कर भी अपने स्वरूप में लोक-कल्याणकारी लगे तदनुसार 3 4 ऐसे अभिकरण अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के रूप में बनाये गये और वे संयुक्त राष्ट्रसंघ से जोड़ दिये गये। ऐसे संगठनों में प्रमुख निम्नांकित हैं

(1) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(2) अन्तर्राष्ट्रीय विकास संगठन,
(3) अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम,
(4) अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण व विकास बैंक।

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष इस कोष की स्थापना 27 सितम्बर, 1945 (दिसम्बर ?) की गई व इसे 15 नवम्बर 1047 को संयुक्त राष्ट्रसंघ से जोड़ दिया गया।

इस मुद्रा कोष की स्थापना की प्रक्रिया का प्रारम्भ तब से हुआ जब अमेरिकी गणतन्त्रों के विदेश मन्त्रियों ने जनवरी सन 1942 में रिओदीजनेरो में अपने एक सम्मेलन में यह प्रस्ताव पास किया कि एक मुद्रा स्थिरता कोष बनाया जाय ताकि मुद्रा सम्बन्धी संकट का सामना किया जाय। उसी वर्ष अगस्त में ब्रिटेन ने एक अन्तर्राष्ट्रीय समाशोधन संघ की स्थापना के प्रस्थापना के प्रस्ताव का प्रारूप अमेरिका को भेजा और इस प्रकार इन प्रकार इन दोनों पूंजीवाद के नेताओं के बीच पारस्परिक विचार विमर्श हुआ साथ ही इन्होंने सोवियत संघ, कैनडा, चीन तथा अन्य सरकारों से विचारों का आदान प्रदान किया। अगले वर्ष वाशिंगटन में एक बैठक बुलाई गई पर ब्रिटेन और अमेरिका आपस में सहमत न हो पाये फिर अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवल्ट ने ब्रेटनवुड्स नामक स्थान पर राष्ट्रों की एक सम्मेलन बुलाया जिसकी बैठक जुलाई 1 1944 से 22 जुलाई, 1944 तक चली जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना का संकल्प किया गया जो ब्रिटेन और

अमेरिका के प्रस्तावो के मेल का परिणाम था। यह निश्चय किया गया कि कोष को 80 प्रतिशत साधन दने वाले राष्ट के द्वारा सपुष्ट किये जाने पर इसकी स्थापना की जाय। 27 सितम्बर, 1945 को 29 राष्ट्रा ने ऐसी सपुष्टि कर दी। इस प्रकार कोष क 80 प्रतिशत भाग के जमा हा जाने के बाद इसकी स्थापना हो गई और इस सयुक्त राष्ट्रसघ से जोड दिया गया। जून 1966 को इस कोष की सम्पत्ति 3585 लाख डॉलर (स्वण मे), 866 लाख डॉलर (च द मे) तथा 19960 लाख डॉलर राष्ट्रीय मुद्रा मे थी।

उद्देश्य इस मुद्रा कोष के निम्नाकित उद्देश्य बताय जाते ह

(1) अन्तराष्ट्रीय मुद्रा सम्ब धी सवाला पर सलाह दना व सहयोग बढाना,

(2) स्वतत्र विश्व व्यापार के सतुलित एव विस्तत विकास की सुविधाओ को सगठित करना,

(3) अ तर्राष्टीय भुगतान म जो कृत्रिम रुकावटें आ जाती हैं, उनको हटान और नियोजित विनिमय को बढाने तथा विनिमय सम्ब धी प्रतियोगिता का रोकना।

(4) सदस्यो को विदेशी मुद्रा के आदान प्रदान म सहायता करना तथा आर्थिक विकास क लिए व जीवन स्तर को उठाने क लिए किए जाने वाले आर्थिक प्रयत्नो मे मदद करना।

(5) यह कोष सदस्या की विदेशी मुद्रा की देय शक्ति को बढाने के लिए सहायता दता है।

इस प्रकार यह कोप विदशी मुद्रा के विनिमय सम्ब धी सवालो पर विचार करने और ब्रिटेन अमेरिका के नेतत्व मे उनका समाधान खोजने का एक मच है। इसक सभी सदस्य यह स्वीकार कर चलते हैं कि वे अपनी मुद्रा का विनिमय मूल्य कोष के द्वारा सहमति प्राप्त कर चलेंगे और उसे बनाये रखेंगे। तथा 10 प्रतिशत मूल्य मे अधिक का परिवतन करने पर कोप स पूछेंगे। सदस्यगण [illegible] अपने स्वण तथा विदेशी मुद्रा अ तर्राष्ट्रीय व्यापार, विनियाग [illegible], राष्ट्रीय आय तथा मूल्यो इत्यादि के सबध म सूचनाए दत रहत हैं। [illegible] व समस्या के समाधान म बडो को आसानी रहे। कोष [illegible] मुद्रा के रूप मे दी जाती है और सदस्य राष्ट्र जितनी [illegible] वाना चाह वह उतने ही मूल्य की अपनी मुद्रा [illegible] आशा की जाती है कि 3 साल या अधिक मे [illegible] को स्वय या पुन डॉलर या कोप की [illegible] कर लेंग। इस धनराशि पर कुछ [illegible] व जितने समय के लिए ली जाय [illegible]

जाता है कि इस कोष स निकाली गई मुद्रा का प्रयोग सैनिक खच के लिए या आर्थिक विकास के लिए न होकर भुगतान की कठिनाइयां को दूर करना होगा। पर विकासशील देशा को कभी कभी यह छूट दी जाती है कि वे अपनी अस्थायी भुगतान की कठिनाइया के कारण इसका प्रयोग आर्थिक विकास के लिए भी कर सकते हैं। इस प्रकार सक्षेप म कोष के कायक्रम निम्नाकित है

(1) विदेशी मुद्रा एव स्वण को व्यापार के लिए सदस्या को वेचना,

(2) विदेशी विनिमय की बाधाओ को दूर करन वाले वित्तीय एव कोष सम्बधी उपाय बतलाना,

(3) मुद्रा सम्बधी समस्याओ के बारे मे सलाह दना,

(4) मुद्रा स्फीति को रोकने के प्रयत्न मे मदद करना,

(5) आर्थिक समस्या के समाधान के लिए विशेषज्ञो का प्रबध करना,

(6) विश्व की वित्तीय स्थिति के बार मे (पूजीवादी विश्व की) सदस्यो को सूचना देते रहना एव

(7) प्राविधिक सहायता का प्रबध करना।

कोष का प्रत्येक सदस्य अपना चदा जो निर्धारित कर दिया जाता है और जिस वह अशत स्वण व अशत मुद्रा मे देता है निश्चित किया जाता है और इसी धनराशि के आधार पर उसके मतदान की शक्ति व विदशी विनिमय की रकम जो वह निकाल सकता है तय की जाती है।

सगठन इस मुद्रा कोष के सगठन क तीन अग इस प्रकार हैं

(1) अधिशासी मडल या बोड ऑव गवनरस',

(2) अधिशासी निदेशक

(3) प्रब धकारी निदशक व,

(4) सचिवालय।

अधिशासी मडल कोप को सर्वोच्च अधिकारी है। इसमे प्रत्येक सदस्य के द्वारा नियुक्त एक अधिशासी व एक वैकल्पिक अधिशासी होता है। इसे ही काप के समस्त अधिकार प्राप्त है। निम्नाकित विपयो म केवल अधिशासी मडल ही अधिकार का प्रयोग करता है बाकी वह अधिशासी निर्देशको को सौप सकता है।

(1) सदस्यो क प्रवश या उन्हे अलग करना,

(2) कोष की आय के वितरण करने,

(3) सदस्यो की मुद्रा के मूल्य म एक समान परिवतन एव नियति राशि को स्वीकृति देना,

(4) कोप को समाप्त करने का निणय,

अधिशासी निर्देशको की कुल सख्या 20 है जिसमे पाच सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, जमनी फ्रास और भारतवष हैं। जिनका कोषदान सबसे अधिक है। शेष

15 अधिशासियो का चुनाव सदस्यो द्वारा किया जाता है। इसका एक प्रबन्ध निर्देशक है व उसकी सहायता के लिए उप प्रबन्ध निर्देशक है। अधिशासी निर्देशको की बैठक जिसमे प्रबन्ध निर्देशक या उप प्रब ध निर्देशक सभापति का आसन ग्रहण करते है अधिशासी मण्डल कहलाता है। अधिशासी निर्देशका की पहली बैठक मई 6 1 46 म हुई थी। इसका मुख्य कायालय वाशिगटन म हैं। 30 जून, 1966 तक 83 सदस्यो मे से 61 सदस्या ने इस मुद्रा कोष मे 12 265 लाख डालर की धनराशि अपने अपने देशा की मुद्रा मे निकाली। इसी प्रकार जनवरी 1962 मे कोष म औद्योगिक देशो के 6 अरब डॉलर ऋण देन की सिफारिश की और इसकी अवधि चार वष तक बढा दी गई। बहुधा सदस्यो की विदेशी विनिमय देय शक्ति को मजबूत बनाने के लिए 72 घण्टे की सूचना पर सहायता दी गई। कोष भामान्यत आगामी एक वष के लिए दी जाने वाली सहायता की सूचना द दता है।

कोष का एक काय प्राविधिक सहायता देना भी है। एतदथ वे सदस्य राष्ट्रा के बैंकिग सस्थानो को उनके आर्थिक और बजट सम्ब धी सस्थाओ को सुधारने व आर्थिक सूचनाए इकट्ठा करने म सहायता देने हेतु विशेषज्ञ भेजता है। मई 1954 म अतर्राष्टीय मुद्रा कोष सस्थान की स्थापना की गइ जिसका उद्देश्य या प्राविधिक सहायता के रूप मे सदस्या राष्ट्रा के हित म वित्त मत्रालया व बैंक के कमचारियो को प्रशिक्षण देना। यह कोष समय समय पर साहित्य प्रकाशित करता है जिसमे महत्वपूण साहित्य है वार्षिक प्रतिवदन विनिमय प्रतिब धा के सम्बन्ध म वार्षिक प्रतिवदन तथा दा मासिक अन्तर्राष्ट्रीय सांख्यिकीय सूचनाए। अन्तर्राष्ट्रीय पुन निर्माण एव विकास बैंक के सहयोग स कुछ अन्य पत्रिकाए भी निकालता है।

(कोष की समस्याए मुख्यत यह रही हैं कि अमेरिकी व ब्रितानी, फ्रासिसी तथा जमन साम्राज्यवादी इस कोष के सहारे अपनी इच्छा क अनुकूल विनिमय दरो को इस प्रकार निश्चित करना चाहत रहे हैं कि विकासशील देशा को अधिक से अधिक लूट सकें जिसका विकासशील देश विरोध करते आ रहे हैं। इस प्रकार प्रभुसत्ता और स्वतत्रता की भावना आडे आई है। ऐसा कहा जाता है कि सदस्य राष्ट्रा द्वारा योजना और सम्पत्ति के स्वामित्व पर अधिकाधिक अधिकार करने की भावना मे भी कोष के उद्देश्य की पूर्ति म बाधा डाली)

अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एव विकास बक ब्रिटेन वुडस म जो उपयुक्त सयुक्त राष्ट्रीय मुद्रा कोष का आर्थिक सम्मेलन बुलाया गया था उसम अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने इस सगठन को बनाने का सुझाव सुझाया। यह प्रस्ताव जब 29 राष्ट्रा के द्वारा सपुष्ट हो गया तब 27 दिसम्बर 1945 को इसकी स्थापना की गई और 15 नवम्बर, 1947 को इसे सयुक्त राष्ट्र सघ म जोड दिया गया। इसक सदस्या की सख्या 106 के लगभग है।

सगठन विश्व बैंक का काय चलाने के लिए तीन अगो की स्थापना की गई।
(1) अधिशासी मण्डल,
(2) अधिशासी निर्देशक,
(3) सचिवालय एव अध्यक्ष।

अधिशासी मण्डल म प्रत्येक देश द्वारा नियुक्त एक अधिशासी तथा एक वैकल्पिक सदस्य होता है। बक की सारी शक्तिया इसी मण्डल को प्राप्त है। प्रत्येक राष्ट्र को उसके अशदान के अनुपात से मतदान का अधिकार है। इसका नियमित अधिवेशन वष म एक बार होता है। अधिशासी निदेशक 20 होते हैं जिनमे पाच सर्वाधिक अशदान देने वाले राष्ट्रो द्वारा नियुक्त होत हैं। तथा शेष 15 अन्य राष्ट्रो के अधिशासिया द्वारा निर्वाचित होते हैं।

कार्यालय का प्रधान अधिशासी निर्देशको के द्वारा चुना जाता है। वह अधिशासी निर्देशको का अध्यक्ष होता है तथा बक कमचारियों का प्रधान होता है। बैंक के सचालन की जिम्मेदारी उस मिली होती है और वही कमचारिया अधिकारियो की नियुक्ति करता है व उन्हे हटाता है। अमेरिका के भूतपूव रक्षामत्री मैंकनामरा इसके वतमान अध्यक्ष है। इसका मुख्य कार्यालय वाशिगटन म है।

उद्देश्य एव काय इस बक के निम्नाकित उद्देश्य एव काय उल्लेखनीय हैं।
(1) उत्पादक कार्यों के लिए सदस्य राष्ट्रो को पूजी उपलब्ध कराता है।
(2) विदेशा मे निजी पूजी लगाने मे सहायता देता है।
(3) विश्व व्यापार मे सतुलन स्थापित करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय विनियोग को बढावा देता है।

इसके प्रमुख काय इस प्रकार हैं
(1) यह निजी उद्योगो को सहायता देता है एव प्राविधिक सहायता प्रस्तुत कराता है।
(2) अपनी शर्तों पर यह विकास कार्यों के लिए ऋण दता है तथा,
(3) विश्व मे ऋण ग्राहिना (ऋण देने वाले और ऋण लेने वालो के हितो) मे सामजस्य पैदा करता है।

अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम उपयुक्त अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एव विकास बैंक के सदस्या ने 14 मई 1955 को इस अन्तराष्ट्रीय वित्त निगम की स्थापना का प्रस्ताव रखा जिस 24 जुलाई 1956 को स्थापित कर दिया गया और 20 फरवरी 1950 को यह सयुक्त राष्ट्र सघ से जोड दिया गया। यह सस्था विश्व बक के सभी राष्ट्रो के लिए खुली हैं। इसकी वतमान सदस्यता 80 के करीब है।

सगठन यह निगम 3 अगो म बटा है (1) अधिशासी निकाय, (2) निर्देशक निकाय, (3) सचिवालय। इस निगम के समस्त अधिकार सचालक परिषद के पास हैं अर्थात निर्देशक निकाय मे हैं।

प्रत्येक सदस्य राष्ट्र एक सचालक एव एक वैकल्पिक सदस्य भेजता है । इसके अधिकार और कर्त्तव्य अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के समान है और इसका अधिवेशन विश्व बक के साथ साथ होता है । सचिवालय का प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी प्रबन्ध निर्देशक होता है और इसका स्थायी सचिवालय वाशिगटन मे है ।

उद्देश्य व काय इस सस्था का प्रमुख उद्देश्य सदस्य राष्ट्रा विशेष कर विकासशील देशा की निजी पूजी को बढावा दना और उसका सरक्षण व पोषण करना है । इसके लिए यह सदस्य राष्ट्रो को आसान दर पर पर्याप्त पूजी उपलब्ध कराती है । वह स्वय पूजी लगाती हैं ऋण नही देता है । निश्चित व्यवस्था के अन्तगत निजी पूजी (विदश एव उस देश की अपनी) पूजी के लिए शमा शोधन (क्लीयरग हाऊस) का काम करती है ।

दिसम्बर 1965 मे इस सस्था ने 34 दशो के निजी क्षेत्रो की 112 योजनाओ म 150 लाख डॉलर की पूजी लगाई । इसकी अधिकृत पूजी 150 लाख डॉलर है । निगम सम्पूण योजना व्यय की आधी पूजी लगाता है एव एक लाख स दो लाख डॉलर के बीच दता है और यह पूजी अमेरिकी डॉलर मे दी जाती है। (सन 1967 तक इसने 36 राज्या की 108 कम्पनिया मे 20 करोड डॉलर की पूजी लगा रखी थी और यह पूजी मुख्यत स्पात, लोहा, कागज कपडा व खाद्य निर्माण उद्योग म थी । आयोग की सदस्यता 84 राज्यो ने स्वीकार की)।

अन्तर्राष्ट्रीय विकास सगठन यह विश्व वक की एक सहायक सस्था है । इस की स्थापना 1960 म की गई । इसका मुख्य उद्देश्य विकासशील देशो को उनकी उत्पादन क्षमता बढाने के लिए आसान शर्तो पर ऋण दना है । ऐसा कहा जाता है कि यह सगठन बक विकास के लक्ष्यो की पूर्ति म मदद देता है। इस सगठन द्वारा दिये गए ऋण 50 वर्षो मे अदा किये जाते हैं जिसम प्रथम 10 वर्षो मे कोई अदायगी नही होती और न ही ब्याज लिया जाता है। दूसरे 10 वर्षो मे एक प्रतिशत ब्याज लिया जाता है तथा शेप 30 वर्षो मे मूल धन पर 3 प्रतिशत ब्याज लिया जाता है । इस प्रकार इस सगठन के अनेक विकासशील देशा मे अपनी पूजी लगाई तथा दिसम्बर, 1965 तक 30 राष्ट्रो को 79 विकास ऋणा के रूप मे 112 लाख डॉलर दिये और 1968 तक यह राशि 750 करोड डॉलर तक बढ गई । इस रकम की तीन चौथाई अकेले एशिया और मध्य पूव के राज्यो मे लगी हुई है । बाकी अफ्रिका और दक्षिण अमेरिकी राज्या मे लगी हुई है । इसकी सदस्य सख्या 99 है ।

न्यास परिषद या सरक्षण परिषद तथा पराधीन क्षेत्र

सयुक्त राष्ट्र सघ का चौथा महत्वपूण अग न्यास परिषद या सरक्षण परिषद है । जिसके सम्बन्ध मे सयुक्त राष्ट्र सघ के प्रथम महासचिव ट्रिग्वेली ने कहा था

कि ससार म यह पहला अवसर है कि सरकारी प्रतिनिधियो की एक स्थायी अन्तर्राष्ट्रीय समिति म उस पिछड़े लोगो की भलाई के लिए काम करेगी। एक माने म यह सरक्षण परिषद एक सवथा नया प्रयोग है और वह इस मान म कि यह सस्था सयुक्त राष्ट्र सघ की एक प्रमुख अग के रूप म गठित की गई सस्था है। लेकिन दूसरे अथ म यह उस प्रयोग का भी विकास मात्र है जो प्रथम महायुद्ध के बाद राष्ट्र सघ के अन्तगत मडेट प्रणाली या समादेश प्रणाली के रूप म लाई गई थी और जिसके अन्तगत प्रथम महायुद्ध म हार हुए साम्राज्यवादियो के उपनिवेशो को राष्ट्र सघ के माध्यम से जीते हुए साम्राज्यवादियो ने हथिया लिया था और अपने शोषण व्यवस्था के अन्तगत रख लिया था। आज की व्यवस्था म यह अन्तर है कि द्वितीय महायुद्ध के उपरान्त इन्ही पराधीन क्षेत्रो को पूरी तरह सयुक्त राष्ट्र सघ की निगरानी म रख दिया गया था यद्यपि ये न्यास क्षेत्र अलग अलग साम्राज्य वादियो के हाथ म रहने दिये गये थे। दूसरा महत्त्वपूर्ण भेद यह था कि इस बार सयुक्त राष्ट्र सघ के अन्तगत इन पराधीन क्षेत्रो के विकास का लक्ष्य माना गया कि वे कालान्तर म स्वाधीन बनाये जायेंगे और प्राय य सभी पराधीन क्षेत्र आज स्वाधीन कर दिये गये हैं। इस प्रकार पुराने साम्राज्यवादी स्वरूप पर एक मुलम्मा चढाया गया था और इस पुरानी साम्राज्यवादी समस्या को इस बार इस सिद्धान्त के रूप म पेश किया गया कि आज के ससार म कुछ ऐसे प्रदेश हैं जिनके निवासी अविकसित और पिछड़े हुए हैं तथा उनकी उन्नति तब तक सम्भव नही है जब तक सभ्य व उन्नत देश उनका हाथ पकडकर उन्हें ऊपर न उठायें। और इस तरह ये सभ्य उन्नत देश इन अविकसित लोगो के हितो को ध्यान म रख एक न्यासी (ट्रस्टी) की तरह देखभाल करते रहे जब तक कि वे अपने पैरो पर खडे होने लायक न हो जाए। यह सिद्धान्त कुछ कुछ गाधीजी के उस 'ट्रस्टीशिप सिद्धान्त' की तरह है जो वे राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था मे लागू करना चाहते थे।

न्यास व्यवस्था का प्रारम्भिक विचार न्यास व्यवस्था के विचार का सूत्रपात अमेरिकी के द्वारा सन 1942 म तब हुआ जब अमेरिकी को जमनी के विरुद्ध युद्ध के मैदान म उतरना पडा। अमेरिकी नेतृत्व यह चाहता था कि पराधीन उपनिवेश जो उसके मित्रो के हाथ म थे वे कही जमन नात्सियो व जापानी सैन्य शासको के शिकार न बने। इस दुघटना को रोकने के लिए एक आकषक योजना अन्तर्राष्ट्रीय सरक्षण परिषद के रूप म एक प्राविधिक समिति के द्वारा सन् 1942 म तयार की गई जिसकी अध्यक्षता अमेरिकी सचिव वेल्स ने की। इसकी महत्वपूण बात यह थी कि यह योजना सारे गर स्वायत्तता शासी क्षेत्रो पर लागू होनी थी और इसका निणय सयुक्त राष्ट्र सघ पर छोडा जाना था कि कौन सा क्षेत्र कब स्वाधीनता के लिए उपयुक्त हो गया है और उसे कब एसी स्वायत्तता दी जाय। जापानी सरकार के द्वारा पश्चिमी उपनिवेशवाद के विरुद्ध जो जहर उगला जा रहा था और जिस

तरह जापानी अधिनायकवादी अपने आपको एशिया का मुक्तिदाता घोषित कर रहे थे उससे अमेरिकी साम्राज्यवादी बहुत चितित थे। जापान एक के बाद दूसरी जगहों पर कब्जा किये चला जा रहा था और ऐसा स्पष्ट हो रहा था कि बिना एशियाई लोगो के हार्दिक सहयोग के जापानी बाढ को रोकना असभव होगा इसलिए अमेरिकी साम्राज्यवादी इन क्षेत्रो मे राष्ट्रीय आदोलन को अपने पक्ष मे करना चाहते थे। 'एटलाटिक चाटर' मे इसीलिए पहले भी इस बात की घोषणा की गई थी कि मित्र राष्ट्र किसी प्रकार का क्षेत्रीय विस्तार नही चाहते है पर अंग्रेज साम्राज्यवादी यद्यपि 'एटलाटिक चाटर' की इस घोषणा से तो सहमत थे वह आगे और कोई प्रदेश नही चाहते पर वे साथ ही यह भी नही चाहते कि जो कुछ उनके पास है उसे उन्हे खोना पडे यह वह समय था जब कि अमेरिकी दबाव से चर्चिल ने सर स्टेफड क्रिप्स को भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन के नेताओ से समझौता वार्ता के लिए भेजा था पर जसा चर्चिल ने स्पष्ट कहा था वे इसलिए प्रधान मत्री नही बने हैं कि वे साम्राज्य के विघटन का नेतत्व करें। इस प्रकार अमेरिकी साम्राज्यवादी और उनके निकटतम सहयोगी अंग्रेज साम्राज्यवादियो के बीच पूण सहमति नही हो पा रही थी। पर राष्ट्रपति रूजवेल्ट सीमित क्षेत्र मे न्यास पद्धति लागू करने के पक्ष म थे और 14 जुलाई, 1943 को प्रकाशित अन्तर्राष्ट्रीय सगठन के अमेरिकी प्रारूप म कहा गया था कि ऐसे गर प्रशासित क्षेत्र जहा के लोग अभी स्वतत्रता पाने के योग्य नही हो पाये है वहा न्यास व्यवस्था का सिद्धान्त लागू किया जायगा जिसके अन्तगत स्थानीय लोगो के हितो को सर्वोपरि मान कर अन्तर्राष्ट्रीय सगठन की देख रेख मे इन प्रदेशो को रखा जायेगा और इस प्रबन्ध का अतिम लक्ष्य यह होगा कि राजनीतिक परिपक्वता आने पर इन्हे स्वाधीन बना दिया जायेगा। 1944 म इस पर पुन विचार किया गया। यद्यपि डम्बटन ओक्स की बैठक मे इस व्यवस्था के सम्बन्ध मे कोई विचार नही हुआ (अमेरिकी सैन्य दल इस प्रबन्ध से सहमत नही था—इसलिए राष्ट्रपति ने डम्बटन ओक्स की कार्यसूची से निकाल दिया) इस प्रश्न पर फिर याल्टा सम्मेलन मे विचार किया गया जहा तीन बडे (अमेरिकी, सोवियत और ब्रितानी) राष्ट्रो ने यह तय किया कि सुरक्षा परिषद मे पाच बडे राष्ट्र स्थायी सदस्यता पायेंगे और सयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के पूर्व वे आपस म न्यास पद्धति के बारे म विचार करेंगे और उनम यह भी तय हुआ कि यह पद्धति निम्नाकित क्षेत्रो पर लागू की जायेगी—

(1) राष्ट्र सघ के तत्कालीन समादेशित क्षेत्र,
(2) पहले की तरह ही इस बार शत्रुओ स छीने जाने वाले प्रदेश और
(3) ऐसे कोई अन्य प्रदेश जिन्हे मित्र राष्ट्र (साम्राज्यवादी) स्वेच्छापूर्वक इस पद्धति के अन्तगत सौंपना चाहे।

तदनुसार संयुक्त राष्ट्र संघ के 'चार्टर' के अनुच्छेद 77 में इस कथन को लागू किया गया — और इन तीन कोटि के पराधीन क्षेत्रों को न्यास पद्धति के अन्तर्गत रखा गया और अनुच्छेद 78 में इस बात की घोषणा की गई कि पराधीन राष्ट्रों के वे प्रशासक जो संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य हैं उनके कोई भी क्षेत्र न्यास पद्धति के अन्तर्गत नहीं लिए जायेंगे। यह ज्ञातव्य है कि ये प्रदेश अपने आप ही इस पद्धति के अन्तर्गत नहीं आये बल्कि अनुच्छेद 79 के अनुसार प्रत्येक राष्ट्र संघ से इस प्रकार का समझौता करना है जो महासभा के द्वारा स्वीकृत होने पर लागू किया जाता है।

पुराने राष्ट्र संघ के समादेशित प्रणाली के अन्तर्गत निम्नांकित क्षेत्र आते थे

प्रथम श्रेणी	समादेशक
1 लेबनान	फ्रांस
2 सीरिया	फ्रांस
3 फिलस्तीन	ब्रिटेन
4 ट्रांस जोर्डन	ब्रिटेन
5 ईराक	ब्रिटेन
द्वितीय श्रेणी	**समादेशक**
1 टोगोलैंड	फ्रांस
2 टोगोलैंड	बेल्जियम
3 टनगानिका	बेल्जियम
4 केमरून	बेल्जियम
5 केमरून	फ्रांस
6 रूआन्डा उरून्डी	ब्रिटेन
तृतीय श्रेणी	**समादेशक**
1 दक्षिण पश्चिमी अफ्रिका	दक्षिण अफ्रिका संघ
2 मैरीनास कारोलीन मार्शल द्वीप समूह	जापान
3 न्यू गिनी (उत्तरी भाग) न्यू आयरलैंड न्यू ब्रिटेन और सोलोमन द्वीप समूह	आस्ट्रेलिया
4 नारू	आस्ट्रेलिया
5 पश्चिमी समाओ	न्यूजीलैंड

ईराक 1932 में स्वतंत्र कर दिया गया था। सीरिया व लेबनान 1936 में स्वशासी क्षेत्र घोषित हुआ तथा 13 दिसम्बर, 1945 को पूर्ण स्वतंत्र घोषित

किये गये। ट्रासजोडन 17 जनवरी, 1946 को स्वतत्र हो गया। फिलस्तीन 1948 म स्वतत्र हो गया न विभाजित कर समाप्त कर दिया गया।

शेष द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के समादेशित क्षेत्रो मे स 10 न्यास पद्धति के अतगत आ गय। वे थे —

क्षेत्र का नाम	श्रेणी	प्रशासक	प्रशासक प्राधिकारी न्यास पद्धति के अतगत
1 टोगोलैंड	बी	फ्रास	फ्रास
2 टोगोलैंड	बी	बेल्जियम	बल्जियम
3 रूआडा उरुन्डी	बी	ब्रिटेन	ब्रिटेन
4 केमरून	बी	फ्रास	फ्रास
5 केमरून	बी	ब्रिटेन	ब्रिटेन
6 टागानिका	बी	ब्रिटेन	ब्रिटेन
7 नारू	सी	न्यूजीलैंड	ब्रिटेन
8 न्यूगिनी	सी	आस्ट्रेलिया	आस्ट्रेलिया
9 पश्चिमी समाओ	सी	न्यूजीलैंड	न्यूजीलैंड
10 नाथ पैसिफिक द्वीप समूह	सी	जापान	अमरिका

इनमे मेरीयानस मासलस और केरोलीना द्वीप समूह वाला क्षेत्र ऐसा था जो जापान स छीना गया था उसे अमेरिका के प्रशासनातगत कर दिया गया और यह व्यवस्था की गई कि अनुच्छेद 82 के अतगत इन्हे सामरिक महत्व का घोषित कर दिया जाय अत 17 फरवरी, 1947 को अमेरिकी ने सुरक्षा परिषद की स्वीकृति के लिए एक समझौते का प्रारूप रखा और कुछ सरकारो के विरोध के बावजूद सुरक्षा परिषद ने छोटे मोटे परिवतन के साथ इस स्वीकार कर लिया। यह ध्यान देने योग्य है कि इस समझौते म अमरिकियों को यहा के मूल निवासियो की अपेक्षा आर्थिक मामलो म प्राथमिकता प्राप्त है और यह भी अधिकार मिला हुआ है कि सुरक्षा के हित मे वह किसी भी क्षेत्र को निरीक्षण के लिए मना कर सकता है।[19] इस प्रकार चाटर मे दो तरह के न्यासो का प्रावधान हो गया। वे हैं

(1) असनिक न्यास क्षेत्र तथा

(2) सैनिक महत्व के न्यास क्षेत्र।

असैनिक न्यास क्षेत्रो को महासभा के अधिकार क्षेत्र के अतगत रखा गया जबकि सैनिक महत्व के क्षेत्र अर्थात जो अमेरिकी के शासनातगत हैं सुरक्षा परिषद के अधीन किये गये हैं ताकि, अमेरिकी अपने हितो की रक्षा के लिए

निषेधाधिकार का प्रयोग कर सके। यह स्मरणीय है कि वैसे इसका प्रबन्ध किया गया था कि यदि स्वेच्छा से कोई साम्राज्य अपने अन्तगत किसी अस्वशासी प्रदेश को न्यास परिषद क अन्तगत रखना चाहे तो रख सकता है। परन्तु किसी भी साम्राज्य देश ने कोई ऐसा प्रदेश न्याय व्यवस्था को नही सौंपा।[20]

न्यास परिषद सगठन व काय राष्ट्रसघ के अन्तगत जो समादशित प्रबन्ध चलता था वह राष्ट्रसघ को कोई अविभाज्य अग न था बल्कि, यह एक सहायक अग के रूप म काम करता था तथा इसम विशेषज्ञ लोग ही सदस्य के रूप म नियुक्त किये जाते थे जो कवल परामश ही द सकते थे। सयुक्त राष्ट्र की यह न्यास व्यवस्था इस माने म अपनी पूववर्ती व्यवस्था से भिन्न है कि (1) न्यास परिषद सयुक्त राष्ट्रसघ का एक प्रधान अग है और इसके सगठन की व्यवस्था 'चाटर' के अन्तगत की गयी है जिसके अनुसार न्यास सभालने वाले राष्ट्रो के बराबर सख्या के दूसरे राष्ट जो महासभा क द्वारा चुन जात हैं इसके सदस्य होते हैं। इस अपने सारे अधिकारो का प्रयोग महासभा के तत्वावधान म ही करने का अधिकार है। यह परिषद महासभा के निर्देश पर ही काय करती है तथा सैनिक महत्व के न्यास क्षेत्रो के बारे मे इस सु ा परिषद का निर्देश मानना पडता है। अनुच्छेद 86 के अनुसार इसमे तीन प्रकार के सदस्य है —(1) वे प्रतिनिधि जो न्यास प्राप्त राज्यो के द्वारा नियुक्त किए जाते हैं, (2) सुरक्षा परिषद के वे स्थायी सदस्य जो किसी ऐसे न्यास क्षेत्र के प्रशासक नहा है, (3) एस अन्य सदस्य जिनकी सख्या उन राष्ट्रो के प्राधिकारी प्रतिनिधिया के बराबर होगी जो न्यास प्रशासक हैं। ऐसे सदस्य महासभा के द्वारा तीन वर्षो के लिए चुने जाते है। प्रत्येक सदस्य राष्ट्र अपने प्रतिनिधि के साथ साथ एक वैकल्पिक सदस्य और एक सलाहकार भेज सकता है आवश्यकता पडने पर ऐस राष्ट्र भी जो परिषद के सदस्य नही है विशेष आमत्रण पर प्रतिनिधिया को भेज सकते हैं।

अनुच्छेद 87 के अनुसार महासभा और उसके तत्वावधान म काम करने वाले न्यास परिषद निम्नाकित काय सम्पन्न करती है—

1 यह प्रशासनिक अधिकारी द्वारा तैयार किय गए प्रतिवदनो पर विचार करती है। एक प्रश्नावली तैयार की जाती है और उसके आधार पर न्यास क्षेत्र के प्रशासन के बार मे सूचनाए एकत्रित की जाती हैं तथा इस प्रशासन के सबध म विस्तत जानकारी प्राप्त की जाती है

2 यह उन याचिकाओ को प्राप्त करती है और प्रशासनिक अधिकारी की मदद स उन पर विचार करती है जो याचिकाए न्यास प्रदेश के लोगों के द्वारा या वहा क सगठनो के द्वारा प्रस्तुत की जाती हैं। 1951 म तक इसके सामने 700 याचिकाए आई थी पर उनकी सख्या बढती गयी और अकेले सन् 1959 म परिषद को 1235 ऐस प्रतिवेदन मिले ,

3 न्यास परिषद प्रशासनिक अधिकारी द्वारा महूमत समय पर न्यास क्षेत्र का दौरा भी करती है व मौके पर जाकर निरिक्षण करती है। यह प्रबन्ध है कि प्रत्येक यास प्रदेश मे वष मे कम से कम एक बार अवश्य निरिक्षण मण्डल भेजा जाता है।

4 इसके अलावा न्यास समझौते के अनुसार वह इन प्रतिवदनो और याचिकाओ पर कायवाही करती है।

न्यास परिषद के अ तगत इस प्रकार 11 प्रदेश लाये गये थे जिनका क्षेत्रफल 907660 वग मील व जनसख्या 1,74,75 647 थी। आज इन प्रदेशो मे से सिवाय प्रशा त महासागरीय द्वीपा को छोडकर जो अमेरिका के अधीन हैं बाकी सारे क्षेत्र स्वशासन प्राप्त कर चुके हैं और इस प्रकार सयुक्त राष्ट्रसघ का यही एक मात्र ऐसा अग हैं जिसने चाटर' मे उल्लखित ध्येय की पूर्ति की है और उप निवेशवाद की समाप्ति मे एक महत्वपूण कदम उठाया है। इस सदभ मे यह उल्लेखनीय है कि अभी भी दुनिया मे ऐम क्षेत्र बाकी हैं जो स्वशासन नही प्राप्त कर सके यथा पुतगाल के अधीन उपनिवेश अगोला, मौजम्बिक, पुतगाली गिनी तथा दक्षिण रोडेशिया और दक्षिण पश्चिमी अफ्रिका। इस सदभ म 14 दिसम्बर, 1960 म महासभा के द्वारा पास किया गया वह प्रस्ताव उल्लेखनीय है जिसम उपनिवेशवाद को समाप्त करने का सकल्प किया गया था। एसा कहा जाता है कि इस सकल्प ने भी उपनिवेशवाद को न्यास व्यवस्था के अ तगत और उसके बाहर भी समाप्त करने मे काफी योगदान दिया। ऐसा कहा जाता है कि न्यास परिषद ने अपनी उस पद्धति क द्वारा जिसके अ तर्गत याचिकाए सुनी जाती थी तथा शिष्ट मडल भेजे जाते थे अस्वशासित क्षेत्रो के लोगो को काफी कुछ लाभ पहुचाया। इसी को दष्टि मे रखकर मिश्री प्रतिनिधि मुहमद एल० कौली ने यह टिप्पणी की थी कि न्यास पद्धत्ति समादशित पद्धत्ति से कही ज्यादा सुधरी हुई व्यवस्था है क्योकि वह शिष्ट मडला के द्वारा देखभाल का काम ज्यादा अच्छी तरह स कर सकती है। इसके बारे मे सन 1947 मे शिष्ट मडल के प्रतिवेदन पर न्यूजीलेंड ने अपने अधीन क्षेत्र समाओ के प्रशासन म सधार किय। ऐसे ही आस्ट्रेलिया ने भी सन 1962 मे न्यूगिनी के क्षेत्र म प्रतिवेदन के आधार पर क्षेत्रीय प्रतिनिधियो की व्यवस्थापिका सभा का प्रब ध किया। इन शिष्ट मडलो के द्वारा न्याम परिषद चाहे तो यह सूचना बडी अच्छी तरह इक्टठा कर सकती थी कि राजनीतिक सस्थाओ, सावजनिक सेवाओ उद्योग धधे वगार तथा स्वास्थ्य और कृषि सम्बन्धी बातो मे प्रशासक राज्य क्या क्या कायवाही कर रहे है उनकी सूचनाए कहा तक विश्वसनीय ह और उनके विरुद्ध शिकायतें कहा तक सही हैं। सयुक्त राष्ट्रसघ ने इसके अन्तगत जनमत सग्रह भी करवाय यथा ब्रिटश टोगा लेंड व ब्रिटश केमरून मे जनमत सग्रह का निरीक्षण किया जिससे वहा सघ द्वारा मान्यता प्राप्त टोगोलेंड

तथा गोल्डकोस्ट को मिलाकर घ ना सघ की स्थापना हुई। इसी प्रकार के जनमत गणना के द्वारा पश्चिमी सभाओ के लिए नया सविधान स्वीकार किया गया और यह सन् 1962 म स्वतत्र कर दिया गया। फासिसी तोगोलड, रूआडा और उरुडा मे स्वशासन म पूव चुनावो क समय सयुक्त राष्ट्रसघ क प्रेक्षक दल भेजे गए। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि अपन सीमित दायर के अन्दर राष्ट्रसघ न इस अग न प्रशसनीय काय किया जिस आशिक रूप न उपनिवशवाद की समाप्ति का काय कहा जा सकता है क्योकि उपनिवशवाद का कोढ अभी भी पूरी तरह से समाप्त नही हुआ है।

इस ऐतिहासिक क्रम के विकास मे जहा एक ओर रूस की उत्तरोत्तर विकास की स्थिति रही, वही अमेरिका एव अन्य पश्चिमी राष्ट्रा की क्षमता म उत्तरोतर अवसान हुआ। 1973 तक यह प्रक्रिया स्पष्ट रूप स उभर कर सामने आयी। इसस पूव भी अफ्रिका राष्ट्रीय आन्दोलना क सदर्भ म इसक प्रारम्भिक आधार मिलते हैं। किन्तु 1973 के बाद यह प्रवत्ति और अधिक मुखरित हुई, जबकि अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति म एक शिथिलता का वातावरण नय शक्ति के सन्तुलन के रूप मे स्वीकार हुआ। अमेरिका और पश्चिमी राष्ट्रा की आर्थिक एव सामरिक शक्ति के अवसान के मूलभूत ऐतिहासिक कारण थे। इन राष्ट्रा की शक्ति के साम्राज्यवाद की आधारशिला अथ पर टिकी थी। उपनिवेशवाद क अन्त के बाद राजनीतिक रूप स स्वतत्र राष्ट्र अधिक स्वतन्त्रता की ओर उन्मुख हुए। इसका स्पष्ट अभिप्राय था जिस अनुपात म ये राष्ट्र साम्राज्यवाद के आर्थिक शोषण स मुक्त होग, ठीक उसी अनुपात मे पश्चिमी साम्राज्वादी राष्ट्रो की आर्थिक क्षमता को ठेस पहुचेगी जो कि उनकी राजनीतिक हस्तक्षेप की क्षमता म भी स्पष्ट रूप म परिलक्षित होगी। अत पश्चिमी राष्ट्रो के लिए अपनी क्षमता को बढ़ाना या कम से कम उस स्तर तक बनाये रखने की लडाई मूलत इतिहास के विरुद्ध लडाई थी। यह नितान्त असम्भव था। जहा तक सोवियत सघ का प्रश्न था, उसके लिए इस ऐतिहासिकता से जुडकर चलता न सिर्फ वैचारिक दष्टि से वांछनीय था, अपितु सामरिक एव राजनीतिक दष्टि से भी लाभप्रद। सन 1945 मे जो क्षमता अमेरिका एव पश्चिमी राष्ट्रो की थी उस क्षमता की आडे अब सोवियत सघ का भाग बन रहा था। बदले हुए ऐतिहासिक सन्दर्भो ने महाशक्तिया की अन्तर्राष्ट्रीय भूमिका मे भी बदलाव प्रस्तुत किया। अमेरिका एक दूसरे वियत नाम अथवा दूसरे कोरिया के अनुभव करने के विचारमात्र से सत्रस्त था। जब कि दूसरी ओर, सोवियत सघ के अनुभवो मे क्यूबा और अगोला से लेकर अफगानिस्तान तक के दष्टान्त समाहित हो रहे थे। परपरागत प्रभाव के दायरे से हटकर परोक्ष प्रभाव की परिधि मे भी यही ऐतिहासिक क्रम देखने को मिलता है। विश्वयुद्ध के बाद का इतिहास नाटो की उभरती नपुसकता और सेटो और सीटो क वस्तुत विघटन का इतिहास है। द्विपक्षीय मैत्री सन्धियो के अनुभवो से दूसरी ओर सावियत सघ के मैत्री एव प्रभाव क्षेत्र मे निरन्तर बढोत्तरी हुई है। उपरोक्त विश्लेषण इस अतिम चरण की प्रमुख प्रवत्ति को स्पष्ट रूप स रेखाकित

कारण विघटन के कगार पर था। अत अमेरिका से अनुरोध किया गया कि वह क्यूबा के साथ अपने वैमनस्य की नीति त्याग दे। पश्चिमी गोलार्द्ध मे राष्ट्रो मे परस्पर मतभेद और उनम फूट अमेरिकी स्थिति के लिए वास्तव मे एक विकट समस्या थी जिसका कि एक मात्र समाधान क्यूबा पर मे प्रतिबध हटा लना ही था। अत न चाहते हुए भी अमेरिका को एमे निणय म सहयोग देना पडा।

महाशक्तियो की प्रतिद्वद्विता और एशियाई सदभ

20वी शताब्दी के सातवें दशक मे अन्तराष्ट्रीय घटनाचक्र का एक विशेष एशियाई सन्दम रहा है। दशक के उदघाटन के साथ एशियाई महाद्वीप मे घटनाओ के क्रम न अनेक महत्वपूण परिवतन किये। भारतीय उपमहाद्वीप मे शक्ति के सन्तुलन म 1971 के भारत पाक युद्ध के बाद गुणात्मक अन्तर आया जिसके फलस्वरूप भारत को एक उपमहाद्वीपीय शक्ति के रूप मे मान्यता मिली। इसी वष, युद्ध से पूव हुई भारत और रूस मैत्री सधि, एक विशेष सामरिक महत्व की सिद्ध हुई। रूस और चीन के उभरते हुए विवाद और चीन और अमेरिका के बीच एक नये समीकरण के आयोजन के सन्दम म इसका और भी अधिक महत्व उभरा। इस घटना के बाद एशियाई सन्तुलन के सन्दम में दोनो महा शक्तिया और विशेषत अमेरिका और अधिक तत्पर हुई। अमेरिकी विदेश नीति के पश्चिम एशियाई प्रयासो मे, उसके चीन के साथ सबधो मे सामान्यीकरण की तत्कालिकता मे अथवा पाकिस्तान और ईरान पर और अधिक निर्भर होने म, इन सभी स्थितियो मे इस बदले हुए एशियाई सन्तुलन की समस्या थी। सामरिक नीति एक महत्वपूण केन्द्र के निमाण मे व्यस्त रही। यद्यपि इसका आधार बहुत सीमित अवधि वाला सिद्ध हुआ जबकि एक आन्तरिक इस्लामिक क्रान्ति के फलस्वरूप शाह अपदस्थ हुए और एक अमेरिका विरोधी इस्लामी नेतत्व की स्थापना हुई। पर यह घटनाचक्र इस चरण के उत्तराद्ध मे ही घटा और तब तक ईरान अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण सामरिक भूमिका निभाता रहा।

पश्चिमी एशियाई सकट एकमात्र ऐसा उदाहरण है जिसमे अमेरिकी नीति को परस्पर विरोधी राष्ट्रो म समन्वय स्थापित करने वाली नीति के रूप मे सफलता मिली। इस सफलता की एक सीमित ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी थी। प्रारभिक तौर मे अरब राष्ट्रो म सोवियत की विदेश नीति को सफलना मिली थी और इजरायल अपने अस्तित्व म आने के साथ ही पश्चिमी प्रभाव राष्ट्र था। लेकिन मिस्र और रूस के बीच सम्बन्धो म दरार पडने के बाद वहा एक अमेरिकी भूमिका की सम्भावनायें उभरी। किसिंजर की राजनयिक चेष्टाओ से मिस्र के साथ तारतम्य स्थापित हुआ। सम्बन्धो की इस कडी म निरन्तर विकास हुआ। किसिंजर के प्रयत्नो के फलस्वरूप ही, प्रारभिक असफलता के बाद अन्तत 4, सितम्बर 1975

करता है उस प्रवृत्ति को जो बदली हुई ऐतिहासिकता म महाशक्तियों की बदली भूमिकाओ की परिचायक है ।

अमेरिकी नीति एक नई भूमिका की खोज

यह स्पष्ट हो जाने के बाद कि परम्परा हस्तक्षेप की नीति मे न सिर्फ अमेरिक हितो को आघात पहुचाया है बल्कि, अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय म उसकी उदारवादी साख को भी नष्ट किया है अमेरिका विदेश नीति अब एक नय स्थान की तलाश म थी । सोवियत के साथ सबधो म सामान्यीकरण के साथ साथ इस नये दष्टिकोण म समस्त परम्परागत वमनस्य को अन्तिम रूप स समाप्त करना भी एक प्रारम्भिक आवश्यकता थी । निक्सन प्रशासन के दौरान ऐसी ही एक नीति की पहल हो चुकी थी, जिसे बाद म प्रशासनो ने भी विकसित किया । निक्सन प्रशासन के दौरान वियतनाम युद्ध को अतिम रूप म खत्म करने की घोषणा की जा चुकी थी । फोर्ड प्रशासन के तत्वावधान म वियतनाम के ऐतिहासिक सकट पर अतिम विराम लगा । 30 अप्रैल 1975 को, दक्षिणी वियतनाम की सरकार द्वारा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चे के समक्ष बिना शर्त आत्मसमपण के साथ वियतनाम युद्ध समाप्त हुआ । इसी के समानान्तर एक लम्बे समय स चला आ रहा कम्बोडिया का यह युद्ध भी 18 अप्रैल 1975 को सिहानुक के नतत्व वाले वामपथी मोर्चे की विजय के साथ समाप्त हुआ । इन दोनो ऐतिहासिक घटनाओ मे अमेरिका पक्ष की एक लम्बे टकराव के बाद पराजय हुई । लेकिन अमरिकी विदेश नीति ने एक यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया और इस पराजय को एक परिवतनीय तथ्य के रूप म स्वीकार किया ।

अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय म अपनी एक नई साख बनाने की यह नीति पश्चिमी एशियाई सकट और लातिनी अमेरिका क राष्ट्रो सबध म भी फोर्ड प्रशासन के अन्तगत प्रारम्भ की गई । जुलाई 1975 म अमरिका ने क्यूबा के साथ अपने परपरागत प्रतिरोध को समाप्त करने के प्रयास किये । कोस्टारिका की राजधानी सानजोस म 29 जुलाई 1975 को 21 सदस्यीय अमेरिकी राष्ट्रो के सगठन का सम्मेलन हुआ । इस सम्मेलन म इन राष्ट्रो द्वारा पिछले 11 वर्षों स क्यूबा पर लगाये गये सामूहिक राजनयिक और व्यापारिक प्रतिबन्धो को समाप्त करने का निर्णय लिया गया । इस निर्णय के पक्ष म 16 राष्ट्र थ जिनम अमरिका स्वय भी सम्मिलित था । इस घटना का यदि करीब स विश्लेषण किया जाय तो यह स्पष्ट होगा कि अमरिकी दृष्टिकोण अपने स्वय की विवशता स प्रेरित था न कि परोपकारी उद्देश्यो स । इस प्रस्ताव के पारित होने से पूर्व ही अनेक अमरिकी राज्यो ने क्यूबा के साथ द्विपक्षीय स्तर पर व्यापारिक एव राजनयिक सबध स्थापित कर लिये थे । इसके फलस्वरूप अमेरिका राज्यो का सगठन आतरिक मतभेदो के

कारण विघटन के कगार पर था। अत अमेरिका से अनुरोध किया गया कि वह ब्रूबा के साथ अपने वैमनस्य की नीति त्याग दे। पश्चिमी गोलार्द्ध म राष्ट्रों म परस्पर मतभेद और उनम फूट अमरिकी स्थिति क लिए वास्तव म एक विकट समस्या थी जिसका कि एक मात्र समाधान क्यूबा पर स प्रतिबध हटा लना ही था। अत न चाहते हुए भी अमरिका को ऐस निणय म सहयोग देना पडा।

महाशक्तियों की प्रतिद्वद्विता और एशियाई सदभ

20वी शताब्दी क सातवें दशक मे अन्तर्राष्ट्रीय घटनाचक्र का एक विशेष एशियाई सन्दभ रहा है। दशक के उदघाटन क साथ एशियाई महाद्वीप म घटनाओ क क्रम न अनेक महत्त्वपूर्ण परिवतन किय। भारतीय उपमहाद्वीप म शक्ति के सन्तुलन म, 1971 के भारत पाक युद्ध क बाद गुणात्मक अन्तर आया जिसके फलस्वरूप भारत को एक उपमहाद्वीपीय शक्ति क रूप म मान्यता मिली। इसी वर्ष, युद्ध म पूर्व हुई भारत और रूस मैत्री सधि एक विशेष सामरिक महत्व की सिद्ध हुई। रूस और चीन के उभरते हुए विवाद और चीन और अमेरिका के बीच एक नय समीकरण के आयोजन क सन्दर्भ म इसका और भी अधिक महत्व उभरा। इस घटना के बाद, एशियाई सन्तुलन के सन्दर्भ मे दोनो महा शक्तिया और विशेषत अमेरिका और अधिक तत्पर हुई। अमरिकी विदेश नीति के पश्चिम एशियाई प्रयासों म, उसके चीन के साथ सबधो म सामान्यीकरण की तत्कालिकता म अथवा पाकिस्तान और ईरान पर और अधिक निर्भर होने म इन सभी स्थितियो मे इस बदल हुए एशियाई सन्तुलन की समय थी। सामरिक नीति एक महत्वपूर्ण केन्द्र के निर्माण में व्यस्त रही। यद्यपि इसका आधार बहुत सीमित अवधि वाला सिद्ध हुआ जबकि एक आन्तरिक इस्लामिक क्रान्ति के फलस्वरूप शाह अपदस्थ हुए और एक अमेरिका विरोधी इस्लामी नेतत्व की स्थापना हुई। पर यह घटनाचक्र इस चरण क उत्तराद्ध म ही घटा और तब तक ईरान अमेरिका क लिए एक महत्वपूर्ण सामरिक भूमिका निभाता रहा।

पश्चिमी एशियाई सकट एकमात्र ऐसा उदाहरण है जिसम अमेरिकी नीति को परस्पर विरोधी राष्ट्रो मे समन्वय स्थापित करने वाली नीति के रूप मे सफलता मिली। इस सफलता की एक सीमित ऐतिहासिक पष्ठभूमि भी थी। प्रारंभिक तौर से अरब राष्ट्रो मे सोवियत की विदेश नीति को सफलता मिली थी और इज़रायल अपने अस्तित्व म आने के साथ ही पश्चिमी प्रभाव राष्ट्र था। लेकिन मिश्र और रूस के बीच सम्बधो मे दरार पडने के बाद वहा एक अमेरिकी भूमिका की सम्भावनायें उभरी। किसिंजर की राजनयिक चेष्टाओ से मिश्र के साथ तारतम्य स्थापित हुआ। सम्बन्धो की इस कडी म निरन्तर विकास हुआ। किसिंजर के प्रयत्नो के फलस्वरूप ही, प्रारभिक असफलता के बाद अन्तत 4, सितम्बर, 1975

पर विचार विनिमय के अलावा भारत को यह आश्वासन भी दिया कि उसके परमाणु कायक्रम हेतु जो भी अमेरिका की प्रतिबद्धता है उसे बिना शत निभाया जायेगा। इसके बाद जून, 1978 मे भारतीय प्रधानमत्री और अप्रैल, 1979 मे विदश मत्री की अमेरिका यात्राए हुई। इन वार्ताओ मे कोई ठोस निणय मूलत सम्भव नही थ। अत इन द्विपक्षीय वार्ताओ का स्तर अतर्राष्ट्रीय विवादो पर विचार विमश और एक दूसरे के दष्टिकोण को समझने से अधिक का नही रहा। भारतीय नेतत्व को यह स्पष्ट रूप से ज्ञात था कि उत्तरोत्तर रूप स सो० सघ पर भारत की निभरता बढी है। सैनिक एव आर्थिक दष्टि स इस निभरता का विकल्प सभव नही है। अत भारत अमेरिका सम्बधो म बढोत्तरी का काई एसा तात्पय पूणत अव्यावहारिक है जिसका स्पष्ट अथवा परोक्ष अभिप्राय भारत रूस सम्बध मे कठिनाई उत्पन्न करना हो। एसी स्थिति मे इन सौहाद्रपूण यात्राओ का कोई स्पष्ट लाभ दोनो राष्ट्रो को नहीं मिला। भारत को श्रेष्ठ यूरेनियम दिय जान सबधी प्रश्न पर कठिनाइया पूववत रही गमजोशी के इस सीमित अतराल के बाद, भारत अमेरिका सम्बधो मे पुन ठहराव आ गया।

विश्व स्तरीय शक्ति के सतुलन म अपने स्थान के साथ चीन का एशियाई महाद्वीप मे भी एक विशेष महत्व है। रूस चीन विवाद के बाद चीन की यह एशियाई भूमिका, विशेषत अमेरिकी दष्टिकोण मे और अधिक महत्वपूण बन गई। इस दृष्टि स चीन के साथ सबधो की जो पहल निक्सन के दौरान प्रारभ हुई थी, उत्तरोत्तर विकसित होती रही। दानो राष्ट्रो के बीच उभरते हुए समन्वित विश्व दष्टिकोण मे रूस के प्रसार को सीमित करने का अभिप्राय था। इस अभिप्राय मे अमेरिका की यह दृष्टि थी कि एशियाई महाद्वीप मे उसका दायित्व चीन निभाये और अयत्र उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी अमेरिका की हो। इस दष्टिकोण में उत्तरोत्तर परिपक्वता आई और इसी के समानातर अमेरिका और चीन के परस्पर सबध विकसित हुए। नवम्बर 1974 म किसिजर की चीन यात्रा हुई यह उनकी सातवी चीन यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान चीन की यह समझ थी कि अमेरिका और चीन के सबधो को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाये और इस हेतु रूस और अमेरिका क बीच सबधो के सामान्यीकरण के अभिप्रायो को भी चीन के सदम मे स्पष्ट किया जायेगा। किसिजर द्वारा एक और यात्रा किए जाने के बाद, दिसबर, 19 5 मे राष्ट्रपति फोड की चीन यात्रा भी नियोजित की गई। इस यात्रा के दौरान चीनी नेताओ द्वारा राष्ट्रपति निक्सन को दिये गये स्वागत की तुलना म राष्ट्रपति फोड की अगवानी अत्यधिक सामान्य और फीकी रही। मतव्य स्पष्ट था कि जब तक ताइवान इत्यादि पम्परागत प्रश्न नही निबट जात एव रूस और अमेरिका के बीच सबधो का अभिप्राय स्पष्ट नही किया जाता, तब तक अमेरिका के साथ चीन के सबध किसी विशेष महत्व के नही है। अमेरिका के नय नतृत्व के

को मिश्र और इजरायल के बीच एक आंतरिक समझौता हुआ। इस आंतरिक समझौते के आधार विवादास्पद सीमाओं पर सुलह स्वेज नहर म आवागमन की सुविधा, और 'तटस्थ क्षेत्र' 'बफर' क्षेत्र के प्रावधान जिसम कि मिश्र, अमेरिका, इजरायल और संयुक्त राष्ट्र का सामूहिक पर्यवेक्षण ही आदि थे। इसके बाद 10 अक्टूबर, 1975 को मिश्र और इजरायल के बीच एक समझौता किया गया, जिसमें उपर्युक्त प्रावधानों को क्रियान्वित करने की विस्तृत योजना तैयार हुई। 15, मार्च 1976 को राष्ट्रपति सादात ने सोवियत रूस से मैत्री संधि रद्द कर दी। इसके उपरान्त 5, मई, 1975 को अमेरिका ने मिश्र को 10 करोड़ 20 लाख डॉलर की सहायता देने का समझौता किया। इसके बाद इजरायल और मिश्र म परस्पर वार्ताएं होती रहीं। अमेरिका में कार्टर प्रशासन के आगमन के बाद मिश्र के राष्ट्रपति सादात की नवम्बर, 1977 मे इजरायल की यात्रा हुई। इस ऐतिहासिक क्रम की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी सितम्बर, 1978 मे कार्टर बेगिन सादात का कैप डेविड का पड़ाव है जो कि तेरह दिनों तक चला। ऐसी घटना अभूतपूर्व थी। न सिर्फ किसी अमरिकी राष्ट्रपति के लिए इतने दिनों तक मध्यस्थता करना एक अद्वितीय स्थिति, बल्कि अन्यत्र हुए शिखर सम्मेलनों की तुलना म भी यह अत्यधिक लम्बी अवधि का था। एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए, लेकिन शीघ्र ही उसकी क्रियान्वित खटाई मे पड गयी। अमेरिकी नीति के लिए यह एक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुका था। अत उभरे हुए मतभेदों के बीच वार्ताओं के और दौर चले। अन्तत 25, मार्च, 1976 को राष्ट्रपति कार्टर की उपस्थिति मे मिश्र और और इजरायल के बीच शान्ति संधि सम्पन्न हुई। अमेरिकी विदेश नीति को अपने नये प्रयासों की एकमात्र सफलता मिली।

अफगानिस्तान मे भी एक आन्तरिक मन्थन हो रहा था और यह सम्भावना प्रबल बनती जा रही थी और कि वहां एक सोवियत समर्थक नेतृत्व उभरेगा। इन स्थितियों के बीच अमेरिकी विदेश नीति ने फरवरी, 1975 म एक महत्वपूर्ण घोषणा के द्वारा पाकिस्तान को हथियार देने पर 10 वर्ष स चला आ रहा प्रतिबंध हटा लिया। इस सन्दर्भ म भारत द्वारा व्यक्त तीव्र प्रतिक्रिया और भारतीय विदेशमन्त्री की प्रस्तावित अमेरिका यात्रा का स्थगन कोई विशेष प्रभावशाली नहीं बना। 1977 मे अमेरिका और भारत दोनों के नेतृत्व परिवर्तन हुआ, अमेरिका का नेतृत्व राष्ट्रपति कार्टर ने और भारत म प्रथम बार जनता पार्टी की विजय के साथ मोरारजी ने संभाला और कांग्रेस तथा इन्दिरा गांधी का नेतृत्व अपदस्थ हुआ। तात्कालिक सदर्भों में इन बन्धावों ने अमेरिकी विदेश नीति को इस बात के लिए प्रेरित किया कि भारत के साथ भी किसी सामूहिक दृष्टिकोण को उभारने के प्रयास किये जायें। इस उद्देश्य स जनवरी, 1978 में राष्ट्रपति कार्टर ने भारत की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान अन्तर्राष्ट्रीय विवादों

पर विचार विनिमय के अलावा भारत को यह आश्वासन भी दिया कि उसके परमाणु कायक्रम हतु जा भी अमेरिका की प्रतिबद्धता है उसे बिना शत निभाया जायगा। इसके बाद जून, 1978 म भारतीय प्रधानमत्री और अप्रैल, 1979 मे विदेश मत्री की अमरिका यात्राए हुईं। इन वार्ताओ म कोई ठोस निणय मूलत सम्भव नही थ। अत इन द्विपक्षीय वार्ताआ का स्तर अतर्राष्ट्रीय विवादो पर विचार विमश और एक दूसरे के दष्टिकोण को समझने से अधिक का नही रहा। भारतीय नेतृत्व को यह स्पष्ट रूप स ज्ञात था कि, उत्तरोत्तर रूप स सो० सघ पर भारत की निभरता बढी है। सैनिक एव आर्थिक दृष्टि स इस निभरता का विकल्प सभव नही है। अत भारत अमेरिका सम्ब धो म बढोत्तरी का कोई ऐसा तात्पय पूणत अव्यावहारिक है, जिसका स्पष्ट अथवा परोक्ष अभिप्राय भारत रूस सम्बन्ध मे कठिनाई उत्पन्न करना हो। एसी स्थिति मे इन सौहाद्रपूण यात्राओ का कोई स्पष्ट लाभ दोना राष्ट्रो को नहीं मिला। भारत को श्रेष्ठ यूरेनियम दिये जाने सबधी प्रश्न पर कठिनाइया पूववत रही गमजोशी के इस सीमित अन्तराल के बाद, भारत अमेरिका सम्बन्धो मे पुन ठहराव आ गया।

विश्व स्तरीय शक्ति के सतुलन में अपने स्थान के साथ, चीन का एशियाई महाद्वीप मे भी एक विशेष महत्व है। रूस चीन विवाद के बाद चीन की यह एशियाई भूमिका, विशेषत अमेरिकी दृष्टिकोण म और अधिक महत्पूण बन गई। इस दृष्टि स चीन के साथ सबधो की जो पहल निक्सन के दौरान प्रारभ हुई थी, उत्तरोत्तर विकसित होती रही। दोनो राष्ट्रो के बीच उभरते हुए समन्वित विश्व दष्टिकोण मे रूस क प्रसार को सीमित करने का अभिप्राय था। इस अभिप्राय मे अमेरिका की यह दष्टि थी कि एशियाई महाद्वीप म उसका दायित्व चीन निभाये और अयत्र उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी अमेरिका की हो। इस दष्टिकोण मे उत्तरोत्तर परिपक्वता आई और इसी के समानातर अमेरिका और चीन के परस्पर सबध विकसित हुए। नवम्बर 1974 मे किसिजर की चीन यात्रा हुई यह उनकी सातवी चीन यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान चीन की यह समझ थी कि अमरिका और चीन के सबधो को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाये और इस हतु रूस और अमरिका क बीच सबधो के सामान्यीकरण के अभिप्रायो को भी चीन के सदभ मे स्पष्ट किया जायेगा। किसिजर द्वारा एक और यात्रा किए जान के बाद, दिसबर, 19 5 मे राष्ट्रपति फोड की चीन यात्रा भी नियोजित की गई। इस यात्रा के दौरान चीनी नेताओ द्वारा राष्ट्रपति निक्सन को दिये गये स्वागत की तुलना मे राष्ट्रपति फोड की अगवानी अत्यधिक सामान्य और फीकी रही। मतव्य स्पष्ट था कि जब तक ताइवान इत्यादि पम्परागत प्रश्न नही निबट जाते एव रूस और अमेरिका के बीच सबधो का अभिप्राय स्पष्ट नही किया जाता, तब तक अमेरिका के साथ चीन के सबध किसी विशेष महत्व के नही है। अमेरिका मे नय नेतृत्व के

के रूप मे राष्ट्रपति कार्टर के आगमन के बाद नये प्रयास हुए। अगस्त, 1977 में राज्य सचिव साईरसवैंस और उसके बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ब्रिजिंस्की चीन यात्रा हुई। इन राजनयिक गतिविधियों के फलस्वरूप चीन-अमेरिका सबधों म एक ऐतिहासिक मोड आया। 15, दिसम्बर, 1978 को अमेरिकी राष्ट्रपति कार्टर ने चीन को राजनयिक मान्यता प्रदान करने की घोषणा की और यह कहा कि 1, जनवरी, 1979 से चीन व अमेरिका के बीच यथावत रूप से राजनयिक सबध स्थापित होगे। इसी मतव्य की एक और घोषणा बीजिंग से भी हुई। इस घटना के फलस्वरूप चीन की एकमात्र सरकार के रूप मे बीजिंग सरकार को मान्यता मिली, यद्यपि ताइवान के साथ अनौपचारिक अमेरिकी सबधो का प्रश्न अब भी यथावत बना रहा।

सोवियत प्रति-प्रयास

एशियाई महाद्वीप मे अमेरिका और चीन की उभरती हुई इस धुरी के सदभ मे एव अमेरिका के अन्य एशियाई प्रयासो के सदभ मे, रूस के भी प्रयास रहे। भारत मे नेतत्व परिवर्तन के तुरन्त बाद अप्रैल 1977 मे रूस के विदेश मत्री ग्रोमिको की भारत यात्रा हुई। इस यात्रा का तात्कालिक उद्देश्य, नेतत्व परिवतन के बाद रूस की तरफ से भारत रूस सबधो म पुन आस्था व्यक्त करना था। साथ ही साथ अमेरिका के सभावित प्रयासो का मूल्याकन भी इस यात्रा का परोक्ष उद्देश्य था। सोवियत निमत्रण पर अक्टूबर, 1977 मे भारतीय प्रधानमत्री एव विदेश मत्री की रूस की राजकीय यात्रा हुई। इस यात्रा के फलस्वरूप भारत के नये नेतृत्व और रूस के बीच सम्बन्ध स्थापित हुआ। दोनो राष्ट्रो के बीच आर्थिक सहयोग का एक दीर्घकालीन कार्यक्रम, अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओ की समीक्षा और प्रत्येक राष्ट्र की स्वतन्त्रता का सिद्धान्त, हिन्द महासागर का एक शांति क्षेत्र के रूप मे अस्तित्व, और समस्त एशियाई राष्ट्रो मे द्विपक्षीय सबधो के माध्यमो से सहकारिता, आदि मत सयुक्त विज्ञप्ति मे व्यक्त किये गये। इस यात्रा के दौरान सघ के नेतत्व ने भारतीय पक्ष की अनेक शकाओ का समाधान किया और भारत को हर स्थिति मे सहयोग हेतु आश्वस्त किया। मई 1978 मे भारतीय रक्षामन्त्री जगजीवनराम की रूस की यात्रा हुई, जो कि भारत और रूस के बीच सैनिक सहयोग के विकास में एक अगला कदम भी। मार्च, 1979 म सोवियत प्रधान मत्री कोसीगिन भारत-यात्रा पर आये। उसके बाद जून, 1979 में ही प्रधान मत्री देसाई की रूस यात्रा हुई। देसाई की इस यात्रा के दौरान, भारत की ओर से यह स्पष्ट कर दिया, किन्ही दूसरे राष्ट्रो के साथ भारत से सबधो का आधार भारत रूस मैत्री मे व्यवधान नही हो सकता। भारत रूस मैत्री की बलि देकर भारत अन्य सबध नही बढ़ाना चाहता। प्रधान मत्री देसाई की यात्रा के दौरान

क्रियान्विति म गतिरोधो का उत्पन्न होना नितात स्वाभाविक एव व्यावहारिक सदेह था। ऐसी स्थिति म जबकि सामाजिक, आर्थिक और वैचारिक स्थितिया उचित रूप स विकसित न हो, तो एक बार वामपथी नेतत्व की स्थापना हो भी जाये तो उसका निर्वाह कठिन होगा। इस स्थिति का एक स्पष्ट अभिप्राय था। यदि आतरिक असतुलन की स्थिति को सभालना पडे तो यह सोवियत सघ के लिए एक अतिरिक्त दायित्व होगा और जिसम परोक्ष प्रयासो के साथ साथ सीधे हस्तक्षेप की आवश्यकताए भी उभर सकती है। ऐसे कुछ सीमित अनुभव मिश्र एव अन्य अफ्रिकी राष्ट्रो म सोवियत को हो चुके थ। किंतु इन अनुभवो म सीधे हस्तक्षेप तक की स्थिति नही पहुच पाई थी। लेकिन इन अभिप्रायो की और अधिक उग्र अभिव्यक्ति का सामना शीघ्र ही रूस की विदश नीति को करना पडा।

महाशक्तिय प्रतिद्वन्द्विता का अफ्रिकी मच

उपनिवेशवाद के अवसान के साथ साथ अफ्रिकी राष्ट्रो म राजनीतिक स्वतत्रता की एक प्रक्रिया प्रारभ हुई। *उपनिवेशवाद के अतिम वर्षों म, अमेरिका के अफ्रिकी* राष्ट्रो मे आर्थिक हितो मे अत्यधिक वद्धि हुई। अत इन राष्ट्रो की राजनीतिक स्वतत्रता एव भावी आर्थिक स्वतत्रता की भूमिका, स्वाभाविक रूप से अमरिका के लिए चितनीय थी। इस दष्टि स, उभरते हुए राष्ट्रीय आदोलनो के प्रति अमरिका एव अन्य पश्चिमी उपनिवेशी राष्ट्रो का दुराग्रही व्यवहार रहा। यह व्यवहार राष्ट्रीय आदोलनो क उभार के साथ साथ और अधिक स्पष्ट रूप से उभरा। साथ ही साथ, अमेरिका मे भी एक अफ्रिकी समुदाय था। इस अल्पमत समुदाय के साथ भेदभाव अमेरिकी राजनीति की एक कलकित प्रवृत्ति रही। इन सभी स्थितियो के फलस्वरूप, अफ्रिकी राष्ट्रो म अमेरिकी विदश नीति की साख परपरागत रूप स अत्यधिक सदेहास्पद बनी रही। लेकिन बदली हुई परिस्थितियो मे, अमेरिकी विदेश नीति के लिए अफ्रिकी राष्ट्रो के बीच एक नई साख और सदभावना तैयार करना एक विश्वव्यापी साख के लिए आवश्यक था।

जहा तक सोवियत सघ का प्रश्न है उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद के विरोधी आन्दोलना के साथ एकजुटता उसकी नीति का अविभाज्य अग था। अफ्रिकी राष्ट्रीय आदोलनो मे सक्रिय सोवियत सहयोग की एक लबी परम्परा बनी। 1951 म नक्रूमा के नतत्व म हो रहे घाना के आदोलना स लेकर अगोला मे अगस्टिनो नेटो के नेतृत्व के समथन तक, सोवियत सक्रियता का एक लबा योगदान रहा। इस योगदान की परपरा के प्रमुख दष्टात नाइजीरिया, गिनी, इथोपिया सोमालिया, अल्जीरिया, एव मोजाबिक आदि अनेक राष्ट्रो के राष्ट्रीय आदोलन है। इनम स कुछ स्थितियों मे, जैस अल्जीरिया और मोजम्बिक, म दीर्घ कालीन गृहयुद्ध भी हुआ। ऐसी स्थितियो में सोवियत समथन की विश्वसनीयता

और अधिक स्पष्ट हुई। इस पूरी प्रक्रिया के फलस्वरूप, सोवियत सघ को अनेक सामरिक सफलताए भी मिली जिनमे 'हॉन ऑव अफ्रिका' मे सैनिक सुविधाए अत्यधिक महत्व की थी। अफ्रिकी राज्यो की राजनीतिक स्वतत्रता के बाद सोवियत सघ की भूमिका एक आर्थिक सहयोगी के रूप मे भी बनी। इन प्रयासो के सम्मिलित प्रभाव ने एक विशिष्ट सोवियत स्थिति को जन्म दिया।

अतर्राष्ट्रीय राजनीति म एक विश्वव्यापी सामान्यीकरण की प्रक्रिया का अफ्रिकी मच पर भी प्रभाव हुआ। वियतनाम के अनुभव के बाद, अमेरिका को यह स्पष्ट हो गया था कि उसकी हस्तक्षेप की नीति प्रतिगामी सिद्ध हुई है। भविष्य मे भी सीधे हस्तक्षेप की सभावनाए न तो औचित्यपूर्ण ही हैं और न ही व्यावहारिक। इस समझ के बाद, अमेरिकी नीति का प्रमुख उद्देश्य एक ऐसे नये स्वरूप को प्रस्तुत करना था जोकि अमेरिका को पुन एक शातिप्रिय एव परोपकारी राष्ट्र के रूप मे प्रदर्शित करे। इसी उद्देश्य स, राष्ट्रपति कार्टर के आगमन के तुरत बाद अफ्रिकी राष्ट्रो के साथ सौहार्द्रपूण तारतम्य स्थापित करने के प्रयास किये गये। 1977 म सत्ता सभालने के तुरत बाद एड्रूयग मिशन' का अफ्रिका मे आगमन हुआ। यग ने 3 फरवरी स 12 फरवरी तक तजानिया और नाइजीरिया का भ्रमण किया। इस यात्रा के दौरान अफ्रिकी राष्ट्रो को यह विश्वास दिलाने का प्रयास हुआ कि दक्षिणी अफ्रीका के विभिन्न सकटो को सुलझाने मे अमेरिका का एक उदारवादी दृष्टिकोण है। इस यात्रा के बाद रोडेशिया सकट के सबध मे अमेरिका ने कुछ सकारात्मक आशय भी व्यक्त किये। राज्य सचिव साइरस वेंस द्वारा रोडेशिया की अल्पमत सरकार को एक चेतावनी भी दी गई। लेकिन इस सबध मे कोई विशेष प्रयास देखने को नही मिले। अफ्रिका म एक नई भूमिका की चाह होते हुए भी, अमेरिकी विदश नीति के लिए यह सभव नही था। विशेषत दक्षिणी अफ्रिका मे उसके अत्यधिक महत्वपूण हित हैं। कुछ ऐसे खनिज जिनका सामरिक महत्व है, दक्षिण अफ्रिका मे ही उपलब्ध हैं। ऐसी स्थिति मे बाहरी रूप मे अमेरिकी नीति भले ही परोपकारी होने का प्रयास करे वस्तुत यह एक असभव स्थिति है। इस बात के स्पष्ट प्रमाण ताजा घटनाओ मे भी उपलब्ध है। अगाला और दक्षिण अफ्रिका विवाद अगोला के अस्तित्व से ही है। अगोला के राष्ट्रीय आदोलन मे दक्षिण अफ्रिका के माध्यम स अमेरिका ने भी हस्तक्षेप किया था। दिसबर, 1981 मे दक्षिण अफ्रिका द्वारा अगोला पर आक्रमण कर दिया गया। इस स्थिति मे अमेरिका ने स्पष्ट एव खुले रूप से दक्षिण अफ्रिका का समथन किया एव इस सबध म सुरक्षा परिषद् मे अपने विशेषाधिकार का प्रयोग भी किया। दक्षिण अफ्रिका की रगभेद नीति के पक्ष मे ऐसे विशेषाधिकार के प्रयोग की एक अमेरिकी परपरा सी बन गई है। ऐसी स्थिति म, सोवियत सघ से प्रतिद्वन्द्विता की कामना करते हुए भी अमेरिकी विदेश नीति कोई प्रभावी सफलता प्राप्त करने मे असमय

सिद्ध हुई है। अफ्रिका म वह एक ऐतिहासिक विडबना की शिकार है।

अफ्रिका मे अमेरिकी प्रथम प्रयासो की तुलना मे सोवियत सघ की सक्रियता मे एक आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से झलकता है। इस सदम म 1977 म सोवियत राष्ट्रपति पाडगार्नी की अफ्रिकी यात्रा के अनुभव उल्लेखनीय है। इस यात्रा का मूल उद्देश्य अफ्रिका मे अमेरिकी प्रयासो का प्रत्युत्तर देना था। वैसे तो अफ्रिका सोवियत सबधो की एक लबी प्रक्रिया रही है, लेकिन सोवियत राज्याध्यक्ष का अफ्रिका भ्रमण एक प्रथम अनुभव था। माच, 1977 मे आयोजित इस यात्रा के दोहरे पक्ष थे। अपनी इस बारह दिवसीय यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति पोडगॉर्नी, एक ओर स्वतत्र राष्ट्रो के बीच सोवियत सबधो मे प्रगाढता लाना चाहते थे, तो दूसरी ओर विभि न राष्ट्रीय आदालना के नेताओ के साथ सक्रिय एकजूटता प्रद शित करना चाहते थे।

तजानिया और जाबिया की यात्रा के दौरान, अफ्रिका म सोवियत उद्देश्यो को स्पष्ट किया गया। यह कि, अफ्रिका मे सोवियत भूमिका निजी स्वार्थों के दृष्टि कोण स प्रेरित नही है, और न ही परस्पर मैत्रीपूण सबधो का आधार सामरिक अथवा सैनिक सुविधाए है। सोवियत प्रयास मुख्यत साम्राज्यवाद और रगभेद नीति के उन्मूलन के पक्षधर हैं जो कि उसकी विचारधारा के भी प्रमुख अग हैं। सोवियत आर्थिक एव राजनीतिक सहयोग अफ्रीकी राष्ट्रो को साम्राज्यवाद से मुक्त करवा कर उन्हें समाजवादी व्यवस्था की ओर प्रेरित करना है। इस हेतु सोवियत सघ अफ्रिकी राष्ट्रो क साथ समानता के आधार पर मैत्री सबध स्थापित करने का इच्छुक है। सोवियत राष्ट्रपति द्वारा तजानिया के राष्ट्रपति जुलियस न्येरेरे के समाजवादी विचारा और विशेष प्रयासा की सराहना की गइ। तजानिया और चीन म मैत्री सबध होते हुए भी रूस को सफलता मिली। इस यात्रा की समाप्ति पर तजानिया के वक्तव्य मे यह स्पष्ट उल्लेख किया गया कि, अनुभव के आधार पर अफ्रिका ने यह सीखा है कि साम्राज्यवाद के विरुद्ध प्रभावशाली सघष समाजवादी राष्ट्रा की आर्थिक एव राजनीतिक एकजूटता के बिना असभव है। केनथ काउडा के नतत्व वाल जाबिया मे भी सोवियत विचारा को समर्थन मिला। सोवियत और जाबियाई नेताओ के बीच अनेक अफ्रिकी एव विश्वस्तरीय प्रश्ना पर विचार विमश हुआ। दक्षिणी अफ्रिका के विवादो के मानवीय समाधान पर बल दिया गया और इसम अवरोध उत्पन्न करने के लिए पश्चिमी राष्ट्रो की भत्सना की गई। इन आदोलनो म सक्रिय सहयोग हेतु अन्य राष्ट्रा का सामूहिक आह्वान भी किया गया। लेकिन राष्ट्रपति काउडा का मत था कि किसी भी स्थिति मे सहयाग का तात्पय हस्तक्षेप नही होना चाहिए। अगोला मे क्यूबा और सोवियत सघ की भूमिका स सबद्ध अनक सदेह भी स्पष्ट किये गय। राष्ट्रपति पोडगार्नी की मोजम्बिक यात्रा दोना राष्ट्रों के बीच सबधा का ठोस स्वरूप दन हेतु थी।

दोनों के बीच 15 वर्षीय मैत्री संधि हुई। राष्ट्रपति और फ्रेलियो पार्टी के नेता सामोरा माशेल के नेतृत्व की सराहना की गई। इस दृष्टि से मोजम्बिक का चीनी प्रभाव से मुक्त होना विशेष उल्लेखनीय था।

अपने अफ्रीकी प्रवास के दौरान अनेक राष्ट्रीय आंदोलनों के नेताओं से भी सोवियत राष्ट्रपति ने विचार विमर्श किया। इनमें, जिबाब्वे अफ्रीकी संघ (जापू) के जोशुआ न्कोमा, दक्षिणी पश्चिमी अफ्रीकी संगठन (स्वापो) के अध्यक्ष साम नुजोमा और दक्षिण अफ्रीकी, अफ्रिका राष्ट्रीय कांग्रेस (ए० एन० सी०) के अध्यक्ष क्लाइवट टावा महत्वपूर्ण थे। लुसाका में हुई वार्ता में इन संगठनों के साथ सोवियत एकजुटता एवं उनके उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। दक्षिणी अफ्रिका में बहुमत के हेतु सोवियत संघ ने अपने दायित्व का निर्वाह करने और आवश्यक आर्थिक, राजनैतिक एवं सैनिक सहायता देने का स्पष्ट आश्वासन दिया। इस संदर्भ में यह भी व्यक्त किया गया कि अफ्रिका में सोवियत सैनिक उपस्थित साम्राज्यवाद के विरोध और अफ्रीकी जन आंदोलनों के समर्थन से प्रेरित है। इस अवसर पर, जिनेवा सम्मेलन की असफलता में अमेरीकी नीति में ईमानदारी की की कमी और उसके दोगलेपन की भी स्पष्ट भर्त्सना की गई।

दो महाशक्तियों की प्रतिद्वंद्विता के बनाए अफ्रिका में संतुलन सोवियत संघ के पक्ष में ही रहा है, यह उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट होता है। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि अफ्रिका में अमरिकी समर्थक राज्य नहीं रहे हैं। लेकिन अधिकांशतः अमेरिकी समर्थक राष्ट्र अफ्रिकी महाद्वीप की प्रमुख ऐतिहासिक प्रवृत्तियों से कटे हुए राष्ट्र थे ऐसे राष्ट्र जो कि उभरती हुई धारा के सीधे या परोक्ष रूप से विरोधी या अवरोधक रहे हैं। अधिकांश राष्ट्रीय आंदोलनों में अमेरिका की भूमिका और विशेषतः जिम्बाब्वे और दक्षिणी अफ्रीका में रंग भेद नीति का उसका समर्थन ऐसे तथ्य थे जिनके फलस्वरूप अमेरिका के प्रति अफ्रिका में एक महाद्वीपीय असंतोष व्याप्त रहा। इसके ठीक विपरीत सोवियत संघ की स्थिति रही। सोवियत संघ को भले ही कोई निश्चित प्रतिबद्धता महाद्वीपीय स्तर पर नहीं मिली लेकिन राष्ट्रीय आंदोलनों में उसका समर्थन और सक्रिय सहयोग होने के नाते, अफ्रिका में सोवियत संघ को एक मैत्रीपूर्ण वातावरण मिला। अनेकों राष्ट्र स्वतंत्र होने के साथ साथ सोवियत संघ के साथ जुड़ते चले गये, यद्यपि इन संबंधों में प्रतिबद्धता का स्तर समान नहीं था। 17 अप्रैल, 1980 को स्वतंत्र जिम्बाब्वे के अस्तित्व के साथ सोवियत संघ को एक और मित्र राष्ट्र बना। इसके विपरीत बाहरी परिवर्तन के दिखावे के बाद भी अमेरिकी नीति में कोई गुणात्मक बदलाव नहीं आया। हाल ही में अमरिका द्वारा दक्षिणी अफ्रिका को समर्थन एक बार फिर व्यक्त हुआ। 7 दिसम्बर 1981 को दक्षिणी अफ्रिका द्वारा अंगोला पर आक्रमण हुआ, और इस संबंध में दक्षिणी अफ्रिका का विरोध करने वाले प्रस्ताव पर अमरिका द्वारा वीटो

का प्रयोग किया गया। अमेरिका की इस दुराग्रही नीति का, अनेक आशाओं के बाद भी निकट भविष्य मे अत सभव प्रतीत नही होता।

समसामयिक घटनाचक्र

समसामयिक घटनाचक्र मुख्यत निम्न सटनाओ के दायरे मे उलझा रहा है—ईरान की इस्लामिक क्रान्ति, अफगानिस्तान का समाजवादी स्वरूप, चीन मे आतरिक सत्ता परिवतन, पोलैंड का समाजवादी सक्ट और पश्चिमी एशिया मे युद्ध की विभीषिका। समसामयिक घटनाचक्र के इन पडावो को अनेक विशेपज्ञो द्वारा अत्यधिक दूरगामी प्रभाव का माना गया है, क्योकि य सभी घटनाए अपने आप म भविष्य की दिशासूचक कही जा सकती है। भविष्य की इस दिशा को, पिछले विवेचन के ऐतिहासिक सदभ म रखा जाये तो इसमे स्पष्ट निरतरता भी देखने को मिलेगी। इन घटनाओ के महाशक्तिय प्रतिद्वद्विता के सदभ और भी अधिक स्पष्ट है। कुछ पयवक्षको द्वारा अमेरिकी नेतत्व के रूप म 20 जनवरी, 1981 को राष्ट्रपति रीगन क आगमन को भी एक महत्वपूण घटना कहा जाता है। यह सही है कि इस घटना की भी महत्वपूण तात्कालिकता है, लेकिन इसके माध्यम स अमेरिकी नीति मे कोई गुणात्मक परिवतन की तलाश एक फूहड प्रयास होगा। पिछले दशक के अनुभवा ने अमेरिकी जनता के बीच एक राष्ट्रीय आघात और अपमान की मानसिकता उत्पन्न की। इस मानसिकता का फायदा उठाते हुए रोनल्ड रीगन की विजय हुई, जिन्होने चुनावी आश्वासन दिया था कि वे अमेरिका के राष्ट्रीय सम्मान और शक्ति को पुन स्थापित करेंगे। अत विजय के बाद उग्र वक्तव्य उनके लिए स्वाभाविक थ। इन वक्तव्यो मे अनक विश्लेपण गुणात्मक बदलाव की स्थितिया खोजन लगे, जो कि वस्तु स्थिति के स्तर पर प्रारभ से ही मूलत असभव थी। पिछले डेढ वष का अनुभव इस बात का साक्षी है कि न सिफ वक्तव्या की उग्रता मे कमी आई है बल्कि, अमेरिकी विदेशनीति के वास्तविक स्वरूप मे भी यथावत यथाथवादी दष्टिकोण बना रहा है। आज भी अमेरिकी नीति ऐतिहासिक दुविधा मे फसी है कि वह स्वय के हितो के पक्ष में रहे या प्रभाव के लिए उभरते असतोषो के पक्ष म। फॉकलेण्ड का सक्ट इस असमजस की स्थिति का नवीनतम उदाहरण है जिसमे अमेरिका की भूमिका को दोनो ही पक्षो ने दोगला माना। यही नही, अर्जेन्टिना के द्वारा इस खुली घोपणा ने कि यदि आवश्यकता हुई तो वह सोवियत सरक्षण का सहारा भी लेगा, अमेरिका के लिए उसके परपरागत प्रभाव क्षेत्र पश्चिमी गोलाद्ध म भी एक विचित्र स्थिति उत्पन्न कर दी। ऐसी ही कुछ प्रवत्ति अन्य घटनाओं मे भी उभरी हैं।

ईरान की इस्लामी क्राति

16 जनवरी, 1979 को ईरान मे शाह सत्ता समाप्त प्राय सी हो गई, जबकि उन्होंने ईरान छोडा 1 फरवरी 1979 मे अयातुल्लाह खुमैनी के आगमन के साथ ईरान का एक नया इतिहास प्रारभ हुआ। ईरान मे इस्लामी क्राति की स्थापना अनेक दृष्टिकोणो से महत्व की है। एक ओर इसने जहा अमेरिकी नीति के एक महत्वपूर्ण सामरिक केन्द्र को ध्वस्त कर दिया, वही दूसरी ओर ईरान को एक ऐसी निरपेक्षता प्रस्तुत की जो कि अपने राजनीतिक और वैचारिक स्वरूप मे एकदम भिन्न थी। अमेरिकी साम्राज्यवाद का विरोध अन्यत्र व्यवहार मे जो विचार-धाराए थी, उससे अलग हट कर किया गया। साम्राज्यवाद का विरोध किसी स्वतत्रता के सिद्धात अथवा प्रगतिशील विचारधारा के माध्यम से नहीं अपितु इस्लाम के धार्मिक आधार पर किया गया। अत वचारिक स्तर पर ईरान की क्राति पूजीवादी समाजवादी और ततीय राष्ट्रो की मिश्रित व्यवस्था से गुणात्मक रूप से भिन्न थी। लेकिन ऐतिहासिक सदर्भों के कारण, अमेरिका के साथ ईरान का वैमनस्य अत्यधिक उग्र और तात्कालिक था। इस्लामिक क्राति के तुरत बाद अमेरिका की सामरिक सुविधाए बन्द कर दी गई और साथ ही साथ उसके आर्थिक हितो पर भी सीधा प्रहार किया गया।

इस पूरे घटनाचक्र का अत्यधिक रोमाचकारी उद्धरण ईरान द्वारा अमेरिकी दूतावास मे कायरत व्यक्तियो को बन्धक बनाये जाने की घटना है। 4 नवम्बर, 1979 को यह घटना घटी जिसके द्वारा कुछ उग्रवादी छात्रो ने अमेरिकी दूता वास पर कब्जा कर लिया और वहा कायरत अमेरिकी नागरिको को बदी बना लिया गया। इस कायवाही को धार्मिक सत्ता द्वारा उचित कहा गया और उन्हे रिहा करने की अमेरिका के सामने शर्तें रखी गई। इन शर्तों का प्रमुख उद्देश्य अमेरिका से आर्थिक मुआवजा वसूल करना था और अमेरिकी बको मे ईरानी पूजी को सरक्षित करना था। महाशक्ति अमेरिका के लिए ईरान की ललकार वास्तव मे विचित्र और खीज भरी स्थिति थी। वार्ता के प्रारभिक प्रयासो के बाद अमेरिका द्वारा अप्रल, 1980 मे बधको को छुडाने का सैनिक प्रयास किया गया। इस प्रयास की असफलता ने अमेरिकी नीति मे और झेंप पैदा की और अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय मे उसे बेहद हास्यास्पद बनाया। आतरिक असतोष के समक्ष राज्य सचिव साईरस वेंस को त्यागपत्र देना पडा। इन घटनाओ ने चुनावी माहौल मे राष्ट्रपति कार्टर की स्थिति और अधिक दयनीय बनायी, और उन्होने अमेरिकी नागरिको को रिहायी को एक निजी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया। चुनाव मे पराजय के बाद भी प्रयास जारी रहे। 20 जनवरी, 1981 को, जिस दिन राष्ट्र-पति रीगन को काय भार सभालना था, इससे पूव ही अमेरिका और ईरान के

बीच बधको की रिहायी के सबध मे समझौते की घोषणा की गई। इस समझौते के अनुसार अमेरिका न 8 बिलियन डॉलर का मुआवजा देने की बात मजूर की और अमेरिकी बको मे ईरानी पूजी के सरक्षण के सबध मे समझौता किया।

अमेरिका के साथ सबधो मे तनाव का कोई सीधा प्रभाव सोवियत सघ के सदर्भ मे नही पडा। यह सही है कि अमेरिकी बधको का जो सकट था, उस दौरान सोवियत सघ और ईरान मे सम्पर्क बढे। वैसे भी वैचारिक रूप से भिन्न होते हुए भी सोवियत सघ के प्रति ईरान के दृष्टिकोण म उदासीनता और पारस्परिकता का मिला जुला भाव रहा। भविष्य म इन सबधो के सुधरने की सभावनाए व्यक्त की जा सकती है लेकिन इसमे दो महत्त्वपूर्ण अवरोध हैं। प्रथम, तो यह कि आतरिक राजनीति म ईरान की धार्मिक सत्ता का विरोध वामपथी कर रहे है और इस सबध मे अभी तक कोई दूरगामी सोवियत दृष्टि स्पष्ट नही हुई है। दूसरा प्रमुख अवरोध है ईरान ईराक युद्ध और ईराक सोवियत प्रेमी है। सितम्बर 1980 मे दोनो देशो क बीच युद्ध की स्थिति तक बन गई। अत ईरान ईराक सीमा विवाद के उचित समाधान क बिना सोवियत और ईरान के सबधो म वतमान ठहराव की स्थिति म कोई गुणात्मक परिवतन की सभावनाए नही मिलती। लेकिन अमेरिका के सक्रिय विरोध की ईरान की नीति वास्तविक रूप म सोवियत सामरिक हितो की पुष्टि ही करती हैं।

अफगानिस्तान की समाजवादी क्राति

अप्रल, 1978 म अफगानिस्तान म सनिक सत्ता परिवतन क माध्यम से एक समाजवादी और सोवियत पक्षीय नेतत्व सत्ता म आया। नूर मोहम्मद तराकी क नतत्व म हुई इस एतिहासिक घटना का सायर क्राति की सज्ञा मिली। ततीय राष्ट्रा म 'बिना पूजीवाद समाजवादी व्यवस्था का माग' का सिद्धात अफगा निस्तान म एक बार पुन सकट म पडा। उत्पादन शक्तिया क अविकसित होन की स्थिति म वैचारिक एव व्यवस्थागत बदलाव कितना कठिन और अव्यावहारिक है, इस बात का अनुभव सोवियत नीति को अफगानिस्तान म करना पडा। सैनिक माध्यम से समाजवादी नतत्व की स्थापना मात्र स अफगानिस्तान मे समाजवादी विचारधारा और व्यवस्था लागू करन के प्रयास हुए। वामपथी पार्टी के दो घटको 'खल्क' और 'परचम क बीच आतरिक विवाद भी उग्र हुआ। यह विवाद समाज वादी प्रवत्तिया को गलत रूप स [illegible] नीति [illegible] अधिक विस्फोटक बन गया। इस बीच ज [illegible] स्थिति म एक तात्कालिकता भी अ [illegible] में सोवियत राय थी कि वैचारिक अ [illegible] और व्यावहारिकता स लागू किया ज [illegible]

आतरिक विवादो मे सामयिक हस्तक्षेप नही कर सका और इस सहिष्णुतावादी दष्टिकोण को त्रियावित नही करवा सका। परिणाम स्वाभाविक थे। आतरिक टकराहट के फलस्वरूप एक और आतरिक सैनिक सत्ता परिवतन हुआ। नूर मोहम्मद तराकी की हत्या के बाद सितम्बर, 1979 मे हाफिजुल्लाह अमीन ने नेतृत्व लिया। उसकी नीतियो के प्रति सोवियत नेतत्व आश्वस्त नही था, क्योकि वह वाछित नीति के विपक्षी घटक का था। अत शीघ्र ही एक और सत्ता परिवतन हुआ और अमीन की हत्या के बाद 27 दिसम्बर, 1979 मे बरबक कर माल का नेतत्व स्थापित हुआ। इस पूरी प्रक्रिया मे अफगानिस्तान की आतरिक स्थिति मे अत्यधिक अस्थिरता और अशाति व्याप्त हो गई। अमेरिका समर्थित गेरिल्ला घुसपठिया के पाकिस्तान के माध्यम से सक्रिय होने के कारण स्थिति और भी अधिक विकट हो गई। अतत सोवियत सेनाओ का सनिक हस्तक्षेप वामपथी नेतत्व को बचाने के लिए एक अनचाही आवश्यक्ता बन गई। जनवरी 1980 के प्रारभ से ही यह प्रक्रिया प्रारभ हो गई और काफी तैदाद मे रूस की सेनाओ को उपस्थित होना पडा। सोवियत सैनिक हस्तक्षेप क दो प्रमुख उद्देश्य थे। प्रथम, यह कि अफगानिस्तान की वामपथी पार्टी मे फूट की स्थिति को खत्म किया जाव और उस सही दष्टिकोण के आधार पर सगठनात्मक और वैचारिक रूप से पुन एकजूट बनाया जावे। दूसरी ओर गेरिल्ला हस्तक्षेप को नेस्तेनाबूद किया जाये जिसके कारण वामपथी पार्टी के प्रयासो मे भी अत्यधिक कठिनाइया आ रही थी। इन उद्देश्या मे सोवियत हस्तक्षेप ने उत्तरोत्तर सफलता पाई है।

अफगानिस्तान मे सोवियत उपस्थिति सामरिक दष्टि से अमेरिका के लिए अत्यधिक चिता का विषय थी, विशेषत उस स्थिति मे जबकि ईरान म अपना सामरिक केन्द्र अमेरिका पहले ही खो चुका था। इस घटना के माध्यम से, अमेरिकी नीति ने एक बार फिर विश्वव्यापी प्रचार युद्ध प्रारभ किया। ऐसी स्थिति मे जबकि अमेरिकी नीति अपनी एक नई साख तैयार करने मे लगी थी और अमेरिका को एक शातिप्रिय और अहस्तक्षेपवादी राष्ट्र के रूप मे प्रतिष्ठित करने का प्रयास कर रही थी, अफगानिस्तान मे सोवियत का हस्तक्षेप एक सुनहरा अवसर था। इस सकट को लेकर ततीय राष्ट्रो मे सोवियत नीति को विस्तारवादी और स्वतत्रता विरोधी सिद्ध करना अमेरिका के दूरगामी और तात्कालिक हितो के आधार पर खरा उतरता था। अमेरिका ने प्रारभिक रूप से प्रचार के माध्यम से इस हेतु एक विश्वव्यापी प्रयास किया। तात्कालिक रूप मे इन प्रयासो को आशा से अधिक सफलता भी मिली। 14 जनवरी 1980 को सयुक्त राष्ट्रसघ की साधारण सभा मे सोवियत हस्तक्षेप के विरोध मे एक प्रस्ताव पारित हुआ। प्रस्ताव के पक्ष मे 104 और विपक्ष मे 18 वोट पडे और 18 राष्ट्रो ने मतदान मे भाग नही लिया जिनमे प्रमुख रूप से भारत भी था। लेकिन, यह तात्कालिक

सफलता इस उग्र रूप म अधिक दिन तक नही बनी रही। सोवियत सघ ने भी प्रचार के द्वारा यह धारणा बनान का प्रयास किया कि अफगान सकट की प्रारभिक और मूल जड अमेरिका द्वारा प्रेरित गेरिल्ला हस्तक्षेप था और रूस का हस्तक्षेप भी आतरिक सकट के इस सदम म देखा जाना चाहिए। इस प्रचार के समानान्तर, सोवियत सनाओ के निर्देशन म अफगानिस्तान म आतरिक स्थायित्व लाने क प्रयासो मे भी तेजी आई। इसके फलस्वरूप अफगानिस्तान की वामपथी पार्टी का विघटन नियत्रित हुआ उसकी नीतियो मे यथार्थवादी दृष्टिकोण समाविष्ट हुआ और इन नीतियो क धैयपूण क्रिया वन से जन असतोष और विरोध भी अत्यधिक कम हुआ। साथ ही गरिल्ला हस्तक्षेप भी नियत्रण म कर लिया गया।

इन घटनाआ के साथ ही सोवियत सघ न अफगान समस्या का सभी प्रकार के हस्तक्षेप खत्म किये जाने के आधार पर एक 'राजनीतिक समाधान' किये जाने की बात रखी। इस बीच अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय ने भी अमेरिका द्वारा लगाये गय नशसता के आरोपो की प्रामाणिकता की खोज करने के प्रयास भी किये। एक वप स अधिक के हस्तक्षेप के बाद स्वय सयुक्त राष्ट्रसघ का एक दल अफगानिस्तान की यात्रा पर गया। इस दल ने अपनी रपट मे कहा कि अफगानिस्तान की आतरिक स्थिति म जन असतोष अथवा नशसता देखने को नही मिलती और वहा की आतरिक स्थिति अत्यधिक शातिपूण और व्यवस्थित प्रतीत होती है। अफगानिस्तान मे अपनी उपस्थिति का एक और औचित्य देते हुए सोवियत सघ ने यह दावा किया कि उसकी सेनाओ की उपस्थिति कोई हस्त क्षेप नही था, क्योकि ऐसा अफगानिस्तान की मान्यता प्राप्त सरकार के आमत्रण पर किया गया था। इन विविध वास्तविकताओ और परस्पर विरोधी मान्यताओ के समानातर प्रचार के फलस्वरूप सघ के प्रति प्रारभिक विरोध अब अधिकाधिक रूप विरल होता गया। इस बात का सकेत अमेरिका के आह्वान के बाद भी जुलाई, 1980 में हुए मास्को ओलपिक मे अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय की उपस्थिति और गुट निरपेक्ष राष्ट्रो के विदेश मत्रीय सम्मेलन मे हुई प्रतिक्रिया स मिलता है। मास्को ओलपिक खेलो का बहिष्कार करने का आह्वान अमेरिका ने रूसी हस्त क्षेप का प्रतिरोध व्यक्त करने के लिए किया। तृतीय राष्ट्रो की ओर से ही नही, पश्चिमी गुट के राष्ट्रो से भी इसका कोई उत्साहवधक समथन नही किया। इस आह्वान के बाद अमरिका अफगान सकट की अपनी मान्यता के सदभ मे, और अधिक एकाकी हो गया। गुट निरपेक्ष राष्ट्रो ने भी अपने सयुक्त मत म सोवियत सघ के हस्तक्षेप का स्पष्ट उल्लेख नही किया और अफगानिस्तान मे सभी प्रकार के बाहरी हस्तक्षेप की समाप्ति और समस्या में राजनीतिक समाधान की बात कही। मतैक्य के अभाव मे राजनीतिक समाधान के वास्तविक स्वरूप की विस्तत व्याख्या नही की गई। इन घटनाओं के बाद अफगानिस्तान मे सोवियत उपस्थिति

पर अन्तर्राष्ट्रीय ध्यान केन्द्रित नही रहा, विशेषत इसलिए भी कि अनेक अन्य महत्वपूर्ण विवाद उभरे, जिसके फलस्वरूप अफगान सकट की तात्कालिकता नही रही।

1945 के बाद के घटना चक्र ने जिस भूमिकाओ के बदलाव को जन्म दिया अफगानिस्तान का सकट उसकी प्रबलतम अभिव्यक्ति हैं। सोवियत सघ, जिसकी परम्परागत प्रभाव क्षेत्र म पर हस्तक्षेप की क्षमता नही थी, का एक नई क्षमता की शक्ति के रूप में अभ्युदय देखने को मिला। अमेरिका, जिसकी प्रच्छन्न शक्ति मे हस्तक्षेप की एक परम्परा रही थी आज एक मूक दर्शक की सी स्थिति मे था। हस्तक्षेप का प्रतिरोध खेला के बहिष्कार स अधिक नही बन सका और उसम भी निराशा ही हाथ लगी। स्वय पश्चिमी गुट के राष्ट्रा मे किसी उग्र कार्यवाही किये जाने की सभावना म मतैक्य नही रहा। ततीय राष्ट्रा की असहमति भी अपरिभाषित रूप से ही व्यक्त हुई, जो कि विगत म अमेरिका द्वारा किये गये हस्तक्षेप की निरन्तर तीव्र भत्सना की तुलना में गुणात्मक रूप स भिन्न स्थिति थी। यह परिवर्तित परिवेश एक भावी प्रवृत्ति का परिचायक है।

चीन का आतरिक मथन

माओत्सेतुग क निधन के बाद चीन म आतरिक बदलाव की स्थितिया अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बन गई। एक लबे समय तक चीन की कम्युनिस्ट पार्टी मे आतरिक सघर्ष इतना अधिक बदलाव वाला रहा कि उसके आधार पर कोई दूरगामी प्रवृत्ति रेखाकित करना एक असभव सा कार्य था। लेकिन पार्टी की 11वी काग्रेस स उग्रवादी तत्वो का प्रभुत्व कम होता जान पड़ रहा था। माओ की पत्नी के नेतत्व म बहुचर्चित 'चौकडी' और डैंगहसियाओ पिंग, उग्रवादी और उदारवादी वचारिकता के दो प्रतिनिधि बिन्दु थे। 11वी काग्रेस के बाद उदारवादी मान्यता की स्थापना हुई लेकिन डेंग क नेतत्व स्पष्ट रूप से स्थापित नही हो पाया। अतिम रूप मे डैंग के नेतत्व की स्थापना 1980 मे हुई जब हूआ कुओ फेंग के त्यागपत्र के बाद झाबो जियाग पदासीन हुए। इस पूरी प्रक्रिया मे विदेश नीति के स्तर पर, तमाम शकाये समाप्त हुइ। माओ की मृत्यु के बाद रूस और चीन मे जो एक सीमित समय के लिए निकटता की सभावना जागी थी, उस पर स्पष्ट विराम लगा। चीन की नीति तीव्र आतरिक विकास की आवश्यकताओ को देखते हुए पश्चिमी राष्ट्रा और विशेषत अमेरिका के और अधिक निकट आई। अप्रेल, 980 मे चीन की विश्व बक की सदस्यता प्राप्त करना इस सबध म एक महत्वपूर्ण कदम था। इसस पूव ही अमेरिका और चीन के बीच आर्थिक एव व्यापारिक सबध तेजी से स्थापित हुए और पश्चिमी पूजी का निवेश चीन मे बडे पमाने पर होने लगा। राजनयिक व्यवहार के स्तर पर

भी रूस और चीन के बीच वैमनस्य भी स्पष्ट रूप से बना रहा। लेकिन यह राजनीतिक समझ चीन को और अधिक मित्र विहीन बना गई। वियतनाम का रुझान निरतर सोवियन सघ की ओर बढा। फरवरी, 1979 मे चीन द्वारा वियतनाम पर आक्रमण एक एतिहासिक विडम्बना बन गई। कपुचियाई सकट, मे चीन द्वारा पाल पाट नेतत्व का समथन उसकी वैचारिक विकृति का एक और स्पष्ट दष्टात बना। इस पूरी प्रक्रिया मे, चीन द्वारा प्रारभ से ही एक स्पष्ट दृष्टिकोण का अभाव रहा, जिसके फलस्वरूप उसके अतर्राष्ट्रीय व्यवहार पर और प्रश्न चिह्न लगे। जून, 1981 म चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के चेयरमेन के पद पर हूयाओ बैंग के पदासीन होने से डेंगट्सियाओ पिंग की उदारवादी नीति की स्थापना की एक और स्पष्ट पुष्टि हुई। ऐसी स्थिति को देखते हुए यदाकदा के कुछ वक्तव्यो के बावजूद भी रूस चीन सबधो म बदलाव की स्थिति की कोई प्रवत्ति देखने को नही मिलती। अत अन्तर्राष्ट्रीय सबधो ने उभरते हुए त्रिकोणात्मक समीकरण को भविष्य मे और अधिक स्थायित्व मिलने की ही प्रबल सभावना है। जिसके फलस्वरूप एक ओर चीन का विश्व अर्थ-व्यवस्था से अतरग रूप से जुडने की निश्चित सभावना है और दूसरी ओर इसके परिणामस्वरूप, ततीय विश्व म उसके साथक योगदान म कमी भी उतनी ही सुनिश्चित है।

पोलेण्ड का आतरिक सकट

पोलेण्ड का आतरिक सकट अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मे एक विशेष महत्व का बन गया है। इस आतरिक घटनाचक्र के कुछ महत्वपूर्ण अभिप्राय है। प्रथम समाजवादी व्यवस्था और विचारधारा के कुछ सद्धातिक पक्ष पोलेण्ड की स्थिति से जुडे हुए हैं। क्या समाजवादी व्यवस्था के अन्तगत पार्टी से स्वतत्र ट्रेड यूनियन का आयोजन सभव है? क्या इस प्रकार का आयोजन राजनीतिक व्यवस्था मे एक समानातर और स्वतत्र केन्द्र बन सकता है? यह ऐसे प्रश्न है जिनके सुलझाने के स्वरूप से अन्य समाजवादी राष्ट्रो मे भी व्यवस्थागत अभिप्राय जुडे हैं। द्वितीय ऐसी स्थिति से निपटने के लिए, सोवियत सघ का क्या दृष्टिकोण हो और इस सबध मे उसकी क्या रणनीति हो, एक महत्वपूर्ण पक्ष है। तृतीय द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अनौपचारिक रूप से रूस के प्रभाव क्षेत्र के रूप मे मान्यता दिये गये पूर्वी यूरोप मे, पश्चिमी प्रतिक्रिया का स्वरूप क्या हो। विगत मे पश्चिमी राष्ट्रो के दष्टिकोण मे बदलाव कितना सभावित, व्यावहारिक और वाछित है इसका निणय एक और महत्वपूर्ण पक्ष है। इन विभिन्न पहलुओ को देखते हुए पोलेण्ड के आतरिक सकट की न सिफ तात्कालिक केन्द्रियता है अपितु, इसके दूरगामी अभिप्राय भी है जो अधिक दिशा निर्देशक है।

विश्व युद्ध के बाद जिन पूर्वी यूरोपीय राष्ट्रा मे समाजवादी नेतृत्व की

स्थापना हुई उसमे वहा की वामपथी शक्तियो के अलावा सोवियत सैनिक भूमिका का भी अत्यधिक योगदान था। सभी पूर्वी यूरोपीय राष्ट्रो मे आर्थिक और सामाजिक शक्तियो के विकास का स्तर और वामपथी नेतत्व की क्षमता का स्तर एक जैसा नही था। अत इन असमान रूप से विकसित स्थितियो मे समाजवादी व्यवस्था की स्थापना के काम मे और अधिक सावधानीपूण दष्टिकोण की आव श्यकता थी। सोवियत निर्देशन के बाद भी विभिन्न नेतत्वो द्वारा अलग-अलग स्थितियो मे ऐसी व्यवस्था के निर्माण की रणनीति तैयार की। स्वाभाविक था कि ऐसी स्थिति मे अनेको अपवाद भी उभरते। युगोस्लाविया, हगरी और चेकोस्लोवाकिया के अनुभव ऐसे अपवादो के साक्षी हैं। इस कडी का नवीनतम उदाहरण पोलेण्ड का आतरिक सकट है। पोलेण्ड के वामपथी नेतत्व ने समाजवादी व्यवस्था के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाये जाने मे जरूरत स अधिक सतकता बरती जो कि उसकी उदारवादी समझ की भी परिचायक रही। कृषि पर अधिक ध्यान केंद्रित रहा। यही नही, कृषि के क्षेत्र मे भी सामूहिकीकरण की प्रक्रिया को आवश्यक रूप स लागू नही किया गया, जिसके फलस्वरूप कृषि मे मझले स्तर के निजी स्वार्थो की स्थापना सभव हो गई। इसके समानातर औद्योगीकरण पर समुचित बल न दिय जाने के फलस्वरूप सर्वहारा वग की निणय प्रणाली मे महत्व मे कमी आई। इस प्रक्रिया के द्वारा उत्तरोत्तर मजदूर वग मे असतोष की स्थितिया उपजी, और उन्ह यह आभास होने लगा कि उनके और कृषि म काय रत वर्गों के साथ मे निरतर असमानता पनप रही है।

स्थिति ने एक गभीर मोड लिया, जबकि लैंस वैलेसा के नेतृत्व मे सोलिडेरिटी 'नामक एक स्वतत्र 'ट्रेड यूनियन' का आयोजन हुआ। इस प्रक्रिया के प्रारभ से ही पोलेण्ड मे एक उग्ररूपी राजनीतिक और वैचारिक विवाद व्याप्त हो गया। वामपथी नेतत्व द्वारा प्रारभ मे समझौतावादी नीति अपनाई गई, जो कि उसके लिए और अधिक घातक सिद्ध हुई। अगस्त 1980 मे समाजवादी व्यवस्था होते हुए भी हडताल के अधिकार की माग स्वीकार कर ली गई। इसके बाद स्थिति मे सुधार की बजाय और अधिक अव्यवस्था फैली। वामपथी पार्टी मे भी नेतत्व परिवतन की एक सीमित प्रक्रिया देखी गई। अनेक तदथ उपचार सफल नही हो सके, क्योकि स्वतत्र ट्रेड यूनियन' ने अब अपने आपको एक प्रतिद्वद्वी शक्ति के केंद्र के रूप मे और पार्टी के अदर ही एक घटक के रूप म आयोजित करने के प्रयास किये। पार्टी सगठन मे भी अनेक स्तर पर भ्रष्टाचार-व्याप्त था, अत इन घटनाओं से निपटने की उसकी क्षमता निरतर अपर्याप्त सिद्ध हो-रही थी। ऐसी स्थिति मे अतत 13 दिसबर 1981 को 'माशल लॉ' लागू किये जाने की घोषणा की गई। इसके बाद उत्तरोत्तर स्थितियो मे अराजकता पर नियत्रण पाने पर सफलता मिली है। प्रारभिक रूप से लगाये गये अनेक प्रतिबधो मे से कुछ पूण

रूप से हटा लिये गये हैं और अन्य छूटें दी गई है। साथ ही साथ वामपथी पार्टी मे भी भ्रष्टाचार के उन्मूलन के कारगर कदम उठाये गये हैं और अनेक स्तरो पर नेतृत्व मे आमूलचूल परिवर्तन भी किये गये हैं। जहा तक लैंस वैलेसा और "सोलिडेरिटी" का प्रश्न है, उन्हें यह स्पष्ट कर दिया गया है कि समाजवादी व्यवस्था के मूल प्रारूप मे रहते हुए ही उनकी स्वतत्रता की कोई माग सकारात्मक स्वरूप पा सकती है अन्यथा नही। स्वतत्र ट्रेड यूनियन' का तात्पय कदापि यह सभव नही है कि वह पार्टी के नियत्रण एव पर्यवेक्षण से मुक्त हो और अपनी चेतना का स्तर समाजवादी वैचारिकता से न जोडकर तात्कालिक आर्थिक सुविधा वाद से ही जोडे।

पोलेण्ड के घटनाचक्र से कुछ महत्वपूण ऐतिहासिक प्रवृत्तिया स्पष्ट होती हैं। प्रथम तो यह कि समाजवाद की वैचारिक मान्यताओ मे विभिन्न वर्गों व स्वतत्र सगठनात्मक आयोजन का औचित्य सवथा वर्जित है। वर्गों के बीच असतुलन की स्थितिया हो सकती हैं, लेकिन उनका निवारण खुली प्रतिद्वद्विता के माध्यम से न होकर एक समन्वित दृष्टिकोण के माध्यम से होना आवश्यक है। परस्पर अस तुलन की स्थितियो के वैचारिक अथवा व्यावहारिक पक्षो का मूल दायित्व वाम पथी पार्टी का है, और इसी मच के द्वारा एक आतरिक सघष की प्रक्रिया से समस्त मतभेद सुलझने आवश्यक है। द्वितीय रूप से पोलेण्ड सकट मे हुई सोवियत प्रतिक्रिया पूर्वी यूरोप के विगत के सकटो की प्रतिक्रियाओ स मूलत भिन्न है। पहले के सीधे हस्तक्षेप की नीति के विपरीत सोवियत प्रतिक्रिया अत्यधिक सयत रही और उसने परोक्ष हस्तक्षेप की नीति को अपनाया। इस प्रकार का सोवियत व्यवहार दोहरे महत्व का है। एक ओर जहा यह पश्चिमी राष्ट्रो की हस्तक्षेप की आशका और प्रचार को ध्वस्त करता है, वही दूसरी ओर यह सोवियत सघ मे एक आत्मविश्वास की भावना का भी परिचय देता है। पूर्वी यूरोप का सामरिक महत्व आज भी सोवियत सघ के लिए असदिग्ध प्राथमिकता का है। अत यह कहना गलत होगा कि इस प्रकार का सोवियत व्यवहार उसकी सामरिक प्राथमिकताओ मे बदलाव का परिचायक है। वास्तव मे सोवियत नीति आज इस बात के लिए पूण रूप से आश्वस्त है कि बिना सीधे हस्तक्षेप के भी पूर्वी यूरोप मे वह अपनी मान्यता को लागू करवा सकती है। हा यदि भविष्य मे कभी इस आत्म विश्वास में कमी आई तो सीधे, हस्तक्षेप की निस्सदेह भविष्यवाणी की जा सकती है। एक अन्य पक्ष इस सकट की घटनाओ से परिलक्षित होता है। पश्चिमी राष्ट्रा का विरोध, रीगन की तथाकथित उग्रवादिता के बावजूद, प्रचार की सीमाओं स अधिक नही बढ सका। यह प्रचार भी रूसी हस्तक्षेप की आशकाओ पर आधारित रहा अत इसमे भी कोई ठोस तत्वो का समावेश नही हो सका। कार्टर प्रशासन से ही अमेरिकी नीति ने अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में मानव-अधिकारो के प्रश्न की

बात रखी, जिसका परोक्ष किंतु प्रमुख उद्देश्य रूस के हस्तक्षेप के विरोध मे प्रचार करना था। इस नारे को कम्बोडिया के सकट के बाद पोलेण्ड की स्थिति मे भी व्यक्त किया गया। लेकिन अनेक स्थितिया मे स्वय अमेरिका द्वारा तानाशाही व्यवस्थाओ का समथन, विशेष उल्लेखनीय रूप से उसका एव पश्चिमी राष्ट्रो का दक्षिण अफ्रिका म रगभेद नीति का समथन, कुछ ऐसे खुले तथ्य थे जो कि अमेरिका के इस मानव अधिकार प्रेम पर प्रश्नचिन्ह लगाते रहे। वस्तुत इस प्रचार का कोई अन्तर्राष्टीय प्रभाव नही देखा जा सका। जहा तक प्रचार से बढकर कोई कारगर कदम उठाये जाने की बात थी, स्वय पश्चिमी राष्ट्रो म परस्पर मतभेद और स्पष्ट हुए। सभावित सोवियत हस्तक्षेप की स्थिति म किसी सामूहिक सैनिक कायवाही का प्रश्न तो दूर, आर्थिक प्रतिबधो के स्तर पर भी अमेरिका द्वारा प्रस्तावित उपचारो पर पश्चिमी राष्ट्रो मे मतैक्य सभव नही हो पाया। सीमित स्तर के आर्थिक प्रतिबधो की कायवाही तो देखी गई लेकिन न तो उसका तात्कालिक स्वरूप ही विस्तत था और न ही उसमे किसी दूरगामी प्रतिबद्धता का समावेश। अत एक बार फिर पूर्वी यूरोप मे सोवियत प्रभाव को पश्चिम की असहाय मा यता मिली।

पश्चिमी एशिया मे प्रलय

पश्चिमी एशिया का समसामयिक घटनाचक्र एक बार फिर इस क्षेत्र मे विस्फोटक स्थितिया उत्पन्न कर रहा है। ईरान और ईराक के बीच युद्ध की स्थिति, इजरायल का गोलान पहाडियो पर अतिक्रमण और हाल ही मे इजरालय द्वारा फिलस्तीन मुक्ति सगठन को जडामूल समाप्त करने के प्रयास, पश्चिमी एशिया मे प्रलयकारी स्थितियो की शृखला के प्रमुख उदाहरण हैं। सितबर, 1980 मे ईरान और ईराक के बीच एक सीमित युद्ध की प्रक्रिया प्रारभ हुई, जो कि तात्कालिक रूप से सीमा विवाद से सबधित थी। इसके अलावा ईराक द्वारा ईरान म बदलाव चाहने वाली प्रवत्ति के प्रति सहानुभूति एव सहयोग तथा अन्य परम्परागत मतभेद इस युद्ध की पष्ठभूमि मे समाहित है। इस्लामी क्राति के बाद वैचारिक असहिष्णुता का भी इसमे योगदान कहा गया है। कुछ मान्यताओं के अनुसार दोनो राष्टो के लिए इस युद्ध की उपादेयता आतरिक सकटों से ध्यान विचलित करने की नीति मे भी देखी गई है। इस युद्ध की प्रक्रिया मे ईराक की उत्तरोत्तर असफलता का एक क्रम रहा है, यद्यपि साथ ही साथ ईराक ने अनेक अवसरों पर समझौते का प्रारूप प्रस्तुत करने का प्रयास भी किया है। अभी तक ईराक की यह मान्यता थी कि कोई समझौते का प्रारूप युद्ध की समाप्ति के लिए पूव शर्त हो और फिर युद्ध की समाप्ति की जावे। लेकिन निरन्तर असफलताओ ने ईराक की वामपथी "बाथ" पार्टी मे भी एक आतरिक विवाद और नेतृत्व-सघर्ष

उत्पन्न कर दिया। हाल ही मे जून, 1982 म सद्दाम हुसैन की नीतियो की कठोर आतरिक आलोचना हुई। इस प्रक्रिया के फलस्वरूप, इजरायल द्वारा लेबनान पर किये गये आक्रमण के सदभ मे, ईराक ने अरब एकजुटता का आभास दिया और समझौते को शत बनाये बिना एक पक्षीय रूप से युद्ध समाप्ति की घोषणा की। इन तात्कालिक नये प्रयासो के फलस्वरूप ईरान और ईराक मे किसी समझौते की सभावना प्रबल बन गई है और साथ ही साथ ईराक मे नेतृत्व परिवतन की सभावनाओ को भी नकारा नही जा सकता।

मिश्र इजरायल अमेरिका धुरी के बनने के बाद पश्चिमी एशिया म कुछ नई प्रवृत्तिया स्पष्ट हुई है। एक ओर अपनी इन नीतियो के फलस्वरूप मिश्र अरब समुदाय मे बहुमुखी आलोचना का केन्द्र बना है। यह प्रक्रिया कैम्प डेविड के समझौते से स्पष्ट उभरी। दूसरी ओर इस समीकरण के बनने क बाद इजरायल की नीति और अधिक उग्र और खतरनाक हुई हैं। इन दोनो प्रवृत्तियो के फलस्वरूप उत्तरोत्तर यह सभावना बनने लगी है कि पश्चिमी एशिया मे यह त्रिकोणात्मक समीकरण अधिक दिनो तक क्रियाशील नही रह पायगा। इस सदभ मे नेतत्व परिवतन की घटनाओ पर भी ध्यान केंद्रित रहा है। राष्ट्रपति अनवर सादात की 6 अक्टूबर, 1981 को आकस्मिक हत्या हुई, जिसके बाद 14 अक्टूबर, 1981 को हुसेनी मुबारक ने राष्ट्रपति पद सभाला। नये नेतृत्व की घोषणाओ म यद्यपि सादात की नीतियो के ही दृष्टिकोण को अपनाने की बात कही गई है, फिर भी कुछ एक वक्तव्य सशय पैदा करते हैं ऐसी किसी प्रवत्ति के भावी विकास मे इजरायली उग्रवाद की कुछ तात्कालिक घटनाओ का महत्त्वपूण योगदान हो सकता है। पश्चिमी एशिया मे इजराईली विस्तारवाद का अत्यधिक दुराग्रही कदम गोलान पहाडियो मे लिया गया। दिसबर 1981 म इजरायल द्वारा गोलान पहाडियो का अतिक्रमण हुआ। ऐसे खुले अतिक्रमण के समक्ष परपरागत मिश्र अमेरिका के लिए इजरायल का समथन करना सभव नही हुआ। इस सबध में सयुक्त राष्ट्र द्वारा इजरायल को स्पष्ट चेतावनी मिली और अमेरिका ने भी अस्पष्ट और परोक्ष तरीके से इजरायल की नीतियो मे नियन्त्रण लाने का प्रयास किया। इन विभिन्न चेतावनियो का, ऐसा प्रतीत होता है कि, इजरायल पर विशेष प्रभाव नही पडा। जून, 1982 मे इजरायल द्वारा फिलस्तीन मुक्ति सगठन को जडामूल खत्म करने और नेस्तेनाबूद करने की मुहिम अपने आप मे सबसे विचित्र अपराधिक प्रवत्ति की परिचायक है। यह सही है कि 'पी० एल० ओ०' द्वारा गोरिल्ला युद्ध की वारदातें होती रही हैं, *लेकिन साथ ही साथ फिलस्तीन के मुक्त के प्रश्न का औचित्य और भी अधिक सही* है। ऐसी स्थिति मे जबकि अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा फिलस्तीन की स्वतत्रता के प्रति सक्रिय समथन किया गया है, इजरायल की आक्रमक कायवाही पी० एल० ओ०', सीरिया और लेबनान के विरुद्ध ही नही है अपितु पूरे अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय

के विरुद्ध भी है।

पश्चिमी एशिया के तात्कालीक घटनाचक्र से कई महत्त्वपूण प्रवत्तिया उभ रती हैं। प्रथम, ईरान-ईराक विवाद मे महाशक्तियो कि तटस्थता अपने आपमे एक विचित्र और अभूतपूव स्थिति है। जहा तक अमेरिका का प्रश्न है, उसके लिए यह एक थोपी गई स्थिति है, क्योकि विवाद स सबधित दोनो ही पक्ष उसके प्रतिरोधी हैं। सोवियत नीति के सदभ मे इस तटस्थता का एक विशेष अथ है। ईराक के साथ उसके मैत्री सबध ही नही अपितु बिरादराना सबध भी है। ईरान की अमेरिका विरोधी स्थिति को देखते हुए सोवियत नीति किसी भी स्थिति मे उस विरोध मे शिथिलता नही देखना चाहता। ऐसी स्थिति मे जबकि सोवियत सघ की यह मायता है कि ईरान ईराक विवाद मे न सुलझन वाला कोई मूलभूत सकट नही है, उसका इस विवाद के प्रति निरपेक्षता पश्चिमी एशिया सदभ मे महत्त्वपूण है। यही नही, रूस ने अपने प्रभाव के द्वारा ईराक के नेतत्व को भी मैत्री की ओर प्रेरित किया है। तात्कालिक घटनाओ से इस प्रयास की सफलता भी देखने को मिलती है। द्वितीय प्रवृत्ति, अपने पश्चिमी एशियाई प्रभाव क्षेत्र मे अमेरिका की क्षमता की सीमायें दर्शाती है। अमेरिकी नीति को स्पष्ट है कि इजरायल का उग्र विस्तारवाद स्वय उसके हितो के लिए दूरगामी रूप से अत्यधिक विपरीत है। लेकिन इस दष्टिकोण के होते हुए भी अमेरिका किसी निश्चित रूप म इजराईली दृष्टिकोण को नियन्त्रित करने मे असफल रहा है। इजरायल के तात्कालिक आक्रमण की घटनाओ के अलावा, इस असफलता के अभिप्राय भविष्य म मिश्र और अमेरिका सबधो पर भी हो सकते हैं। यदि अमेरिका मिश्र को इजराईल की भावी नीतियो के प्रति आश्वस्त करने मे असफल रहता है, तो इजराईल मिश्र सबधो मे सामायीकरण की प्रक्रिया मे उभरे सदेहो को दखते हुए भविष्य मे मिश्र अमेरिका इजरायल के समीकरण को भी विघटन का सामना करना पड सकता है। ऐसी स्थिति का स्पष्ट लाभ सोवियत नीति को मिलगा, इसमे सदेह नही। एक अ य प्रवृत्ति पश्चिम एशिया मे सोवियत प्रभाव की साथकता को अधिक दर्शाती है। इजरायल द्वारा और लेबनान पर आक्रमण किये जान के बाद, जिसके भावी परिणाम सीरिया पर भी हुए इजरायल ने युद्ध विराम के अमेरिकी और सयुक्त राष्ट्र सघ के प्रस्तावो को लागू नही किया। अतत सोवियत सघ को यह खुली चेतावनी देनी पडी कि 10 अक्टूबर, 1980 को हुए सोवियत सीरिया मैत्री समझौते के अतगत प्रावधान के आधार पर, यदि इजरायल द्वारा युद्ध विराम नही किया जाता है तो सोवियत सघ खुले हस्तक्षेप के लिए स्वतत्र होगा। ऐसी स्थिति को बचाने के लिए सोवियत सघ ने अमेरिका से यह अनुरोध किया कि वह इजरायल को युद विराम लागू करने हेतु बाध्य करें। इसी के बाद युद्ध-विराम सभव हो सका। इस दृष्टि से सोवियत प्रभाव की एक और भावी सफलता हो सकती

इजराईल के विस्तारवाद म विरोध म समस्त अरब राष्ट्रा की एकजुटता का सोवियत प्रस्ताव शीघ्र ही प्रचलित हो गया है। भविष्य मे इस विचार के व्यवहारिक एव ठोस स्वरूप के उभरने की प्रबल सभावना है। इस घटना चक्र की अंतिम प्रवत्ति पूरे अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए एक चिता का विषय है। सुरक्षा परिषद मे पारित प्रस्तावो की न सिफ खुली अवहलना इजरायल द्वारा की गई अपितु साथ ही साथ ऐसे कदम भी उठाये गय जिन्होने स्थिति को और अधिक विस्फोटक बनाया। इन सुरक्षा परिषद के प्रस्ता मे उल्लेखनीय है कि अमेरिका की भी परोक्ष सहमति थी। ऐसी स्थिति मे इजराईल की प्रवृत्ति न सिफ पश्चिमी एशिया की राजनीति पर बल्कि साथ ही साथ अन्तर्राष्ट्रीय सगठन की साथकता पर भी महत्वपूण प्रश्नचिह्न लगा गई।

शिक्षा-बोध एक सिंहावलोकन

पिछले 35 वर्षों स अधिक के अतर्राष्ट्रीय सबधो के इतिहास मे बदलाव की एक मोन और अर्तनिहित प्रवत्ति समाहित है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ऐसी किसी विश्वव्यापी विभीषिका की पुनरावत्ति ता नही हुई, लेकिन ऐतिहासिक बदलाव की प्रक्रिया क्रमिक रूप से विकसित होती रही। इस क्रमिक विकास म प्रेरक शक्तियो के रूप मे अनेक आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक द्वद्व उपस्थित हुए। अतर्राष्ट्रीय राजनीतिक और विशेषत महाशक्तियो के परस्पर सबधो के सदम मे शक्ति के समीकरण मे अनेक बदलाव हुए। ऐसे बदलाव की क्रमिक अभिव्यक्तियो का स्वरूप सामान्यत उग्र और विस्फोटक नही था। सीमित युद्ध और सीधी टकराव तो देखी गई लेकिन इनमे पूरे विश्व को समाहित कर लेने का प्रारूप नही था। इस क्रमिक विकास की प्रमुख प्रवत्तियो और भावी दिशा-बोध के आधारो को निम्न रूप से सक्षेप मे प्रस्तुत किया जा सकता है—

1 द्वितीय विश्वयुद्ध की उत्तरोत्तर स्थिति एक गुणात्मक परिवतन की द्योतक थी। दो विश्व युद्धो के बीच शक्ति के विकेन्द्रीकरण की स्थिति, अब एक स्पष्ट ध्रुवीकरण के रूप मे स्थापित हुई। अत्यधिक महत्वपूण और दूरगामी अभिप्रायो के सदम मे, पहले की तुलना मे यह ध्रुवीकरण सवपक्षीय था—आर्थिक, राजनीतिक एव वचारिक तत्वो के समावेश के फलस्वरूप। अत ध्रुवीकृत प्रतिद्वद्विता शक्ति के समीकरण के स्तर पर ही नही थी अपितु व्यवस्थागत बन गई थी।

2 उपनिवेशवाद के अवसान की प्रक्रिया के फलस्वरूप प्रतिद्वद्विता का उद्देश्य भौगोलिक आधिपत्य नही रहा। अब प्रतिस्पर्धा प्रभाव क्षेत्रो की बन गई। इस गुणात्मक बदलाव के महत्वपूण अभिप्राय थे। विदेश नीति सचालन और उद्देश्य प्राप्ति में युद्ध की साथकता कम हुई। नये उपकरणो और माध्यमो की रणनीति तैयार हुई, जिसमे तात्कालिक सतुलन को एक शातिपूण स्थायित्व प्रदान करना

एक प्राथमिक आवश्यकता बन गई। सैनिक एव आर्थिक गठबधनो का आयोजन, सैनिक और आर्थिक मदद का राजनय, और शस्त्रो की होड द्वारा महाशक्तिय क्षमता मे दूरगामी सतुलन की स्थापना, इस नई नीति के प्रमुख दायित्व बन गये। प्रारभिक चरण मे, इन्ही दायित्वो के सशयपूर्ण वातावरण के निर्वाह ने 'शीत युद्ध' की मानसिकता और वास्तविक अभिव्यक्तियो को जन्म दिया।

3 आणविक शक्ति के महाशक्तिय ने विश्व मे वस्तुत भय के सतुलन" की स्थापना की। सोवियत सघ की मानसिकता मे एक आत्मविश्वास और वैचारिक परिपक्वता का समावेश हुआ और इसके समानान्तर अमेरिका को अपनी साम्राज्यवादी हस्तक्षेप की निरतर असफलता का आभास भी। साम्राज्यवादी व्यवस्था एक ऐतिहासिक प्रक्रिया के फलस्वरूप उत्तरोत्तर क्षीण हो रही थी। तृतीय राष्ट्रो मे राजनीतिक स्वतत्रता न आर्थिक स्वतत्रता के स्वर को भी जन्म दिया। ऐसी स्थिति मे अनावश्यक हस्तक्षेप और सीधी सैनिक सलग्नता की नीति तात्कालिक और दूरगामी, दोनो ही स्तरो पर अत्यधिक आत्म घातक थी। इन विभिन्न ऐतिहासिक आवश्यकताओ ने 'देतात' के दृष्टिकोण का सूत्र पात किया। ऐसा बदलाव आकस्मिक नही था, और न ही इसकी क्रिया वृति तात्कालिक रूप से स्पष्ट सभावना थी। अत इस पूरी बदलाव की मानसिकता म एक सक्रमणकाल का भी समावेश हुआ।

4 'देतात' के स्थायित्व की प्रक्रिया के समान्तर, ध्रुवीय गुटो की आतरिक एकजुटता मे भी गुणात्मक परिवर्तन के आधार उभरे। साम्राज्यवादी राष्ट्रो के के बीच आपसी मतभेद भी पैदा हुए, जिसके फलस्वरूप अमेरिका के एकछत्रीय नेतृत्व को स्पष्ट चुनौती मिली। सामूहिक सैनिक अथवा आर्थिक कार्यवाही म यूरोपीय राष्ट्रो ने सक्रिय भूमिका निभाने मे अपनी असमथता व्यक्त की। रूस चीन विवाद के फलस्वरूप समाजवादी राष्ट्रो की एकजूटता पर भी प्रश्न चिह्न लगा। चीन के शक्ति के स्वतत्र केन्द्र क रूप मे उदय ने एक नय त्रिकोणात्मक समीकरण को जन्म दिया। जहा तक अन्य समाजवादी राष्ट्रो का प्रश्न था, स्वेच्छा अथवा आर्थिक एव सैनिक प्रमुत्व के फलस्वरूप सोवियत सघ का वचस्व यथावत बना रहा। चीन द्वारा उत्तरोत्तर रूप से पश्चिमी राष्ट्रो क समथन, और प्रमुख शत्रु के रूप म सोवियत सघ के अनौचित्यपूर्ण विरोध के फलस्वरूप तृतीय राष्ट्रो के बीच उसकी साख मे निरतर गिरावट आई। इसके विपरीत एक व्यावहारिक सतुलन और दूरगामी परिप्रेक्ष्य के फलस्वरूप तृतीय राष्ट्रो मे सोवियत सघ के प्रति प्रतिबद्धता मे निरतर वृद्धि हुई। इस प्रभाव के विस्तार ने सोवियत सघ के लिए चीन विवाद से हुई हानि, की पर्याप्त पूर्ति की। अत त्रिकोणात्मक समीकरण के उभरने के बावजूद तुलनात्मक रूप स सोवियत प्रभाव मे कोई गभीर कमी नही आई।

5 इन बदली हुई परिस्थितियो मे महाशक्तियो की भूमिका मे बदलाव के काल का सूत्रपात हुआ। अमरिका और पश्चिमी राष्ट्रो के लिए वियतनाम अथवा कोरिया जैसे अनुभवा की पुनरावृत्ति अपरिहाय बन गई, जिसकी चरम अभिव्यक्ति ईरान द्वारा दी गई खुली चुनौती मे हुई। इसके विपरीत सोवियत अनुभवो मे अगोला स लेकर अफगानिस्तान तक के नवीन अनुभव समाहित हुए। इस पूरी प्रक्रिया मे पश्चिमी प्रतिरोध स्वरूप प्रचार और सीमित सामूहिक कायवाही से अधिक नही बढ सका। वस्तुत, भूमिकाओ का यह बदलाव असदिग्ध रूप से गुणात्मक है।

6 साम्राज्यवादी व्यवस्था मे उपनिवेशी आधिपत्य पर मात्र अतिम विराम शेष है—दक्षिणी अफ्रिका मे रग भेदी व्यवस्था। स्वय इतिहास इस दायित्व का निर्वाह करेगा। सैनिक गठबधना की साम्राज्यवादी रणनीति पूण विघटन के कगार पर है। परोक्ष हस्तक्षेप के प्रतिरोध मे उभरते राष्ट्रीय एव जन आदोलन है। साम्राज्यवाद के अथतत्र मे व्यवस्थागत बदलाव और एक नई अतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था की माग साम्राज्यवाद पर अतिम और अपरिवतनीय कुठाराघात है। लेनिन का इतिहास बोध आज की वास्तविकता है— 'वस्तुत साम्राज्यवाद पूजीवाद के विकास की चरम सीमा है।' इसके बाद मात्र अवसान की एक लबी और दुरूह प्रक्रिया शेष है। सोवियत सघ का नेतत्व भले ही सदिग्ध हो, वैचारिक और व्यवस्थागत आधार पर विश्वस्तरीय ध्रुवीकरण एक ऐतिहासिक निश्चितता है। वतमान म, सोवियत सघ का नेतत्व ही इसका प्रतीक है, यद्यपि इस प्रक्रिया मे अन्य भावी स्वरूप भी निहित हो सकते हैं।

7 इन एतिहासिक सदर्भों मे "नव शीत युद्ध" दूरगामी परिप्रेक्ष्य के अभाव से उत्पन्न एक तात्कालिक भ्रम है। 1982 की ऐतिहासिकता 1945 के सदर्भों से गुणात्मक रूप से भिन्न है। इतिहास की पुनरावत्ति असभव है; यदि ऐसा प्रयास हो तो इसकी परिणिति, प्रथम बार दुखातिका म और दूसरी बार प्रहसन मे होती है। विश्व दोनो का ही अनुभवी है। अत भविष्य के गम मे नव शीत युद्ध' नही, अपितु वहद वैचारिक युद्ध समाहित है।

अध्याय-6

महाशक्ति समीकरण और चीन। विश्व राजनीति का त्रिकोण

एक ऐतिहासिक तथ्य को विभिन्न विश्लेषणात्मक अभिप्राय दिय जा सकत हैं। ऐसा निरतर होता भी रहा है। अतर्राष्ट्रीय राजनीति मे चीन की स्वतन्त्र भूमिका का विश्लेषण, इस प्रवत्ति का स्पष्टतम उदाहरण है। 1949 मे साम्यवादी चीन का अभ्युदय ही नही अपितु कालातर मे उभरा सोवियत चीन विवाद भी, मूलभूत ऐतिहासिक महत्व का परिचायक है। प्रथम घटना ने जहा एक ओर जनवादी विचारधारा को अप्रतिम विस्तार दिया वही दूसरी न वैचारिक विवाद के नय आयाम उत्पन्न किय। सभी विश्लपण इन ऐतिहासिक स्थितियो के महत्व के प्रति एक मत है, लेकिन इनके अभिप्रायो के प्रति उग्र रूप से विवाद ग्रस्त। कुछ अतिउत्साही बुद्धिजीवी, विचारधारा की निरथक की घोषणा करते हुए व्यग्यात्मक भी हो उठते है। साथ ही साथ, उदासीन दाशनिकता स प्रेरित कुछ अन्य हितो की सर्वोपरिता के 'शाश्वत सत्य' को अभिव्यक्त करत हैं। साम्राज्यवाद अथवा समाजवाद मे गुणात्मक विभेद, ऐसे विश्लेषण की दप्टि मे मात्र औपचारिकतायें हैं। अत विश्लेषण की दप्टि से अनावश्यक भी।

उपरोक्त मानसिकतायें, एक सही दप्टिकोण को असभव बनाती हैं। क्या विचारधारा का निर्माण सदर्भो की शून्यता म होता है ? क्या सदर्भो का आर्थिक सामाजिक व्यवस्थागत स्वरूप नही होता है ? क्या हित इन व्यवस्थागत अभिप्रायो से स्वतत्र रूप से विकसित होते है ? क्या राष्ट्रा के बीच परस्पर सबधो का अस्तित्व इन आतरिक व्यवस्था की आवश्यकताओ से स्वतत्र रह सकता है ? इन सभी प्रश्नो का उत्तर नकारात्मक है। न तो विचारधारा ही शून्यता म पनपती है, और न ही आर्थिक सामाजिक सदर्भो का स्वरूप व्यवस्थागत अभिप्राया से स्वतत्र। राष्ट्रो के बीच परस्पर सबधो का स्वरूप निस्सदेह आतरिक व्यवस्था के अभिप्राया स जुडकर ही बनता है, जिसमे तात्कालिक हित अथवा अहित की व्याख्या भी समाहित होती है। अत विश्लेषण के इन विभिन्न परस्पर पक्षो को एक दूसरे स

जोडकर ही सही विश्लेषण सभव है। ऐसा विश्लशणात्मक दृष्टिकोण विशेषत समाजवादी राष्ट्रो क परराष्ट्र सम्बन्धो को समझने के लिए और अधिक अपरिहाय है क्योकि, इन राष्ट्रो द्वारा प्रस्तुत वैचारिक समझ वस्तुत इन विभिन्न अभिप्रायो का समन्वित स्वरूप अभिव्यक्त करती है। विवाद इस बात का हो सकता है कि किसी विशेष स्थिति म चीन अथवा सोवियत सघ की वैचारिक समझ गलत रही हो। लेकिन जैसी भी वैचारिक समझ रही उसके ही अनुरूप परराष्ट्र सम्बन्धा का निर्धारण हुआ और व्यावहारिक क्रिया वति भी। इस तथ्य मे अपवाद प्राय असम्भव है। अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धा के साथ-साथ आन्तरिक विकास का स्वरूप भी वैचारिक समझ से जुडा होता है। आर्थिक सामाजिक विकास की प्रक्रिया, चूकि, केन्द्रीय रूप से सचालित एव निर्धारित होती है, अत वैचारिक मथन और उससे उपजे राजनीतिक निणय निर्णायक महत्व के होते हैं। अत वैचारिक समझ न सिफ आन्तरिक विकास की प्राथमिकताओ का परिचय देती है, अपितु साथ ही साथ परराष्ट्र सम्बन्धा के विश्लेषण मे आवश्यक कडी का भी प्रारूप दर्शाती है। इस दष्टि से समाजवादी राष्ट्रा की आन्तरिक एव परस्पर वैचारिक विवादो की स्थितिया, सवपक्षीय आधारो की एक सयुक्त अभिव्यक्ति को उभारती है। ऐसे ही सर्वपक्षीय विश्लेषण के दष्टिकोण, और उसके अन्तगत वैचारिक मथन की स्थितिया के विवेचन, के द्वारा ही अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति म चीन के अभ्युदय और सोवियत चीन विवाद, के अभिप्रायो को रेखाकित किया जा सकता है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद विश्व म एक गुणात्मक रूप से भिन्न ध्रुवीकरण का सूत्रपात हुआ। इसके विभिन्न अभिप्रायो की समीक्षा हम पिछले अध्याय मे कर चुके हैं। इस नये गुणात्मक ध्रुवीकरण का वैचारिक पक्ष 1949 म चीन की जनवादी क्रान्ति के बाद और अधिक प्रबल बन गया। विश्व मे व्यवस्थागत प्रतिद्वद्विता के स्तर पर, साम्राज्यवादी व्यवस्था ने आत्मरक्षा की दृष्टि स उग्र हस्तक्षेप की नीति अपनायी। वास्तविक क्षमता के स्तर पर, ससाधनो का सतुलन साम्राज्यवाद के पक्ष मे था। अमेरिका का आणविक वचस्व इसका प्रतीक था। लेकिन, तीव्र आन्तरिक विकास द्वारा सोवियत सघ ने शीघ्र ही सतुलन की स्थिति उत्पन्न कर दी। इसके समानान्तर, उपनिवेशवाद के अवसान की प्रक्रिया भी अपनी ऐतिहासिक गति से विकसित हुई। स्थितियो का सतुलन निरन्तर बदल रहा था। साम्राज्यवाद ऐतिहासिक अवसान की ओर उन्मुख था। ऐसी स्थिति में सोवियत चीन विवाद ने विश्व राजनीति मे एक नया पक्ष जोड दिया। महाशक्तिय सतुलन ने पारस्परिकता को जन्म दिया, तो साथ ही साथ एक उग्र वैचारिक विवाद का प्रारूप भी। दो प्रमुख समाजवादी राष्ट्रो का यह पारस्परिक विवाद निरन्तर विकसित हुआ। अमेरिका और चीन का उभरता समीकरण, इस प्रक्रिया का एक नया मोड बन गया। महाशक्तिय ध्रुवीकरण के बीच, अमेरिका—चीन समीकरण से एक

त्रिकोण की स्थापना हुई। विश्व युद्ध के बाद की अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति अपरिभाषित अभिप्रायों के विवाद मे उलझ गयी।

अन्तराष्ट्रीय राजनीति के इस नये पक्ष के विकास को हम तीन चरणो मे विभाजित कर सकते हैं। निम्न म स प्रत्येक चरण की गुणात्मक विशिष्टता रही

(1) 1949 से 1959 प्रथम चरण ध्रुवीकृत विश्व की वैचारिकता।

(2) 1959 स 1969 द्वितीय चरण वैचारिक विवाद और महाशक्तिय पारस्परिकता।

(3) 1969 स 1979 ततीय चरण त्रिकोणात्मक समीकरण की गतिशीलता।

प्रत्येक चरण क विवेचन म चीन के बदलते दष्टिकोण को रेखांकित करना एक प्राथमिक और आवश्यक काय है। अन्य दो महाशक्तियो के सम्बन्ध की प्रक्रिया की समीक्षा हम पहल ही कर चुके हैं। अत चीन के दष्टिकोण म बदलाव को पथक रूप से रेखांकित करना होगा। चीन की नीति के विवेचन को तीन स्तरो पर देखना होगा। प्रथम आन्तरिक वैचारिक मथन, द्वितीय, आन्तरिक विकास के स्वरूप का विवाद एव सन्दर्भों के बीच चीन की परराष्ट्र नीति इसी विश्व दृष्टिकोण का व्यावहारिक पक्ष है। इस प्राथमिक विवेचन क बाद, प्रत्यक चरण मे चीन सोवियत सम्बन्ध और चीन अमेरिका सम्बन्ध, के स्वरूप का पृथक् विवचन किया जायगा। अत प्रत्यक चरण म इन्ही पक्षो के आधार पर समीक्षा मे एक विकास की प्रवृति स्वत स्पष्ट होगी।

प्रथम चरण 1949 से 1959 ध्रुवीकृत विश्व की वैचारिकता

1949 का वष विश्व समाजवादी शक्तिशालिता [illegible]। चीन म समाजवादी विचारधारा वाल नेतत्व की विजय [illegible] महत्व की थी। इस घटना ने, न सिफ सबस बड़े [illegible] की [illegible], बल्कि समाजवादी विचारधारा को मात्र [illegible] स भी व्यावहारिक सिद्ध किया। नि [illegible]। [illegible] वग की विचारधारा के प्रति कृषक वग का [illegible] करना, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और माओ के निजी [illegible] थी। [illegible] शासन की स्थापना इस नयी प्रक्रिया का [illegible] नही अपितु, मात्र प्रारम्भ था। समाजवादी व्यवस्था के निर्माण का [illegible] और [illegible] काय, आगामी [illegible] हासिक दायित्व बन गया। [illegible] के नियम ना उपलब्ध [illegible] व्यावहारिक [illegible]। [illegible] व्यावहारिक [illegible] थे अन्यथा, [illegible] नही। [illegible] भिन्न वातावरण [illegible] समाजवादी सरचना की [illegible] का विकास किया।

[illegible] का विकास, और [illegible]

जोडकर ही सही विश्लेषण सभव है। ऐसा विश्लेशणात्मक दष्टिकोण विशेषत समाजवादी राष्ट्रो के पररष्ट्र सम्बन्धो को समझने के लिए और अधिक अपरिहाय है क्योकि, इन राष्ट्रो द्वारा प्रस्तुत वैचारिक समझ वस्तुत इन विभिन्न अभिप्रायो का समन्वित स्वरूप अभिव्यक्त करती है। विवाद इस बात का हो सकता है कि किसी विशेष स्थिति मे चीन अथवा सोवियत सघ की वैचारिक समझ गलत रही हो। लेकिन जैसी भी वैचारिक समझ रही उसके ही अनुरूप परराष्ट्र सम्बन्धो का निर्धारण हुआ और व्यावहारिक क्रिया वति भी। इस तथ्य मे अपवाद प्राय असम्भव है। अन्तराष्ट्रीय सम्बन्धो के साथ साथ, आन्तरिक विकास का स्वरूप भी वैचारिक समझ से जुडा होता है। आर्थिक सामाजिक विकास की प्रक्रिया, चूकि, केन्द्रीय रूप से सचालित एव निर्धारित होती है अत वैचारिक मथन और उससे उपजे राजनीतिक निणय निर्णायक महत्व के होते हैं। अत वैचारिक समझ न सिफ आन्तरिक विकास की प्राथमिकताओ का परिचय देती है, अपितु साथ ही साथ परराष्ट्र सम्बन्धो के विश्लेषण मे आवश्यक कडी का भी प्रारूप दर्शाती है। इस दष्टि से समाजवादी राष्ट्रो की आन्तरिक एव परस्पर वैचारिक विवादो की स्थितिया सवपक्षीय आधारो की एक सयुक्त अभिव्यक्ति को उभारती है। ऐसे ही सवपक्षीय विश्लेषण के दृष्टिकोण, और उसके अन्तगत वैचारिक मथन की स्थितिया के विवेचन, के द्वारा ही अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मे चीन के अभ्युदय और सोवियत चीन विवाद के अभिप्रायो को रेखाकित किया जा सकता है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद विश्व म एक गुणात्मक रूप से भिन्न ध्रुवीकरण का सूत्रपात हुआ। इसके विभिन्न अभिप्रायो की समीक्षा हम पिछले अध्याय मे कर चुके हैं। इस नये गुणात्मक ध्रुवीकरण का वैचारिक पक्ष 1949 मे चीन की जनवादी क्रान्ति के बाद और अधिक प्रबल बन गया। विश्व म व्यवस्थागत प्रतिद्वद्विता के स्तर पर, साम्राज्यवादी व्यवस्था ने आत्मरक्षा की दष्टि से उग्र हस्तक्षेप की नीति अपनायी। वास्तविक क्षमता के स्तर पर ससाधनो का सतुलन साम्राज्यवाद के पक्ष मे था। अमेरिका का आणविक वचस्व इसका प्रतीक था। लेकिन, तीव्र आन्तरिक विकास द्वारा सोवियत सघ ने शीघ्र ही सतुलन की स्थिति उत्पन्न कर दी। इसके समानान्तर, उपनिवेशवाद के अवसान की प्रक्रिया भी अपनी ऐतिहासिक गति से विकसित हुई। स्थितियो का सतुलन निरन्तर बदल रहा था। साम्राज्यवाद ऐतिहासिक अवसान की ओर उन्मुख था। ऐसी स्थिति मे सोवियत चीन विवाद ने विश्व राजनीति म एक नया पक्ष जोड दिया। महाशक्तिय सतुलन ने पारस्परिकता को जन्म दिया, तो साथ ही साथ एक उग्र वैचारिक विवाद का प्रारूप भी। दो प्रमुख समाजवादी राष्ट्रो का यह पारस्परिक विवाद निरन्तर विकसित हुआ। अमेरिका और चीन का उभरता समीकरण, इस प्रक्रिया का एक नया मोड बन गया। महाशक्तिय ध्रुवीकरण के बीच, अमेरिका—चीन समीकरण स एक

त्रिकोण की स्थापना हुई। विश्व युद्ध के बाद की अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति अपरिभाषित अभिप्रायों के विवाद मे उलझ गयी।

अन्तराष्ट्रीय राजनीति के इस नये पक्ष के विकास को हम तीन चरणों मे विभाजित कर सकते हैं। निम्न मे से प्रत्येक चरण की गुणात्मक विशिष्टता रही

(1) 1949 से 1959 प्रथम चरण ध्रुवीकृत विश्व की वैचारिकता।

(2) 1959 से 1969 द्वितीय चरण वैचारिक विवाद और महाशक्तिय पारस्परिकता।

(3) 1969 से 1979 तृतीय चरण त्रिकोणात्मक समीकरण की गतिशीलता।

प्रत्येक चरण के विवेचन मे चीन के बदलते दृष्टिकोण को रेखांकित करना एक प्राथमिक और आवश्यक कार्य है। अन्य दो महाशक्तियों के सम्बन्ध की प्रक्रिया की समीक्षा हम पहले ही कर चुके हैं। अतः चीन के दृष्टिकोण मे बदलाव को पृथक रूप से रेखांकित करना होगा। चीन की नीति के विवेचन को तीन स्तरों पर देखना होगा। प्रथम, आन्तरिक वैचारिक मथन, द्वितीय, आन्तरिक विकास के स्वरूप का विवाद एवं सन्दर्भों के बीच चीन की परराष्ट्र नीति इसी विश्व-दृष्टिकोण का व्यावहारिक पक्ष है। इस प्राथमिक विवेचन के बाद, प्रत्येक चरण मे चीन सोवियत सम्बन्ध और चीन अमेरिका सम्बन्ध, के स्वरूप का पृथक विवेचन किया जायेगा। अतः प्रत्येक चरण मे इन्ही पक्षों के आधार पर समीक्षा से एक विकास की प्रवृत्ति स्वतः स्पष्ट होगी।

प्रथम चरण 1949 से 1959 ध्रुवीकृत विश्व की वैचारिकता

1949 का वर्ष विश्व समाजवादी क्रान्तिकारिता हेतु अभूतपूर्व था। चीन मे समाजवादी विचारधारा वाले नेतृत्व की विजय दूरगामी ऐतिहासिक महत्व की थी। इस घटना ने, न सिर्फ सबसे बड़े जन समुदाय के भविष्य की दिशा बदली, बल्कि, समाजवादी विचारधारा को मात्र यूरोपीय परिवेश से परे एशिया मे भी व्यावहारिक सिद्ध किया। निःसदेह यह अतुलनीय था। सर्वहारा वर्ग की विचारधारा के प्रति कृषक वर्ग की निर्णायक प्रतिबद्धता स्थापित करना चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और माओ के निजी योगदान की परिचायक थी। जनवादी शासन की स्थापना इस नयी प्रक्रिया का चरम बिन्दु नही अपितु मात्र प्रारम्भ था। समाजवादी व्यवस्था के निर्माण का एक लम्बा और दुरूह कार्य, आगामी ऐतिहासिक दायित्व बन गया। समाजवादी विकास के नियम तो उपलब्ध थे, लेकिन व्यावहारिक परिवेश नया था। मात्र सोवियत संघ के व्यावहारिक अनुभव सम्मुख थे, अन्यथा, कुछ भी अनुकरणीय नही। ऐसे ही मिश्रित वातावरण मे चीन ने समाजवादी सरचना की नीति का विकास किया।

उत्पादन की उपलब्ध शक्तियों का विकास, और उत्पादन के सम्बन्धों मे

समानान्तर आधार पर परिवतन, इस नये दायित्व में दोहरे पक्ष थ। कृषि प्रधान अथव्यवस्था म, दोनो का ही वतमान स्वरूप अत्यधिक अविकसित और भावी विकास के लिये अवरोधक था। समाजवादी व्यवस्था के विकास म, पहले उत्पादन शक्तियो मे विकास स की जाये अथवा अर्धविकसित उत्पादन शक्तियो मे रहते हुए उत्पादन के सम्बन्धो म क्रान्तिकारी परिवतन की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाये, यह वैचारिक विवाद का प्रमुख आधार था। अब तक की सैद्धान्तिक व्याख्या और सोवियत अनुभव के अनुसार उत्पादन की शक्तियो का विकास प्राथमिक है, और एसे विकास की तुलना म ही उत्पादन के सम्बन्धों और निजी स्वामित्व की व्यवस्था मे परिवतन हो। प्रारम्भ मे सोवियत निर्देशन के आधार पर निणय लिये गय। लेकिन उत्तरोतर रूस स चीन के व्यावहारिक पक्षा पर माओ का निजी वैचारिक दष्टिकोण भी विकसित हुआ जिसने कम्युनिस्ट पार्टी की नीतियो को भी प्रभावित किया।

1955 म माओ ने घोषणा की कि कृषि के क्षेत्र म सामूहिकीकरण की प्रक्रिया को तेज किया जायेगा। साथ ही साथ भारी उद्योग सम्बन्धित प्रशासन को पार्टी के सीधे निरीक्षण क अन्तगत लाया जायेगा। 1956 म, विकास के विभिन्न व्यावहारिक पक्षो को माओ ने अपने सैद्धान्तिक लेख "दस प्रमुख सम्बन्ध म स्पष्ट किया। इसमे आर्थिक विकास मे, भारी और छोटे उद्योग तथा कृषि मे परस्पर आवश्यक सतुलन पर बल दिया गया तथा उनके क्षेत्रीय बटवारे को भी रेखांकित किया गया। इस लख म व्यक्त अनक विचार समाजवादी विकास की सोवियत व्याख्या से भिन्न थे। इन्ही विचारो को 1958-59 के दौरान (ग्रेट लीप फारवड) 'लबी छलाग कायक्रम' द्वारा क्रियान्वित किया गया है। माओ द्वारा दिया गया मुहावरा, "दो टागो पर चलना' (walking on two leges), प्रचलित किया गया। दो टागो का अभिप्राय था —उद्योग और कृषि, भारी और छोटे उद्योग, आधुनिक और पुरातन, एव क्षेत्रीय और राष्ट्रीय विकास। इनमे सतुलन का नारा दिया गया। क्रियान्वयन के स्तर पर कषि 'कम्यून' व्यवस्था द्वारा सामूहिकीकरण की प्रक्रिया लागू की गई, और उद्योगो के सचालन में महत्वपूण परिवतन हुए। इन कायक्रमको उग्ररूप स लागू करने हेतु, "जनसना' (Peoples militia) का गठन किया गया, जिसका प्रमुख दायित्व इन कायक्रमो के प्रतिरोध पर नजर रखना था।

इन विभिन्न अति ... । एक ओर पार्टी
मे आन्तरिक विवाद ... व्यवस्था म एक
विचित्र अनिश्चितता ...
बीच विवाद का
ही विजयी

बन्द कर दिया गया। थोडे समय के लिये, माओ ने सक्रिय राजनीति मे भाग न लेने की घोषणा की, क्योकि उनके अनुसार उन्हें कुछ सैद्धान्तिक अध्ययन पर समय व्यतीत करना था। सरकार ने 'चैयरमैन' पद से मुक्त हुए, लेकिन 'पार्टी चैयरमैन' वे ही रहे। कुछ समय बाद माओ की सक्रिय वापसी के साथ आन्तरिक मथन का एक नया चरण उभरा —"सास्कृतिक क्रान्ति" के सिद्धान्त के रूप मे।

चीन का विश्व दृष्टिकोण

विकास के इस प्रथम चरण मे चीन के विश्व दृष्टिकोण के निमाण मे दो प्रमुख आधार थे। प्रथम, साम्राज्यवादी व्यवस्था स मूलभूत विरोध था, जिसके तात्कालिक अभिप्राय ताइवान के विवाद मे भी अभिव्यक्त थे। द्वितीय विभिन्न पारस्परिक वैचारिक मतभेदो के बावजूद समाजवादी राष्ट्रो से सहयोग के मूलभूत आधार थे, जो विशेषत सावियत सघ के आर्थिक सहयोग म तात्कालिक रूप से उपलब्ध थ। इन दो मूलभूत मान्यताओ के आधार पर चीन के विश्व दृष्टिकोण मे विभिन्न अ तर्राष्ट्रीय शक्तिया को आका गया। अपने ऐतिहासिक अनुभव के के आधार पर, माओ की यह मान्यता थी कि कोई भी आन्तरिक अथवा अन्तर-राष्ट्रीय शक्ति जिसे वृहद जनसमथन प्राप्त नही है, मूलत एक निबल शक्ति है भले ही बाहरी रूप मे वह अत्यधिक शक्तिशाली प्रतीत हो। एक दूसरी मान्यता जिसका सुरक्षा से सम्बन्ध था यह थी कि, जन समर्थित शासन पर बाहरी हस्तक्षेप अथवा आक्रमण कभी सफल नही हो सकता। क्याकि, विपरीत से विपरीत स्थिति मे भी एक 'सुरक्षात्मक गृह-युद्ध की नीति' अपनायी जा सकती है अत आन्तरिक सुरक्षा और शक्ति का आधार जन समथन है न कि सैनिक बचस्व। इन दो मान्यताओ ने चीन के सामसामयिक शक्तिया के मूल्याकन को निरन्तर प्रभावित किया।

1949 मे ही माओ ने चीन मे विजय के अवसर पर अपने लेख "जनता के लोकतन्त्र और अधिनायकत्व पर (on People s Democracy and Dicta torship) मे चीन के विश्व दृष्टिकोण का प्रथम प्रारूप प्रस्तुत किया–"साम्राज्य-वादी आक्रमण ने चीन की जनता के पश्चिम से सीखने के सभी लुभावने सपनो को ध्वस्त कर दिया है। अब तक के अनुभवो से चीन की जनता को यह मूलभूत सबक मिला है कि हमे बाहरी स्तर पर सोवियत सघ और अन्य जनवादी लोकतन्त्रो के साथ जुडना चाहिए, और एक अतर्राष्ट्रीय मोर्चे का निर्माण करना चाहिए। लोग कहते है कि आप एक पक्ष की ओर झुक रहे हैं। हा, बिल्कुल यही। सन यात सेन के चालीस वर्षो के अनुभव और कम्युनिस्ट पार्टी के पिछले अट्ठाईस साला के अनुभव ने हमे सिखाया है—एक पक्ष की ओर झुकना, और हम इस बात के प्रति पूर्ण रूप स आश्वस्त हैं कि विजय पाने और उसे मजबूत बनाने के लिए किसी एक

पक्ष की ओर झुकना जरूरी है—साम्राज्यवाद के पक्ष की ओर अथवा समाजवाद के पक्ष की ओर। तीसरा रास्ता नहीं है। क्या ब्रिटेन और अमेरिका के वर्तमान शासक, जो कि साम्राज्यवादी हैं, एक 'जनवादी राज्य' की सहायता करेंगे ? यदि हां तो वे ऐसा क्या करेंगे ? क्योंकि, उनके पूंजीवादी मुनाफा कमाना चाहते हैं, और उनके बैंकर ब्याज बटोरना चाहते हैं, ताकि वे अपने आपको अपने स्वयं को आर्थिक संकट से उबार सकें। यह कोई चीन की जनता को मदद देने की बात नहीं है। पाठकों को चाहिए कि वे सन यात सेन को पढ़ें। उनका यह सच्चा परामर्श था कि, साम्राज्यवादी राष्ट्रों से मदद की आशा मत करो, अपितु उन राष्ट्रों के साथ एकता स्थापित करो जो हमें बराबरी का दर्जा देते हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हम सोवियत नेतृत्व वाले साम्राज्यवाद विरोधी मोर्चे में हैं। अतः हम इसी पक्ष से सच्ची और मैत्रीपूर्ण सहायता की आशा करते हैं।"

माओ के उपर्युक्त विश्लेषण से कुछ महत्वपूर्ण पक्ष उभरते हैं। प्रथम, यह कि विश्व का प्रमुख अन्तर्विरोध साम्राज्यवाद और समाजवाद की व्यवस्थाओं के बीच है। इसी आधार पर विश्व में एक व्यवस्थागत ध्रुवीकरण है। द्वितीय, साम्राज्यवाद का एक मोर्चे के रूप में सक्रिय विरोध, समाजवादी राष्ट्रों में एकजुटता का आधार है। तृतीय प्रत्येक समाजवादी राष्ट्र के लिए यह एकजुटता आर्थिक विकास की दृष्टि से उपयोगी है। अंतिम यह कि, यद्यपि यह मोर्चा सोवियत नेतृत्व में आयोजित है इसमें प्रत्येक समाजवादी राष्ट्र का बराबरी का दर्जा है। अतः नेतृत्व कारी भूमिका के कारण सोवियत संघ का यह समाजवादी दायित्व है कि वह प्रत्येक राष्ट्र के हितों को बराबरी का महत्व दे, और समाजवादी संरचना के उनके विभिन्न परिवेशों को समझें।

साम्राज्यवादी व्यवस्था के सक्रिय विरोध के संदर्भ में एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष माओ के चिंतन का था। स्वयं चीन पर साम्राज्यवादी आक्रमण का अनुभव इसकी ऐतिहासिक प्रेरणा थी। माओ की मान्यता थी कि, साम्राज्यवादी विस्तारवाद का सीधा डर सोवियत संघ को नहीं था, क्योंकि वह एक विश्व शक्ति थी। विशेषतः आणविक संतुलन के अस्तित्व के बाद, यह और अधिक सही था। साम्राज्यवाद के आतंक का सीधा प्रभाव या तो कमजोर समाजवादी राष्ट्रों पर था, अथवा एशिया अफ्रिका के नवोदित राष्ट्रों पर, जिन्हें साम्राज्यवाद अपने नव विस्तारवाद के जाल में बांधना चाहता था। अतः साम्राज्यवादी आतंक और आधिपत्य के विरुद्ध संघर्ष की रणभूमि में यही प्रताडित राष्ट्र थे। इस दृष्टि से समाजवादी राष्ट्रों को विकसित और सुरक्षित किया जाये, तथा साथ ही साथ साम्राज्यवाद से सीधी टक्कर भी ली जाये। ऐसी स्थितियों में, एक उग्र सहयोग और हस्तक्षेप की नीति मात्र एक स्वाभाविक अभिप्राय था। माओ ऐसी उग्र नीति की सफलता को भी निश्चित मानते थे। इस विश्वास का आधार था कि, साम्राज्यवाद के बाहरी

उग्र स्वरूप के बावजूद, अपने आतरिक अतर्विरोधो के कारण यह वास्तविक स्तर पर एक कमजोर शक्ति है। विरोध का विश्वव्यापी जन आधार, साम्राज्यवाद की शक्ति से कही अधिक शक्तिशाली है। अत साम्राज्यवाद के विरोध मे आयोजित समाजवादी राष्ट्रो के मोर्चे का, इन सदर्भो मे एक ऐतिहासिक दायित्व है।

चीन सोवियत सबध मैत्री के विशिष्ट सदर्भ (1949 59)

आतरिक विकास की वैचारिक मान्यताओ और अपने विश्व दृष्टिकोण की दृष्टि स चीन के लिए सोवियत सघ के साथ निकट के सबध स्थापित करना एक स्वाभाविक पहल थी। सोवियत सघ के लिए भी समाजवादी गुट मे चीन को सम्मिलित करना एक महत्वपूण उपलब्धि थी। लेकिन, प्रारभ से ही सोवियत सघ न यह स्वीकार किया कि अन्य समाजवादी राष्ट्रो की तुलना म चीन का एक अलग और विशेष स्थान है। यद्यपि यह मान्यता किसी औपचारिक रूप मे व्यक्त नही हुई, फिर भी सोवियत चीन सबधो का विकास इसी आधार पर हुआ। चाहे वह आर्थिक विकास सबधी सहायता का प्रश्न रहा हा अथवा सनिक सहायता का, चीन की विशिष्टता परस्पर सबधो के विकास मे परिलक्षित हुई। लकिन साथ ही साथ सोवियत सघ के इस यथाथवादी दृष्टिकोण की सीमायें भी थी। समाजवादी विकास के स्थापित नियमो और विश्व स्तर पर समाजवादी राष्ट्रो की आत्मारक्षा स सबधित सामरिक प्रश्नो पर किसी भी प्रकार का समझौता सोवियत सघ की दृष्टि मे आत्मघाती था। अत असभव भी। इन्ही दोहरी प्रवृत्तियो के बीच, सोवियत चीन सबधो के विशिष्ट सदर्भ विकसित हुए।

चीन की आतरिक क्रान्ति की लडाई के दौरान सोवियत सघ ने आशानुकूल सहायता दी। हथियारो और आर्थिक मदद के साथ साथ वैचारिक एव सामरिक मागदशन भी दिया गया। 1949 मे चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व म आने के बाद सबधो को एक नयी प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। फरवरी, 1950 मे माओ की सोवियत यात्रा के दौरान, चीन सोवियत मैत्री सधि सम्पन्न हुई। इसमे अन्य बातो क अलावा चीन को आवश्यकता पडने पर सैनिक सहायता का भी प्रावधान था। इस सधि को औपचारिक स्वरूप देने से पूर्व चीन और सोवियत सघ मे वार्ताओका एक लबा दौर रहा। अत मे, स्टालिन और माओ के बीच वार्ता मे अनेक शकाओ का निवारण हुआ और सधि पत्र पर औपचारिक हस्ताक्षर हुए। इस सधि के बाद, चीन के आर्थिक विकास से सबधित अनेक समझौते हुए। सोवियत सघ ने चीन को 30 करोड डालर का ऋण देने का आश्वासन दिया जिसका भुगतान चार किश्तो मे किया जायगा। 1954 के बाद इस ऋण की वापिसी चीन द्वारा दस किश्तो म की जायेगी और सोवियत सघ इस पर मात्र एक प्रतिशत ब्याज लेगा। आर्थिक विकास और ससाधनो के दोहन के लिए आर्थिक सहायता

साथ तकनीक और प्रबध-व्यवस्था आदि भी चीन की तत्कालिक आवश्यकता थी। अत एव दूरगामी सहयोग की दृष्टि से चीन और सोवियत सघ की अनेक सम्मिलित पूजी कपनिया (Joint Stock Companies) के निर्माण की भी व्यवस्था उभरी। 1953 म इस उद्देश्य स चीन और सोवियत सघ के तीन सयुक्त निगमो की स्थापना हुई तल त त्वो की खोज और उत्पादन के लिए, खनिजो की खोज और उत्पादन के लिए, तथा नागरिक विमान सेवाओ के लिए। अक्टूबर, 1949 म ही यह निणय हो चुका था कि, सोवियत सघ चीन को एक अरब रुबल मूल्य के यन्त्र एव उपकरण आदि देगा। 1953 मे, चीन म औद्योगिक विकास की योजना को लागू करने की दृष्टि स, सोवियत सघ न यह दायित्व लिया कि 91 नय सस्थानो की स्थापना तथा 50 पुराने सस्थानो को नयी तकनीक के आधार पर विकसित करने हतु, तकनीकी सहयोग और आर्थिक ऋण भी दिया जायेगा। इस पूरी प्रक्रिया के द्वारा सोवियत सघ और चीन म आर्थिक सहयोग की तीव्र प्रक्रिया प्रारभ हुई। 1950 के बाद चीन का लगभग 80 प्रतिशत व्यापार सोवियत सघ के साथ था। इसम निरतर वृद्धि हुई।

लेकिन शीघ्र ही समाजवादी विकास की रणनीति और अतर्राष्ट्रीय दायित्वो के निर्वाह के प्रश्न पर, चीन सोवियत सघ मे मतभेदो का शैशव रूप उभरने लगा। विकास की आतरिक समस्याओ के सदभ मे चीन ने जहा अति उत्साही दृष्टिकोण अपनाया, उसके अनुपात म सोवियत वैचारिक समीक्षा का स्तर भी स्पष्ट हुआ। स्टालिन की मृत्यु के बाद सितबर, 1954 म ख्रुश्चेव की चीन यात्रा हुई। जिसम परस्पर सबधो के साथ साथ दोनो राष्ट्रो की आतरिक स्थितियो पर भी विचार हुआ। माओ के दृष्टिकोण मे स्पष्ट भिन्नता थी, लेकिन इन वार्ताओ म कोई तीव्र सोवियत प्रतिक्रिया देखने को नही मिली, क्योंकि स्वय ख्रुश्चेव अपने नेतृत्व के सघष म माओ की शुभकामना चाहते थे। आर्थिक प्रश्नो के साथ साथ आणविक तकनीकी के सहयोग पर भी चीन सोवियत सबधो के सशय की मानसिकता बनी। सोवियत मान्यता थी कि यदि चीन स्वय को समाजवादी गुट का राष्ट्र मानता है, तो उसे स्वतत्र आणविक क्षमता की क्या आवश्यकता है। इसके ठीक विपरीत, चीन का दृष्टिकोण था कि, प्रत्येक समाजवादी राष्ट्र की आत्मनिर्भरता ही अन्तत सामूहिक एकजुट शक्ति को जन्म दे सकती है। अत चीन को आणविक तकनीक देना सोवियत सघ का दायित्व है, भले ही इसके प्रयोग के लिए विशेष 'गारन्टी' की व्यवस्था हो सकती है। इन उभरते हुए परस्पर सशय के बीच, चीन ने कोरिया सकट और वियतनाम मे सोवियत नीति की समीक्षा की। चीन का मत था कि 1950 मे कोरिया युद्ध के दौरान सोवियत सघ एव अन्य समाजवादी राष्ट्रो को अधिक प्रभावी हस्तक्षेप करना चाहिए था। जहा तक ताइवान का विवाद था उसमे भी सोवियत सघ की धैर्यपूर्ण नीति, चीन ने गलत बतायी इस उभरती

समीक्षा के समानातर चीन ने अपनी, दृष्टि को एशिया अफ्रिका के राष्ट्रो पर भी केन्द्रित किया। 1955 का बाडुग सम्मेलन इस दृष्टि से महत्वपूण था। 1956 मे, चाउ एन लाई ने आठ एशियाई राष्ट्रो का भ्रमण किया। इससे पूव 1954 मे भारत के साथ पचशील सिद्धातो के आधार पर एक समझौता भी किया गया, जिसमे भारत ने तिब्बत को चीन का भाग माना।

सोवियत चीन सबधो मे उभरते वैचारिक विवाद की दृष्टि से 1956 मे सोवियत पार्टी का 20 वा अधिवेशन दूरगामी प्रभाव का था। ख्रुश्चेव और उसकी नीतियो की औपचारिक स्थापना हुई। इस अधिवेशन मे सोवियत विदेश-नीति से सबधित महत्वपूण निणय हुए, सक्षेप मे जि हें "शातिपूण सहअस्तित्व" के सिद्धान्त मे जाना गया (विस्तार से वणन के लिए पिछला अध्याय देखिये)। इन निणयो की चीन म तीव्र प्रतिक्रिया हुई। अब तक चीन की एक नई मानसिकता बन गई थी कि सोवियत सघ समाजवादी दायित्वो को सक्रिय रूप से नही निभा रहा है। कोरिया ताइवान आदि इसके अनुभव थे। 20 वें अधिवेशन मे व्यक्त विचारो ने चीन की इस मानसिकता को और अधिक स्पष्ट बनाया। सोवियत पार्टी न स्टालिन की भूमिका की समीक्षा की, और अनेक स्थितियो मे उसकी नीतियो की तीव्र भत्सना की गई। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी इस समीक्षा से कतई सहमत नही थी। उसके प्रतिनिधि ने इस अधिवेशन म अपना स्पष्ट विमत व्यक्त किया। सोवियत सघ द्वारा दिये गये स्टालिन की भूमिका के मूल्याकन स अलग चीन की पार्टी ने अपना पृथक मूल्याकन प्रस्तुत किया। इस पूरे वैचारिक विवाद स सोवियत चीन सबधो मे तीव्र मतभेद उभरे।

इन मतभेदो मे चीन का एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। 1956 मे हगरी मे सोवियत कदम को चीन ने सवथा उचित कहा। चीन की मा यता थी कि, हगरी मे सोवियत सघ ने प्रतिगामी शक्तियो को पराजित करने के लिये प्रभावी कदम उठाया है। चीन की अपेक्षा थी कि अन्यत्र भी सोवियत नीति ऐसी ही सक्रियता का प्रमाण दे। नवम्बर, 1957 मे माओ ने अपने विचार मास्को मे आयोजित वामपथी पार्टियो के अधिवेशन मे रखे। इन मे दो प्रमुख बातें थी। प्रथम, माओ का मूल्याकन था कि साम्राज्यवादी शक्तियो की तुलना में जनवादी शक्तिया कही अधिक सशक्त हैं। इस धारणा को माओ ने अपने मुहावरे "पूव की हवा पश्चिम पर हावी है' मे व्यक्त किया, तथा सोवियत आणविक क्षमता के उदाहरण से इसे पुष्ट किया। द्वितीय, ऐसी स्थिति मे माओ ने समाजवादी शक्तियो की सक्रिय एकजूटता पर बल दिया। उन्होने यह दृढ रूप से व्यक्त किया कि 'समाजवादी गुट का एक नेता' अवश्य होना चाहिये, और सोवियत सघ को यह दायित्व स्वीकार करना चाहिये। साम्राज्यवाद से समन्वय नही अपितु, सघष का दृष्टिकोण हो। सोवियत दृष्टि मे ऐसा मूल्याकन सवथा अयथाथवादी था। यह सही है कि जनवादी

शक्तियां अधिक दृढ़ हुई हैं, लेकिन साथ ही साथ वे उतनी मजबूत भी नहीं कि साम्राज्यवादी शक्तियों से सीधे टक्कर ले सकें। अतः सोवियत दृष्टिकोण के अनुसार, विश्व में तनाव कम करना एक दोहरी आवश्यकता है। प्रथम, स्वयं समाजवादी राष्ट्रों को एक सुरक्षित एवं वैमनस्य रहित वातावरण प्रदान करने के लिये। दूसरे, साम्राज्यवाद की व्यवस्थागत कमजोरियों को उभारने और तृतीय राष्ट्रों में समाजवादी प्रभाव को बढ़ाने के लिए। चीन की दृष्टि जहां एक ओर अत्यधिक उग्र थी, वहीं सोवियत संघ एक लम्बे और क्रमिक संघर्ष की पक्षधर थी।

1958 का वर्ष सोवियत-चीन सम्बन्धों के लिए अत्यधिक घातक रहा। इससे पहले 1957 में हुए वामपंथी पार्टियों के सम्मेलन में ही मतभेदों का एक स्वरूप उभर चुका था। लेकिन सोवियत संघ ने, इस सम्मेलन के लिये माओ की मॉस्को यात्रा के दौरान ही, चीन के साथ सम्बन्धों को सुधारने की पहल भी की। सोवियत संघ इस बात के लिये राजी हुआ कि वह चीन को आणविक हथियारों की तकनीक भी उपलब्ध करायेगा। इस अभिप्राय के एक समझौते पर हस्ताक्षर हुये। 1958 में चीन ने आन्तरिक आर्थिक विकास हेतु 'लंबी छलांग कार्यक्रम" (Great Leap Forward) कार्यक्रम की घोषणा की। इसकी तात्कालिक सोवियत प्रतिक्रिया उग्र हुई। सोवियत पार्टी ने इस वैचारिक और विकास दोनों ही आधारों पर आत्मघात कहा। सोवियत संघ ने चीन को सभी आर्थिक सहायता तात्कालिक प्रभाव से बन्द करने की घोषणा की। इस पूरी घटना ने सोवियत चीन संबंधों के भावी विकास पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया। चीन ने सोवियत संघ की भूमिका की और अधिक उग्र तथा खुली आलोचना प्रारंभ की। माओ ने साम्राज्यवाद का मूल्यांकन करते हुये उसे 'कागजी शेर" (Paper Tiger) की संज्ञा दी और, इस दृष्टि से, सोवियत संघ के साम्राज्यवाद से समन्वय के प्रयासों को एक हास्यास्पद स्थिति कहा।

सोवियत चीन मतभेद अब तक अधिकांशतः स्पष्ट हो चुके थे। 1959 के प्रारंभ में ख्रुश्चेव ने बीजिंग की यात्रा की जिसका प्रमुख उद्देश्य चीन के नेतृत्व को यथार्थवादी स्थितियों को समझाने का प्रयास था। 1958 में ताइवान के समीप एक बार संकट फिर मंडराया। ईराक में एक आन्तरिक क्रान्ति के द्वारा साम्राज्यवाद समर्थित सत्ता को अपदस्थ कर दिया गया था। इन स्थितियों में अमेरिका ने लेबनान में और ब्रिटेन ने जार्डन में अपनी सैनिक उपस्थिति के द्वारा सीधे हस्तक्षेप के प्रयास किये। चीन को यह आशंका थी कि इस सैनिक उपस्थिति का ताइवान विवाद पर भी प्रभाव हो सकता है। अतः उसकी सोवियत संघ में यह अपेक्षा थी कि वह भी सक्रिय हस्तक्षेप करे। सोवियत नीति का दृष्टिकोण इसके विपरीत था। चीन के लिये यह एक असहनीय स्थिति थी। ख्रुश्चेव ने अपनी यात्रा के दौरान सोवियत नीति को उचित और व्यावहारिक ठहराया और चीन से यह

आशा की कि वह स्थितियों का सही लेखा जोखा करे, तथा किसी उग्रवादी कार्यवाही मे सलग्न न हो। ख्रुश्चेव का प्रयास पूर्णत असफल रहा। अगस्त 1959 मे चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के 8वें 'प्लेनरी अधिवेशन मे सोवियत आलोचना को औपचारिक और स्पष्ट रूप से व्यक्त किया गया। सम्मेलन मे यह घोषणा की गई कि, सोवियत पार्टी का नेतृत्व अब सशोधनवादी प्रवृत्तियो की ओर उन्मुख हो रहा है। इसकी स्पष्ट अभिव्यक्ति उसकी आन्तरिक और अन्तर्राष्ट्रीय नीतियो मे हुए तात्कालिक प्रयत्नों मे मिलती है। अमेरिका के साथ सम्बन्धो म सामान्यीकरण के निर्णय को सोवियत सघ ने यथावत रखा। 1959 म ख्रुश्चेव की प्रथम एतिहासिक अमेरिका यात्रा हुई। चीन द्वारा इसकी तीव्र प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी। अपनी अमेरिका यात्रा के बाद अक्टूबर, 1959 मे ख्रुश्चेव ने एक बार फिर चीन की यात्रा की। इस बार ख्रुश्चेव न खुली सभा मे चीन की अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति की समझ को गलत बताया। इस बीच सोवियत सघ ने भारत के साथ अपने बढते हुये सबधो की दृष्टि से, तिब्बत के विवाद म अपनी तटस्थता दर्शायी। चीन के लिये असुविधा का यह एक और कारण बन गया। दिसम्बर, 1959 मे स्टालिन के जन्म दिवस के अवसर पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने स्टालिन का वर्णन करते हुये उस "साम्राज्यवाद का पक्का शत्रु जिसने कभी समझौता नही किया' बताया। ऐसे खुले मूल्याकन का स्पष्ट अभिप्राय था। यह कि स्टालिन का नेतृत्व असमझौतावादी था और वर्तमान नेतृत्व जो स्टालिन की आलोचना करता है समझौतावादी है।

उपरोक्त विवेचन से सोवियत चीन सम्बन्धो मे एक दशक का विकास स्पष्ट होता है। सम्बन्धो की स्थापना सहकारिता और एकजुटता के वातावरण मे हुई। दशक की समाप्ति के आते आते इसमे उग्र विवाद के क्षीण स्वर उभरने लगे। स्थापना से ही रूस और चीन के बीच सम्बन्धो म एक विशिष्टता थी। दोनो समाजवादी राष्ट्र एक दूसरे के परस्पर महत्व को समझते थे। अत सम्बन्धो मे अन्य समाजवादी राष्ट्रो की तुलना मे दोनो राष्ट्रो के लिये एक परस्पर महत्व था। समाजवादी सिद्धान्तो के व्यावहारिक परिवेश की भिन्नता ने अनेक स्तर पर वैचारिक मतभेद उभारे। चाहे वह चीन मे आन्तरिक विकास की रणनीति का प्रश्न हो अथवा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर समाजवादी राष्ट्रो की एकता और सक्रियता का प्रश्न माओ के नेतृत्व म चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का एक 'स्वतन्त्र' दृष्टिकोण विकसित हुआ। सोवियत नेतृत्व द्वारा भी इन भिन्नताओ को समझने और कुछ हद तक इनसे समझौता भी करने के प्रयास हुए। लेकिन इन प्रयासो की सीमायें थी जो उत्तरोत्तर स्पष्ट हुई। दशक के अन्त तक सोवियत चीन सम्बन्धो मे विवाद अनौपचारिक रूप से स्थाई बन चुका था। वामपथी राष्ट्रो के बीच और खुले अन्तर्राष्ट्रीय मच पर, इसकी अभिव्यक्ति होनी शेष थी। विकास का यह

अगले दशक मे स्पष्ट हुआ।

चीन-अमेरिका सबध विवाद और कटुता (1949-1959)

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद सोवियत सघ के नेतृत्व म समाजवादी गुट की स्थापना साम्राज्यवादी व्यवस्था के लिय एक नई चुनौती थी। 1949 मे चीन मे समाजवादी नेतृत्व की स्थापना न साम्राज्वाद के सामने एक और पराजय उपस्थित की। स्वाभाविक था कि, ऐसी स्थिति मे चीन और अन्य पश्चिमी राष्ट्रो के सबध आवश्यक रूप से कटु होते। तात्कालिक स्थितियो ने इस आवश्यक कटुता की स्थिति म कुछ और आयाम जोड दिये। गहयुद्ध मे चाग काई शेक की पराजय तो हुई लेकिन ताइवान पर उसका शासन यथावत बना रहा। तात्कालिक रूप से, भौगोलिक पचीदगिया को देखते हुये, वामपथी सेनाओ की विजय सम्भव नही बन सकी। अत एक लम्बे समय तक इस विवाद का चीन के लिये महत्व स्वाभाविक था। गहयुद्ध की स्थिति मे भी अमेरिका ने चाग काई शेक को समथन दिया था। ताइवान के बनने के बाद यह समथन और अधिक स्पष्ट तथा उग्र बन गया। शीतयुद्ध की मानसिकता म, साम्यवाद का हर स्थिति मे विरोध पश्चिमी राष्ट्रो की स्पष्ट नीति थी। जहा तक चीन का प्रश्न था, विचारधारा के स्तर पर, गृहयुद्ध के अनुभवो के कारण अथवा भावी सहयोग की सम्भावनाओ की दृष्टि से, किसी भी स्थिति म अमेरिका के साथ सामान्य सम्बन्धो का प्रश्न ही नही था। इन दूरगामी कारणो म तात्कालिक विवादो के जुडने के साथ ऐसी कोई सम्भावना पूणतया असभव बन गई। अत चीन म समाजवादी नेतृत्व के तुरन्त बाद, चीन अमेरिका सम्बन्धो म आवश्यक कटुता की स्थापना हुई जोकि उत्तरोत्तर विकसित भी हुई।

ताइवान के प्रश्न के साथ कोरिया विवाद का प्रश्न जुडने से, चीन अमेरिका सम्बन्धो मे कटुता ने एक उग्र स्वरूप लिया। जून, 1950 मे दक्षिणी कोरिया ने यह आरोप लगाया कि उस पर उत्तरी कोरिया द्वारा आक्रमण किया गया है। 27 जून, को अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रूमेन ने सातवें जहाजी बेडे को भेजने के आदेश दिये। आदेश मे यह कहा गया कि "कोरिया पर आक्रमण द्वारा यह असदिग्ध रूप स सिद्ध होता है कि साम्यवाद तोड-फोड की नीति की सीमायें पार कर चुका है। ऐसी स्थिति मे ताइवान पर भी आक्रमण और कब्जे की सम्भावनायें प्रबल बन गई हैं। अत सातवें बेडे को वहा भेजना एक आवश्यक कदम है।" चीन द्वारा अमेरिका की इस घोषणा की तीव्र भत्सना की गई। चाऊ-एन लाई ने ट्रूमेन-वक्तव्य को चीन पर आक्रमण की सज्ञा दी और इसे एक पहले से विचारे हुये साम्राज्यवादी कायक्रम की अभिव्यक्ति कहा गया। चीन ने यह दोहराया कि ताइवान उसका अविभाज्य अग है और वहा किसी भी हस्तक्षेप का कडा जवाब

दिया जायेगा। जब तक ताइवान को मुक्त नही करा लिया जाता, सघष जारी रहेगा। नवबर, 1950 मे चीन के प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद के सम्मुख भी इसी आशय का प्रतिवेदन रखा। कोरिया विवाद पर हुई बहस मे चीन के प्रतिनिधि ने कहा कि, वह औपचारिक रूप से कोरिया विवाद पर नही बोल रहा है, क्योकि जिस प्रकार से इसका उल्लेख काय विधि मे किया गया है वह पूवग्रहो के आधार पर चीन और उत्तरी कोरिया को आक्रमक राष्ट्र बताता है। अपने लम्बे वक्तव्य के अन्त म, चीन के प्रतिनिधि ने तीन मागें रखी। यह कि चीन की भूमि अर्थात ताइवान मे तथा उत्तरी कोरिया मे अमेरिकी हस्तक्षेप की भत्सना की जाये और उसके खिलाफ कडी कायवाही भी हो ताइवान से अमेरिकी सेनाआ को हटाया जाये, तथा कोरिया विवाद का समाधान सभी बाहरी हस्तक्षेप के बिना वहा की जनता की आकाक्षाओ के अनुसार आन्तरिक रूप स किया जाये। सयुक्त राष्ट्रसघ के विभिन्न प्रयासो के फलस्वरूप कोरिया के आन्तरिक युद्ध मे तात्कालिक रूप से ठहराव की स्थितिया आई। लेकिन इस पूरे विवाद ने अमेरिका चीन सम्बन्धो मे तनाव की उग्र स्थितिया भी उत्पन्न की। फरवरी, 1951 मे अमेरिका और ताईवान के बीच परस्पर सैनिक सहायता समझौता हुआ। समझौते पर चीन की तीव्र प्रतिक्रिया तथा अमेरिका चीन सम्बन्धो मे और अधिक गिरावट स्वाभाविक थी।

आइजनहावर के राष्ट्रपति काल के दौरान राज्य सचिव के रूप मे जान फॉस्टर डलैस की नीतिया ने चीन अमेरिका विवादो को प्रारम्भिक रूप से और अधिक कटु बनाया। 1954 मे दक्षिण पूव एशिया सधि सगठन (SEATO) की स्थापना हुई। चीन ने इसकी कडी निंदा करते हुये इसे चीन के विरोध मे आयोजित षडयत्र बताया। इसी वष दिसम्बर म अमेरिका ने ताइवान के साथ पारस्परिक सनिक सधि भी की। सधि का प्रमुख उद्देश्य यह था कि चीन द्वारा ताइवान पर आक्रमण की सम्भावनाओ के विरोध म अमेरिकी नीति को स्पष्ट कर दिया जाये। इस सधि के बाद जनवरी, 1955 म अमेरिकी काग्रेस ने राष्ट्रपति को यह अधिकार दिया कि ताइवान की सुरक्षा एव स्वतत्रतासे सबधित कोई भी आवश्यक कदम उठाया जा सकता है। इन दोनो घटनाओ की चीन मे तीव्र प्रतिक्रिया हुई। चीन की प्रतिक्रिया का दोहरा स्वरूप था। एक ओर जहा अमेरिका के इन निणयो की तीव्र भत्सना की गई, वही साथ ही साथ चीन को यह आभास भी हुआ कि तात्कालिक रूप से ताइवान को स्वतत्र करवाना व्यावहारिक स्तर पर सम्भव नही है। विशेषत सोवियत सघ से हुई वार्ताओ के बाद ऐसा दृष्टिकोण और भी स्पष्ट हो गया। सोवियत सघ की यह मान्यता थी कि ताइवान पर किसी सैनिक कायवाही द्वारा विजय प्राप्त करना अव्यावहारिक और आत्मघाती होगा। अत तात्कालिक नीति इस क्षेत्र म विवाद को कम करने की होनी चाहिय। चीन के लिये भी, ऐसी सोवियत समझ के होते हुये, कोई अन्य विकल्प सभव नही था।

1955 म बाडुग सम्मेलन के दौरान चीन की ओर से अमेरिका के साथ वार्ता की पहल करने की बात उभरी। एक प्रेस वक्तव्य म चाऊ एन-लाई ने कहा कि चीन दक्षिण पूव एशिया और ताइवान आदि के प्रश्न पर तनाव कम करने के उद्देश्य से अमेरिका के साथ वार्ता करने को तैयार है। इस वक्तव्य की तात्कालिक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अमेरिकी घोषणा म कहा गया कि अमेरिका चीन के इस बदलते हुए रुख के प्रति आशावान है, लेकिन जब तक दक्षिण पूव एशिया में तनाव कम करने के प्रमाण न मिले और चीन इस बात का आश्वासन न दे कि वह ताइवान के सम्बन्ध में आक्रमण की नीति नहीं अपनायेगा, तब तक वार्ताओं का कोई साथक स्वरूप नहीं उभर सकता। इस घोषणा के बाद चीन और अमेरिका के बीच वार्ताओं को आयोजित करने के अनेक आधार विचारणीय रहे। जुलाई, 1955 में अमेरिका और चीन के एक सयुक्त वक्तव्य मे यह कहा गया कि दोनो राष्ट्रो ने राजदूत स्तर पर वार्तायें करने का फसला किया है। चेकोस्लोवाकिया मे उपस्थित चीन और अमेरिका के राजदूतों के माध्यम से य वार्तायें होंगी। राजदूत स्तरीय इन वार्ताओ का दौर करीब तीन वप तक चला। 1958 मे अमेरिकी राजदूत के चेकोस्लोवाकिया स स्थानान्तरण के बाद कुछ समय के लिये ये वार्तायें बन्द हो गयी। वार्ताओ के इन तीन वर्षों मे अमरिका और चीन सम्बन्धो मे आशिक सुधार हुआ। सितम्बर, 1955 मे दोनो राष्ट्रो के बीच यह यह समझौता हुआ कि एक दूसरे देश मे रहने वाले चीनी अथवा अमेरिकी मूल के लोगा की परस्पर अदला बदली की अनुमति दी जायेगी। मई, 1956 म एक सयुक्त वक्तव्य मे यह कहा गया कि दोना राष्ट्र क्षेत्रीय अखडता के सिद्धात का आदर करते हैं तथा अन्तर्राष्ट्रीय विवादो के शातिपूण समाधान मे अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। इसी वप अगस्त म चीन द्वारा यह घोषणा की गई कि उसने पिछले सात सालो से अमेरिकी सवाददाताओ की चीन यात्रा पर लागू प्रतिबध को हटा दिया है। शुरू मे अमरिका ने अपने सवाददताओ को चीन की यात्रा की इजाजत नही दी, लेकिन शीघ्र ही अमेरिका की तरफ से भी अपने सवाददाताओ की चीन यात्राओ पर लगाये गय प्रतिबध को हटा लिया गया। इन वार्ताओ के दौरान मूलभूत विवादो पर कोई औपचारिक अथवा अनौपचारिक समझौता नहीं हुआ।

तात्कालिक रूप से परस्पर कटुता मे आई कमी अधिक दिन तक नही टिक सकी। 1958 म ताइवान के समीप एक बार फिर तनाव की स्थितिया उत्पन्न हुई। चीन अमेरिका सम्बन्धो मे तनाव इसकी स्वाभाविक परिणिति थी। जुलाई, 1958 में ईराक म एक आतरिक उथल पुथल के द्वारा पश्चिम समथित सत्ता अपदस्थ हो गई। इस घटना की तात्कालिक प्रतिक्रिया के रूप मे अमेरिकी सेनायें लेबनान पहुंची और ब्रिटिश सेनायें जोर्डन। इस कायवाही का तात्कालिक उद्देश्य, ईराक जैसी घटना की लेबनान और जोर्डन मे पुनरावृत्ति को रोकना था। लेकिन

चीन की दृष्टि मे इसके सम्भावित प्रभाव ताईवान पर भी हो सकते थे। सोवियत सघ द्वारा चीन को एक धैर्य पूण नीति अपनाने का परामश दिया गया। लेकिन चीन ने अपने निजी स्तर पर एक उग्र दष्टिकोण अपनाया। 4 सितबर, 1958 को चीन ने यह घोषणा की कि उसकी तटवर्ती समुद्री सीमा बारह मील तक है, और इस क्षेत्र म किसी भी विदेशी उपस्थितियो को स्वीकार नही किया जायेगा। इस घोषणा का सीधा तात्पय था कि ताइवान की सहायता के लिए उपस्थित अमेरिकी गतिविधिया अवैध हैं। अमेरिका की तरफ से भी उग्र प्रतिक्रिया व्यक्त हुई। चीन ने हस्तक्षेप के एक कायक्रम की भी घोषणा की जो कि वास्तव मे लागू नहीं हुआ। इसी के समानान्तर लेबनान मे नई सरकार के चुने जाने के बाद और जोडन का आन्तरिक सकट भी टल जान के बाद अक्टूबर, 1958 तक अमेरिकी ब्रिटिश सेनाओ की वापसी भी हो गई। तात्कालिक रूप म उभरा सकट टल गया। लकिन इस पूरी प्रक्रिया के दौरान अमेरिका चीन सम्बन्धो मे पुन कटुता की मानसिकता स्पष्ट रूप से उभरी।

1949 के बाद एक दशक का घटनाचक्र अमेरिका चीन सम्बन्धो मे निरतर व्यक्त हुई कटुता को दर्शाता है। ताइवान का प्रश्न अमेरिका और चीन दोना के लिये ही उग्र विवाद का प्रश्न बना रहा। अन्यत्र भी कोरिया जैस अनुभवो मे सीधी टकराहट की स्थितिया उभरी। वार्ताओ का एक सीमित दौर भी रहा जो महत्व के स्तर पर भी और अवधि के स्तर पर भी सीमित उद्देश्यो वाला था। इस दौरान विभिन्न परस्पर विवाद दोना राष्ट्रो की दष्टि से आवश्यक विवाद थे। भविष्य मे भी इन विवादो के बने रहने के साथ-साथ, परस्पर सम्बन्धो मे सामान्यकरण की सम्भावनायें प्रतीत नही होती थी।

द्वितीय चरण
1959 से 1969 वैचारिक विवाद और महाशक्तिीय परम्परता

आतरिक विकास के स्तर पर अथवा अन्तर्राष्ट्रीय समझ के विकास के स्तर पर, पिछले दशक का चीन का अनुभव अपनी सही पहिचान बनाने क सघष मे लगा रहा। इस मथन का कोई अन्तिम परिणाम नही उभर पाया था। विवाद कम होने के स्थान पर उत्तरोत्तर उग्र हुआ। चीन की आतरिक और अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का यह दूसरा दशक इन्ही विभिन्न उग्र स्थितियो की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करता है। आतरिक वैचारिक विवाद मे यह मथन और अधिक स्पष्ट था। माओ के दृष्टिकोण के पथक विकास के सामानातर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी मे आतरिक वैचारिक ध्रुवीकरण तीव्र रूप से उभरा। एक लम्बी प्रक्रिया के बाद माओ के नेतृत्व तथा दष्टिकोण की विजय हुई।

'सास्कृतिक क्रान्ति" का सिद्धात, अब तक के समाजवादी सिद्धातो की दृष्टि

से एक नई व्याख्या थी। पिछले दशक में विकास के अनेक उग्रवादी प्रयासों की असफलता से प्रेरित होकर माओ ने चिंतन की एक नई दृष्टि विकसित की। 1960 के बाद अनेक व्याख्याओं में यह बदलाव विकसित हुआ। माओ ने 'सांस्कृतिक क्रांति" की आवश्यकता के सिद्धांत को प्रतिपादन करते हुए कहा कि, कम विकसित आर्थिक सामाजिक स्थितियों में, शोषण की व्यवस्था की सबसे कमजोर कड़ी वैचारिकता तथा निर्बल उत्पादन संबंध हैं। साथ ही साथ यही निर्बल कड़ी, उत्पादन के संबंधों में क्रांतिकारी परिवर्तन को लागू करने में अग्रणी तात्कालिक अवरोध हैं। अतः आर्थिक सामाजिक क्रांति से पूर्व, आवश्यकता एक "सांस्कृतिक क्रांति" की है। इस क्रांति का प्रमुख उद्देश्य भावी विकास के वैचारिक अवरोधों को धराशायी करना है। माओ के इस सिद्धांत का एक महत्वपूर्ण अभिप्राय था। यह कि, उत्पादन शक्तियों के वांछित विकास के पहले ही उत्पादन संबंधों के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन न सिर्फ संभव है अपितु नितांत आवश्यक भी। पर दृष्टिकोण अब तक के मान्य समाजवादी सिद्धांतों के एक दम विपरीत था।

'सांस्कृतिक क्रांति" में व्यक्त किये गये विचारों का विवाद चीन में समाजवादी व्यवस्था में प्रारम्भ से ही उठ खड़ा हुआ था। लेकिन 1960 के बाद ही माओ की स्पष्ट परिलक्षित हो सकी। "सांस्कृतिक क्रांति" के दौरान माओ ने क्रांतिकारी परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया। उसने कहा कि, प्रत्येक पुरानी व्यवस्था के बदलने के बाद जब नई व्यवस्था लागू होती है तब उसमें भी हितों के नये छुट पुट आधार बन जाते हैं। पार्टी के अंदर भी ऐसे हित हो सकते हैं। अतः 'सांस्कृतिक क्रांति" का दायित्व ऐसे हितों का पर्दाफाश करना है तथा उन्हें पार्टी के दायित्वों से हटाना भी है। "सांस्कृतिक क्रांति" में नई मानसिकता का जन्म होना चाहिए। इस दृष्टि से माओ ने "चार पुराने आधारों' की आलोचना की— पुराना चिंतन, पुराने विचार, पुरानी आदतें, तथा पुराने रीति रिवाज। इन्हें बदलना "सांस्कृतिक क्रांति" का प्रमुख उद्देश्य कहा गया। 'सांस्कृतिक क्रांति" में सैनिक व्यवस्था के स्वरूप को भी बदलने पर बल दिया गया। कहा गया कि, जनता की सेना का दायित्व मात्र बाहरी सुरक्षा नहीं है। सेना को आंतरिक आर्थिक एवं सामाजिक बदलाव में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस दृष्टि से, सैनिक व्यवस्था का पुनर्गठन "सांस्कृतिक क्रांति" का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

इस पूरी प्रक्रिया ने चीन की आंतरिक स्थिति में नई अनिश्चितताओं को जन्म दिया। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में आंतरिक वैचारिक विवाद उत्तरोत्तर रूप से उग्र हुआ। इसके समानांतर, सांस्कृतिक क्रांति के उपचारों को लागू करने के साथ ही आर्थिक तथा सामाजिक स्तर पर खुले रूप में पार्टी का आंतरिक विवाद उभर कर सामने आया। इस प्रक्रिया के दौरान माओ की पहले से स्पष्ट की गई आर्थिक विकास की रणनीति को उग्र रूप से लागू किया गया। उत्पादन के साधनों

मे कोई विशेष आधुनिकरण नही हुआ, क्योकि पार्टी की प्रमुख दृष्टि प्रबन्ध व्यवस्था पर ही केन्द्रित थी। अत "सास्कृतिक क्राति" की स्थितिया जहा एक ओर तीव्र राजनीतिक तथा सामाजिक परिवतन की परिचायक थी, वही दूसरी ओर उत्पादन शक्तियो के विकास मे साधारणतया ठहराव की स्थितियो के बीच चीन का अन्तर्राष्ट्रीय दष्टिकोण विकसित हुआ।

चीन का विश्व-दृष्टिकोण

छठे दशक के प्रारम्भ मे ही चीन मे उभरते आतरिक वैचारिक मथन के अन्तर्राष्ट्रीय आयाम भी विकसित हुए। अमेरिका तथा सोवियत सघ मे परस्पर सम्बन्धो की शुरुआत ने चीम के विश्व दष्टिकोण के विकास को निरन्तर प्रभावित किया। वैसे तो प्रारम्भ से ही सोवियत सघ ने चीन को एक धैयपूण नीति अपनाने के लिए परामश दिया। लेकिन अब ऐसे परामश को चीन ने दूसरे ही दष्टिकोण मे समझा। चीन की यह मानसिकता बनने लगी कि महाशक्तियो के हित तथा अन्य सभी राष्ट्रो के हित गुणात्मक रूप से भिन्न हैं। ऐसी मानसिकता की पृष्ठ-भूमि मे, सोवियत सघ के आतरिक विकास के प्रति चीन की वैचारिक समझ भो रही। चीन का दष्टिकोण था कि, सोवियत विदेश नीति मे समझौतावादी प्रवत्तियो से पथक नही हैं। 1962 म माओ ने एक वहद पार्टी सभा को सम्बोधिन करते हुए यह घोषणा की कि सोवियत पार्टी और राज्य का नेतत्व सशोधनवादियो के हाथो मे चला गया है। अत उनस किसी क्रातिकारी भूमिका की अपेक्षा करना एक भुलावा होगा। इसी के साथ साथ, चीन के नेतत्व ने इस वात पर बल दिया कि साम्राज्यवादी शक्तिया अपनी हस्तक्षेप की नीति म अधिक सक्रिय हो रही हैं। चाहे वह हिन्द चीन का प्रश्न हो, अथवा पश्चिमी एशिया या अफ्रिका का साम्राज्य-वादी शक्तिया अपनी कुचेष्टाओ मे उत्तरोत्तर उग्र हो रही हैं। लेकिन साम्राज्य वाद की व्यवस्था अपने स्वय के आतरिक अन्तर्विरोधो के कारण, इन्ही हस्तक्षेप की नीतियो से पराजित भी होगी। क्योकि वह एक कागजी शेर (Paper Tiger) मात्र है।

ऐसी अन्तर्राष्ट्रीय समझ के आधार पर, चीन ने अपने विश्व दष्टिकोण को पुन परिभाषित किया। इस विश्व दष्टिकोण के अनुसार तीन प्रमुख विश्वस्तरीय अन्तर्विरोध बताये गये। प्रथम मार्क्सवादी लेनिनवादी शक्तियो और सशोधन वादी शक्तिया के बीच, द्वितीय, समाजवादी शक्तिया और साम्राज्यवादी शक्तिया के बीच, तथा ततीय एशिया-अफ्रिका तथा लातिनी अमेरिकी मानव समु-दाय और अमेरिका के नेतत्व मे साम्राज्यवाद के बीच। इन अन्तर्विरोधो की व्याख्या करते हुए 1962 मे माओ ने कहा कि, प्राथमिक महत्व को विश्वस्तरीय अन्तर्विरोध अमेरिकी नेतत्व मे साम्राज्यवाद और एशिया अफ्रिका तथा लातिनी

अमेरिका के बीच है। इससे पहले की मान्यता कि, प्रमुख अन्तर्विरोध साम्राज्यवाद और समाजवाद के बीच है, माओं की दृष्टि मे वह सार्थक नही रहा। साम्राज्यवाद के षडयंत्रो का सीधा निशाना यह ततीय विश्व के राष्ट्र हैं, जो कि तात्कालिक रूप से साम्राज्यवादी साजिश के शिकार है। अत साम्राज्यवाद से लडने के लिये एक विश्व स्तरीय एकजुटता की आवश्यकता है। सभी समाजवादी राष्ट्रो का भी यही दायित्व है कि इस प्राथमिक लडाई मे अपना सहयोग दें। लेकिन समाजवादी राष्ट्रो के बीच भी मार्क्सवादी लेनिनवादी वैचारिक मान्यताओ तथा सशोधन वादियो के वैचारिक विरोध हैं। सशोधनवादियो की पराजय, इस दृष्टि से न सिर्फ समाजवाद को सही दिशा देने के लिए आवश्यक है, अपितु, साम्राज्यवादी हस्तक्षेप के षडयंत्रो की पराजय के लिए भी। जहा तक सोवियत दृष्टिकोण का प्रश्न है वह साम्राज्यवाद के आणविक भय के जाल मे फस गया है। अत सोवियत भूमिका मुख्यत साम्राज्यवादी हस्तक्षेप को मौन स्वीकृति देना बन गई है। सोवियत सघ निरतर क्रान्तिकारी आन्दोलनो के साथ विश्वासघात कर रहा है। पश्चिमी यूरोपीय राष्ट्र मात्र अमेरिकी साम्राज्यवाद के पिछलग्गु से अधिक नही है। उनकी स्थिति भी असहायक है। गुट निरपेक्षता अथवा ऐसा कोई अन्य आयोजन भी विश्व शाति को स्थापित करने के लिए प्रभावी नही हो सकता। स्थाई शाति अपने आप नही मिलती। स्थाई शाति को सतत सघर्षों के द्वारा जीता जाता है। अत ऐसे समस्त सघर्षों की एक मात्र प्रेरणा चीन के क्रान्तिकारी नेतत्व तथा सक्रिय भूमिका से ही सभव है। चीन को अपनी नीति मे तीन स्तरीय सक्रिय भूमिका निभानी होगी। प्रथम, अन्य राष्ट्रो म हो रहे साम्राज्यवादी आतक और हस्तक्षेप के विरुद्ध लडे जा रह सघर्षों को सक्रिय सहयोग। द्वितीय, साम्राज्यवाद के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा। तृतीय, समाजवादी विचारधारा मे उभर रही सशोधनवादी प्रवृत्तियो का सक्रिय विरोध।

चीन के इस नवपरिभाषित विश्व दृष्टिकोण के अनेक अभिप्राय थ। विदेश नीति के निर्माण के व्यावहारिक पक्ष इससे प्रभावित हुए। एशिया अफ्रिका के राष्ट्रो के साथ अपने सम्बन्धो को बढाना इसका प्रमुख अभिप्राय था। समाजवादी गुट के राष्ट्रो के बीच, सोवियत सघ को सशोधनवादी प्रवृत्तियो की आलोचना इसका अन्य महत्वपूर्ण पक्ष था। हिन्द चीन म अमरिकी सैनिक उपस्थिति का विरोध और यहा चल रहे मुक्ति सघर्षों म तात्कालिक सक्रिय भूमिका इस नीति का एक प्रमुख दायित्व भी था। इस दायित्व के दोहरे उद्देश्य थे। एक ओर जहा इसका उद्देश्य साम्राज्यवाद के विरोध म सघर्ष करना था, वहा दूसरी ओर यह आशा भी थी कि सोवियत सशोधनवादी नीति की तुलना म चीन की क्रान्तिकारी दृष्टि को समर्थन मिलेगा। इन नीतियो का व्यावहारिक स्तर पर लागू करवाने में दो मूलभूत कठिनाइया उपस्थित हुइ। प्रथम यह है कि ऐसी बहुपक्षीय नीति को

क्रियान्वित करने के लिए आर्थिक तथा सैनिक ससाधन चीन के पास उपलब्ध नही थे। दूसरा पक्ष सास्कृतिक क्राति के सन्दर्भ से जुडा है। इस अवधि मे चीन की राजनयिक गतिविधिया एक दम कम हो गईं। कुछ राष्ट्रो मे नियुक्त राजदूतो के अलावा अन्य सभी को 'राजनीतिक शिक्षा' के लिए चीन बुला लिया गया। सास्कृतिक क्रान्ति के दौरान वैचारिक विवाद भी मुख्यत आतरिक प्रश्नो पर केन्द्रित रहा। अत वैचारिक स्तर पर उभरती हुई नई विश्व दृष्टि न तो गहन आतरिक विवाद का कारण बनी और न ही इसकी क्रियान्विति पर कोई सक्रिय रूप रेखा उभर पाई। अत इस चरण मे चीन के परराष्ट्र सम्बन्धो विशेषत अमेरिका और चीन के साथ सम्बन्धो को, इस तुलनात्मक निष्क्रियता के सन्दर्भ मे देखना होगा।

चीन-सोवियत सम्बन्ध मैत्री की विशिष्टता से वैमनस्य तक (1959 1969)

इस चरण मे चीन सावियत सबधो म सीधी टकराहट की अनेक स्थितिया उपस्थित हुईं। दोनो राष्ट अनेक स्तरो पर परस्पर विवाद में उलझे। 1959 मे ही चीन के आन्तरिक विकास की नीति की तीव्र भर्त्सना तथा आर्थिक सहयोग को खतम करने के सोवियत निर्णय से ही एक वैचारिक प्रतिद्वद्विता के आधार तैयार हो चुके थे। इस दशक मे इन्ही आधारो की उत्तरोत्तर उग्र अभिव्यक्तिया हुन्। परस्पर आलोचना के दोहरे स्तर रहे। समसामयिक प्रश्ना पर एक दूसरे की आलोचना उभरने लगी। प्रारम्भ म, यह सीमित स्तर पर हुई, तथा धीरे-धीरे खुले रूप से भी आरोप प्रत्यारोप की प्रक्रिया होने लगी। इस परस्पर वचा-चाग्कि विवाद का दूसरा स्तर समाजवादी राष्ट्रा के बीच एक दूसरे की मान्यताओ का प्रचार करना भी रहा। सीमा विवाद आदि प्रश्न बाद की स्थितियो मे उभरने लगे।

जून, 1960 मे रूमानिया कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन के दौरान सोवियत और चीन प्रतिनिधियो मे पहली वैचारिक झडप देखने को मिली। ख्रुश्चेव ने सीधा आरोप लगाया कि चीन की अति उग्रवादी नीति न सिफ चीन के लिए आत्मघाती है अपितु पूरे समाजवादी गुट के लिये एक सम्भावी खतरा भी है। इसी वष दिसम्बर मे मास्को मे अयोजित वामपथी दलो के सम्मेलन मे यह विवाद और अधिक स्पष्ट रूप से उभरा। चीन के दृष्टिकोण को समथन देने के लिये समाजवादी गुट का एक मात्र राष्ट्र अल्बानिया सामने आया। सोवियत पार्टी के लिये यह एक नई चुनौती थी। अत सोवियत आक्रोश का अल्बानिया केन्द्र बन गया। अक्टूबर, 1961 से आयोजित सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी के 22वें अधिवेशन मे अल्बानिया तो आमत्रित नही किया गया। अधिवेशन के दौरान अल्बानिया की

नीतियों पर सीधा प्रहार किया गया, जो कि परोक्ष रूप से चीन पर केन्द्रित था। चीन के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित चाउ-एन लाई इसके विरोध में अधिवेशन से उठकर चले गये। सोवियत चीन विवाद इसके बाद अधिक प्रखर हुआ।

1962 का वर्ष दोनों राष्ट्रों के परस्पर सम्बन्धों के लिये अत्यधिक महत्त्व का बन गया। क्यूबा का संकट अनेक अभिप्रायों वाला था। जहा एक ओर इसने शीत युद्ध की पराकाष्ठा अभिव्यक्त की, वहीं सोवियत चीन संबंधों में भी परस्पर खुली आलोचना को प्रारम्भ किया। इस घटना के बाद चीन ने इसे सोवियत समझौता वादी नीति की स्पष्टतम अभिव्यक्ति कहा तथा इसे समाजवाद की प्रतिष्ठा के लिये अत्यधिक शर्मनाक बताया। क्यूबा विवाद के समानान्तर, भारत चीन सैनिक झड़पें भी हुई। इस विवाद में सोवियत संघ ने अपनी तटस्थता व्यक्त की, जिसका स्पष्ट अभिप्राय चीन के ऐसे कदम की आलोचना करना था। कुछ राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, क्यूबा विवाद तथा भारत चीन युद्ध का एक साथ होना आकस्मिक नहीं था। इस मान्यता के अनुसार, चीन ने अपनी नीति को सोवियत 'समझौतावादी" नीति से भिन्न प्रस्तुत करने का प्रयास किया। चीन का उद्देश्य स्पष्ट था। यह कि, जहा एक ओर सोवियत नीति ने साम्राज्यवादी चेतावनी के आगे समर्पण कर दिया, वहीं चीन ने दूसरी ओर अपने आत्म विश्वास का परिचय देने का प्रयास किया। चीन स्पष्ट रूप से यह स्थापित करना चाहता था कि, जहा तक एशियाई प्रश्नों की बात है, महाशक्तियां भी बिना चीन के कोई कदम नहीं उठा सकती। भले ही ऐसी समझ के वास्तविक क्षमतागत आधार चीन के पास नहीं थे, फिर भी इस घटना ने सोवियत नीति को अधिक सक्रिय एशियाई भूमिका तैयार करने को प्रेरित किया।

1963 में पूर्वी जर्मनी में आयोजित साम्यवादी राष्ट्रों के सम्मेलन तक सोवियत चीन विवाद प्रखर रूप से उभर चुका था। चीन ने सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी की आलोचना का एक 25 सूत्रीय प्रारूप प्रस्तुत किया। इस प्रस्ताव में सोवियत नीति की सर्वपक्षीय आलोचना करते हुए, विशेषत उसकी इस इस बात पर निंदा की गई कि स्टालिन की मृत्यु के बाद सोवियत नेतृत्व का सम्पूर्ण दृष्टि-कोण संशोधनवादी बन गया है। पिछले वर्षों में यह दृष्टिकोण उत्तरोत्तर स्पष्ट हुआ है। चीन ने इस आलोचना के साथ साथ पहलीबार सीमा विवाद का प्रश्न भी उठाया। चीन ने यह मत व्यक्त किया कि रूस और चीन के बीच 19वीं शताब्दी के बीच अनेक सीमा समझौते रूसी जारशाही के आतंक के कारण असमान शर्तों पर हुए थे। अत 19वीं शताब्दी के इन समझौतों पर पुनर्विचार आवश्यक है। सोवियत संघ ने असमानता के इस चीनी दावे का खंडन किया। अमेरिका और सोवियत संघ के बीच 1963 में हुई आणविक परीक्षण संधि की चीन ने तीव्रतम भर्त्सना की। चीन ने इसे विश्व आधिपत्य तथा एकाधिकार को

साजिश कहा, तथा यह स्पष्ट किया कि इसको थोपने के सभी प्रयासो का सक्रिय विरोध किया जायेगा। फरवरी 1963 मे सोवियत पत्र 'प्रावदा' ने एक विस्तृत लेख प्रकाशित किया 'अन्तराष्ट्रीय कम्युनिस्ट आन्दोलन मे एकता स्थापित करने हेतु सोवियत पार्टी का सघर्ष"। सोवियत सघ की तरफ से चीन की नीति की यह प्रखरतम सवपक्षीय आलोचना थी। इस लेख मे स्पष्ट रूप से कहा गया कि अन्तर्राष्ट्रीय कम्यूनिस्ट आन्दोलन की एकता के लिये चीन का पथकतावादी दृष्टिकोण सबसे बडा खतरा है। अत समस्त साम्यवादी दलो का यह दायित्व है कि वे चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के मार्क्सवादी लेनिनवादी सिद्धान्तो से भटकाव को समझने तथा इस भटकाव के प्रति सक्रिय विरोध द्वारा अन्तर्राष्टीय सवहारा की एकता म विभाजन का रोकें। मतभेदो के इस स्पष्ट और खुले स्वरूप के बाद सोवियत चीन सम्बन्धो मे परस्पर आलोचना की स्थिति निरन्तर बनी रही।

सोवियत चीन के उभरते हुये मतभेदो ने एशियाई राष्ट्रो के बीच दोनो की प्रतिद्वन्द्विता का भी बढावा दिया। सोवियत सघ ने 1962 के बाद भारत के साथ और अधिक निकट के सम्बन्ध बनाये। आर्थिक सहायता के साथ सैनिक सहायता की प्रक्रिया भी प्रारम्भ की गई। 1962 मे ही सोवियत सघ ने भारत को मिग विमान बेचने तथा इन विमानो के उत्पादन के लिये कारखाना लगाने का समझौता किया। एशिया तथा अफ्रिका के गुटनिरपेक्ष राष्ट्रो के बीच भारत और सोवियत प्रभाव को कम करने की दृष्टि से चीन भी सक्रिय हुआ। दिसम्बर 1963 म चाउ एन-लाई ने एशिया तथा अफ्रिकी राष्ट्रो का वहद भ्रमण किया। चीन का तात्कालिक उददेश्य आगामी द्वितीय गुटनिरपेक्ष सम्मेलन के स्थान पर एक एशिया अफ्रिका के राष्ट्रो के सम्मेलन के प्रस्ताव को रखना था। इस वैकल्पिक प्रस्ताव के द्वारा ततीय विश्व के राष्ट्रो के बीच चीन ने सोवियत तथा भारत के विरुद्ध आयोजन की सम्भावनाओ की तलाश की। चीन को कोई उत्साहवधक प्रतिक्रिया नही मिली। प्रस्तावित गुट निरपेक्ष सम्मेलन यथावत आयोजित हुआ। 1965 म भारत पाक युद्ध के दौरान भारत को सोवियत सघ का परोक्ष समथन मिला। चीन ने 'भारतीय प्रतिक्रियावादियो" को दिये गये सोवियत समथन की कडी निन्दा की। लेकिन ताशकन्द समझौते ने एशियाई सन्दर्भ मे एक नई सोवियत भूमिका को प्रकट किया। इस तात्कालिक असफलता के बाद भी चीन ने पाकिस्तान के साथ अपने सबधो को विकसित करने के प्रयास जारी रखे। इन प्रयासो को उत्तरोत्तर रूप म सीमित सफलता भी मिली।

हिन्द चीन सबध मे सोवियत चीन प्रतिस्पर्धा का स्वरूप गुणात्मक रूप से भिन्न रहा। वियतनाम कम्बोडिया तथा लाओस आदि म चल रहे जनसघर्षो को चीन और सोवियत सघ दोनो का विवाद का स्वरूप वांछित रणनीति के प्रश्न पर अधिक उभरा। 1965 के बाद वियतनाम म अमेरिकी बमबारी तथा सनिक

हस्तक्षेप मे बढ़ोत्तरी हुई। इन स्थितियो म, चीन ने गरिल्ला रणनीति पर अधिक बल दिया तथा साम्राज्यवाद स किसी भी प्रकार की वार्ता का विरोध किया। इसके विपरीत सोवियत दृष्टिकोण था कि, सघष के जारी रहन हुये, वार्ताओ की सम्भावनाओ मे मुह नही मोडना चाहिये। चीन न इस सोवियत दृष्टिकोण की कडी भरसना की। लकिन 1967 म स्वय वियतनाम न अमेरिका के साथ वार्ताए प्रारभ करने की नीति पर बल दिया। इन प्रयासो को सोवियत सघ का पूरा समथन मिला। वार्ताओ के इस निणय को गलत बतात हुए चीन ने इसे सोवियत और अमेरिका की मिली जुली साजिश बताया। चीन का प्रचार था कि इस साजिश के द्वारा महाशक्तिया वियतनामी जनता को आत्मसमपण के लिए मजबूर कर रही है। चीन न वियतनाम को इस षडयत्र के प्रति सचेत रहन की सलाह दी थी सक्रिय चीन समथन का आश्वासन भी। वियतनामी नेतत्व ने सूझबूझ का परिचय दिया तथा दोनो राष्ट्रो के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करत हुए अपने आपको सोवियत चीन विवाद मे सीधे रूप स नही उलझने दिया।

ख्रुश्चेव के नेतृत्व के पतन के बाद चीन और सोवियत सघ के बीच सम्बधों को सामान्य बनान के आशिक प्रयास हुये। ब्रेझनेव नेतत्व ने चीन का आह्वान किया कि चीन दोनो राष्ट्रो के बीच विवादो को सुलझाने का प्रयत्न करे तथा समाजवादी गुट की एकता का मजबूत बनान मे अपना सहयोग दें। इसके बाद दोनो राष्ट्रो म सीमाविवाद पर वार्ताओ का एक सीमित दौर चला। इन वार्ताओ मे कोई भी समझौता नही हो सका। इसी वष चीन ने प्रथम आणविक परीक्षण किया था। अत इन वार्ताओ म भी उसने अपनी क्षमता से उभरी दढता को व्यक्त किया। वार्ताओ के विफल होने के बाद सोवियत नेतृत्व ने यह घोषणा की कि उसने चीन के साथ सम्बधो को सामान्य बनाने के भरसक प्रयास किये लेकिन चीन के नीति हठधर्मी बनी रही। इसके बाद सोवियत सघ की नीति चीन के प्रति उग्रतर बन गई। चीन मे आन्तरिक "सास्कृतिक क्रान्ति' का प्रभाव इस दौरान अपने चरम पर था। इस वचारिक मथन मे चीन की दृष्टि सोवियत सघ के प्रति और अधिक वमनस्यकारी बनी। चीन की पार्टी म कुछ लोग सोवियत सघ के साथ सबधो के सामान्यीकरण के भी पक्षधर थे। इनकी मान्यता थी कि हिन्द चीन मे बढती हुई अमेरिकी उग्र नीति को देखते हुए सोवियत सघ के साथ सबधो पर पुनर्विचार करना चाहिये। ऐसे दृष्टिकोण का उग्र प्रतिरोध हुआ, जिसके फलस्वरूप चीन के सेनाध्यक्ष को पदमुक्त कर दिया गया। सास्कृतिक क्रान्ति के दौरान हुई उग्रवादी घटनाओ मे, जनवरी, 1967 म बीजिंग स्थित सोवियत दूतावास की नाकेबन्दी कर दी गई। इस घटना ने सोवियत चीन सम्बन्धों मे और अधिक वमनस्य पदा किया। फरवरी मे सोवियत दूतावास में काय कर रहे कमचारियो को हटा लिया गया और चीन ने भी सोवियत सघ मे पढ रह सभी चीनी विद्या

यिया को वापस बुला लिया ।

1968 के बाद सोवियत चीन सम्बन्धो मे वैमनस्य की चरम स्थितिया उत्पन्न हुई । 1968 मे रूस द्वारा चेकोस्लोवाकिया मे हस्तक्षेप की चीन मे उग्रतम प्रतिक्रिया हुई । चीन म इस धारणा को सोवियत सघ की षडयत्रकारी नीति का प्रबलतम प्रमाण कहा । यह एक विचित्र स्थिति थी । क्योकि, 1956 मे जब हगरी मे इसी प्रकार का सोवियत कदम उठाया गया था तब चीन ने उस सक्रिय समथन दिया था । यही नही उस घटना के दौरान चीन ने यह दावा भी किया था कि, सोवियत सघ हगरी में हस्तक्षेप के लिये झिझक रहा था तथा उसकी सक्रिय प्रेरणा के फलस्वरूप ही सोवियत सघ हगरी मे कदम उठाने को तैयार हुआ था । चीन की नीति मे इस विरोधाभास ने चीन को एक नय विश्व दृष्टिकोण की समझ तैयार करन को प्रेरित किया । चेकोस्लोवाकिया विवाद के समानान्तर सोवियत-चीन सीमा पर भी तनाव म वद्धि हुई । इसकी चरम परिणिति 1969 म हुई । सोवियत और चीन के बीच उससुरी नदी तथा दमस्की द्वीप पर प्रथम बार सीमा विवाद को लेकर सैनिक झडपें हुई । सैनिक झडपें सीमित होते हुये भी उग्र थी । इस घटना ने दोना राष्ट्रो के बीच सबधो को अभूतपूव रूप स कटु बनाया । सीमा के विवाद को सुलझाने के लिए वार्ताए प्रारम्भ हुई । लेकिन वार्ताओं की सफलता तो दूर, वार्ताओ को आयोजित करने की कार्यविधि तक पर कोई आम राय नहीं बन पाई । चीन की यह मान्यता थी कि वार्ताओ म इस बात को आधार माना जाये कि 19वी शताब्दी के दौरान हुई सधिया असमान थी । सोवियत मत था कि ऐसे किसी पूर्वाधार को वार्ताओ का आधार बनाना—निस्सार है लेकिन कोई सफल परिणाम नही निकले ।

पिछले दशक के विवेचन स यह स्पष्ट होता है कि सोवियत-चीन सम्बन्ध बद स बदतर बने । वैचारिक विवाद ने अन्य क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया । साथ ही साथ, मैत्रीपूर्ण दृष्टिकोण के अभाव में सीमा विवाद भी जटिल बन गया । चीन का विकास एक स्वतन्त्र आणविक शक्ति के रूप में हुआ, जिसने सोवियत-चीन सम्बन्धो के साथ साथ विश्व स्तरीय सम्बन्धों के सन्तुलन में भी नये अभिप्रायो और आवश्यकताओ को जन्म दिया । इस दशक के अन्तिम वर्षों म, चीन के एक नये विश्व दृष्टिकोण का विकास हुआ । इस दृष्टिकोण ने सोवियत-चीन सम्बन्धो को वैचारिक आधार पर अधिक सुदृढ़ बनाया । लेकिन साथ ही साथ नये विश्व सतुलन की दृष्टि से, दोनों देशों के बीच तनाव, टकराहट स्थितियों में कमी आई । ये मिश्रित प्रवत्तिया इसके अन्त में उत्पादित हुई ।

चीन-अमेरिका सबध अपरिभाषित टकराव (1959-1969)

चीन अमेरिका सम्बन्धों का यह द्वितीय दशक एक अपरिभाषित

का युग कहा जा सकता है। दोना राष्ट्रा के बीच टकराहट की स्थितिया रही, तथा साथ ही साथ वार्ताओ का एक औपचारिक क्रम भी बना रहा। करीब एक वर्ष के अ तराल के बाद राजदूत स्तरीय वार्ताए पुन प्रारम्भ हुई। इन वार्ताओ क दौरान परस्पर विचार विनिमय स अधिक कुछ भी उपलब्ध नही हुआ। अनक अ त र्राष्ट्रीय विवादा म परस्पर आरोप प्रत्यारोप भी हुए। कुल मिला कर सबधो में न तो कोई विशेष गिरावट ही आयी और न ही कोई सकारात्मक स्वरूप उभरा। निर तर एक ठहराव की स्थिति बनी रही।

कैनेडी के नेतृत्व के दौरान अमरिकी विदेशनीति में कुछ नई मानसिकतायें भी उभरी। इन विभिन्न मता का अभिप्राय मूलत चीन के साथ सम्बन्धो को सामा य बनाना नही था। प्रमुख उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में चीन के प्रश्न को एक नई योजना क तहत सचालित करना था। कैनेडी प्रशासन के दौरान दो चीन के सिद्धात का मन भी उभरा। चीन का अस्तित्व एक वास्तविकता थी तथा ताइवान को बनाय रखना भी प्रमुख उत्तरदायित्व था। इस दृष्टि स यह विचार उभरा कि दोना के अस्तित्व को स्वीकार करते हुए अमेरिकी नीति की रूप रखा बनाई जावे। ऐसे प्रस्ताव की चीन मे तीव्र प्रतिक्रिया हुई जिसम कहा गया कि यह प्रस्ताव चीन की क्षेत्रीय अखण्डता का विरोधी है तथा अमेरिका की एक चालाकी भरी साजिश है। चीन की सयुक्त राष्ट्र सघ की सदस्यता पर भी एक नई व्यावहारिक नीति तैयार की गई। उत्तरोत्तर रूप से अमेरिका को यह स्पष्ट हो रहा था कि चीन की सदस्यता क पक्ष मे विश्व जनमत बढ रहा है। ऐसी स्थिति मे अमेरिका द्वारा बार बार 'वीटो' का प्रयोग आलोचना का केन्द्र बन गया था। अत अमेरिका ने एक प्रस्ताव द्वारा यह पारित करवाया कि चीन की सदस्यता का मामला एक "महत्वपूण प्रश्न" है। इस प्रस्ताव का तात्पय था कि, इस प्रश्न पर निणय के लिये दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता बन गई। अब कुछ और वर्षो तक अमेरिका, बिना 'वीटो' का प्रयोग किये चीन की सदस्यता को रोकने मे सक्षम बन गया था। जहा तक दोनो राष्ट्रों के बीच सीधे सम्पर्क की बात थी, अमेरिका न राजदूत स्तरीय वार्ताओ को पर्याप्त माना तथा इसके स्तर को बढाने की बात पर बल नही दिया।

छठे दशक के प्रारम्भ मे चीन मे खाद्यान्न आदि की विकट समस्या उत्पन्न हुई, जिसके फलस्वरूप हागकाग के इलाके मे चीनी शरणार्थियो की समस्या भी उभरी। इसके फलस्वरूप इस क्षेत्र मे तनाव बढा, क्योकि इस घटना को लेकर ताइवान न चीन के विरुद्ध सक्रिय प्रचार प्रारम्भ किया। तनाव की स्थिति के बीच अमेरिका का सातवा जहाजी बेडा वहा तैनात हुआ। इसी के साथ साथ अमेरिका न यह प्रस्ताव भी रखा कि, मानवीय दृष्टिकोण को देखत हुए, अमेरिका चीन को खाद्य सहायता द सकता है। चीन द्वारा इसकी उग्रतम प्रतिक्रिया हुई जिसमे

अमेरिका के इस प्रस्ताव को चीन के आत्म सम्मान के अपमान की साजिश कहा गया। चीन की गेरिल्ला रणनीति के विरुद्ध सफलता के लिए कनेडी प्रशासन ने यह मत व्यक्त किया कि अमेरिकी सेनाओ को भी गरिल्ला लडाई का प्रशिक्षण दिया जाये। इस नई सैनिक सक्रियता की आलोचना करते हुये चीन ने इसे अमेरिका का हास्यास्पद प्रयास बताया। अमेरिका और रूस के बीच आणविक परीक्षण सधि की भी तीव्रतम भत्सना की गई। 1963 के एक 'सम्पादकीय म' चीन ने इस सधि को षडयत्र बताया जिसके द्वारा साम्राज्यवाद अपनी कुचेष्टाओ पर आवरण डालना चाहता था। चीन ने माग की कि यदि वास्तव मे नि शस्त्रीकरण लागू करना है तो आणविक हथियारो पर पूण प्रतिबध लगना चाहिये, तथा इस हेतु सभी राष्ट्रो का एक सम्मेलन बुलाया जावे। 1963 के दौरान क्यूबा घटना के बाद पुन सोवियत अमेरिका सम्ब धो के सामान्य बनने की प्रक्रिया को चीन ने विचित्र स्थिति कहा। क्यूबा अनुभव के बाद भी यदि अमेरिका सोवियत उद्देश्यो को शातिप्रिय मानता है तो, चीन की दष्टि मे, यह अमेरिका का बहुत बडा भुलावा है। *इन विभिन्न आरोपो प्रत्यारोपो के बीच राजदूत स्तरीय वार्ताओ मे* भी कुछ कमी आई।

अक्टूबर 1964 मे चीन का प्रथम परीक्षण हुआ। इस परीक्षण पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये नव निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति जानसन ने इसकी भत्सना की तथा साथ ही साथ इस कदम द्वारा चीन की आणविक शक्ति बनने की इच्छा का मजाक भी उडाया। राजदूत स्तरीय वाताओ मे चीन द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया कि वह आणविक हथियारो का "प्रथम प्रयोग न करने" हेतु अमेरिका के साथ समझौता करने को तैयार है। अधिक आणविक क्षमता वाले अमेरिका ने इस प्रस्ताव को एकदम ठुकरा दिया। इस बीच अमेरिकी नीति मे डलैस की यह मान्यता कि चीन मे साम्यवाद अपने आन्तरिक अन्तर्विरोधो के कारण स्वय ही खत्म हो जायेगा पूण रूप से अस्वीकृत हुई। ऐसी अमेरिकी समझ चीन की दष्टि मे ऐतिहासिक रूप से स्वाभाविक थी। अत चीन ने इस समझ का मजाक उडाया और इसे अमेरिकी नीति की दया नहीं अपितु विवशता बताया।

वियतनाम युद्ध मे बढे हुए अमेरिकी सैनिक हस्तक्षेप ने चीन-अमेरिका सबधो मे निरन्तर गिरावट की स्थितिया उत्पन्न की। आन्तरिक वैचारिक विवाद के बाद चीन ने सोवियत सघ के साथ सम्बन्ध सुधारने के विचार को पूणत अस्वीकृत कर दिया। साथ ही साथ अमेरिका के प्रति भी एक उग्र दष्टिकोण अपनाया गया। सितम्बर 1965 मे लिन पियाओ ने एक विस्तृत लेख मे गेरिल्ला नीति को माओ का ऐतिहासिक योगदान बताया इस लेख मे कहा गया कि साम्राज्यवाद का आतक चाहे जितना बढे, माओ की क्रान्तिकारी गेरिल्ला नीति के कारण अन्तत वियत नामी जनता की विजय और साम्राज्यवाद की पराजय निश्चित है। कोरिया युद्ध

के अनुभवो के आधार पर चीन को यह आशका थी कि कही अमेरिका द्वारा उस पर आक्रमण न हो। ऐसी स्थिति मे चीन द्वारा अमेरिका को निरन्तर चेतावनी दी जाने लगी। चीन के विदेश मत्री चेन यी ने अमेरिका को चेतावनी दी कि, यदि अमेरिका की चीन पर आक्रमण की कोई योजना है तो ऐसा कदम अमेरिका को बहुत महगा पडेगा। यदि एक बार अमरिका चीन की धरती पर आया तो गेरिल्ला रणनीति के फलस्वरूप उसका निकलना असम्भव हो जायेगा। मार्च, 1966 में अमेरिका के राज्य सचिव डीन रस्क ने एक दस सूत्रीय चीन नीति के प्रारूप को प्रस्तुत किया। इस प्रारूप मे प्रमुख रूप से कहा गया कि, अमेरिका द्वारा चीन पर आक्रमण करने की कोई योजना नही है। लेकिन, यदि उसके मित्र ताइवान पर कोई सकट आता है तो अमेरिका अपने दायित्व को निभाने से दूर नही रहेगा। अमरिकी नीति इस वक्तव्य के अनुसार, चीन के साथ सबध सुधारने की ही है। लेकिन अमेरिका मैत्री का ऐसा कोई कदम नही उठायेगा जो उसके मित्र राष्ट्रो को आशकित करे तथा ऐसा आभास दे कि अमेरिकी नीति चीनी उग्रवादिता को कोई पुरस्कार दे रही हो। इस वक्तव्य मे एशियाई राष्ट्रों को अधिक आर्थिक सहायता आदि देने की बात भी कही गई जिससे उन्हें साम्यवाद के खतरे से लडने के लिये सुदृढ बनाया जा सके।

अमेरिकी नीति के प्रत्युत्तर के रूप मे 10 मई 1966 को चाऊ एन लाई ने एक 4 सूत्रीय नीति की घोषणा की। इस घोषणा के पिछले दिन का तीसरा आणविक परीक्षण हुआ था जो कि हाईड्रोजन बम के निर्माण की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम था। इन चार सूत्रो मे प्रमुख रूप से यह वक्तव्य किया गया कि चीन अपनी ओर से कोई वैमनस्य बढाना नही चाहता। लेकिन अमेरिका के साथ सम्बन्ध सामान्य होने के लिए ताइवान विवाद का सुलझना एक प्राथमिक शर्त है। चीन इस प्रश्न पर कोई समझौतावादी नीति नही अपना सकता यद्यपि इस प्रश्न को सुलझाने के लिये वह वार्ताओ के माध्यम का भी पक्षधर है। चाऊ एन लाई की घोषणा का अन्य प्रमुख तत्व यह था कि वह अमेरिका को भावी हस्तक्षेप के प्रति खुली चेतावनी देता। इस दृष्टि से यह कहा गया कि चीन की कथनी और करनी मे फर्क नहा है। यदि उस पर आक्रमण हुआ तो मुह तोड जवाब भी दिया जायेगा और ऐसी स्थिति में युद्ध की सीमाए क्या होगी यह अमेरिका पर निर्भर नहीं करेगा। चीन का अनुभव माओ की गेरिल्ला नीति की निरन्तर सफलता का अनुभव है। भावी सकट म भी इसी नीति के द्वारा साम्राज्यवाद को मुह तोड जवाब मिलेगा। आणविक परिसीमन के प्रश्न पर चीन ने "प्रथम प्रयोग न करने" के समझौते की बात दोहराई। अमेरिका की प्रतिक्रिया थी कि, ऐसा समझौता तभी सम्भव है जब चीन आणविक परिसीमन सधि म भी प्रतिबद्ध होने को तयार हो। चीन ने इस प्रस्ताव को एकदम ठुकरा दिया।

वियतनाम युद्ध के दौरान एक लम्बे समय से चली आ रही राजदूत स्तरीय वार्ताओ पर भी विराम लगा। अमेरिका के साथ वार्ताओ की आलोचना करते हुय सोवियत सघ ने यह प्रचार किया कि चीन की नीति दोगली है। एक तरफ चीन क्रान्तिकारिता के भाषण देता है और वियतनाम को उग्र नीति के लिये उकसाता है, तो दूसरी ओर वह अमेरिका के साथ अपनी वार्ताओ मे भी लगा हुआ है। ऐसी सोवियत आलोचना की चीन मे तीव्र प्रतिक्रिया हुई। चीन ने अमरिका पर यह आरोप लगाया कि उसने वार्ताओ की गोपनीयता को भग किया है। अमेरिका और रूस की मिलीभगत है जो कि सोवियत सघ के बेहूद प्रचार से व्यक्त होती है। अत 7 सितबर, 1966 को राजदूत स्तरीय वार्ता की 131वी बैठक मे चीन के राजदूत न माओ के आदेश पर इन वार्ताओ को एक-पक्षीय रूप स खत्म करने की घोषणा की। इस घोषणा के प्रस्ताव मे वार्ताओ के पिछले 17 वर्षों के अनुभव को इस बात का साक्षी कहा गया कि अमेरिकी नीति निरन्तर उग्रवादी तथा षडयन्त्रकारी रही है। उसन चीन के साथ सम्बन्ध सुधारने की थोथी घोषणाओ की आड मे चीन विरोधी सक्रियता को निरन्तर उकसाया है। वियतनाम के तात्कालिक अनुभव इसके साक्षी हैं। अत इन वार्ताओ की कोई साथकता अब नही रही है। माओ के आदेशो के अनुसार वार्ताए खत्म की जाती हैं और साम्राज्यवाद को यह चेतावनी दी जाती है कि तमाम उग्रवादिता के बावजूद वह मात्र एक कागजी शेर है। जनवादी आन्दोलना के सामन साम्राज्य वाद की पराजय निश्चित है।

वियतनाम युद्ध की इन चरम अभिव्यक्तियो से, चीन अमेरिका सम्बन्धा मे एक लम्बा अवरोध उत्पन्न हुआ। राष्ट्रपति जॉनसन के शासन के अन्तिम वर्षों मे अमरिका चीन सम्बन्धो म सामान्यीकरण के समस्त प्रस्ताव विफल रहे। इस बीच वियतनाम विवाद के सन्दर्भ मे अमेरिका तथा चीन दोनो की स्थिति विचित्र हुई। चीन के उग्रवादी उपदेशो के बावजूद वियतनाम ने वार्तायें प्रारम्भ करने के सोवियत परामश को अधिक व्यावहारिक माना। अमेरिका के अनुभव भी वियतनाम विवाद मे अत्यधिक कटु और असफल रहे। उग्र सैनिक हस्तक्षेप और बमबारी के बावजूद अमेरिका समर्थित दक्षिणी वियतनाम को सफलता नही मिल सकी। इस पूरी प्रक्रिया मे अमेरिका को अत्यधिक सैनिक खच उठाना पडा। अन्तर्राष्ट्रीय जनमत भी अमेरिकी कायवाही के विरुद्ध मे उग्ररूप से व्यक्त हुआ। साथ ही साथ आन्तरिक जनमत का विरोध भी आयोजित हुआ और यह मांग उठी कि अमेरिका को दक्षिणी वियतनाम के पक्ष मे अपनी सैनिक सलग्नता को खत्म करना चाहिय। इसी मानसिकता का पक्ष लेते हुये, रिचड निक्सन न अपना चुनाव अभियान आयोजित किया। निक्सन की विजय के साथ अमेरिकी नीति मे विश्वस्तरीय तनाव कम करने की प्रवृत्ति उभरी। अमेरिका चीन सम्बन्धा मे भी, इन बदले

हुये सदर्भों के साथ एक नये चरण का सूत्रपात हुआ ।

तृतीय चरण 1969 से 1979
त्रिकोणात्मक समीकरण की गतिशीलता

"सास्कृतिक क्रान्ति" के अनुभव चीन के लिए मिश्रित अभिप्राया वाले रहे। एक लम्बे आतरिक मथन की प्रक्रिया मे चीन की व्यवस्था म तथाकथित वैचारिक शुद्धिकरण तो हुआ लकिन आधुनिक विकास की दृष्टि से चीन समय के साथ नहीं चल पाया। "सास्कृतिक क्रान्ति" के दौरान हा अनेक वैचारिक विवाद उभरे, लकिन माओ की दृष्टि निरन्तर सघष के बाद विजयी हुई। जहा तक पार्टी मे आन्तरिक सुधार तथा एकता स्थापित करने का प्रश्न था, पुराने तत्व तो खत्म हुये, लेकिन मतभेदो के नये दायरे उभरने लगे। इस बार का विवाद पहले के विवादा की तुलना मे न सिर्फ गुणात्मक रूप से भिन्न था, अपितु उग्रत्तर भी। पार्टी के विभिन्न अगो का क्या योगदान हो, जन सेवा का विकास की प्रक्रिया म कितना तथा कैसा योगदान औचित्यपूर्ण है औद्योगिक केन्द्रा म स्वायत्त 'कम्यून' व्यवस्था पर पार्टी के निरीक्षण का क्या स्वरूप हो, औद्योगीकरण मे तकनीकी ज्ञाताओ और राजनीतिक दृष्टि के हस्तक्षेप के बीच सन्तुलन का आधार कैसा हो, तथा आर्थिक विकास की प्राथमिकताओ का क्या व्यावहारिक स्वरूप हो, आदि कुछ ऐसे महत्वपूर्ण प्रश्न थे जिनको "सास्कृतिक क्रान्ति" की प्रक्रिया ने तीव्र रूप से प्रस्तुत किया। प्रश्न तो परिभाषित थे, लेकिन अन्तिम विकल्प के निर्णय होने शेष थे। इस आवश्यकता ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी मे नये दृष्टिकोण की एक नई बहस को जन्म दिया।

1969 मे चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का 9वा अधिवेशन ऐतिहासिक महत्व का कहा जा सकता है। अधिवेशन म 'सास्कृतिक क्रान्ति" की समाप्ति की औपचारिक घोषणा की गई। साथ ही साथ सास्कृतिक क्रान्ति के अनुभवो की खुली समीक्षा भी हुई, जिसमे नीतियो के साथ साथ व्यावहारिक स्तर पर उनके क्रियान्वयन के पक्ष को भी समीक्षित किया गया। कृषि के क्षेत्र मे उत्पादन की गिरावट, तथा उद्योगो के पिछडे तकनीकी आधार पर चिन्ता व्यक्त हुई। अधिवेशन के दौरान वैचारिक बहस भी मुख्यत आन्तरिक विकास के कार्यक्रमों पर केन्द्रित रही। आधुनिकरण के प्रश्न को यद्यपि उत्साहवधक मान्यता नही दी गई, फिर भी इसकी आवश्यकता को देखते हुए उस एक सन्तुलित स्वरूप म स्वीकार किया गया। विकास कार्यक्रमो मे अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के प्रश्न को पहले के उग्र दृष्टिकोण से नही देखा गया। यहा पर भी एक समन्वित विचार को बल मिला, जिसके अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग तो लिया जाये, लेकिन अत्यधिक सावधानी के साथ। अत जहा तक आन्तरिक विकास की दृष्टि का विवाद था, इस नवें अधिवेशन स एक मिश्रित मानसिकता उभरी। एक ओर जहा पहले के अति

क्रान्तिकारी तथा अन्तर्मुखी दष्टिकोण पर विराम लगा, वही दूसरी ओर बदलाव की मानसिकता को भी उग्र अभिव्यक्ति नही मिल सकी। एक नये दष्टिकोण का सहमा हुआ सा प्रथम कदम उठाया गया।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के इस नवें अधिवेशन का महत्व इस बात स आका जा सकता है कि इसने एक बदलाव की प्रक्रिया प्रारम्भ की। इसके बाद के वर्षों मे आधुनिकीरण का प्रश्न अधिकाधिक महत्व का बनता गया। 1973 मे हुये पार्टी के 10वें अधिवेशन मे यह दष्टिकोण और अधिक मुखरित हुआ। इसके साथ ही आधुनिकीरण का विवाद पार्टी का प्रमुख विवाद बन गया। माओ क नेतृत्व के दौरान ही लिनपियाओ का पतन हुआ। इसके बाद उग्रवादी प्रवत्तियो को नेतत्व स्वय माओ की पत्नी चिंगच्याग ने दिया। लेकिन आधुनिकीरण के पक्षधर विचार को अधिक बल मिला। स्वय माओ की तरफ से आधुनिकीरण के प्रश्न पर किसी तीव्र और खुली आलोचना का अभाव इस बात का परिचायक कहा जा सकता है। पार्टी के 10वें अधिवेशन के बाद, आधुनिकीरण के प्रश्न की स्पष्ट मान्यता तो मिली लेकिन विवाद भी यथावत बना रहा। 1976 मे माओ की मत्यु के बाद यह विवाद एकाएक उग्र बन गया। माओ की पत्नी के नेतत्व मे आयोजित 'चौकडी" का एक सीमित समय तक प्रभाव रहा। सीमित होत हुये भी यह अत्यधिक उग्र रहा। 1977 मे "सास्कृतिक क्रान्ति के दौरान अपदस्थ डेंग सियाओ पिंग की पार्टी के 11वें अधिवेशन मे पुनस्थापना हुई इसी के साथ आधुनिकीरण के पक्षधर विचार को एक स्थाई स्वीकृति भी मिली।

11वें अधिवेशन के बाद निरन्तर आधुनिकीरण के व्यावहारिक पक्षो को परिभाषित किया गया। आधुनिकीरण की आवश्यकता पर बल देते हुये "चार आधुनिकीरण" की व्याख्या हुई—उद्योग, कृषि, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा विज्ञान एव तकनीकी। इस बदलती दिशा को एक सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्य भी दिया गया। अन्त र्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था की समीक्षा करते हुये, यह मत व्यक्त किया गया कि साम्राज्यवाद के शोषण के आर्थिक आधार अत्यधिक कमजोर बन गये हैं। अत ऐसी स्थिति मे उनके साथ सहयोग की प्रक्रिया द्वारा आन्तरिक आर्थिक स्वायत्तता को कोई खतरा नही है। स्वय साम्राज्यवाद विकट आर्थिक सकट मे फसा है, जिसके फलस्वरूप वह अपनी शर्तें थोपने म सक्षम नही है। एक नई व्याख्या के अनुसार यह भी व्यक्त किया गया कि, उत्पादन की शक्तियो का तथा विनिमय विज्ञान एव तकनीक का कोई वर्ग आधार नहीं होता। वर्ग आधार उत्पादन की शक्तियो के उपभोग की व्यवस्था से उत्पन्न होते हैं। अत साम्राज्यवादी राष्ट्रो से भी आधुनिकीरण की आवश्यकता के लिये यदि उनका सहयोग लिया जाये तो वैचारिक दष्टि से वह अनौचित्यपूर्ण नहीं होगा। चीन का यह दष्टिकोण एक लम्बे समय से चले आ रहे सोवियत दष्टिकोण के समरूप था। किन्तु इससे

दृष्टिकोण के लिय सोवियत सघ की आलोचना हुई थी। आज स्वय चीन इस दृष्टिकोण का पक्षधर बन गया था "सास्कृतिक क्रान्ति" के बाद वैचारिक विवाद मात्र वैचारिक सन्दर्भो वाला नही रहा। वैचारिक विवाद विकास के अभिप्रायों से जुड गया। इसी से एक नया दृष्टिकोण उभरा।

चीन का विश्व-दृष्टिकोण

आन्तरिक विकास की प्राथमिकताओ के फेरबदल तथा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मे भी बदलते हुय सन्दर्भो के बीच चीन के विश्व-दृष्टिकोण का एक नया स्वरूप उभरा। आन्तरिक विकास की आवश्यकताओ की समीक्षा के साथ साथ अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति की नई प्रवृत्तियो को भी रेखाकित किया गया। इस अन्तर्राष्ट्रीय समीक्षा मे चीन की दृष्टि मे तीन बातें प्रमुख महत्व की थी। प्रथम, तृतीय विश्व द्वारा आर्थिक स्वतत्रता क सघर्ष तथा हस्तक्षेप की उग्रवादी नीति के कारण साम्राज्यवादी व्यवस्था के आर्थिक आधार भयकर सकट से ग्रस्त हैं। इस आर्थिक सकट के फलस्वरूप, साम्राज्यवादी राष्ट्रो के बीच भी अमेरिकी सर्वोच्चता को चुनौती मिली है। पश्चिमी यूरोपीय राष्ट्रो तथा अमेरिका के बीच आर्थिक तथा राजनीतिक प्रश्नो पर मतभेद उत्तरोत्तर विकसित हुये हैं। द्वितीय, वियतनाम के सघष म जनवादी शक्तियो की विजय ने साम्राज्यवाद की उग्र हस्तक्षेप की नीति को पूणतया आत्मघाती सिद्ध कर दिया है। सघष की रणनीति के स्तर पर भी, परम्परागत सैनिक युद्ध की नीति पर गेरिल्ला प्रणाली की विजय भी सिद्ध हुई है। अमेरिकी साम्राज्यवाद इन विपरीत अनुभवो के बीच भावी हस्तक्षेप के प्रति प्रेरित होने से कतरा रहा है। तृतीय, चेकोस्लोवाकिया अनुभव एक अत्यधिक प्रतीकात्मक महत्व का है। यह अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मे उभरती हुई सोवियत उग्रवादिता का परिचायक है। सोवियत सघ सशोधनवादी नीतियो के काल मे साम्राज्यवाद से मिली भगत की नीति से कही अधिक दुराग्रही बन गया है। सशोधन वादी प्रवत्तियो ने साम्राज्यवादी विस्तार के आधार तैयार कर दिये हैं। इस बदली हुई स्थिति मे सोवियत नीति साम्राज्यवाद म मिली भगत की नही अपितु साम्राज्यवाद से खुली प्रतिस्पर्धा की बन गई है। सोवियत शक्ति का उग्र अभ्युदय अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मे एक नये गुणात्मक चरण का परिचायक है। इस समीक्षा के प्रमुख अभिप्राय के फलस्वरूप, चीन ने अन्तराष्ट्रीय सघष को 'शोषित जनता" की लडाई के स्थान पर "शोषित राष्ट्रो" की लडाई के रूप मे परिभाषित किया। 1969 में नव वष के अवसर पर एक "सपादकीय" म माओ का हवाला दते हुये इस बदलाव को रेखाकित किया गया। यह व्यक्त किया गया कि भविष्य मे अन्तर्राष्ट्रीय सघष उग्र होंगे, लेकिन पहले की तुलना मे उनका प्रारूप कुछ भिन्न होगा।

इस बदलाव की प्रक्रिया को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के 1969 मे हुये 9वें अधिवेशन मे स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया। विश्व राजनीति की समीक्षा करते हुये, चार प्रमुख अ तर्विरोध रेखाकित किय गये—(1) शोषित राष्ट्रो तथा साम्राज्यवाद एव 'समाजवादी' साम्राज्यवाद के बीच, (2) विश्व सवहारा तथा साम्राज्यवादी एव सशोधनवादी राष्ट्रा के बुजवा वग के बीच, (3) साम्राज्यवाद तथा समाजवादी साम्राज्यवाद के बीच, साथ ही साथ, साम्राज्य वादी राष्ट्रो मे एक दूसर के बीच, (4) समाजवादी राष्टो तथा साम्राज्यवाद एव 'समाजवादी' साम्राज्यवाद के बीच। इन विभि न अ तर्विरोधो म पहला अ तर्विरोध, अथात सभी राष्टो तथा साम्राज्यवाद एव समाजवादी साम्राज्यवाद के बीच का अ तर्विरोध, प्राथमिक महत्व का है। अत सभी राष्टा को साम्राज्य वाद तथा 'समाजवादी' साम्राज्यवाद के विरुद्ध एक सयुक्त मोर्चा बनाना चाहिये। उक्त वणन से यह स्पष्ट है कि चीन के विश्व दष्टिकोण मे गुणात्मक परिवतन हुये। सोवियत सघ को अब मात्र सशोधनवादी ही नही कहा गया अपितु उसे साम्राज्यवादी सज्ञा भी दी गयी। इससे पूव चीन के द ष्टिकोण मे अमेरिकी साम्राज्यवाद के विरुद्ध एशिया, अफ्रिका तथा लातिनी अमेरिकी जनसमुदाय की एक जुटता का प्रारूप था। अग साम्राज्यवाद तथा समाजवादी' साम्राज्यवाद के विरुद्ध अ य सभी का एक जुटता का प्रारूप तैयार हुआ इस प्रारुप का आधार "शोपित जनता" नही अपितु, "शापित राष्ट्र" बने। एक अ य प्रमुख अभिप्राय जो कि स्पष्ट रूप मे अभिव्यक्त नही किया गया, यह था कि समाजवादी गुट के नेतत्व के साम्राज्यवादी बन जाने के बाद समाजवादी गुट की मा यता अस्तित्व विहीन हो गई है।

इस नये विश्व दष्टिकोण क अनक व्यावहारिक पक्षो को 1973 मे हुये 10वें अधिवेशन मे और अधिक स्पष्ट किया गया। 10वें अधिवेशन म व्यक्त विचारो मे निम्न बातें प्रमुख थी। पहली, 9वें अधिवेशन मे व्यक्त चार प्रमुख अ तर्विरोधा को स्पष्ट रूप स पुन व्यक्त नही किया गया, लकिन उसकी मा यता क अभिप्राय यथावत बने रहे। साथ ही साथ शोपित राष्टो एव जनता को सक्रिय समथन की बात भी स्पष्ट रूप स अभिव्यक्त नही हुई। दूसरी 9वें अधिवशन के बाद हुई अनेक राजनयिक उपलब्धियो को रखाकित किया गया जिनमे सयुक्त राष्ट्र की सदस्यता और पश्चिमी राष्ट्रो स सम्ब धो मे सामा यीकरण का विशेप उल्लेख था। इस समीक्षा के दौरान विगत मे हुए दो गुणात्मक रूप से भि न भटकाओ को रेखाकित किया गया। इस स दम मे व्यक्त किया गया कि लियु शाओ ची का बुजवा वग के साथ गठब धन और क्रातिकारी सघप का भुला देने का दष्टिकोण गलत था, साथ ही साथ लिन पियाओ का यह मत कि अतिक्रा तिकारी दष्टिकोण मे बुजवा वग के साथ सभी प्रकार क समवय को त्याग देना चाहिय, भी

दूसरा गुणात्मक भटकाव था। दोनों ही दृष्टिकोण अतिवादिता से ग्रस्त रहें। अत इनको बदलना एवं समन्वित दृष्टि के लिये आवश्यक है। तीसरी, तात्कालिक नीति के स्तर पर तृतीय विश्व के स्वतन्त्र राष्ट्रों में आन्तरिक क्रान्ति के संघर्षों पर कम बल दिया गया। इन राष्ट्रों को साम्राज्यवाद या और 'समाजवादी' साम्राज्यवाद के विरुद्ध प्रेरित करना एक तात्कालिक आवश्यकता है। तृतीय विश्व के राष्ट्रों में ऐसी सम्भावना की बात, विगत में इन राष्ट्रों को दी गई प्रति क्रियावादी राष्ट्रों की संज्ञा से गुणात्मक रूप से भिन्न स्थिति था। इसी संदर्भ में वामपंथी पार्टियों के साथ संबंधों की तुलना में राज्य स्तरीय सम्बन्धों की नीति को अधिक तात्कालिक उपयोगिता का कहा गया। अन्तिम रूप में, इन अनेक व्यावहारिक बदलावों को वैचारिक तथा ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य भी दिया गया। शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धान्त पर लेनिन के विचारों को उद्धृत किया गया। यह व्यक्त किया गया कि शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व का सिद्धान्त अपने आप में गलत नहीं है। इसके गलत अथवा सही होने का प्रश्न निश्चित ऐतिहासिक परिस्थिति पर निर्भर करता है। स्टालिन और लेनिन के नेतृत्व में इस सिद्धान्त का आचरण सही था। ऐसे ही सन्दर्भ आज चीन के आचरण के आधार हैं।

नव परिभाषित विश्व दृष्टिकोण में 10वें अधिवेशन के बाद, सोवियत संघ को अधिक उग्र खतरे के रूप में व्यक्त किया जाने लगा। इस सन्दर्भ में यह मान्यता व्यक्त की गई कि एक ऐतिहासिक प्रक्रिया के फलस्वरूप साम्राज्यवादी अमेरिका की तुलना में 'समाजवादी' साम्राज्यवादी सोवियत संघ की क्षमता में निरन्तर वृद्धि हुई है। छठा दशक अमेरिकी हस्तक्षेप का दशक था। सातवां दशक सोवियत विस्तारवादी आतंक का दशक हैं। साम्राज्यवादी शक्ति निरन्तर गिरती हुई क्षमता वाली है जबकि 'समाजवादी' साम्राज्यवादी सोवियत संघ उभरती हुई शक्ति है। अत विश्व शान्ति के लिये सोवियत संघ अधिक बड़ा खतरा है। इस सन्दर्भ में सोवियत संघ की नीति को पुराने साम्राज्यवादियों की नीति से कहीं अधिक षडयन्त्रकारी बताया गया। कहा गया कि, शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व की सोवियत और चीनी मान्यता में गुणात्मक अन्तर है। शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व का दो स्तरों पर प्रयोग होना चाहिये—विश्व शान्ति के स्थाई प्रारूप के लिये, और साथ ही साथ क्रान्तिकारी संघर्षों का बढ़ावा देने के लिये। सोवियत नीति में, चीन के अनुसार दूसरे दृष्टिकोण का अभाव है।

इस विश्लेषण के आधार पर, चीन के "तीन विश्व" के सिद्धान्त की स्पष्टतम परिभाषा 1974 में डेंग सियाओपिंग के संयुक्त राष्ट्र संघ में दिये गये वक्तव्य से मिलती है। इस प्रारूप के अनुसार निम्न वर्गीकरण किया गया—1 प्रथम विश्व, जिसमें दोनों महाशक्तियां हैं। इन महाशक्तियों में अधिसत्य का एकाधिकारवादी पूंजीवाद समान आर्थिक आधार है। अत महाशक्तियां वर्णन व्यवहार पर नहीं

अपितु वर्ग चरित्र पर आधारित है। ऐतिहासिक विकास की दृष्टि से आगामी वर्षों में सोवियत संघ अधिक खतरनाक चुनौती है, (2) द्वितीय विश्व, जिसमें पूर्वी और पश्चिमी यूरोप के सभी विकसित राष्ट्र किसी एक महाशक्ति के नियन्त्रण में है, लेकिन नियन्त्रण का स्तर एक सा नही है। इनमे से कुछ किसी न किसी रूप में औपनिवेशिक सम्बन्धो को भी बनाये हुये हैं, (3) तृतीय विश्व, जिसमे चीन सहित एशिया अफ्रीका तथा लातिनी अमेरिका के सभी शोषित राष्ट्र हैं। इन राष्ट्रो के बीच जकता का कोई वर्ग आधार नही है। लेकिन महाशक्तियो का आतंक इन्हे एक सूत्र मे बाधता है। आर्थिक स्तर पर पिछडे होने के कारण, कच्चे माल पर आधारित इनकी अर्थव्यवस्थाएँ इन्हे आर्थिक स्वार्थों के स्तर भी एक बनाती है। इनकी शक्ति इस बात से है कि ये अपने ससाधनो पर स्वतन्त्र नियन्त्रण बनाये रखें और बाहरी पूजी के हस्तक्षेप का विरोध करें। विश्व का प्रमुख अन्तर्विरोध प्रथम विश्व एवं तृतीय विश्व के बीच है अत द्वितीय विश्व के राष्ट्रो को महाशक्ति आतंक से स्वतन्त्र होने के लिए तृतीय विश्व के साथ एक जुटता बनानी चाहिए। उसी मे उनका दूरगामी हित है।

उपरोक्त विवेचन के बाद चीन ने अपने विश्व दृष्टिकोण को एक नारे के द्वारा प्रतीकात्मक रूप से व्यक्त किया—"राज्यो को स्वतन्त्रता, राष्ट्रो को मुक्ति और जनता को क्रान्ति चाहिए' इस नये बारे के द्वारा चीन ने अपनी नीति मे राज्यो की स्वतन्त्रता का एक नया पक्ष जोड दिया। राष्ट्रो की मुक्ति और जनता की क्रान्ति चीन की नीति मे पहले से ही उदघोषित तत्व रहे हैं। नये तत्व का जुडाव मात्र औपचारिक बदलाव नही था। चीन की नीति मे यह गुणात्मक स्तर पर बदलाव का परिचायक था। राष्ट्रो की स्वतन्त्रता और जनता की क्रान्ति के पक्ष उत्तरोतर रूप से कम महत्व के बने, तथा राज्यो की स्वतन्त्रता नीति का प्रमुख केन्द्र बन गया। इसी गुणात्मक बदलाव के सदर्भों मे, चीन ने एक त्रिकोणात्मक अन्तर्राष्ट्रीय सक्रियता को जन्म दिया।

चीन सोवियत सबध लगाव और अलगाव के बीच (1969-1979)

सातवें दशक ने चीन की विदेश नीति मे एक नई सक्रियता को जन्म दिया। पिछले दशक के दौरान आन्तरिक वचारिक मथन के बाद एक व्यावहारिक दष्टिकोण चीन की नीति मे समाहित हुआ। 1969 मे चीन की एक स्वतन्त्र आणविक शक्ति के रूप मे भी स्थापना हो चुकी थी। अमेरिका के साथ सम्बन्धो मे सामान्यीकरण की स्थितया आने के बाद, चीन ने अपने एक सीमित महाशक्ति स्वरूप को भी पहिचाना। इसका स्पष्ट अभिप्राय यह था कि, विदेश नीति के दष्टिकोण मे वैमनस्यकारी पूवग्रहा के स्थान पर एक प्रतिद्वद्विता की नीति को अपनाया जावे। अथात् चाहे वह अमेरिका के साथ सम्बन्धा का प्रश्न हो अथवा सोवियत सघ के

साथ संबंधो का प्रश्न अपने स्वतन्त्र अस्तित्व की परिलक्षित करती हुई खुली प्रति द्वंद्विता की जाने। वैचारिक विश्व दृष्टिकोण के अनुसार चीन की मान्यता यह थी कि सोवियत संघ उभरती हुई शक्ति है। अत सोवियत संघ के साथ इस प्रति द्वंद्विता की नीति का अधिक उग्र होना स्वाभाविक ही था। वैचारिक स्तर पर चीन अथवा आर्थिक राजनीतिक स्तर पर की नीति सोवियत संघ के साथ खुली प्रति द्वंद्विता की बनी। इसके दो अभिप्राय है। प्रथम यह कि सोवियत संघ के साथ परस्पर संबंधो म वैमनस्य के पूर्वाग्रहो म हटकर एक यथार्थवादी सतुलन की स्थिति बनाई जाये। ऐसी नीति जिसके फलस्वरूप सोवियत संघ का कोई सीधा खतरा चीन की सीमाओ पर कम हो जाये अन्तराष्ट्रीय स्तर पर चीन की सक्रियता के लिय भी लाभप्रद थी, द्वितीय जहा तक वैचारिक द्वंद्व का प्रश्न है तथा अन्य राष्ट्रो मे अपने प्रभाव को बढाने की बात है, सोवियत संघ के साथ खुली प्रतिस्पर्धा की नीति अपनाई जाये। ऐसी नीति अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मे चीन के एकाकीपन स मुक्त होने के लिए आवश्यक थी। एक अन्य महत्त्वपूर्ण आधार सोवियत-चीन संबंधो के स्वरूप की दृष्टि स अत्यधिक महत्व का था। यह कि आन्तरिक विकास की आवश्यकताओ के लिए पश्चिमी राष्ट्रो स सहायता लेते हुये भी उन पर पूर्ण रूप से आश्रित होने की स्थिति पैदा न की जाये। इस दृष्टि से सोवियत संघ के साथ भी एक आर्थिक सहयोग की प्रक्रिया को, भले ही सीमित रूप स, प्रारम्भ किया जाये।

इन सम्भावनाओ के प्रति जहा तक सोवियत दृष्टिकोण का प्रश्न था, वह पहले से ही सकारात्मक था। सातवें दशक मे अमेरिका और चीन क बीच बनते हुये समीकरण मे, इसे एक तात्कालिकता भी दी। विश्व स्तर पर यदि एक त्रिकोणात्मक समीकरण उभरता है तो, सोवियत दृष्टि मे यह आवश्यक था कि अमेरिका को इस बात का एक तरफा लाभ नही मिलना चाहिये। तीन शक्तियो मे स वही एक मात्र ऐसी शक्ति थी जो अन्य दो शक्तियो के साथ सीधे सम्पर्क मे थी। सोवियत नीति की यह स्पष्ट धारणा थी कि सम्बन्धो मे सुधार तो अनेक स्थितिया पर निर्भर करेगा, लेकिन कम से कम चीन के साथ सीधा सम्पर्क तो स्थापित होना चाहिये। अन्यथा, चीन अमेरिका समीकरण के प्रति सोवियत संघ एक अनभिज्ञ तथा मूक दर्शक रह जायेगा। सफलता अथवा असफलता भी प्राथमिक रूप से इस बात पर निर्भर करती है कि भविष्य म उभरते समीकरणो मे सोवियत हस्तक्षेप करने मे तो सक्षम हो। अमेरिका के साथ सम्बन्धो मे समन्वय और सम्पर्क की प्रक्रिया स्थाई रूप से बन चुकी थी। चीन के साथ भी परस्पर संबधों म ऐसी ही प्रक्रिया की आवश्यकता थी। जहा तक अन्यत्र प्रभाव का प्रश्न था, सोवियत नीति भी चीन के साथ खुली और उग्र प्रतिस्पर्धा की थी। चीन त प्रभाव का मात्र सामरिक अथवा राजनीतिक अभिप्राय नही था। वैचारिक स्तर पर भी यह सोवियत मान्यताओ को चुनौती थी। अत ऐसी समस्त स्थितियो के द्वारा जहा चीन और

अमेरिका मिलकर प्रभाव बढाने का प्रयास करें, सोवियत सघ द्वारा इसका वैचारिक स्तर पर भी उग्र प्रचार किया जायें। सोवियत नीति को चीन के स्वतत्र अस्तित्व का स्पष्ट आभास था। अत सोवियत मान्यता मे एक अन्य अत्यधिक महत्वपूण पक्ष यह था कि, अमेरिका के साथ मिलकर अथवा उस पर दबाव डाल कर, चीन की अन्तर्राष्ट्रीय शाति मे प्रतिबद्धता हासिल की जायें। सोवियत दष्टि से, आणविक परीसिमन के प्रश्नो पर चीन की प्रतिबद्धता, इस सदभ मे तात्कालिक महत्व की थी। अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मे अमेरिका स्थाई हो रहे अन्तराष्ट्रीय सतुलन को स्वीकार कर चुका था। चीन के महत्व को देखते हुए, उससे भी ऐसी ही स्वीकृति की अपेक्षा थी। इन विभिन्न व्यावहारिक मान्यताओ के साथ, सोवियत सघ के परिपक्व विश्व दृष्टिकोण ने चीन के साथ उसके सम्बन्धो की नीति का निर्धारण किया।

सोवियत तथा चीन के बीच द्विपक्षीय स्तर पर सबधो मे तीन प्रमुख पक्ष रहे—सीमा विवाद का प्रश्न, परस्पर आर्थिक सहायता का प्रारूप तथा विश्व स्तरीय आणविक सतुलन की रूपरेखा। अमेरिका तथा चीन के बीच सबघ बनने की प्रक्रिया के साथ, सोवियत सघ ने चीन के साथ सीमा विवाद के प्रश्न पर वार्ता करने की पहल की बात रखी। 1972 मे निक्सन की चीन यात्रा से कुछ ही समय पूव सोवियत सघ न यह खुली घोषणा की कि, वह चीन के साथ न सिफ सीमा विवाद निबटाने को तैयार है अपितु एक अनाक्रमण सधि के लिए भी तत्पर है। तात्कालिक रूप से इसका प्रमुख अभिप्राय निक्सन यात्रा के दौरान उसके परिणामो को प्रभावित करना था। 1973 मे 10 वें अधिवेशन के दौरान चीन की कम्युनिस्ट पार्टी न सोवियत सघ के प्रति अपने वैचारिक दृष्टिकोण को और अधिक उग्र बनाया। लेकिन सीमा विवाद के प्रश्न पर सोवियत सघ के साथ सामान्यीकरण की बात रखी गई। 1974 मे अमेरिका और सोवियत सघ के बीच ब्लाडीवास्टोक मे द्वितीय सामरिक शस्त्र परिसोमन सधि पर हस्ताक्षर हुये। इस सधि से यह स्पष्ट हो रहा था कि चीन के साथ अमेरिका सबधो के सामान्य होना प्रमुख विश्व प्रश्नो पर सावियत अमेरिका सबघो मे सामूहिक दृष्टिकोण के लिये कोई विशेष प्रभाव नही रखता। इस दष्टि से 1974 मे चीन ने अपनी तरफ से भी सोवियत सघ के साथ सीमा विवाद को सुलझाने की पहल की। चीन के प्रस्ताव मे एक नया उल्लेखनीय परिवतन था। प्रथम बार चीन के इस आरोप को कि, 19वी शताब्दी की सोवियत-चीन सधियों को असमान माना जाये, तथा उन्हें भावी वार्ताओ का आधार भी बनाया जायें, औपचारिक रूप म व्यक्त नही किया गया। अथात सीमा विवाद की भावी वार्तायें, चीन के दृष्टिकोण मे, बिना किसी पूव शत के आयोजित की जा सकती है। माओ की मत्यु के बाद यह सम्भावना व्यक्त की गई कि सोवियत चीन सम्बन्धों मे उल्लेखनीय सुधार होगा।

कुछ नहीं हुआ। दिसम्बर 1976 में चीन ने एकपक्षीय रूप से सोवियत सघ का विरोध करते हुए सीमावार्ताओं की समस्या को असंदिग्ध बनाया। 1979 में सोवियत और चीन के बीच हुई 1950 म हुई सधि औपचारिक रूप से खत्म हुई। जिस दिन यह सधि खत्म हुई उसी दिन चीन ने सोवियत सघ के साथ सीमा वार्ता पुन प्रारम्भ करने की घोषणा भी की। इस वर्ष सीमा विवाद में वार्ताओं का एक सीमित दौर रहा। लेकिन 1980 म अफगानिस्तान में सोवियत उस स्थिति का विरोध प्रकट करते हुये यह वार्तायें अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दी गई। अफगान समस्या के उग्र स्वरूप के अवसान के साथ ही दोनों राष्ट्रों म पुन वार्ताओं की एक मानसिकता बनी है।

जहाँ तक व्यापार आदि के सबधों का प्रश्न है, इस क्षेत्र म धीमी लेकिन निरंतर प्रगति हुई है। दोनों राष्ट्रों के बीच व्यापारिक सबधों की पुन शुरुआत 1970 म हुई। इस वर्ष दोनों राष्ट्रों के बीच व्यापार मात्र 4 करोड 20 लाख रूबल का रहा। 1973 म बढकर यह 22 करोड 30 लाख तथा 1976 तक 40 करोड रूबल तक पहुँच गया। 1973 म दोनों राष्ट्रों के बीच नागरिक वायु सेवाओं की भी पुन शुरुआत हुई। सोवियत सघ के साथ आर्थिक तथा व्यापारिक सबधों की प्रक्रिया म एक सीमित स्तर पर स्थाइत्व की प्रवृति उभरी है। आणविक परिसीमन का प्रश्न अधिक दुरूह रहा है। अपने विकास के दौरान चीन ने हाल ही म अन्तरमहाद्वीपीय प्रक्षेपास्त्रों की क्षमता का परिचय भी दे दिया है। इस बढी हुई क्षमता का कोई विशेष प्रभाव सोवियत सघ के लिये नही देखा जा सकता। क्योंकि पहले की क्षमता के आधार पर भी सोवियत सघ चीन की आणविक मार के घेरे में था। लेकिन इस नई क्षमता ने चीन की आणविक मार को अमेरिकी महाद्वीप तक पहुचा दिया। इन घटनाओं के बाद सोवियत सघ ने इस बात पर और अधिक बल दिया है। कि विश्व स्तरीय आणविक परिसीमन के प्रश्न पर चीन की प्रतिबद्धता हासिल की जाये। इस दृष्टि से सोवियत सघ ने अमेरिका पर भी अपने दबाव को बढाया कि, वह भी चीन को ऐसी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिये तैयार करे। एक निश्चित सतुलन की स्थिति मे आ जाने के बाद, यह स्पष्ट सम्भावना बनती है कि चीन भी विश्व स्तरीय परिसीमन के प्रश्न पर अपने आपको सलग्न करने हेतु तैयार हो।

जहा तक अन्यत्र प्रभाव का प्रश्न था, चीन ने इस सम्बन्ध मे सक्रिय प्रयास किये। विशेषत माओ की मत्यु के बाद इन प्रयासो मे तीव्र गति आई। 1978 मे जापान और चीन के बीच एक मत्री सधि हुई और इसी वर्ष डेंग सियाओपिंग की जापान यात्रा की। अन्यत्र प्रभाव की दृष्टि से, सोवियत विरोधी आयोजन मे, चीन के शीर्षस्थ नेताओ की रूमानिया, युगोस्लाविया तथा ईरान की यात्रायें हुई। दक्षिण पूर्वी एशिया के राष्ट्रो के साथ भी सबधों को सामान्य बनाने की सक्रियता

दिखाई गई चीन की सोवियत विरोधी प्रतिस्पर्धाओ के प्रमुखत तीन केन्द्र कह जा सकते हैं। यूरोप, दक्षिण पूव एशिया तथा तृतीय विश्व के राष्ट्र विशेषत अफ्रिकी राष्ट्र। अफ्रिका के मुक्ति सघर्षों मे चीन की यह स्पष्ट नीति उभरी कि, सोवियत तथा अमेरिकी समर्थित शक्तियो के बराबर एक चीन समर्थित शक्ति को भी तैयार किया जाये। इस नीति की स्पष्टतम अभिव्यक्ति अगोला म हुई। वहा पर सोवियत समर्थित एम० पी० एल० ए० तथा अमेरिका समर्थित एफ० एन० एल० ए०, दो घटक थे। प्रारम्भ म चीन का समथन एम० पी० एल० ए० को ही मिला। लेकिन बाद मे इसमे विवाद उत्पन्न किये गय, और चीन के समथन से एक नया घटक "यूनिटा" अस्तित्व मे आया। इसके फलस्वरूप चीन का स्वतन्त्र प्रभाव तो व्यक्त हुआ, लेकिन इतने सघप की जनवादी शक्तियो को कमजोर बनाया। ऐसी ही नीति अफ्रिका अन्यत्र मोजाम्बिक, जिम्बाबे आदि म भी देखी गई। इस नीति के फलस्वरूप चीन अफ्रिकी मुक्ति सघर्षों के बीच अत्यधिक अलोक प्रिय हुआ। जायर म फ्रास के समथन जैसी घटनाओ ने, पूरे अफ्रिका म चीन की साख को गहरी चोट पहुचायी।

सोवियत सघ के साथ अन्यत्र प्रभाव प्रतिस्पर्धा मे चीन को विशेष सफलता नही मिली है। यही नही परम्परागत मित्र भी नही रहे। इस सदम मे चीन के लिये सबसे बडी ऐतिहासिक विडम्बना वियतनाम के सदभ मे हुई। वियतनाम के स्वतन्त्र अस्तित्व मे आने के बाद चीन ने उस सोवियत प्रभाव से अलग रखने के उग्र प्रयास किये। लेकिन वियतनाम की दष्टि मे सोवियत दष्टिकोण अधिक व्यावहारिक और साथक था। अत सोवियत वियतनाम सम्बन्धा मे तीव्र प्रगति हुई। जुलाई, 1978 म वियतनाम "कोमिकोन" का सदस्य बन गया। इसके बाद नवम्बर 1978 म सोवियत सघ और वियतनाम के बीच एक दीघकालीन मैत्री सन्धि सम्पन्न हुई। कम्बोडिया विवाद के दौरान वियतनाम ने पालपॉट के शासन के सोवियत विरोध का समथन किया। चीन ने दूसरी ओर पॉलपॉट की सत्ता का समथन किया। उस विवाद के दौरान वियततास का कम्बोडिया म हस्तक्षेप हुआ वियतनाम को "दक्षिण पूर्वी एशिया का क्यूबा" होने की सज्ञा भी इस घटना के बाद मिली। चीन वियतनाम सम्बन्धो मे इस घटना चक्र ने उग्र तनाव उत्पन्न किया। इसकी दुर्भाग्यपूण परिणति 1979 मे चीन द्वारा वियतनाम पर आक्रमण मे हुई। कम्बोडिया भी पॉलपॉट के शासन का पतन हो चुका था। वहा भी चीन को विफलता हाथ लगी। वियतनाम मे चीन के हस्तक्षेप की विश्व स्तरीय आलोचना हुई। चीन को अ तत वियतनाम से हटाना पडा। चीन ने दक्षिण पूव एशिया मे, इस प्रक्रिया के द्वारा अपने परम्परागत मित्रा को खो दिया।

जहा तक यूरोपीय राष्ट्रो का प्रश्न है वहा पर भी चीन को मिश्रित प्रतिक्रियायें मिली हैं। पश्चिमी यूरोप के राष्ट्र चीन के साथ द्विपक्षीय स्तर पर आर्थिक

तथा राजनीतिक सम्बन्धो को महत्वपूर्ण मानते हैं। इस क्षेत्र मे उल्लेखनीय प्रगति भी हुई। पश्चिमी यूरोप और चीन के बीच आर्थिक सहयोग निरन्तर बढ़ा है। लेकिन पश्चिमी यूरोप के राष्ट्र चीन के सोवियत विरोधी प्रयासो के प्रति पूर्णतया उदासीन रहे। यही नही, ऐसे प्रयासो की तीव्र प्रतिक्रिया भी हुई। पश्चिमी यूरोप के राष्ट्र चीन के साथ सम्बन्धो के ऐसे किसी स्वरूप को स्वीकार नही करते, जिसके फलस्वरूप सोवियत सघ के साथ उनके विकसित हो रहे सबधो पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़े। न तो वे सोवियत सबधो मे चीन से वैमनस्य को, और न ही चीन के साथ सबधो मे सोवियत सघ से वैमनस्य को, कोई प्राथमिक बात मानने को तयार है। दोनो के साथ समान व्यवहार तथा द्विपक्षीय स्तर पर सबधो का विकास उनका प्रमुख दृष्टिकोण है। पूर्वी यूरोप के राष्ट्रो म भी, चीन की परम्परागत मित्र अल्बानिया भी उसकी नीतियो की आलोचना करने लग गया है। अनवर होक्सा के नेतत्व मे अल्बानिया ने सोवियत और चीन दोनो की ही नीति को वर्गहीन दृष्टिकोण की नीति कहा है। बिगडते सबधो के बीच चीन ने अल्बानिया को सभी आर्थिक सहयोग बन्द कर दिया है। विगत मे चीन की भर्त्सना का प्रमुख पात्र, युगोस्लाविया आज चीन का एक मात्र पूर्वी यूरोपीय मित्र बन रहा है। युगोस्लाविया ने साम्यवादी खेमे म तनाव को कम करने हेतु मध्यस्थता की नीति भी अपनाई है। 1977 मे इस उद्देश्य से मार्शल टिटो की सोवियत यात्रा हुई, और 1978 मे उन्होने चीन का भ्रमण भी किया। चीन स उनका भव्य स्वागत किया और युगोस्लाविया के स्वतन्त्र प्रयासो की भरपूर प्रशसा भी हुई। लकिन युगोस्लाविया की मध्यस्थता की भूमिका को देखते हुये, चीन युगोस्लाव मैत्री का कोई विपरीत सोवियत पर सम्भव नही है। ऐसी स्थिति म भी युगोस्लाविया के साथ सबधो का एक विशेष महत्व है। भविष्य मे चीन और सोवियत के बीच सबधो म सामान्यीकरण की प्रक्रिया मे युगोस्लाविया की एक महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। मात्र यह तथ्य, स्वय म महत्वपूर्ण अभिप्रायो वाला है।

उपरोक्त विवेचन यह स्पष्ट करता है कि, पिछले दशक के दौरान सोवियत चीन सबधो मे प्रमुखत दो प्रवृत्तिया अभिव्यक्त हुई है। प्रथम, द्विपक्षीय सबधो के स्तर पर, सोवियत चीन सबधों में एक सीमित लगाव की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई है। यद्यपि इसमे प्रगति अत्यधिक धीमी रही है। वर्तमान ठहराव भविष्य मे एक नई सक्रियता की सम्भावनायें भी लिये हुये है। द्वितीय, जहा तक अन्यत्र प्रतिस्पर्धा का प्रश्न है। चीन की नीति अधिकाशत विफल और आत्मघाती ही रही है। एक ओर जहा सोवियत विरोधी मोर्चे की सम्भावनाओ मे चीन कोई उपलब्धि हासिल नही कर पाया है, वही एक स्वतन्त्र प्रभाव के रूप मे चीन की सक्रियता भी स्थापित हुई है। विश्व के राष्ट्र चीन के साथ बिना किसी पूर्वग्रह के सबध बढाने के लिये तत्पर हैं। इन सबधो को द्विपक्षीय आधार पर ही आयोजित होने की सभावना है। इससे

अधिक कोई अन्य अभिप्राय सम्भव नही है। भावी वर्षों मे भी सोवियत चीन सबधो का विकास इ ही सन्दर्भों मे होगा। भावी सोवियत चीन मैत्री, एक दूसरे के स्वतत्र अस्तित्व की मान्यता पर आधारित होगी, न कि किन्ही असमान शर्तों पर।

चीन-अमेरिका सबध मैत्री की ओर सहमे हुये कदम (1969 1979)

चीन और अमेरिका के बीच नवोदित समीकरण के प्रति अनेक पयवेक्षक अति उत्साही दृष्टिकोण अपना रहे हैं। कुछ अन्य ने इसे अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मे विचारधारा के प्रभाव की समाप्ति का स्पष्ट लक्षण बताया है। लेकिन चीन अमेरिका के बीच उभरते सबधो का सही विश्लेषण किया जाय तो, ऐसी दोनो ही मान्यतायें निराधार प्रतीत होगी। जहा तक विचारधारा का प्रश्न है वह आज भी साथक है। चाहे सोवियत सघ के साथ सबधो का प्रश्न हो अथवा अमेरिका के साथ चीन का विश्व दृष्टिकोण आज भी प्रमुख स दभ है। अति उत्साही दृष्टि कोण इस बात का समझने म अक्षम हैं कि अब तक के चीन अमेरिका सबधो की प्रक्रिया कोई तीव्र विकास की गति को प्रतिपादित नही करती है। पिछले दशक म, चीन को राजनयिक मान्यता का प्रश्न भी एक दुरूह प्रक्रिया वाला रहा है। ताइवान का प्रमुख विवाद जोकि दोनो पक्षों के लिय अत्यधिक महत्व का है सुलझना शेष है। यह कोई आसान विवाद भी नही है। परम्परागत विवादो के सुलझाने की स्थिति म भी ऐस अनेक नय पक्ष उभरेंगे जोकि नये त्रिकोणात्मक सतुलन की उपज हागे। चीन अमेरिका सबधो का स्वतत्र विकास आज के अन्तर्राष्ट्रीय परिवेश मे असभव है। इन दोनो राष्ट्रा से सोवियत सबधो का प्रभाव एक विशष महत्व का है। अत परम्परागत विवादा के सुलझने के बाद भी चीन अमेरिका सबघो की कोई सतत विकास की प्रक्रिया सभव नही है। अब तक के चीन अमेरिका सबधो का दायरा परम्परागत जडता को समाप्त करने की प्रक्रिया रही है। इस परिधि मे भी दोनो पक्षो के कदम अत्यधिक सहमे हुए प्रतीत होते हैं। परस्पर सबधो के बनने की प्रक्रिया का औचित्य स्थापित करना दोनो राष्ट्रो के लिये आन्तरिक स्तर पर एक दुरूह काय रहा है। इस दशक का विश्लेषण इन पक्षा को उद्घाटित करेगा।

राजनीतिक प्रयासो के मूलभूत आर्थिक आधार भी थे। उग्र अमेरिकी हस्तक्षेप की नीति आर्थिक हितो के विपरीत थी। लेकिन अधिक महत्वपूण आर्थिक हित चीन के साथ सबधो स जुडे थे। ततीय विश्व के राष्ट्रो म आर्थिक स्वतन्त्रता की माग ने साम्राज्यवाद की व्यवस्था को अपूरणीय आघात पहुचाया। इस दृष्टि स, अमेरिका को नय विश्व बाजार की तात्कालिक आवश्यकता थी। मुद्रा के रूप मे डॉलर का मूल्य अनिश्चित बन रहा था। जापान की आर्थिक प्रतिद्वद्विता विश्व

बाजार मे ही नही अपितु, अमेरिकी बाजार मे भी उग्र चुनौती के रूप म उभर चुकी थी । पश्चिमी यूरोपीय राष्ट्र भी औद्योगिक सकट के भवर म थे । इन राष्ट्रो की नीति स्वतन्त्र स्तर पर भी इस सकट से उभरने के लिये पहले स ही क्रियाशील रही थी । अन्तर्राष्ट्रीय सबधो म शिथिलता की माग यूरोप से ही उपजा थी। इन्ही राष्ट्रो ने सोवियत सघ के साथ सबध बढाने की पहल की थी, और अब चीन के साथ भी ऐसी ही प्रक्रिया मे सलग्न थे । अमेरिका के लिए इन सन्दर्भो के बीच चीन के साथ सामान्यीकरण का प्रश्न राजनीतिक महत्व स कही अधिक महत्व का था । आर्थिक सबधो की प्रक्रिया को स्थाई करने के लिए राजनीतिक स्तर पर सामान्यीकरण अनिवार्य था । चीन, न सिर्फ राजनीतिक महत्व का राष्ट्र था, अपितु अपनी 75 करोड जनसख्या के साथ एक बहुत बडा आर्थिक बाजार भी । जहा तक चीन का प्रश्न था, वहा का नया उभरता दृष्टिकोण आधुनिकीरण और औद्योगीकरण का पक्षधर था । इन आर्थिक आधारो के विकास के साथ-साथ चीन अमेरिका सबधो का भी विकास हुआ । राजनीतिक अथवा वैचारिक स्तर पर अनेक जटिलतायें भी उभरी । इन सब अवरोधो के बीच म भी सबधो की एक नई परिभाषा तथा राजनीतिक विवादो से जूझने का एक नया दृष्टिकोण उत्पन्न हुआ ।

निक्सन प्रशासन के आगमन के बाद, एक लम्बे समय से चली आ रही विदेश-नीति मे पुनर्विचार की मान्यता स्पष्ट रूप से परिभाषित हुई अमेरिका क पिछले अनुभव उग्र हस्तक्षेप की नीति की विफलता के अनुभव थ । अत आवश्यक बदलाव को व्यक्त करते हुये, जनवरी 1969 म निक्सन ने अपन प्रथम नीतिपरक भाषण मे उद्घोषणा की कि 'टकराहट के एक लम्बे काल के बाद हम वार्ताओ के काल म प्रवेश कर रहे हैं । प्रत्येक राष्ट्र को हमारा यह सदेश है कि, हमार प्रशासन के दौरान सम्पर्क और वार्ता के द्वार सदैव खुले रहेंगे । जो हमारे प्रतिद्वंद्वी हैं, उन्हें हम शान्तिपूर्ण प्रतियोगिता के लिये आमन्त्रित करते हैं ।' निक्सन की इस घोषणा का चीन के साथ सबधो के लिये एक परोक्ष लेकिन स्पष्ट अभिप्राय था । दोनो राष्ट्रो मे सबधो के सामान्यीकरण म कोई तात्कालिक सुधार नही हुआ । अप्रैल, 1969 मे चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के 9वें अधिवेशन के बाद चीन की ओर से भी भावी सबधो के आधार तैयार हुये । जुलाई, 1969 मे, बहुप्रचलित "निक्सन सिद्धान्त" प्रतिपादित हुआ । इसके अनुसार अमेरिकी विदेशनीति की यह मान्यता व्यक्त की गई कि एशिया के तनाव कम करने की दृष्टि से कहा पर अमेरिकी प्रतिबद्धता को कम किया जायगा । जहा कही भी विवाद है, प्रमुख दायित्व वही की शक्तियो का होगा और अमेरिका वियतनाम जैसी सीधी हस्तक्षेप की नीति नही अपनायेगा । नये वर्ष के प्रारम्भ से, इस अमेरिकी बदलाव को देखते हुये, चीन अमेरिका की राजदूत स्तरीय वार्ताएं पुन , प्रारभ हुईं । लेकिन, इस बीच दक्षिण पूर्वी एशिया की कुछ घटनाओ ने, जिनमे चीन समर्थित कम्बोडिया के सिहानुक

नेतृत्व का पतन हुआ, चीनकी नीति को अमेरिका के प्रति अशा त बनाये रखा।

इन आशकाओ के समाना तर अमेरिका की ओर स नये प्रयास हुए। फरवरी 1971 मे निक्सन न अमेरिकी काग्रेस क सामन यह व्यक्त किया कि अमेरिकी नीति चीन को विश्व समुदाय म सकारात्मक सवध बनाने हेतु प्रेरित करने की नीति है। इस दष्टिकोण के साथ अमेरिका सक्रिय भी है। चीन की ओर से अमेरिकी प्रयासा का प्रत्युत्तर जनता के राजनय के रूप म अमेरिकी टेबिल-टेनिस टीम को आमा त्रत करक दिया गया। स्वय चाऊ एन लाई ने इस टीम के स्वागत के अवसर पर अमेरिका क साथ सबध सुधारने की आशा व्यक्त की। 15 जुलाई, 1971 म निक्शन प्रशासन क लिये अभूतपूव सफलता की घोषणा का दिन बन गया। अमेरिकी जनता के टेलिविजन पर सम्बोधित करते हुये निक्सन ने चीन के साथ सवध सुधारन के लिये की गई "कीसिंजर" की गुप्त यात्राओ को स्वीकार किया। अपनी भावी चीन यात्रा की घोषणा करते हुये निक्सन ने कहा कि ' आज मैं हमारे विश्व शा ति के प्रयासो मे एक महत्वपूण उपलब्धि को व्यक्त करन उपस्थित हुआ हू। विश्व म स्थाई शा ति का कोई भी प्रारूप चीन और उसको 75 करोड, जनता की भागीदारी के बिना असम्भव है। मैं हमारी नीति को स्पष्टतम स दभ मे रखना चाहूगा। हमारी नीति का कोई भी कदम हमारे परपरागत मित्रो के हितो की बलि देकर नही उठाया जायेगा। चीन के साथ हमारी मैत्री किसी अ य राष्ट्र के विरोध के लिये भा नही है। बिना किसी दूसर का दुश्मन हुये कोई भी राष्ट्र हमारा मित्र हो सकता है। ऐसे दृष्टिकोण और भावना के बीच, मे चीन की भावी यात्रा कर रहा हू, इस दढ विश्वास के साथ कि यह यात्रा शा ति की यात्रा बन जायेगी।' निक्शन प्रशासन को इस नीति की आ तरिक स्तर पर मिश्रित प्रति क्रियायें हुइ। कुछ उग्रविरोधिया ने इसकी तीव्र नि दा भी की, और इस अति उत्साही तथा अयथार्थवादी की सज्ञा दी गई। लेकिन आम स्तर पर, अमेरिकी जनता की मानसिकता पिछल अनुभवो के आधार पर हस्तक्षेप की नीति की विरोधी बन चुकी चुकी थी। अत साधारण स्तर पर इस नीति का स्वागत ही हुआ। शायद ऐसी स्थिति को जानते हुये ही, निक्सन ने अपनी घोषणा को सार्व-जनिक घोषणा बनाने का निश्चय किया। इस नये समीकरण मे, जहा तक चीन की पहल का सवाल था, वह अत्यधिक सहमी हुई रही। अमेरिका के साथ सबधो ने पार्टी मे एक उग्र विवाद को ज म दिया। लिन पियाओ तथा माओ क बीच विवाद स्पष्ट रूप से उभरा। पार्टी के 9वें अधिवेशन के बाद लिन पियाओ के पतन के आसार उभरने लगे, जोकि उसके द्वारा किये गये, इस बदलाव के उदासीन क्रिया वन पर आधारित रहे। इस बढते हुये विवाद क बीच माओ ने स्वय सार्व जनिक रूप से इस बदलाव को व्यक्त किया। यात्रा कर रहे एडगारस्नो को माओ ने कहा कि, ' हम निक्सन को पर्यटक के रूप म या फिर राष्ट्रपति के रूप म भी

हमारे यहाँ देखने को तैयार है। माओ की मूक स्वीकृति के बाद राजनयिक गतिविधियाँ अमेरिका की तरफ से तेज की गई। चीन की पार्टी का आन्तरिक विवाद भी उग्र हुआ। 1971 में लिन पियाओ के पतन के साथ माओ का दृष्टिकोण पूर्णतः स्थापित हो गया। चीन में किये इस बदलाव की स्थिति का औचित्य पूर्ण ठहराना एक मुश्किल था। यद्यपि दृष्टिकोण के स्तर पर बुद्धिजीवी वर्ग तो इसे फिर भी समझ सकता था लेकिन जनसाधारण में इस बदलाव को स्थापित करना माओ की पद्धति में एक अनिवार्य कार्य थी।

तीन प्रमुख बातें इस बदलाव के औचित्य के लिए कही गईं। प्रथम, वियतनाम संघर्ष ने अमेरिका को चीन के क्रांतिकारी दृष्टिकोण का अनुभव करवा दिया है। बदली हुई परिस्थितियों में अमेरिका के लिए यह असम्भव हो गया है कि वह चीन के राजनीतिक अस्तित्व को नकार सके। साम्राज्यवाद द्वारा की गई चीन की राजनयिक नाकेबन्दी स्वयं धराशाही हो गयी है। पहल अमेरिका की है, अतः सम्बन्धों में चीन क्षमता और आत्मविश्वास के साथ शामिल होगा और अमेरिका एक कमजोर स्थिति से। द्वितीय, वार्ताएं अपने आप में कोई वैचारिक भटकाव नहीं दर्शाती। वार्ताओं का होना तथा समझौतावादी दृष्टिकोण एक दूसरे के पर्याप्त नहीं है। किन्हीं विशेष स्थितियों में वार्ताएं भी संघर्ष का माध्यम हो सकती हैं। इस दृष्टि से यह कहा गया कि 'जैसे को तैसा" किस रूप में दिया जाये, यह अलग अलग स्थितियों पर निर्भर करता है। कभी वार्ताएं करना जैसे को तैसा होता है तो कभी वार्ताएं न करना। पहले भी हम नहीं थे कि हमने वार्ताएं नहीं की, और आज भी हम वार्ता करते रहे है। दोनों स्थितियों में हमने अमेरिका को जैसे को तैसा दिया है। तृतीय, इन बदलाव की स्थितियों के समक्ष ऐतिहासिक उदाहरण भी प्रस्तुत किये गये क्रांतिकारी संघर्ष के दौरान हुई, उन स्थितियों को पुनः याद करवाया गया जब कम्युनिस्ट पार्टी ने कुओ मिन-तांग के साथ वार्ताओं का एक लम्बा दौर चलाया था। सन्देश स्पष्ट था—यह कि जिस प्रकार उस समय वार्ताएं क्रांतिकारी आंदोलन को बढ़ाने में सहायक थी, ठीक उसी प्रकार आज की स्थिति है। इस संदर्भ में, क्रांति के दौरान अपनायी गई संयुक्त मोर्चे की नीति को भी पुनः दोहराया गया। इन विभिन्न आधारों पर, पार्टी और पार्टी के [illegible] सक्रिय प्रचार के माध्यम से चीन ने बदलाव की इस मानसिकता को स्थापित किया।

1972 में निक्सन की चीन यात्रा के साथ, अमेरिका चीन सम्बन्धों में एक नया अध्याय जुड़ा। निक्सन की यात्रा के दौरान परस्पर विचारों का आदान प्रदान से अधिक कोई अन्य परिणाम नहीं निकला। लेकिन, मात्र यात्रा अपने आप एक महत्व की थी। चीन और अमेरिका के बीच विभिन्न प्रश्नों पर वार्ताओं का वास्तविक दायित्व किसिंजर और चाऊ एन लाई का रहा। किसिंजर की निरंतर

चीन यात्राएं हुई । इन विभिन्न यात्राओ मे, प्रारम्भिक उत्साह का क्रमिक अवसान देखने को मिलता है। आर्थिक मामलो मे सहयोग की प्रक्रिया मे तो निरन्तरता आई, लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति पर कोई संयुक्त दृष्टिकोण नही उभर सका। यह स्वाभाविक ही था । जहा एक ओर चीन की नीति आत्मकेंद्रित और सीमित थी, वही दूसरी ओर अमेरिका के दृष्टिकोण म उसकी विश्वस्तरीय भूमिका और विश्व सन्तुलन के प्रश्न भी अत्यधिक महत्व के थे। यूरोपीय राष्ट्रो के हेलसिंकी सम्मेलन ने, पूर्वी यूरोप म सोवियत प्रभाव को परोक्ष मा यता दी । चीन ने इस सम्मेलन की तीव्र आलोचना की, और इसकी तुलना प्रथम विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी को छूट दिये जाने वाली नीति से की गई इस तुलना का अभिप्राय था कि, जर्मनी को दी जाने वाली छूट ने द्वितीय विश्वयुद्ध पैदा किया, सोवियत सघ के प्रति ऐसी नीति एक और विश्वयुद्ध को जन्म देगी। अमेरिका और सोवियत सघ के बीच 1974 मे व्लाडीवास्टाक मे द्वितीय सामरिक शस्त्र परिसीमन संधि हुई। चीन ने इसकी उग्र प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस सधि की आगामी आणविक होड से पूर्व बनाये जा रहे नियमो की संज्ञा दी गई। चीन की दृष्टि मे सधि की वैधता एक कागज के टुकड़े से अधिक नही थी, और न ही इसकी कोई विश्व शांति मे उपयोगिता थी। 1974 मे किसिंजर की 7वी चीन यात्रा हुई। यात्रा के दौरान अमेरिका चीन सम्बन्धो म ठहराव स्पष्ट हुआ। प्रथम अवसर था कि, माओ किसिंजर से नही मिले। चीन अमेरिका सम्बन्धो मे यह ठहराव लम्बे समय तक बना रहा। आर्थिक क्षेत्र म निरन्तर प्रगति हुई। दोनो राष्ट्रो के बीच व्यापार बढकर 1974 मे 100 करोड डालर का हो गया। लेकिन इस क्षेत्र मे भी कुछ अवरोध उत्पन्न हुये। चीन पार्टी मे आतरिक विवाद, विशेषत माओ की मृत्यु के बाद उग्र हुआ। इन वर्षों म परस्पर आर्थिक सहयोग म भी कुछ गिरावट आई। चीन की नीति इन वर्षो मे पश्चिमी यूरोप तथा जापान के साथ सम्बन्धो के प्रति अधिक सक्रिय रही, यूरोपीय राष्ट्रो से विशेषत सैनिक व्यापार भी हुआ, जिसमे 10 करोड डॉलर के जेट इन्जिनो की खरीद विशेष उल्लेखनीय थी। अमेरिका के साथ सम्बन्धो मे ठहराव बना रहा।

1977 मे चीन अमेरिका सम्बन्धो मे एक बार पुन सक्रिय स्वरूप उभरा। इस वर्ष चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का 10वा अधिवेशन सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन मे डेंग सियाओ पिंग के नेतृत्व की पुन स्थापना हुई। इस नेतृत्व के आगमन के साथ ही चीन मे एक दूरगामी आधुनिकीरण के कार्यक्रम को भी स्वीकृत किया गया। पश्चिमी राष्ट्रो के साथ एक लम्बे समय का आर्थिक सहयोग इस नये कार्यक्रम का अभिन्न भाग था। विश्व स्तर पर बढती हुई सोवियत सक्रियता, चीन अमेरिका के लिये एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक सदस्य था।

अमेरिका मे कार्टर नेतृत्व के आगमन के बाद चीन से सबध सुधारने की नई

पहल की गई। अगस्त 1977 में अमेरिकी विदेश मंत्री साईरस वेंस की चीन यात्रा हुई। इस यात्रा के दौरान चीन ने अमेरिका को यह स्पष्ट किया कि जब तक उसके अस्तित्व को औपचारिक मान्यता नहीं मिलती, तथा ताइवान का प्रश्न नहीं सुलझाया जाता, तब तक सम्बन्धों में भावी विकास सम्भव नहीं है। इन प्रश्नों पर अमेरिकी प्रशासन में एक लम्बी आंतरिक मंत्रणा रही। दिसम्बर, 1978 में राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने यह ऐतिहासिक घोषणा की कि, नव वर्ष से चीन और अमरिका के बीच राजनयिक सम्बन्ध स्थापित होंगे। इसी आधार पर एक घोषणा चीन में भी की गई। जनवरी 1979 में, औपचारिक मान्यता पाने के बाद, चीन के प्रथम प्रतिनिधि के रूप में डेंग सियाओ पिंग की अमेरिका यात्रा हुई। इस यात्रा के दौरान दोनों राष्ट्रों के विश्व दृष्टिकोण में विभेद एक बार पुनः व्यक्त हुआ। डेंग ने खुले रूप से सोवियत संघ की भर्त्सना की, और इस सम्बन्ध में वियतनाम का उसके कम्बोडिया के आक्रमण पर सबक सिखाने की बात भी कही गई। ऐसी खुली घोषणाएं और आलोचनाएं, अमेरिकी नीति के लिए संकोच का विषय बन गई। अमेरिकी नीति अपने सोवियत संबंधों के महत्व को भी उतना ही मानती थी जितना कि चीन के साथ संबंधों के महत्व को। डेंग की अमेरिका यात्रा के तुरंत बाद चीन द्वारा वियतनाम पर आक्रमण ने अमेरिकी नीति के लिए और अधिक विचित्र स्थिति उत्पन्न की।

राजनयिक मान्यता के बाद चीन अमेरिकी संबंधों में कोई विशेष उल्लेखनीय प्रगति नहीं कही जा सकती। ताइवान का परम्परागत विवाद आज भी उपस्थित है। चीन को औपचारिक मान्यता देने के बाद भी, अमेरिका और ताइवान के संबंध यथावत बने हुए हैं। ताइवान का प्रश्न चीन के लिए एक आत्मसम्मान का प्रश्न है। लेकिन, बदली हुई अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में अमेरिका के लिए ताइवान का सामरिक महत्व और अधिक बढ़ गया है। दक्षिण पूर्व एशिया में चीन का प्रभाव क्षेत्र सोवियत प्रभाव में समा गया है। अतः इस दृष्टि के ताइवान में अमेरिकी उपस्थिति उसके सामरिक हितों के लिए और अधिक अपरिहार्य बन गयी है। 1980 में अफगान विवाद और सोवियत हस्तक्षेप, चीन और अमेरिका के लिए चिन्ता का विषय अवश्य है। सोवियत संघ का बढ़ता हुआ प्रभाव दोनों राष्ट्रों के बीच अधिक निकट सहयोग के आधार भी बनाता है। लेकिन दोनों राष्ट्र एक दूसरे के इरादों के प्रति पूर्णतः आश्वस्त नहीं है और न ही उन्होंने ऐसी क्षमता की संभावना का परिचय ही दिया है। चीन, संयुक्त मोर्चे की संभावनाओं में, अमेरिकी सक्रियता तथा निश्चित प्रतिबद्धता चाहता है। अमेरिका ऐसी किसी स्थिति के लिए तत्पर नहीं है, क्योंकि वह चीन की सीमित क्षमता को समझता है। अतः व्यावहारिक स्तर पर ऐसे किसी मोर्चे का प्रमुख दायित्व अमेरिका का ही बन जायगा। यही नहीं, चीन-सोवियत संबंधों के भावी स्वरूप के बारे में भी कोई

निश्चित अमेरिकी दष्टिकोण बनना असभव है। इन विभिन्न अनिश्चिताओ को देखते हुए यह दष्टिकोण गलत होगा कि, भविष्य मे अमेरिका चीन सबधो मे कोई सक्रिय एकजूटता उभरेगी। हाल ही मे अमेरिका ने ताइवान को सैनिक सामान दिया है, जिसकी चीन मे उग्रप्रतिक्रिया भी हुई है। अत यह स्पष्ट है कि विभिन्न अनिश्चितताओ के बीच अमेरिका ताइवान म अपने सामरिक ये द्र को खो देने के लिए तैयार नही होगा। चीन भी इस प्रश्न पर समझौता नही कर सकता। अत चीन अमेरिका सबधो का भावी स्वरूप सीमित सहयोग और असीमित अनिश्चित ताओ के मिश्रित सदर्भो मे विकसित होगा।

अध्याय 7

एशिया की जागृति

एशिया की जागृति बीसवीं शताब्दी की सबसे महत्त्वपूर्ण घटना है। मानव सभ्यता और संस्कृति का पोषक यह पुरातन भूखण्ड, एशिया, शताब्दियों तक विदेशी दासता की शृंखलाओं में जकड़ा रहा। द्वितीय महायुद्ध की समाप्ति और संयुक्त राष्ट्र की स्थापना ने इसे विदेशी शासन के शिकंजे से मुक्त होने में सहयोग दिया। शताब्दियों से महानिद्रा में डूबा एशिया अब उठ खड़ा हुआ है। इसे अपने महत्त्व का ज्ञान हो गया है। सम्पूर्ण महाद्वीप में चेतना की नयी लहर दौड़ गयी है और पिछले तीस वर्ष में इस भूखण्ड पर घटने वाली घटनाओं ने आभास करा दिया है कि अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियों का केन्द्र यूरोप से हटकर एशिया में चला आया है जहां आने वाले कुछ वर्षों में मानवता के भविष्य का फैसला होना है। सुप्रसिद्ध इतिहासकार टॉयनबी ने लिखा है कि 'साम्यवाद की चुनौती का भी महत्त्व कम हो जायेगा जब भारत और चीन की कहीं अधिक शक्तिशाली सभ्यतायें पश्चिम की चुनौती का उत्तर देने लगेंगी। जितना प्रभाव रूस अपने साम्यवाद द्वारा डालने की आशा करता है, उससे कहीं अधिक गहरा प्रभाव ये सभ्यताएं आगे चलकर हमारे पाश्चात्य जीवन पर डालेंगी।" इस दृष्टिकोण में व्यक्त सभ्यतापरक चुनौती की बात का एक सार्थक आधार है। लेकिन, एशिया के गर्भ से भी उग्र सामाजिक आर्थिक संघर्षों की उत्पत्ति अत्यंत प्रबल सम्भावना बनती जा रही है। चीन और हिन्द चीन के अनुभव इस ऐतिहासिकता के सजीव साक्षी हैं।

परिचय

एशिया भूमण्डल का सबसे बड़ा महाद्वीप है। यह पूर्व में प्रशान्त महासागर से पश्चिम में भूमध्य सागर और उत्तर में आर्कटिक महासागर से दक्षिण में हिन्द महासागर तक फैला हुआ है। इस प्रकार सम्पूर्ण विश्व के एक तिहाई भू भाग पर इसका अधिकार है और संसार की आधे से अधिक जनता इस भूखण्ड पर निवास करती है। दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश—चीन और

भारत—इसी महाद्वीप के अग हैं।

अ तर्राष्ट्रीय सम्ब धो की दृष्टि स एशिया को निम्नाकित पाच भागो मे बाटा जा सकता है—

(1) सोवियत एशिया।
(2) पूर्वी एशिया।
(3) दक्षिण पूर्वी एशिया।
(4) दक्षिणी एशिया।
(5) पश्चिमी एशिया।

सोवियत एशिया—सोवियत सघ का अधिकाश क्षेत्र एशिया मे आता है। उसके 15 गणराज्यो म 8 गणराज्य—कजाकिस्तान, तुर्कमेनस्तान, किरघीजिया, ताझिकिस्तान, जार्जिया अजरबेजान और आरमेनिया—पूरी तरह एशिया महाद्वीप के भौगोलिक दायरे म है। इसके अतिरिक्त सोवियत सघ के सबसे बडे गणराज्य—रूसी सावियत सघीय समाजवादी गणराज्य (RSFSR)—का काफी क्षेत्र एशिया मे है। भौगोलिक दष्टि से सोवियत सघ को एशिया की शक्ति मानना चाहिये, कि तु अ तर्राष्ट्रीय राजनीति मे उसे नस्लगत आधार पर तथा राजधानी के मॉस्को मे स्थित होने के कारण यूरोपीय शक्ति माना जाता है। भारत ने भी यदाकदा सोवियत सघ को एशिया का ही एक अग माना है। जून 1965 मे होने वाली अल्जीरियाई सम्मेलन म उसने सोवियत सघ को आमन्त्रित किये जाने की माग की थी। लेकिन यह चीन की उपस्थिति को सतुलित करने की दष्टि स व्यक्त विचार था।

पूर्वी एशिया—इसे सुदूर पूव (Far East) भी कहत हैं। इसके अ तगत चीन, ताइवान, हागकाग, कोरिया, जापान व वाह्य मगोलिया आते हैं। महायुद्ध स पूव जापान को छोडकर य सारे देश साम्राज्यवादी लिप्सा, दमन और शोषण के शिकार थे। जिन दिना यूरोप की शक्तिया अजेय समझी जाती थी उन दिना छोटे से जापान ने दैत्याकार रूस को पराजित करके (1904 5) तथा 'एशिया एशियावासियो का है' का नारा दकर गोरे साम्राज्यवादियो की नीद हराम कर दी थी। द्वितीय महायुद्ध के दौरान पूर्वी एशिया और दक्षिण पूर्वी एशिया से गोरा को खदडकर जापान ने अपने साम्राज्य का किया। जापान के आत्मसमपण के साथ ही सुदूर पूव की नीद उचट गयी। आज समस्त सुदूर पूव जाग चुका है और विदेशी शासन कलक को धो चुका है। चीन और जापान के अभ्युदय स एक नये सुदूर पूव का ज म हुआ है। उनकी नीतियो और आचरण पर बहुत कुछ सीमा तक विश्व शा ति निभर हैं।

दक्षिण पूर्वी एशिया—असाधारण अ तर्राष्ट्रीय महत्त्व के आठ राष्ट्र—बर्मा, थाईलैंड, इण्डोनेशिया, मलयेसिया, फिलीपाइ स, वियतनाम कम्पूचिया और

अध्याय 7

एशिया की जागृति

एशिया की जागृति बीसवीं शताब्दी की सबसे महत्त्वपूर्ण घटना है। मानव सभ्यता और संस्कृति का पोषक यह पुरातन भूखण्ड, एशिया, शताब्दियों तक विदेशी दासता की शृंखलाओं में जकड़ा रहा। द्वितीय महायुद्ध की समाप्ति और संयुक्त राष्ट्र की स्थापना ने इसे विदेशी शासन के शिकंजे से मुक्त होने में सहयोग दिया। शताब्दियों से महानिद्रा में डूबा एशिया अब उठ खड़ा हुआ है। इसे अपने महत्त्व का ज्ञान हो गया है। सम्पूर्ण महाद्वीप में चेतना की नयी लहर दौड़ गयी है और पिछले तीस वर्ष में इस भूखण्ड पर घटने वाली घटनाओं ने आभास करा दिया है कि अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियों का केन्द्र यूरोप से हटकर एशिया में चला आया है जहां आने वाले कुछ वर्षों में मानवता के भविष्य का फैसला होना है। सुप्रसिद्ध इतिहासकार टॉयनबी ने लिखा है कि 'साम्यवाद की चुनौती का भी महत्त्व कम हो जायेगा जब भारत और चीन की कहीं अधिक शक्तिशाली सभ्यतायें पश्चिम की चुनौती का उत्तर देने लगेंगी। जितना प्रभाव रूस अपने साम्यवाद द्वारा डालने की आशा करता है, उससे कहीं अधिक गहरा प्रभाव ये सभ्यताएं आगे चलकर हमारे पाश्चात्य जीवन पर डालेंगी।' इस दृष्टिकोण में व्यक्त सभ्यतापरक चुनौती की बात का एक सार्थक आधार है। लेकिन, एशिया के गर्भ से भी उग्र सामाजिक आर्थिक संघर्षों की उत्पत्ति अत्यंत प्रबल सम्भावना बनती जा रही है। चीन और हिन्द चीन के अनुभव इस ऐतिहासिकता के सजीव साक्षी हैं।

परिचय

एशिया भूमण्डल का सबसे बड़ा महाद्वीप है। यह पूर्व में प्रशान्त महासागर से पश्चिम में भूमध्य सागर और उत्तर में आर्कटिक महासागर से दक्षिण में हिन्द महासागर तक फैला हुआ है। इस प्रकार सम्पूर्ण विश्व के एक तिहाई भू भाग पर इसका अधिकार है और संसार की आधे से अधिक जनता इस भूखण्ड पर निवास करती है। दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश—चीन और

भारत—इसी महाद्वीप के अग हैं।

अ तर्राष्ट्रीय सम्ब धा की दष्टि से एशिया को निम्नाकित पाच भागो मे बाटा जा सकता है—

(1) सोवियत एशिया।
(2) पूर्वी एशिया।
(3) दक्षिण पूर्वी एशिया।
(4) दक्षिणी एशिया।
(5) पश्चिमी एशिया।

सोवियत एशिया—सोवियत सघ का अधिकाश क्षेत्र एशिया मे आता है। उसके 15 गणराज्यो मे 8 गणराज्य—कजाकिस्तान तुर्कमेनिस्तान, किरधीजिया, ताझिकिस्तान, जार्जिया अजरबेजान और आरमेनिया—पूरी तरह एशिया महाद्वीप के भौगिलिक दायरे मे है। इसके अतिरिक्त सोवियत सघ के सबसे बड़े गणराज्य—रूसी सोवियत सघीय समाजवादी गणराज्य (RSFSR)—का काफी क्षेत्र एशिया मे है। भौगोलिक दष्टि से सोवियत सघ को एशिया की शक्ति मानना चाहिये, कि तु अ तर्राष्टीय राजनीति मे उस नस्लगत आधार पर तथा राजधानी के मॉस्को म स्थित होने के कारण यूरोपीय शक्ति माना जाता है। भारत ने भी यदाकदा सोवियत सघ को एशिया का ही एक अग माना है। जून 1965 मे होने वाली अल्जीरियाई सम्मलन मे उसने सोवियत सघ को आमन्त्रित किये जाने की माग की थी। लेकिन यह चीन की उपस्थिति को सतुलित करने की दष्टि स व्यक्त विचार था।

पूर्वी एशिया—इसे सुदूर पूव (Far East) भी कहते हैं। इसके अ तगत चीन, ताइवान, हागकाग, कोरिया, जापान व वाह्य मगोलिया आते हैं। महायुद्ध स पूव जापान को छोडकर य सारे देश साम्राज्यवादी लिप्सा, दमन और शोषण के शिकार थे। जिन दिनो यूरोप की शक्तिया अजेय समझी जाती थी उन दिनो छोटे से जापान ने दैत्याकार रूस को पराजित करके (1904 5) तथा 'एशिया एशियावासियो का है' का नारा दकर गार साम्राज्यवादियो की नीद हराम कर दी थी। *द्वितीय महायुद्ध के दौरान पूर्वी एशिया और दक्षिण पूर्वी एशिया स गोरो* को खदेडकर जापान ने अपने साम्राज्य का किया। जापान के आत्मसमपण के साथ ही सुदूर पूव की नोद उचट गयी। आज समस्त सुदूर पूव जाग चुका है और विदशी शासन कलक को धो चुका है। चीन और जापान के अभ्युदय स एक नये सुदूर पूव का ज म हुआ है। उनकी नीतियो और आचरण पर बहुत कुछ सीमा तक विश्व शा ति निभर हैं।

दक्षिण पूर्वी एशिया—असाधारण अ तर्राष्ट्रीय महत्त्व के आठ राष्ट्र—बर्मा, थाईलैंड, इण्डोनेशिया, मलयेसिया, फिलीपाइ स, वियतनाम कम्पूचिया और

लाओस—इस क्षेत्र में आते हैं। यह हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से मिलाने वाले समुद्री मार्ग पर स्थित है और एशिया व आस्ट्रेलिया के मध्य एक प्राकृतिक पुल का कार्य करता है। महाशक्तियों के मध्य यह संघर्ष का मुख्य स्थल है, क्योंकि यदि इस क्षेत्र पर साम्यवादी चीन का प्रभुत्व हो जाये तो फिर आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में साम्यवाद की स्थापना का कार्य मुश्किल नहीं होगा। प्राकृतिक साधनों की दृष्टि से एशिया बहुत समृद्ध है। चावल, टीन, रबड़ यहां प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। बर्मा, थाइलैंड और वियतनाम एशिया का 'चावल का कटोरा' (rice bowl) कहलाते हैं। पूर्वी एशियाई राज्यों को, चावल की आवश्यकताओं की पूर्ति इन्हीं राष्ट्रों द्वारा होती है। इन स्थितियों के कारण, इस क्षेत्र का अत्यधिक सामरिक महत्त्व है।

दक्षिणी एशिया—दक्षिणी एशिया के अंतर्गत भारत, बांगला देश, भूटान, नेपाल, पाकिस्तान और श्री लंका आते हैं। द्वितीय महायुद्ध से पूर्व यह क्षेत्र ब्रिटेन के नियंत्रण में था। दो सौ वर्षों के ब्रितानी शासन ने विरासत के रूप में इन राष्ट्रों के लिए लगभग एक सी राजनीतिक समस्यायें छोड़ी हैं। लेकिन, उपनिवेशवाद के अंतर्गत सभी राष्ट्रों में समान आर्थिक तथा सामाजिक विकास नहीं पाया। ब्रिटेन उपनिवेशी राष्ट्रों में सर्वाधिक प्रबल था। अतः उसकी एक विश्व स्तरीय फैलाव की नीति थी। उपनिवेशवाद के तृतीय चरण में जब पूंजी का निर्यात भी संभव बन गया, तब भारत का महत्त्व अत्यधिक बढ़ गया। इसके सामरिक महत्त्व और आंतरिक विकास की स्थिति को देखते हुए यहां पर एक औद्योगीकरण की प्रक्रिया भी प्रारम्भ हुई। इसके फलस्वरूप भारत में, भले ही एक सीमित स्तर पर, पूंजीवादी व्यवस्था का भी विकास हुआ। विकास के इस ऐतिहासिक क्रम ने भारत को एशिया में ही नहीं अपितु सभी उपनिवेशों में सर्वाधिक विकसित राष्ट्र बना दिया। स्वतंत्रता के बाद यह विशिष्टता और अधिक स्पष्ट हुई।

कारी योजना को विफल बनाने के लिए पश्चिमी एशिया की सुरक्षा व्यवस्थाओं का दृढ़ होना जरूरी है। विश्व के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हवाई और समुद्री मार्ग पश्चिमी एशिया मे स्थित हैं। ये यूरोप को दक्षिणी व पूर्वी एशिया, आस्ट्रेलिया, अफ्रिका और अमेरिका से जोडते है। यह केवल स्वज नहर को उदजन बम गिरा कर नष्ट कर दिया जाय तो पश्चिमी यूरोप का सम्पूर्ण आर्थिक ढाचा अस्त व्यस्त हो जायेगा। यदि भूमध्य सागर के तट पर स्थित किसी देश पर सोवियत सघ का राजनीतिक नियत्रण हो जाये तो पश्चिमी राष्ट्रो के लिए एशिया मे अपना प्रभाव बनाये रखना मुश्किल हो जायेगा। अत अमेरिका आदि पश्चिमी देश इस क्षेत्र को साम्यवादी प्रभाव स बचाने की जी तोड कोशिश मे लगे रहते हैं।

पश्चिमी एशिया का व्यापारिक व आर्थिक महत्त्व भी है। विश्व का लगभग 28 प्रतिशत तेल पश्चिमी एशिया मे पाया जाता है। यूरोप अपनी आवश्यकता का 80 प्रतिशत तेल पश्चिमी एशिया से प्राप्त करता है। सयुक्त राज्य अमेरिका की एक अरब डॉलर से अधिक की पूजी पश्चिमी एशिया मे तेल के व्यापार मे लगी हुई हैं। इतनी पूजी के विनियोग और तेल जसी महत्त्वपूर्ण वस्तु के कारण अमेरिका पश्चिमी एशिया पर अपना प्रभाव बनाये रखना चाहता है। ऊधर तेल और युद्ध कूटनीति की दृष्टि से उपयोगी होने के कारण सोवियत सघ भी पश्चिमी एशिया को अपने प्रभाव क्षेत्र मे लाने का इच्छुक है। अत भौगोलिक, सामरिक और व्यापारिक महत्ता के कारण पश्चिमी एशिया महाशक्तिया के मध्य सघर्ष का अखाडा बना हुआ है।

जागृति के कारण

एशिया की जागृति किसी एक ऐतिहासिक घटना का परिणाम नही है। यह विकास की प्रक्रिया है जिसके मूल म विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओ और राष्ट्रीय आन्दोलनो की भूमिका रही है। औद्योगिक क्रांति की ऐतिहासिक घटना के बीच एशिया मशीनो की चुनौती स्वीकार नही कर सका। मशीनो के बल पर और उनके लिए कच्चे माल की आवश्यकता ने एशिया को यूरोप के औद्योगीकृत देशा के नियत्रण मे पहुचा दिया। लगभग 300 वर्ष तक एशियावासी यूरोप की उपनिवेशवादी शक्तियो की दासता म जीवन बिताने पर विवश हुए।

1789 मे होने वाली फ्रास की राज क्रान्ति ने पहली बार यूरोप और एशिया के बौद्धिक सम्बन्धो मे परिवर्तन लाने की चेष्टा की। फ्रासिसी क्रान्ति के नारो—स्वतन्त्रता समानता और विश्व-बन्धुत्व—का एशिया पर स्थायी प्रभाव पडा। जनतन्त्र और राष्ट्रवादिता, क्रान्ति की दो मुख्य देन थी। इनके पौधे यूरोप की भूमि पर लहलहाने लगे। लेकिन यूरोप से भी अधिक एशिया की भूमि इन्हें अपने विकास के अनुकूल मिली। कुछ समय तक तो एशिया की रूढ़िवादिता ने इनके

पैर जमने नही दिए , लेकिन पाश्चात्य शिक्षा के प्रभाव, छापेखानों की स्थापना, यातायात की सुविधाओं के विस्तार ने रूढ़िवादिता के पंजे को, जो एशियाई जनता को कसे हुए था, ढीला कर दिया और उसके स्थान पर राष्ट्रवादिता की भावनायें जोर पकड़ने लगी।

जापान पहला राष्ट्र था जिसने औद्योगीकरण और राष्ट्रवाद की शिक्षायें हृदय से ग्रहण की। 1905 में शक्तिशाली रूसियों को हराकर उसने सम्पूर्ण एशिया का सिर गौरव से ऊंचा कर दिया। समस्त संसार ने रूस जापान युद्ध की गति को विस्मय से देखा। ऐसे उत्कृष्ट संगठन, युद्ध क्षमता और अदम्य साहस का परिचय जापान देगा, लोगों ने सोचा भी नहीं था। इसके बाद जापान ने जो "एशिया एशियावासियों का है" नारा लगा तो सारे एशिया में नव जागरण की लहर दौड़ गयी और एशिया के निवासी विदेशियों की आर्थिक और राजनीतिक दासताओं से मुक्त होने की बात सोचने लगे। भारत में 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस', चीन में कुओमिनतांग, तुर्की में नेशनलिस्ट पार्टी', इण्डोनेशिया में 'राष्ट्रीय इण्डोनेशियाई दल आदि के माध्यम से राष्ट्रीय आन्दोलनों ने जोर पकड़ा। एशिया के विभिन्न राष्ट्रों के धनी नागरिकों ने विदेशी ताकतों के विरुद्ध चलाये गये ऐसे राष्ट्रीय आन्दोलनों को आर्थिक सहायता देना शुरू किया। प्रथम महायुद्ध ने एशिया में चल रहे इन राष्ट्रीय आन्दोलनों को उल्लेखनीय गति दी। युद्ध के दौरान अनेक एशियाई देशों में स्वतंत्रता की मांग ने इतना जोर पकड़ा कि एक बार तो विदेशी शासकों के लिए उसे दबाना कठिन हो गया।

तभी 1917 की रूसी क्रांति हो गयी। यह कोई मामूली क्रांति नहीं, एक नयी व्यवस्था, जीवन पद्धति व नई सामाजिक संरचना का संदेश थी। यह सर्वहारा या समाज के दलित वर्ग के शोषण के विरुद्ध मुक्ति के लिए विश्वव्यापी आवाज थी। इस रूसी बोल्शेविक क्रांति से एशियाई उपनिवेशों की जनता को अपनी आजादी के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की प्रेरणा मिली और दूसरी ओर साम्राज्यवादियों को चेतावनी कि उन्हें अब एशिया से हट जाना चाहिये।

द्वितीय महायुद्ध एशिया और यूरोप के पारस्परिक सम्बन्धों में क्रान्तिकारी परिवर्तन लाया। यूरोप के साम्राज्यवादी राष्ट्र आपस में लड़कर या तो नष्ट हो गये या इतने कमजोर कि समुद्र पार एशियाई राष्ट्रों को अपने नियंत्रण में रखना अब उनके लिए संभव न रहा। राजनीतिक अथवा सैनिक कारणों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण आर्थिक कारण थे। द्वितीय विश्व युद्ध ने साम्राज्यवादी व्यवस्था के उपनिवेशी काल का पटाक्षेप किया। आर्थिक विवशता के बीच, उपनिवेशों पर नियंत्रण असंभव था। शोषण की परोक्ष नीति की आवश्यकता थी, जो राजनीतिक स्वराज तो दे दें, लेकिन आर्थिक शोषण को नव-उपनिवेशी माध्यम से बनाये रखे। उन्हें विवश होकर एशिया के सेना से भागना पड़ा। ब्रिटेन की नीति

अधिक दूरदर्शी थी अत शाति पूर्ण सत्ता हस्तानातरण हो गया। 1947 मे भारत ने स्वतत्रता पायी। इसके बाद बर्मा लका, चीन, इण्डोनेशिया, थाइलैंड, मलाया आदि एक-एक करके स्वतत्र हुए और सबने अपनी अपनी जनता की इच्छा के अनुरूप शासन व्यवस्थायें स्थापित की। 1949 मे चीन मे साम्यवाद आया। उसके उपरान्त एशिया पर विदेशी नियत्रण इतिहास की घटना मात्र बनकर रह गया।

एशिया की समस्याए

एशिया शुरू स विभिन्न धर्मों, सस्कृतियो और राजनीतिक व्यवस्याओ वाला महाद्वीप रहा है। सभी एशियाई राष्ट्रो का स्वतन्त्र व्यक्तित्व है। उनकी अपनी विशेषताए हैं। अपनी विदेश नीति है और वे सब अपने अपने उद्देश्यो को प्राप्त करने के लिए एक दूसरे से पृथक् लक्ष्य और साधन अपना रहे हैं। लेकिन उनकी सामाजिक, आर्थिक और कुछ सीमा तक राजनीतिक समस्याओ और आकाक्षाओ मे समानता पायी जाती हैं। एशिया के निवासी उपनिवेशवादी और साम्राज्यवादी शोषण के शिकार रहे हैं, इसलिए पश्चिम के साम्राज्यवादी देशो के प्रति शका और सन्देह की दृष्टि से देखते हैं। सयुक्त राज्य अमेरिका मे एशिया को दो पृथक गुटा—साम्यवादी एशिया और गैर साम्यवादी एशिया—के रूप मे देखने की प्रवत्ति पायी जाती है, लेकिन एशिया क निवासी अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति म इस दृष्टि स नहीं सोचते। उनका दष्टिकोण राष्ट्रवादी है। उनके सम्मुख पुर्ननिर्माण और विकास की समस्याए लगभग एक सी हैं।

शताब्दियो के विदेशी शोषण ने एशियाई देशो को भुखमरी, दरिद्रता, पीडा तथा अगणित दु खो के द्वार पर लाकर खडा कर दिया है। यहा के अधिकाश लोग भूमिहीन किसान हैं जो पेट भरने के लिए दो वक्त का भोजन भी नही जुटा पाते। अशिक्षित दरिद्र, अधविश्वास म डूबे ये अनेक बीमारियो से ग्रस्त हैं। लगभग सभी देश अति जनसख्या से पीडित हैं तथा अपने जीवन के लिए सघर्ष मे रत हैं। यहा सबके लिए भोजन उपलब्ध नही है। यदि भोजन और अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक दशाओ की व्यवस्था निकट भविष्य मे एशिया मे नही की गई तो सभावना है कि आने वाली शताब्दी तक एशिया के निवासी बीमारी और अपर्याप्त भोजन के कारण असमय ही काल के ग्रास बन जायेंगे।

एशियाई राष्ट्रो का राजनीतिक जीवन भी उपयुक्त आर्थिक व सामाजिक पिछडेपन से प्रभावित है। यदि एशिया के निवासी अपनी समस्याओ के निवारण मे सरकार व अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरणो के साथ मिलकर जुट जायें तभी उनकी जीवन दशाओ म क्रान्तिकारी परिवतन हो सकता है। लकिन एशिया के निवासी रूढिवादी हैं और किसी भी परिवतन को अपनी परम्परा व रीति रिवाजो के

लिए चुनौती मानकर चलते हैं। कुछ अपवादों को छोड़कर अधिकांश एशियाई देशों के नेता भी सामाजिक परिवर्तन के विरोधी हैं। ऐसी हालत में यहां जनतांत्रिक संस्थाओं की सफलता संदिग्ध है। शासन व्यवस्था में यहां कितना ही परिवर्तन क्यों न कर दिया जाए सत्ता हमेशा उसी भ्रष्टवर्ग के हाथ में बनी रहती है जो पहले से यहां शासन करता करता चला आ रहा है। यह थोपी हुई उपनिवेशी विरासत की स्वाभाविक अभिव्यक्ति है।

एशिया विश्व के लगभग सभी बड़े 'धर्मों की जननी' है। किसी अन्य महाद्वीप में राष्ट्रीय या राजनीतिक मामलों पर धर्म का इतना प्रभाव देखने में नहीं आता, जितना कि एशियाई राष्ट्रों में। पश्चिम के अनेकवादी और समाजवादी आन्दोलन भी एशियाई लोगों के धार्मिक दृष्टिकोण को बदलने में पूरी तरह सफल नहीं हुए हैं। आर्थिक सामाजिक व्यवस्था के अविकसित बने रहते हुए, इस रूढ़िवादी स्थिति में बदलाव की संभावनाएं अत्यधिक क्षीण हैं।

समस्याओं की दृष्टि से इस तरह पश्चिमी जगत और एशिया के बीच भारी अन्तर है। पश्चिमी जगत पूर्णत औद्योगीकृत है। उसकी समस्यायें औद्योगीकरण की देन हैं। जबकि एशियाई जगत की समस्याएं भूमि, कृषि श्रम और औद्योगिक विकास की समस्याएं हैं। जापान जैसे देश में भी चालीस प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं। जहां पश्चिमी राष्ट्रों के स्तर का औद्योगीकरण हो चुका है। भारत और चीन को छोड़कर जहां कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण औद्योगिक विकास देखने को मिलता है एशिया के सभी देश अभी औद्योगीकरण की दृष्टि से पिछड़ी अवस्था में हैं। एशिया की जागृति को समझने के लिए इन सारी समस्याओं को ध्यान में रखना आवश्यक है।

जागरण की प्रवृत्तियां व परिणाम

एशिया में जागरण के परिणामस्वरूप एक साथ दो प्रकार की प्रवृत्तियां क्रियाशील हुई हैं। बौद्धिक स्तर पर एक ओर तो यह आकांक्षा है कि पश्चिम का अनुकरण किया जाये उसके रहस्यों को सीखा जाये तथा उसके कौशल को प्रयोग में लाया जाय। दूसरी ओर यह कि परम्परागत जीवन क्रम को कायम रखा जाये तथा अपने भाग्य का स्वयं निर्माण किया जाये। ये प्रवृत्तियां एक राष्ट्र में ही नहीं, एक व्यक्ति में भी साथ साथ पायी जाती हैं। कुछ प्रसंगों में उन्हीं व्यक्तियों द्वारा पुरानी प्रथाओं की ओर लौटने का आग्रह किया जाता है जिन्होंने पश्चिमी ज्ञान स्रोत में गहन अध्ययन किया था। पश्चिमी पद्धतियों और विचारों के आयात ने *जागरण में योग दिया है, लेकिन स्थायी परिणाम जागृत राष्ट्रों द्वारा अपने निजी व्यक्तित्व को महत्व देना है।*

भौतिक स्तर पर भी दो परस्पर विरोधी प्रवृत्तियां क्रियाशील हैं, जिन्हें

सकारात्मक (positive) और नकारात्मक (negative) दो रूपो म व्यक्त किया जा सकता है—

सकारात्मक प्रवृत्तिया व अधिकार

एशिया की जागृति के अनेक सकारात्मक परिणाम निकले हैं

(1) सामाजिक व राजनीतिक क्रांति—एशिया के निवासी आज उस शक्ति को जो उन्होंने कभी उपनिवेशवाद और पश्चिम का विरोध करने मे लगायी थी, सामाजिक कुरीतियो, सामन्तशाही, दरिद्रता, अशिक्षा आदि मिटाने मे लगा रहे हैं। सम्पूर्ण एशिया म स्त्रियो की दशा सुधरी है। अधिकांश दशा म भावात्मक व राजनीतिक एकता दिखाई देती है, भले ही इसकी एकता के कोई स्थाई आधार नही हैं। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद इन राष्ट्रो मे राष्ट्रीयताओ का सघर्ष भी उभरा है।

(2) राष्ट्रीयता का विकास—जागति के परिणामस्वरूप सभी एशियाई देशो मे राष्ट्रीयता की प्रबल लहर आई है जिसन इस्रायल से लेकर फिलीपाइन्स तक नये राष्ट्रो का निर्माण किया है। राष्ट्रीयता की भावना ने आर्थिक पुनर्निर्माण और विकास के कार्यक्रमो को गति दी है। सामन्तवादी व्यवस्था को मिटाने, जनतान्त्रिक सस्थाओ की स्थापना करने तथा भाषा धर्म अज्ञान अविश्वास, रूढ़िवादिता, जातिवाद और क्षेत्रीयता जैसी बुराइयो के होते हुए भी राष्ट्रीय समाजो मे एकता लाने मे सफलता पाई है। एशियाई राष्ट्रवाद ने अफ्रिका के नवजागरण मे भी योग दिया है और वहा साम्राज्यवादियो द्वारा अपनायी गयी जातिभेद और रग भेद की नीतियो के विरुद्ध जनमानस बनाया है। लेकिन, आतरिक विकास के आधार पर इन राष्ट्रो मे एकता मे अनेकता की विचित्र स्थिति है। असमान आर्थिक विकास के कारण विभिन्न अधविकसित राष्ट्रीयताए भी अस्तित्व मे है। जिनके सघर्ष उत्तरोत्तर उभरे हैं।

(3) उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद की अन्त्येष्टि—पुराने ढग के उपनिवेशवाद का पतन एशिया की जागति का एक अन्य महत्वपूर्ण परिणाम है। सभी एशियाईदेशो की विदेशी नीतियो का लक्ष्य उपनिवेशवाद साम्राज्यवाद का विरोध है। पश्चिमी साम्राज्यवादी अभी तक धन मशीनरी, शिल्पज्ञान युद्ध सामग्री आदि देकर और सैनिक सन्धिया मे बाधकर कुछ एशियाई राष्ट्रो को अपने प्रभाव म बनाये रखने की चेष्टा करते है किन्तु इससे उनके उद्देश्यो की पूर्ति हो सकेगी इसम सन्देह है। जागृत एशिया साम्राज्यवाद के हर रूप स नफरत करता है—चाहे वह विचारधारा के निर्यात के रूप मे हो अथवा आर्थिक सहायता समझौता या सैनिक सगठनो या अड्डो के रूप मे। उसके लिए साम्यवाद नही साम्राज्यवाद पहले नम्बर का दुश्मन है तथा इसके वतमान नव-उपनिवेशी षडयन्त्र सघर्ष का

प्रमुख दायित्व भी।

(4) **साम्यवाद के प्रति आकर्षण**—एशियाई राष्ट्रो मे साम्यवाद के प्रति आकर्षण बढ रहा है। इसके कई कारण हैं। प्रथम, रूस के अतिरिक्त साम्यवाद का दूसरा महत्वपूर्ण गढ़ चीन भी एशिया म स्थित है। दूसरे, सोवियत रूस ने सदव स्वाधीनता आन्दोलनो का समथन और पश्चिमी देशो द्वारा किये जाने वाले शोषण का विरोध किया है। तीसरे, साम्यवाद वहा अधिक पनपता है जहा व्यवस्थागत विषमता के फलस्वरूप गरीबी, बेकारी, आर्थिक पिछडाव निरतर पनपता हो। एशिया के देशो की ये आधारभूत समस्यायें हैं। चौथे, साम्यवादी क्रान्ति से पहले रूस और चीन बहुत पिछडे हुए थे साम्यवादी शासन कुछ थोडे से वर्षों मे इन दशा ने जो आशातीत उन्नति की है, उससे सभी एशियाई राष्ट्र प्रभावित हैं। पाचवें, सयुक्त राज्य अमेरिका ने जिस प्रकार एशियाई राष्ट्रो के राजनीतिक जीवन म हस्तक्षेप किया है और एक राष्ट्र को दूसरे के विरुद्ध लडाने की कोशिश की है उसस पूजीवाद ने एशियाई राष्ट्रो की सहानुभूति खो दी है। अत मे, एशियाई लोगा के लिए राजनीतिक अधिकार प्राप्त करने की अपेक्षा रोटी प्राप्त करना अधिक महत्वपूर्ण है। गरीबी, भूख और रोग की छाया मे जीने वाले एशियायी वाद' की फिक्र नही करते। वे अपनी समस्याओ का व्यावहारिक हल चाहते हैं और उन्हे साम्यवादी व्यवस्था मे यह सभव प्रतीत होता है।

(5) **स्वतन्त्रता को अक्षुण्ण बनाये रखने की प्रवृत्ति**—एशिया के अधिकाश देश पश्चिमी देशो की भाति गुटबन्दी मे विश्वास नही रखते। वे न तो साम्यवाद के अन्ध भक्त हैं और न पूजीवादी के कट्टर उपासक। उनकी ऐसी मानसिकता उनकी व्यवस्था की उपज है। एक ओर साम्राज्यवाद से प्रताडित होने के साथ साथ, आतरिक स्तर पर एक शोषण की व्यवस्था कायम है। प्रथम पक्ष उन्हे साम्राज्यवाद विरोधी बनाता है, लेकिन द्वितीय पक्ष उनका साम्यवाद से सहम रहने का कारण भी है। अत एक व्यावहारिक नीति के रूप म गुटो से स्वतन्त्र रहने की प्रवत्ति एशिया के जागरण की विशेषता है। नेहरू की गुटनिरपेक्षता मे उन्हें अपनी अक्षुण्ण रखने का प्रभावशाली साधन मिला है। इस दष्टि से, जैसा क्लोवियस मकसूद लिखा है, "भारत गुट निरपेक्ष राष्ट्रो का नेता है तथा इसमे सन्देह नही कि उसने समय समय पर इन (एशियाई) राष्ट्रो का मागदशन किया है।"

(6) **भ्रातृत्व भावना और सहयोग**—जसा कि ऊपर लिखा जा चुका है एशिया के राष्ट्रो म विद्यमान व्यापक भिन्नताओ के बावजूद उनकी समस्यायें, आवश्यकतायें और आकाक्षायें लगभग समान हैं। जैस सभी राष्ट्रों को उपनिवेशवादी पीडाओ का अनुभव है जापान को छोडकर सभी तकनीकी क्षेत्र मे पिछडे हुए हैं अज्ञान, गरीबी, जनसख्या विस्फोट का समाधान सभी को ढूढना है, आर्थिक

असन्तोष और आन्तरिक दशायें सभी देशों में आन्तरिक उपद्रवों व दंगों को भड़काती है। ऐसी अवस्था में जागृति के परिणामस्वरूप एशियाई राष्ट्रों में एकता और भाईचारे की भावना का जन्म होना स्वाभाविक था। मार्च 1947 में, विश्व मामलों की भारतीय परिषद (Indian council of world Affairs) ने नई दिल्ली में एशियाई सम्बन्धों के सम्मेलन (Asian Relations confrrence) का आयोजन किया जिसमें 28 देशों के प्रतिनिधि आये। इसका उद्देश्य एशियाई राष्ट्रों के बीच मैत्री व सहयोग को प्रोत्साहित करना तथा एशियाई जनता की प्रगति व हितों में वृद्धि करना निश्चित किया गया। नेहरू ने सम्मेलन का महत्त्व बताते हुए कहा कि 'परिस्थितियों में परिवर्तन आ रहा है तथा एशिया को अपनी स्थिति का ज्ञान हो गया है एशिया के देश अब दूसरे के हाथ का मोहरा नहीं बनेंगे विश्व के विषयों में उनकी अपनी नीतियों का होना निश्चित है।'

दो वर्ष बाद, दूसरा एशियाई सम्मेलन नई दिल्ली में (जनवरी 1949 में) इण्डोनेशिया के प्रश्न पर विचार करने के लिए बुलाया गया जिसमें भाग लेने वाले 19 देशों के प्रतिनिधियों ने उच्च पुलिस और सेनाओं के इण्डोनेशिया से अविलम्ब चले जाने और 1 जनवरी, 1950 तक उसे स्वतन्त्र किये जाने की मांग की। इस अवसर पर एशियाई राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने पारस्परिक एकता का परिचय देते हुए गुटबन्दी की भावना को बुरा बताया और भविष्य में और भी अधिक पारस्परिक सहयोग के लिए सहमति प्रगट की।

मई 1950 में फिलीपाइन्स ने एशियाई राष्ट्रों के मध्य सांस्कृतिक और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से बोगुई में एक एशियाई सम्मेलन का आयोजन किया। इसके उपरान्त भारत, बर्मा, इण्डोनेशिया, पाकिस्तान और श्रीलंका (जिन्हें कोलम्बो शक्तियों का नाम दिया गया) के प्रधानमन्त्री 1954 में बोगोर में मिले जहां उन्होंने एक विशाल एफ्रो एशियाई सम्मेलन बुलाने का निर्णय लिया जिसका परिणाम बाण्डुग सम्मेलन था।

बाण्डुग सम्मेलन—यह प्रथम एशियाई अफ्रीकी सम्मेलन था। जिन 29 राष्ट्रों ने इस सम्मेलन में भाग लिया वे शक्ति व राजनीतिक की दृष्टि से अधिक शक्तिशाली नहीं थे, किन्तु ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परम्पराओं की दृष्टि से वे केवल पुराने ही नहीं, वरन सम्माननीय भी थे। भाग लेने वाले राष्ट्रों में विश्व की आधी से अधिक जनसंख्या निवास करती है। वे सभी राष्ट्र पाश्चात्य शक्तियों के अधीन रह चुके हैं और उनका यह दृढ़ विश्वास है कि उनके नवनिर्माण का युग प्रारम्भ हो चुका है। अपने स्वागत भाषण में इण्डोनेशिया के तत्कालीन राष्ट्रपति अहमद सुकर्ण ने कहा, "मुझे आशा है कि यह सम्मेलन इस बात का सबूत देगा कि एशिया और अफ्रिका का पुनर्जन्म हुआ है एक नया एशिया और एक नया अफ्रिका जीवित हुआ है।" इस सम्मेलन में भाग लेने वाले राष्ट्रों ने यह निश्चय

किया कि वे आर्थिक विकास हेतु एक दूसरे को विशेषज्ञों, अग्रगामी योजनाओं तथा उपयुक्त साधन सामग्री द्वारा सहायता प्रदान करेंगे। इस सम्मेलन म अफ्रिका में व्याप्त जातीय भेद भाव की निन्दा की गई। निशस्त्रीकरण का समर्थन किया गया तथा अणु परीक्षण और आधुनिक आयुधो के प्रयोग पर प्रतिबन्ध की माग की गई। सदस्य राष्ट्रो न एक दूसरे के आतरिक मामलो म हस्तक्षेप नहीं करना स्वीकार किया और उपनिवशवाद की निन्दा की। बाण्डुग सम्मेलन क विषय म पश्चिमी राष्ट्रो का यह शका थी कि चाऊ-एन लाइ जैसे व्यक्तियो की उपस्थिति क कारण यह सम्मेलन पश्चिमी विरोधी नीतियो का पालन करेगा। लेकिन बाडुग सम्मेलन न सिद्ध कर दिया कि एशिया क राष्ट्र गुटबन्दी के उपासक नहा हैं, वे न्याय चाहते हैं और बुराई का उन्मूलन ही उनका एक मात्र लक्ष्य है। चाऊ-एन लाइ की उपस्थिति म अनेक एशियाई देशो के प्रतिनिधियो ने साम्यवाद की निन्दा की और उसे उपनिवेशवादी व विस्तारवादी बताया। बाण्डुग सम्मेलन मे एशियाई राष्ट्रो के अनेक और विभिन्न पक्ष सामने आये, किन्तु सबका उद्देश्य एशियाई राष्ट्रो के मध्य पारस्परिक सहयोग और अच्छे सम्बन्धो की वृद्धि करना था। बाद मे यही एशियाई आयोजन गुटनिरपेक्षता के वृहद आयोजन मे समाहित हो गया।

नकारात्मक प्रवृत्तिया व परिणाम

सकारात्मक प्रवृत्तियो के साथ साथ जागृति के फलस्वरूप एशियाई राष्ट्रो म नकारात्मक प्रवृत्तिया भी क्रियाशील हुई हैं। इसके दो मुख्य कारण हैं—

(1) *आकांक्षाओं की बढ़ती क्रान्ति*—*राजनीतिक जागरण ने एशियाई* जनता की आकाक्षाओ को बहुत बढा दिया है। जागरण के फलस्वरूप प्राप्त, राजनीतिक स्वतन्त्रता को लोग साध्य नही अपितु, एक महान सामाजिक व राज नीतिक परिवतन का साधन मान बैठे। लेकिन एशियाई समाज का जैसा चरित्र है। (जिसकी पहले चर्चा की जा चुकी है) उसके अन्तर्गत किसी बडे क्रान्तिकारी परिवतन की बहुत शीघ्र आशा व्यथ रही। अत आकाक्षाओ की बढती क्रान्ति का परिणाम *'हताशाओ की बढती क्रान्ति' हुआ जिसस राष्ट्रीय सघर्षों का उग्र बनाया तथा, अन्तराष्ट्रीय तनावों से भी विचित्र स्थितियो को जन्म दिया।*

(2) सामाजिक आर्थिक क्रान्ति से पहले राजनीतिक क्रान्ति—यूरोप क देशो म राजनीतिक चेतना क फलस्वरूप आई राजनीतिक क्रान्ति से पहले वहा औद्यो गिक क्रान्ति के कारण आर्थिक व सामाजिक क्रान्ति हो चुकी थी। राजनीतिक क्रान्ति ने जब महत्वकाक्षाओ को बढाया तो उन्हे पूरा करने के लिए आवश्यक आर्थिक साधन उन राष्ट्रो के पास थे। लेकिन एशिया के देशो मे आर्थिक क्रान्ति से पहले राजनीतिक क्रान्ति हुई है। यहा आकाक्षाओ को पूरा करने के लिए आवश्यक

आर्थिक साधन नहीं हैं तथा व्यवस्था का स्वरूप भी शोषक है। अतः प्रत्येक राष्ट्र को शान्ति, समृद्धि और व्यवस्था बनाये रखने के लिए जी-तोड़ कोशिश और जन-आकांक्षाओं को कुचलने की आवश्यकता पड़ती है। परिस्थितियों से लाभ उठाने के इरादे से साम्राज्यवादी देश आर्थिक और सैनिक सहायता के जाल फैलाते हैं, जिनमें एशियाई सरकारें आसानी से फंस जाती हैं। इनसे राष्ट्रीय स्तर पर अस्थिरता और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विवाद व युद्ध उत्पन्न होते हैं।

एशिया में जागरण से उत्पन्न इन नकारात्मक प्रवृत्तियों के निम्नांकित परिणाम हमारे समाने आये हैं

(1) बाण्डुंग भावना की समाप्ति या एशियाई एकता आन्दोलन में दरारें— बाण्डुंग भावना क्षणिक ही रही। दस वर्षों के भीतर उग्र राष्ट्रीयता के विकास तथा महाशक्तियों की चालबाजी ने एशियाई राष्ट्रों में जाग रही एकता को छिन्न-भिन्न कर दिया। राष्ट्रीय हितों की विभिन्नता ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी कि दस वर्ष के भीतर 1965 में जो दूसरा अफ्रीकी एशियाई सम्मेलन बुलाया जाना था वह अभी तक आयोजित नहीं किया जा सका है। यहां यह उल्लेखनीय है कि 29 जून 1965 को अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स में इस सम्मेलन का आयोजन किया गया था किन्तु सम्मेलन की तिथि से दस दिन पूर्व अल्जीरिया में क्रान्ति हो गयी और प्रधानमंत्री बेनबेला की सरकार का पतन हो गया जो इस सम्मेलन को आयोजित कर रही थी।

जागृति के परिणामस्वरूप एशियाई राष्ट्रों में जो वैयक्तिक दृष्टिकोण विकसित हुआ है (जिसे वह सच्ची स्वतन्त्रता समझते हैं) उसने उनकी राष्ट्रीय हित की धारणा में प्रबुद्धता के स्थान पर संकीर्णता को बढ़ाया है इससे एशियाई राष्ट्रों की एकता खण्डित हुई है। उनमें अनावश्यक सीमा विवाद और झगड़े पनपे हैं। इससे एशिया के देश अपने बहुमूल्य साधनों को विकास कार्य में लगाने की अपेक्षा विनाश कार्यों (युद्ध सामग्री आदि खरीदने) में लगाने को विवश हुए हैं। इस काम में साम्राज्यवादी शक्तियों का बहुत बड़ा हाथ है। सभी एशियाई देशों की आन्तरिक राजनीति में उनका हस्तक्षेप स्पष्ट दिखाई देता है। एशियाई राष्ट्रों को इससे बड़ी हानि पहुंच रही है।

(2) अन्तर्राष्ट्रीय संघर्ष का कड़ाहा—आज एशिया का शायद ही कोई ऐसा देश हो जो अपने किसी दूसरे एशियाई देश के साथ विवाद में न उलझा हुआ हो। इन विवादों के कारण कहीं-न-कहीं एशिया के क्षेत्र में युद्ध चलते रहते हैं या युद्ध सा वातावरण बना रहता है। एशिया की इस स्थिति का दमक्र टामस रस का कथन ठीक लगता है कि एशिया इस समय संघर्ष का वास्तविक कड़ाहा और भविष्य में भी रहेगा।" कुछ प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय विवाद निम्नांकित हैं—

(अ) चीन—रूस विवाद,
(आ) चीन—वियतनाम विवाद,
(इ) चीन—भारत विवाद,
(ई) भारत—पाक विवाद, तथा
(उ) अरब—इस्रायल विवाद।

भविष्य

कुछ भी हो, राष्ट्रीय राजनीतिक एवं औपचारिक दृष्टि से एशिया का जागरण पूरा हो चुका है। पश्चिम अब उग्र युग अपनी अधीनता में नहीं ला सकेगा। शताब्दियों की निष्क्रियता के बाद कम से कम एशियाई देश अब स्वयं अपने भाग्य का निर्णय तो करने लगे हैं।

वाद विरोध, उपनिवेशवाद विरोध, रगभेद विरोध की परपरा न केवल जारी रखी बल्कि उसकी आवाज को बुलद किया। एशिया की एकता और सुदढता के प्रयत्न जारी रखे अफ्रीका की मुक्ति और उसे भाईचारे के सुदढ बधनो म बाधने का प्रयत्न जारी रखे लातीन अमरीकी देशो के साथ समानता व बधुत्व तथा साहचय के नये पुल तैयार किये, उसने समाजवाद के महादुग सोवियत और उनके साथी समाजवादी देशो साथ सौहादपूण और सम्मानपूण सबधो को विकसित करने मे दिलचस्पी दिखाई, नये चीन से बिरादराना ताल्लुकात बढान मे पहल की। नये भारत की ओर से कोशिस यह भी रही कि पश्चिम यूरोप के देशा के जाग्रत मजदूर वग और उनकी समाजवादी पाटियो से नये और सुखद रिश्ते बनें, ब्रिटेन के लेबर दल से बनने भी लगे और महायुद्ध के बाद विश्व राजनीति के आगन म अगडाई ले रहे महाशक्ति के रूप मे उदित सयुक्त राज्य अमरीका को अपनी नई पहचान बताते हुए उससे सौहार्द और मित्रता से पूर्ण सम्बन्धो को विकसित करे ताकि उनकी अमित शक्ति विश्वभर के सघषशील देशा और लोगा के लिए सकट मोचक बन सके, विघ्नकारी नही।

ये सारी शुभ और कल्याणकारी प्रवृत्तिया जो भारत की परराष्ट्रनीति का आधार बनी 33 करोड लोगो के एक सुदीघ, और तेजस्विता पूण स्वाधीनता आन्दोलन की विरासत थी। हिन्दुस्तान का भूगोल और हिन्दुस्तान के इतिहास ने इन प्रवृत्तियो को जन्म दिया और सींचा था, वह अनेक माध्यमा से प्रकट होती रही। आजादी के बाद, उसका प्रमुख माध्यम बना वह सत्ताधारी दल जो स्वाधीनता आन्दोलन का सबसे बडा अहिंसक सत्याग्रह के रूप म आदोलन करने वाला दल था, भारतीय राष्ट्रीय काग्रस और उनका श्रेष्ठतम नायक जवाहर लाल नेहरू जो स्वाधीन भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री और परराष्ट मन्त्री बन। व उन गाधी जी के अन्यतम शिष्य थे जिन्होने काग्रेस को एक जनवादी, अहिंसाधर्मी महान आन्दोल के रूप म ढाला, जा भारत की सभ्यता, सस्कृति, उसकी अस्मिता और तेजस्विता के सबसे उज्ज्वल प्रतीको म प्रमुख थे, स्वाधीनता सग्राम के एक पूर्णत समर्पित व्यक्तित्व। भारत की परराष्ट्रनीति पर उनके व्यक्तित्व एव कृतित्व की अमिट छाप है।

भारतीय परराष्ट्रनीति की दिशा उसके लक्ष्य

भारत की परराष्ट्र नीति कुछ प्रमुख लक्ष्यो एव उददेश्यो की पूर्ति मे सतत चेष्टावान रहती है जा भारतीय परराष्ट्र नीति के अपेक्षाकृत स्थायी आधारो को भी प्रकट करती है। भारत की परराष्ट्र नीति के प्रमुख लक्ष्य हैं—

1 भारतीय स्वतन्त्रता और प्रादेशिक अखण्डता को बनाय रखना। राष्ट्रीय आर्थिक एव सामाजिक विकास को गति देने वाले क्षेत्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रभाव

व नेतृत्व धारणा करने वाली शक्तियो के साथ अपने समुचित सम्बन्ध बनाये रखना।

2 साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद और राष्ट्रीय उत्पीडन का सवत्र ओर हर समय विरोध करना और विरोध करन वाला को मदद देना।

3 एशिया और अफ्रीका मे नस्लवाद के आधार पर गैरनस्लो का दमन करने वाले देशो तथा इजराइल और दक्षिणी अफ्रीका का विरोध करना और उसके उन्मूलन के सभी प्रयत्नो को बल देना।

4 एशिया तथा साम्राज्यवाद से पीडित अन्य लातीनी और अफ्रीकी देशो के साथ एक समान आधार वाले भाईचारे और सहयोग व साहचय के अनक आधारो के निर्माण के लिए प्रयत्नवान रहना।

5 अन्तर्राष्ट्रीय विवादो के शान्तिपूर्ण समाधान का प्रयत्न करना और इस प्रयास म जुटे रहना कि कम स कम भारतीय उपमहाद्वीप के आस पास शातिक्षेत्र बना रह सके।

6 अपन हिता के सवधन के लिए तथा मानवता के व्यापक हिता का ध्यान रखते हुए, सयुक्त राष्ट्रसघ एव अन्य अन्तर्राष्ट्रीय सस्थाओ और सगठनो के साथ सहयोग करना और उन्हे पुष्ट और समृद्धवान बनाने की चेष्टा करना।

इन उपयुक्त लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए भारतीय नीति निर्माताओ न जो नीतिया अपनाई है उसम विलग्नता की नीति एक महत्वपूण अग है। भारत के शासक वग अपने हिता और अन्य सामान्य हितो की पूर्ति के लिए अपने आपको बडी ताकतो की सनिक गुटबदी से दूर रखकर, हर कदम पर स्वतत्र निणय ले सकन के आग्रही है जिस वे विलग्नता की नीति कहते हैं

भारत की परराष्ट्र नीति के उपर्युक्त उद्देश्य राष्ट्रीय हितो एव अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति एव सुरक्षा के समन्वय को स्पष्ट करते है।

प्रत्येक राष्ट्र अपनी परराष्ट्र नीति म राष्ट्रीय हिता का सर्वोच्च प्राथमिकता दता है। यद्यपि बदलती परिस्थितियो मे साथ परराष्ट्र नीति के व्यवहार म सामयिक परिवतन आते रहते है किन्तु परराष्ट्र नीति के आधारभूत उद्देश्य एव सिद्धान्त अपेक्षाकृत स्थायी होते है। भारत 1947 म भी गुटनिरपेक्ष था और आज भी है यद्यपि गुटनिरपेक्षता के आयाम बदलते रहे हैं। पण्डित नहरू ने 4 दिसम्बर 1947 को सविधान सभा म कहा था

"आप चाहे कोई भी नीति अपनाए, परराष्ट्र नीति निर्धारण की कला राष्ट्र-हित के सम्पादन मे निहित है। हम अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति, सहयोग एव स्वतन्त्रता की चाहे कितनी ही बातें करें किन्तु अन्ततोगत्वा एक सरकार अपने देश की भलाई के लिए ही काय करती है और कोई भी सरकार ऐसा कदम नही उठा सकती जो उसके राष्ट्र के लिए अहितकर हो। अत सरकार का स्वरूप चाहे

साम्राज्यवादी हो अथवा साम्यवादी हो, उसका परराष्ट्र मत्री मूलत राष्ट्रीय हित म ही सोचता है।"

भारतीय परराष्ट्र नीति के प्रमुख निर्धारक तत्व

भारतीय परराष्ट्र नीति बहुत से राष्ट्रीय एव अन्तर्राष्ट्रीय तत्वो से प्रभावित होती है जो कि स्थायी और परिवतनशील दोनो प्रकार के हैं।

भूराजनीतिक तत्व—भारत एक विशाल देश है जिसे उपमहाद्वीप की सज्ञा दी जाती है इसकी समुद्री सीमा लगभग 6000 कि० मी० एव स्थल सीमा लगभग 15000 कि० मी० है। भारत की जनसख्या लगभग 68 करोड है। भारत के लिए हिन्दमहासागर और हिमालय का विशेष महत्व है। हिन्दमहासागर म होन वाली गतिविधियो का भारत की सुरक्षा व्यवस्था पर सीधा प्रभाव पडता रहता है।[8]

भारत की स्थल सीमाए पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, बर्मा एव बगलादेश से मिलती है। अपनी विशिष्ट भौगोलिक स्थिति के कारण हिन्द महासागर म भारत की सुरक्षा एव व्यापार के आधारभूत हित हैं इसीलिए भारत हिन्दमहासागर को शान्ति क्षेत्र बनाये रखना चाहता है। भारत अपने सीमावर्ती राज्यो म बसन वाले भारतीयो के कल्याण के प्रति सचेत है। पश्चिम एशिया के देशो से भारत को तेल की प्राप्ति होती है।

आर्थिक तत्व—सदियो की पराधीनता के कारण भारत का आर्थिक शोषण होता रहा। स्वाभाविक था कि स्वतन्त्रता के बाद भारत अपना आर्थिक औद्योगिक विकास द्रुतगति से करना चाहता था। भारत ने विलग्नता की ऐसी नीति अपनाई जिससे भारत के विकास के लिए शातिपूण स्थिति के निर्माण मे मदद मिले तथा दोनों गुटो के देशो से अच्छे सम्बन्ध विकसित हो तथा यथासम्भव आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। 35 वर्षो के विकास नेभारत की गरीबी और विपन्नता तो नही मटी पर उसके औद्योगिक एव तकनीकी विकास के फलस्वरूप आज हम दूसरे दशो को भी तकनीक का नियात करने म सक्षम हैं।

भारतीय इतिहास एव सस्कृति—अतीत से ही भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन न साम्राज्य विरोधी एव अनाक्रमण की नीति अपनाने पर जोर दिया है। राष्ट्रीय काग्रेस न ब्रितानी साम्राज्यवाद के उन सभी सनिक अभियानो का विरोध किया जिनके द्वारा अग्रेज साम्राज्यवादी दूसरे पडोसी देशो को अपने अधीन लाने का प्रयत्न करते थे।

स्वतन्त्रता के बाद भारत ने सभी देशो के साथ मित्रता एव सहयोग की नीति अपनाई है। पाकिस्तान ने भारत पर कई आक्रमण किए हैं किन्तु सन 1965 के युद्ध मे पाकिस्तान का जो भाग छीन लिया गया था वह ताशकद सम

झौते द्वारा लौटा दिया गया है। सन् 1971 के बागला देश के सकट के समय भी हस्तगत भूमि का भारत ने पाकिस्तान को शिमला समझौते के अतगत वापिस लौटा दिया। भारतीय परमाणु नीति के सिद्धान्तो एव आदर्शों पर यह हमारे अतीत के स्पष्ट प्रभाव हैं।

राष्ट्रीय आन्दोलन का प्रभाव—भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन मुख्यत अहिंसात्मक रहा जिसका प्रभाव प्रारम्भिक काल मे हमारी शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व की नीति पर पडा। भारत ने हर प्रकार के उपनिवेशवाद, जातिवाद एव रगभेद की नीतिया का विरोध करना प्रारम्भ किया। भारत राडशिया मे अल्पमत के शासन के विरुद्ध रहा और आज हम नामिबिया के स्वतन्त्रता आन्दोलन का समथन दे रहे हैं जिससे भारत की स्वतन्त्रता आन्दोलनो के प्रति सहानुभूति एव सहयोग स्पष्ट होता है। भारत महाशक्तिया द्वारा अपनाई जाने वाली नवसाम्राज्यवादी नीतियो के प्रति भी सचेत है।

विचारधारा—भारत की परराष्ट्र नीति का सद्धान्तिक एव दाशनिक पक्ष भारत की एतिहासिक परम्परा के साथ जुडा हुआ है। विलग्नता की नीति अति-वादी मार्गों को छोडकर मध्यम माग अपनाने की आग्रही है। ऐसा कहा जाता है कि भारत की परराष्ट्र नीति पर गाधीवाद का प्रभाव है पर व्यवहार मे शस्त्रास्त्रो के इस्तेमाल मे समय आने पर कोई हिचक नही रही है। भारतीय समाज व्यवस्था की समस्याओ के सदभ मे भारतीय नेतत्व वग समाजवादी विचारधारा के प्रति सहानुभूति दिखाता है यद्यपि समूची आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह पूजीवादी रग मे रगी हुई है बस सविधान मे समाजवाद' की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है जिसकी व्याख्या का अधिकार यह नेतृत्व वग अपने पास ही रखता है। परराष्ट्र नीति के निर्माता पण्डित नेहरू के विचारो पर उदारवादी एव फबियन ढग की समाजवादी विचारधारा का समन्वित प्रभाव था। अपने घर मे विषमता की बढ़ती हुई खाई को रोकने के लिए चिता न करते हुए भी भारत आज अन्तराष्ट्रीय व्यवस्था मे समानता स्थापित करने हेतु सचेष्ट है और अन्तर्राष्ट्रीय अथव्यवस्था मे सस्थागत एव सरचनात्मक परिवतनो का हामी है।

नेतत्व की भूमिका—भारत की परराष्ट नीति पर सर्वाधिक प्रभाव पण्डित नेहरू का रहा है। पडित नेहरू राष्ट्रीय काग्रेस मे भी अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओ पर काग्रेस के रुख को मुखरित करते रहे है। वे अतराष्ट्रीय राजनीति और उसके खिलाडियो मे अधिकाश से खूब परिचित थे और वे अतर्राष्ट्रीय राजनीति के घटनाचक्र और ऊच नीच को, काग्रस मे सर्वाधिक जानकारी रखते थे। वस्तुत यही कारण है कि भारत के प्रथम परराष्ट्र मन्त्री की भूमिका उन्होन बहुत कुशलता और दूरदशिता से निभाई और उसे बहु आयामी बनाया। अगर किसी

एक नीति के निर्धारण मे और बहुत कुछ उसके कार्यान्वयन मे नौकरशाहियत हावी नही हो पाई और राष्ट्रीय नेतत्व वग की प्रतिभा के दशन होते हैं तो वह है इसकी परराष्ट्र नीति। पण्डित नेहरू द्वारा निर्धारित सिद्धान्त एव आदर्श 1977 म स्थापित जनता सरकार द्वारा भी स्वीकार किये गये। पण्डित नेहरू ने साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद एव फासीवाद का विरोध किया। उन्होने महाशक्तियो के सघष से न केवल भारत को अपितु एशिया को भी दूर रखने का प्रयास किया। उन्होने भारत के लिए विलग्नता एव पचशील के सिद्धान्तो का प्रतिवादन किया। जिन अन्य व्यक्तियो ने छुटपुट रूप म इस नीति के विकास मे मदद की व थे कृष्ण मेनन, गिरिजाशकर वाजपयी तथा सरदार पाणिक्कर।

1966 से श्रीमती गाधी न भारतीय परराष्ट्र नीति को नेहरू के बाद के ससार का सामना कर सकने योग्य बनाया। विकासशील दशो म भारतीय हितो की भूमिका को बदलते सन्दर्भों म नई दिशा दी है। 18 मई 1974 को भारत ने पोकरन म परमाणु परीक्षण किया और 1975 स अन्तरिक्ष के क्षेत्र म भी भारत प्रवश कर चुका है। अब अन्य देशो की तरह भारत म भी सन्य शक्ति के महत्व पर अधिकाधिक जोर दिया जाता है और आज सनिक साज सज्जा का अधुनातन बनाने की धुन नेतत्व वग म खूब घर किए है।

राष्ट्रीय हित—किसी भी देश की नीति का निर्माण केवल आदर्शों के आधार पर नही किया जा सकता। वह उन लोगो की समझ और दृष्टि से राष्ट्रीय हितो एव अन्तर्राष्ट्रीय वातावरण को ध्यान में रखकर बनाया जाता है जो उस देश का नेतत्व वग का होता है। भारत की परराष्ट्र नीति में भी राष्ट्रीय हितो का महत्व दिया गया है। हमारे प्रमुख राष्ट्रीय हित हैं—

राष्ट्र की एकता को बनाये रखना,

अखण्डता एव स्वतन्त्रता की रक्षा करना,

दश का आर्थिक एव सामाजिक विकास करना इस ढग से करना कि नेतत्व वग और उनसे जुडे पूजीपति वग और धनी किसानो के हितो को बढावा मिले।

भारत मे लोकतान्त्रिक व्यवस्था का सुदढ बनाना, जो पूजीवादी वचस्व पर आच न लाये तथा

अन्य राष्ट्रो के साथ मत्री एव सहयोग की नीति बनाये रखना।

अन्तर्राष्ट्रीय वातावरण—किसी भी देश की परराष्ट्र नीति की सफलता बदलती हुई। अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियो के प्रति जागरुकता पर निभर है। भारत की परराष्ट्र नीति में निरन्तरता एव परिवतन दोनो पाये जाते हैं। प्रारम्भ में भारत ने पश्चिमी गुट के प्रति सहानुभूति रखत हुए भी शीतयुद्ध का विरोध किया तथा सनिक सगठनो से अलग रहा। सन् 1962 मे चीनी आक्रमण

के वाद भारत चीन सम्बन्ध विगड गय थे किन्तु परिवर्तित परिस्थितियो म (1975 से) दोनो दशा न सम्बन्ध सुधार के प्रयास किए। समान उद्देश्या एव अन्तर्राष्ट्रीय नीतिया के कारण भारत एव सोवियत सघ क सम्बन्धो म विशेष घनिष्ठता रही है। सन् 1980 स हमारे पडोस म होन वाली घटनाओ के कारण भारत के सुरक्षा वातावरण म परिवतन आया है। भारत इसके प्रति सचेत है एव हम अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनान म भी लग हुए हैं।

उपर्युक्त विवेचन स स्पष्ट है कि भारतीय परराष्ट्र नीति निरन्तरता एव परिवतन दोना की हामी है। और वह कई तत्वो से सचालित होती है। जवाहर लाल नेहरू क शब्दा म‘

"मैं भारतीय परराष्ट्र नीति का जनक नही हू। मैंने उसको केवल आवाज दी है। यह नीति भारतीय परिस्थितिया की उपज है। भारत की भूतकालीन विचारधारा एव स्वतन्त्रता सग्राम म विकसित विचारो और वतमान अन्त र्राष्ट्रीय परिस्थितिया का परिणाम हैं।’

भारतीय परराष्ट्र नीति स्वतन्त्रता, न्याय एव मानव मूल्या का महत्व प्रतिपादित करती है। भारत न अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धो म सक्रिय भूमिका निभायी है और विश्व मचा पर एशिया एव अफ्रीका की आवाज को बुलद किया है।

भारतीय परराष्ट्र नीति का विकास

भारतीय परराष्ट्र नीति को 1946 से लेकर अब तक भारत के सामने आए प्रमुख सकटा और विभिन्न प्रधान मन्त्रिया के कायकाल के आधार पर भी समझा जा सकता है।

प्रमुख सकट

1 1946 48 म पाकिस्तान के साथ कश्मीर विवाद।
2 1962 म चीन-भारत सीमा सशस्त्र सघष।
3 1965 म पाकिस्तान भारत युद्ध।
4 1970 71 म बगला देश सकट।

नेहरू युग

1947 म भारत की स्वतन्त्रता के समय शीत युद्ध प्रारम्भ हो चुका था और दुनिया को गुटो म विभाजित करने के प्रयास चल रहे थ। भारत ने सनिक एव शक्ति गुटा से पृथक रहन का निश्चय किया। पण्डित नेहरू के शब्दों म, "हम उन शक्ति गुटो स दूर रहना चाहत हैं जिनके कारण पहले भी महायुद्ध

हुए हैं और भविष्य म भी हो सकते हैं।" भारत ने विलग्नता की जो नीति अपनाई उसम राष्ट्रीय स्वतन्त्रता को महत्व दना भी प्रमुख है। भारत न स्वतन्त्रता के पश्चात अतराष्ट्रीय मामला म सक्रिय भूमिका निभायी है। पण्डित नहरू न स्वतन्त्रता के पश्चात एशियाई सम्बन्ध सम्मेलन आयोजित किया और एशिया को शीत युद्ध से दूर रहन का आह्वान किया।

यद्यपि प्रारम्भ म भारत की विलग्नता की नीति अस्पष्ट रही क्योकि स्टालिन और अमेरिकीय नेतृत्व दोनो ही भारत को सही मायन म तटस्थ देश नही समझते थे। सन् 1950 से पूव भारत न पश्चिमी जमनी को तो कूटनीतिक मान्यता दे दी लेकिन पूर्वी जमनी का नही दी।

कोरिया युद्ध एव हिन्दचीन मे भारत की सक्रिय निष्पक्ष भूमिका

भारत ने कोरियाई युद्ध मे भी पहले पश्चिम का साथ दिया पर बाद मे तनाव को कम कराने के प्रयास भी किए। बाद म युद्ध बन्दियो को लौटान के लिए गुटनिरपेक्ष राष्ट्रो के प्रत्यावतन आयोग के अध्यक्ष की हैसियत से भारत की प्रमुख भूमिका रही। फ्रास और हिन्दचीनी जनता के सघष के समय विवाद के शान्तिपूण समाधान हेतु भारत ने 6 सूत्रीय योजना प्रस्तुत की और जेनेवा समझौते का पालन करवाने के लिए जो अन्तर्राष्ट्रीय नियत्रण आयोग बना, भारत को उसका अध्यक्ष बनाया गया।

पचशील

भारत ने 'नाटो एव 'सीटो की स्थापना के बाद भी गुटबन्दी का विरोध जारी रखा और विलग्नता की नीति के द्वारा शान्ति क्षेत्र के विस्तार के प्रयास किए। 29 अप्रैल 1954 म भारत और चीन के बीच तिब्बती क्षेत्र के बीच व्यापार और आवागमन आदि के बारे म भारत चीन समझौते म पाच सिद्धान्ता का समावेश किया गया जो पचशील क नाम से प्रसिद्ध हैं। य सिद्धान्त हैं—

1 पारस्परिक क्षत्रीय अखण्डता एव प्रभुसत्ता का सम्मान।
2 अनाक्रमण।
3 एक दूसर के आन्तरिक मामलो म अहस्तक्षेप।
4 समानता एव पारस्परिक हित का ध्यान।
5 शान्तिपूण सहअस्तित्व।

अप्रल सन् 1955 म इडोनेशिया के बाडुग नगर म एक विशाल अफ्रो-एशियाई एकजुटता और समान धर्मा राष्ट्रा के मच का निर्माण हुआ जिसने यूरोपीय और अमरीकी साम्राज्यवादियो को उद्विग्न किया हो, इससे सावियत सघ म भी कुछ खलबली मची। अफ्रोएशियन देशा के इस सम्मलन म पचशील

के सिद्धा तो को और भी व्यापक बनाया गया। इसके बाद दुनिया के अधिकाश देशो न प चशील सिद्धा तो को मा यता दी। इन सिद्धान्तो द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धो के लिए आदश प्रस्तुत किए गये लेकिन य आदश स्वीकार किये जान के बाद भी अधिकाश दशो की परराष्ट्र नीति के व्यवहार मे नही मिलते।

हगरी एव स्वेज सकट

1956 म हगरी मे सोवियत हस्तक्षेप एव उसी वष स्वेज नहर पर ब्रिटन, फास एव इजराइल के आक्रमणा की विश्व भर म प्रतिक्रिया हुई। भारत न इन घटनाओ म स्वेज पर आक्रमण की अधिक तीव्र आलोचना की।

भारत पर चीन का आक्रमण

सन् 1949 में चीन म साम्यवादी व्यवस्था कायम हुई। उस समय से ही भारत और चीन के सम्बन्धो का महत्व बढ गया। भारत ने चीन को कूटनीतिक मा यता प्रदान की। लेकिन तिब्बत की व्यवस्था जसे अग्रेजी जमाने मे थी उससे आगे बढकर साम्यवादी चीन न उसे अपन साथ घनिष्ठता से जोड लिया। तिब्बत म पुराने भारत को कुछ रिआयतें मिली हुई थी जिसे पचशील समझौते के बाद नय भारत को छोडना पडा पर भारतीय नेता तिब्बत की स्वायत्तता के पक्षधर रहे। वह इतना घना जुडाव पसद नही करते थे और यह तो कतई नही कि चीन की फौजें स्थायी तौर पर वहा रह। चीन की अपनी गृहनीति के फलस्वरूप तिब्बत के कुलीन वग के नेतृत्व मे विद्रोह भडक उठा और तिब्बत के दलाई लामा ने भागकर भारत म शरण ली। इसने सबधा म कटुता पैदा कर दी। प्रारम्भ मे कुछ तनाव बढता गया। भारतीय नेताओ का इसम कुछ अटपटा नहीं लगा कि जा व कश्मीर म पसन्द नही करते थे उसे व खुद तिब्बत म करना पचशील के सिद्धान्तो के विरोध मे नही मानत थे।

भारत और चीन के बीच 1959 से ही सीमा विवाद भी बढता रहा। भारत और चीन के बीच व्यावहारिक रूप से 'मा य मैकमोहन रेखा' को चीन न बाद मे अस्वीकार कर दिया। यह रेखा 1914 म शिमला सधि द्वारा तय की गई थी जिसम गुलाम भारत की ओर से अग्रेजों और तिब्बत तथा चीन क बीच सीमा निर्धारण किया गया था। ब्रितानी सरकार की ओर से सर आथर हेनरी मैकमाहन न भाग लिया था। चीन न लद्दाख एव अक्साई चीन के क्षेत्रा पर विवाद उठाया।

20 अक्टूबर 1962 को प्रात काल भारत की उत्तरी सीमा पर चीन स भयकर मुठभेड हुई। इस आकस्मिक आक्रमण के साथ ही चीन न भारत का हजारो वग मील क्षेत्र अपन कब्जे मे ले लिया। इस युद्ध म अमेरिका और

ब्रिटन न सनिक सहायता दी किन्तु चीन न 21 नवम्बर 1962 को इकतरफा ही युद्ध विराम की घोषणा कर दी। दिसम्बर 1962 म कुछ राष्ट्रो न भारत चीन वार्ता क लिए कोलम्बो प्रस्ताव रखे और भारत और चीन के बीच गतिरोध समाप्त कराने का प्रयास किया किन्तु चीन न कुछ शर्तें लगाकर यह प्रस्ताव बाद म अस्वीकार कर दिया।

चीन के आक्रमण स भारत की कमजोरी स्पष्ट हुई और विलगनता की नीति पर भी प्रश्न उठन लग किन्तु विलगनता स यह लाभ अवश्य हुआ कि भारत को बिना शत पश्चिमी सहायता मिली और सोवियत सघ ने इस सकट के समय चीन का साथ नही दिया और भारत के निकट आता गया।

शास्त्री युग

27 मई 1964 को पडित नेहरू के स्वर्गवास के बाद लाल बहादुर शास्त्री भारत क प्रधानमन्त्री बन जो कि अल्पकाल तक ही रह सके। उन्होंन भारत की परराष्ट्र नीति क आधारभूत सिद्धान्तो को जगाय रखा और 5 अगस्त 1964 को पाकिस्तान क साथ युद्ध न करने के समझौते का प्रस्ताव रखा जिसे पाकिस्तान न स्वीकार नही किया। पाकिस्तान न मार्च अप्रल 1965 में कच्छ के रन क्षेत्र मे भारत पर आक्रमण किया। राष्ट्रमडलीय प्रधानमन्त्रियो के सम्मेलन के अवसर पर 30 जून 1965 को अग्रजो की मध्यस्थता के फलस्वरूप भारत-पाकिस्तान के बीच एक समझौता हुआ, जिसमे पहली बार भारतीय नतत्व ने अपना विवाद अन्तर्राष्ट्रीय पच समझौत के लिए सौंप दिया।

अगस्त 1966 म कश्मीर मे सशस्त्र घुसपेठिये भेजे गये जिनका भारतीय सेना न सफाया किया। 1 सितम्बर 1965 को पाकिस्तान न कश्मीर के छम्ब क्षेत्र पर आक्रमण कर दिया। अखनूर पर पाक फौजें अधिकार नही कर पाई। भारत ने अमेरिकी पैटनटैंको को भी परास्त कर दिया। चीन न भी भारत पर दवाव बढाने का प्रयास किया। 23 सितम्बर 1965 को सयुक्त राष्ट्र सघ के हस्तक्षेप से युद्ध विराम कराया गया। इस समय बहुत सा पाकिस्तानी क्षेत्र भारत के अधिकार मे आ गया था जिसे सोवियत मध्यस्थता द्वारा 10 जून 1966 को किये गये पाक भारत ताशकन्द समझौते द्वारा वापस लौटा दिया गया। ताशकन्द समझौते द्वारा 5 अगस्त 1965 से पहले की स्थिति पर दोनों देशो की सेनायें लौटाने का निश्चय किया गया। यह भी निर्णय किया गया कि पारस्परिक विवादो को शान्तिपूर्ण ढग से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। ताशकन्द समझौता भारत की उदारता और पाकिस्तान के साथ तनावो को कम करने के प्रयासो का प्रमाण था। यद्यपि स्वर्गीय शास्त्री समझौता कराकर लौट नही पाय, पर उन्होंने भारतीय परराष्ट्र नीति एव सुरक्षा व्यवस्था को यथार्थ

वादी बनाने का प्रयास किया। सन् 1965 के भारत-पाक युद्ध न भारत की सजगता स्पष्ट कर दी। अब भारत सैन्यबल के द्वारा समाधान खोजने की दिशा मे दृढतर कदमो से बढ रहा था।

इन्दिरा युग की परराष्ट्र नीति (जून 1966—मार्च 1977)

शास्त्रीजी के आकस्मिक निधन के पश्चात स्वर्गीय नेहरू की पुत्री श्रीमती इन्दिरा गाधी भारत की प्रधान मत्री बनीं। उन्होंने विलग्न भारत के अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मे सक्रिय भागीदार एव शान्तिवादी नीतियो पर चलते रहने का भरोसा दिया। श्रीमति गाधी ने पहले 11 वर्ष तक बदलती हुई अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितिया म भारतीय परराष्ट्र नीति का कुशल सचालन किया। यद्यपि इस युग म दो ध्रुवो (गुटबन्दी पर आधारित) की राजनीति कमजोर पडने लगी किन्तु एशिया म और विशेषकर दक्षिणी एशिया म बाहरी शक्तिया का हस्तक्षेप बढता जा रहा था। भारत का अपना घर-आगन सकटग्रस्त हो गया था।

भारत-पाक तनाव मे वृद्धि

1966 67 म भारत पाकिस्तान के बीच सीमा पर छिटपुट घटनाए होती रही। याहिया खा के सत्ता मे आने के उपरान्त भारत पाक सम्बन्धो म और भी तनाव आया।

रबात सम्मेलन (मोरक्को)

22 सितम्बर 1969 को मोरक्को की राजधानी रबात म इस्लामी शिखर सम्मलन आयोजित किया गया जिसम पाकिस्तान न भारत के प्रवेश का विरोध किया। भारतीय प्रतिनिधि मडल को वहा पहुचन के बाद भी सम्मेलन मे भाग लेने से वचित कर दिया गया क्योकि याहिया खा ने सम्मेलन का बहिष्कार करन की धमकी दी।

विमान अपहरण काड

30 जून 1971 को इण्डियन एयर लाईन्स के एक विमान का अपहरण करके हवाई अड्डे पर उतारा गया। पाकिस्तान ने अपहरणकर्ताओ को शरण दी। विमान के यात्रिया को अवश्य लौटा दिया गया लेकिन विमान को लाहौर हवाई अड्डे पर जला दिया गया जिससे भारत पाकिस्तान के बीच तनाव तीव्र हो गया और भारत ने पाकिस्तान के विमानो के भारतीय प्रदेश के ऊपर से उडने पर प्रतिबन्ध लगा दिया।

बगला देश सकट दक्षिणी एशिया की राजनीति

पूर्वी एव पश्चिमी पाकिस्तान के बीच सामाजिक आर्थिक एव राजनीतिक तनाव व विग्रह कई वर्षों से रूप ले रहा था। जनरल याहिया खा ने दिसम्बर 1970 मे विवश होकर पाकिस्तान मे चुनाव कराये जिनमे पूर्वी बगाल को अवामी लीग को शेख मुजीब के नेतत्व मे पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ तथा पश्चिमी पाकिस्तान मे जुल्फिकार अली भुट्टो के नेतत्व मे गठित पीपुल्स पार्टी को बहुमत मिला। अवामी लीग की स्वायत्तता की माग को याहिया खान एव भुट्टो द्वारा अस्वीकार कर दिया गया और मुजीबुरहमान को गिरफ्तार कर लिया गया और आन्दोलन का दमन किया जाने लगा। विवश होकर पूर्वी पाकिस्तान की जनता ने माच 1971 मे स्वतन्त्र बगला देश की घोषणा की गई।

शरणार्थियो की समस्या और भारत पाक तनाव

पाकिस्तान के शासको ने पूर्वी पाकिस्तान मुक्ति आन्दोलन को भारत का षड्यन्त्र बतलाया और पूर्वी बगाल मे दमन और अत्याचार का चक्र चलता रहा जिससे लगभग एक करोड शरणार्थी भारत में आ गए। श्रीमति गाधी ने यूरोप के कई देशो तथा अमेरिका की यात्रा की तथा बगला देश समस्या के बारे मे भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट किया। भारत द्वारा बगला देश मे अत्याचारो को मानवाधिकार विरोधी और नशस बतलाया। भारत पर आर्थिक दबाव बढने पर भी पश्चिमी देशो ने अधिक ध्यान नही दिया।

अमेरिका-चीन पाकिस्तान

अमरिका और चीन ने बगलादेश समस्या को पाकिस्तान का मात्र आतरिक मामला बतलाया तथा उसे सनिक और आर्थिक सहायता जारी रखी। जुलाई 1971 म श्रीमति गांधी ने पत्र द्वारा चीन को बगला देश की घटनाओ से अवगत कराया लेकिन चीन ने कोई उत्तर नही दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन के समय भारत अमेरिका सम्बन्धो मे तनाव बढा। अमेरिका ने बगला देश समस्या के प्रति प्रारम्भ मे उपेक्षापूण रवया अपनाया। अमेरिका का कोई वरिष्ठ अधिकारी श्रीमति गाधी की यात्रा के समय न्यूयार्क हवाई अडडे पर उपस्थित नही था। इस स्थिति म श्रीमती गांधी न वाशिगटन यात्रा नही की और सीधी भारत लोट आयी।

भारत सोवियत सधि (1971)

अगस्त 1971 से पूव दक्षिणी एशिया म निरन्तर तनाव बढ़ रहा था।

एक ओर जहा पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान के सघष मे अमेरिका और चीन पाकिस्तान के सैनिक शासकों को मदद कर रहे थे, वही दूसरी ओर शरणार्थियो के कारण आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई थी। अमेरिका एव चीन म नई दोस्ती स्थापित हो रही थी जिसमे बाद म पाकिस्तान की मध्यस्थता भी स्पष्ट हो गई। अमेरिका और चीन मिलकर सोवियत सघ का प्रभाव कम करना चाहते थे। इस प्रकार भारत का सुरक्षा वातावरण भी बिगड चुका था। हिन्द महासागर म अमेरिका अपना नौसनिक अड्डा स्थापित करन का प्रयास कर रहा था। अत भारत को देश की अखडता एव सुरक्षा के लिए कदम उठाना आवश्यक था। भारत ने सोवियत सघ के साथ 9 अगस्त 1971 को शान्ति मैत्री एव सहयोग की 20 वर्षीय सधि पर हस्ताक्षर किए। रूस और भारत की मैत्री सधि कोई सैनिक सधि नही है। सधि की धारा 4 म स्वय सोवियत सघ ने भारत की विलग्नता की नीति को सम्मान देने की बात की है। यद्यपि सधि मे यह व्यवस्था है "कि दोनों देशो मे से किसी पर आक्रमण का खतरा उपस्थित होने पर दोनो पक्ष शीघ्र ही परस्पर विचार विमश करेंगे ताकि ऐसे खतरे को समाप्त किया जा सके और शान्ति तथा सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाए।"

(भारत सोवियत सधि से) जहा एक ओर इस सधि से भारत एव रूस के सम्बन्धो की और घनिष्ठता स्पष्ट होती है वही दूसरी ओर कुछ निहित स्वाथ इसके सन्दभ म भारत की विलग्नता की नीति पर प्रश्नचिन्ह लगाने लगे। अमेरिका एव चीन ने इस सधि का विरोध किया।

दिसबर 1971 का भारत पाक युद्ध

पाकिस्तान ने पूर्वी बगाल (पाकिस्तान म) जिसे वहा के लोग अब स्वतन्त्र बगलादेश मानने लगे थे) भारतीय हस्तक्षप का आरोप लगाकर 3 दिसम्बर 1971 भारत के कई स्थानो पर हवाई आक्रमण कर दिया। सोवियत सघ द्वारा 'वीटो' के कारण सुरक्षा परिपद म भारत विरोधी प्रस्ताव पारित नही हो पाया। 6 दिसम्बर 1971 को श्रीमति गाधी न ससद म बगला देश गणराज्य का मान्यता देने की घोषणा की।

भारत पाक युद्ध 14 दिन चला और 16 दिसम्बर 1971 को बगला देश की राजधानी ढाका म पाकिस्तान सेना के जनरल ए० के० नियाजी ने अपनी 90 हजार फौज के साथ आत्मसमपण कर दिया। पश्चिमी मोर्चे पर पाकिस्तान की लगभग 1400 वग मील भूमि पर भारत ने अधिकार कर लिया जिसे बाद मे शिमला समझौते द्वारा लौटा दिया गया। 17 दिसम्बर 1971 को भारत ने एक पक्षीय युद्ध विराम की घोषणा कर दी और पाकिस्तान से युद्धबन्दी प्रस्ताव

को स्वीकृति हेतु अपील की। भारत-पाक युद्ध के दौरान अमेरिका ने अपना सातवा जहाजी बेडा द० पूर्वी एशिया से बगाल की खाडी म भेजा था जिसका उद्देश्य पाकिस्तान के प्रति समथन व्यक्त करना एव भारत को डराना था किन्तु हिन्दमहासागर मे सोवियत युद्ध पोतो की उपस्थिति के कारण अमेरिका कोई सक्रिय कदम नही उठा सका।

बगला देश सकट के प्रभाव

1971 मे बगला देश के निर्माण और भारत पाक युद्ध मे भारत की विजय के कई प्रभाव हुए। भारत की परराष्ट्र नीति म यथाथवाद एव आत्मविश्वास बढा। यह भी स्पष्ट हो गया कि इस क्षेत्र मे अमेरिका की नीति महाशक्तियो की प्रतिस्पर्द्धा और शक्ति राजनीति से अधिक प्रभावित थी। वह दक्षिण एशिया मे 'भारत के वचस्व को मानने से इन्कार करता रहता था। पर बगला देश निर्माण के बाद अमरिका को स्वीकार करना पडा। इस सकट से न केवल पाकिस्तान विखडित हुआ अपितु यह भी स्पष्ट हो गया कि 1947 म भारत का धार्मिक आधार पर विभाजन अनुचित था। राष्ट्रीय राजनीति मे श्रीमति गाधी को और अधिक समथन प्राप्त हुआ और अन्तर्राष्टीय स्तर पर उनकी साख एव प्रतिष्ठा भी बढी। दक्षिणी एशिया म एक प्रमुख शक्ति के रूप मे भारत का महत्व स्वीकार किया जाने लगा। किन्तु भारत के पडोसी देशों म यह भावना घर करने लगी कि भारत उनके प्रति दबाव की नीति अपना सकता है लेकिन भारत न इस प्रकार की शकाओ को निमूल साबित कर दिया।

शिमला समझौता जुलाई 1972

पाकिस्तान के विखडित हो जाने और बगला देश के बनन के बाद जुल्फिकार अली भुट्टो के नेतत्व मे बचे-खुचे पाकिस्तान म एक नागरिक सरकार बनी जिसने पारस्परिक वार्ता द्वारा भारत के साथ सम्बन्ध सुधारने का प्रयास किया। जून 1972 के अन्त मे एक शिखर सम्मेलन के आयोजन का निश्चय हुआ। *3 जुलाई 1972 को भारत एव पाकिस्तान के बीच शिमला समझौते* पर हस्ताक्षर किए गये। जिनकी प्रमुख व्यवस्थाए है

1 भारत और पाकिस्तान की सरकारें पारस्परिक विवादो को समाप्त करने और उपमहाद्वीप म स्थायी शान्ति के लिए कार्य करेंगी।
2 अपन मतभेदों को द्विपक्षीय वार्ता द्वारा शान्तिपूण उपायों से हल करने का प्रयास करेंगी।
3 दोनो देश परस्पर घृणापूण प्रचार नही करेंगे।
4 सम्बन्धों का सामान्यकरण के लिए (1) डाक तार सेवा एव सचार

व्यवस्था पुन स्थापित की जाएगी।

(ii) नागरिको का आन जान की सुविधाए दी जाएगी।

(iii) व्यापारिक एव अन्य आर्थिक मामलो म सहयोग का क्रम अतिशीघ्र प्रारम्भ होगा। विज्ञान एव सास्कृतिक क्षेत्रो मे आदान प्रदान बढाया जायेगा।

5 स्थायी शान्ति की स्थापना के सम्भ म दोनो सरकारें सहमत हैं कि—

(i) भारत और पाकिस्तान की सेनाए अपनी अन्तराष्ट्रीय सीमाओ म लौट जायेंगी।

(ii) दोना देश बिना परस्पर हानि पहुचाए जम्मू काश्मीर मे 17 दिसम्बर 1971 को हुए युद्ध विराम की नियत्रण रेखा को मान्यता देंग।

(iii) सेनाओ की वापिसी इस समझौते के लागू होने क 30 दिन के अन्दर पूरी हो जाएगी।

6 दोनो देशा की सरकारें इस बात पर सहमत है कि उनके राष्ट्राध्यक्ष उचित अवसर पर पुन भेंट करेंगे। इस बीच दोनो देशो के प्रतिनिधि शान्ति स्थापना और सम्बन्ध बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओ के बारे म विचार विमश करेंगे।

शिमला समझौता भारत पाक युद्ध के बाद भारत की उपमहाद्वीप म शान्ति स्थापित करन की इच्छा का प्रतीक है यद्यपि जनसघी नता श्री वाजपेयी ने जीती हुई भूमि को लौटाने के निर्णय का विरोध किया।

पाकिस्तान द्वारा बन्दी भारतीय नागरिको को मुक्त कर दिया गया यद्यपि ऐसी खबरें भी आती है कि सभा बन्दी वापस नही किए गये हैं। पाकिस्तानी युद्धबन्दियो एव अन्य मानवीय समस्याओ पर 28 अगस्त 1973 को नई दिल्ली समझौता हुआ। इस समझौते द्वारा पाकिस्तान से सभी बगालियो और बगला देश से काफी सख्या म पाकिस्तानी नागरिको और भारत से 195 युद्धबन्दियों को छोडकर शेष सभी युद्धबन्दियो की जल्दी ही अदला-बदली करने का निर्णय किया गया।

पाकिस्तान न बगलादेश को फरवरी 1974 को कूटनीतिक मान्यता दे दी और फिर बगला देश न इस्लामिक सम्मेलन म भाग लिया। भारत, बगलादेश एव पाकिस्तान के विदेश मन्त्रियो न 9 अप्रल 1974 को नई दिल्ली म द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए।

भारत द्वारा परमाणु विस्फोट (18 मई 1974)

भारत ने स्वतन्त्रता के बाद से ही शान्तिपूर्ण कार्यों के लिये परमाणु शक्ति

के प्रयोग की नीति रखी है। परमाणु आयोग की स्थापना के साथ ही भारत ने परमाणु तकनीक एवं विज्ञान के क्षेत्र में विकास के प्रयास प्रारम्भ कर दिये थे। यद्यपि भारत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निःशस्त्रीकरण का समर्थन करता है और परमाणु आयुधों की दौड़ का समाप्त करवाना चाहता है। किन्तु इसने परमाणु प्रसार निरोध संधि (एन० पी० टी०) 1968 पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इस पर हस्ताक्षर नहीं करने वालों में पाकिस्तान एवं चीन भी सम्मिलित हैं। भारत इस संधि को भेदभाव पूर्ण समझता है और उसका मत है कि इस संधि को लागू करने से पूर्व जिन देशों के पास परमाणु आयुध हैं उनके द्वारा आयुध निर्माण पर भी रोक लगानी चाहिए।

18 मई 1974 को भारत ने राजस्थान में पोकरण नामक स्थान पर प्रथम (सफल) परमाणु परीक्षण किया जो भारत की विज्ञान एवं तकनीक में प्रगति का द्योतक है। पाकिस्तान ने इसके प्रति तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और भुट्टो ने घोषणा की कि यदि भारत परमाणु बम बना सकता है तो पाकिस्तान भी परमाणु बम बनाएगा चाहे उसे घास पात खाकर जीवित रहना पड़े। पश्चिम के परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र अर्थात् अमरिका, कनाडा आदि भी भारत की इस सफलता से प्रसन्न नहीं हुए यद्यपि प्रधानमन्त्री श्रीमती गांधी ने स्पष्ट कर दिया कि भारत अणुशक्ति का विकास शांतिपूर्ण एवं रचनात्मक उद्देश्यों के लिए करना चाहता है। इससे भारत एवं अमेरिका के बीच भी तनाव उत्पन्न हुआ।

श्रीमती गांधी के युग में भारत-अमेरिका सम्बन्ध

राष्ट्रपति जोनसन के निमन्त्रण पर मार्च 1966 में श्रीमती गांधी अमेरिका की यात्रा पर गयी। किन्तु अमरिका ने भारत की आर्थिक कठिनाइयों का लाभ उठाने का प्रयास किया। उनके दबाव पर ही रुपये का अवमूल्यन करना पड़ा जिसने भारत की साख को ठेस पहुंचायी। अमेरिका ने भारत की आर्थिक सहायता में 1968 में कटौती की। दोनों देशों के बीच सम्बन्धों में तनाव का प्रमुख कारण वियतनाम की समस्या भी थी। प्रारम्भ से ही भारत द० पूर्वी एशिया में नव साम्राज्यवाद का विरोध कर रहा था। भारत ने वियतनाम पर अमेरिकी बमबारी की आलोचना की। जनवरी 1970 में भारत द्वारा उत्तरी वियतनाम की सरकार के साथ कूटनीतिक सम्बन्ध स्थापित किए गए जिससे तनाव और बढ़ा।

1971-72 में अमेरिका सम्बन्धों में बहुत बिगाड़ आया जिसका प्रमुख कारण था बंगला देश संकट। अमेरिका ने 'युद्धपोत राजनय" (गनबोट डिप्लोमैसी) की चाल चलकर 'सातवें बेड़े' (सेवेन्थ फ्लीट) को बंगाल की खाड़ी में

भेजा। किन्तु अमरीकी कूटनीति पूरी तरह असफल हो गई। 1973 मे अमेरिका ने पाकिस्तान को सनिक सहायता देन का निश्चय किया। अमेरिका द्वारा हिंद महासागर मे डियोगा गार्सिया द्वीप म अपना नौसैनिक अड्डा स्थापित करन के निणय से सन 1974 मे भारत और अमेरिका क सबन्धो को पुन आघात लगा। भारत अमेरिका सयुक्त आयोग की बैठक 1975-76 मे भी आयोजित की गई। भारत ने अमेरिका क साथ सहयाग एव समझौते के प्रयास जारी रखे। कार्टर क राष्ट्रपति बनने के बाद भारत अमेरिका सबन्ध सुधारने के प्रयास फिर किए गए। दिवगत राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की अन्त्येष्टि पर राष्ट्रपति कार्टर की मा श्रीमति लिलियन कार्टर के नेतत्व मे एक प्रतिनिधि मण्डल भारत भेजा गया था।

चीन से सम्बन्ध सुधार का प्रारम्भ

1962 के सैनिक सघर्ष के बाद भारत एव चीन के सबन्धो म ठहराव आ गया और बीच बीच म सीमा पर गडबडी होती रही लेकिन 1970 से ही चीन ने भारत विरोधी प्रचार कम कर दिया। रूस और भारत के बढते हुए सहयोग के कारण भी चीन को अपनी नीति परिवर्तित करनी पडी। बगला देश समस्या के कारण भारत चीन सबन्ध पुन बिगडे और भारत सोवियत सघ स चीन और परेशान हो गया। 29 अप्रैल 1975 को चीन द्वारा एक वक्तव्य प्रसारित किया गया जिसम कहा गया कि भारतीय सघ मे सिक्किम को राज्य का दर्जा दिया जाना अवध अधिग्रहण है।

1976 म भारत चीन सबन्धो म सुधार होन लगा। अप्रल 1976 म भारत न चीन मे अपना राजदूत नियुक्त किया और सितम्बर म चीन राजदूत ने भी भारत म अपना पद ग्रहण किया। इसके बाद विभिन्न प्रकार के प्रतिनिधि मण्डलो का आवागमन भी प्रारम्भ हो गया।

जनता सरकार की परराष्ट्र नीति (मार्च 1977 से 1979)

भारत मे आतरिक आपातकाल के पश्चात प्रजातात्रिक माध्यम स सत्ता परिवतन हुआ और प्रधान मन्त्री श्री मोरारजी देसाई एव विदेश मन्त्री श्री वाजपेयी न भारतीय परराष्ट्र नीति के आधारभूत सिद्धान्तो को बनाये रखने पर बल दिया।[5] जनता सरकार ने 'असली गुटनिरपक्षता' (जेनुइन नान अलाईमेंट) अथवा सच्चे अर्थो म गुट निरपक्षता पर बल दिया। यह स्पष्ट कर दिया गया कि भारत की परराष्ट्र नीति म मौलिक परिवतन नही होगा।

न्यूयार्क म 4 अक्तूबर 1977 को सयुक्त राष्ट्र महासभा म भाषण करते हुए परराष्ट्र मन्त्री श्री वाजपेयी ने स्पष्ट किया "नई सरकार के शासन मभालने

ही न केवल गुट निरपेक्षता के मार्ग पर चलते रहने की अपितु उसके मौलिक तथा सकारात्मक रूप को पुन प्रतिष्ठित करने की घोषणा की। यह सतोष का विषय है कि वास्तविक गुटनिरपेक्षता पर हमारे द्वारा दिए गए जोर और उस नीति मे उत्साह एव गतिशीलता से आगे बढ़ने मे हमारे निर्णय को सही अर्थों मे देखा और समझा गया है।"

पडोसियो से सम्बध सुधार

जनता सरकार ने पाकिस्तान, नेपाल, अफगानिस्तान, श्री लका, बगला-देश आदि से सम्बध सुधारने के प्रयास किए। अप्रल 1977 म श्री वाजपेयी द्वारा पाकिस्ताम के समक्ष युद्ध न करने के समझौते का प्रस्ताव रखा गया। सर-कार ने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि भारत पाक सौहार्द नीति को प्रोत साहन दिया जाना चाहिए। भारत ने पाकिस्तान के आंतरिक मामलो म अहस्त-क्षेप की नीति का पालन किया। पाकिस्तान म सनिक शाही स्थापित होन के बाद भूतपूर्व प्रधानमत्री भुट्टो पर मुकदमा चलाया गया और जब अप्रैल 1979 म उन्हे फासी दी गई तब भी श्री देसाई ने कोई अपील जारी न कर दूसरो के मामलो मे हस्तक्षेप न करने के रवय का एक कठमुल्लापन दिखाया। इस शैली की भारत की आम जनता ने भत्सना की। राष्ट्रपति रेड्डी न अपनी ओर से 'अपील' करना उचित समझा। अपील न करने के इस 'वचन दारिद्रय' ने जनता दल के अमानवीय स्वरूप' को उदघाटित किया था।

पाकिस्तान से सलाल समझौता

अप्रल 1978 मे पाकिस्तान के वैदेशिक मामलो के सलाहकार श्री आगा-शाही की भारत यात्रा के समय सलाल पन बिजली परियोजना के जरिये एक पनबिजली परियोजना पर हस्ताक्षर हुए। भारत एव पाकिस्तान के बीच व्यापार मे भी वृद्धि की गई। प्रधानमत्री देसाई एव विदेशमत्री वाजपेयी न अक्टूबर, 1977 म मास्को की यात्रा की जिससे यह भी स्पष्ट होता है कि जनता सरकार न केवल अमेरिका से घनिष्ठ सम्बध बनाए रखना चाहती थी बल्कि सोवियत सघ के साथ भी अच्छे सम्बध बनाए रखनी चाहती थी।

जिमी कार्टर की भारत यात्रा

जनवरी 1978 मे राष्ट्रपति कार्टर ने भारत यात्रा की जिसके सयुक्त घोषणा पत्र मे कई समान सिद्धातो का उल्लेख किया गया था। दोनो पक्षो ने स्वीकार किया कि पश्चिमी एशिया की समस्याओ का व्यापक, न्यायोचित एव स्थायी समाधान निकालने की तात्कालिक आवश्यकता हैं। अफ्रीकी जनता के

आत्मनिणय और बहुमत शासन की उचित आकाक्षाओ के प्रति समथन व्यक्त किया गया और सभी रूपो मे नसलवाद की निन्दा की गई। दोनो पक्षों ने दुनिया के औद्योगिक और विकासशील राष्ट्रो के बीच सम्बन्धो की समीक्षा की।

यो तो भारत अमेरिका के बीच सम्बन्ध सुधारने की सम्भावना बढती दिख रही थी, पर तारापुर के लिए भारी पानी के बारे म (यूरेनियम) और भारत द्वारा एन० पी० टी० पर हस्ताक्षर न करने से सम्बन्धित विवाद से खटपट बनी रही। अमेरिका न 1979 मे भारत को यह आश्वासन दिया कि वह पाकिस्तान को अणुशक्ति विस्फोट के कायक्रम को आगे बढान से रोकन की गभीर कोशिश करेगा।

भारत और श्रीलका सबध

भारत के दक्षिण और हिन्द महासागर म स्थित यह द्वीप भू राजनीतिक दृष्टि से भारत के लिए महत्वपूण है। जिसे मई 1972 से श्रीलका गणराज्य कहा जाता है। भारत और श्रीलका के बीच श्रीलका मे रहने वाले भारतीय मूल के नागरिको की और कच्चाटीवू द्वीप की समस्या रही है। कच्चाटीवू द्वीप के बारे मे जून 1974 मे समझौता किया जा चुका था और इसे श्रीलका के अधिकार क्षेत्र म मान लिया गया। जुलाई 1977 मे श्रीलका मे भण्डारनायके का पतन हो गया और श्री जयवर्धन ने सत्ता सम्भाली। श्रीलका म तमिल विरोधी दगे हो गए जिनसे प्रभावित होने वाले लोगो को भारत ने भी धन-राशि दी। अक्टूबर 1978 मे राष्ट्रपति जयवधन ने भारत की यात्रा की और फरवरी 1979 म प्रधानमन्त्री देसाई—श्रीलका की यात्रा पर गए। दोनो देशो के बीच व्यापार एव आर्थिक सहयोग को निरन्तर बढाया गया हैं।

बगला देश के साथ फरक्का समझौता

भारत न फरक्का बाध पर पानी के बटवारे के सम्बन्ध म बंगलादेश के साथ 5 नवम्बर 1979 को ढाका मे हस्ताक्षर किए। यह विवाद पिछले कई वर्षो से बना हुआ था।

22 जून 1978 को भारत इण्डोनेशिया और थाइलड न एक त्रिशक्ति समझोते पर हस्ताक्षर किए जिसके द्वारा अण्डमान सागर मे समुद्री सतह का स्थायी रूप से सीमा निर्धारण कर दिया गया।

जनता सरकार पश्चिमी एशिया मे अरब देशों का समथन करती रही। जनता सरकार की विदेश नीति को श्री अटलबिहारी वाजपेयी ने निरन्तरता

एव परिवतन के साथ राष्ट्रीय सहमति की विदेशनीति कहा किन्तु वह भारतीय परराष्ट्र नीति को अधिक यथार्थवादी आधार नही दे पाए। यद्यपि इन्होने पड़ोसियो के साथ सम्बन्धो की दृष्टि से कई देशो की यात्राए कीं। औपचारिक रूप से सम्बन्ध सुधार की घोषणा के बावजूद भी न तो भारत के साथ पाकिस्तान की प्रतिस्पर्द्धा ही कम हुई और न ही बगला देश के भारत विरोधी रुख म परिवतन आया। 1979 के प्रारम्भ से जनता दल म आतरिक शक्ति सघर्ष तीव्र हो गया। जुलाई 1979 म चौधरी चरणसिंह कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने और जनवरी 1980 तक भारतीय विदेश नीति को सर्वोच्च नेतृत्व द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत नही किया जा सका।

लुसाका राष्ट्रमण्डलीय सम्मेलन मे भारत अकेला पड गया तथा हवाना के छठे असलग्न राष्ट्राध्यक्ष सम्मेलन मे भारत का प्रधानमन्त्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व ही नही हो पाया और पिछले अधिवेशनो मे नेतृत्व करने वाले भारत की आवाज अनसुनी कर दी गई।

भारत ने चीन के साथ सम्बन्ध सुधारने का प्रयास किया था लेकिन श्री वाजपेयी की चीन यात्रा के समय चीन ने वियतनाम पर आक्रमण कर दिया जिससे कि भारतीय विदेश मंत्री को बीच म ही यात्रा समाप्त कर लौटना पडा। जनता सरकार की अधिक असफलताए आन्तरिक क्षेत्र मे थी। जितना समय उसे मिला उतने मे उसने अन्य देशों की सरकारो के साथ सम्बन्ध बनाने और विवादो और समस्यायो को समझकर उनके लिए वार्ताए करने का प्रयास किया। कई दलो का गठबन्धन होने के कारण जनता दल की नीतियों मे भी अधिक स्पष्टता नही थी और आन्तरिक शक्ति राजनीति के कारण इस दल का विघटन हो गया और मध्यावधि चुनाव कराये गये।

इंदिरा गाधी का पुनरागमन और 1980 से भारतीय परराष्ट्र नीति

जनवरी 1980 मे मध्यावधि चुनावो मे इन्दिरा कांग्रेस भारी बहुमत से विजय हुई और श्रीमति गाधी भारत की पुन प्रधान मन्त्री बनी। उनके नेतृत्व म एक स्थिर राजनीतिक सरकार की स्थापना हुई और उन्होने भारत की परराष्ट्र नीति को बदली हुई अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियो मे नई दिशा देना प्रारम्भ किया।

दक्षिणी पश्चिमी एशिया में तनाव एव शीत युद्ध

दिसम्बर 1979 मे जब अफगानिस्तान के निमन्त्रण पर सोवियत सघ के सैनिक वहा पहुचे। दक्षिणी पश्चिमी एशिया म महाशक्तियो की प्रतिस्पर्द्धा तीव्र बन गई। भारत ने दिसम्बर 1980 में श्री ब्रेझनेव की भारत यात्रा के

समय अफगानिस्तान के सम्बन्ध मे अपना मत वैभिन्य प्रकट किया । सोवियत पक्ष से सहमत न होते हुए भी भारत सोवियत की निन्दा करने की नीति को ठीक नही समझता क्योंकि फौजें वहा अफगान शासन के निमन्त्रण पर ही आई और पाकिस्तान से हो रही कारवाईया उनकी उपस्थिति को स्थायी बना रही है ।

अफगानिस्तान की समस्या एव भारत

भारत ने अफगानिस्तान म सोवियत सैनिको के आगमन का उतना तीव्र विरोध नहीं किया जितना कि पश्चिमी देशा ने किया है जिन्होने उसे हस्तक्षेप की सज्ञा दी। किन्तु अफगानिस्तान की घटनाआ क कारण भारत के सुरक्षा वातावरण मे बहुत परिवतन आया है। भारत के राष्ट्रीय हित की दृष्टि से यह महत्वपूण है कि ऐसी परिस्थितिया उत्पन्न न हों जिससे दक्षिणी एशिया मे शीतयुद्ध निरन्तर चलता रहे। सोवियत सघ से मैत्री के सदभ म भारत ने अफगानिस्तान मे सोवियत सैनिक उपस्थिति का विरोध न करन मे बडे सयम से काम लिया है किन्तु भारत अफगानिस्तान म सोवियत नीति को पूरा समथन भी नहा दे सकता है। अफगानिस्तान के सम्बन्ध म ब्रझनेव यात्रा के समय भी सहमति नही हो सकी तथा दोना देशो की सयुक्त विज्ञप्ति म अफगानिस्तान का उल्लेख भी नहीं किया गया। अमेरिका इसे अफगानिस्तान म सोवियत हस्तक्षेप मानता है और इसे सोवियत विस्तारवाद के खतरे के रूप म प्रस्तुत कर रहा है और पाकिस्तान को प्रमुख अग्रवर्ती राष्ट्र बतलाकर उसे 3 2 अरब डालर की आर्थिक एव सनिक सहायता दिये जाने की घोषणा रीगन प्रशासन कर चुका है। अमेरिका पाकिस्तान को एफ 16 किस्म क अत्याधुनिक लडाकू विमान भी देगा जो दूर तक मार कर सकते हैं। इससे भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्धों मे तनाव पदा हो गया है और भारत को अपन सुरक्षा बजट मे मजबूरन वृद्धि करनी पड रही है। भारत को इसम सन्देह नहीं है कि यह सारी अमरीकी मदद भारत के विरुद्ध ही काम मे ली जायेगी, जैसा प्रधानमत्री इदिरा गाधी ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान सावियतो से तो लडन स रहा। उल्टा वह उन्हे आश्वस्त कर रहा है कि वह सोवियत से मैत्री सम्बन्ध चाहता है। इन हथियारो का प्रयोग केवल भारत के विरुद्ध ही होगा जैसा पहले भी हुआ।

पाकिस्तान का आणविक कायक्रम एव इस्लामिक बम

पाकिस्तान उन थोडे से मुस्लिम देशो मे है जो पिछले कुछ वर्षों से आणविक क्षमता प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। 1971 के उपरान्त उसकी क्षमता लगभग 70 प्रतिशत बढ़ गई है। अमेरिका की काग्रेस की विशेष

के समक्ष ये तथ्य प्रस्तुत किए गए हैं कि पाकिस्तान कराची के पास इस प्रकार की परमाणु भट्टी चला रहा है जिससे भविष्य म परमाणु विस्फोट किया जा सके और परमाणु हथियार भी बनाए जा सकें। इस सन्दभ मे कई अरब देश पाकिस्तान द्वारा परमाणु कायक्रम पर आर्थिक कठिनाइया के बावजूद अरबों डालर व्यय किया जाना भारत से उसकी हठधर्मिता पूण प्रतिस्पर्द्धा का ही परिचायक है। यह कायक्रम भारत के लिए भी सुरक्षात्मक दृष्टि से महत्वपूण परिणाम उत्पन्न कर सकता है। भारत और पाकिस्तान दोना ही यदि परमाणु हथियारो का निर्माण करन लगें तो यह इस उपमहाद्वीप की शान्ति एव सुरक्षा के लिए स्थायी खतरा पदा कर सकता है।

हिन्द महासागर मे महाशक्तियों की प्रतिस्पर्द्धा

1970 से ही अमेरिका द्वारा डिएगो गार्सिया म नौसनिक अड्डा स्थापित करन के प्रयासो से ही हिन्दमहासागर मे महाशक्तियों की प्रतिस्पर्द्धा को प्रोत्साहन मिला। भारत हिन्द महासागर मे बाहरी हस्तक्षेप का निरतर विरोध करता रहा है और सयुक्त राष्ट्र सामान्य सभा द्वारा पारित 1971 के उस प्रस्ताव का समथक है जिससे हिन्द महासागर को शान्ति क्षेत्र बनाये रखने की स्पष्ट व्यवस्था की गई है।

भारत गुटनिरपेक्ष आदोलन के विभिन्न सम्मेलनो म भी इस प्रस्ताव के पक्ष के जनमत तैयार करता रहा है और शिखर सम्मेलनो द्वारा हिन्द महासागर को शान्ति क्षेत्र बनाये रखने के प्रस्ताव भी पारित किए गए है।

अफगानिस्तान म सोवियत सनिक उपस्थिति के बाद 1981 मे अमेरिका ने डिएगो गार्सिया मे अपनी नौसनिक उपस्थिति म और वद्धि कर दी है। अरब सागर मे अमेरिका के 32 से भी बडे जहाज एव 13 छोटे जहाज है जिनमे विमान वाहक युद्धपोत भी शामिल हैं। सोवियत सघ के इस क्षेत्र म 13 युद्धपोत तथा 17 से भी अधिक हवाई जहाज हिन्द महासागर म है। इन गतिविधियों से भारत की सुरक्षा व्यवस्था को भी गम्भीर खतरा उत्पन्न हो गया है। दोनो महाशक्तियो की निरतर बढती हुई नौसनिक गतिविधिया न केवल भारत अपितु हिन्द महासागर के अन्य छोटे तटवर्ती राष्ट्रो की स्वतन्त्रता के लिए गम्भीर चुनौती उत्पन्न करती है और शान्ति क्षेत्र की स्थापना मात्र एक प्रस्ताव रह गया है।

भारत चीन सम्बन्ध-सीमा विवाद पर वार्ता

यद्यपि अफगानिस्तान म सोवियत सनिक उपस्थिति के बारे मे चीन और अमेरिका की नीति समान है तथापि चीन दक्षिणी एशिया मे भारत जसे प्रमुख

राष्ट्र के साथ सम्बध सुधार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना चाहता है और यह डॅग सिआओ पिंग के सत्ता मे शक्तिशाली हो जाने के बाद उनकी यथार्थवादी नीति का भी भाग है। चीन जहा एक ओर भारत से सम्बध सुधार कर सोवियत सघ पर भारत की निर्भरता कम करना चाहता है वहीं दूसरी ओर इससे दक्षिणी एशिया मे सोवियत सघ का प्रभाव कम करने की रणनीति भी चला रहा है। जून 1981 मे चीन के विदेश मन्त्री हुआॅग हुआ ने भारत यात्रा की तथा दोनो देशों के बीच सम्बध और घनिष्ठ बनाने के माग म आने वाली बाधाओ पर भी विचार विमश किया। इसके बाद भारत का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मण्डल विदेश मत्रालय मे सचिव श्री गोसाल्वेज के नेतृत्व मे चीन गया और वहा चीनी नताआ स भारत चीन सम्बधा के विभिन्न पक्षो पर विचार विमश किया। भारत और चीन के व्यापारिक आर्थिक सास्कृतिक और अय क्षेत्रो मे सम्ब ध घनिष्ठ बनाने के लिए वातावरण तैयार किया गया। किन्तु भारत चीन के बीच जो हजारो मील की भूमि सबधी विवाद है उसके समाधान की दिशा म ठोस सकेत नही मिल पाये हैं।

अक्षय चीन क्षेत्र पर चीनी दावा

भारत चीन भूमि विवाद म चीन ने नवीन प्रस्तावों मे यह भी रखा है कि भारत यदि अक्षय चीन का क्षेत्र चीन के अधिकार मे छोड देता है तो चीन भारत के अय क्षेत्रो को लौटाने पर विचार कर सकता है। भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय वार्ताओ का द्वितीय दौर नई दिल्ली म 17 मई 1982 से प्रारम्भ हुआ जिसका नेतत्व चीन के उप विदेश म त्री फु हा ओ ने किया। चीन के प्रतिनिधि मडल म 11 सदस्य थ। इन वार्ताआ मे विशेषकर सीमा विवाद के जटिल प्रश्न को सुलझाने के बारे मे विचार विमश किया गया। चीन के द्वारा मेकमोहन रेखा को आधार रेखा माने जाने मे भी अभी सदेह है। चीन द्वारा जो जिनेवा प्रस्ताव (कुछ क्षेत्रो को भारत द्वारा चीन को दिये जान और बदले मे चीन द्वारा भारत को भूमि दिये जाने से सम्बधित) प्रस्तुत किया गया था। उस पर भी मई 1982 की वार्ताओ मे विचार किया गया। अभी तक दोनो देशो के बीच सीमा विवाद का शीघ्र समाधान तो सभव नहीं लगता क्योंकि इसमे कई जटिल प्रश्न हैं किन्तु आर्थिक, तकनीकी, सास्कृतिक और वज्ञानिक क्षेत्रो मे पारस्परिक सहयोग मे अभिवृद्धि पर अवश्य प्रगति हुई है। भारतीय विदेश मन्त्री नरसिंहराव ने चीन यात्रा का निमन्त्रण स्वीकार कर लिया है। यात्रा की तिथि की घोषणा बाद मे की जाएगी।

यदि भारत और चीन जैसे विशाल क्षेत्र और जनसख्या वाले देशों म पारस्परिक तनाव कम होते हैं और सहयोग के क्षेत्र विकसित होते हैं तो इससे एशिया

की क्षेत्रिय राजनीति मे भी परिवतन की सम्भावनाए है तथा साथ ही भारत चीन सम्ब ध सुधार का अ तर्राष्ट्रीय व्यवस्था पर भी प्रभाव पडेगा।

रीगन प्रशासन से भारत के सम्ब-ध

भारत और अमेरिका के सम्ब धो म सुधार तनाव आते रहे है कि तु सोवियत सघ की अफगानिस्तान मे सनिक उदारनीति क नाम पर राष्ट्रपति रीगन द्वारा पाकिस्तान को 3 2 अरब डालर की सैनिक और आर्थिक मदद की घोषणा से भारत अमेरिका सम्ब धो पर बुरा प्रभाव पडे बिना नही रह सकता। पाकिस्तान यदि एफ-16 किस्म के विमान प्राप्त करता है तो उससे भारत को भी अपनी सै य स्थिति को मजबूत बनाने के लिए फास से मिराज 2000 प्रकार प्रकार के विमान खरीदने को मजबूर होना पडता है। यह सौदा श्रीमती गांधी की 1981 है फास यात्रा के बाद किया गया।

तारापुर यूरोनियम विवाद

1981 से अमेरिका ने 1963 के द्विपक्षीय समझौते के आधार पर तारा पुर परमाणु सय त्र के लिए यूरेनियम सप्लाई ब द कर दी है। इससे भारत और अमेरिका के बीच न केवल तनाव मे वृद्धि हुई है अपितु अविश्वास भी बढा है। नई दिल्ली और वाशिगटन मे तारापुर सयन्त्र भारीपानी समझौते के बारे मे कई बार वार्ताए हुई है कि तु भारत और अमेरिका ने उस समझौते को विधिवत समाप्त नही किया।

भारत को अ तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा दिए जान वाले 5 8 अरब डालर के सबसे अधिक धनराशि के ऋण का भी सर्वाधिक विरोध अमेरिका द्वारा ही किया गया फिर भी यह ऋण भारत के लिए स्वीकृत हो गया है जिससे भारत को आर्थिक स्थिति को सुधारन मे मदद मिलेगी।

भारत और अमेरिका के सम्ब धों म तनाव होते हुए भी श्रीमती गाधी की अमेरिका यात्रा जुलाई 1982 म निश्चित की गई थी जिसम उ होन राष्ट्रपति रीगन से अ य द्विपक्षीय मामलो पर और अ तर्राष्ट्रीय मुद्दो पर बातचीत की है और ऐसा लगता है कि पाकिस्तान को दी जाने वाली सनिक सहायता के मामले म रीगन पुनर्विचार को तैयार नही है, पर अ य छोटे मोटे मामलो मे उनका रुख भारत के लिए नरम रहेगा। मसलन मुद्राकोष के ऋण, तारापुर ईधन इत्यादि।

भारत और नवीन अ तर्राष्ट्रीय अथ व्यवस्था

साम्राज्यवाद और उपनिवशवाद के युग से अ तर्राष्टीय अथ व्यवस्था पर

धनी औद्योगिक देशो का प्रभुत्व रहा है। 20वी शताब्दी के मध्य से एशिया और अफ्रीका राज्यो की स्वतन्त्रता की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई जो कि आज सख्या मे सयुक्त राष्ट्र सघ मे दो तिहाई बहुमत रखते हैं। इन देशो द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय अथ व्यवस्था म परिवतन की माग की जा रही है और यह माग अथव्यवस्था को अधिक समानतावादी और न्यायपूण बनाने के लिये है। भारत भी विकासशील देशा म एक है और वह भी इस माग को विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय मचा पर उठाता रहा है। 1970 से ही अक्टाड गुट निरपेक्ष आदोलन के शिखर सम्मेलना और सयुक्त राष्ट्रसघ म इस प्रकार के प्रतसव पारित किये जाते रहे हैं कि अन्तर्राष्ट्रीय अथव्यवस्था मे सरचनात्मक परिवतन किये जायें और उसे अधिक न्याय पूण बनाया जाये। भारत ने 1974 मे सयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष अधिवेशन मे नवीन अन्तर्राष्ट्रीय अथव्यवस्था की माग का समथन किया।

भारत "77 के समूह" (विकासशील देशो द्वारा अपनी समस्याओ के सदभ मे स्थापित विचार विमर्श का समूह जिसके लगभग 125 सदस्य है) का प्रमुख सदस्य राष्ट्र है और यह इसका कई वर्षों तक अध्यक्ष भी रहा है। भारत ने विकसित देशो को इस बात के लिये आगाह किया है कि अन्तर्राष्ट्रीय अथव्यवस्था मे गरीब देशो का शोषण समाप्त किया जाए और उनको अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार म उचित भागीदारी प्रदान की जानी चाहिए।

भारत सयुक्त राष्ट्र सघ द्वारा स्थापित विलीब्राट आयोग का भी सदस्य रहा है जिसमे श्री एल० के० झा एक सदस्य थे। इस आयोग ने 1980 म अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमे साधनो और लाभो के उचित वितरण पर बल दिया गया और यह सुझाव भी प्रस्तुत किया गया कि उत्तर-दक्षिण के देशों (अमीर व गरीब देशो के बीच अन्तर्राष्ट्रीय अथव्यवस्था म सुधार के लिए वार्ताए जारी रखनी चाहिए जिससे भविष्य मे उत्पन्न होने वाले आर्थिक तनावो को कम किया जा सके)।

उत्तर व दक्षिण के राज्यो के बीच आर्थिक सम्बन्ध सुधारने के लिए प्रयासो म उत्तरी (धनी) देशो के सरक्षण के बाद के कारण विशेष प्रगति नही हो पाई है फिर भी वार्तालापो को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास जारी रहे हैं। 22 से 24 अक्टूबर, 1981 को कानकून (मेक्सिको) मे विकसित व विकासशील देशो मे स 22 देशो के राष्ट्राध्यक्षो का शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे भारत की प्रधान मत्री श्रीमती गाधी ने भी भाग लिया। इस सम्मेलन म विकसित देशो द्वारा विकासशील देशो को अधिक सहायता और सहयोग दिये जाने पर बल दिया गया। भारत द्वारा विकसित देशों से अपील की गई कि वे अपनी सरक्षणवादी नीतिया छोड दें।

1982 के प्रारम्भ मे नई दिल्ली मे दक्षिण के विकासशील देशो का सम्मेलन आयाजित किया गया जिसम कई देशा के प्रतिनिधियो ने पारस्परिक समस्याओ पर विचार विमश किया। सम्मेलन मे भारत ने इस बात पर बल दिया कि तीसरी दुनिया के विकासशील देशो को सामूहिक आत्मनिभरता मे वृद्धि करनी चाहिए और विकसित देशो के कठोर रवैये के प्रति सजग रहना चाहिए। भारत ने विकासशील देशो को अपने देश मे उपलब्ध तकनीकी जानकारी और सहायता प्रदान करन का आश्वासन भी दिया। लेकिन कई लोगो की मायता है कि इस सम्मेलन के कोई विशिष्ट परिणाम नही निकले और इसमे केवल विदेश सचिवो क स्तर पर कुछ ही देशो का औपचारिक विचार विमश हुआ।

इस प्रकार स्पष्ट है कि बहुत सी बाधाओ के होते हुए भी भारत नवीन अतर्राष्ट्रीय अथ यवस्था की स्थापना की माग का समथन करता रहेगा और विभिन अतर्राष्ट्रीय मचो पर भारत दक्षिण के विकासशील देशो की आवाज को बुलन्द करता रहगा। भारत न विभिन क्षेत्रा मे विशेषज्ञा के समवय ग्रुप स्थापित करन का भी सुझाव दिया है जिस पर भविष्य म भी विचार किया जायगा।

भारत और पडौसी राष्ट्र

श्रीमती गाधी के सत्ता मे वापस आन के बाद भारत और उसके पडौसी देशो के बीच सम्पक सूत्रो को बराबर बनाये रखा गया है। भारत और नपाल के बीच व्यापारिक सम्बध और अधिक बढाये गये हैं। यद्यपि बगला देश म सत्ता परिवतन हुआ है किन्तु भारत ने इस सदभ मे अहस्तक्षेप की नीति का पालन किया है।

न्यूमर द्वीप विवाद

बगाल की खाडी म हाल ही मे उभरा द्वीप भारत और बगला देश के बीच विवाद का प्रमुख विषय बन गया है। बगला देश इसे तलपटटी द्वीप कहता है तथा इस पर अपना दावा करता रहा है। बगला देश की नौकाए भी इस द्वीप के आस पास देखी गई थी। इस द्वीप पर भारत का अधिकार है और यह समुद्री सर्वेक्षण के अनुसार भी भारत के निकोबार द्वीप समूह के अधिक समीप है। भारत ने इस सदर्भ म पारस्परिक वार्ता द्वारा तनाव को कम करने का भी प्रयास किया है और विदेश मत्री नरसिंहराव ने बगला देश की यात्रा भी की लेकिन बगला देश के नये माशल ला प्रशासक जनरल इरसाद न अपनी एक घोषणा म कहा है कि उन्हाने यूमर द्वीप पर बगला देश का दावा छोडा नही है।

भारत और बगला देश के मध्य गगा नदी के पानी के बटवारे के बारे मे विवाद भी नही सुलझाया जा सका है। फरक्का बाध के सम्बध म 1977 में जा समझौता किया गया था उससे वतमान सरकार पूणत सहमत नही है।

भारत और पाकिस्तान तथा भारत और चीन के सम्बधो मे भी परिवतन की सम्भावनाए ह। जहा एक ओर महाशक्तियो के हस्तक्षेप के कारण दक्षिणी एशिया म तनाव बना हुआ है वही दूसरी ओर भारत और पाकिस्तान के बीच अनाक्रमण समझौते के बारे म वार्तायें चल रही है तथा भारत और चीन पारस्परिक तनावो को कम करन और सीमा विवाद को सुलझाने के प्रयासो म रत है। इसस यह भी स्पष्ट है कि भारत न केवल दक्षिणी एशिया म अपितु सम्पूण विश्व म शाति चाहता है।

अक्टूबर 1981 म श्रीमती गाधी ने आशियान के दो देशा और टागा तथा फिजी की यात्रा की और अक्टूबर के प्रथम सप्ताह मे ही मलबोन राष्ट्रमण्डल म भाग लिया जहा विभिन्न अतर्राष्ट्रीय समस्याआ पर विचार विमश किया गया। श्रीमती गाधी ने इस सम्मलन म नवीन अतराष्टीय अथव्यवस्था के सदभ म विकसित देशा के दष्टिकोण म परिवतन की भी माग की।

8 नवम्बर से 15 नवम्बर, 1981 तक भारत की प्रधानमत्री न बलगारिया इटली और फ्रास की यात्रा की। फ्रास यात्रा के समय दोनों देशा के राष्ट्राध्यक्षो द्वारा नवीन अतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के बारे म समान दष्टिकोण प्रस्तुत किये गय तथा भारत न ऊर्जा क सदभ म फ्रास से सहयाग के लिए समझाते पर हस्ताक्षर किये। अब भारत और फ्रास के मध्य फ्रास द्वारा भारत को मिराज 2000 किस्म के 40 विमान दिये जाने का भी समझौता किया जा चुका है।

अप्रैल 1982 म श्रीमती गाधी ने सऊदी अरब की यात्रा की और दोनो देशों के पारस्परिक सम्बधो को और घनिष्ठ बनान पर बल दिया गया। भारत और सऊदी अरब न सयुक्त आयोग की भी स्थापना की। सऊदी अरब द्वारा भारत को अधिक तेल निर्यात का निणय किया गया।

भारत अमेरिका क द्विपक्षीय सम्बधो पर अमेरिका की विश्व व्यापी रणनीति का गभीर प्रभाव पडता रहा है। श्रीमती गाधी न 'इण्डिया टुडे' को अपन एक साक्षात्कार मे कहा है कि जिन देशो से मित्रता है उसे हम और घनिष्ठ बनाना चाहते हैं जहा नही है उसे हम उत्पन्न करना चाहते हैं और जहा विरोध है वहा सबधा को हम मधुर बनाना चाहते हैं।[1]

भारत अय देश म दूसरे देशो के सैनिक अथवा अय किसी भी प्रकार क हस्तक्षेप के विरुद्ध है। गत वर्षों म अफ्रीका और एशिया के देशा म जो सनिक

हस्तक्षेप और आतरिक विद्रोह को भडकाने वाली प्रवृत्तियो मे वृद्धि हुई है उसका प्रभाव अतर्राष्ट्रीय तनावो म जटिलता लाने के सदभ म अधिक पडता है। इससे सयुक्त राष्ट्र सघ भी व्यवहार म कमजोर पडा है, उसकी उपक्षा की गई है जो कि अनुचित है। भारत इजराइल द्वारा गोलन पहाडिया के क्षेत्र और गाजा पट्टी को अपने देश म मिलाने के निणय का कटु विरोधी रहा है और सयुक्त राष्ट्र म इस प्रकार के प्रस्ताव का भारत द्वारा समथन किया है। लेबनान म इजराइली नशस आक्रमण और फिलीस्तीनियो और लेबनानियो के जीवन, सपदा और नगरो को नष्ट करन की इजराइली राक्षसी कारवाई का भारत ने खुलकर और बहुत बुलदी से विरोध किया जब कि अनक अरब राष्ट्र दुर्भाग्यपूण चुप्पी साधे रह।

इस प्रकार स्पष्ट है कि 1947 से अब तक भारत की विदेश नीति बदलती हुई अतर्राष्ट्रीय परिस्थितिया और राष्ट्रीय हितो के सदभ म निर्मित और व्यवहृत की गई है। उसे अधिकाधिक यथाथवादी बनाये जान का प्रयास किया गया है। भारत आज विकासशील देशो म प्रमुख औद्योगिक और तकनीकी ज्ञान तथा जनशक्ति सपन्न देश है।

भारत पाक सम्बन्ध

अनाक्रमण समझौते की राजनीति

आज भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्धो मे सक्रमण की स्थिति है। पाकिस्तान और भारत के बीच बगला देश विवाद के बाद शिमला समझौता पारम्परिक सम्बन्धो का आधार बना। भारत न पाकिस्तान से छीनी हुई भूमि वापस लौटा दी और सम्बन्धो को सामान्य बनाने की प्रक्रिया आगे बढी। भुट्टो के शासन काल म भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्ध थोडे सुधरे किन्तु कश्मीर की समस्या का शान्ति पूवक द्विपक्षीय आधार पर सुलझाने के लिए शिमला समझौते की शर्तों के अनुसार वचनबद्ध होते हुए भी पाकिस्तान ने इस विवाद को अतर्राष्ट्रीय मचो पर उठाने का प्रयास किया।

माच 1977 म जनता पार्टी का शासन स्थापित होन पर भारत ने पाकिस्तान से सम्बन्ध और सुधारने का प्रयास किया। जुलाई 1977 म पाकिस्तान म पुन सनिक तन्त्र स्थापित हो गया और पाकिस्तान ने भारतीय विदेश मत्री श्री वाजपेयी द्वारा रखे गए युद्ध न करने के समझौते के प्रस्ताव पर विचार टाल दिया। दोनो देशों के बीच व्यापारिक व सास्कृतिक सम्बन्ध सुधरते गय। 1978 म सलाल परियोजना के सम्बन्ध म एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। भुट्टो को फासी दिय जाने के समय भी भारत ने अहस्तक्षेप के सिद्धान्त का पालन किया किन्तु पाकिस्तान द्वारा परमाणु विस्फोट करने की योजना

के सम्बन्ध मे समाचार मिलने पर भारत अवश्य चिंतित रहा।

अफगान सकट और पाकिस्तान को अमेरिकी सहायता से उत्पन्न तनाव

अफगानिस्तान म रूसी सैनिको के आगमन क बाद अमेरिका ने पाकिस्तान को सनिक और आर्थिक सहायता दने का नया प्रस्ताव किया। कार्टर द्वारा प्रस्तावित सहायता को जनरल जिया न ऊट क मुह म जीरा कहकर अस्वीकार कर दिया। लकिन 1981 म रीगन प्रशासन और पाकिस्तान के बीच एक समझौते के अनुसार अमेरिका से पाकिस्तान का 32 अरब डालर की आर्थिक और सैनिक सहायता दी जाएगी। इम सहायता म पाकिस्तान का एफ—16 विमानो का सौदा भी सम्मलित है। अमरिका द्वारा पाकिस्तान का आधुनिकतम हथियार दिय जान से भारत चिंतित है और अमरिकी सरकार से भारत ने विरोध भी प्रकट किया है। इससे भारत के सुरक्षा वातावरण म गभीर परिवतन की सम्भावना है तथा भारत और पाकिस्तान के सम्बन्धा म तनाव उत्पन्न हुआ है। पाकिस्तानी सन्य शक्ति का लगातार बढते जाना भारत के लिए भी अपन रक्षा व्यय म वद्धि करना आवश्यक बना देता है। पाकिस्तान के अधिकारिया न स्वय यह स्पष्ट किया था कि अमेरिका द्वारा दिये जाने वाले हथियार सावियत सघ के विरुद्ध प्रयुक्त नही किये जा सकते। इससे प्रश्न यह उठता है कि क्या इन हथियारो का प्रयाग भारत के विरुद्ध किया जायगा? भारत और पाकिस्तान के बीच पारिस्परिक अविश्वास और तनाव मे वृद्धि का कारण अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को हथियार दिया जाना बन सकता है। इस तनाव को कम करने के लिए दोनो देशो के बीच समस्याओ के समाधान और सहयोग की आवश्यकता है।

यद्यपि श्रीमती गाधी के आलोचक कहते हैं कि युद्ध का भय पदा कर हमारा ध्यान देश की बुनियादी आवश्यकताओं से हटाने का एक साधन है यह विडम्बना ही है कि भारत और पाकिस्तान की जनता युद्ध की छाया से भी बचना चाहती है किन्तु बहुत सी समस्याए है जो हम बार बार युद्ध के कगार पर लाकर खडा कर देती है।

भारत ने पाकिस्तान के समक्ष युद्ध न करने के समझौते के बारे म प्रस्ताव 1949 म ही रखा था किन्तु उसे पाकिस्तान के शासको ने स्वीकार नही किया था। 12 अप्रैल 1982 का जनरल जिया न फैसलाबाद मे कहा कि 'हम चाहते हैं कि प्रभुसत्ता, सम्मान और गरिमा के आधार पर भारत के साथ हमारे सम्बन्धा के सुधार हो। मुझे आशा है भारत हमारी इस भावना का करेगा।" भारत म अधिकाश लोगो की धारणा है कि अमेरिका म

को सैनिक साज सामान और एफ—16 विमान देने का जो विरोध हो रहा है उसे समाप्त करने के लिए ही "युद्ध न करन" के समझौते का ढोंग किया जा रहा है। इस सम्बध मे स्थिति का मौके पर अनुमान लगाने के लिए अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति पाकिस्तान और भारत के दौरे पर भी आयी थी। परिणाम स्वरूप पाकिस्तान को मदद देन के बारे मे निणय मे भी देर हो गयी।

'युद्ध न करने' का प्रस्ताव नये सम्बन्धो की पेचीदगी

एक ओर पाकिस्तान अमेरिका से घातक एफ—16 विमान खरीद रहा है और दूसरी ओर 1981 के अन्त म पाकिस्तान ने भारत के साथ अनाक्रमण समझौता करन का प्रस्ताव किया है। अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ 16 अति आधुनिक विमान बेचन के निणय से दक्षिणी एशिया म अस्थिरता म वद्धि हुई है। रीगन प्रशासन ने भारत के विरोध और रोप पर ध्यान दिये बिना अपने निणय मे कोई परिवतन नही किया है। अमेरिका ने पाकिस्तान को 1968 और 1971 म भी हथियार दिये थे और उद्दश्य यह था कि साम्यवादी प्रसार को रोका जाए परतु उन हथियारो का प्रयोग भारत स लडन म किया गया। अत वतमान हथियारो की दौड भी अनाक्रमण समझौत की प्रगति मे बाधक है।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक न भारत से युद्ध न करन के समझौते की पेशकश की है। इस प्रस्ताव के बारे म भारत म व्यापक सन्देह पाये जाते हैं। प्रधान मत्री श्रीमती गाधी ने हाल ही म अपनी जम्मू यात्रा के समय सेना के जवानो को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'भारत चाहता है कि विश्व मे शान्ति हो और हम पूरा प्रयास कर रहे हैं कि युद्ध से बचा जाए परतु हमे हर स्थिति का सामना करने को तैयार रहना है। युद्ध का खतरा उत्तरोतर बढता जा रहा है और शस्त्र खरीदन की दौड से मामला और गम्भीर हो गया है।" जनरल जिया ने भारत के साथ अनाक्रमण समझौते का प्रस्ताव इसलिए भी प्रस्तुत किया क्योकि उनसे पूव सनिक शासको ने जब 1965 और 1971 म भारत से सनिक सघप किया तब लाभ की अपेक्षा उन्ह हानि ही अधिक हुई। जिन राजनीतिज्ञो ने उनका तख्ता उलटा उन्होंने ही सत्ता प्राप्त की। 1971 मे जनरल याहिया से सत्ता भुट्टो के हाथों मे आ गयी। युद्ध न करने का समझौता जिया के लिये आदश इस लिये हो सकता है कि पडोसी अफगानिस्तान मे सोवियत सघ की सेनाए पडी हैं जो कि न केवल एक महाशक्ति है अपितु उसकी भारत के साथ भी घनिष्ठ मित्रता है। जिया न केवल अपने देश मे कानून और व्यवस्था को कठोरता से लागू कर रहे हैं अपितु भारत के

साथ प्रनाक्रमण या युद्ध करने के समझौते के प्रस्ताव द्वारा उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने यह भी जताना चाहा है कि अमेरिका से आधुनिकतम हथियार और लड़ाकू विमान प्राप्त करते हुए भी पाकिस्तान भारत से लड़ना नहीं चाहता है। उनके आलोचकों और विरोधियों की धारणा है कि वह न तो पाकिस्तान में निर्वाचन कराकर जनतन्त्र स्थापित करना चाहते हैं और न ही भारत के साथ सम्बन्धों को युद्ध न करने के समझौते और घनिष्ठता तक ले जाना चाहते हैं। वह जनता का ध्यान घरेलू समस्याओं से हटाना चाहते हैं किन्तु यह आलोचनाएँ पूर्णत सही नहीं हो सकती हैं।

भारत और पाकिस्तान की स्थिति में 1971 में पाकिस्तान के विभाजन के बाद बहुत अन्तर आ गया है। अब भारत दक्षिणी एशिया में एक प्रमुख क्षत्रीय शक्ति है। अत पाकिस्तान का भारत से उस प्रकार का सैनिक सघर्ष न ही सम्भव लगता है और न ही लाभप्रद हो सकता है जैसे कि 1971 से पूर्व हो सकता था यद्यपि अमेरिका पाकिस्तान को सोवियत विस्तारवाद को रोकने के लिये दक्षिणी पश्चिमी एशिया में अन्तवर्ती (फ्रन्टलाइन) राज्य के रूप में काम लेना चाहता है।

जनरल जिया के तत्कालीन विदेश मन्त्री श्री आगाशाही ने अमेरिका के अवर विदेश सचिव जेम्स बकले की इस्लामाबाद यात्रा के समय यह संकेत दिया था कि पाकिस्तान ने भारत के समक्ष युद्ध वर्जन प्रस्ताव रखा है। यह प्रस्ताव औपचारिक रूप से भारत के समक्ष बहुत बाद में रखा गया। 14 अप्रैल 1982 को भारतीय समाचार पत्रों ने पाकिस्तानी रिपोर्टों के हवाले से लिखा कि पाकिस्तान के शासक जनरल जिया का कहना है कि अब यह भारत पर निर्भर करता है कि वह युद्ध वर्जन प्रस्ताव को स्वीकार करे या अस्वीकार करे। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रस्ताव को अस्वीकार करके भारत वही गलती करेगा जो कि पाकिस्तान ने 29 वर्ष पूर्व की थी, किन्तु भारत ने बार बार यह स्पष्ट किया है कि चाहे युद्ध वर्जन समझौता हो या न हो भारत पाकिस्तान पर आक्रमण नहीं करेगा।

युद्ध वर्जन समझौता अथवा मित्रता और सहयोग की सन्धि दृष्टिकोणों का अन्तराल

भारत ने पाकिस्तान के युद्ध वर्जन प्रस्ताव पर पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ विचार विमर्श भी किया है। भारत के विदेश सचिव एवं दूसरे अधिकारी पाकिस्तान की यात्रा पर भी गए थे एवं द्विपक्षीय सम्बन्धों पर विचार विमर्श किया गया था। मार्च 1982 में पाकिस्तानी विदेश मन्त्री श्री आगाशाही ने भारत-पाक सम्बन्धों पर नई दिल्ली में भारतीय नेताओं से विचार

था, किन्तु भारत और पाकिस्तान के मध्य कुछ मौलिक मतभद हैं, जिन्हें सुल झाया जाना आवश्यक है। युद्ध वजन समझौता करना उतना आसान नही है, जितना कि उसके बारे मे कहना और प्रचार करना। भारत सरकार की ओर से युद्ध वर्जन समझौते के बार म उन सात सिद्धान्ता का भी उल्लेख किया गया था, जिन्ह इनमे शामिल किया जाना चाहिए। ये सिद्धान्त शिमला समझौते के अन्तगत स्वीकृत सिद्धान्तो से मेल खाते हैं। इसके अन्तगत एक दूसरे की अखण्डता, प्रभुसत्ता की सम्मान द्विपक्षवाद एव गुट निरपक्षता आदि सिद्धान्त आ जाते हैं। ये शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व के सिद्धान्त भी कहे जा सकते हैं। स्वय पाकिस्तान स्वीकार करता है कि ये सिद्धान्त रचनात्मक एव उपयोगी हैं, किन्तु क्षेनाधिकार के बारे मे मतभेद रहा है। भारत ने यह प्रस्ताव किया था कि दोनो देश अपने पडौसी देशा के साथ पारस्परिक सम्प्रभुता अखण्डता और राष्ट्रीय हिना के सम्मान के आधार पर शान्ति और मित्रता पूवक रहना चाहता है।

भारत पाकिस्तान तनाव के बिन्दु

भारत और पाकिस्तान अपन सम्बन्धो का सामान्य बनान की दिशा म प्रयास अवश्य कर रहे हैं, किन्तु भारत विभाजन से लेकर अब तक दाना क दृष्टिकोणो, रणनीतियो एव विदशनीतियो म बहुत अन्तर रहा है दाना के बीच विवाद के मुद्दे है, जिनके कारण युद्ध वजन समझौता होना दुष्कर प्रतीत होता है।

भारत और पाकिस्तान के बीच पारस्परिक अविश्वास और मनोवना निक तनाव भी बना हुआ है, जिसके कारण सुझावो से भी सन्देह उत्पन्न होता है। भारत का विचार है कि अमेरिका के साथ पाकिस्तान के विशेष सम्बन्ध हैं, जबकि पाकिस्तान यह मानना है कि भारत रूस की ओर झुका हुआ है। पाकिस्तान का अमेरिका के साथ 1959 का वह समझौता अब भी बना हुआ है, जिसके अन्तगत साम्यवाद से प्रेरित आक्रमण हान पर वह अमेरिका के साथ परामश कर सकता हैं। भारत को यह भी भय है कि पाकिस्तान अपने नवीन एव आधुनिक बन्दरगाह गुआदर को विदेशी नौचालन के अड्डे क रूप मे बदल सकता है।

कश्मीर अनसुलझा प्रश्न

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का मुख्य कारण कश्मीर है। कश्मीर के बारे मे यद्यपि पाकिस्तान की नीति मे परिवतन प्रतीत होता है, किन्तु वह कश्मीर को अब भी एक समस्या मानता है। एक पाकिस्तानी पत्रकार के अनुसार

हमारी भावनाए अब भी कश्मीर के बारे म वैसी ही है, जैसी कि पहले थी, पर तु एक बात याद रखनी चाहिए कि हमने 1972म शिमला सम्मेलन के दौरान भी कश्मीर देना स्वीकार नही किया था।" कश्मीर के बहुत स भाग पर पाकिस्तान का नियत्रण है। इस भाग को आजाद कश्मीर के नाम से जाना जाता है। जनरल जिया ने अप्रल 1982 म यह स्पष्ट कर दिया कि वह कश्मीर को प्रस्तावित युद्ध वजन समझौते से पथक रखना चाहते है क्योकि कश्मीर एक अत र्राष्ट्रीय मुद्दा है। जनरल जिया के इन विचारो के महत्वपूण कूटनीतिक एव सनिक परिणाम हो सकत हैं। इन विचारो से यह स्पष्ट होता है कि जिया युद्ध वजन प्रस्ताव द्वारा कुछ खो नही रहे हैं।

भारत का मत है कि पाकिस्तान कश्मीर तथा अ य कोई द्विपक्षीय मुद्दा सयुक्त राष्ट्र सघ क मच मे नही उठा सकता लेकिन पाकिस्तान इस दृष्टिकोण को स्वीकार नही करता। वह यह नही मानता कि कश्मीर के मामले को सयुक्त राष्टमघ या अ य किसी अ तर्राष्ट्रीय मच पर उठाया नही जा सकता। पाकिस्तान का तक यह है कि शिमला समझाते म यह व्यवस्था है कि जम्मू एव कश्मीर की वास्तविक नियन्त्रण रेखा का जो 17 दिसम्बर 1971 के युद्ध विराम के बाद निर्धारित हुई थी, दोनो पक्ष आदर करेंगे, लेकिन दोना पक्षो की स्थिति पूववत बनी रहेगी। सयुक्त राष्ट्र सघ म भी कश्मीर के बारे म पाकिस्तान की यही स्थिति है और यह सयुक्त राष्ट्र सघ की कायसूची म भी दज है। अत पाकिस्तान को सयुक्त राष्ट्र सघ मे कश्मीर विवाद के अतिम हल के बारे मे बात करन से कसे रोका जा सकता है।

कश्मीर के बारे मे जिनेवा मे झडप

भारत और पाकिस्तान के बीच जिनवा के मानवाधिकार आयोग मे इस बात पर झडप हो गई थी कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि आगाहिलाली ने कश्मीर का उल्लेख पारम्परिक तौर पर किया जिससे कि भारत सहमत नही है। भारत कश्मीर का अपना भाग मानता है। विश्व मच पर कश्मीर का उल्लेख करन के बारे म भारत और पाकिस्तान के अपने अपन तक हैं। जनरल जिया ने इस्लामी शिखर सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कश्मीर का उल्लेख ही नही किया [illegible] वरन इसे प्राप्त करन के लिए समस्त इस्लामी समुदाय से सहायता का [illegible] भी किया था।

हु जा, एिलएित और स्कार्दू का मामला

एक प्रमुख महत्वपूण विवाद [illegible] भारत पाक [illegible] कर सकता है, जनरल जिया [illegible], [illegible]

के साथ विलय करना है और शेष पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को आजाद कश्मीर क रूप म घोषित करना है। यह क्षेत्र जो कि कश्मीर के भाग है अफगानिस्तान और सिकियान के दक्षिणी पश्चिमी भाग के समीप है इसका पाकिस्तान मे विलय भारत द्वारा न तो स्वीकार किया जा सकता है और न ही ऐतिहासिक रूप से हुजा, गिलगित आदि क्षेत्र कश्मीर के भाग हाने से नकारे जा सकते है। जम्मू कश्मीर सरकार ने जून 1982 के प्रारम्भ म एक श्वेत पत्र प्रकाशित किया है जिसके अनुसार ऐतिहासिक आधार पर यह प्रमाणित होता है कि हुजा, *गिलगित और स्कादू के क्षेत्र प्रारम्भ से ही कश्मीर के भाग रहे है।* यह क्षेत्र चीन और पाकिस्तान के सामरिक क्षेत्र म सहयोग के कारण भारत के लिए और भी महत्वपूण हो जाते है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के इन क्षेत्रो को पाकिस्तान के साथ मिलाना न केवल भारत के लिए चुनौतिया उत्पन्न कर सकता है अपितु भविष्य मे चीन और पाकिस्तान इस क्षेत्र म विद्यमान अमूल्य खनिज सम्पदा का लाभ उठा सकते है। यह नवीनतम विवाद जो कि युद्ध वजन प्रस्ताव पर विचार के समय उठाया गया है समझौते के माग म बाधाए ही उपस्थित कर सकता है। भारतीय विदेश नीति एव कूटनीति के सचालको के लिए यह चुनौती प्रस्तुत करता है और अधिक से अधिक सावधानी पूण रवया अपनाए जाने की आवश्यकता है।

महाशक्ति प्रतिस्पर्धा और भारत पाक शस्त्र दौड

जब पाकिस्तान सीटों एव सेन्टो का सदस्य था, तब तो वह अमरिका से सहायता प्राप्त करता ही था, किन्तु 1979 से गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाते हुए भी पाकिस्तान अमेरिका से सैन्य सहायता प्राप्त कर रहा है। अफगानिस्तान मे सोवियत हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान को अमरीका द्वारा एफ—16 विमान और एम—60 टैंक दिए जान का समझौता किया गया है। पाकिस्तान परमाणु विस्फोट की भी तैयारी कर रहा है। यद्यपि प्रत्येक देश को अपनी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने का अधिकार है किन्तु भारत को आशका है कि इन तीव्रगति से चलन वाले विमानों और अन्य शास्त्रो का प्रयोग पाकिस्तान भारत के विरुद्ध कर सकता है क्योकि इनका प्रयाग रूस के विरुद्ध तो किया नही जा सकता। पाकिस्तान अमेरिका एव चीन द्वारा दिए गए हथियारो का प्रयोग भारत के विरुद्ध कर भी चुका है। पाकिस्तान का प्रश्न यह है कि भारत जेगुआर, मिराज 2000, मिग विमान और आधुनिकतम रूसी टक खरीद रहा है और अपनी सैन्य व्यवस्था को अधिक से अधिक शक्तिशाली बना रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच हथियारो की यह दौड पारस्परिक अविश्वास को ही प्रकट करती है। दानों देशा की अथव्यवस्थाओ पर इससे भार ही बढ़ता है।

अत दोनो देशो के बीच हथियारो की दौड कम करने के लिए वार्ता होनी चाहिए। इस सदर्भ मे जनरल जिया ने अनुपात से भारत और पाकिस्तान की सेनाए कम करन का भी प्रस्ताव रखा था। उनके शब्दो म 'युद्ध से राजनीतिक समस्याए हल नही होती। 1981 मे जिसकी लाठी उसकी भैस वाली बात नही होनी चाहिए। हमे न कवल लोगा के बीच ही विश्वास का निर्माण करना है बल्कि दोनो सरकारो के बीच भी करना है।"

भारत और पाकिस्तान भौगोलिक एव जनसख्या की दष्टि से आकार म समान नही है। अत पाकिस्तान को अपन का भारत का प्रतिद्वद्वी नही मानना चाहिए। पाकिस्तान की आबादी 8 कराड है जबकि भारत की 66 करोड है। अत राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से यदि पाकिस्तान भारत से होड करे तो वह दोनो देशो के लिए हानिकारक हागी। यदि पाकिस्तान अपनी सुरक्षा आवश्यकताओ की पूर्ति का प्रयास करता है ता भारत बिदकता है और भारत सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाता है तो पाकिस्तान चिढता है। यह दृष्टिकोण परस्पर अविश्वास म वद्धि करता है।

पाकिस्तान, भारत और सोवियत सघ क बीच 1971 म की गई सधि एव दोनों देशो के घनिष्ठ सम्बन्धा स भी आशकित है। पाकिस्तान का मत है कि रूस तो सधि के अन्तगत तुरन्त कायवाही कर सकता है किन्तु अमेरिका पाकिस्तान के सन्दभ म ऐसा नही कर सकता है। भारत 'अमेरिका पाकिस्तान सबधो के प्रति आशका व्यक्त करता रहा है।

गुट निरपेक्षता और क्षेत्रीय सुरक्षा के मामले मे भारत और पाकिस्तान के दृष्टिकोणो म अन्तर है। भारत सरकार का मत है कि पाकिस्तान को गुटनिरपक्ष होते हुए किसी भी विदेशी शक्ति को अपनी जमीन पर सनिक अड्डे बनाने की स्वीकृति नही देनी चाहिए। पाकिस्तान का मत है कि गुटनिरपेक्षता की उसी परिभाषा को स्वीकार किया जाएगा, जिसे हवाना और नई दिल्ली म उसने स्वीकारा था। क्यूबा मे रूसी अडड हैं। इथोपिया और दक्षिणी यमन म भी है फिर भी व गुटनिरपेक्ष है। अत पाकिस्तान अमेरिका, और चीन से सहायता लेना बन्द नही कर सकता और विशेषत तब जबकि अफगानिस्तान मे रूसी सेनाए बैठी हुई है। पाकिस्तान और भारत दोनो को मिलकर मैत्री पूण सम्बन्ध बनाने के प्रयास करने चाहिए और पारस्परिक सन्देहा को दूर करना चाहिए। ज्यादा आवश्यकता इस बात की है कि देशो की जनता के बीच और सरकारों के बीच घृणास्पद वातावरण समाप्त हो और सहयोग की दिशा म बढा जा सके। यदि जैसे तसे युद्ध वजन समझौता हो भी गया तो आवश्यक नही कि स्थायी शक्ति का बन्दोबस्त हो ही जाए। कोई भी मामला सयोग पर नही छोडा जाना चाहिए।

प्रधान मत्री श्रीमती गाधी ने पाकिस्तान के साथ शान्ति, मित्रता और

सहयोग की सधि का प्रस्ताव किया है, किन्तु पाकिस्तान की प्रतिक्रिया यह है कि वह सन्धि प्रस्ताव पर तब ही विचार करेगा, जबकि भारत पाकिस्तान को यह स्पष्ट कर दे कि उसने (भारत ने) अनाक्रमण समझौते के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। यह प्रतिक्रिया नई दिल्ली के लिए आश्चयजनक है क्योंकि मित्रता और सहयोग की सधि म दोनो पक्षो को यह स्पष्ट आश्वासन मिलता है कि दोना देश पारस्परिक सुरक्षा और शाति बनाए रखन के लिए आवश्यक कायवाही करते रहेंगे। मित्रता सधि का प्रस्ताव युद्ध वजन समझौते के प्रस्ताव म एक कदम आगे ही है जिसे जरनल जिया द्वारा टाला जाना सन्देह अधिक उत्पन्न करता है और यह लगता है कि वह युद्ध वजन समझौता करना नही चाहते, अपितु करन के लिए दिखावा करते रहना चाहते हैं।

भारत ने दोना देशो के बीच व्यापारिक एव सास्कृतिक आदान प्रदान म वद्धि के लिए सयुक्त आयोग स्थापित किए जाने का सुझाव दिया है, ताकि बिना किसी देरी के दोनो देशो के बीच अधिक समझ और सहयाग के विकास म मदद मिले। इस कदम से युद्ध वजन समझौता की ओर बढन मे मदद मिल सकती है, किन्तु जरनल जिया की मान्यता है कि सयुक्त आयोग की स्थापना पर विचार भी युद्ध वजन समझौते पर हस्ताक्षर के बाद ही किया जा सकता है। इस प्रकार की शत लगाना भी समझौते के माग म बाधा ही उपस्थित कर सकता है। राजनतिक और कूटनीतिक सम्बन्धो म तनाव के कई क्षेत्र हो सकते हैं, किन्तु आर्थिक, व्यापारिक और सास्कृतिक सहयोग से दोनों देशो को परस्पर नजदीक लान मे बहुत मदद मिल सकती है।

कुछ अन्तराल और तनावो के पश्चात भारत पाक सम्बन्धो को घनिष्ठ बनाने के लिए आग विचार विमश करने का निणय किया गया है। विदेश मत्रालय के सचिव श्री नटवर सिंह जून 1982 के प्रथम सप्ताह मे भारत के प्रधानमत्री का एक पत्र लेकर पाकिस्तान गये थे। राष्ट्रपति जिया ने युद्ध वजन प्रस्ताव पर विचार विमश को जारी रखन का सुझाव दिया है। पारस्परिक वार्ताओ और अधिकारियो तथा नेताओ की कूटनीतिक यात्राओ से भी दोनो 'देशो के बीच माजूद आशकाओ को दूर करन मे निश्चित रूप से मदद मिलेगी। चाह वार्ता भारत के आकाक्षा से हो अथवा पाकिस्तान की माग पर वार्ताओ से सम्बन्ध सुधार और सौहाद का माग सरल होता है। यदि दोनों देशो के बीच सम्बन्ध सुधरते हैं तो दक्षिणी एशिया मे स्थायी शाति की दिशा मे ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। यद्यपि महाशक्तियो की विश्वव्यापी रणनीतियो के कारण आठवें दशक में एशिया मे तनावो में बहुत वृद्धि हुई है और इस क्षेत्र के देशो की फूट का लाभ उठाकर बाहरी शक्तियो ने कई मामलो म हस्तक्षेप किया है। यदि दक्षिणी एशिया के दो प्रमुख देश भारत और पाकिस्तान पारस्परिक तनावों को कम

करने में सफल होते हैं तो यह क्षेत्रीय शान्ति के लिए एक सकारात्मक प्रयास होगा। यद्यपि भारत और पाकिस्तान के बीच उपयुक्त वर्णित बहुत सी बाधायें एव विवाद के मुद्दे है, जिनके कारण और द्विपक्षीय सम्बन्धो पर बाहरी शक्तियो के प्रभाव के कारण युद्ध वजन समझौता होना निकट भविष्य म सम्भव नही लगता है। पाकिस्तान म स्वय जिया का शासन व्यापक समथन पर आधारित नही है।

विडम्बना यह है कि पाकिस्तान म इस समय भी युद्ध की प्रबल मनोस्थिति बनी हुई है बावजूद इसके कि वह अमेरिका स आधुनिक हथियारो की माग कर रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच सनाओ के अनुपात की बात पाकिस्तान की ओर से 1980 म कही गयी थी, जब तत्कालीन विदेश सचिव श्री साठे पाकिस्तान की यात्रा पर गए थ और श्रीमती गाधी के विशेष दूत श्री स्वर्णसिंह न भी यही प्रस्ताव किया गया था। भारत का दृष्टिकोण यह है कि समय आन पर इस बात पर भी विचार कर लिया जाएगा।

पाकिस्तान म यह सद्धातिक विचार पनपा कि भारत न पाकिस्तान की स्वतत्रता को स्वीकार नही किया है और वह उसे शक्तिशाली नही देखना चाहता, किन्तु भारत न बार-बार दोहराया है कि एक सबल और स्वतन्त्र पाकिस्तान दक्षिणी एशिया म शांति के हित म है। भारत म इस बात पर तक किया जा रहा है कि पाकिस्तान न युद्धवजन प्रस्ताव अधिक शक्तिशाली होकर किया है अथवा जनरल जिया की कमजोर स्थिति के कारण। किन्तु इस बात पर विचार की ज्यादा आवश्यकता है कि किस प्रकार का द्विपक्षीय समझौता किया जाए, जो कि इस उपमहाद्वीप म शांति के हितो के लिए उपयोगी हो और मानसिक रूप से भारत और पाकिस्तान की सरकारो के लिए स्वीकाय हो।

श्री आगाशाही के उत्तराधिकारी साहिबजादा याकूब अली की धारणा भी यही है कि युद्ध वजन समझौते की शत के रूप म वह यह स्वीकार नही कर सकते कि कश्मीर के विवाद को अन्तर्राष्ट्रीय मचो पर नही उठाया जा सकेगा। इससे भी अनाक्रमण समझौते के प्रति और दोनो देश के बीच विद्यमान विवादो को सुलझाने के बारे मे पकिस्तान की नीति का पता लगता है। भारत और पाकिस्तान के बीच न केवल सरकारी स्तर पर अपितु दोनो देशो की जनता के बीच भी पारस्परिक सम्बन्धो और समझ म सुधार होना चाहिए क्योकि 1947 से पूर्व दोनो देशो के बीच जो सामाजिक और सास्कृतिक एकता थी, उसे कुछ स्वार्थी राजनीतिज्ञो द्वारा विभाजन के साथ ही नष्ट करने का प्रयत्न किया गया। पाकिस्तान जनता मे यदि कोई सद्भाव भी है तो उसका पता लगना भी कठिन होता है क्योकि पाकिस्तान म समाचार साधन स्वतन्त्र नहीं है।

आवश्यकता इस बात की है कि भारत और पाकिस्तान के सम्बन्धो को अन्तराष्ट्रीय जटिलताओ से निकाला जाय और उन्हे इस उपमहाद्वीप के दो देशो के पारस्परिक सम्बन्धो के रूप मे देखा जाय ताकि य दोनो के बीच विभिन्न क्षेत्रो मे सहयोग से होने वाले लाभो का सही तरीके से परखा जा सके। अब तक दोनो देशो के सम्बन्धों पर इस दृष्टि से अधिक विचार किया गया है कि उनके महाशक्तियो से किस प्रकार के सम्बन्ध हैं।

भारत-पाक युद्ध वर्जन समझौते से पूर्व आवश्यक कदम

भारत और पाकिस्तान के बीच आज जो सम्बन्ध सुधारने के लिए नवीन वातावरण बनाने के जो प्रयास किए जा रहे हैं उन्ही के सन्दर्भ मे सम्बन्धो के स्थायित्व के लिए निम्न कदम उठाये जाने की आवश्यकता है —

1. भारत पाकिस्तान संयुक्त आयोग की स्थापना ताकि गैर राजनीतिक क्षेत्रो मे सहयोग को प्रोत्साहन मिले।
2. दोनो पक्षो द्वारा द्विपक्षीय मामलो की स्पष्ट व्याख्या जिससे उनका अन्तर्राष्ट्रीयकरण करके जटिलता मे वृद्धि नही किया जा सके।
3. कश्मीर की समस्या, जो कि दोनो के बीच प्रमुख मुद्दा है पर विचार करने के लिए दोनो की सहमति से उचित मानदण्ड निश्चित करना।
4. भारत और पाकिस्तान की जनता के बीच सद्भाव के वातावरण मे वृद्धि।
5. समाचार माध्यमो द्वारा एक दूसरे के विरोध मे प्रचार करने के स्थान पर सौहार्द का वातावरण बनाने के लिए प्रयास। इस क्षेत्र मे दोनो ही देशो मे सरकारी समाचार तन्त्र की प्रमुख भूमिका हो सकती है।
6. बंगलादेश के स्वर्गीय राष्ट्रपति जिया उर रहमान द्वारा प्रस्तावित दक्षिणी एशियाई क्षेत्रीय सहयोग के विकास के लिए भारत और पाकिस्तान दोनो द्वारा ही सक्रिय सहयोग, जिससे एशिया के इस भाग मे स्थित सभी विकासशील देशों की समस्याओं का पारस्परिकता के आधार पर हल करने मे मदद मिल सकती है और कम से कम गैर राजनीतिक क्षेत्रो मे तो क्षेत्रीय सहयोग का सरचात्मक और स्थायी आधार किया जा सकता है। इस दिशा मे "आसियान" और यूरोपीय समुदाय से प्रेरणा ली जा सकती है।

भारत और पाकिस्तान मे सम्बन्धो मे सुधार और सहयोग की दिशा मे उठाये जाने वाला कोई भी कदम दोनो के लिये ही लाभप्रद होगा। चाहे

युद्धवर्जन समझौता किया जा सकं अथवा नही। भारत को पाकिस्तान से युद्ध टालने का का प्रयास करते रहना चाहिए क्योकि इस उपमहाद्वीप म सनिक सघप का लाभ बाहरी शक्तियो और हथियार बेचने वालो को ही हो सकता है, जसा कि अब तक के इतिहास से स्पष्ट है। भारत को पाकिस्तान के साथ अनाक्रमण समझौते के बारे म बात चीत अवश्य रखनी चाहिए किन्तु साथ ही सभी प्रकार से भारत की अखण्डता और स्वतन्त्रता की रक्षा के लिए तयार रहना चाहिए।

मई 1982 के अन्त म विदेश मन्त्रालय के सचिव श्री नटवरसिंह द्वारा प्रधानमत्री श्रीमती गाधी का एक पत्र जनरल जिया को दिया गया। सयुक्त बयान म यह भी कहा गया कि फरवरी 1982 म दानो देशों के विदेश मन्त्रियो के बीच हुई वार्ता के आधार पर भारत पाक वार्ताए पुन प्रारम्भ की जायेंगी। अब पाकिस्तान न एक स्थायी सयुक्त आयोग की स्थापना का विचार स्वीकार कर लिया है, जो कि व्यापार आर्थिक सहयोग, सास्कृति सम्बन्धी जसे महत्वपूण द्विपक्षीय प्रश्नो पर विचार कर सकता है।

भावी वार्ताओ म पाकिस्तान द्वारा प्रस्तावित युद्धवजन समझौते और श्रीमती गाधी द्वारा प्रस्तावित मित्रता सहयोग और शान्ति की सन्धि के बारे म विचार किया जायेगा। यद्यपि पारस्परिक विचार विमश की प्रक्रिया लम्बी अवश्य चल सकती है किन्तु इससे दोनो देशो के बीच उपमहाद्वीप मे स्थायी शान्ति के प्रयासो म मदद मिलेगी। दोना के बीच मे जो तनाव और अविश्वास का वातावरण रहा है उसे दूर करन के लिए समय लगना स्वाभाविक है। भारत और पाकिस्तान दोना हो देशो के दष्टिकोणो म परिवतन की सम्भावना अवश्य दिखाई देती है।

अध्याय 10

विलग्नता या गुट-निरपेक्ष आँदोलन : तीसरी दुनिया का एक विकल्प

अपने शैशव में किन्हीं राष्ट्र विशेष की विदेश नीतियों का विश्व दृष्टिकोण गुटनिरपेक्षता आज विश्व का प्रबलतम सामूहिक स्वर है। अपनी इस लंबी यात्रा के दौरान इसने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में उभरती समय की ताल को जितना स्पष्ट समझा उतना ही यह और मुखरित हुआ। गुट निरपेक्षता के विकास के दौरान इसे अनेक सैद्धांतिक और व्यावहारिक अवरोधों से जूझना पड़ा। स्वयं अपनी परिभाषा की तलाश गुट निरपेक्षता के लिए एक दुरूह कार्य रहा। तत्व और शब्दावली, दोनों ही स्तरों पर इसे अनेक परम्परागत राजनीतिज्ञों और विश्लेषकों के असहिष्णु दृष्टिकोण का सामना करना पड़ा। कुछ ने इसे पूर्ण रूप से निरर्थक, तो दूसरों ने हास्यास्पद और व्यावहारिक स्तर पर असंभव तक कहा। लेकिन इन प्रश्नों और दृष्टिकोणों के प्रति सचेत तथा आंतरिक रूप से गतिशील रहते हुए, गुट-निरपेक्षता ने न सिर्फ एक नयी ऐतिहासिक संज्ञा को स्वरूप और तत्व दिया, बल्कि इसे विश्व राजनीति का एक प्रबलतम मंच भी बना दिया। इस सफलता के मूलभूत ऐतिहासिक संदर्भ थे, जिन्हें समझने और व्यावहारिक स्तर पर प्रतिफलित करने के लिए एक दूरदृष्टीय नेतृत्व भी उपस्थित हुआ। अतः गुट-निरपेक्षता जैसे वृहत्तम आंदोलन, जिसमें आज दो तिहाई विश्व प्रतिबद्ध है, के जन्म और विकास में महत्वपूर्ण व्यक्तिनिष्ठ और वस्तुनिष्ठ कारक रहे हैं। इस दृष्टि से, गुट निरपेक्षता के ऐतिहासिक संदर्भ और नेतृत्वकारी प्रारंभिक प्रयासों के विवेचन के बिना इसकी सही समझ अथवा समीक्षा असंभव है।

ऐतिहासिक संदर्भ

पश्चिमी राष्ट्रों में पूंजीवाद की स्थापना के बाद उसका जो बाहरी विस्तार हुआ वास्तव में वहीं से यह नई ऐतिहासिकता जुड़ी है। असीमित विस्तार में

उपनिवेशवाद के प्रभुत्व के वर्ष भी थे जब इस विश्वव्यापी आधिपत्य मे सूर्यास्त नही होता था। लेकिन, प्रत्येक ऐतिहासिक स्थिति के स्वय के आतरिक अतर्विरोध होते हैं जो भविष्य मे इतिहास बनाने की प्रक्रिया की पृष्ठभूमि तैयार करते हैं। उपनिवेशवाद की व्यवस्था इस ऐतिहासिकता का कोई अपवाद नही थी। उपनिवेशवाद का अत उसके जन्म मे ही समाहित था। उस अत की प्रक्रिया की प्रारंभिक अनुभूतिया द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति से ही होने लगी। उपनिवेशी राष्ट्र अपने विस्तारवादी अभियानो के फलस्वरूप दो विश्वयुद्ध इतिहास मे लिख चुके थे। इस प्रक्रिया मे उनकी क्षमता इतनी खो चुकी थी कि ऐसी कोई पुनरावृत्ति असभव बन गयी थी। इन उभरते सदर्भों मे इतिहास की करवट ने उपनिवेशवाद के अत और राष्ट्रो की स्वतत्रता की प्रक्रिया को सुनिश्चित बना दिया। 20वी शताब्दी के उत्तरार्द्ध ने इस प्रक्रिया मे एक ऐसी निरतरता प्रस्तुत की कि एक शताब्दी मे अधिक की परतत्रता की व्यवस्था को तोड कर एशिया और अफ्रीका के राष्ट्रो का स्वतत्र अस्तित्व उभरने लगा। उनका स्वतत्र स्वर इस ऐतिहासिकता का एक स्वाभाविक परिणाम था। अत गुटनिरपेक्षता के राजनैतिक, आर्थिक, वैचारिक और भावनात्मक अभिप्रायो को उपनिवेशवाद के अत की ऐतिहासिकता से जोडे बिना समझना असभव है।

गुट निरपेक्षता, इस ऐतिहासिक प्रक्रिया की कोई अपरिवर्तनीय परिणति नहीं थी। उपनिवेशवाद का अत गुटनिरपेक्षता के उदय के लिए एक आवश्यक किंतु पर्याप्त सदर्भ नही था। औपचारिक रूप मे स्थापित करने की मानसिकता की भी आवश्यकता थी। इस मानसिकता को तैयार करने मे द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुऐ ध्रुवीकरण का सदर्भ अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा अपनी तात्कालिकता के कारण और साथ ही साथ अपने गुणात्मक अभिप्रायो के कारण, शीतयुद्ध के राजनैतिक ध्रुवीकरण ने गुट-निरपेक्षता की समझ तैयार करने मे एक उत्प्रेरक का काम किया। एक लबे उपनिवेश आधिपत्य से स्वतत्र होने के एक लबे सघर्ष बाद किसी दूसरे अधिपत्य को स्वीकार लेना नवोदित राष्ट्रों के लिए एक असुविधाजनक स्थिति थी। अतर्राष्ट्रीय राजनीति मे वे एक ऐसी भूमिका की तलाश मे थे जो उनके आत्मसम्मान और क्षमता के अनुरूप हो। क्षमता के स्तर पर किसी एक राष्ट्र के लिए ऐसी स्वतत्र भूमिका अर्जित करपाना एक भागीरथी प्रयत्न होता जिसकी सभावनाए भी अत्यधिक सदिग्ध बनती। अत, आत्मसमान की एक अतर्राष्ट्रीय भूमिका के लिए सामूहिक पहल न सिर्फ वाछित थी, अपितु आवश्यक भी। स्वतत्रता और सामूहिकता की इस मानसिकता ने गुटनिरपेक्षता की वैचारिक और राजनैतिक नीव रखी। इस प्रक्रिया को शीतयुद्ध के तत्कालिक राजनैतिक वातावरण ने गति प्रदान की।

राजनैतिक रूप से मिली स्वतत्रता के बाद भी नवोदित राष्ट्र आर्थिक रूप से

परावलबी ही बने रहे। यही नहीं, राजनतिक शोषण मूलभूत आर्थिक शोषण का मात्र बाहरी अभिप्राय था। उपनिवेशवादी व्यवस्था ने आर्थिक पिछडेपन के आधार तैयार किये, जिनमे उभरना और अधिक महत्वपूर्ण, लेकिन उतना ही दुरूह काय था नवोदित राष्ट्रों का तीव्र आतरिक आर्थिक विकास की आवश्यकता थी। ऐसे विकास को सभावित बनाने के लिए दो स्थितियों की आवश्यकता थी। प्रथम तो यह कि, विश्वस्तर पर शातिपूर्ण वातावरण तैयार हो जिसके फलस्वरूप उन पर किसी विश्वव्यापी सकट मे अनचाही सलग्नता न थोपी जा सके। द्वितीय आतरिक आर्थिक विकास के लिए जिस बाहरी सहयोग की आवश्यकता है, वह नवोदित राष्ट्रो को बिना पूर्वाग्रहों और शर्तों के मिलना सभव हो सके। अत अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति म अनावश्यक विवारों म न उलझना विकास की एक शत थी। नवोदित राष्ट्रो म इस प्रकार का दृष्टि-कोण और भी अधिक स्वाभाविक था क्योकि व्यवहारिक स्तर पर उनकी कोई पूर्व और निश्चित प्रतिबद्धता नहीं थी।

अत उपनिवेशवाद के अत के एतिहासिक सन्दर्भ, आर्थिक विकास म स्वावलबन की कामना और अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति म एक आत्मसम्मानपूर्ण भूमिका की तलाश गुट निरपेक्षता की अनौपचारिक परिभाषा के मूलस्तभ बन गये। इन्हीं मतव्यों और मिश्रित अवधारणाओ को गुट निरपेक्षता की भावी और औपचारिक रूप से परिभाषित सज्ञा मिली। शीतयुद्ध के तात्कालिक सदर्भ और उत्प्रेरणा ने गुट निरपेक्षता के प्रारभिक स्वरूप को भी परिभाषित किया। नवोदित राष्ट्रो की दूरगामी आकाक्षाओ की प्राथमिक राजनैतिक अभिव्यक्ति शीतयुद्ध के दौरान हुई। अत इसकी प्रारभिक औपचारिक परिभाषाओं मे इस ध्रुवीकरण का सदर्भ अत्यधिक प्रबल है। तथ्य शब्दावली के स्तर पर गुट निरपेक्षता शब्द के चयन से ही स्पष्ट प्रतीत होता है। लेकिन तृतीय राष्ट्रों का अभ्युदय और उनका राजनतिक स्वर किन्ही तात्कालि-कताओ से नही जुडा था, अपितु मूलभूत ऐतिहासिक सदर्भों की कोख से उपजा था। इस दृष्टि से उपनिवेशवाद और साम्राजवाद के विरोध का दृष्टिकोण इनके जन्म मे ही समाहित था। गुट निरपेक्षता की यह ऐतिहासिक प्रवृत्ति, इसके विकास के साथ-साथ उत्तरोत्तर स्पष्ट हुई।

नेतृत्वकारी समझ और पहल

नवोदित राष्ट्रो के बीच परस्पर समन्वय की आवश्यकता कोई विवाद का विषय नहीं थी। प्रत्येक नवोदित राष्ट्र इस प्रकार की एकजुटता और सामूहिकता की ओर स्वाभाविक रूप से उन्मुख होता, क्योंकि ऐतिहासिक अनुभवा मे अत्यधिक समानता थी। विवाद इस बात का था कि इस सामूहिक

समन्वय का स्वरूप क्या हो और ऐसे किसी भावी प्रारूप मे प्रतिबद्धता का स्तर क्या हो। इन उभरते हुए प्रश्नो के निवारण के स्वरूप से गुट-निरपेक्षता की भावी परिभाषा जुडी हुई थी। ततीय राष्ट्रो मे अपने विशिष्ट आर्थिक एव राजनतिक विकास के कारण, और स्वतत्र हुए राष्ट्रो मे अगुवा होने के कारण भी, इन प्रश्नो पर भारत के दृष्टिकोण ने विशेष प्रभाव रखा। भारतीय विदेश नीति के दृष्टिकोण मे गुट निरपेक्षता की मानसिकता औपचारिक स्वतत्रता से पूव भी देखी जा सकती है। माच 1947 मे एक एशियाई सबधो के अधिवेशन मे भारत की अतरिम सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए नेहरू द्वारा प्रकट विचारो म इसका प्राथमिक प्रारूप मिलता है। शब्दावली के स्तर पर भले ही गुट-निरपेक्षता शब्द का प्रयोग न हुआ हो, लेकिन इसके भावी मूल मतव्य, स्वतत्र विदेशी नीति, ध्रुवीकरण की राजनीति मे असलग्नता और साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद और रगभेदवाद आदि का विरोध, नेहरू के इस वक्तव्य म समाहित थे। भारत के अलावा प्रारभिक नेतृत्वकारी प्रयासो और समन्व म मिश्र और युगोस्लाविया का भी अप्रतिम योगदान रहा। अरब विश्व म मिश्र न सिर्फ स्वतत्र होने वाला प्रथम राष्ट्र था बल्कि अपनी भौगोलिक स्थिति को देखते हुए उसका समस्त अफ्रीकी महाद्वीप पर भी एक प्रतीकात्मक प्रभाव था। अपन तुलनात्मक विकास के स्तर पर और वचारिकता के स्तर पर मिश्र एक विकसित राष्टीय चेतना का राष्ट्र था। प्रो॰ अली मजरूही के मत मे मिश्र का एक "राष्ट्रीयता केन्द्रित' विश्व दृष्टि-कोण प्रारम से ही था। इस दृष्टिकोण के केन्द्रीय परिधि म अरब विश्व उसकी बाहय परिधि के रूप मे अफ्रीकी महाद्वीप और उत्तरोत्तर परिधि, के रूप म इस्लामिक राष्ट्रो की अवधारणा थी' तीन स्तरीय प्रभाव परिधि के ऐसे दृष्टिकोण म, गुट निरपेक्षता जसे राजनतिक प्रभाव क्षेत्र का समावेश, जो कि मिश्र के दृष्टिकोण को और अधिक विश्वव्यापी बनाता, एव स्वाभाविक और विकास की द्योतक मान्यता बन गई। अत ऐसे राष्ट्रीयता केन्द्रित और विश्वव्यापी क्षितिज की कामना वाले विश्व दृष्टिकोण का गुट निरपेक्षता के भावी स्वरूप म समावेश मिश्र के योगदान का परिचायक है। गुट निरपेक्षता को तात्कालिक ध्रुवीकरण के सदभ से जोडने मे युगोस्लाविया का योगदान विशेष महत्व का कहा जा सकता है। सोवियत गुट से वादविवाद बढ जाने और सबधो मे वस्तुत विघटन आ जाने के बाद युगोस्लाविया एक नये विदेश नीति के दृष्टिकोण की तलाश म था। समाजवादी गुट से मतभेदो के बावजूद युगोस्लाविया पश्चिम की ओर नही बढ़ना चाहता था। अत युगोस्लाविया की विदेश नीति को एक ऐसे विश्व दृष्टिकोण की तलाश थी जो उसे ट्रीय राजनीति मे एक सक्रिय और स्वतत्र भूमिका दे सके। गुट

का प्रारूप ऐसी आवश्यकता के लिए एक स्वाभाविक विकल्प था। नहरू-नासिर टीटो यह नेतत्तकारी समन्वय गुट निरपेक्षता के मूल प्रारूप को ही नही अपितु उसक भावी विकास को भी निरतर प्रभावित करता रहा।

अफ्रीका-एशिया की आम एकता बनाम गुटनिरपेक्षता

नवोदित राष्ट्रो की प्रथम ऐतिहासिक सामूहिक अभिव्यक्ति 1955 मे बाडुग सम्मेलन म हुई। इस सम्मेलन क आयोजन का आधार गुटनिरपेक्षता क भावी स्वरूप से मेल तो नही खाता था लेकिन ततीय राष्ट्रो के गुटनिरपेक्षता के विकास म इसका परोक्ष योगदान अत्यधिक महत्व का रहा। इस सम्मेलन के दौरान और बाद म ततीय राष्ट्रो म एक वचारिक विवाद छिडा। यह कि, ततीय राष्ट्रो की सामूहिकता का स्वरूप स्पष्ट रूप स राजनैतिक हो अथवा नही अर्थात तात्कालिक शीतयुद्ध के सम्बन्ध म एक राजनतिक दष्टिकोण को परिभाषित किया जाय अथवा इस समसामयिक सदभ क प्रति मौन रह कर कोई अस्पष्ट समन्वय तक ही सीमित रहा जावे। बाडुग अधिवशन का आयोजन किसी राजनैतिक योग्यताओ के आधार पर नही किया गया था। इस सम्मेलन म जो राष्ट्र आमत्रित हुए उन्ह एशिया अफ्रीका के राष्ट्र होने के नाते ही आमन्त्रित किया गया था, भले ही व दो गुटो की राजनीति के प्रभाव के राष्ट्र रहे हो। ऐसी स्थिति म जो राजनीतिक समझ बाडुग अधिवशन से व्यक्त हुई उसम पचशील के सिद्धातो जसी मान्यताओ से अधिक कुछ व्यक्त नही किया गया। एक दूसर राष्ट्र की सम्प्रभुता और क्षत्रीय अक्षुणता का आदर परस्पर अहस्तक्षेप और अनाक्रमण की नीति समानता और परस्पर लाभ, शातिपूण सहअस्तित्व सामूहिक एव एक पक्षीय आत्मरक्षा का अधिकार आदि सिद्धान्त बाडुग सम्मेलन म व्यक्त किये गये। इस प्रक्रिया क द्वारा गुटनिरपेक्षता जसे सुपरिभाषित दष्टिकोण की अभिव्यक्ति नही हुई अपितु मात्र ततीय राष्ट्रो म परस्परता का भाव व्यक्त हुआ।

बाडुग सम्मेलन अपन आप म सफल होत हुए भी, भारत मिश्र और युगोस्लाविया के दृष्टिकोण म अपर्याप्त था। किन्ही सिद्धान्तो की घोषणा मात्र उनक दष्टिकोण म सहयोग का ठोम आधार नही हो सकता था। नहरू नासिर-टीटो की दष्टि और अधिक महत्वाकाक्षी थी, जिसम ततीय राष्ट्रो क समायोजन का एक ऐसा स्पष्ट राजनतिक स्वरूप प्रदान करन की आवश्यकता पर बल दिया गया जिसके द्वारा तत्कालिक राजनतिक सन्दर्भो की समीक्षा और एक सक्रिय राजनैतिक भमिका का प्रारूप बन सके। ततीय राष्ट्रो क राजनतिक रूप म सगठित होन पर बल दि[illegible] भी थी। यह राष्ट्र या तो [illegible] [illegible]सुविधाजनक स्थिति पर सम्मिलित थे

अथवा उनक प्रभावक्षेत्र का महत्वपूण भाग थ । ऐसी स्थिति म ततीय राष्ट्रो को एकत्रित करन के लिए किसी राजनतिक योग्यता का मापदण्ड इन राष्ट्रो को स्वीकार नही था। उनकी दृष्टि म बाडुग सम्मेलन के प्रकार के ही अय आयोजन किये जायें, जिनम बिना किसी राजनतिक पूव शर्तों और मापदण्डो के, सभी एशियाई ओर अफ्रीकी राष्ट्रा को समान रूप से सम्मिलित किया जाये यह दृष्टिकोण भारत, मिश्र औ युगोस्लाविया को माय नही था। लेकिन इन राष्ट्रा की नतृत्वकारी भूमिका और पहल होन के कारण इनके दृष्टिकोण को ही उत्तरोत्तर सफलता मिली। इस दृष्टि से देखा जाय तो, सन् 1956 म ब्रिओनी म नहरू, नासिर और टीटा की शिखरवार्ता परोक्ष रूप से गुटनिरपेक्षता का प्रथम शिखर सम्मेलन कहा जा सकता है। इन प्रणेताओ के सामूहिक दष्टिकोण न गुटनिरपेक्षता की नीव रखी। इनके सम्मिलित दृष्टिकोण और प्रयासो के फलस्वरूप ही गुटनिरपेक्षता के आधार पर तृतीय विश्व के समायोजन की प्रक्रिया का सूत्रपात हुआ। विपक्षी दृष्टिकोण मे नेतत्व और पहल का अभाव हान के कारण तृतीय राष्ट्रो मे वह दृष्टिकोण कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नही पा सका। 1961 के प्रथम काहिरा तैयारी सम्मेलन से और इसी वष के बेलग्रेड के प्रथम गुटनिरपक्ष शिखर सम्मेलन से, एक ऐसी ऐतिहासिक प्रवृत्ति अस्तित्व म आई जिसन कालातर म दो तिहाई विश्व को समाहित कर लिया।

बेलग्रेड सम्मेलन के बाद भी एक बार फिर यह विवाद उठ खडा हुआ कि ततीय राष्ट्रो का दूसरा सम्मेलन बाडुग की परिपाटी पर हो अथवा बेलग्रेड की। इस विवाद के पुन उपस्थित होने की स्थिति मे कुछ नय राजनैतिक समीकरण भी थे। 1962 म भारत और चीन के बीच एक सीमित युद्ध लडा जा चुका था, और साथ ही साथ कश्मीर के विवाद पर भारत पाक सम्बधा म भी और अधिक कटुता आई थी। मिश्र और इजराइल का विवाद प्रारम्भ से ही विस्फाटक था और उसम और अधिक गिरावट आई। साथ ही साथ अरब राष्ट्रो मे भी विभिन गुटो के प्रति सलग्नता के कुछ स्वरूप देखे गये। ऐसी स्थिति का देखते हुए भारत और मिश्र का एक आम एशियाई-अफ्रीकी सम्मेलन के प्रति विरोध और अधिक स्थाई और प्रखर हुआ। जहा तक युगोस्लाविया का प्रश्न था वह चूकि एक यूरोपीय राष्ट्र था, अत उसका एशियाई अफ्रीकी आधार पर आयोजन का विरोध प्रारम्भ से ही मूलभूत था। इन स्थितिया को देखत हुए, इन तीनो राष्ट्रा के सामूहिक प्रयास हुए कि इण्डोनेशिया द्वारा प्रस्तावित बाडुग की परिपाटी का कोई सम्मेलन सभव न हो सके। यदि ऐसा कोई सम्मेलन होता ता राजनतिक योग्यता और मापदण्ड के अभाव मे, उसमे चीन पाकिस्तान और इजराईल का सम्मिलित होना स्वाभाविक था। ऐसी

स्थिति स्पष्ट रूप से भारत और मिश्र को सवथा अमान्य थी जिसे युगोस्लाविया का भी सक्रिय समथन प्राप्त था। अत जब बाडुग की परिपाटी का दूसरा सम्मेलन आयोजित करने का प्रश्न उठा तो भारत ने यह प्रस्ताव रखा कि यदि चीन को इसमे सम्मिलित किया जा सकता है तो सोवियत सघ को सम्मिलित करना होगा क्योकि वह भी एक एशियाई राष्ट्र है। राजनैतिक मापदण्डो के अभाव मे भारत के प्रस्ताव के औचित्य को गलत सिद्ध करना एक असम्भव बात थी। अत भारत की इस मान्यता को स्वीकार किये जाने के बाद, बाडुग परिपाटी के अधिवेशन को आयोजित करने मे चीन की जो रुचि थी वह स्वत ही खत्म हो गई। तात्कालिक रूप से यह तय हुआ कि 1964 में प्रस्तावित द्वितीय गुटनिरपेक्ष सम्मेलन प्रस्तावित आधार पर आयोजित किया जाये और *बाडुग आधार वाले सम्मेलन के प्रस्ताव को तदथ रूप से 1965 तक स्थगित* किया जाये। यह स्थगन वस्तुत बाडुग परिपाटी के सम्मेलन के प्रस्ताव का अन्त बन गया। इसके बाद बाडुग बनाम बेलग्रेड का विवाद पुन नही उभर सका। और ततीय राष्टो का गुटनिरपेक्षता के आधार पर आयोजन एक उत्तरोत्तर विकसित सत्य बन गया। इस पूरी प्रक्रिया से यह परिलक्षित होता है कि भारत, मिश्र और युगोस्लाविया की नतत्वकारी भूमिका और पहल न गुटनिरपेक्ष आदोलन के वास्तविक स्वरूप और विकास को गुणात्मक रूप से प्रभावित किया। यह प्रभाव कालातर म भी यथावत बना रहा।

एक परिभाषित सज्ञा की खोज

गुट निरपेक्षता की एक सटीक परिभाषा की चिन्ता गुटनिरपेक्ष आदोलन को कम और विश्लेषकों को अधिक रही है। यह एक विचित्र स्थिति इस बात की उत्तरदायी भी रही है कि गुटनिरपेक्षता के वास्तविक अभिप्राय के स्थान पर इसके औपचारिक स्वरूप पर बाद्धिक बहस अधिक देखन को मिली। इस बहस का दायरा शब्दावली पर अधिक केन्द्रित रहा और गुटनिरपक्षता के आत रिक तत्व पर कम। एक सही समीक्षा के लिए इस स्थिति मे, यह आवश्यक होगा कि गुटनिरपेक्षता को परिभाषित करन मे शब्दावली सबधित और तत्व *सम्बन्धी दोनो ही स्तरो पर सतुलित विवेचन किया जाये।* गुटनिरपेक्षता शब्द का प्रयोग सवप्रथम भारतीय विदेश नीति की कुछ उदघोषणाओं मे मिलता है। इस शब्द से पूव तटस्थता आदि शब्द के भी प्रयोग हुए हैं। अनेक पश्चिमी लेखको ने शब्दावली के स्तर पर बाल की खाल निकालने जैसे प्रयास भी किये। कुछ ने इसे तटस्थता कहते हुए इसकी तुलना स्विटजरलड जसे राष्ट्रो की तटस्थता से भी की। ऐसी तटस्थता का मूल अभिप्राय एक प्रकार की निष्क्रियता से भी लिया गया। अन्य लोगो न इसे नकारात्मक अथवा सकारात्मक तटस्थता

बतलाने का भी प्रयास किया, तो कुछ ने इसके लिए एकपक्षीयता, अप्रतिबद्धता अथवा असलग्नता आदि शब्दावली का भी प्रयोग किया। इन विभिन्न औपचारिक परिभाषाओं में गुटनिरपेक्षता का मूल अभिप्राय एक तरह की निष्क्रियता से लिया गया। ऐसी धारणा इस मान्यता पर आधारित थी कि ध्रुवीकृत विश्व में किसी भी गुट से जुड़े बिना कोई अन्तर्राष्ट्रीय भूमिका असम्भव है। अमेरिका के राज्य सचिव जान फास्टर डलस ने इस दृष्टिकोण से प्रेरित होकर गुट निरपेक्षता को एक हास्यास्पद, असम्भव और अनैतिक नीति तक कहा। निष्क्रियता जैसी धारणा से प्रेरित होकर गुटनिरपेक्षता को अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति और विलग्न रहने की नीति भी कहा गया और इसकी तुलना द्वितीय विश्वयुद्ध से पूर्व अमरिकी विदेश नीति से भी किये जाने का प्रयास हुआ। गुटनिरपेक्षता से सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों ही स्तरों पर ऐसी धारणा को सर्वथा अनौचित्य पूर्ण सिद्ध किया।

एक और आक्षेप गुट निरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति यह भी रहा है कि अपनी शब्दावली के स्तर पर और अपने दृष्टिकोण के स्तर पर, यह एक नकारात्मक अवधारणा है। अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति मे इसकी यदि कोई भूमिका है तो वह वास्तविक तथ्यों से न जुडकर कोई सकारात्मक दृष्टि देने की भूमिका नहीं है, अपितु यथार्थ के विपरीत अवरोध उत्पन्न करने की भूमिका है। गुट निरपेक्षता की ऐसी धारणा उसके उदय के प्रारंभिक वर्षों में अधिक देखने को मिलती है। आलोचना का प्राथमिक अभिप्राय इस सिद्धांत की नकारात्मक शब्दावली से लिया गया है। गुटनिरपेक्षता शब्द का प्रयोग इस बात का द्योतक बताया गया है कि गुटों से निरपेक्षता एक नकारात्मक दृष्टि है और इससे गुटों के संदर्भ से हटकर कोई अन्य परिभाषा अथवा तत्व दृष्टिगोचर नहीं होता। इस धारणा के प्रत्युत्तर के रूप में अन्य विश्लेषकों ने गुटनिरपेक्षता की शब्दावली के मर्म को भी सकारात्मक और इसकी दूरगामी दृष्टि को भी अपने सकारात्मक ध्येय की ओर उन्मुख कहा है। जहा तक गुटनिरपेक्षता शब्द का विवाद है, यह कहा गया है कि यह शब्द मूलतः भारत की देन है। अतः इसके शाब्दिक अभिप्राय को भारतीय चिन्तन और शब्दावली की परम्परा में देखना चाहिए। 'भारतीय चिन्तन में यह एक निरन्तर परम्परा रही है कि अनेक सकारात्मक विचारों को नकारात्मक शब्दावली से परिभाषित किया गया है। यही नहीं, अन्य भाषाओं की तुलना में साधारण सकारात्मक अभिप्राय भी उसी प्रकार परिभाषित हुए हैं। इस सन्दर्भ में अनेक उदाहरण लिए जा सकते हैं, जैसे अहिंसा अनेक, अद्वैत, अपरिहार्य, अहस्तक्षेप आदि। ऐसी ही शब्दावली की परम्परा में देखने पर गुटनिरपेक्षता भी शाब्दिक रूप में नकारात्मक होते हुए भी, मन्तव्य के स्तर पर एक सकारात्मक दृष्टिकोण है। अतः इस दृष्टि में

शब्दावली के स्तर पर, और अब तक के व्यवहार के अनुभव के आधार पर गुट निरपेक्षता को एक नकारात्मक सिद्धात अथवा दृष्टिकोण कहना सर्वथा अनुचित होगा।

आलोचना का एक और माध्यम, यह भी रहा है कि गुटनिरपक्षता एक प्रतिक्रिया के रूप म उपजा हुआ सिद्धान्त है और इसकी स्वय की कोई प्रेरणा शक्ति नही है। ऐसे दृष्टिकोण म शीतयुद्ध के सदभ का गुट निरपक्षता के जन्म के लिए प्राथमिक महत्व का कहा जाता है अर्थात, गुट निरपेक्षता अपनी किसी स्वय की प्रेरणाओ से जनित नही है, अपितु शीतयुद्ध के ध्रुवीकरण की स्थिति के प्रति मात्र एक प्रतिक्रिया है। इसी स जुडा हुआ एक और दृष्टिकोण गुटनिरपक्षता का शीतयुद्ध के सदभ म एक नए शक्ति के गठबधन और केन्द्र को स्थापित करन की प्रतिक्रिया के रूप म दर्शाता है। इस तरह से यह कहा गया है कि, एक ओर जहाँ गुटनिरपक्षता शीतयुद्ध व शक्ति सघप और ध्रुवीकरण का विरोधी सिद्धान्त है, तो वही दूसरी ओर, इसके स्वय का अभिप्राय शक्ति के एक ततीय गुट का आयोजित करना है। अत गुटनिरपेक्षता न सिर्फ शीतयुद्ध व शक्ति समीकरण के विरोध की एक प्रतिक्रिया है, अपितु साथ ही साथ यह उन्ही मा यताओ पर आधारित है जिनकी यह विरोधी है। गुटनिरपक्षता का ऐसा दृष्टिकोण एकपक्षीय है। यह सही है कि शीतयुद्ध का सदभ इसकी परिभाषा म तात्कालिक महत्व का रहा लेकिन गुटनिरपेक्षता का निर्धारण मात्र इस सदभ के आधार पर नही किया जा सकता, क्योकि ऐसे अय महत्वपूर्ण ऐतिहासिक सदभ भी थे, जिनसे गुटनिरपेक्षता अधिक अतरग रूप से जुडी थी। मात्र यह तथ्य कि शीतयुद्ध के अवसान के बाद भी इसका अस्तित्व न सिर्फ बना रहा है बल्कि इसम आश्चयजनक वद्धि भी हुई है, इस बात का स्पष्टतम प्रमाण है कि गुटनिरपेक्षता की प्रेरणा सिर्फ शीतयुद्ध की स्थिति की प्रतिक्रिया ही नही था। जहा तक शक्ति के एक तृतीय केन्द्र अथवा गुट बनाने का दृष्टिकोण है, प्रारम्भ स ही यह एक अव्यावहारिक दृष्टि है! जिसके प्रति गुटनिरपेक्षता नेतत्व निरन्तर सजग रहा है। आज भी अपने विकास की स्थिति म समस्त गुटनिरपेक्ष राष्ट्रो की सामूहिक शक्ति किसी एक महाशक्ति के पराक्रम क सामने समानता नही पा सकती। ऐसी स्थिति मे शक्ति के किसी तीसर केन्द्र की स्थापना न तो गुटनिरपेक्षता के परिप्रेक्ष्य म और न ही उसकी व्यावहारिकता मे समाहित है। इसके ठीक विपरीत गुटनिरपेक्षता शक्ति की प्रतिद्वद्विता के दृष्टिकोण से नही अपितु समान हितो और दष्टिकोण वाले राष्ट्रो म परस्पर समन्वय सहचारिता और मतक्य पर आधारित है।

अभी तक का विवेचन यह दर्शाता है कि गुट निरपेक्षता क्या नही है। इस

प्रकार का अभ्यास अधिक सुगम है। यदि सकारात्मक रूप से गुट निरपेक्षता को परिभाषित करने का प्रयास किया जाय और स्पष्ट रूप से यह परिभाषित करने का कहा जाये कि गुट निरपेक्षता क्या है तो यह एक अत्यधिक असुविधाजनक स्थिति होगी। औपचारिक परिभाषा के स्तर पर ऐसी किसी स्पष्ट धारणा को रेखांकित करना एक असभव काय है। इस दृष्टि से, गुट निरपेक्षता की औपचारिक परिभाषा की तुलना म यदि इस सिद्धात की ऐतिहासिक प्रेरणाओ और सदर्भों को रेखांकित किया जाये तो यह अधिक साथ प्रयास होगा। एसे विवेचन से मुख्यत गुट निरपेक्षता के प्रमुख मतव्य और अभिप्राय निम्न कहे जा सकते हैं —

1 गुट निरपेक्षता उपनिवेशवाद की प्रक्रिया से निकले नवोदित राष्ट्रों की एक स्वतत्र अतरराष्ट्रीय भूमिका का प्रारूप है।

2 राष्ट्रीय आन्दोलन की प्रक्रिया के दौरान स्वतत्रता के एक लबे सघर्ष स जनित वह मानसिकता है जो भावी परतत्रता और आश्रय की सभावनाओ को अपरिहाय मानती है।

3 अत एक स्वतन्त्र नीति जो कि समानता और शातिपूर्ण सह अस्तित्व पर आधारित हो गुट निरपेक्षता की प्राथमिक प्रेरणा है।

